तो धनुष बाण धारनो रथ चढ़िवो मृगया आदि कैसे बने उ० कैकेई का बरदान व्याज भरि है अवतार धरि स्वतंत्र लीला करिवो मुख्य राम जनम जग मंगल हेतू वा मुनि व्रत और स्व धर्म दूनो निबाहे ३ पूं· प्रयाग बासी भरत की बड़ाई करत हैं राम गुण ग्राम सुनिवो कैसे उ· निज बड़ाई सुन मुख्य उपासक स्वामी के गुण समुझत हैं वा बेनी के फूल में हरि कथा से राम गुण ग्राम सुनत चले ३९ पूं० भरद्वाज के शिष्य पचासक आये और सब राम प्रेमी मुनि चारेक बटु संग दिये में का हेतु उ· सीता समादि चारि बटु भी वा चार सबते अधिक सुकृती चार वा चार वेद यथा रथ मारग ज्ञाता ३२ पूं· श्री राघव का शिव पूजन अयोध्या औ लंका में लिये और मैना हीं सो क्या हेतु उ· श्री राघव जू के कुल देव रंगजू हैं और संकट में आराध्य शंकर जू यामें अनेक प्रमाण यही प्रथम में बाल उत्तर में संकट है नहीं आरण्यादि में सीता बिरह सों राम जू विकल ३३ पूं· श्री राघव के बन यात्रा में पग में फल का न लगाये भरत के कहे सो क्या हेतु उ· राम गवन पर्यंत है और बसंत ऋतु भरत के यात्रा ग्रीषम में और बिरह संताप तें ३४ पूं· भरद्वाज भरत के पहुनाई में ऐश्वर्य दिखाये सो क्या हेतु उ· भरत के वैराग्य की परीक्षा अर्थ यथा रथ भई प्र· मुनि आयसु खेल बार ३५ पूं· भरद्वाज से भरत की भेट गाये महा मुनि बालमीक सो नाहीं सो क्या हेतु उ· भरतजी बिरही हैं राम दरशन में अतित्वरा हैं भरद्वाज पहुनाई बस कदाचित बिघ्न करै तातें कबि भेट न गाये ॥ ३६ निषाद राज तो यमुना तीर ही सें फिरा भरत यात्रा में देखावत हैं किये पथ सरित समीप रघुवर परणा कुटी है तो ए कहां तें जान्यो उ· निषाद फिरो तो बीचही तें ये वर्ष भर के भीतर कैक बार गयो वा से बकन द्वारा प्रति दिन की खबर लगाये रह्यो राम जू के भरता गमन को पैलै विचार पुनः निश्चय है खलन केवल हृदय स्व भारे लखे यामें क्या हेतु उ· लक्ष्मण राम प्रेमांध हैं राघव का कलेश नाहीं सह सकतु प्र· मातु पिता नहिं जान उं काहू ३८ ॥ इति अयोध्या कांड शंका वली ॥ अथ आरण्य कांड शंका ॥ लक्ष्मण जू प्रथम निषाद को ज्ञान वैराग्य भक्ति उपदेश कीन्ह फिर राम जू से फिर षट प्रश्न किये को क्या हेतु उ· सब बात के ज्ञाता भी बडेन को प्रश्न करते हैं वा आगे रघुपति ललित नर लीला करेंगे सब बात पूछ राखे तातें नीहून होय ३९ पूं· सूर्पनखा ना परम सुंदरी बन के गई लक्ष्मण जू रिपु

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भगनी कैसे जानी उ· अगस्त्य के वचन तेंवा सूर्पनखा के वचन तें तीन लोक में खोजेउ नाहीं मिला तातें अब लगि कुआरी रही इत्यादि वचन ४० राम जू सूर्पनखा ते लक्ष्मण को कुवारे कहे एतो विवाहे हैं उ· हास्य रस और विवाह राजनीति आदि में झूठ का दोष नहीं कुमार अवस्था ४१ प्रं· काम लोभादि कोई रीति सों जीव सन्मुख जाय ईश्वर त्याग नहीं करत तो सूर्पनखा के से कर त्यागी विरूप करि उ· सीता विरोधनी अति बड़ा शत्रु भगनी रही ४२ प्रं· मारीच तो कपट मृग रहा ताको चर्म राम जू कैसे लाये उ· प्रभु सत्य संकल्प हैं तातें मृगो तन रहा प्र· राम कीन्ह चाहैं सो होई ४३ प्रं· मृग छाला लाये कि नाहीं यह कुछ कवि न लिखे सो क्या हेतु उ· जेहि प्रिया के अर्थ चर्म ल्याये सो चोरी गई तातें कवि चर्म ग्रंथ में प्रगट न कहे अवसर पाइ के कहे प्र· तापस रुचिर मृदुल मृग छाला ४४ प्रं· रावण तो मन में अनुमान कीन्ह गीधराज सुनत धायो यह कैसे बने उ· सुनत पर में रावण कछु कटु वचन कहे यह जानतु ४५ प्रं· राम जू गीध राज से कहे कि सीता हरण पिता सों न कहना जो मैं राम तो कुल सहित रावण कहै गो यामें क्या हेतु उ· सीता हरण सों पिता के स्वर्गो में अति दुःख होय गो रावण तो मरे पर कहे गो तातें सीता प्राप्ति शत्रु बध आदि सें अति सुख होइ गो ४६ प्रं· सेवरी को राम जू न वधा भक्ति कहे सो भागवत आदि ग्रंथ से विरुद्ध है उ· यह ग्रंथ नाना पुराणागम निगम है ॥ ४७ ॥ इति आरण्य प्रं· ॥ अथ किष्किंधा प्रंका॥ हनूमान विप्र रूप धरि स्त्री को राम को माथ नायो सो क्या हेतु उ० राम तेज न सहि सके वा नेत्र मुख द्वारा कपट लखि परे गो तातें माथ नीचे कीन्ह ४ प्रं· लक्ष्मण ते दूना प्रिय हनूमान को काहे कहे उ· लोक रीति सों कि हमारे प्राण हूंते तुम अधिक हो वा कपि केवल दुख में सहायक है लषण सुख दुख में वा लषण राम के सेवक हैं ये दोनों के सेवक वा लषण द्वारा प्रिया वियोग दून द्वारा प्राप्ति प्रं· महावीर ने ये प्रभु कैसे पहिचाने उ· दशरथ के जाये इत्यादि वचनतें ये बड़े पंडित हैं ५ प्रं· राघव अरु सुग्रीव अनेक देव छांड़ के पाव के सारवी कीं दिये उ· मित्रता वचन द्वारा वा गिंद्रिय को देवता अग्नि वा सुद्रता और सपथ और साक्षी यों अग्नि मुख्य प्र· तौ कृशानु सब के गति जाना ५ प्रं· राघव एक रूप दोऊ भाइन्ह के कहे जिनमें भग

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

औ माला मेली ये सब में क्या हेतु उ॰ नर नाट्य में सब बनत है ५२ शं॰ राम जू प्रथम वाली वध कै एक वाण से प्रतिज्ञा कीन्ह फिर दूसरा बाण चढ़ाये सो क्या हेतु उ॰ बानर राज वाली तेहि के सहायक निर्वाणार्थ बाण की अमोघता राम संकल्प के अधीन ५३ शं॰ रामजू सरतान के बालके हृदय मर्म स्थान में मार्यो जलदी न मर्यो सो क्या हेतु उ॰ राम रूप दर्शन संभाषण अंगद सौं पवन आदि हेतु राम इच्छा ५४ शं॰ जेहि शायक तें मैं वाली मारा तेहि वाण ते मैं काहू मूढ कौं हतौं यामें सत्य प्रतिज्ञा और शरणागत पालत्व कैसे बने उ॰ वोही दिन सुग्रीव आप आय मिले ५५ शं॰ और दिशा में छोटे वानर सात समुद्र पार गये दक्षिण में सब सुभट तहां निज निज वल कहे अंगद आइवे में संशय कहा सो क्या हेतु उ॰ अति वली रावण को भय वा गुप्त मुद्रिका देन आदि हनूमान को जानत हैं इति किष्किंधा शंका वली ॥ अथ सुंदर शंका ॥ महावीर अशोक वाटिका में सीता रहत संपाती से सुना रहा महल में खोजे काहे गये उ॰ अशोक वाटिका इन्ह की नहीं जानी यातें विभीषण कहैंगे ५७ महावीर के लंका जात पुर्ष बाधक न मिले तीन स्त्री ये मिली सो क्या हेतु उ॰ भव सागर के पार जात मुमुक्षु के तीनों लोक के स्त्री बाधक स्वर्ग की सुरसा पाताल की वासिनी सिंहि का मृत्युलोक के लंकिनी ५८ गयो दशानन मंदिर माहीं दुइ भ्राता के एक एक शिर या के दश क्यों भये उ॰ ब्रह्म विचार कीन्ह विद्या १४ हमारे मुख चार दश विद्या के अर्थ दशानन कीन्ह यह भाव मुरारी नाटक में वा परमार्थ रामायण में रावण मोह रूप है दश इन्द्रिय आनन हैं ५९ शं॰ राम लक्ष्मण तो राक्षसी माया तें बन गये और माया तें अस रचि नहिं जाइ यह कैसे उ॰ मुंदरी में राम नाम है नाम दूनो ब्रह्म तें बड़ा है ६० शं॰ सुग्रीव को वाल वध करि राज दीन्ह और विभीषण को रावण जीवत तिलक सारे या में क्या हेतु उ॰ सीता जी के धैर्य्य अर्थ वा जीवत शव सम चौदह प्राणी वा निशाचर हीन करौं मही या प्रतिज्ञा तें ६१ शं॰ समुद्र राम दूत के तौ मैं नाक द्वारा सेवा कीन्ह और राम के तीन दिन बीते न आयो न सेवा या में क्या हेतु उ॰ दूत का पराक्रम देखा और राम के नर नाट्य वचन तें भद्र भयो वा साठ हज़ार उत्तर तट वासी आभीरों के वध में तात्पर्य हैं ६२ इति सुंदर कांड शंका वली ॥ अथ लंका कांड शंका ॥ समुद्र के यह पार शंभु थापना में क्या हेतु उ॰ सब तीर्थ में समुद्र औ अष्ट वैकुंठ

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अंतर्गत द्रविड़ देश जान कै वा रावण शंभु भक्त है शंभुके यहि पार गरुड़ जाते उस्का पक्ष करैं ६३ प्रं· पहले सेतु के हेतु तीन कहे जलधि १नल नील २ग· घव ३ सेतु बांधे पर श्री रघुवीर प्रताप तें पाषाण तैरे सो क्या हेतु उ·और उपाय साधारण मुख्य हेतु सर्व शक्ति युत ईश्वर वा मारत लरत सुभट विजय मालिक राजा ६४ प्रं· सेतु बांध कै फेर तीन मार्ग कहे सो क्या हेतु उ·भव सागर पार के तीन मार्ग कर्म ज्ञान उपासना ३ जल चर कर्म मार्ग आकाश निरालंब ज्ञा·सेतु सम उ· पासना प्रं·सुवेल पर रामजू के सयन औ सिथलना कहे और रावण के नृत्यादि औ राज श्री सो क्या हेतु उ·राघव बिरही वह राज श्रीयुत वा रामजू देवी संपति युत शांत आसुरी संपति वालो वह चंचल वा राम के रावण कुछ माल नहीं जगमहं सखा निसा वा छिपाद कै श्री राम कहैं सो चंद्र वर्णन औ छद्र भंग से अस्पष्ट ६५ प्रं· फिरैं राम सीता में हारी सीता हारने वारे ये कौन उ·राम निंदा सुनि रेय तें साहस वा राम प्रताप समुझ कै ६७ प्रं· लक्ष्मण के प्रथम शक्ति लगी तब बड़ो दुख ब· ड़ो उपाय दूसरी शक्ति में कछु नाहीं यामें हेतु उ·प्रथम तें नर नाथ दूसरे में ईश्वर ता बाल पन की भूमि और दीनता यथा संख्य ६८ प्रं·महा वीर राम कार्य के अर्थ औ धधी लेने चले नहीं अनेक दुःख पाये मरते बचे सो क्या हेतु उ·स्वामी के आगे व· ल भाषि अभिमान तें चले ६९ प्रं·माया सर में मकरी कहां रही उ· सरतो पूर्व को रही रचना विशेष माया तें यही हेतु मूल में वर पद दीन्ह प्र·सर मंदर बर बाग वनाया ७० प्रं· राघव लषण को सहोदर कहे पुनः निज जननी के एक कुमार कहे यह कैसे बने उ· सहोदर प्रताप तें प्र· प्रभु प्रलाप सुनि कान बाच रुते वा पिता संबंध तें वा कौशिल्या उदर में लषण भी प्रथम रहे बल देव की नाईं प्र·शेष उपनिषद एक कुमार एक पद से मुख्य ७१ प्रं·विभीषण राम शर· णागये पर कुंभ करण के पांय जाद परे सो क्या हेतु उ·भेद करि मिलावे सो अर्थ वा निज वृत्तांत कहि शुद्धता अर्थ ७२ प्रं· अंगद हनूमान सुभट शिरोमणि सो मेघनाद के कोप के मारे वाको धावन औ मरे न तब फिर चले औ कुंभ करण रावण १ मुष्टि का से भूमि में गिरे या में क्या हेतु उत्तर एके और को विजय कहैं तो रण शोभा नहीं होय वा मेघनाद के उत्कर्ष तें लषण के उत्कर्ष में तात्पर्य ७३ प्रं· रावण कुंभ करण के घाण द्वारा लंका में पठाये औ मेघनाद के हनूमान लंका द्वार पर धर आये सो क्या हेतु उ·लषण के मेघनाद सम शत कोटि योधा न उठाये और मेघनाद को एके दास हनूमान उठाय लंका द्वार पर धरै यह

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उत्कर्ष ७४ प्रं॰ विज्ञानी विभीषण समर में विकल होय के रथ की दृच्छा करी सो क्या हेतु उ॰ नर नाट्य देख भूले रहे रामजू परमा रथ उपदेशतें पुनः सावधान कीन्ह जैसे अर्जुन प्रति गीता ७५ प्रं॰ शिवजू आरणये ते ८७ हज़ार वर्ष समाध में रहे हम हूं उमा रण चरित्र देखे यह कैसे बने उ॰ ईश्वर अनेक रूपतें समर्थ ७६ प्रं॰ प्रतिज्ञा तौ प्रति बिंब के ताको जरिबो कहै तौ पतिव्रत कैसे बने उ॰ सत्य सीता के प्रगटे में तात्पर्य प्रति बिंब को बिंब में लय ७७ प्रं॰ विभीषण पुष्पक कुबेर को न दियो राघव को दियो सो क्या उ॰ वर्ष १४ में थोरिक दिन बाकी रहे भरत देखबे की अतिजल्दी जानी पुनः राघव कुबेर को दिये इति लंका प्रंका॰

॥ अथ उत्तर प्रंकावली॥ पहले महावीर के वचन सुनि भरत बोले नहीं दूसरे वचन में बोले सो क्या॰ उ॰ दूसरे में विजेय रिपु रण जीत सीता अनुज सहित प्रभु आवत पहले में यह नाहीं ७८ प्रं॰ जिन्ह कपिन्ह को निज देह गेह आदि सों अधिक प्रिय कहेते विदा किये जे सामान्य प्रिय कहे ते रामजू समीप राखे यह कैसे उ॰ नीति विचारतें वा प्रीत मुख्य चाहिये दूर समीप ओहार गौरा ८० प्रं॰ दुदू सुत सीता जाये पुनः दुदू दुदू सुत सब भ्रातन्ह केरे और राम जी को नाम न लीन्ह सो क्या॰ उ॰ भरतादि के पुत्र अयोध्या में भये तेंहि तें तातें पिता नाम तें ख्यात सीता के पुत्र वाल्मीकि आश्रम में हैं वैहर के पुत्र भयेतें कन्या नाम से फलानी के बेटा भयो है मुनि के सीता जू में कन्या भाव गीता वली में प्रसिद्ध ८१ प्रं॰ अंगद अनेक भांति दीनता भाखे कृपाल राघव पास में न राखे सो क्या॰ उ॰ राज गादी दून की परंपरा भ्रष्ट न होवे ८२ प्रं॰ शंकर जू भुशुंडी से कथा प्रत्यक्ष रूपतें न सुने मराल तनु से सुने सो क्या हेतु उ॰ सब श्रोता मराल देखे वा गुप्त रूपतें कथा स्वाद अधिक वा शंकर भुशुंडी आचार्य हैं प्रगट में संकोच वा सत असत का निर्णय मराल सों ८३ प्रं॰ गरुड़ जू भुशुंडी प्रति कहै महाप्रलय में भी तुमारो नाश नाहीं सो कैसे उ॰ लोमस वरदान तें प्रकाम रूप इच्छा मरण दत्यादिक बहूं काल न व्यापिहि तोही यह श्री राघव वरदान वा उपासना मत में भगवत भागवतादि सब नित्य ८४ प्रं॰ रामउदर में भुशुंडी के अनेक कल्प बीते बाहर दुदू घरी सो क्या उ॰ राम प्रेरित यामें सब बनत है ८५ प्रं॰ भुशुंडी के मोह से भरतादि अनेक रूप देखे राघव एके रूप है तो भ्रातादि नित्य कैसे बनेंगे उ॰ कौतुक के भरतादि में नित्य विचार नाहीं ८६ प्रं॰ लोमस के प्रकरण में बिना अज्ञान द्वैत होते नाहीं और शिव जू

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta,eGangotri Gyaan Kosha

भुशुंडी की प्रमाण द्वैत ही कहै सो क्या उ॰ भक्ति रहित ज्ञान को अनादर भ॰
क्ति सहित को आदर दूनो पक्ष में यथा संख्य प्र॰ निज प्रभुमय देखिय जगत
इत्यादि ८७ शं॰ ज्ञान सिद्ध भये पर ग्रंथि खोलव लिखे वाकी कौन ग्रंथि रही
उ॰ अभ्यास की दृढ़ निवृत्ति में तात्पर्य ८८ प्र॰ औरों एक गुप्त मत इत्यादि ॥
८९ शं॰ पाछे कौन गुप्त मत कहै जाते यहां औरों गुप्त मत कहत हैं और हाथजो
रे में का भाव अरु शंकर भक्ति साधन और राम भक्ति साध्य कै क वार ग्रंथ॰
कार लिख आये पुनः यहां काहे लिखे उ॰ अद्वैत मत में ज्ञान विना मोक्ष
नाहीं यह सिद्धांत वाको गौण करि भक्ति से मोक्ष और भक्ति के आधीन ज्ञा॰
न विज्ञान यह गुप्त मत पाछे कहे बैठे गुरु मुनि अरु द्विज सज्जन या प्रमाण
से सभा में मुख्य गुरु तेहि ते कर जोरे वा राम जू को शील हेतु वा धर्म के अं॰
गी कराने का तात्पर्य ग्रंथ कार वर्त्तमान समय में परस्पर शैव वैष्णवन का
महा विरोध विचार कै परम धाम यात्रा के अंत सभा में श्री राम वचन द्वारा
शंकर भक्ति मुख्य साधन और श्री राम भक्ति साध्य फल यह सिद्धांत किये वा
को कोई विरले जानत हैं तातें गुप्त कहें या रीति से कुछ संदेह नहीं है प्र॰ ब॰
हुत जन्म कै सुधि मोहिं आई इत्यादि ९० शं॰ जन्मांतर स्मृति रहती है पु
राणन में तौ इति हास लिखा है परंतु इति हासन में तात्पर्य है कि जो जल
जल में मिले वा थल का ओ ही फिर आवेगा यही ते जीवन में अनेक वाद हैं
॥ काल भी एक है परंतु केतना विस्तृत हीन है सो चारों युगन के व्यवस्था में
ख्यात क्या चारों युगन में धर्म ये बीच ले हैं कुंडलिया ॥ प्रथम काल एकै
रह्यो वहु विधि किमि ह्वै जाइ युग सूक्ष्म स्थूल सुन सुत एकै दर साय आ॰
य गत अंकन देखो एकै नव गति जाय दशा फिर सून्य परे खो डोलु यंत्र
इति वेद युग कालहि अंतर खोल पिता मह एक में कवहु जुग मन्वंतर १
श्री स्वामी जी कपट कही प्रभु चार युगन के सतयुग ब्रह्मा चहुं मुख चा॰
रों वेद रहै त्रेता द्वापर विष्णु जीव आनंद लहै १ रुद्र आय कलि ह्वै कै चौद॰
ह भुवन दहै जीव लहा विश्राम जहां अस भाव अहै २ मुख तें विनु सा॰
धन ने निर्मल ज्ञान चहैं सो कलि के दोष न को नित मन लाइ गहै गुण में
कलि को रूप लोक विपरीति कहै देव दया विन कैसे केउ गुण हिं गहै अ॰
व कलि युग आवा घट घट पातक छावा कलि को प्रथम चरण जिन जानों
द्वापर अघ को द्वै चरण बखानो प्रथमहि को तिसरो कर नानों चौथो

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दंडु बजावा झूठ परंवद अकर्म अदाया पाप चरण को चौखल खाया चरण धर्म को एक बचाया सोई बीज बनावा २ ज्ञान योग जिव लेइ पराने धरम करम के रूप हे राने कलि के उर साधन थह राने नामैं पार लगावा २ नाम प्रताप सदोत जागा जाके डर कलि कौतम भागा बाढत देव चरण अनुरागा जासो यश श्रुति गावा ४ बहुत जन्म इत्यादि लिख आये जीव कै जन्म नाहीं होत और चारि अवस्था मैं जन्म रूप भेद पावा जात है जैसे बाल वृद्ध इत्यादि कोई सिर्फ लड़का देखे होइ फिर दूसरी अवस्था में जो देखेगा सो नहीं पहचानेगा और जन्म संसार का नाम है और चारों युग का जो भेद कहते हैं सो प्रमाण तो समान जानव याही तें धरमन में विरुद्ध भासत है जैसे समान और विशेष सो सब मतन में सामान्य विशिष्ट पायो जात है और विशिष्ट में अनेक विरुद्ध देखो परे है जैसे मांस भक्षन में विंध्य के दक्षिण वासीन को आज्ञा उत्तर वासी पतक होत हैं हनन धातु तो जीव में चरितार्थ नहीं होत जैसे घट मठ आकाश का नाश पावत है याही ते जीव व्यापक जानो जात है और जन्म सूक्ष्म स्थूल शरीर करके भासतु है जैसे ८४ लक्ष योनि जन्म पर मित कियो सो संस्कार और काल को धर्म न को मुख्य जान वो साम आयो दो०॥ मान युक्त मानस सुखद शंका रहित उदार बाध रहत निज मोह वश शंका करत उदार १ मानस मान अनेक युत मानी मन गम नाहिं मम साहस शंकावली क्षमव साधु महि माहिं ॥ २॥

इति सप्त काण्ड शंकावली संक्षेपः



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

श्रीगणेशाय नमः

अथ विश्राम अंग प्रारम्भः ॥

विश्राम नाम धर्यौ ताको हेतु ॥ दोहा। विषै आप आकाश महं मन मटका जि-
मि चंग। यहि भू उतर विचार मग प्रेरक करथिर अंग १ अथ रामायण के परमा-
र्थ पक्ष को विचार। दो॰ रामायण द्रुम मोक्ष फल गायत्री गउ वीच राम सुरक्षा
अंकुरित वेद मूल शुभ बीज २ वेद विद्य परपुरुष मो दशरथ तन यह धार बाल
मीक ते भेद भो रामायण अवतार ३ कुंभज मुनि निज संहिता माहीं कह्यौ अ-
नूप रामायण अरु वेद को भिन्न न जानो रूप ४ भक्तमालवर ग्रंथ में कीन्हों य-
ह निरधार बालमीक तुलसी भये कुटिल जीव निस्तार ५ वेद मूल हृद तें चली कथा
भूमि के द्वार आतम ज्ञान तरंगिनी पान करत सुख सार ६ वार्त्ता यातें गूढ़ा शय वेद
रूप यह रामायण कथा भागते सगुण लीला प्रति पादन करतु हैं। अरु अंतर आश-
यतें परमार्थ पक्ष ऐश्वर्य्य छिपाइ कै कहत हैं यथा मानुष देह ब्रह्मांड जानो प्र-
वृत मार्ग सोइ लंक दुर्ग सो मन रूप मया सुर ने रच्यौ है नाना मनोरथ तालंका में
सुंदर मंदिर समूह जानो अविद्या समुद्र है सो राग द्वेष आदि मकर नक्र सर्पन तें
पूरण भयंकर विनीर्ण अथाह अति दुस्तर है अनेक संकल्प विकल्पता में भंव-
र है विषय आसा अंबकतरंग है मोह रावण है अहंकार वाको भाई कुंभकरण
है काम मेघनाद है क्रोध देवांतक गर्वनरांतक लोभ महोदर दुष्ट मत्सर अतिका-
य वीर है कपट अकंपन है द्वेष दुर्मुख वीर मद सूल पाणी दंभ महा पार्श्व अधं-
म दूषण असत्य कुंभ है पाखंड विकुंभ है असत्संग १ आलस्य २ विक्षेप ३ आदि
मोह राय के मंत्री जानो सत रज तम गुण सेनापति जानो अयश अनर्थ भ्रम संशया
दि धूम्राक्ष पूपाक्ष श्रोणिताक्ष इत्यादि मुख्य वीर यथा योग्य जानो विद्या मद
आदि अनेक मोह रावण के राक्षस सेना हैं ममता सूर्पनखा असत बासना
लोलुपता ईर्षा हिंसा तृष्णा अश्रद्धा आदि अनेक मोह भूपति की रानी
हैं भ्रष्टता धृष्टता चिंता कृपणता कामना अनेक विषय आसा आदि
अनंत राक्षसी जानो जीव विभीषण है सो दुष्टन के समूह में चिंता ग्रणी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

वस्तु है दूहां विवेक राम जू विचार लक्ष्मण ब्रह्म विद्या सीता जू ज्ञान दया घ भक्ति कौशिल्या विषय बन भंजन हार अरु प्रवृत्ति लंका दहन मेघ वीर्य जो वैराग्य सो हनूमान जानो धर्म सुग्रीव १ सत्य अंगद २ सत संग जाम्बवान ३ शील नील ४ संतोष नल ५ धीरज केसरी ६ अभ्यास अंधाद न ७ जप तप संयम श्रवण निदिध्यासना आदि को मोक्ष के सब समाधान कुमुद १ द्विविद २ मयंद ३ सरभ ४ गवय गवाक्ष ६ गवय ७ ऋषभ ८ सुषेन ९ वेगदर्शी १० आप बानर भाल वीर यथा योग्य जानो यम १ नियम २ आसन ३ प्राणायाम ४ प्रत्याहार ५ धारना ६ ध्यान ७ समाधि ८ आदिदेव वंदजानो मोह लंकेश तें सब सभीत अरु दुखी। दूति संक्षेपः॥ दो॰ चल्यो महाबल साज के रूप विवेक दूति वीर पहिर कवच श्रुति शास्त्र को अचल महारण धीर १ सैन साज दूति मोह नृप आयो रण भूधाय। अति विचित्र सब सुभट सुत मंत्री बंधु सहाय २ ढाढ़ो भयो विवेक नृप मनसा भूमि मझार हत सुभट जूझे जहां बही रुधिर की धार ३ वार्ता तब अ सत संग मंत्री के मंत्र तें मोह नृप अहंकार को जगाय कै रण भूमि में पठाये। सिंह नाद करत महा सेना लेइ चढ्यो ता समय भक्ति कोला हल भयो वैराग्य सत्य धर्म आदि सब वीरन को घायल करि विवेक राय सों महा युद्ध करत भयो तब विवेक राय आत्म चिंतन करतें अहंकार को शिर काट गिरायो तब सेना में महा हाहाकार भयो दो॰ समाचार सुनि मोह नृप ह्वै गयो निपट उदास। शोक अगिनि उर में जरत दीरघ लेत उसास १ वार्ता उनतें मोह को सुत महाबली अति धूर्त मदन वीर महा सेना लेइ चढ्यो दूत तें विवेक राय की आज्ञा तें विचार कुंवर वैराग्य सब शीला दि वीर सेना ले चढ्यो परस्पर महा युद्ध भयो मोहन सोषन उच्चाटन आदिक अनेक बानन तें विचार कुंवर को मार्यो ता पाछे अस त्रासना बरछी उर में मार कै विचार को मूर्छित कियो देखा तब वैराग्य विचार करि दीनो मतो अनूप अहो बंधु शोचत कहा सोधो युद्ध स्वरूप १ जग मिथ्या रजु सर्प वत सत्य ब्रह्म निरधार छुद्रानंदन चित धरो हरो अनंग विचार २ वार्ता तब विचार वीर सावधान होइ कै मदन को ललकार्यो दो॰ रे निलज्ज पापी कुटिल दुर बुद्धि धिक् तोहि कहा वस्तु ले बस करत लेत कृपण जन मोहि

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

१ वार्ता या रीति तें परस्पर प्रचारत पुनः महायुद्ध भयो तब विचार वीर ने
मदन महा भट को मार गिरायो दो॰ समाचार सुन मोह नृप भयो सो निपट
अधीर हृदय दाह अति शय भयो विलपत कंप शरीर १ गई आस मोहिं
राज्य की मरो पुत्र वर वीर कुल मंडन अति काम सो दूजो वीर न धीर २ वार्ता
तब अधर्म अरु असत्संग आदि मंत्रिन्ह के मंत्र तें सजग ह्वै कै मोह नृप वि-
वेक राय सों महा युद्ध करत भयो दोहा उद्ध युद्ध भो परस्पर सो वरणयो न-
हिं जात कबहूं दबत विवेक नृप कबहूं मोह सकात १ राजा मोह विवेक
को युद्ध भयो बहु काल नृप विवेक बल अधिक लहि भो मन मोह विहा-
ल २ श्रवण मन निदिध्यास वर निज आयुध लै हाथ गुरु श्रुति वचन प्र-
माण सरहने मोह के माथ ३ मरो देखि नृप मोह को बहुतक कटक प-
राइ बहुत सुभट जूझे तहां पाछे धस्यो न पाय ४ वार्ता मोह नृपति को र-
ण भूमि में मरो देखि ममता तृष्णा चिंता ईर्षा आदि नारि अति शोक
युत विलाप करत भई इहां दोहा सत्य शीतल वैराग्य लौं मुदित सकल परि-
वार सुर नर मुनि जय जय कियो बाढ़ो मोह अपार १ वार्ता जीव स्वराज्य
पायो तब धर्म सत्य वैराग्यादि वीरन सहित अरु विचार बंधु सहित विवेक रा-
य ब्रह्म विद्या लेइ के निज राज धानी में अकंटक राज्य करत भयो विवेक चक्र-
वर्ती भूपति को जब तें प्रताप रवि उदय भयो तब तें काल कर्म गुण स्वभाव कृ-
त दोय दुख काहू को न भयो तीनों लोक में प्रकाश भयो तम कहूं न रह्यो
अविद्या निसा नाश भई अघ उलूक छिप गये क्रोधादि कैरव सकुचे मत्स-
र मनादि चोरन को अभाव भयो सुख संतोषादि कोक गये विगत शोक
भये प्रबोध चंद्रोदय नाटक आदि सद् ग्रंथन के सम्मत से यह परमार्थ
पक्ष अति दृढ़ परम प्रमाणिक जानो और नाटक अनेक दोष गुण के प्रधान
ता करके यथा विवेक मोहादि करके नाम अनेकता नाम में शंका न चाही॥ इ-
ति प्रमाण श्री तुलसी कृत विनय पत्रिका॥ यथा देव देहि अवलंब कर क-
मल कमला रमन दमन दुख समन संताप भारी ज्ञान राकेस ग्रासन
विधुंतुद दलन काम करि मत्त हरि दूष नारी १ देव वपुष ब्रह्माण्ड सु-
वृति लंकापति दुसा रचित मन दनुज मय रूप धारी विविध को सोध अति रु-

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चिर मंदर निकर सत्व गुण प्रमुख त्रय कटक कारी २ देव कुनृप अभिमान सागर भयंकर घोर विपुल अवगाद दुस्तर अपारं नक्र रागादि संकुल मनोरथ सकल संग संकल्प वीची विकारं ३ देव मोह दश मौलि तद भ्रात अहंकार पाकारि जित काम विश्राम हारी। ४ देव द्वेष दुर्मुख दंभ पर अकंपन पट दर्प मनुयाद मद शूल पानी समित वल परम दुर्जय निशाचर चमू सहित पद पर्गजो यातु धानी ५ देव जीव भव दंघ्रि सेवक विभीषण बसत मध्य दुष्टाटवी ग्रसित चिंता नियम जम सकल सुर जोग लोकेश लंकेश वस नाथ अत्यंत भीता ६ देव दीन उद्धरण रघुवर्य करुणा भवन समन संताप पापौघ हारी विमल विज्ञान विग्रह अनुग्रह रूप भूपवर विबुध नर्मद खरारी ७ देव विश्व विख्यात विश्वेश विश्वायतन विश्व मर्याद व्यालारि गामी ब्रह्म वर देव वागीश व्यापक विमल विपुल वलवान निर्वाण स्वामी २ देव सर्वमेवात्र त्वद्रूप भूपाल मणि व्यक्त मव्यक्त गत भेद विष्णो भुवन भव दंश कामारि वंदित पद द्वंद मंदाकिनी जनक जिष्णो ३ देव प्रकृति महतत्व शब्दाद गुण देवता व्योम मरुदग्नि अवलांबु उर्वी बुद्धि मन इंद्रिय प्राण चिंता तमा काल पर माणु चिच्छक्ति गुर्वी ४ देव आदि मध्यांत भगवंत त्वा सर्व गत मीश पश्यंति ते ब्रह्म वादी यथा पट तंतु घट मृत्तिका सर्व मृग दारु करि कनक कटकां गदादी ५ देव गूढ गंभीर गर्वघ्न गूढार्थ वित गुप्त गोतीत गुरु ज्ञान ज्ञाता ज्ञेय ज्ञान प्रिय प्रचुर गरिमा गार घोर संसार पर पार दाता ६ देव सत्य संकल्प अति कल्प कल्पांत कृत कल्पना तीत अहितल्प वासी बनज लोचन वनज नाम वन दाम वपु वन चर ध्वज कोटि लावण्य रासी ७ देव मुकुर दुष्कर दुराराध्य दुर्व्यसन हर दुर्ग दुर्द्धर्ष दुर्गार्ति हरता वेद गर्भर्भ का दभ्र गुण सर्वाक पर गर्व निरवाय कर्ता ८ देव भक्त अनुकूल भव शूल निर्मूल करि तूल अघ नाम पावक समानं तरल तृष्णा तमी तरणि धरणि धरन सरनि भय हरण करुणा निधानं ९ देव बहुल वृंदार का वृंद वृंदारु पद वंदि मंदार मालोर धारी पाहि माहीस संताप संकुल महा दास तुलसी प्रणत राव णारी ॥ १०॥ देव संसार कांतार पति घोर गंभीर घन महान तरु कर्म संकुल मुरारी वासना

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

वल्लि खर कंटका कुल विपुल निविड़ विट पाटवी कठिन भारी १२ देव वि-
विध चित्त वृत्ति खग निकर सेनो लूक काक कट गृध्र आमिष अहारी
अखिल खल निपुन छल छिद्र निरखत सदा जीव जन पथिक मन खेद
कारी २ देव क्रोध करि मत्त मृगराज कंदर्प मद दर्प वृक भाल अति उग्र कर्मा
महिष मत्सर क्रोध सूकर सूर फेरु छल दंभ मार्जार धर्मा ३ देव कपन मर्क-
ट विकट व्याघ्र पाखंड दुखद मृग व्रात उत्पात कर्ता। हृदय अवलोकि
यह शोक शरणागतं पाहि मां पाहि भो विश्व कर्ता ४ प्रवल अहंकार दुर्घ
ट महीधर महा मोह गिरि गुहा निविड़ांधकारं चित्त वैताल मनुजाद म-
न प्रेत गण रोग भो गौघ वृश्चिक विकारं ५ देव विषय सुख लालसा दं-
स मसकादि खल भिल्लि रूपादि सब सर्प स्वामी तव आछिन्न तव विषम
माया नाथ अंध भय मंद व्यालाद गामी ६ देव घोर अवगाह भव आप-
गा पाप जल पूर दुःप्रेक्ष दुस्तर अपारा एकप दुर्वर्ग गो नक्र चक्रा कुलं
कुल शुभ्र शुभ तीव्र धारा ७ देव सकल संघट्ट पोच शोच वस सर्वदा
दास तुलसी विषम गहन ग्रस्तं चापि रघुवंश भूषण कृपा करि कठिन
काल विकराल कलि काल त्रस्तं ८ प्रमाण श्री स्वामी जू राम चरित कहु
काहि लगाय मुनि मति हूं भर भाय त्रिभुवन भावै प्रगट होइ कै राघव ज-
न्म कहाय भावन हूं को राम प्रकाशत ए तो पद ठहराय १ कोप मुनिन
की सिखा रूप धरि प्रगट जनक पुर आय राम प्रिया वन काज साधि पुन
वन में गयो समाय २ राम सिया को जनम करम नहिं नित हीं उदित सु-
भाय ते कैसे जनि हैं ते मदिरा अंचै रहैं बौराय ३ देव भाव वानर भा-
लू तन धारि कै भये सहाय त्रिभुवन भावै त्रिभुवन धनी बन रहा अव-
ध में छाय कुंभ कर्ण अहंकार राम गर्व प्रहारी जाको छुवत गिरत ब्र-
ह्मादिक ज्ञानी होत असार पर ब्रह्म हूं निर्गुण भासा लगत अकार हका-
र १ शीश उचार्द्ध भुज वल औहठ पद गत हिछ चार सब को दुख दाय-
क अति निर्भय अंग अंग अपकार २ राम प्रथम ताके भुज काटे तव शिर
काट पचारि पद काटे तब हूं धर दौरत डारी सिंधु मझारि ३ तजै उचार्द्ध मान
गरै तम धरिये दीन विहार देव मुदित श्री राम चंद्र पर वर्षत सुमन

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अपार ४ इंद्रजीत जो काम है सब हीं सतावत छलकै मारत परगट मारत वीरन में सर नाम जाको नाम सुनत ही कांपें ब्रह्मादिक सर धाम मुनि व्रत हिं नसावत १ ज्ञानी योगी वैरागिन को मोल लेत विनु दाम ज्ञानध्यान सब विस्तर जात है चमकत आछो चाम तब नाच नचावत लषणयती जाहिर हनुमंतो ब्रह्म चरण विश्राम काम शत्रु इन हीं को पठवा काम हनन को राम तब मामन भावत ३ इंद्रजीत छल बल करि हारा लक्षमण एक बाण तें मारा बाज रहा है देव नगारा मिटा जगत को धाम लागे गुण गावत ४ इत्यादि दोहा वेद रटत पुनि शास्त्र सब आगम सकल पुराण एक वाक्यता सबन के वेद्य एक भगवान १ अक्ष दशा महं विषमता विज्ञ समै न विरोध तहं दुविधा कहं पाइयतु जहं निज पूरण बोध २ जैसे लहरि समुद्र में पृथक भाव दरसाय पलट मिलत जब सिंधु में एक भाव ह्वै जाय ३ जैसे पुरवासी सकल कहूं बैर कहुं प्रीति कठिन परै जब नगर को तब सब एकै रीति ४ एक पिता के पुत्र बहु करत परस्पर रारि सुनि निंदा निज तात के एकहिं होहिं विचारि ५ एक नगर के बहुत पथ सकल कुटिल बल जात अंत प्राप्य एकै नगर नहिं विरोध कुछ तात ६ जैसे नाना देश तें चली नदी बहु भांति भई अभेद मिल सिंधु में जैसे मति की पांति ७ आदि मध्य अरु अंत लौं ज्यौं तरु बीज सरूप ॥ लघु दीरघ त्यौं ग्रंथ सब व्यापक वेद्य अनूप ॥ ८ ॥ निगमागम बहु मत कहत यद्यपि कांड त्रय भेद एक वाक्य ताके भये एकै प्राप्य अखेद ९ प्रकृति दोष तें मोह तम छायो मति संसार ॥ जल्पित कल्पित भेद बहु मत मदिरा मत वार १० गुरु श्रुति वचन विचारि रवि उदै दोष निर्मूल एक वाक्यता ज्ञान लहि मिटत मोह भय शूल ११ वार्ता पहले रामायण की शंका में एक सत्य त्व दूसरो प्रसंग भेद में लिखा सो सत्य त्व में नाटक रीति करके और प्रसंग काल युगादि की एक वाक्यता करके कल्प भेद और देवन में अभेद तें संशय नहीं जानो गयो ॥ सोरठा ॥ रामायण सिद्धांत ज्ञान भक्ति संपुट कियो नाम रतन विख्यात प्रेम भक्तिमणि लेसतें। वार्ता प्रथम प्रकाश में ज्ञान भक्ति संपुट में नाम रत्न को

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

स्थापन कियो दोहा ॥ स्थान सर्ग विसर्ग पुनि वोषण आदि विचार ॥
इण लक्षण सुपुराण के प्रथमहिं कहे उदार २ वेद अर्थ के बोध कहें
अंग शास्त्र षट मान शास्त्र अंग में सबन को भाष्यो अर्थ सुजान ३
पूरव मीमांसा विषे धर्म तत्व प्रति पाद्य स्वर्गादिक फल धर्म को ज्ञान
प्रयोजन साध्य ४ वैशेषिक शास्त्र हि कियो सुमुनि कणाद अनूप ॥
सप्त पदारथ ज्ञान फल भावा भाव सरूप ॥ न्याय शास्त्र गोतम ऋषि
भाष्यो तर्क प्रधान प्रमाणादि षोडश अरथ बोध प्रयोजन जान ६
योग शास्त्र पातंजली मुनि कीन्हो सुख कंद जावत वृत्ति निरोधतें दू-
टत भव को फंद ७ सांख्य शास्त्र को विषय सुख प्रकृति सुपुरुष वि-
वेक हानि त्रिविध दुख मुक्ति सुख कपिल सुमुनि मति टेक ८ वेदव्या-
स वेदांत को आचार जवर लेखु जीव ब्रह्म कै एकता विषय मोक्ष फ-
ल देखु ९ बहु शास्त्रा सारवी सुखद वेद अपौरुष वाक चार वेदत्र-
यकांड फल मोक्ष अवांतर नाक १० तंत्र भाव में शिव कियो यंत्र मंत्र
प्रति पाद्य शंभु शक्ति के ज्ञान तें मोक्ष आदि फल साध्य ११ वार्ता हि-
तीय प्रकाश में पुराण शास्त्र वेद तंत्र को सिद्धांत ते अर्थ लिख्यो दोहा
भरत आदि आदित्य के आचारज मतिचारु कथित तासु इण कर्म फ-
ल रामायण सिंगारु १२ वार्ता तृतीय प्रकाश में यावत्काल व्यंग नि-
रूपन कियो चतुर्थ प्रकाश में प्रसंग अंग करके यावत् रामायण ता-
त्पर्य और छंद दोहा चौपाई को नेम कियो दोहा लंका शंका दहन को
हनुमत बुद्धि उदार मुख्य प्रश्न उत्तर लिखो समुझे सुमति उदार १३
वार्ता पंचम प्रकाश में मुख्य मुख्य शंका समूह को सावधान कियो।
दोहा ॥ अमर सिंह आदिक जिते कोश कार स उदार विषम शब्द के
अर्थ को पर काशक उपकार १४ वार्ता छठे प्रकाश में कोश अंग
करके विषम पदन को मुख्य अर्थ उद्धार कियो सप्तम प्रकाश में वि-
राम अंग करके नाटक रीति भाव प्रधान सें रामायण जू कथा भाग
से सगुण प्रति पादक औ अंतर आपसतें परमार्थ पक्ष सत्यत्व प्र-
ति पादक यह निरूपण कियो औ प्रसंग के भेद में देवतन को अ-

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भेद जनाय के अनंत शक्ति प्रभु में सब अविरुद्ध जानो चाहिये और कलि युग व्यवस्था इत्यादि सम दर सायो और प्रथम लिख आये तो मुख्य अर्थ है सो यही अक्षरन सों ज्ञात हैं और जो शंका करत हैं यह जो सप्तम अंग लिख आये यातें प्रगट बोध होइगो एतेहुं में जो शंका करैं तहां प्रमाण चौ॰ एतेहु पर करि हहिं जे शंका मोहिं ते अधिक ते जड़ मति रंका ॥ इति दोहा। करि प्रसंग के अंग तें हरियश हेतु जनाय यथा भानु समता लिखे खद्योतो गनि जाय १ रामायण सर सिज सरित चहियत भानु प्रकाश यह प्रसंग खद्योत इव किमि कर सकत विकाश २ रामायण के अर्थ को को समर्थ मति वंत यथा सिंधु खग चोंच भरि तृप्ति लहत नहिं अंत ३ को तुलसी भाषा कवन कौन वेद को सार कौन कोश तिहिं तिलक को चाही कहत गंवार ४ मत्सर मद माया मदन मारे मान मरोर। रामायण जाने कहा पर धन पर तिय चोर ५ कवि कोविद रघुवर भगत मानस मान सुजान की सन सिंधु गंभीरता मंदिर गिर पहिचान। मानस पारावार को पारवार को जान मंदिर गिरि बूड़त जहां मम मति की परमान ७ अष्टादश षट संहिता यामल तंत्र विचार धर्म नीति श्रुति सागर हि तुलसी कृत विस्तार ॥ वरवै ॥ श्री काशी पति पितु की आज्ञा पाइ द्यो गज राज कथनिन ममेल मिलाइ ९ चौ॰ सरल अरथ आखर की थोरी सहत प्रभाव शांत रस वोरी दूर देश दर सावन हारी ॥ ऐनक सम विधु विमल तमारी ॥१०॥

इति श्री रघुनाथ दास कृत मानस दीपिका टीकायां विश्राम अंग सप्तमः ७ प्रकाशः ॥

मानस दीपिका समाप्तः

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रामायणबालकांड

यह मूर्ति तुलसी दास की श्रोता सहित



मतबअ मुन्शी नवलकिशोर मुक़ामलखनऊ में छापी गई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ऐसी छत्तीसी सरस्वती के छत्तीस वर्ण बने हैं यही हेतु छत्तीस वर्ग ब्रह्मचारी को योगाभ्यास मनुस्मृति में लिखा है राग रागिनी हू यातें छत्तीस भई अर्थ समूह कथन का भावार्थ शक्ति लक्षणा व्यंजना वृति करकै बहुत होत है इन सब को अरु सब को शृंगारादि रस को लक्षण अरु भेद आगे वर्णन काव्यांग में कियो तातें विस्तार नहीं कियो वर्णादि

सांव सदा शिवाय नमः

॥ श्रीगणेशाय नमः श्लोक वर्णानामर्थ संघानां रसानां छन्दसामपि । मङ्गलानांच कर्त्तारौ वन्दे वाणी विनायकौ १ भवानी शंकरौ वन्दे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ । याभ्यां विनान पश्यंति सिद्धाः स्वांतस्थ मीश्वरं २ वन्दे बोध मयं नित्यं गुरुं शंकर रूपिणं । यमाश्रितोहि वक्रोपि चंद्रः सर्वत्र वंधिते ३ सीताराम गुणग्राम पुण्यारण्य विहारिणौ ॥

वहूं नहीं होते है तैसे हों जहां श्रद्धा तहां विश्वास अरु जहां विश्वास तहां श्रद्धा यह परस्पर नित्य संबंध कविने कहो टी॰३ ज्ञान निधि अविनाशी शंकर रूप गुरू को वंदत हों जिन के आश्रय तें कुटिल हू चंद्र वंदन योग्य भयो है कुटिल चंद के दृष्टांत तें निज वक्र कविताको पूज्यत्व वंदना वृत्ति कविने सूचन कियो ॥ ॥ ॥ ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहा क्वचिदन्यतोपि वशिष्ठ भुशुंडि शेष शारदा वचन साधु सम्मत कवि सम्प्रदाय सम्मत सा
नुभवहूं लेइ कै भाषा सें निबंध तुलसी करतु है अति मंजुल देशदेशकी नीकी नीकी भाषा चुनि
कै बहुत सुंदर स्वांतः सुखाय सो निज पांडित्य स्वांति आदि प्रयोजन हेतु माहीं किंतु

वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ कवीश्वर कपीश्वरौ ४ उद्भव
स्थिति संहार कारिणीं क्लेश हारिणीं । सर्व श्रे
यस्करीं सीतां नतोहं राम बल्लभां ५ यन्माया वश
वर्त्ति विश्व मखिलं ब्रह्मादि देवा सुरायत्सत्वाद मृ
षैव भाति सकलं रज्जौ यथा हेर्भ्रमः । यत्पादः
प्लव मेव भाति हि भवाम्भोधेस्ति तीर्षा वतां वंदे
ऽहं तम शेष कारण परं रामाख्य मीशं हरिं ६
नाना पुराण निगमा गम सम्मतं यद्रामायणें नि
गदितं क्वचि दन्य तोपि स्वान्तः सुखाय तुलसी
रघुनाथ गाथा भाषा निबंध मति मंजुलमात नो
ति ॥७॥ अग्रे सोरठा भाषायाम्

दो- जेहि सुमिरत सिधि होय गण नायककरि वर बदन
करो अनुग्रह सोइ । बुद्धि राशि शुभ गुण सदन
मूक होइ वाचाल । पंगु चढैं गिरिवर गहन
जासु कृपा सुदयाल । द्रवौ सकल कलि मल दहन
नील सरोरुह श्याम । तरुण अरुण वारिज नयन
करो सो मम उर धाम । सदा क्षीर सागर सयन

जैसे ध्रुव पांच बरष के बालक पंचजन्य शंख के कपोल में लगतहीं वक्ता भये अरु पंगु श्चर
ण वा यमलार्जुन वृक्ष पुनः नलकूवर देह धरि गहन पर्वत चढो २ अरु कमलापति
मों भेदत्व क्षीरसागर को भाव क्षीरसागर शुद्ध धर्म को स्वरूप है तैं सोई हमारो उर बनाइ कै बसो

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नद रूप बंदना कियो अरु शुद्ध भये नख रूप अरुणावत स्तुना दृष्टि होगी भव पद्म मो चार गुन
हैं रुचि बास रस रंग ए सब गुन पराग में हैं भव रुज भव रोग के परिवार काम आदिक उन
रकाण्ड में कहे हैं उघरहिं नख अरुणाई सूर्य की उपमा मन में राखि के यह क
हत हैं रात को दोष तम है सो दुख स्वपन आदि यथा सु अंजन जैसे सिचां जनल

कुंद इंदु सम देह । उमा रमण करुणा अयन ॥
जाहि दीन पर नेह । करो कृपा मर्दन मयन ॥
बंदों गुरु पद कंज । कृपा सिंधु नर रूप हरि ॥
महा मोह तम पुंज । जासु बचन रवि कर निकर ॥

चौ. बंदौ गुरु पद पद्म पराग । सुरुचि सुवास सरस अनुराग ॥
अमिय मूरि मय चूरण चारू । शमन सकल भवरुज परिवारू ॥
सुकृत शंभु तन विमल विभूती । मंजुल मंगल मोद प्रसूती ॥
जन मन मंजु मुकुर मल हरणी । किये तिलक गुण गण वश करणी
श्री गुरु पद नख मणि गण ज्योती । सुमिरत दिव्य दृष्टि हिय होती ॥
दलन मोह तम सो सु प्रकासू । बड़े भाग्य उर आवहिं जासू ॥
उघरहिं बिमल बिलोचन हिय के । मिटहिं दोष दुख भव रजनी के
सूझहिं राम चरित मणि माणिक । गुप्त प्रगट जहं जो जेहि खानिक

दो. यथा सु अंजन आज दृग साधक सिद्ध सुजान ॥
कौतुक देखहिं शैल वन भूतल भूरि निधान ॥

गुरु पद रज मृदु मंजुल अंजन । नयन अमिय दृग दोष विभंजन
तेहि कर विमल बिवेक बिलोचन । बरणौं राम चरित भव मोचन ॥
बंदौ प्रथम मही सुर चरणा । मोह जनित संशय सब हरणा ॥

या में से जलथल के वा दूर के देश के आड़ नाहीं रहत गड़े गड़ाये धन बिना खोदे
देख परत है जैसे ही आखन में रज लगाये से माया की आड़ रहत कतना
ही ॥ २ ॥ चौ० २ दो० गुरु पद रज मृदु अरु बंदौ संत समाज लौं ॥

सुजन समाज सकल गुण खानी। करौं प्रणाम सप्रेम सुबानी
साधु चरित सुभ सरिस कपासू। निरस बिसद गुणमय फलजासू
जो सहि दुख परछिद्र दुरावा। बंदनीय जेहि जग यश पावा
मुद मंगल मय संत समाजू। जो जग जंगम तीरथ राजू॥
राम भक्ति जहं सुरसरि धारा। सरस्वति ब्रह्म बिचार प्रचारा
बिधि निषेध मय कलिमल हरणी। कर्म्म कथा रवि नंदनि बरणी
हरि हर कथा बिराजत बेनी। सुनत सकल मुद मंगल देनी
बट बिस्वास अचल निज धर्मा। तीरथ राज समाज सु कर्मा॥
सबहि सुलभ सब दिन सबदेशा। सेवत सादर समन कलेशा
अकथ अलौकिक तीरथ राऊ। देय सद्य फल प्रगट प्रभाऊ

दो॰ सुनि समुझहिं जन मुदित मन मज्जहिं अति अनुराग
लहहिं चारि फल अछत तनु साधु समाज प्रयाग

मज्जन फल देखिय तत काला। काक होहिं पिक बकौ मराला
सुनि आश्चर्य करहिं जनि कोई। सत संगति महिमा नहिं गोई
बालमीक नारद घट योनी। निज निज मुखनि कही निज होनी
जलचर थलचर नभचर नाना। जे जड़ चेतन जीव जहाना॥
मति कीरति गति भूति भलाई। जब जेहि यतन जहां जेहि पाई
सो जानव सतसंग प्रभाऊ। लोकहुं वेदहु आन उपाऊ॥
बिन सत संग बिवेक न होई। राम कृपा बिनु सुलभ न सोई
सत संगत मुद मंगल मूला। सोइ फल सिद्धि सब साधन फूला
शठ सुधरहिं सत संगति पाई। पारस परसि कुधातु सुहाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बिधि बस सुजन कुसंगति परहीं। फणि मणि सम निज गुण अनुसरहीं
बिधि हरि हर कवि कोविद बानी। कहत साधु महिमा सकुचानी
सो मोहि सन कहि जात न कैसे। साक बणिक मणि गुण गण जैसे

दो॰ बंदौं संत समान चित हित अनहित नहिं कोउ।
अंजलि गत सुभ सुमन जिमि सम सुगंध कर दोउ
संत सरल चित जगत हित जानि सुभाव सनेहु
बाल बिनय सुनि करि कृपा राम चरण रति देहु

बहुरि बंदि खल गण सति भाये। जे बिन काज दाहिनहु बांये
पर हित हानि लाभ जिन्ह केरे। उजरे हर्ष बिषाद बसेरे ॥ ॥
कहत सुनत पर अघ न अघाहीं। ज्यों पृथु शेष सरस जग माहीं
हरि हर यश राकेश राहु से। पर अकाज भट सहस बाहु से
जे पर दोष लखहिं सह सारी। पर हित घृत जिन्ह के मन मारी
तेज कृशानु रोष महिषेशा। अघ अवगुण धन धनिक धनेशा
उदय केतु सम हित सबहीके। कुंभ करण सम सोवत नीके
पर अकाज लगि तनु परिहरहीं। जिमि हिम उपल कृषी दलि गरहीं
बंदौं खल जस शेष सरोषा ॥। सहस बदन बरनै पर दोषा
पुनि प्रणवौं पृथुराज समाना। पर अघ सुनै सहस दश काना
बहुरि शक्र सम बिनवौं तेही। संतत सुरानीक हित जेही
बंदौं जग नर शक्र समाना। करिहि उपाय कार्य जेहि हाना
बचन बज्र जेहि सदा पियारा। सहस नयन पर दोष निहारा

दो॰ उदासीन अरि मीत हित सुनत जरहिं खल रीति

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जानु पाणि जुग जोरि जन बिनती करौं स प्रीति
मैं आपन दिसि कीन्ह निहोरा। तिन निज ओर न लाउब भोरा
बायस पालिय अति अनुरागा। होहिं निरामिष कबहुं कि कागा
बंदौं संत असज्जन चरणा ॥ दुख प्रद उभय बीच कछु बरणा
बिछुरत एक प्राण हरि लेहीं। मिलत एक दारुण दुख देहीं
उपजहिं एक संग जग माहीं। जलज जोक जिमि गुन बिलगाहीं
सुधा सुरासम साधु असाधू। जनक एक जग जलधि अगाधू
भल अनभल निज निज करतूती। लहत सुयश अपलोक बिभूती
सुधा सुधाकर सुरसरि साधू। गरल अनल कलिमल सरि व्याधू
गुण अवगुण जानत सब कोई। जो जेहि भाव नीक तेहि सोई

दो॰ भले भलाई पै लहहिं लहहिं निचाई नीच
सुधा सराहिय अमरता गरल सराहिय मीच

खल गह अगुण साधु गुण गाहा। उभय अपार उदधि अवगाहा
तेहि ते कछु गुण दोष बखाने। संग्रह त्याग न बिनु पहिचाने
भलेउ पोच सब बिधि उपजाये। गनि गुण दोष बेद बिलगाये
कहहिं बेद इतिहास पुराना। बिधि प्रपंच गुण अवगुण साना
दुख सुख पाप पुण्य दिन राती। साधु असाधु सुजाति कुजाती
दानव देव ऊंच अरु नीचू। अमिय सजीवन माहुर मीचू
माया ब्रह्म जीव जगदीशा। लच्छि अलच्छि रंक अवनीशा
काशी मग सुरसरि क्रमनाशा। मरु मालव महिदेव गवाशा
स्वर्ग नर्क अनुराग बिरागा। निगमागम गुण दोष बिभागा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो· जड़ चेतन गुण दोष मय बिस्व कीन्ह करतार
संत हंस गुण गहहिं पै परिहरि बारि बिकार
अस बिबेक जब देहिं बिधाता। तब तजि दोष गुणहिं मन राता
काल सुभाव करम बरिआई। भलेउ प्रकृति बस चुकइ भलाई
सो सुधारि हरिजन जिमि लेहीं। दलि दुख दोष बिमल जसु देहीं
खलउ करहिं भल पाइ सुसंगू। मिटइ न मलिन सुभाव अभंगू
लखि सुबेष जग बंचक जेऊ। बेष प्रताप पूजिअत तेऊ ॥॥
उघरहिं अंत न होइ निबाहू। कालनेमि जिमि रावण राहू ॥
किएँ कुबेष साधु सनमानू। जिमि जग जामवंत हनुमानू
हानि कुसंग सुसंगति लाहू। लोकहु बेद बिदित सब काहू
गगन चढ़ै रज पवन प्रसंगा। कीचहि मिलै नीच जल संगा
साधु असाधु सदन सुकसारी। सुमिरहिं राम देहिं गन गारी
धूम कुसंगति कारिख होई। लिखिअ पुराण मंजु मसि सोई
सोइ जल अनल अनिल संघाता। होइ जलद जग जीवन दाता
दो· ग्रह भेषज जल पवन पट पाइ कुजोग सुजोग
होहिं कुबस्तु सुबस्तु जग लखहिं सुलच्छन लोग
सम प्रकाश तम पारख दुहु नाम भेद बिधि कीन्ह
ससि सोषक पोषक समुझि जग जस अपजस दीन्ह
जड़ चेतन जग जीव जत सकल राम मय जानि
बंदउँ सब के पद कमल सदा जोरि जुग पानि ॥
देव दनुज नर नारि खग प्रेत पितर गंधर्व ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बंदौ किन्नर रजनिचर। कृपा करहु अब सर्ब ॥
आकर चारि लाख चौरासी। जाति जीव जल थल वासी
सियाराममय सब जगजानी। करौं प्रणाम जोरि जुग पानी ॥
जानि कृपा करि किंकर मोहू। सब मिलि करहु छाँड़ि छल छोहू
निज बुधि बल भरोस मोहि नाहीं। तातें बिनय करउं सब पाहीं ॥
करन चहौं रघुपति गुण गाहा। लघु मति मोरि चरित अवगाहा
सूझ न एकौ अंग उपाऊ ॥ मन मति रंक मनोरथ राऊ ॥
मति अति नीच ऊँच रुचि आछी। चहिअ अमिय जग जुरै न छाछी
छमिहहिं सज्जन मोरि ढिठाई। सुनिहहिं बाल बचन मन लाई
जौं बालक कह तोतरि बाता। सुनहिं मुदित मन पितु अरु माता
हँसिहहिं कूर कुटिल कुबिचारी। जे पर दूषण भूषण धारी ॥ ॥
निज कवित्त केहि लाग न नीका। सरस होउ अथवा अति फीका
जे पर भणिति सुनत हरषाहीं। ते बर पुरुष बहुत जग नाहीं
जग बहु नर सर सरि सम भाई। जे निज बाढ़ि बढ़हिं जल पाई ॥
सज्जन सुकृत सिंधु सम कोई। देखि पूर बिधु बाढ़हिं जोई ॥

दो. भाग छोट अभिलाषु बड़ करउं एक बिस्वास
पैहहिं सुख सुनि सुजन सब खल करिहहिं उपहास

खल परिहास होइ हित मोरा। काक कहहिं कल कंठ कठोरा ॥
हँसिहहिं बक दादुर चातकही। हँसिहहिं मलिन खल बिमल बतकही
कवित रसिक न राम पद नेहू। तिन्ह कहँ सुखद हास रस एहू ॥
भाषा भणिति मोरि मति भोरी। हँसिबे जोग हँसें नहिं खोरी ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु पद प्रीति न समुझत नीकी। तिन्हहि कथा सुनि लागहि फीकी
हरि हर पद रति मति न कुतरकी। तिन्ह कहँ मधुरि कथा रघुबर की
राम भगति भूषित जिय जानी। सुनिहहिं सुजन सराहि सुबानी
कबि न होउँ नहिं चतुर प्रबीना। सकल कला सब बिद्या हीना
आखर अरथ अलंकृति नाना। छंद प्रबंध अनेक बिधाना
भाव भेद रस भेद अपारा ॥। कबित दोष गुन बिबिधप्रकारा
कबित बिबेक एक नहिं मोरे। सत्य कहौं लिखि कागद कोरे
दो॰ भनिति मोर सब गुन रहित बिस्व बिदित गुन एक
सो बिचारि सुनिहहिं सुमति जिन्हके बिमल बिबेक
एहि महँ रघुपति नाम उदारा। अति पावन पुरान श्रुति सारा
मंगल भवन अमंगल हारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारी
भनिति बिचित्र सुकबि कृत जोऊ। राम नाम बिनु सोह न सोऊ
बिधु बदनी सब भाँति सँवारी। सोह न बसन बिना बर नारी
सब गुन रहित कुकबि कृत बानी। राम नाम जस अंकित जानी
सादर कहहिं सुनहिं बुध ताहीं। मधुकर सरिस संत गुनग्राही
जदपि कबित गुन एकउ नाहीं। राम प्रताप प्रगट एहि माहीं
सोइ भरोस मोरें मन आवा। केहिं न सुसंग बड़ापन पावा
धूम सजे सहज करुआई। अगर प्रसंग सुगंध बसाई॥
भनिति भदेस बस्तु भलि बरनी। राम कथा जग मंगल करनी
छं॰ मंगल करनि कलि मल हरनि तुलसी कथा रघुनाथ की
गति कूर कबिता सरित की ज्यों सरित पावन पाथ की

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु सुयश संगति भनिति भलि होइहि सुजन मन भावनी
भव अंग भूति मसान की सुमिरत सुहावन पावनी ॥ ॥
दो॰ प्रिय लागहि अति सबहि मम भनिति राम यश संग
दारु बिचार कि करइ कोउ बंदिय मलय प्रसंग ॥
श्याम सुरभि पय बिशद अति गुणद करहिं सब पान
गिरा ग्राम सिय राम यश गावहिं सुनहिं सुजान
मणि माणिक मुकुता छबि जैसी । अहि गिरि गज शिर सोह न तैसी
नृप किरीट तरुणी तनु पाई । लहहिं सकल शोभा अधिकाई
तैसहिं सुकवि कवित बुध कहहीं । उपजहिं अनत अनत छबि लहहीं
भक्ति हेतु बिधि भवन बिहाई । सुमिरत शारद आवति धाई ॥
राम चरित सर बिनु अन्हवाये । सो श्रम जाइ न कोटि उपाये ।
कवि कोविद अस हृदय बिचारी । गावहिं हरि गुण कलिमल हारी
कीन्हे प्राकृत जन गुण गाना । शिर धुनि गिरा लागि पछिताना
हृदय सिंधु मति सीप समाना । स्वाती शारद कहहिं सुजाना ॥
जो बरषे बर बारि बिचारू । होहिं कवित मुकुता मणि चारू
दो॰ युक्ति बेधि पुनि पोहिये राम चरित बर ताग ॥
पहिरहिं सज्जन बिमल उर शोभा अति अनुराग
जे जनमें कलिकाल कराला । करतब बायस बेष मराला ॥ ॥
चलत कुपंथ वेद मग छाँडे ॥ ॥ कपट कलेवर कलि मल भाँडे ॥
बंचक भक्त कहाइ राम के ॥ ॥ किंकर कंचन कोह काम के ॥ ॥
तिनहं प्रथम रेख जग मोरी । धिकधरम ध्वज धंधक धोरी ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जो अपने अवगुन सब कहऊं । बाढ़ै कथा पार नहिं लहऊं ॥
तातें मैं अति अल्प बखाने । थोरे महं जानिहहिं सयाने ॥
समुझि बिबिध बिधि बिनती मोरी । कोउ न कथा सुनि देइहि खोरी
एतेहु पर करिहहिं जे संका । मोहि ते अधिक ते जड़ मति रंका
कवि न होउं नहिं चतुर कहाऊं । मति अनुरूप राम गुन गाऊं
कहं रघुपति के चरित अपारा । कहं मति मोरि निरत संसारा ॥
जेहि मारुत गिरि मेरु उड़ाहीं । कहहु तूल केहि लेखे माहीं ॥
समुझत अमित राम प्रभुताई । करत कथा मन अति कदराई

दो॰ सारद सेष महेस बिधि आगम निगम पुराण
नेति नेति कहि जासु गुन करहिं निरंतर गान

सब जानत प्रभु प्रभुता सोई । तदपि कहे बिनु रहा न कोई ॥
तहाँ बेद अस कारण राखा ॥ भजन प्रभाव भांति बहु भाषा
एक अनीह अरूप अनामा ॥ अज सच्चिदानंद पर धामा ॥
ब्यापक बिस्व रूप भगवाना ॥ तेहि धरि देह चरित कृत नाना ॥
सो केवल भगतन हित लागी ॥ परम कृपाल प्रनत अनुरागी
जेहि मन परम मता अति छोहू । तेहि करुणाकर कीन्ह न कोहू ॥
गई बहोरि गरीब नेवाजू ॥ ॥ ॥ सरल सबल साहिब रघुराजू ॥
बुध बरणहिं हरि जस अस जानी । करहिं पुनीत सुफल निज बानी
तेहि बल मैं रघुपति गुन गाथा । कहिहौं नाइ राम पद माथा ॥ ॥
मुनिन्ह प्रथम हरि कीरति गाई । तेहि मग चलत सुगम मोहि भाई

दो॰ अति अपार जे सरित बर जो नृप सेतु करांहि ॥

चढ़ि पिपीलिका परमलघु बिनु श्रम पारहिं जाहिं
यहि प्रकार बल मनहिं दृढ़ाई ॥ ॥ करिहौं रघुपति कथा सुहाई ॥
व्यास आदि कवि पुंगव नाना। जिन्ह सादर हरि चरित बखाना
चरण कमल बंदौं सब केरे ॥ । पुरवहु सकल मनोरथ मेरे ॥
कलिके कविन करौं परणामा। जिन्ह बरणे रघुपति गुणग्रामा
जो प्राकृत कवि परम सयाने । भाषा जिन्ह हरि चरित बखाने ॥
भये जे अहहिं जे होइहैं आगे । प्रणवौं सबहिं कपट छल त्यागे
होउ प्रसन्न देहु बर दानू ॥ ॥ ॥ साधु समाज भणीत सनमानू
जो प्रबंध नहिं बुध आदरहीं ॥ ॥ सो श्रम बादि बाल कवि करहीं
कीरति भणीत भूत भलि सोई। सुरसरि सम सब कहं हित होई
राम सुकीरति भणीत भदेशा । असमंजस अस मोहि अंदेशा ॥
तुम्हरी कृपा सुलभ सोउ मोरे । सियनि सुहावनि टाट पटोरे ॥
करहु अनुग्रह अस जिय जानी। बिमल यशहिं अनुहरहु सुबानी
दो० सरल कवित कीरति बिमल सोइ आदरहिं सुजान
सहज बयर बिसराय रिपु सो सुनि करहिं बखान
सो न होइ बिनु बिमलमति मोहि मतिबल अति थोरि
करहु कृपा हरि यश कहौं पुनि पुनि करउं निहोरि
कबि कोबिद रघुबर चरित मानस मंजु मराल ॥
बाल बिनय सुनि सुरुचि लखि मोपर होहु कृपाल
सो० बंदौं मुनि पद कंज रामायण जिन निर्मयो ॥
सरबरस कोमल मंजु दोष रहित दूषणसहित

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बंदौ चारों बेद भव वारिधि बोहित सरिस ॥ ॥
जिनहिंन सपनेहुं खेद बरनत रघुपति बिसदयश
बंदौ बिधि पद रेणु भवसागर जिन्ह कीन्ह यह ॥
संत सुधा शशि धेनु प्रगटे खल बिष वारुणी
दो· बिबुध बिप्र बुध गुरु चरण बंदि कहौं करजोरि
होइ प्रसन्न पुरवहु सकल मंजु मनोरथ मोर
पुनि बन्दौ शारद सुर सरिता । युगल पुनीत मनोहर चरिता ॥
मज्जन पान पाप हर एका ॥ कहत सुनत इकहर अविवेका ॥
गुरु पितु मातु महेश भवानी । प्रणऊं दीन बंधु हित दानी ॥
सेवक सरवस्वामि सिय पीके । हित निरूप सब बिधि तुलसीके
कलि बिलोकि जग हित हरि गिरिजा । शाबर मंत्र जाल जिन सिरजा
अनमिल आखर अरथ न जापू । प्रगट प्रभाव महेश प्रतापू ॥
सो महेश मोपर अनुकूला । करौं कथा मुद मंगल मूला ॥
सुमिरि शिवा शिव पाइ पसाऊ । बरणौं राम चरित चित चाऊ
भणित मोर शिव कृपा विभाती । शशि समाज मिलि मनहु सुराती
जो यह कथा सनेह समेता । कहिहहिं सुनिहहिं समुझि सचेता
होइहहिं राम चरण अनुरागी । कलिमल रहित सुमंगल भागी
दो· सपनेहुं साँचेहु मोहि पर जोहर गौरि पसाउ ॥
जो फुर होउ तो कहउं सब भाषा भणितप्रभाउ
बंदौं अवधपुरी अति पावनि । सरयू सरि कलि कलुष नशावनि
प्रणऊँ पुर नर नारि बहोरी । ममता जिनपर प्रभुहिं न थोरी ।

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रिय निंदक अघ ओघ नसाये। लोक बिसोक बनाइ बसाये
बंदौं कौसल्या दिसि प्राची। कीरति जासु सकल जग माँची
प्रगटेउ जहँ रघुपति ससि चारू। बिस्व सुखद खल कमल तुसारू
दसरथ राउ सहित सब रानी। सुकृति सुमंगल मूरति खानी
करौं प्रनाम करम मन बानी। करहु कृपा सुत सेवक जानी
जिनहिं बिरचि बड़ भयउ बिधाता। महिमा अवधि राम पितु माता

सो. बन्दौं अवध भुआल सत्य प्रेम जेहि राम पद
बिछुरत दीन दयाल प्रिय तनु तृन इव परिहरेउ

प्रनवौं परिजन सहित बिदेहू। जाहि राम पद गूढ़ सनेहू॥
जोग भोग महँ राखेउ गोई। राम बिलोकत प्रगटेउ सोई
प्रनवौं प्रथम भरत के चरना। जासु नेम ब्रत जाइ न बरना
राम चरन पंकज मन जासू। लुब्ध मधुप इव तजै न पासू॥
बंदौं लछिमन पद जल जाता। सीतल सुभग भगत सुखदाता
रघुपति कीरति बिमल पताका। दंड समान भयउ जस जाका
सेष सहस्र सीस जग कारन। जो अवतरेउ भूमि भय टारन
सदा सो सानुकूल रह मोपर। कृपासिंधु सौमित्रि गुनाकर
रिपुसूदन पदकमल नमामी। सूर सुसील भरत अनुगामी
महाबीर बिनवौं हनुमाना॥ राम जासु जस आप बखाना

सो. बंदौं पवन कुमार खल बन पावक ज्ञान घन
जासु हृदय आगार बसहिं राम सर चाप धर

कपि पति रीछ निसाचर राजा। अंगदादि जे कीस समाजा॥

सब सनेह के बिषय कौसिलादि सादर प्रनवौं मिथिलेसा प्रजा परीवार सुत मरतहि भाता सब ही मान ३ सुग्रीव बिभीषन अंगदादि हनुमदादि सब कीस

दो॰ रा॰ बा॰ २५

अकलंक भगत कलंकहारि नर दोहि अरबिंद के अ श्रीराम जानकी जू मोहि अभेद निरूपन कीयो बिनको मो न रहित जो प्रि पै ॥ १८॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गुण निधान सो रामनाम ज्ञान बैराग्य आदि गुनकी निधि हैं यातें जापक लोगन में दोष परतु है २ मू॰ महामंत्र टी॰ जेहि महामंत्र को महेश आप जपत हैं अरु काशी ऐसे सिद्ध पीठ में अनेक जीवन के मुक्ति हेतु है याको प्रमान रामताप नी उपनिषद में है ३ मू॰ महिमा जासु टी॰ जेहि नाम की महिमा को गणेश जू जानतु हैं नामहीं के प्रताप तें सबतें प्रथम पूजा पावत हैं यह कथा को सब ऋषि अरु देवता ब्रह्मा ने पूछो अब पूज्य कौन ब्रह्मा कह्यो जो सर्व भुवन के प्रदक्षिणा

बन्दौं सब के चरण सुहाये ॥ । अधम शरीर राम जिन पाये ॥
रघुपति चरण उपासक जेते । खग मृग सुर नर असुर समेते
बन्दौं पद सरोज सब केरे ॥ ॥ जे बिनु काम राम के चेरे ॥ ॥
शुक सनकादि आदि मुनि नारद । जे मुनिवर विज्ञान बिशारद
प्रणऊं सबहिं धरणि धरि शीशा । करहु कृपा जन जानि मुनीशा
जनक सुता जग जननि जानकी । अतिशय प्रिय करुणा निधान की
ताके युग पद कमल मनाऊं । जासु कृपा निर्मल मति पाऊं ॥
पुनि मन बचन करम रघुनायक । चरण कमल बन्दौं सब लायक
राजिव नयन धरे धनु शायक । भक्त बिपति भंजन सुखदायक

दो॰ गिरा अर्थ जल बीचि सम कहियत भिन्न न भिन्न
बन्दौं सीताराम पद । जिनहिं परम पद खिन्न ॥

बन्दौं राम नाम रघुबर के ॥ ॥ हेतु कृशानु भानु हिम कर के
विधि हरि हर मय वेद प्रान से । अगुण अनूपम गुण निधान से
महामंत्र जोइ जपत महेशू ॥ ॥ काशी मुक्ति हेतु उपदेशू ॥ ॥
महिमा जासु जान गण राऊ । प्रथम पूजियत नाम प्रभाऊ ॥
जानि आदि कवि नाम प्रतापू । भयउ सिद्ध करि उलटा जापू

प्रथम करि आवै तब सब धाये गणेश जू डील भारी अरु मूषा बाहन बिचारि राम लिखि प्रदक्षिणा कियो तातें प्रथम पूज्य भए यह कथा बिस्तार पद्मपुराण में ४ मू॰ जान आदि कवि टी॰ आदि कवि बालमीक जू नाम प्रताप जानतु हैं मरा मरा जपि शुद्ध भये यह कथा बिस्तार पूर्वक अध्यात्म के अयोध्या काण्ड में ॥

टी॰ रा॰ बा॰ १६

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भक्ति बिना सब साधन वृथा वर्षा तें धान पुष्ट होत है भक्ति तें सुदोष राम नाम के गुन उत्तम जग वरन रकार मकार दोऊ अक्षर सावन अरु भादों मास हैं भाव वह कि सावन भादों बरषा के बारह मास में सार हैं तैसे ही भक्ति को सार दोनों अक्षर ९ मृ आखर मधुर। टी. अब दोउ अक्षरन के गुन कहत हैं दोउ आखर मधुर उच्चारण में अरु फल सों मनोहर गुन तें अरु अर्थ तें बरनन टी. हे जग जिय में जो बिचारि देखि ये दोऊ आखर सब अक्षरन के बिलोचन हैं आठों वर्ग के वर्ण सरस्वती के अष्टांग हैं चरणन के क्रम तें रकार मकार दोऊ नेत्र अस्थान में हैं याही ते वरन बिलोचन कहे १० सुमिरत टी. कैक नाम मंत्र जप में कठिन जैसे काकुस्थ अरु ए दोऊ सुमिरत सुलभ हैं गायत्री आदि मंत्र में सब को अधिकार नहीं राम नाम में जाति पाति को नेम नहीं यही हेतु तें सुखद सब काहू कहों कैक मंत्र लोक में लाभ दाई ए दोउ लोक में धन यश सुख दाता अरु परलोक में निबाह कहें बिषै कथा अरु जो दूए ना

सहस नाम सम सुनि शिव बानी। जप जेई शिव सङ्ग भवानी॥
हरषे हेतु हेरि सबही को। किय भूषण तिय भूषण तीको
नाम प्रभाव जान शिव नीके। कालकूट फल दीन्ह अमीके
दो. बरषा ऋतु रघुपति भगति तुलसी शालि सु दास
राम नाम वर वरण युग। श्रावण भादों मास॥
आखर मधुर मनोहर दोऊ। बरण बिलोचन जन जिय जोऊ
सुमिरत सुलभ सुखद सब काहू। लोक लाहु परलोक निबाहू॥
कहत सुनत सुमिरत सुठि नीके। राम लषण सम प्रिय तुलसी के
वरणत वरण प्रीति बिलगाती। ब्रह्म जीव सम सहज संघाती
नर नारायण सरिस सु भ्राता। जग पालक बिशेष जन त्राता

आदि कथा कहत सुनत टी. तौ प्रिय भासतु है परंतु समुझ में फल निषिद्ध ए दोउ अक्षर कहत अरु सुनत अरु अर्थ के समुझत अति नीक हैं अरु मोकों तो राम लषण सम प्रिय हैं १२ बरनत टी. रा अरु म दोऊ अक्षर तिन के अस्थान प्रयत्न आकार अर्थ ए सब भिन्न २ बरनत इनकी प्रीति परस्पर छूटी सी देखतु है परंतु हैं तो दोऊ ब्रह्म जीव की नांई निरंतर प्रेमी जैसे ब्रह्म बिना जीव नाहीं रह सकतु अरु ब्रह्म बिन जीव हेतु रा यह नाम शब्द को है म यह नाम अर्थ ज्ञान को है ये दोऊ अर्थ अरु शब्द बिलग कबहूं नहिं देखे तैसें दोऊ आखर सहज सुभाव बिलग नहीं है १३ नर नारायन टी. जैसे नरनारायण दोऊ भाई सदा एक जगह रह के असुरन को भार धर्म बल तें जगत की रक्षा करतु हैं अरु जप तप के बल तें साधुन की बिशेष रक्षा करतु हैं तैसेई रकार मकार धर्म के बल तें सब जग पालक अरु जापक जन के बिशेष रक्षक हैं

टी. रा. बा. २७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इहां जानों १७ दो॰ टी॰ एक छत्र छत्र जैसे माथे पर राजत है तैसेही रकार सब अक्षर के मांथे पर अरु मकार मुकुट मनि जैसे बिंदु रूप तें सब पर सोहत है प्रथम बन्दौं अवधपुरी इनादि लेइ कै धाम अरु रूप बंदना कर पुनः बन्दौं राम नाम रघुबर के इत्यादि नाम बंदना रंभ कियो नाम मंत्र को अर्थ कह्यौ पुनः महेश गणेश आदि भक्तन के द्वारा नाम महात्म्य को पुनः आखर मधुर मनोहर दोऊ इत्यादि प्रकारतें दोऊ अक्षर को लोक परलोक साधक कह्यौ अरु नाम अरु नामी के सब भाव को सब उपासना ग्रंथन के। अविरोध अर्थ कहतु हैं अरु निर्गुण सर्गुण दोऊ ब्रह्म तें नाम की अधिकता कहत हैं १८ समुझत टी॰ जो समुझ कै देखे तो नाम अरु नामी कहीं नाम वारो रूप ए दोनो सम हैं कैसे नामी में जे गण हैं तेई गुण नाम में हैं याते सदृश जानियें अरु दोऊ की परस्पर अति सय प्रीति नाम बिनु नामी अरु नामी बिनु नाम ए को क्षण बिलग नाहीं रहतु अरु अति प्रीति को लक्षण परस्पर दोऊ प्रभु अनुगामी है कोऊ समय नाम अरु कोऊ समय नामी नाम अनुगामी नाम

भक्ति सुतिय कल करण विभूषण। जग हित हेतु बिमल बिधु पूषण
स्वाद तोष सम सुगति सुधा के। कमठ शेष सम धर बसुधा के
जन मन मंजु कंज मधु कर से। जीह जसोमति हरि हलधर से

दो॰ एक छत्र इक मुकुटमणि सब बरणन पर जोउ
तुलसी रघुबर नाम के बरण विराजत दोउ ॥

समुझत सरस नाम अरु नामी। प्रीति परस्पर प्रभु अनुगामी
नाम रूप दोइ ईश उपाधी ॥ । अकथ अनादि सु समुझ साधी
को बड़ छोट कहत अपराधू। सुनि गुण भेद समुझि हैं साधू
देखिय रूप नाम आधीना। रूप ज्ञान नहिं नाम विहीना
रूप बिशेष नाम बिनु जाने। करतल गत न परहिं पहिचाने

रूप दोऊ टी॰ नाम अरु रूप ए दोऊ ईश कही संसार तें पार करे समर्थ एही सब उपासना ग्रंथन का नीक सिद्धांत उपाधी अकथ दोउ में परस्पर न्यून अधिक भाव उपाधि कहे कौन चाही हेतु दोउ अनादि हैं नाम पहले बा रूपई बात को ऊ नहीं कहि सकत एहि बात है बेद पुराण आदि समुझ कै साधी है। २०। को बड़ छोट टी॰ दोऊ में बड़ छोट कहिये महा अपराध एही रीति तें बास्तेविक शास्त्र सिद्धांत कह केवल भक्तन के उपासना अनुसार अरु कलि में नामी तें नाम को प्रभाव अधिक समुझ निज भाव के अनुकूल सिद्धांत कहतु हैं सुनिगुन टी॰ नामी ते नाम के अधिक गुन सुन के २१ देखिय टी॰ हैं तो दोउ समान परंतु लोक में नाम कहि कै बोला वे तो रूप चलो आवत है। दूसरे नाम को अर्थ जाने विना रूप की ज्ञान नहीं होत यातें नाम के आधीन रूप है

टी॰ रा॰ बा॰ १८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पं॰ १ सुमिरिय टी॰ रूप जदपि नहीं देखो तदपि बिशेष सनेह ते नाम के सुमरत रूप चलो आवतु है हृदय
में वा नाम में रूप को बिशेष सनेह है ताते नाम के सुमरत रूप चलो आवत है मंत्र के आधीन देवता
यह बात मंत्र शास्त्र में अरु मीमांसा में प्रसिद्ध है अरु लोक में तो प्रत्यक्ष २३ नाम रूप टी॰ यद्यपि
नाम अरु रूप दोउ के गुन की कथा कहिवे सों नहीं आवत समुझ में सुख दे है तथापि नाम में अ
ब्रह्म को अनुभव करत हैं अनूप आदि ब्रह्म बिशेषण अनामय अविद्या रोगतें रहित यहां
योगी पट ज्ञानी को वाचक जीव ब्रह्म की एकता योग कहावत है लोमस सनकादि ज्ञानी
भक्त २७ जाना चहैं टी॰ गूढ़ गति कही ब्रह्म स्वरूप को जो जानो चहत हैं तेऊ जिज्ञासु भ
क्त जीह ते नाम जपि जानत हैं गूढ़ गति कही सब में गुप्त गम्लृ गतौ धातु भाव में प्रत्यय गति
शब्द ब्रह्म स्वरूप बाचक है यहां लो उद्धव आदि जिज्ञासु भक्त कहे २८ साधक टी॰
निज अर्थ साधक अर्थार्थी भक्त हू लय लगाये नाम जपि अणिमा महिमा
आदि सब सिद्धि पाइ कै सिद्ध होत हैं इहां सुग्रीव बिभीषणादि अर्थार्थी भक्त

सुमिरिय नाम रूप बिनु देषे । आवत हृदय सनेह बिशेषे ॥
नाम रूप गति अकथ कहानी । समुझत सुखद न परै बखानी
अगुण सगुण बिच नाम सुसाखी । उभय प्रबोधक चतुर दुभाखी
दो॰ राम नाम मणि दीप धरु जीह देहरी द्वार ॥ ॥
तुलसी भीतर बाहिरौ जो चाहसि उजियार ॥
नाम जीह जपि जागहिं योगी । बिरति बिरंच प्रपंच बियोगी
CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सती जो तजी दक्ष मख देहा। जनमी जाइ हिमाचल गेहा
तेइ तप कीन्ह संभु पति लागी। शिव समाधि बैठे सब त्यागी
यदपि अहै असमंजस भारी। तदपि बात इक सुनहु हमारी
पठवहु काम जाइ शिव पाहीं। करै क्षोभ शंकर मन माहीं
तब हम जाइ शिवहिं सिरनाई। करवाउब बिवाह बरि आई
इहि बिधि भलेहिंदेव हित होई। मत अति नीक कहा सब कोई
अस्तुति तुरत कीन्ह अति हेतू। प्रगटेउ विषम बाण रख केतू

दो॰ सुरन कही निज बिपति सब सुनि मन कीन्ह बिचार
संभु बिरोध न कुशल मोहि बिहंसि कहेउ अस मार
तदपि करब मैं काज तुम्हारा। श्रुति कह परम धर्म उपकारा
परहित लागि तजै जो देही। संतत संत प्रशंसहिं तेही
अस कहि चलेउ सबहिं सिरनाई। सुमन धनुष कर सहित सहाई
चलत मार अस हृदय बिचारा। शिव बिरोध ध्रुव मरण हमारा
तब आपन प्रभाव विस्तारा। निज बस कीन्ह सकल संसारा
कोपेउ जबहिं वारिचर केतू। छण महं मिटे सकल श्रुति सेतू
ब्रह्म चर्य्य व्रत संयम नाना। धीरज धर्म ज्ञान विज्ञाना॥
सदाचार जप योग विरागा। सभय बिबेक कटक सब भागा

छं॰ भागे बिबेक सहाय सहित सो सुभट संयुग महि मुरे
सद ग्रंथ पर्वत कंदरन महं जाइ तेहि अवसर दुरे
होनि हार करतार को रखवार जग खरभर परा
दृढ़ माथ केहि रति नाथ जेहि कहं कोपि धनुसर कर धरा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ जे सजीव जग अचरचर नारि पुरुष अस नाम
ते निज निज मर्य्याद तजि भये सकल वस काम
सब के हृदय मदन अभिलाषा। लता निहारि नवहिं तरु शाखा
नदी उमगि अंबुधि कहं धाईं। संगम करहिं तलाव तलाईं
जहं अस दशा जड़न की बरणी। को कहि सके सचेतन करणी
पशु पक्षी नभ जल थल चारी। भये काम वस समय बिसारी
मदन अंध व्याकुल सब लोका। निशि दिन नहिं अवलोकहिं कोका
देव दनुज नर किन्नर व्याला॥। प्रेत पिशाच भूत बैताला
इन की दशा न कहेउ बरवानी। सदा काम के चेरे जानी॥
सिद्ध विरक्त महा मुनि योगी। तेपि काम वस भये वियोगी
छं॰ भये काम वस योगीश तापस पामरन की को कहै॥
देखहिं चराचर नारि मय जे ब्रह्म मय देखत रहे॥
अबला विलोकहिं पुरुष मय जग पुरुष सब अबला मयं
दृढ़ दंड भरि ब्रह्मांड भीतर काम कृत कौतुक अयं॥
सो॰ धरा न काहू धीर सब के मन मन सिज हरे
जेहि राखे रघुबीर ते उबरे तेहि काल महं
उभय घरी अस कौतुक भयऊ। जब लगि काम शंभु पहं गयऊ
शिवहिं विलोकि ससंकेउ मारू। भयउ यथा थित सब संसारू
भये तुरत जग जीव सुखारे॥। जिमि मद उतरि गये मतवारे
रुद्रहि देखि मदन भय माना। दुरा धर्ष दुर्गम भगवाना॥
फिरत लाज कछु कहि नहिं जाई। मरण ठानि मन रचेसि उपाई

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रगटिसि तुरत रुचिर ऋतु राजा। कुसुमित नव तरु राज विराजा
वन उपवन वापिका तड़ागा। परम सुभग सब दिशा विभागा
जहं तहं जनु उमगत अनुरागी। देखि मुएहु मन मनसिज जागी
छं॰ जागेउ मनोभव मुए मन बन सुभगता न परै कही ॥
शीतल सुगंध सुमंद मारुत मदन अनल सखा सही
बिकसे सरन्हि बहु कंज गुंजत पुंज मंजुल मधु करा ॥
कल हंस पिक शुक सरस रव करि गान नाचहिं अपसरा
दो॰ सकल कला करि कोटि बिधि हारेउ सेन समेत
चली न अचल समाधि शिव कोपेउ हृदय निकेत

टी॰ रा॰ बा॰ ६२

देखि रसाल बिटप बर साखा। तेहि पर चढ़ेउ मदन मन माखा
सुमन चाप निज सर संधाने। अति रिस ताकि श्रवन लगि ताने
छाड़े बिषम बिशिख उर लागे। छूटि समाधि शंभु तब जागे ॥
भयउ ईश मन छोभ बिशेषी। नयन उघारि सकल दिशि देखी
सौरभ पल्लव मदन बिलोका। भयउ कोप कंपेउ त्रैलोका ॥
तब शिव तीसर नयन उघारा। चितवत काम भयउ जरि छारा
हाहा कार भयउ जग भारी। डरपे सुर भये असुर सुखारी
समुझि काम सुख सोचहिं भोगी। भये अकंटक साधक योगी
छं॰ योगी अकंटक भये पति गति सुनति रति मूर्छित भई ॥
रोदति बदति बहु भांति करुणा करति शंकर पहं गई
अति प्रेम करि बिनती बिबिधि बिधि जोरि कर सन्मुख रही
प्रभु आशु तोष कृपाल शिव अबला निरखि बोले सही

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ अबतें रति तव नाथ कर होइहि नाम अनंग ॥
बिनु वपु व्यापिहि सबहिं पुनि सुन निज मिलन प्रसंग
जब यदुवंश कृष्ण अवतारा। होइहि हरण महा महि भारा
कृष्ण तनय होइहि पति तोरा। वचन अन्यथा होइ न मोरा
रति गवनी सुनि शंकर बानी। कथा अपर अब कहौं बखानी
देवन समाचार सब पाये ॥। ब्रह्मादिक बैकुंठ सिधाये ॥
सब सुर बिष्णु बिरंचि समेता। गये जहां शिव कृपा निकेता
पृथक् पृथक् तिन कीन्ह प्रशंसा। भये प्रसन्न चंद्र अवतंसा
बोले कृपा सिंधु वृष केतू। कहहु अमर आवेहु केहि हेतू
कह बिधि तुम प्रभु अंतर जामी। तदपि भक्ति वस बिनवउं स्वामी

दो॰ सकल सुरन के हृदय अस शंकर परम उछाह
निज नयननि देखा चहहिं नाथ तुम्हार बिवाह
यह उत्सव देखिय भरि लोचन। सो कछु करिय मदन मद मोचन
काम जारि रति कहं वर दीन्हा। कृपा सिंधु यह अति भल कीन्हा
सासति करि पुनि करहिं पसाऊ। नाथ प्रभुन कर सहज सुभाऊ
पारवती तप कीन्ह अपारा। करहु तासु अब अंगी कारा
सुनि बिधि बचन समुझि प्रभु बानी। ऐसेइ होउ कहा सुख मानी
तब देवन दुंदुभी बजाई ॥। बरषि सुमन जय जय सुरसाईं
अवसर जानि सप्त ऋषि आये। तुरतहिं बिधि गिरि भवन पठाये
प्रथम गये जहं रही भवानी। बोले बचन मधुर छल सानी

दो॰ कहा हमार न सुनेहु तब नारद कर उपदेश

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अबभा कूठ तुम्हार पण जारउ काम महेश
सुनि बोली मुसकाइ भवानी । उचित कहेहु मुनिवर विज्ञानी
तुम्हरे जान काम हर जारा । अब लगि शंभु रहे सबिकारा
हमरे जान सदा शिव योगी । अज अनवद्य अकाम अभोगी
जो मैं शिव सेयेउं अस जानी । प्रीति समेत कर्म मन बानी
तो हमार पण सुनहुं मुनीशा । करिहहिं सत्य कृपा निधि ईशा
तुम जो कहा हर जारउ मारा । सो अति बड़ अविवेक तुम्हारा
तात अनल कर सहज सुभाऊ । हिम तेहि निकट जाइ नहिं काऊ
गये समीप सो अवशि नसाई । अस मन मथ महेश की नाई

टी. गा. बा. ६४

दो. हिय हरषे मुनि बचन सुनि देखि प्रीति विश्वास
चले भवानिहिं नाइ सिर गये हिमाचल पास

सब प्रसंग गिरि पतिहिं सुनावा । मदन दहन सुनि अति दुख पावा
बहुरि कहेउ रतिकर वरदाना । सुनि हिमवंत बहुत सुख माना
हृदय विचारि शंभु प्रभुताई । सादर मुनिवर लिये बुलाई ॥
सुदिन सुनखत सुघरी सुहाई । बेगि बेद विधि लगन धराई
पत्री सप्त ऋषिन सोइ दीन्ही । गहि पद विनय हिमाचल कीन्ही
जाइ विधिहिं तिन दीन्ह सो पाती । बांचत प्रीति न हृदय समाती
लगन बांचि अज सबहिं सुनाई । हरषे मुनि सब सुर समुदाई
सुमन वृष्टि नभ बाजन बाजे । मंगल कलश दशहुं दिशि साजे

दो. लगे संवारन सकल सुर वाहन विविधि विमान
होहिं सगुन मंगल सुभग करहिं अपसरा गान।

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शिवहिं शंभु गण करहिं सिंगारा। जटा मुकुट अहि मौर संवारा
कुंडल कंकण पहिरे व्याला। तन विभूति पट केहरि छाला॥
ससि ललाट सुंदर सिर गंगा। नयन तीन उपवीत भुजंगा
गरल कंठ उर नर सिर माला। असिव भेष शिवधाम कृपाला
कर त्रिशूल अरु डमरु बिराजा। चले बसह चढ़ि बाजहिं बाजा
देखि शिवहिं सुर त्रियमुसुकाहीं। वर लायक दुलहिनि जग नाहीं
बिष्नु बिरंचि आदि सुर ब्राता। चढ़ि चढ़ि वाहन चले बराता
सुर समाज सब भांति अनूपा। नहिं बरात दूलह अनुरूपा

दो. बिष्नु कहा अस विहंसि तब बोलि सकल दिशराज
बिलग बिलग होइ चलहु सब निज निज सहित समाज

पर अनुहार बरात न भाई॥ हंसी करैहहु पर पुर जाई॥
बिष्नु बचन सुनि सुर मुसुकाने। निज निज सेन सहित बिलगाने
मनहीं मन महेश मुसुकाहीं। हरि के व्यंग बचन नहिं जाहीं
अति प्रिय बचन सुनत हरि केरे। भृंगी प्रेरि सकल गण टेरे
शिव अनुशासन सुनि सब आये। प्रभु पद जलज शीश तिन नाये
नाना बाहन नाना भेषा॥ विहंसे शिव समाज निज देखा
कोउ मुख हीन बिपुल मुख काहू। बिनु पद कर कोउ बहु पदबाहू
बिपुल नयन कोउ नयन बिहीना। रिष्ट पुष्ट कोउ अति तनु क्षीना

छं. तनु क्षीण कोउ अति पीन पावन कोउ अपावन तनुधरे
भूषण कराल कपाल कर सब सद्य शोणित तनु भरे
खर श्वान सुअर शृगाल मुख गण भेष अगणित को गने

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बहु जिनिस प्रेत पिशाच योगिनि भांति बरनत नहिं बने
सो॰ नाचहिं गावहिं गीत। परम तरंगी भूत सब ॥
देखत अति बिपरीत। बोलहिं बचन बिचित्र बिधि
जस दूलह तसबनी बराता ॥। कौतुक बिबिधि होहिं मग जाता
इहां हिमाचल रचेउ बिताना ॥ अति बिचित्र नहिं जाय बखाना
शैल सकल जहं लगि जग माहीं। लघु बिशाल नहिं बरन सिराहीं
बन सागर सब नदी तलावा। हिम गिरि सब कहं नेवत पठावा
काम रूप सुंदर तनु धारी ॥ । सहित समाज सहित बरनारी
गये सकल तु हिमाचल गेहा। गावहिं मंगल सहित सनेहा
प्रथमहिं गिरि बहु गृह संबराये। यथा योग जहं तहं सब छाये
पुर शोभा अवलोकि सुहाई। लागे लघु बिरंचि निपुणाई
कं॰ लघु लाग बिधि की निपुणता अवलोकि पुर शोभा सही
बन बाग कूप तड़ाग सरिता सुभग सब सक को कही
मंगल बिपुल तोरण पताका केतु गृह गृह सोहहीं।
बनिता पुरुष सुंदर चतुर छबि देखि मुनि मन मोहहीं
दो॰ जगदंबा जहं अवतरी सो पुर बरनि न जाइ
रिद्धि सिद्धि संपति सकल नित नूतन अधिकाइ
नगर निकट बरात जब आई। पुर चर भर शोभा अधिकाई
करि बनाव सजि बाहन नाना। चले लेन सादर अगवाना
हिय हरषे सुर सेन निहारी। हरिहि देखि अति भये सुखारी
शिव समाज जब देखन लागे। बिडरि चले बाहन सब भागे

टी॰ रा॰ बा॰ ६६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

धरि धीरज तहं रहे सयाने । बालक सब लै जीव पराने
गये भवन पूछहिं पितु माता । कहहिं बचन भय कंपित गाता
कहिय कहा कहि जाइ न बाता । यम कर धार किधौं बरियाता
बर बौराह बरद असवारा । ब्याल कपाल बिभूषण छारा
छं॰ तन छार ब्याल कपाल भूषण नगन जटिल भयंकरा
संग भूत प्रेत पिशाच योगिनि बिकट मुख रजनीचरा
सो जियत रहिहिं बरात देखत पुन्य बड़ तिन कर सही
देखहि सो उमा बिवाह घर घर बात असि लौकन कही
दो॰ समुझि महेश समाज सब जननि जनक मुसुकाहिं
बाल उलाये बिबिध बिधि निडर होहु डर नाहिं
ले अगवान बरातहि आये । दिये सबहि जनवास सुहाये
मैना सुभ आरती सँवारी । संग सुमंगल गावहिं नारी
कंचन थार सोह बर पानी । परिछन चली हरहिं हरषानी
बिकट भेष जब रुद्रहिं देखा । अबलन उर भय भयउ बिसेषा
भागि भवन पैठी अति त्रासा । गये महेश जहां जनवासा
मयना हृदय भयउ दुख भारी । लीन्ही बोलि गिरीशकुमारी
अधिक सनेह गोद बैठारी ॥ । श्याम सरोज नयन भरि बारी
जेहि बिधि तुम्हहिं रूप अस दीन्हा । तेहि जड़ बर बावर कस कीन्हा
छं॰ कस कीन्ह बर बौराह बिधि जेहि तुमहि सुंदरता दई
जो फल चहिय सुरतरुहिं सो बरबस बबूरहिं लागई
तुम्ह सहित गिरितें गिरौं पावक जरौं जल निधि महं परौं

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

घर जाउ अपयश होउ जग जीवत बिबाह नहौं करौं
दो॰ भई बिकल अबला सकल दुखित देखि गिरि नारि
करि बिलाप रोदति बदति सुता सनेह संभारि
नारद कर मैं कहा बिगारा। भवन मोर जिन बसत उजारा
अस उपदेश उमहिं जिन दीन्हा। बौरे बरहिं लागि तप कीन्हा
साचेउ उनके मोह न माया। उदासीन धन धाम न जाया
पर घर घालक लाज न भीरा। बांझ कि जान प्रसव की पीरा
जननिहिं बिकल बिलोकि भवानी। बोली युत बिबेक मृदु बानी
अस बिचारि सोचहु मति माता। सो न टरै जो रचै बिधाता॥
करम लिखा जो बाकर नाहू। तौ कत दोष लगाउब काहू॥
तुम्हरा मिटहिं कि बिधि के अंका। मातु व्यर्थ जनि लेहु कलंका
छं॰ जनि लेहु मातु कलंक करुणा परिहरहु अवसर नहीं॥
दुख सुख जो लिखा लिलार हमरे जाब जहं पाउब तहीं
सुनि उमा बचन बिनीत कोमल सकल अबला सोचहीं
बहु भांति बिधिहिं लगाइ दूषण नयन बारि बिमोचहीं
दो॰ तेहि अवसर नारद सहित अरुन ऋषि सप्त समेत
समाचार सुनि तुहिन गिरि गवने तुरत निकेत।
तब नारद सबही समुझावा। पूरब कथा प्रसंग सुनावा
मयना सत्य सुनहु मम बानी। जगदंबा तव सुता भवानी॥
अजा अनादि शक्ति अबिनाशिनि। सदा संभु अरधंग निवासिनि
जग संभव पालन लय कारिणि। निज इच्छा लीला वपु धारिणि

दो॰ रा॰ बा॰ ६८

CC-0. In Public Domain. Digitized By ... anta eGangotri Gyaan Kosha

जनमी प्रथम दक्ष गृह जाई। नाम सती सुंदर तनु पाई
तहउं सती संकरहिं बिबाही। कथा प्रसिद्ध सकल जग माही
एक बार आवत सिव संगा। देखेउ रघुकुल कमल पतंगा
भयउ मोह सिव कहा न कीन्हा। भ्रम बस बेष सीय कर लीन्हा
छं॰ सिय बेष सती जो कीन्ह तेहि अपराध संकर परिहरी
हर बिरह जाइ बहोरि पितु के जग्य जोगानल जरी॥
अब जनमि तुम्हरे भवन निज पति लागि दारुण तप किया
अस जानि संसय तजहु गिरिजा सर्बदा संकर प्रिया
दो॰ सुनि नारद के बचन तब सब कर मिटा बिषाद
छन महं ब्यापेउ सकल पुर घर घर यह संबाद

तब मयना हिमवंत अनंदे। पुनि पुनि पारबती पद बंदे
नारि पुरुष सिसु जुवा सयाने। नगर लोग सब अति हरषाने
लगे होन पुर मंगल गाना॥। सजे सबहिं हाटक घट नाना
भांति अनेक भई जेवनारा॥। सूप सास्त्र जस कछु ब्यवहारा
सो जेवनार कि जाइ बरबानी। बसहिं भवन जेहि मातु भवानी
सादर बोले सकल बराती। बिष्नु बिरंचि देव सब जाती
बिबिधि पांति बैठी जेवनारा। लगे परोसन निपुन सुआरा
नारिबृंद सुर जेवत जानी॥। लागीं देन गारि मृदु बानी
छं॰ गारी मधुर सुर देहिं सुंदरि बंग बचन सुनावहीं
भोजन करहिं सुर अति बिलंब बिनोद सुनि सचु पावहीं
जेवंत जो बढ्यो अनंद सो मुख कोटिहूं न परै कह्यो

दो॰ ए॰ बा॰ ६८

अंचवाइ दीन्हे पान गवने वास जहं जाको रह्यो ॥
दो. बहुरि मुनिन हिमवंत कहं लगन जनाई आइ
समय बिलोकि बिवाह कर पठये देव बुलाइ ॥
बोलि सकल सुर सादर लीन्हे। सबहिं यथोचित आसन दीन्हे
बेदी बेद बिधान संवारी ॥ सुभग सुमंगल गावहिं नारी
सिंहासन अति दिव्य सुहावा। जाइ न बरणि बिरंचि बनावा
बैठे सिव बिप्रन्ह सिर नाई। हृदय सुमिरि निज प्रभु रघुराई
बहुरि मुनीसन उमा बुलाई। करि सिंगार सखी लै आई
देखत रूप सकल सुर मोहे। बरने छबि अस जग कबि कोहे
जगदंबिका जानि भव भामा। सुरन मनहिं मन कीन्ह प्रणामा
सुंदरता मर्य्याद भवानी ॥ जाइ न कोटिहुं बदन बखानी
छं. कोटिहुं बदन नहिं बनै बरणत जग जनबि शोभा महा
सकुचहिं कहत श्रुति शेष सारद मंद मति तुलसी कहा
छबि खानि मातु भवानि गवनी मध्य मंडप शिव जहां
अवलोकि सकहिं न सकुचि पति पद कमल मन मधुकर तहां
दो. मुनि अनुसासन गणपतिहिं पूजे शंभु भवानि ।
कोउ मुनि संशय करै जनि सुर अनादि जियजानि
जस बिबाह की बिधि श्रुति गाई। महा मुनिन सो सब करवाई
गहि गिरीश कुश कन्या पानी। शिवहिं समर्पी जानि भवानी
पाणि गृहण जब कीन्ह महेशा। हिय हर्षे तब सकल सुरेशा
बेद मंत्र मुनि वर उच्चरहीं। जय जय जय शंकर सुर करहीं

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बाजहिं बाजन विविधि विधाना। सुमन वृष्टि नभभै विधि नाना
हरि गिरिजा कर भयउ विवाहू। सकल भुवन भरि रहा उछाहू
दासी दास तुरंग रथ नागा। धेनु बसन मणि वस्तु विभागा
अन्न कनक भाजन भरि जाना। दाइज दीन्ह न जाइ बखाना
छं· दाइज दियो बहु भांति पुनि कर जोरि हिम भूधर कह्यो
का देउं पूरण काम शंकर चरण पंकज गहि रह्यो
शिव कृपा सागर ससुर कर परितोष सब भांतिन कियो
पुनि गहेउ पद पाथोज मयना प्रेम परिपूरण हियो ॥
दो· नाथ उमा मम प्राण सम गृह किंकरी करेहु
क्षमेहु सकल अपराध अब होइ प्रसन्न बरदेहु
बहु बिधि शंभु सासु समुझाई। गवनी भवन चरण शिरनाई
जननी उमा बोलि तब लीन्ही। लै उछंग सुंदर सिख दीन्ही
करहु सदा शंकर पद पूजा। नारि धर्म पति देव न दूजा
बचन कहति भरि लोचन बारी। बहुरि लाइ उर लीन्ह कुमारी
कत बिधि सिरजि नारि जग माहीं। पराधीन सपनेहु सुख नाहीं
मै अति प्रेम विकल महतारी। धीरज कीन्ह कुसमय विचारी
पुनि पुनि मिलति परति गहि चरणा। परम प्रेम कछु जाइ न बरणा
सब नारिन मिलि भेटि भवानी। गइ जननि उर पुनि लपटानी
छं· जननिहिं बहुरि मिलि चली उचित असीस सबकाहूं दई
फिरि फिरि बिलोकति मातु तन तब सखी लै शिव पहं गई
याचक सकल संतोषि शंकर उमा सहित भवनहिं चले ॥

CC-0. In Public Domain D... By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सब अमर हरषे सुमन बरषि निसाननभ बाजहिं भले
दो॰ चले संग हिमवंत तब पहुंचावन अति हेतु ।
बिबिध भांति परितोष करि बिदा कीन्ह वृषकेतु
तुरत भवन आये गिरि राई। सकल शैल सर लिये बुलाई
आदर दान बिनय बहु माना। सब कर बिदा कीन्ह हिमवाना
जबहिं शंभु कैलाशहिं आये। सुर सब निज निज लोक सिधाये
जगत मातु पितु शंभु भवानी। तेहि शृंगार न कहौं बखानी
करहिं बिबिध बिधि भोग बिलासा। गणन समेत बसहिं कैलासा
हर गिरजा बिहार नित नयऊ। इहि बिधि बिपुल काल चलि गयऊ
तब जन्मे षटबदन कुमारा। तारक असुर समर जिन मारा
आगम निगम प्रसिद्ध पुराना। षट सुख जन्म कर्म जग जाना
छं॰ जग जान षट मुख जन्म कर्म प्रताप पुरुषारथ महा
तेहि हेतु मैं वृष केतु सुत कर चरित संक्षेपहि कहा
यह उमा शंभु बिबाह जे नर नारि कहहिं जे गावहीं
कल्याण काज बिवाह मंगल सर्बदा सुख पावहीं
दो॰ चरित सिंधु गिरिजा रमण बेद न पावहिं पार
बरणै तुलसी दास किमि अति मति मंद गंवार
शंभु चरित सुनि सरस सुहावा। भरद्वाज मुनि अति सुख पावा
बहु लालसा कथा पर बाढ़ी। नयन नीर रोमावलि ठाढ़ी
प्रेम बिवस मुख आवन बानी। दशा देखि हरषे मुनि ज्ञानी
अहो धन्य तब जन्म मुनीशा। तुमहिं प्राण सम प्रिय गौरीश

टी॰ रा॰ बा॰ ७२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शिव पद कमल जिनहिं रति नाहीं। रामहिं ते सपनेहुं न सुहाहीं
बिनु छल बिस्वनाथ पद नेहू। राम भक्त कर लक्षण येहू
शिव सम को रघुपति व्रतधारी। बिनु अघ तजी सती असनारी
पण करि रघुपति भक्ति दृढ़ाई। को शिव सम रामहिं प्रियभाई

दो॰ प्रथम कहे मैं शिव चरित। बूझा मरम तुम्हार
सुचि सेवक तुम राम के रहित समस्त विकार

मैं जाना तुम्हार गुण शीला। कहौं सुनहुं अब रघुपति लीला
सुनु मुनि आजु समागम तोरे। कहि न जाइ जस सुख मन मोरे
राम चरित अति अमित मुनीशा। कहि न सकहिं शत कोटि अहीशा
तदपि यथा श्रुति कहौं बखानी। सुमिरि गिरा पति शंभु धनुपानी
शारद दारु नारि सम स्वामी। राम सूत्र धर अंतर जामी॥
जेहि पर कृपा करहिं जन जानी। कबि उर अजिर नचावहिं बानी
प्रणऊं सोइ कृपालु रघुनाथा। बरणउं बिशद तासु गुण गाथा
परम रम्य गिरिबर कैलासू। सदा जहां शिव उमा निवासू

दो॰ सिद्ध तपोधन योगिजन सुर किन्नर मुनिबृंद॥
बसहिं तहां सुकृती सकल सेवहिं शिव सुखकंद

हरि हर बिमुख धर्म रत नाहीं। ते नर तहां न सपनेहुं जाहीं
तेहि गिरि पर बट बिटप बिशाला। नित नूतन सुंदर सब काला
त्रिविध समीर सुशीतल छाया। शिव बिश्राम बिटप श्रुति गाया
एकबार तेहि तर प्रभु गयेऊ। तरु बिलोकि उर अति सुख भयऊ
निज कर डासि नाग रिपु छाला। बैठे सहजहिं शंभु कृपाला।

सब अमर हरषे सुमन बरषि निसाननभ बाजहिं भले
दो॰ चले संग हिमवंत तब पहुंचावन अति हेतु ।
बिबिध भांति परितोष करि बिदा कीन्ह वृषकेतु
तुरत भवन आये गिरि राई। सकल शैल सर लिये बुलाई
आदर दान बिनय बहु माना। सब कर बिदाकीन्ह हिमवाना
जबहिं शंभु कैलाशहिं आये। सुर सब निज निज लोक सिधाये
जगत मातु पितु शंभु भवानी। तेहि शृंगार न कहौं बखानी
करहिं बिबिध बिधि भोग बिलासा। गणन समेत बसहिं कैलासा
हर गिरजा बिहार नित नयऊ। इहि बिधि बिपुल काल चलिगयऊ
तब जन्मे षटबदन कुमारा। तारक असुर समर जिन मारा
आगम निगम प्रसिद्ध पुराना। षट मुख जन्म कर्म जग जाना
टी॰ रा॰ बा॰ ७२
छं॰ जग जान षट मुख जन्म कर्म प्रताप पुरुषारथ महा
तेहि हेतु मैं वृष केतु सुत कर चरित संक्षेपहि कहा
यह उमा शंभु बिबाह जे नर नारि कहहिं जे गावहीं
कल्याण काज बिवाह मंगल सर्बदा सुख पावहीं
दो॰ चरित सिंधु गिरिजा रमण बेद न पावहिं पार
बरणै तुलसी दास किमि अति मति मंद गंवार
शंभु चरित सुनि सरस सुहावा। भरद्वाज मुनि अति सुख पावा
बहु लालसा कथा पर बाढ़ी। नयन नीर रोमावलि ठाढ़ी
प्रेम बिवस मुख आवन बानी। दशा देखि हरषे मुनि ज्ञानी
अहो धन्य तब जन्म मुनीशा। तुमहिं प्राण सम प्रिय गौरीश

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शिव पद कमल जिनहिं रति नाहीं। रामहिं ते सपनेहुं न सुहाहीं
बिनु छल बिस्वनाथ पद नेहू। राम भक्त कर लक्षण येहू
शिव सम को रघुपति व्रतधारी। बिनु अघ तजी सती असनारी
पण करि रघुपति भक्ति दृढ़ाई। को शिव सम रामहिं प्रियभाई

दो॰ प्रथम कहे मैं शिव चरित। बूझा मरम तुम्हार
सुचि सेवक तुम राम के रहित समस्त विकार

मैं जाना तुम्हार गुण शीला। कहीं सुनहुं अब रघुपति लीला
सुनु मुनि आजु समागम तोरे। कहि न जाइ जस सुख मन मोरे
राम चरित अति अमित मुनीशा। कहि न सकहिं शत कोटि अहीशा
तदपि यथा श्रुति कहीं बखानी। सुमिरि गिरा पति शंभु धनुपानी
शारद दारु नारि सम स्वामी। राम सूत्र धर अंतर जामी॥
जेहि पर कृपा करहिं जन जानी। कबि उर अजिर नचावहिं बानी
प्रणऊं सोइ कृपालु रघुनाथा। बरणउं बिशद तासु गुण गाथा
परम रम्य गिरिबर कैलासू। सदा जहां शिव उमा निवासू

दो॰ सिद्ध तपोधन योगिजन सुर किन्नर मुनिबृंद॥
बसहिं तहां सुकृती सकल सेवहिं शिव सुखकंद

हरि हर बिमुख धर्म रत नाहीं। ते नर तहां न सपनेहुं जाहीं
तेहि गिरि पर बट बिटप बिशाला। नित नूतन सुंदर सब काला
त्रिबिध समीर सुशीतल छाया। शिव बिश्राम बिटप श्रुति गाया
एकबार तेहि तर प्रभु गयेऊ। तरु बिलोकि उर अति सुख भयऊ
निज कर डासि नाग रिपु छाला। बैठे सहजहिं शंभु कृपाला।

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कुंद इंदु वर गौर शरीरा । भुज प्रलंब पर धन मुनि चीरा
तरुण अरुण अंबुज समचरणा । नख दुति भक्त हृदय तम हरणा
भुजग भूति भूषण त्रिपुरारी । आनन शरद चंद्र छबि हारी
दो॰ जटा मुकुट सुर सरित शिर लोचन नलिन विशाल
नीलकंठ लावन्य निधि सोह बाल बिधु भाल ॥
बैठे सोह काम रिपु कैसे । धरे शरीर शान्त रस जैसे ॥
पारबती भल अवसर जानी । गईं शंभु पहं मातु भवानी ॥
जानि प्रिया आदर अति कीन्हा । बाम भाग आसन हर दीन्हा
बैठी शिव समीप हरषाई । पूरब जन्म कथा चित आई ॥
पति हिय हेतु अधिक अनुमानी । बिहंसि उमा बोली प्रिय बानी
कथा जो सकल लोक हितकारी । सोइ पूछन चह शैल कुमारी
बिश्वनाथ मम नाथ पुरारी । त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी
चर अरु अचर नाग नर देवा । सकल करहिं पद पंकज सेवा
दो॰ प्रभु समर्थ सर्बज्ञ शिव । सकल कला गुण धाम
योग ज्ञान बैराग्य निधि प्रणत कल्प तरु नाम
जो मोपर प्रसन्न सुख रासी । जानिअ सत्य मोहि निज दासी
तौ प्रभु हरहु मोर अज्ञाना । कहि रघुनाथ कथा विधि नाना
जासु भवन सुर तरु तर होई । सहं कि दरिद्र जनित दुख सोई
शशि भूषण अस हृदय बिचारी । हरहु नाथ मम मति भ्रम भारी
प्रभु जे मुनि परमारथ बादी । कहहिं राम कहं ब्रह्म अनादी
शेष शारदा वेद पुराना । सकल करहिं रघुपति गुण गाना

तुम पुनि राम नाम दिन राती। सादर जपहु अनंग आराती
राम सो अवध नृपति सुत सोई। की अज अगुण अलख गति कोई
दो॰ जौ नृप तनय तो ब्रह्म किमि नारि बिरह मति भोरि
देखि चरित महिमा सुनत भ्रमति बुद्धि अति मोरि
जौ अनीह व्यापक बिभु कोऊ। कहहु बुझाइ नाथ मोहि सोऊ
अग्य जानि रिस उर जनि धरहू। जेहि बिधि मोह मिटै सोइ करहू
मैं बन दीख राम प्रभुताई। अति भय बिकल न तुमहि सुनाई
तदपि मलिन मन बोध न आवा। सो फल भली भांति मैं पावा
अजहूं कछु संशय मन मोरे। करहु कृपा बिनवऊं कर जोरे
प्रभु तब मोहि बहु भांति प्रबोधा। नाथ सो समुझि करहु जनि क्रोधा
तव कर अस विमोह मोहि नाहीं। राम कथा पर रुचि मन माहीं
कहहु पुनीत राम गुण गाथा। भुजग राज भूषण सुर नाथा
दो॰ बंदौ पद धरि धरणि सिर विनय करौं कर जोरि
बरणहु रघुवर विशद यश श्रुति सिद्धांत निचोरि
यद्यपि योषिता अग्य अधिकारी। दासी मन क्रम बचन तुम्हारी
गूढ़ो तत्व न साधु दुरावहिं। आरत अधिकारी जहं पावहिं
अति आरत पूछौं सुर राया। रघुपति कथा कहहु करि दाया
प्रथम सो कारण कहहु विचारी। निर्गुण ब्रह्म सगुण वपुधारी
पुनि प्रभु कहहु राम अवतारा। बाल चरित पुनि कहहु उदारा
कहहु यथा जानकी बिबाहा। राज तजा सो दूषण काहा
बन बसे कीन्हेउ चरित अपारा। कहहु नाथ जिमि रावण मारा

राम वैठि कीन्ही वह लीला। सकल कहहु शंकर सुख शीला

दो॰ वड़ेरि कहहु करुणायतन कीन्ह जो अचरज राम
प्रजा सहित रघुवंश मणि किमि गवने निज धाम

पुनि प्रभु कहहु सो तत्व बखानी। जेहि विज्ञान मगन मुनि ज्ञानी
भक्ति ज्ञान विज्ञान विरागा। पुनि सब बरणहु सहित विभागा
औरो राम रहस्य अनेका। कहहु नाथ अति विमल विवेका
जो प्रभु मैं पूछा नहिं होई। सोउ दयाल राखहु जनि गोई
तुम त्रिभुवन गुरु वेद बखाना। आन जीव पावर का जाना
प्रश्न उमा की सहज सुहाई। छल विहीन सुनि शिव मन भाई
हर हिय राम चरित सब आये। प्रेम पुलकि लोचन जल छाये
श्रीरघुनाथ रूप उर आवा। परमानंद अमित सुख पावा

दो॰ मगन ध्यान रस दंडयुग पुनि मन बाहिर कीन्ह
रघुपति चरित महेश तब हर्षित वरणे लीन्ह॥

झूठो सत्य जाहि बिनु जाने। जिमि भुजंग बिनु रजु पहिचाने
जेहि जाने जग जाइ हेराई। जागे यथा सपन भ्रम जाई
बंदौं बाल रूप सोइ रामू। सब विधि सुलभ जपत जसनामू
मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवो सो दशरथ अजिर विहारी
करि प्रणाम रामहिं त्रिपुरारी। हरषि सुधा सम गिरा उचारी
धन्य धन्य गिरिराज कुमारी। तुम समान नहिं कोउ उपकारी
पूछेहु रघुपति कथा प्रसंगा। सकल लोक जग पावनि गंगा
तुम रघुवीर चरण अनुरागी। कीन्हेहु प्रश्न जगत हित लागी

दो॰ राम कृपा तें पार्वती सपनेहु तव मन माहिं।
शोक मोह संदेह भ्रम मन विचार कछु नाहिं
तदपि अशंका कीन्हेहु सोई। कहत सुनत सबकर हित होई
जिन हरि कथा सुनी नहिं काना। श्रवण रंध्र अहिभवन समाना
नयनन संत दरस नहिं देखा। लोचन मोर पंख कर लेखा॥
ते सिर कटु तूमरि सम तूला। जे न नमत हरि गुरु पद मूला
जिन हरि भक्ति हृदय नहिं आनी। जीवत शव समान ते प्रानी
जे नहिं करहिं राम गुण गाना। जीह सु दादुर जीह समाना
कुलिश कठोर निदुर सोइ छाती। सुनि हरि चरित न जो हरषाती
गिरिजा सुनहु राम कर लीला। सुर हित दनुज विमोहन शीला

दो॰ राम कथा सुर धेनु सम सेवत सब सुखदान
संत सभा सुरलोक सम कोन सुने अस जान
रामकथा सुंदर करतारी॥ ॥ संशय विहंग उड़ावन हारी
राम कथा कलि विटप कुठारी। सादर सुन गिरिराज कुमारी
राम नाम गुण चरित सुहाये। जन्म कर्म अगणित श्रुति गाये
यथा अनंत राम भगवाना। तथा कथा कीरति गुण नाना
तदपि यथा श्रुति जस मति मोरी। कहि हौं देखि प्रीति अति तोरी
उमा प्रश्न तव सहज सुहाई। सुखद संत संमत मोहि भाई
एक बात नहिं मोहि सुहानी। यदपि मोह वस कहेउ भवानी
तुम जो कहा राम कोउ आना। जेहि श्रुति गाव धरहिं मुनिध्याना

दो॰ कहहिं सुनहिं अस अधम नर ग्रसे जो मोह पिशाच

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पाखंडी हरि पद विमुख जानहिं झूठ न सांच

अज्ञ अकोविद वोध अभागी। काई विषय मुकुर मन लागी
लंपट कपटी कुटिल विशेषी। सपनेहुं संत सभा नहिं देषी
कहहिं ते वेद असंमत वानी। जिनहिं न सूझ लाभ नहिं हानी
मुकुर मलिन अरु नयन विहीना। राम रूप देखहिं किमि दीना
जिनके अगुण न सगुण विवेका। जल्पहिं कल्पित वचन अनेका
हरि माया वस जगत भ्रमाहीं। तिनहिं कहत कछु अघटित नाहीं
वा तुल भूत विवस मतवारे। ते नहिं बोलहिं बचन संभारे
जिन कृत महा मोह मद पाना। तिन कर कहा करिय नहिं काना

सो॰ अस निज हृदय विचारि तज संशय भज राम पद
सुन गिरि राज कुमारि भ्रम तम रवि कर वचन मम

सगुणहिं अगुणहिं नहिं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुराण वुध वेदा
अगुण अरूप अलख अज सोई। भक्त प्रेम बस सगुण सो होई
जो गुण रहित सगुण सो कैसे। जल हिम उपल विलग नहिं जैसे
जासु नाम भ्रम तिमिर पतंगा। तिहिं किमि कहिय विमोह प्रसंगा
राम सच्चिदानंद दिनेशा। नहिं तहं मोह निशा लवलेशा
सहज प्रकाश रूप भगवाना। नहिं तहं पुनि विज्ञान विहाना
हरष विषाद ज्ञान अज्ञाना। जीव धर्म अहमिति अभिमाना
राम ब्रह्म व्यापक जग जाना। परमानंद परेश पुराना

दो॰ पुरुष प्रसिद्ध प्रकाश निधि प्रगट चराचर नाथ
रघुकुल मणि मम स्वामि सोइ कहि शिव नायउ माथ

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

निज भ्रम नहिं समुझहिं अज्ञानी। प्रभु पर मोह धरहिं जड़ प्रानी
यथा गगन घन पटल निहारी। झाँपो भानु कहहिं कुविचारी
चितवत लोचन अंगुलि लायें। प्रगट युगल शशि तेहिके भाये
उमा राम विषयक अस मोहा। नभ तम धूम धूरि जिमि सोहा
विषयक ण सुर जीव समेता। सकल एकतें एक सचेता
सबकर परम प्रकाशक जोई। राम अनादि अवध पति सोई
जगत प्रकाश्य प्रकाशक रामू। माया धीश ज्ञान गुण धामू
जासु सत्य तातें जड़ माया। भास सत्य इव मोह सहाया
दो॰ रजत सीप महं भास जिमि यथा भानु कर वारि
यद्यपि मृषा तिहुं काल सोइ भ्रम न सकै कोउ टारि
इहि विधि जग हरि आश्रित रहई। यदपि असत्य देत दुख अहई
जो सपने सिर काटै कोई। विनु जागे दुख दूरि न होई
जासु कृपा अस भ्रम मिटि जाई। गिरिजा सोइ कृपालु रघुराई
आदि अंत कोउ जासु न पावा। मति अनुमान निगम अस गावा
बिनु पद चलै सुनै बिनु काना। कर बिनु कर्म्म करै विधि नाना
आनन रहित सकल रस भोगी। बिनु बाणी बक्ता बड़ योगी
तनु बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहै घ्राण बिनु बास अशेषा
अस सब भांति अलौकिक करणी। महिमा जासु जाइ नहिं बरणी
दो॰ जेहि इमि गावहिं बेद बुध जाहि धरहिं मुनि ध्यान
सोइ दशरथ सुत भक्त हित कोशल पति भगवान
काशी मरत जन्तु अवलोकी। जासु नाम बल करौं बिशोकी

CC-0. In Public Domain.Digiti Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अपरमित बिस्तार के ढवल्ली में उपनिषद में जानव ११८ शिवजू के नाम म
हात्म इत्यादि कहवे तें दारुणा असंभावना दशरथात्मज ब्रह्म नहीं सो
जात रही अरु पार्वती जीकी सात्विक अवस्था को प्राप्त हो बोलत भई

सोइ प्रभु मोर चराचर स्वामी। रघुबर सब उर अंतर जामी ॥
बिबसहु जासु नाम नर कहहीं। जन्म अनेक संचित अघ दहहीं
सादर सुमिरण जो नर करहीं। भव बारिधि गो पद इव तरहीं
राम सो परमातमा भवानी। तहं भ्रम अति अविहित तव बानी
अस संशय आनत उर माहीं। ज्ञान बिराग सकल गुण जाहीं
सुनि शिव के भ्रम भंजन बचना। मिटि गइ सब कुतर्क की रचना
भइ रघुपति पद प्रीति प्रतीती। दारुण असंभावना बीती ॥

दो॰ पुनि पुनि प्रभु पद कमल गहि जोरि पंकरुह पानि
बोली गिरिजा बचन बर। मनहुं प्रेम रस सानि ॥

शशि कर सम सुनि गिरा तुम्हारी। मिटा मोह शरदा तप भारी
तुम कृपाल सब संशय हरेऊ। राम स्वरूप जानि मोहि परेऊ
नाथ कृपा अब गयेउ बिषादा। सुखी भइउं प्रभु चरण प्रसादा
अब मोहि आपनि किंकर जानी। यदपि सहज जड़ नारि अयानी
प्रथम जो मैं पूछा सोइ कहहू। जो मोपर प्रसन्न प्रभु अहहू
राम ब्रह्म चिन्मय अविनाशी। सर्ब रहित सब उर पुर वासी॥
नाथ धरेउ नर तनु केहि हेतू। मोहि समुझाइ कहहु वृष केतू
उमा बचन सुनि परम पुनीता। राम कथा पर प्रीति पुनीता ॥

११९ पं॰ १०। ८ चौ॰ २ सो॰ १ दो॰ शशि कर अरु हरि गुन नाम
अपार लौं॰ कुआर के घाम ऐसो मोह चंद्र किरन

टी॰ रा॰ बा॰ ८०

CC-0. In Public Domain Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो· हिय हर्षे कामारि तव शंकर सहज सुजान ॥
बहु बिधि उमहिं प्रशंसि पुनि बोले कृपा निधान
सो· सुन शुभ कथा भवानि राम चरित मानस बिमल
कहा भुशुंडि बखानि सुना विहंग नायक गरुड़
सोइ संबाद उदार जेहि बिधि भा आगे कहब ॥
सुनहु राम अवतार चरित परम सुंदर अनघ
हरि गुण नाम अपार कथा रूप अगणित अमित
मैं निज मति अनुसार कहौं उमा सादर सुनहु
सुन गिरिजा हरि चरित सुहाये। बिपुल बिशद निगमागम गाये
हरि अवतार हेतु जेहि होई। इद मिथ्या कहि जाइ न सोई
राम अतर्क बुद्धि मन वानी। मत हमार अस सुनहु भवानी
तदपि संत मुनि वेद पुराना। जस कछु कहहिं स्वमति अनुमाना
तस मैं सुमुखि सुनावउं तोही। समुझि परै जस कारण मोही
जब जब होइ धर्म की हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी
करहिं अनीत जाइ नहिं वरणी। सीदहिं विप्र धेनु सुर धरणी
तब तब प्रभु धरि बिबिध शरीरा। हरहिं कृपा निधि सज्जन पीरा
दो· असुर मारि थापहिं सुरन्हि राखहिं निज श्रुति सेतु
जग बिस्तारहिं बिशद यश राम जन्म कर हेतु
सोइ यश गाइ भक्त भव तरहीं। कृपा सिंधु जन हित तनु धरहीं
राम जन्म के हेतु अनेका। परम विचित्र एकतें एका
जन्म एक दुइ कहौं बखानी। सावधान सुनु सुमति भवानी

दी· रा· बा· ८१

द्वारपाल हरि के प्रिय दोऊ। जय अरु विजय जान सब कोऊ
विप्र श्राप तें दोनों भाई। तामस असुर देह तिन पाई।
कनक कशिपु अरु हाटक लोचन। जगत विदित सुरपति मद मोचन
विजयी समर बीर विख्याता। धरि वराह बपु एक निपाता।
होइ नर हरि पुनि दूसर मारा। जन प्रहलाद सुयश बिस्तारा
दो॰ भये निशाचर जाइ ते महावीर बल वान ॥
कुंभकर्ण रावण सुभट। सुर विजयी जग जान
सुक्र न भयेउ हते भगवाना। तीन जन्म द्विज बचन प्रमाना
एक बार तिन के हित लागी। धरेउ शरीर भक्त हित लागी॥
कश्यप अदिति तहां पितु माता। दशरथ कौशल्या विख्याता
एक कल्प इहि विधि अवतारा। चरित पवित्र किये संसारा
एक कल्प सुर देखि दुखारे। समर जलंधर सन सब हारे॥
शंभु कीन्ह संग्राम अपारा। दनुज महाबल मरै न मारा
परम सती असुराधिप नारी। तेहि बल ताहि न जीत पुरारी
दो॰ छल करि टारेउ तासु व्रत प्रभु सुर कारज कीन्ह
जब तेहि जानेउ मरम तब श्राप कोप करि दीन्ह
तासु श्राप हरि कीन्ह प्रमाना। कौतुकनिधि कृपाल भगवाना
तहां जलंधर रावण भयेऊ। रण हति राम परम पद दयेऊ
एक जन्म कर कारण एहा। जेहि लगि राम धरी नर देहा
प्रति अवतार कथा प्रभु केरी। सुनि सुनि बरणी कविन घनेरी
नारद श्राप दीन्ह इक बारा। कल्प एक तेहि लगि अवतारा

गिरिजा चकित भई सुनि बानी। नारद बिष्नु भक्त मुनि ज्ञानी
कारण कवन श्राप मुनि दीन्हा। का अपराध रमा पति कीन्हा
यह प्रसंग मोहि कहहु पुरारी। मुनि मन मोह सो अचरज भारी
दो॰ बोले बिहंसि महेश तब ज्ञानी मूढ़ न कोइ ॥
जेहि जस रघुपति करहिं जब सो तस तेहि छण होइ
सो॰ कहौं राम गुण गाथ। भरद्वाज सादर सुनहु ॥
भव भंजन रघुनाथ भज तुलसी तज मान मद
हिम गिरि गुहा एक अति पावनि। वह समीप सुर सरित सुहावनि
आश्रम परम पुनीत सुहावा। देखि देव ऋषि मन अति भावा
निरखि शैल गिरि विपिन विभागा। भयउ रमापति पद अनुरागा
सुमिरत हरिहिं श्राप गति बाधी। सहज बिमल मन लागि समाधी
मुनि गति देखि सुरेश डराना। कामहिं बोलि कीन्ह सनमाना
सहित सहाय जाहु मम हेतू। चलेउ हरषि हिय जलचर केतू
सुना सीर मन महं अति त्रासा। चहत देव ऋषि मम पुर बासा
जे कामी लोलुप जग माहीं। कुटिल काक इव सबहिं डेराहीं
दो॰ सूख हाड़ ले भाग शठ श्वान निरखि मृग राज ॥
छीनि लेइ जनि जान जड़ तिमि सुरपतिहि न लाज
तेहि आश्रमहिं मदन जब गयेऊ। निज माया बसंत निर्मयऊ
कुसुमित बिबिध बिटप बहु रंगा। कूजहिं कोकिल गुंजहिं भृंगा
चली सुहावनि त्रिविधि बयारी। काम कृशानु बढ़ावन हारी
रंभादिक सुर नारि नवीना। सकल असम शर कला प्रवीना

करहिं गान बहु तान तरंगा। बहु बिधि क्रीड़हिं पानि पतंगा
देखि सहाय मदन हरषाना। कीन्हेसि पुनि प्रपंच बिधि ताना
काम कला कछु मुनिहिन व्यापी। निज भय डरेउ मनोभव पापी
सीम कि चापि सकै कोउ तासू। बड रखवार रमापति जासू

दो॰ सहित सहाय सभीत अति मानि हारि मन मैन
गहेसि जाइ मुनि वर चरण कहि सुठि आरत वैन

भयउन नारद मन कछु रोषा। कहि प्रिय बचन काम परितोषा
नाइ चरण शिर आयसु पाई। गयेउ मदन तब सहित सहाई
मुनि सुशीलता आपनि करणी। सुरपति सभा जाइ सब बरणी
सुनि सब के मन अचरज आवा। मुनिहिं प्रशंसि हरिहिं शिर नावा
तब नारद गवने शिव पाहीं। जीति काम अहमिति मन माहीं
मारु चरित शंकरहिं सुनावा। अति प्रिय जानि महेश सिखावा
बार बार विनवउं मुनि तोही। जिमि यह कथा सुनायउ मोही
तिमि जनि हरिहि सुनावहु कबहूं। चलेहुं प्रसंग दुरायहु तबहूं

दो॰ शंभु दीन्ह उपदेश हित नहिं नारदहि सुहान
भरद्वाज कौतुक सुनहु हरि इच्छा बलवान॥

राम कीन्ह चाहैं सो होई। करै अन्यथा अस नहिं कोई
शंभु बचन मुनि मनहिं न भाये। तब बिरंचि के लोक सिधाये
एक बार करतल बर बीणा। गावत हरि गुण गान प्रवीणा
क्षीरसिंधु गवने मुनि नाथा। जहं बस श्री निवास श्रुति माथा
हरषि मिले उठि रमा निकेता। बैठे आसन ऋषिहि समेता

श्रेष्ठता अरु अवतार हेतु जनायो

टी॰ रा॰ बा॰ ८४

अरु विषम पद व्याख्या कोष अंग में जनाय १३८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बोले बिहसि चरा चर राया। बहुत दिनहिं कीन्ही तुम दाया
काम चरित नारद सब भाषे। यद्यपि प्रथम बरजि शिव राखे
अति प्रचंड रघुपति की माया। जेहि न मोह अस को जग जाया
दो॰ रूख बदन करि बचन मृदु बोले श्री भगवान ॥
तुम्हरे सुमिरण ते मिटहिं मोह मार मद मान
सुनु मुनि मोह होइ मन ताके। ज्ञान बिराग हृदय नहिं जाके
ब्रह्मचर्य्य ब्रत रत मति धीरा। तुमहिं कि करै मनोभव पीरा
नारद कहेउ सहित अभिमाना। कृपा तुम्हारि सकल भगवाना
करुणा निधि मन दीख बिचारी। उर अंकुरेउ गर्व तरु भारी
बेगि सो मैं डारिहौं उपारी ॥ प्रण हमार सेवक हितकारी
मुनि कर हित मम कौतुक होई। अवशि उपाय करब मैं सोई
तब नारद हरि पद शिर नाई। चले हृदय अहमिति अधिकाई
श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी
दो॰ बिरचेउ मग महं नगर तेहि शत योजन विस्तार
श्री निवास पुर ते अधिक रचना बिबिध प्रकार
बसहिं नगर सुंदर नर नारी। जनु बहु मनसिज रति तनु धारी
तेहि पुर बसै शील निधि राजा। अगणित हय गज सेन समाजा
शत सुरेश सम बिभव बिलासा। रूप तेज बल नीति निवासा
बिश्व मोहनी तासु कुमारी। श्री बिमोह जेहि रूप निहारी
सो हरि माया सब गुण खानी। शोभा तासु कि जाइ बखानी
करै स्वयंवर सो नृप बाला। आये तहं अगणित महिपाला

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मुनि कौतुकी नगर तेहि गयेऊ। पुरवासिन सब बूझत भयेऊ॥
सुनि सब चरित भूप गृह आये। करि पूजा नृप मुनि बैठाये॥
दो॰ आनि देखवाई नारदहिं। भूषति राज कुमारि
कहहु नाथ गुण दोष सब एहिकर हृदय बिचारि
देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥
लक्षण निज बिलोकि भुलाने। हृदय हर्ष नहिं प्रगट बखाने
जो एहि बरै अमर सो होई। समर भूमि तेहि जीत न कोई
सेवहिं सकल चराचर ताही। बरै शील निधि कन्या जाही
लक्षण सब बिचारि उर राखे। कछुक बनाइ भूप सन भाखे
सुता सुलक्षणि कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥
टी॰ रा॰ बा॰ ६६
करौं जाइ सोइ यतन बिचारी। जेहि प्रकार मोहि बरै कुमारी
जप तप कछु न होइ इहि काला। हे बिधि मिलै कवन बिधि बाला
दो॰ एहि अवसर चाहिय परम शोभा रूप बिशाल
जो बिलोकि रीझै कुंवरि तब मेलै जय माल
हरि सन मागौं सुंदरताई। होइहि जात गहरु अति भाई
मोरे हित हरि सम नहिं कोऊ। एहि अवसर सहाय सो होऊ
बहु बिधि बिनय कीन्ह तेहि काला। प्रगटेउ प्रभु कौतुकी कृपाला
प्रभु बिलोकि मुनि नयन जुड़ाने। होइहि काज हिये हरषाने
अति आरत कहि कथा सुनाई। करहु कृपा प्रभु होउ सहाई॥
आपन रूप देहु प्रभु मोही। आन भांति नहिं पावउं ओही
जेहि बिधि नाथ होहि हित मोरा। करो सो बेगि दास मैं तोरा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

निज माया बल देखि विशाला। हिय हंसि बोले दीन दयाला

दो॰ जेहि बिधि होइहि परम हित नारद सुनहु तुम्हार
सोइ हम करब न आन कछु बचन न मृषा हमार

कपथ मांगु रुच व्याकुल रोगी। वैद न देहि सुनहु मुनि जोगी
इहि बिधि हित तुम्हार मैं ठयऊ। कहि अस अंतर हित प्रभु भयऊ
माया बिबश भये मुनि मूढ़ा। समुझ नहीं हरि गिरा निगूढ़ा
गवने तुरत तहां रिषिराई। जहां स्वयंबर भूमि बनाई॥
निज निज आसन बैठे राजा। बहु बनाव करि सहित समाजा
मुनि मन हर्ष रूप अति मोरे। मोहि तजि आवरिहि नहिं भोरे
मुनि हित कारण कृपा निधाना। दीन्ह कुरूप न जाइ बखाना॥
सो चरित्र लखि काहुन पावा। नारद जानि सबहि सिर नावा

दो॰ रा॰ बा॰ ८७

दो॰ रहे तहां दुइ रुद्र गण ते जानहि सब भेउ॥
बिप्र भेष देखत फिरहिं परम कौतुकी तेउ

जेहि समाज बैठे मुनि जाई। हृदय रूप अहमिति अधिकाई
तहं बैठे महेश गण दोऊ। बिप्र भेष गति लखै न कोऊ
करहिं कूट नारदहिं सुनाई। नीक दीन्ह हरि सुंदर ताई॥
रीझहि राज कुंवरि छवि देखी। इनहिं बरहि हरि जानि बिसेषी
मुनिहि मोह मन हाथ पराये। हंसहिं शंभु गण अति सचुपाये
यदपि सुनहिं मुनि अटपटि बानी। समुझि न परै बुद्धि भ्रम सानी
काहु न लखा सो चरित बिशेषी। सो सरूप नृप कन्या देखी॥
मर्कट बदन भयंकर देही॥ ॥देखत हृदय क्रोध भा तेही॥

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ सखी संग लै कुंवरि तब चलि जनु राज मराल
देखति फिरै महीप सब कर सरोज जय माल
जेहि दिशि बैठे नारद फूली। सो दिशि तेइ न बिलोकी भूली
पुनि पुनि मुनिउ सकहिं अकुलाहीं। देखि दशा हरगण मुसुकाहीं
धरि नृप तन तहं गयउ कृपाला। कुंवरि हरषि मेली जय माला
दुलहिनि लै गो लच्छि निवासा। नृप समाज सब भयो निरासा
मुनि अति बिकल मोह मति नाठी। मणि गिरि गई छूटि जनु गांठी
तब हरगण बोले मुसुकाई। निज मुख मुकर बिलोकहु जाई
अस कहि दोउ भागे भय भारी। बदन दीख मुनि बारि निहारी
भेष बिलोकि क्रोध अति बाढ़ा। तिन्हहिं आप दीन्हा अति गाढ़ा

दो॰ होहु निशाचर जाइ तुम। कपटी पापी दोउ ॥ १ ॥
हंसेहु हमहिं सो लेहु फल बहुरि हंसेउ मुनि कोउ

पुनि जल दीख रूप निज पावा। तदपि हृदय संतोष न आवा
फरकत अधर कोप मन माहीं। सपदि चले कमला पति पाहीं
देहौं आप कि मरिहौं जाई। जगत मोर उपहास कराई ॥
बीचहिं पंथ मिले दनुजारी। संग रमा सोइ राजकुमारी ॥
बोले मधुर बचन सुरसाई। मुनि कहं चले बिकल की नाईं
सुनत बचन उपजा अति क्रोधा। माया बस न रहा मन बोधा ॥
पर संपदा सकहु नहिं देखी। तुमरे ईर्षा कपट विशेषी ॥
मथत सिंधु रुद्रहिं बौरायहु। सुरन प्रेरि बिष पान करायहु
दो॰ असुर सुरा बिष शंकरहिं आपु रमा मणि चारु

टी॰ रा॰ बा॰ ८८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

स्वारथ साधक कुटिल तुम सदा कपट व्यवहारु
परम स्वतंत्र न शिर पर कोई। भावै मनहिं करहु तुम सोई
भलेहिं मंद मंदहि भल करहू। बिसमय हरष न हिय कछु धरहू
डहकि डहकि परिके सब काहू। अति असंक मन सदा उछाहू
कर्म्म सुभा सुभ तुमहिं न बाधा। अब लगि तुमहि न काहू साधा
भले भवन अब बायन दीन्हा। पावहुगे फल आपन कीन्हा
बंचेहु मोहि जवन धरि देहा। सोइ तनु धरहु श्राप मम येहा
कपि आकृति तुम कीन्ह हमारी। करिहहिं कीस सहाय तुम्हारी
मम अपकार कीन्ह तुम भारी। नारि बिरह तुम होहु दुखारी

दो॰ आप शीश धरि हरषि हिय प्रभु बहु बिनती कीन्ह
निज माया की प्रबलता हरषि कृपानिधि लीन्ह

जब हरि माया दूरि निवारी। नहिं तहं रमा न राज कुमारी
तब मुनि अति सभीत हरि चरणा। गहे पाहि प्रणतारतिहरणा
मृषा होहु मम श्राप कृपाला। मम इच्छा कह दीन दयाला
मैं दुर्बचन कहेउं बहु तेरे। कह मुनि पाप मिटहिं किमि मेरे
जपहु जाइ शंकर शत नामा। होइहि हृदय तुरत बिश्रामा
कोउ नहिं शिव समान प्रियमोरे। अस प्रतीति त्यागेहु जनि भोरे
जेहि पर कृपा न करहिं पुरारी। सो न पाव मुनि भक्ति हमारी॥
अस उर धरि महि बिचरहु जाई। अब न तुमहिं माया नियराई

दो॰ बहु बिधि मुनिहिं प्रबोधि प्रभु तब भये अंतर्ध्यान
सत्यलोक नारद चले। करत राम गुण गान॥

दो॰ रा॰ बा॰ ८६

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

हरगण मुनिहिं जान पथ देखी। बिगत मोह मन हर्ष बिसेषी ॥
अति सभीत नारद पहँ आये। गहि पद आरत बचन सुनाये
हरगण हमन विप्र मुनि राया। बड़ अपराध कीन्ह फल पाया
आप अनुग्रह करइ कृपाला। बोले नारद दीन दयाला ॥ ॥
निशिचर जाय होइ तुम दोऊ। वेगि भद विपुल तेज बल होऊ ॥
भुज बल विश्व जितब तुम जहिआ। धरिहहिं बिष्नु मनुज तनु तहिआ
समर मरण हरि हाथ तुम्हारा। होइहइ मुक्ति न पनि संसारा ॥
चले युगल मुनि पद शिर नाई। भये निशाचर कालहिं पाई ॥

दो॰ एक कल्प इहि हेतु प्रभु लीन्ह मनुज अवतार
सुर रंजन सज्जन सुखद हरि भंजन भूभार ॥

इहि विधि जन्म करम हरि केरे। सुंदर सुखद बिचित्र घनेरे ॥
कल्प कल्प प्रति प्रभु अवतरहीं। चारु चरित नाना विध करहीं ॥
तब तब कथा मुनीशन गाई। परम विचित्र प्रबंध बनाई ॥
विविध प्रसंग अनूप बखाने। करहिं न सुनि आचर्य्य सयाने
हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहु विधि सुति संता
राम चंद्र के चरित सुहाये। कल्प कोटि लगि जाहिं न गाये
यह प्रसंग मैं कहा भवानी ॥ ॥ हरि माया मोहहिं मुनि ज्ञानी
प्रभु कौतुकी प्रणत हितकारी। सेवत सुलभ सकल दुख हारी

सो॰ सुर नर मुनि कोउ नाहिं जेहि न मोह माया प्रबल
अस विचारि मन माहिं भजिय महा मायापतिहिं

अपर हेतु सुनु शैल कुमारी ॥ कहौं विचित्र कथा विस्तारी ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जेहि कारण अज अगुण अरूप। ब्रह्म भयो कोशल पुर भूप॥
जो प्रभु विपिन फिरत तुम देखा। बंधु समेत किये मुनि वेषा॥
जासु चरित अवलोकि भवानी। सती शरीर रहेउ बौरानी॥
अजहुँ न छाया मिटत तुम्हारी। तासु चरित सुनु भृषु रुज हारी॥
लीला कीन्ह जो तिहि अवतारा। सो सब कहिहौं मति अनुसारा॥
भरद्वाज मुनि शंकर बानी॥ सकुचि सप्रेम उमा मुसकानी॥
लगे बहुरि बरनै वृष केतू॥ सो अवतार भयउ जेहि हेतू॥

दो॰ सो मैं तुम सन कहौं सब सुनु मुनीश मन लाइ
राम कथा कलि मल हरणि मंगल करणि सुहाइ

स्वायंभू मनु अरु शत रूपा। जिनते भै नर सृष्टि अनूपा॥
दंपति धर्म आचरण नीका। अजहुँ मान श्रुति जिनकी लीका॥
नृप उत्तान पाद सुत तासू॥ ध्रुव हरि भक्त भये सुत जासू॥
लघु सुत नाम प्रियव्रत ताही। वेद पुराण प्रशंसत जाही॥
देवहूती पुनि तासु कुमारी। जो मुनि कर्दम की प्रिय नारी॥
आदि देव प्रभु दीन दयाला। जठर धरेउ जेहि कपिल कृपाला॥
सांख्य शास्त्र जिन प्रगट बखाना। तत्व विचार निपुण भगवाना॥
तेहि मनुराज कीन्ह बहु काला। प्रभु आयसु बहु विधि प्रतिपाला॥

सो॰ होइ न बिषय विराग भवन बसत भा चौथ पन
हृदय बहुत दुख लाग। जन्म गयो हरि भक्ति बिन
बरबस राज सुतहिं तब दीन्हा। नारि समेत गवन बन कीन्हा

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बसहिं तहां मुनि सिद्ध समाजा। तहं हिय हरषि चले मनु राजा
पंथ जात सोहहिं मति धीरा। ज्ञान भक्ति जनु धरे शरीरा॥
पहुंचे जाइ धेनु मति तीरा। हरषि नहाने निर्म्मल नीरा
आये मिलन सिद्ध मुनि ज्ञानी। धर्म्म धुरंधर नृप ऋषि जानी
जहं जहं तीरथ रहे सुहाये। मुनिन सकल सादर कर वाये
कृश शरीर मुनि पट परिधाना। संत सभा निति सुनहिं पुराना

दो॰ द्वादश अक्षर मंत्र बर। जपहिं सहित अनुराग
वासुदेव पद पंकरुह। दंपति मन अति लाग

करहिं अहार शाक फलकंदा। सुमिरहिं ब्रह्म सच्चिदा नंदा
पुनि हरि हेतु करन तप लागे। बारि अहार मूल फल त्यागे
उर अभिलाष निरंतर होई। देखिय नयन परम प्रभु सोई
अगुण अखंड अनंत अनादी। जेहि चिंतहिं परमारथ वादी
नेति नेति जेहि बेद निरूपा। चिदानंद निरुपाधि अनूपा
शंभु बिरंचि बिष्णु भगवाना। उपजहिं जासु अंश तें नाना
ऐसे प्रभु सेवक बस अहहीं। भक्त हेतु लीला तनु गहहीं
जौ यह बचन सत्य श्रुति भाषा। तौ हमार पूजिहि अभिलाषा

दो॰ इहि बिधि बीते बर्ष षट सहस बारि आहार
सम्वत सप्त सहस्र पुनि रहे समीर अधार

बरष सहस दश त्यागेउ सोऊ। ठाढ़े रहे एक पद दोऊ
बिधि हरि हर तप देखि अपारा। मनु समीप आये बहु बारा
मांगहु बर बहु भांति लुभाये। परम धीर नहिं चलहिं चलाये

टी॰ रा॰ बा॰ ६२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अस्थि मात्र होय रहे शरीरा। तदपि मनाग मिनहिं मन पीरा
प्रभु सर्वज्ञ दास निज जानी। गति अनन्य तापस नृप रानी
मागु मागु बर भै नभ बानी। परम गंभीर कृपामृत सानी
मृतक जिआवनि गिरा सुहाई। श्रवण रंध्र होइ उर जब आई
हरष पुष्ट तन भयेउ सुहाये। मानहुं अवहिं भवन ते आये
दो॰ श्रवण सुधा सम वचन सुनि पुलक प्रफुल्लित गात
बोले मनु करि दंडवत। प्रेम न हृदय समात ॥
सुनु सेवक सुर तरु सुर धेनू। बिधि हरि हर बंदित पद रेनू
सेवक सुलभ सकल सुखदायक। प्रणत पाल सचराचर नायक
जौ अनाथ हित हम पर नेहू। तौ प्रसन्न होय यह बर देहू
जो सरूप बस शिव मन माहीं। जेहि कारण मुनि यतन कराहीं
जो भुशुंडि मन मानस हंसा। सगुण अगुण जेहि निगम प्रशंसा
देखहिं हम सो रूप भरि लोचन। कृपा करहु प्रणतारति मोचन
दंपति वचन परम प्रिय लागे। मृदुल विनीत प्रेम रस पागे
भक्त वछल प्रभु कृपा निधाना। विश्व वास प्रगटे भगवाना
दो॰ नील सरोरुह नील मणि नील नीर धर श्याम
लाजहिं तन शोभा निरखि कोटि कोटि शत काम
शरद मयंक वदन छवि सींवा। चारु कपोल चिबुक दर ग्रीवा
अधर अरुण रद सुंदर नासा। विधु कर निकर विनिंदक हासा
नव अंबुज अंबुक छवि नीकी। चितवन ललित भावती जीकी
भृकुटि मनोज चाप छवि हारी। तिलक ललाट पटल दुति कारी

दो॰ रा॰ बा॰ ६३

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कुंडल मकर मुकुट सिर भ्राजा। कुटिल केस जनु मधुप समाजा।
उर श्रीवत्स रुचिर बन माला। पदक हार भूषण मणि जाला॥
केहरि कंध बाहु जनेऊ॥ ॥ बाहु बिभूषण सुंदर तेऊ॥ ४॥
करि कर सरिस सुभग भुजदंडा। कटि निषंग कर सर कोदंडा
दो॰ तडित बिनिंदक पीत पट उदर रेख बर तीनि ॥ ॥
नाभि मनोहर लेति जनु जमुन भँवर छबि छीनि॥
पद राजीव बरनि नहिं जाहीं। मुनि मन मधुप बसहिं जेहिं माहीं
बाम भाग शोभित अनुकूला॥ आदि शक्ति छबि निधि जगमूला
जासु अंश उपजहिं गुण खानी। अगनित उमा रमा ब्रह्मानी॥
भृकुटि बिलास जासु जग होई। राम बाम दिशि सीता सोई॥
छबि समुद्र हरि रूप बिलोकी। इकटक रहे नयन पट रोकी॥
चितवहिं सादर रूप अनूपा॥ ॥ तृप्ति न मानहिं मनु शत रूपा
हर्ष बिवश तनु दशा भुलानी। परे दंड इव गहि पद पानी॥ ॥
सिर परसे प्रभु निज कर कंजा॥ तुरत उठाये करुणा पुंजा॥ ॥
दो॰ बोले कृपा निधान पुनि अति प्रसन्न मोहि जानि
मांगहु बर जोइ भावमन महादानि अनुमानि॥
सुनि प्रभु बचन जोरि जुगपाणी। धरि धीरज बोले मृदु बाणी
नाथ देखि पद कमल तुम्हारे। अब पूजे सब काम हमारे॥ ॥
एक लालसा बड़ि मन माहीं। सुगम अगम कहि जात सोनाहीं
तुमहिं देत अति सुगम गुसाईं। अगम लाग मोहि निज कृपिनाईं
यथा दरिद्र बिबुध तरु जाई॥ बहु संपति मांगत सकुचाई॥

दी॰ रा॰ बा॰ ६५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तासु प्रभाव न जानै सोई ॥ । यथा हृदय मम संशय होई ॥
सो तुम जानहु अन्तरयामी । पुरवहु मोर मनोरथ स्वामी ॥
सकुच विहाइ मांगु नृप मोही । मोर नहिं अदेय कछु तोही ॥
दो॰ दानि शिरोमणि कृपा निधि नाथ कहौं सतभाव
चाहौं तुमहिं समान सुत प्रभु मन कवन दुराव ॥
देखि प्रीति सुनि वचन अमोले । एवमस्तु करुणा निधि बोले ॥
आप सरिस खोजौं कहं जाई । नृप तव तनय होव मैं आई ॥
अति दुखहिं बिलोकि कर जोरे । देवि मांगु वर जो रुचि तोरे ॥
जो वर नाथ चतुर नृप मांगा । सोइ कृपाल मोहिं अति प्रिय लागा
प्रभु परंतु सुठि होति ढिठाई । यदपि भक्ति हित तुमहि सुहाई ॥
तुम ब्रह्मादि जनक जग स्वामी । ब्रह्म सकल उर अंतर यामी ॥
अस समुझत मन संशय होई । कहा जो प्रभु प्रमाना पनि सोई ॥
जे निज भक्त नाथ तव अहई । जो सुख पावहिं सो गति लहई ॥
दो॰ सोइ सुख सोइ गति सोइ भगति सोइ निज चरण सनेहु
सोइ विवेक सोइ रहनि प्रभु मोहि कृपा करि देहु ॥
सुनि मृदु गूढ रुचिर वर रचना । कृपासिंधु बोले मृदु वचना ॥
जो कछु रुचि तुम्हरे मन माहीं । मैं सो दीन्ह सब संशय नाहीं ॥
मातु विवेक अलौकिक तोरे । कबहुं न मिटिहि अनुग्रह मोरे ॥
बंदि चरण मनु कहेउ बहोरी । अवर एक विनती प्रभु मोरी ॥
सुत विषयक तव पद रति होऊ । मोहि बरु मूढ कहै किन कोऊ ॥
मणि बिनु फणि जिमि जल बिनु मीना । मम जीवन तिमि तुमहिं अधीना ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

असवर मांगि चरण गहि रहेऊ। एवमस्तु करुणानिधि कहेऊ
अब तुम्ह मम अनुशासन मानी। बसहु जाइ सुरपति रजधानी

सो॰ नहं करि भोग बिलास तात गये कछु काल पुनि
होइहहु अवध भुआल तबहैं होब तुम्हार सुत

इच्छा मय नर भेष सँवारे। होइहौं प्रगट निकेत तुम्हारे
अंशन सहित देह धरि ताता। करिहौं चरित भक्त सुख दाता
जे सुनि सादर नर बड़ भागी। भव तरिहैं ममता मद त्यागी
आदि शक्ति जेहि जग उपजाया। सोउ अवतरिहिं मोरि यह माया
पुरउब मैं अभिलाष तुम्हारा। सत्य सत्य पण सत्य हमारा
पुनि पुनि अस कहि कृपानिधाना। अंतर्धान भये भगवाना
दंपति उर धर भक्ति कृपाला। तेहि आश्रम निवसे कछु काला
समय पाइ तनु तजि अनुयासा। जाइ कीन्ह अमरावति वासा

दो॰ यह इतिहास पुनीत अति उमहि कहेउ वृषकेतु
भरद्वाज सुनु अपर पुनि राम जन्म कर हेतु॥

सुनु मुनि कथा पुनीत पुरानी। जो गिरिजा प्रति शंभु बखानी
विश्व विदित इक कैकय देशू। सत्य केतु तहं बसै नरेशू॥
धर्म्म धुरंधर नीति निधाना। तेज प्रताप शील बलवाना॥
तेहि के भये युगल सुत बीरा। सब गुण धाम महा रण धीरा
रजधानी जेठे सुत आही॥ नाम प्रताप भानु अस ताही
अपर सुतहिं अरिमर्दन नामा। भुज बल अतुल अचल संग्रामा
भाइहि भाइहि परम सभीती। सकल दोष छल बर्जित प्रीती

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जेठे सुतहिं राज नृप दीन्हा। हरि हित आपु गवनबन कीन्हा
दो॰ जग प्रताप रवि भयेउ नृप फिरी दोहाई देश
प्रजा पाल अति बेद बिधि कतहुं नहीं अघलेश
नृप हित कारक सचिव सुजाना। नाम धर्म्म रुचि सुक्र समाना
सचिव सयानबंधु बल वीरा। आपु प्रताप पुंज रण धीरा
सेन संग चतुरंग अपारा। अमित सुभट सब समरजुझारा
सेन विलोकि राउ हरषाना। अरु बाजे गह गहे निसाना
बिजय हेतु कटकाइ बनाई। सुदिन साधि नृप चलेउ बजाई
जहं तहं परी अनेक लराई। जीते सकल भूप बरिआई
सप्तदीप भुजबल बस कीन्हा। लै लै दंड छाड़ि नृप दीन्हा
सकल अवनि मंडल तेहि काला। एक प्रताप भानु महिपाला
दो॰ स्ववस बिस्व करि बाहु बल निज पुर कीन्ह प्रवेश
अर्थ धर्म्म कामादि सुख सेवहिं सबै नरेश
भूप प्रताप भानु बल पाई। कामधेनु भै भूमि सुहाई॥
सब दुख वर्जित प्रजा सुखारी। धर्म शील सुंदर नर नारी॥
सचिव धर्म रुचि हरि पद प्रीती। नृप हित हेतु सिखावत नीती
गुरु सुर संत पितर महि देवा। करैं सदा नृप सबकी सेवा
भूप धर्म जे बेद बखानैं। सकल करैं सादर सुख मानैं
दिन प्रति देइ बिबिधि बिधि दाना। सुनै शास्त्र वर बेद पुराना
नाना बापी कूप तड़ागा। सुमन वाटिका सुंदर बागा
बिप्र भवन सुर भवन सुहाये। सब तीरथन बिचित्र बनाये

दो॰ ए॰ बा॰ ६७

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ जहं लगि कहे पुराण श्रुति एक एक सब याग
बार सहस्र सहस्र नृप किये सहित अनुराग

हृदय न कछु फल अनु संधाना। भूप बिबेकी परम सुजाना
करै जो धर्म कर्म मन बानी। बासुदेव अर्पित नृप ज्ञानी
चढ़ि बर बाजि बार इक राजा। मृगया कर सब साजि समाजा
बिंध्याचल गंभीर बन गयऊ। मृग पुनीत बहु मारत भयऊ
फिरत बिपिन नृप दीख बराहू। जनु बन दुरेउ ससिहिं ग्रस राहू
बड़ बिधु नहिं समात मुख माहीं। मनहुं क्रोध कर उगलित नाहीं
कोल कराल दसन छबि गाई। तनु बिसाल पीवर अधिकाई
घुरु घुरात हय आरव पाये। चकित बिलोकत कान उठाये

दो॰ नील महीधर सिखर सम देखि बिसाल बराह
चपरि चलेउ हय सुटुकि नृप हांकि न होइ निबाह

आवत देखि अधिक रव बाजी। चला बराह मरुत गति भाजी
तुरत कीन्ह नृप सर संधाना। महि मिलि गयउ बिलोकत बाना
तकि तकि तीर महीस चलावा। करि छल सुअर सरीर बचावा
प्रगटत दुरत जाहु मृग भागा। रिसि बस भूप चलेउ संग लागा
गयउ दूरि घन गहन बराहू। जहं नाहीं गज बाजि निबाहू
अति अकेल बन बिपुल कलेसू। तदपि न मृग मग तजै नरेसू
कोल बिलोकि भूप बड़ धीरा। भागि पैठ गिरि गुहा गंभीरा
अगम देखि नृप अति पछिताई। फिरेउ महाबन परेउ भुलाई

दो॰ खेद खिन्न छुधित तृषित राजा बाजि समेत

बी॰ ए॰ बा॰ ६८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

खोजत व्याकुल सरित सर जल बिनु भये अचेत
फिरत बिपिन आश्रम इक देखा। तहं बस नृपति कपट मुनि भेषा
जासु देश नृप लीन्ह छुड़ाई। समर सेन तजि गयउ पराई॥
समय प्रताप भानु कर जानी। आपन अति असमय अनुमानी
गयेउ न गृह मन बहुत गलानी। मिला न राजहिं नृप अभिमानी
रिपि उर मारि रंक जिमि राजा। बिपिन बसै तापस के साजा
तासु समीप गवन नृप कीन्हा। यह प्रताप रवि तेइ तब चीन्हा
राउ तृषित नहिं सो पहिचाना। देखि सुभेष महामुनि जाना
उतरि तुरग तें कीन्ह प्रणामा। परम चतुर न कहेउ निज नामा

दो॰ भूपति तृषित बिलोकि तेइ सरवर दीन्ह देखाइ
मज्जन पान समेत हय कीन्ह नृपति हरषाइ॥

दो॰ बा॰ ६६

गो श्रम सकल सुखी नृप भयऊ। निज आश्रम तापस लै गयऊ
आसन दीन्ह अस्त रबि जानी। पुनि तापस बोला मृदु बानी
को तुम कस बन फिरहु अकेले। सुंदर जुवा जीव परहेले॥
चक्रवर्ति के लच्छन तोरे॥ देखत दया लागि अति मोरे
नाम प्रताप भानु अवनीशा। तासु सचिव मैं सुनहु मुनीशा
फिरत अहेरहिं परेउं भुलाई। बड़े भाग्य देखेउं पद आई
हम कहं दुर्लभ दरस तुम्हारा। जानत हौं कछु भल होनिहारा
कह मुनि तात भयेउ अंधियारा। योजन सत्तर नगर तुम्हारा

दो॰ निसा घोर गंभीर बन पंथ न सुरु सुजान॥
बसहु आजु अस जानि तुम जायेहु होत बिहान

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तुलसी जस भवितव्यता तैसे मिलै सहाय
आपुन आवे ताहि पै कि ताहि तहां लै जाय

भलेहि नाथ आयसु धरि शीशा। बांधि तुरग तरु बैठ महीशा
नृप बहु भांति प्रशंसेउ ताही। चरण बंदि निज भाग्य सराही
पुनि बोलेउ मृदु गिरा सुहाई। जानि पिता प्रभु करौं ढिठाई
मोहि मुनीश सुत सेवक जानी। नाथ नाम निज कहहु बखानी
तेहि न जान नृप नृपहिं सो जाना। भूप सुहृदय सो कपट सयाना
बैरी पुनि क्षत्री पुनि राजा। छल बल कीन्ह चहै निज काजा
समुझि राज सुख दुखित अराती। अवा अनल इव सुलगै छाती
सरल बचन नृप के सुनि काना। बयर संभारि हृदय हरषाना

दो. कपट बोरि बानी मृदुल बोलेउ युक्ति समेत
नाम हमार भिखारि अब निरधन रहित निकेत

कह नृप जे बिज्ञान निधाना। तुम सारिखे गलित अभिमाना
सदा रहहिं अपने पौ दुराये। सब बिधि कुशल कुभेष बनाये
तेहिते कहहिं संत श्रुति टेरे। परम अकिंचन प्रिय हरि केरे
तुम सम अधम भिखारि अगेहा। होत बिरंचि शिवहिं संदेहा
जोसि सोसि तव चरण नमामी। मो पर कृपा करिय अब स्वामी
सहज प्रीति भूपति की देखी। आप बिषै बिश्वास बिशेषी
सब प्रकार राजहिं अपनाई। बोलेउ अधिक सनेह जनाई
सुन सति भाव कहौं महिपाला। इहां बसत बीते बहु काला

दो. अपलोगी मोहि न मिलेउ कोउ मैं न जनायेउं काहु

टी. ए. बा. २०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लोक मान्यता अनल सम करतप कानन दाहु
सो॰ तुलसी देख सु बेष । भूलें मूढ न चतुर नर
सुंदर केकी पेखि । बचन सुधा सम असन अहि
तातें गुप्त रहौं जग माहीं । हरि तजि किमपि प्रयोजन नाहीं
प्रभु जानत सब बिनहिं जनाये । कहहु कवन सिधि लोक रिझाये
तुम सुचि सुमति परम प्रिय मोरे । प्रीति प्रतीति मोहिं पर तोरे
अब जो तात दुरावौं तोही । दारुण दोष बंदु अति मोही
जिमि जिमि तापस कथै उदासा । तिमि तिमि नृपै होइ बिस्वासा
देखा स्वबस कर्म मन बानी । तब बोला तापस बक ध्यानी
नाम हमार एक तनु भाई । सुनि नृप बोलेउ पुनि सिरनाई
कहहु नाम कर अरथ बखानी । मोहि सेवक अति आपन जानी
दो॰ आदि सृष्टि उपजी जबै । तब उतपति भइ मोरि
नाम एक तनु हेतु तेहि देह न धरी बहोरि ॥
जनि आचरज करहु मन माहीं । सुत तपतें दुर्लभ कछु नाहीं
तप बल तें जग सृजै बिधाता । तपबल बिष्नु भये परित्राता
तपबल संभु करहिं संहारा । तपतें अगम न कछु संसारा
भयउ नृपहि सुनि अति अनुरागा । कथा पुरातन कहै सो लागा
कर्म धर्म इतिहास अनेका । करै निरूपण बिरति बिबेका
उदभव पालन प्रलय कहानी । कहेसि अमित आचरज बखानी
सुनि महीस तापस बस भयऊ । आपन नाम कहन तब लयऊ
कह तापस नृप जानौं तोही । कीन्हेउ कपट लाग भल मोही

टी॰ ए॰ बा॰ २०१

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सो॰ सुनि महीश अस नीति जहं तहं नाम न कहहिं नृप
मोहि तोहि पर अति प्रीति परम चतुरता निरखि तव
नाम तुम्हार प्रताप दिनेश। सत्यकेतु तव पिता नरेश।
गुरु प्रसाद सब जानिय राजा। कहिय न आपनि जानि अकाजा
देखि तात तव सहज सुधाई। प्रीति प्रतीति नीति निपुणाई
उपजि परी ममता मन मोरे। कहेउ कथा निज पूछेउ तोरे॥
अब प्रसन्न मैं संशय नाहीं। मांगु जो भूप भाव मन माहीं
सुनि मुद बचन भूपति हरषाना। गहि पद बिनय कीन्ह बिधि नाना
कृपासिंधु मुनि दरशन तोरे। चारि पदारथ करतल मोरे
प्रभु हित थापि प्रसन्न बिलोकी। मांगि अगम बर होउं असोकी

दो॰ जरा मरण दुख रहित तन समर न जीते कोउ
एक छत्र रिपु हीन महि राज कल्प शत होउ।

कह नापस नृप ऐसइ होऊ। कारण एक कठिन सुनु सोऊ
कालउ तव पद नाइहि शीशा। एक बिप्र कुल छाड़ि महीशा
तप बल बिप्र सदा बरियारा। तिनके कोप न कोउ रखवारा
जो बिप्रन बस करहु नरेशा। तो तव बस बिधि बिष्णु महेशा
चलन ब्रह्म कुल की बरिआई। सत्य कहौं दोउ भुजा उठाई
बिप्र श्राप बिनु सुनु महिपाला। तोर नाश नहिं कवनेहुं काला
हरषेउ राउ बचन सुनि तासू। नाथ न होइ मोर अब नासू
तव प्रसाद प्रभु कृपा निधाना। मोकहं सर्वकाल कल्याना

दो॰ एवमस्तु कहि कपट मुनि बोला कुटिल बहोरि

दी॰ रा॰ बा॰ १०२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मिलब हमार भुलाव जनि कहहु तो मोरि नरबोरि
तातें मैं तोहि बरजौं राजा। कहे कथा तब परम अकाजा
छठे श्रवण यह परत कहानी। नाश तुम्हार सत्य मम बानी
यह प्रगटे अथवा द्विज श्रापा। नाश तोर सुनु भानु प्रतापा
आन उपाय निधन तव नाहीं। जौ हरि हर कोपहिं मन माहीं
सत्य नाथ पद गहि नृप भाषा। द्विज गुरु कोप कहहु को राषा
राँपे गुरु जो कोप विधाता। गुरु बिरोध नहिं कोउ जग त्राता
जौं न चलब हम कहे तुम्हारे। होइ नाश नहिं शोच हमारे
एकहि डरडरपत मन मोरा। प्रभु महि देव श्राप अति भोरा

दो॰ होंहिं बिप्र बस कवन बिधि कहहु कृपा करि सोउ
तुम तजि दीनदयाल निज हितू न देखौं कोउ

सुन नृप बिबिध यतन जग माहीं। कष्ट साध्य पुनि होहिं कि नाहीं
अहै एक अति सुगम उपाई। तहां परंतु एक कठिनाई ॥
मम आधीन युक्ति नृप सोई। मोर जाब तव नगर न होई॥
आजु लगे अरु जबतें भयऊं। काहू के गृह ग्राम न गयऊं
जो न जाब तव होइ अकाजू॥ बना आइ असमंजस आजू
सुनि महीप बोले मृदु बानी। नाथ निगम असनीति बखानी
बड़े सनेह लघुन पर करहीं। गिरि निज शिरन सदा तृणधरहीं
जल अगाधि मौलि वह फेनू। संतत धरणि धरत शिर रेनू

दो॰ असकहि गहे नरेश पद स्वामी होहु कृपालु
जासु त्रास डर कहं डर होई। भजन प्रभाव देखावत सोई॥
कहि बातैं मृदु मधुर सुहाई। किये बिदा बालक बरिआई

दो॰ सभय सप्रेम विनीत अति सकुचि सहित दोउ भाइ
गुरु पद पंकज नाइ शिर। बैठे आयसु पाइ ॥

निशि प्रवेश मुनि आयसु दीन्हा। सबही संध्या बंदन कीन्हा
कहत कथा इतिहास पुरानी। रुचि रजनी युग याम सिरानी
मुनिबर शयन कीन्ह तब जाई। लगे चरण चापन दोउ भाई
जिनके चरण सरोरुह लागी। करत विबिध जप योग बिरागी
ते दोउ बंधु प्रेम बस जीते। गुरु पद कमल पलोटत प्रीते
बार बार मुनि आज्ञा दीन्ही। रघुबर जाइ शयन तब कीन्ही
चापत चरण लषण उर लाये। समय सप्रेम परम सुख पाये
पुनि पुनि प्रभु कह सोवहु ताता। पौढ़े धरि उर पद जल जाता

दो॰ उठे लषण निश विगत सुनि अरुण शिखा धुनि कान
गुरु ते पहिले जगत पति जागे राम सुजान ॥

सकल शौच करि जाइ नहाये। नित्य निवाहि गुरुहि शिर नाये

पं॰ ११ चौ॰ १२९ छं॰ १ सो॰ १ दो॰ १३ निशि प्रवेश मुनि अरु सतानंद पद बंदि २२९ लौं मुर्गा बोलत प्रात जानि लषण युत श्रीरघुनाथ मुनि पद बंद फूल है त गये राजा बाग

टी॰ रा॰ बा॰ २५५

गीरिजा बंदन हेतु जानकी जी की परस्पर अवलोकन अरु स्वाभाविक प्रीति अरु गिरिजा माहात्म्य वरदान बरनन पुनः गुरु समीप गवन अरु सतानंद जनक आदि आगमन कह्यौ १३९

समय जानि गुरु आयसु पाई। लेन प्रसून चले दोउ भाई
भूप बाग बर देखेउ जाई । जहं बसन्त ऋतु रहे लुभाई
लागे बिटप मनोहर नाना । बरण बरण बर बेलि बिताना
नव पल्लव फल सुमन सुहाये। निज संपति सुर तरुहि लजाये
चातक कोकिल कीर चकोरा। कूजत बिहंग नटत कल मोरा
मध्य बाग सर सोह सुहावा। मणि सो पान बिचित्र बनावा
बिमल सलिल सरसिज बहुरंगा। जल खग कूजत गुंजत भृंगा
दो· बाग तड़ाग बिलोकि प्रभु हर्षे बंधु समेत
परम रम्य आराम यह जो रामहि सुखदेत
चहं दिशि चितै पूछि मालीगन। लगे लेन दल फूल मुदित मन
तेहि अवसर सीता तहं आई। गिरिजा पूजन जननि पठाई
संग सखी सब सुभग सयानी। गावहिं गीत मनोहर बानी
सर समीप गिरिजा गृह सोहा। बरणि न जाइ देखि मन मोहा
मज्जन करि सर सखी समेता। गई मुदित मन गौरि निकेता
पूजा कीन्ह अधिक अनुरागा । निज अनुरूप सुभग वर मांगा
एक सखी सिय संग बिहाई । गई रही देखन फुलवाई ॥
तेहि दोउ बंधु बिलोकेउ जाई । प्रेम बिवस सीता पहं आई
दो· तासु दशा देखी सखिन पुलक गात जल नयन
कहु कारण निज हरषकर पूछहिं सब मृदु वयन
देखन बाग कुंवर दोउ आये। वय किशोर सब भांति सुहाये
श्याम गौर किमि कहौं बखानी। गिरा अनयन नयन बिनु बानी

टी· रा· बा· २५६

सुनि हरषीं सब सखी सयानी। सिय हिय अति उत्कंठा जानी
एक कहहिं भूप सुत तेते आली। सुने जे मुनि संग आये काली
जिन निज रूप मोहनी डारी। कीन्हे स्वबस नगर नर नारी
बरणत छबि जहं तहं सब लोगू। अवशि देखिये देखन जोगू
तासु बचन अति सियहि सुहाने। दरस लागि लोचन अकुलाने
चली अग्र करि प्रिय सखि सोई। प्रीति पुरातन लखै न कोई
दो॰ सुमिरि सीय नारद बचन उपजी प्रीति पुनीत ॥
चकित बिलोकति सकल दिशि जनु शिशु मृगी सभीत
कंकण किंकिणि नूपुर धुनि सुनि। कहत लषण सन रामहृदय गुनि
मानहु मदन दुन्दुभी दीन्ही। मनसा विश्व विजय कहं कीन्ही
अस कहि फिरि चितये तेहि ओरा। सिय मुख शशि भये नयन चकोरा
भये बिलोचन चारु अचंचल। मनहुं सकुचि निमि तजेउ दृगंचल
देखि सीय शोभा सुख पावा। हृदय सराहत बचन न आवा
जनु बिरंचि सब निज निपुणाई। बिरचि बिश्व कहं प्रगट दिखाई
सुंदरता कहं सुंदर करई। छबि गृह दीप शिखा जनु बरई
सब उपमा कबि रहे जुठारी। केहि पटतरिय बिदेह कुमारी
दो॰ सिय शोभा हिय बरणि प्रभु आपनि दशा बिचारि
बोले शुचि मन अनुज सन बचन समय अनुहारि
तात जनक तनया यह सोई। धनुष यज्ञ जेहि कारण होई
पूजन गौरि सखी लै आई ॥। करति प्रकाश फिरति फुलवाई
जासु बिलोकि अलौकिक शोभा। सहज पुनीत मोर मन छोभा

टी॰ रा॰ बा॰ १५८

सो सब कारण जानि बिधाता। फरकहिं सुभग अंग सुनु भ्राता
रघुवंशिन कर सहज सुभाऊ। मन कुपंथ पग धरें न काऊ
मोहि अति शय प्रतीति जिय केरी। जेहि सपनेहु परनारि न हेरी
जिन के लहहिं न रिपु रण पीठी। नहिं लावहिं पर तिय मन डीठी
मंगन लहहिं न जिनके नाहीं। ते नरबर थोरे जग माहीं ॥
दो॰ करत बतकही अनुज सन मन सिय रूप लुभान
मुख सरोज मकरंद छबि करत मधुप इव पान
चितवति चकित चहूं दिशि सीता। कहं गये नृप किशोर मन चीता
जहं बिलोकि मृग शावक नयनी। जनु तहं बरष कमल सित अयनी
लता ओट तब सखिन लखाये। श्यामल गौर किशोर सुहाये
देखि रूप लोचन ललचाने। हर्षे जनु निज निधि पहिचाने
थके नयन रघुपति छबि देखी। पलकनहूं परि हरी निमेषी।
अधिक सनेह देह भइ भोरी। शरद शशिहि जनु चितव चकोरी
लोचन मग रामहि उर आनी। दीन्हे पलक कपाट सयानी
जब सियसखिन प्रेम बस जानी। कहिन सकहिं कछु मन सकुचानी
दो॰ लता भवन ते प्रगट भे तेहि अवसर दोउ भाइ ॥
निकसे जनु युग विमल विधु जलद पटल बिलगाइ

दो॰ रा॰ बा॰ ३५८

शोभा सींव सुभग दोउ बीरा। नील पीत जल जात शरीरा ॥
काकपक्ष शिर सोहत नीके। गुच्छे बिच बिच कुसुम कलीके
भाल तिलक श्रम बिंदु सुहाये। श्रवण सुभग भूषण छबि छाये
बिकट भ्रकुटि कच घूंघर बारे। नव सरोज लोचन रतनारे ॥

चारु चिबुक नासिका कपोला। हास विलास लेत जनु मोला
मुख छवि कहि न जाइ मोहि पाहीं। जो विलोकि बहु काम लजाहीं
उर मणि माल कंबु कल ग्रीवा। काम कलभ कर भुज बल सींवा
सुमन समेत बाम कर दोना। सांवर कुंवर सखी सुठि लोना
दो॰ केहरि कटि पट पीत धर सुखमा शील निधान
देखि भानुकुल दूषणहिं बिसरा सखिन अपान
धरि धीरज इक सखी सयानी। सीता सन बोली गहि पानी
बहुरि गौरि कर ध्यान करेहू। भूप किशोर देखि किन लेहू
सकुचि सीय तब नयन उघारे। सन्मुख दोउ रघुबंश निहारे
नख शिख देखि रामकी शोभा। सुमिरि पिता प्रण मन अतिक्षोभा
परवस सखिन लखी जब सीता। भये गहरु सब कहहिं सभीता
पुनि आउब इहि बिरिया काली। अस कहि मन बिहंसी इक आली
गूढ़ गिरा सुनि सिय सकुचानी। भये बिलंब मातु भय मानी
धरि बड़ धीर राम उर आनी। फिरि आपन प्रण पितु बस जानी
दो॰ देखन मिसु मृग बिहग तरु फिरे बहोरि बहोरि
निरखि निरखि रघुबीर छबि बाढ़ी प्रीति न थोरि
जानि कठिन शिव चाप बिसूरति। चली राखि उर श्यामल मूरति
प्रभु जब जात जानकी जानी। सुख सनेह शोभा गुण खानी
परम प्रेम मय मृदु मसि कीन्ही। चारु चित्र भीतर लिखि लीन्ही
गई भवानी भवन बहोरी। बंदि चरण बोली कर जोरी
जय जय जय गिरिराज किशोरी। जय महेश मुख चंद्र चकोरी

दी॰ ए॰ बा॰ १६०

जय गज वदन खड़ानन माता। जगत जननि दामिनिदुति गाता
नहिं तव आदि मध्य अवसाना। अमित प्रभाव वेद नहिं जाना
भव भव विभव पराभव कारिणि। विश्व विमोहनि स्ववस विहारिणि
दो. पति देवता सुतीय महं मातु प्रथम तव रेख ॥
महिमा अमित न कहि सकहिं सहस शारदाशेष
सेवत तोहि सुलभ फल चारी। बर दायनि त्रिपुरारि पियारी
देवि पूजि पद कमल तुम्हारे। सुर नर मुनि सब होहिं सुखारे
मोर मनोरथ जानहु नीके। बसहु सदा उर पुर सबही के
कीन्हेउं प्रगट न कारण तेही। अस कहि चरण गहे बैदेही
बिनय प्रेम बस भई भवानी। खसी माल मूरति मुसुकानी
सादर सिय प्रसाद उर धरेऊ। बोली गौरि हर्ष हिय भरेऊ
सुनु सिय सत्य अशीस हमारी। पूजिहि मन कामना तुम्हारी
नारद बचन सदा शुचि सांचा। सो वर मिलिहि जाहि मन राचा
छं. मन जाहि राचो मिलिहि सो वर सहज सुंदर सांवरो
करुणा निधान सुजान शील सनेह जानत रावरो
एहि भांति गौरि अशीश सुनि सिय सहित हिय हर्षित अली
तुलसी भवानिहिं पूजि पुनि पुनि मुदित मन मंदिर चली
सो. जानि गौरि अनुकूल सिय हिय हर्ष न जाय कहि
मंजुल मंगल मूल बाम अंग फरकन लगे
हृदय सराहत सीय लुनाई। गुरु समीप गवने दोउ भाई
राम कहा सब कौशिक पाहीं। सरल सुभाव छुआ छल नाहीं

सुमन पाइ मुनि पूजा कीन्ही। पुनि असीस दीउ भाइन्ह दीन्ही
सुफल मनोरथ होउ तुम्हारे। राम लषण सुनि भये सुखारे
करि भोजन मुनिवर बिज्ञानी। लगे कहन कछु कथा पुरानी
बिगत दिवस मुनि आयसु पाई। संध्या करण चले दोउ भाई
प्राची दिशि शशि उगेउ सुहावा। सिय मुख सरिस देखि सुख पावा
बहरि बिचार कीन्ह मन माहीं। सीय बदन सम हिम कर नाहीं

दो॰ जन्म सिंधु पुनि बंधु बिष दिन मलीन सकलंक
सिय मुख समता पाव किमि चंद बापुरो रंक

घटै बढ़ै बिरहिनि दुखदाई। ग्रसै राहु निज संधिहि पाई॥
कोक शोक प्रद पंकज द्रोही। अवगुण बहुत चंद्रमा तोही
बैदेही मुख पटतर दीन्हे॥ होइ दोष बड़ अनुचित कीन्हे
सिय मुख छबि बिधु ब्याज बखानी। गुरु पहं चले निशा बड़ि जानी
करि मुनि चरण सरोज प्रणामा। आयसु पाइ कीन्ह बिश्रामा
बिगत निशा रघुनायक जागे। बंधु बिलोकि कहन अस लागे
उगेउ अरुण अवलोकहु ताता। पंकज कोक लोक सुख दाता
बोले लषण जोरि युग पाणी। प्रभु प्रभाव सूचक मृदु बाणी

दो॰ अरुणोदय सकुचे कुमुद उडु गण जोति मलीन
तिमि तुम्हार आगमन सुनि भये नृपति बलहीन

नृप सब नखत करहिं उजियारी। टारि न सकहिं चाप तम भारी
कमल कोक मधुकर खग नाना। हरषे सकल निशा अवसाना
ऐसहिं प्रभु सब भक्त तुम्हारे। होइहहिं टूटे धनुष सुखारे॥

उदय भानु बिनु श्रमतमनाशा। दुरे नरवत जग तेज प्रकाशा
रवि निजउदय व्याज रघुराया। प्रभु प्रताप सब प्रगट जनाया
तव भुज बल महिमा उदघाटी। प्रगटी धनु बिघटन परिपाटी
बंधु बचन सुनि प्रभु मुसुकाने। होइ सुचि सहज पुनीत नहाने
नित्य क्रिया करि गुरु पहं आये। चरण सरोज सुभग सिर नाये
सतानंद तब जनक बुलाये। कौसिक मुनि पहं तुरत पठाये
जनक बिनय तिन आय सुनाई। हरषे बोलि लिये दोउ भाई
दो. सतानंद पद बंदि प्रभु बैठे गुरु पहं जाइ ॥
चलहु तात मुनि कहेउ तब पठवा जनक बुलाइ
सीय स्वयंबर देखिय जाई। ईश काहि धौं देहिं बड़ाई ॥
लषण कहा यश भाजन सोई। नाथ कृपा तव जापर होई ॥
हरषे मुनि सब सुनिबर बानी। दीन्ह असीस सबहि सुखमानी
पुनि मुनि वृन्द समेत कृपाला। देखन चले धनुष मख शाला
रंगभूमि आये दोउ भाई। असि सुधि सब पुरवासिन पाई
चले सकल गृह काज बिसारी। बालक युवा जठर नर नारी ॥
देखी जनक भीर भइ भारी। सुचि सेवक सब लिये हंकारी
तुरत सकल लोगन पहं जाहू। आसन उचित देहु सब काहू
दो. कहि मृदु बचन बिनीत अति बेगारे नर नारि
उत्तम मध्यम नीच लघु निज निज थल अनुहारि
राज कुंवर तेहि अवसर आये। मनहु मनोहरता छवि छाये
गुण सागर नागर वर बीरा। सुंदर श्यामल गौर शरीरा।

राज समाज बिराजत रूरे ॥ ।उडुगण महं युग बिधुजनु पूरे
जिन के रही भावना जैसी । प्रभु मूरति देखी तिन तैसी
देखहिं भूप महा रण धीरा। मनहुं बीर रस धरे शरीरा
डरे कुटिल नृप प्रभुहि निहारी। मनहुं भयानक मूरति भारी
रहे असुर छल जो नृप वेषा ।तिन प्रभु प्रगट काल सम देषा
पुरवासिन देखे दोउ भाई । नर भूषण लोचन सुखदाई

दो· नारि बिलोकहिं हरषि हिय निज निज रुचि अनुरूप
जनु सोहत शृंगार धरि। मूरति परम अनूप ॥

बिदुषन प्रभु बिराट मय दीसा। बहु मुख कर पग लोचन शीसा
जनक जानि अवलोकहिं कैसें। सजन सगे प्रिय लागहि जैसें
सहित बिदेह बिलोकहिं रानी। शिशु सम प्रीति न जात बखानी
योगिनि परम तत्त्व मय भासा। संत शुद्ध मन सहज प्रकासा
हरि भक्तन देखेउ दोउ भ्राता। इष्टदेव इव सब सुखदाता ॥
रामहि चितव भाव जेहि सीया। सो सनेह मुख नहिं कथनीया
उर अनुभवति न कहि सक कोऊ। कवन प्रकार कहै कवि कोऊ
इहि बिधि रहा जाहि जस भाऊ। तेइ तस देखेउ कोशल राऊ

दो· राजत राज समाज महं कोशल राज किशोर
सुंदर श्यामल गौर तन विश्व बिलोचन चोर

सहज मनोहर मूरति दोऊ । ।कोटि काम उपमा लघु सोऊ
शरद चंद निंदक मुख नीके। नीरज नयन भाव ते जीके ॥
चितवनि चारु मार मद हरणी। भावत हृदय जाय नहिं बरणी

टी· रा· बा· २६४

कल कपोल श्रुति कुंडल लोला। चिबुक अधर सुंदर मृदु बोला
कुमुद बंधु कर निंदक हासा। भृकुटी बिकट मनोहर नासा॥
भाल बिसाल तिलक झलकाहीं। कच बिलोकि अलि अवलि लजाहीं
पीत चौतनी सुभग सुहाई। कुसुम कली बिच बीच बनाई
रेखा रुचिर कंबु कल ग्रीवा। जनु बिधुबल सुरबस की सींवा
दो॰ कुंजर मणि कंठा कलित उर तुलसी की माल
बृषभ कंध केहरि ठवनि बल निधि बाहु बिशाल
कटि तूणीर पीत पट बांधे। कर शर धनुष बाम बर कांधे
पीत यज्ञ उपवीत सुहाई। नख शिख मंजु महा छवि छाई
देखि लोग सब भये सुखारे। इकटक लोचन टरहिं न टारे॥
हरषे जनक देखि दोउ भाई। मुनि पद कमल गहे तब जाई
करि बिनती निज कथा सुनाई। रंग अवनि सब मुनिहि दिखाई
जहं जहं जाहिं कुवर बर दोऊ। तहं तहं चकित चितव सब कोऊ
निज निज रुचि रामहिं सब देखा। कोउ न जान कछु मर्म बिशेषा
भलि रचना नृप सन मुनि कहेऊ। राजा सुखी महासुख लहेऊ
दो॰ सब मंचन तें मंच इक सुंदर बिशद बिशाल
मुनि समेत दोउ बंधु तहं बैठारे महिपाल
प्रभुहि देखि सब नृप हिय हारे। जनु राकेश उदय भये तारे
असि प्रतीति तिन्हके मन माहीं। राम चाप तोरब कस नाहीं
बिनु भंजेहु भव धनुष बिशाला। मेलिहि सीय राम उर माला
अस बिचारि गवनहु घर भाई। जय प्रताप बल तेज गंवाई

इंद्रके स
हायक कालस्थ रा
जा सोके वंश में
देव विनयी दशरथ
तिनके उजन को म
रूप विजय लक्ष्मि
नाथ होनें मही
रण में क्षत्रि गति
वे दक्षु रूप प्रथम
होते दशीनार्थ श्री
रामतें सीता दूको
जगदंबा कहे सुन
लक्षणि काम का
सखा त्यागी हरषी
ब सोसा जानि
को भाव धनुष
भंग राम को क
ल सीता के देखे
बिना राजन के
प्रीति उत्साह घ
उष भंग में छोड़ो
नहीं इसको भाव
जैसे छुरी सुन
दोऊ भाइन को
आदबी रंग सभी
में बड़ी उमंगतें
गेय कार गायो
तैसेई सरली व
भाज सहित प्रीति
शोभा तें सीता
आगमन उ श्री
सह जानि बल
नहीं पढ़ जग
बी की उपमा
भाखति ना बीज
श्री परशु
अंदर नौसे
गोपी
रघुपति
श्री लक्ष्मण
बोले
श्री विश्वा मित्र

विहंसे परम भूप सुनि बानी । जे अविवेक अंध अभिमानी
तोरेहुं धनुष व्याह अवगाहा । बिनु तोरे को कुंवरि बिवाहा
एकवार कालहु किन होई । सिय हित समर जितव हम सोई
यह सुनि अपर भूप मुसुकाने । धर्म्म शील हरि भक्त सयाने
सो॰ सीय बिवाहव राम । गर्व दूरि करि नृपन कर
जीति को सके संग्राम । दशरथ के रण बांकुरे
वृथा मरहु जनि गाल बजाई । मन मोदक नहिं भूख बुझाई
शिख हमार सुनु परम पुनीता । जगदंबा जानहु जिय सीता
जगत पिता रघुपतिहि बिचारी । भरि लोचन छबि लेहु निहारी
सुंदर सुखद सकल गुण रासी । ये दोउ बंधु शंभु उर वासी
सुधा समुद्र समीप बिहाई । मृग जल निरखि मरहु कत धाई
करहु जाय जाकहं जोइ भावा । हम तो आजु जन्म फल पावा
अस कहि भले भूप अनुरागे । रूप अनूप बिलोकन लागे
देखहिं सुर नभ चढ़े बिमाना । बरषहिं सुमन करहिं कल गाना
दो॰ जानि सुअवसर सीय तब पठवा जनक बुलाइ
चतुर सखी सुंदरि सकल सादर चली लिवाइ
सिय शोभा नहिं जाइ बखानी । जगदंबिका रूप गुण खानी
उपमा सकल मोहि लघु लागी । प्राकृत नारि अंग अनुरागी
सीय बरणि तेहि उपमा देई । को कवि कहै अयश को लेई
जौं पट तरिय तीय सम सीया । जग अस युवति कहां कमनीया
गिरा मुखर तन अर्द्ध भवानी । रति अति दुखित अतन माते जानी

टी॰
रा॰ वा॰
२६६

बिष बारुणी बंधु प्रिय जेही। कहिय रमा सम किमि बैदेही
जौ छबि सुधा पयोनिधि होई। परम रूप मय कच्छप सोई
सोभा रजु मंदर सिंगारू। मथै पाणि पंकज निज मारू
दो॰ एहि बिधि उपजै लच्छि जब सुंदरता सुख मूल
तदपि सकोच समेत कबि कहहिं सीय सम तूल
चली संग लै सखी सयानी। गावति गीत मनोहर बानी
सोह नवल तन सुंदर सारी। जगत जननि अतुलित छबि भारी
भूषण सकल सुदेस सुहाये। अंग अंग रचि सखिन बनाये
रंग भूमि जब सिय पगु धारी। देखि रूप मोहे नर नारी
हरषि सुरन दुंदुभी बजाई। बरषि प्रसून अपसरा गाई॥
मणि सरोज सोह जय माला। सोचक चितै सकल महिपाला
सीय चकित चित रामहि चाहा। भये मोहबस सब नर नाहा
मुनि समीप देखे दोउ भाई। लगे ललकि लोचन निधि पाई
दो॰ गुरुजन लाज समाज बड़ि देखि सीय सकुचानि
लगी बिलोकन सखिन तन रघुबीरहि उर आनि
राम रूप अरु सियछबि देखी। नर नारिन परिहरी निमेषी
सोचहिं सकल कहत सकुचाहीं। बिधि सन बिनय करहिं मनमाहीं
हरु बिधि बेगि जनक जड़ताई। मति हमार असि देइ सुहाई
बिनु बिचार प्रण तजि नरनाहू। सीय राम कर करै बिबाहू॥
जग भल कहहिं भाव सब काहू। हठ कीन्हे उर अंतर दाहू
एहि लालसा मगन सब लोगू। बर सांवरो जानकी योगू॥

नव बंदी जन जनक बुलाये। बिरदावली कहत चलि आये
कह नृप जाइ कहहु प्रण मोरा। चले भाट हिय हर्ष न थोरा
दो॰ बोले बंदी बचन वर। सुनहु सकल महिपाल
प्रण विदेह कर कहहिं हम भुजा उठाइ विशाल
नृप भुज बल विधु शिव धनु राहू। गरुअ कठोर बिदित सब काहू
रावण बाण महा भट भारे। देखि शरासन गवहिं सिधारे
सोइ पुरारि को दंड कठोरा। राजु समाज आजु जोइ तोरा
त्रिभुवन जय समेत बैदेही। बिनहि बिचार बरै हठि तेही
सुनि प्रण सकल भूप अभिलाषे। भट मानी अतिशय मन माखे
परि कर बांधि उठे अकुलाई। चले इष्ट देवन शिर नाई॥
तमकि ताकि तकि शिव धनु धरहीं। उठइ न कोटि भांति बल करहीं
जिनके कछु बिचार मन माहीं। चाप समीप महीप न जाहीं
दो॰ तमकि धरहिं धनु मूढ़ नृप उठइ न चलहिं लजाइ
मनहुं पाइ भट बाहु बल अधिक अधिक गरुआइ
भूप सहस दस एकहि बारा। लगे उठावन टरइ न टारा॥
डगै न शंभु सरासन कैसें। कामी बचन सती मन जैसें
सब नृप भये योग उपहासी। जैसे बिनु बिराग सन्यासी
कीरति बिजय बीरता भारी। चले चाप कर सरबस हारी
श्री हत भये हारि हिय राजा। बैठे निज निज जाइ समाजा
नृपन बिलोकि जनक अकुलाने। बोले बचन रोष जनु माने
दीप दीपके भूपति नाना। आये सुनि हम जो प्रण ठाना

टी॰ रा॰ बा॰ ३६८

दस सहस्र राजा ओं ने धनुष मिल कर उठाया न उठा

देव दनुज धरि मनुज शरीरा। बिपुल बीर आये रणधीरा
दो॰ कुंवरि मनोहरि बिजय बड़ि कीरति अति कमनीय
पावन हार बिरंचि जनु। रचेउ न धनु दमनीय॥
कहहु काहि यह लाभ न भावा। काहु न शंकर चाप चढ़ावा
रहो चढ़ाउब तोरब भाई। तिल भरि भूमि न सकेउ छड़ाई
अब जनि कोउ भाषे भट मानी। बीर बिहीन मही मैं जानी
तजहु आश निज निज गृह जाहू। लिखा न बिधि बैदेहि बिवाहू
सुकृत जाइ जौं प्रणपरि हरऊं। कुंवरि कुंवारि रहो का करऊं
जौं जनितेउं बिनु भट भुबि भाई। तो प्रण करि होतेउं न हंसाई
जनक बचन सुनि सब नर नारी। देखि जानकी भये दुखारी
सुनतहि लषण कुटिल भे भौंहें। रद पट फरकत नयन रिसौंहें
दो॰ कहि न सकत रघुबीर डर लगे बचन जनु बाण
नाद राम पद कमल शिर बोले गिरा प्रमाण
रघुबंशिन महं जहं कोउ होई। तेहि समाज अस कहइ न कोई
कही जनक जस अनुचित बानी। बिद्यमान रघुकुल मणि जानी
सुनहु भानुकुल पंकज भानू। कहौं सुभाव न कछु अभिमानू
जो राउर अनुशासन पाऊं। कंदुक इव ब्रह्माण्ड उठाऊं।
कांचे घट जिमि डारौं फोरी। सकौं मेरु मूलक इव तोरी
तव प्रताप महिमा भगवाना। का बापुरो पिनाक पुराना
नाथ जानि अस आयसु होऊ। कौतुक करौं बिलोकिय सोऊ
कमल नाल जिमि चाप चढ़ावौं। शत योजन प्रमाण लै धावौं

टी. रा. बा. १७

दो॰ तोरौं छत्रक दंड जिमि तव प्रताप बल नाथ
जौं न करौं प्रभु पद सपथ पुनि न धरौं धनु हाथ

लषण सकोप बचन जब बोले। डग मगानि महि दिग्गज डोले
सकल लोक सब भूप डराने। सिय हिय हर्ष जनक सकुचाने
गुरु रघुपति सब मुनि मन माहीं। मुदित भये पुनि पुनि पुलकाहीं
सैनहिं रघुपति लषण निवारे। प्रेम समेत निकट बैठारे ॥
विश्वामित्र समय शुभ जानी। बोले अति सनेह मृदु बानी
उठहु राम भंजहु भव चापू। मेटहु तात जनक परितापू
सुनि गुरु बचन चरण शिर नावा। हर्ष विषाद न कछु उर आवा
ठाढ़ भये उठि सहज सुभाये। ठवनि युवा मृगराज लजाये ॥

दो॰ उदित उदय गिरि मंच पर रघुपति बाल पतंग
बिकसे सन्त सरोज सब हर्षे लोचन भृंग ॥

नृपन केरि आशा निशनाशी। बचन नखत अवलीन प्रकाशी
मानि महीप कुमुद सकुचाने। कपटी भूप उलूक लुकाने ॥
भये बिशोक कोक मुनि देवा। बरषहिं सुमन जनावहिं सेवा
गुरु पद बंदि सहित अनुरागा। राम मुनिन सन आय सुमांगा
सहजहिं चले सकल जग स्वामी। मत्त मंजु कुंजर बर गामी
चलत राम सब पुर नर नारी। पुलक पूरि तन भये सुखारी
बंदि पितर सुर सुकृत संभारे। जौ कछु पुण्य प्रभाव हमारे
तौ शिव धनुष मृणाल किनाईं। तोरहिं राम गणेश गुंसाईं

दो॰ रामहिं प्रेम समेत लखि सखिन समीप बुलाइ

लषन बचन सुनि जनक जू जानकी को हर्ष भयो भा वगई पति के रावन हार जानि के गुरादि के मुदित की भाव भली औसर लष न संभारे पुनः गुरु आज्ञा तें श्री

टी॰ रा॰ बा॰ २७२

राम जू हर्ष बिषाद रहित उठे बाल सूर्य राम जू के कहवे को भाव कि बल प्रताप आगे कहैंगे २५४ कपटी भूपन को बिषाद देवतन को हर्ष दिखावो २२५

सीता मातु सनेह बस। बचन कहे बिलखाइ
सारि सबै कौतुक देखन हारे। जेउ कहावत हितू हमारे
कोउ न बुझाइ कहइ नृप पाहीं। ये बालक असहठ भल नाहीं
रावण बाण छुआ नहिं चापा। हारे सकल भूप करि दापा
सो धनु राज कुंवर कर देहीं। बाल मराल कि मंदर लेहीं
भूप सयानप सकल सिरानी। सखि बिधि गति कछु जाय न जानी
बोली चतुर सखी मृदु बानी। तेजवन्त लघु गणिय न रानी
कहं कुंभज कहं सिंधु अपारा। सोषेउ सुयश सकल संसारा
रवि मंडल देखत लघु लागा। उदय तासु त्रिभुवन तम भागा

दो. मंत्र परम लघु जासु बस बिधि हरिहर सुर सर्व
महा मत्त गज राज कहं बस कर अंकुस खर्व

दो. ए. बा. १२२

काम कुसुम धनु सायक लीन्हे। सकल भुवन अपने बस कीन्हे
देबि तजिय संसय अस जानी। भंजब धनुष राम सुनु रानी
सखी बचन सुनि भइ परतीती। मिटा बिषाद बढ़ी अति प्रीती
तब रामहिं बिलोकि बैदेही। सभय हृदय बिनवति जेहि तेही
मनहीं मन मनाय अकुलानी। होहु प्रसन्न महेश भवानी
करहु सुफल आपनि सेवकाई। करि हित हरहु चाप गरुआई
गण नायक बरदायक देवा। आजु लगे कीन्ही तव सेवा
बार बार बिनती सुनि मोरी। करहु चाप गरुता अति थोरी

दो. देखि देखि रघुबीर तन सुर मनाव धरि धीर
भरे बिलोचन प्रेम जल पुलकावली सरीर

नीके निरखि नयन भरि शोभा। पितु पण सुमिरि बहुरि मन छोभा
अहह तात दारुण हठ ठानी। समुझत नहिं कछु लाभ न हानी
सचिव सभय सिख देइ न कोई। बुध समाज बड़ अनुचित होई
कहं धनु कुलिशहु चाहि कठोरा। कहं श्यामल मृदु गात किशोरा
विधि केहि भांति धरौं उर धीरा। सिरस सुमन किमि बेधिहि हीरा
सकल सभा की मति भइ भोरी। अब मोहि शंभु चाप गति तोरी
निज जड़ता लोगन पर डारी। होहु हरुष रघुपतिहि निहारी
अति परिताप सीय मन माहीं। लवनि मेष युग सम चलि जाहीं

दो· प्रभुहि चितै पुनि चितै महि राजत लोचन लोल
खेलत मनसिज मीन युग जनु बिधुमंडल डोल

गिरा अलिनि मुख पंकज रोकी। प्रगट न लाज निशा अवलोकी
लोचन जलरहु लोचन कोना। जैसे परम कृपण कर सोना
सकुची व्याकुलता बड़ि जानी। धरि धीरज प्रतीति उर आनी
तन मन बचन मोर पन सांचा। रघुपति पद सरोज मन रांचा
तो भगवान सकल उर वासी। करिहहिं मोहि रघुपति की दासी
जेहि के जेहि पर सत्य सनेहू। सो तेहि मिलत न कछु संदेहू
प्रभु तन चितै प्रेम पण ठाना। कृपा निधान राम सब जाना
सियहि बिलोकि तकेउ धनु कैसे। चितव गरुड़ लघु व्यालहि जैसे

दो· लषण लखेउ रघुवंश मणि ताकेउ हर को दंड
पुलकि गात बोले बचन चरण चापि ब्रह्मंड

दिशकुंजरहु कमठ अहि कोला। धरहु धरणि धरि धीर न डोला

पुनः जानकी ज
निजप्रेमके पण
ह मोहि कहहि
ये गोपीज
ह लतादिनेंह
ह कथा पूछ
ह भई जैसे
बाल स्वाधी
यहहिं के क
ही २५८ ज्ञान
की जीकी सेम प

न मानिवो अती
ति रामचंद्र देको
धनुष तकिनो
लषन लखि वो
ये २५९ हिंगा
जन को तजग
कियो अरु जहो
ज के हपक में
बड़ो वारो समाज
कयो १६०

राम चहहिं शंकर धनु तोरा। होहु सजग सुनि आयसु मोरा
चाप समीप राम जब आये। नर नारिन सुर सुकृत मनाये
सब कर संशय अरु अज्ञानू। मंद महीपन कर अभिमानू
भृगुपति केरि गर्व गरु आई। सुर मुनि नृपन केरि कदराई
सिय कर शोच जनक पछतावा। रानिन कर दारुण दुख दावा
शंभु चाप बड़वो हित पाई। चढ़े जाइ सब संग बनाई
राम बाहु बल सिंधु अपारा। चहत पार नहिं कोउ कड़िहारा
दो॰ राम बिलोके लोग सब चित्र लिखे से देषि ॥
चितई सीय कृपाय तन जानी विकल विशेषि
देखी विपुल बिकल बैदेही। निमिष बिहात कल्प समतेही
तृषित बारि बिनु जौं तनु त्यागा। मुये करै का सुधा तड़ागा
का बर्षा जब कृषी सुखाने। समय चूकि पुनि का पछताने
अस जिय जानि जानकी देषी। प्रभु पुलके लखि प्रीति बिशेषी
गुरुहि प्रणाम मनहि मन कीन्हा। अति लाघव उठाइ धनु लीन्हा
दमकेउ दामिनि जिमि घन लयऊ। पुनि धनु नभ मंडल सम भयऊ
लेत चढ़ावत खैंचत गाढ़े। काहु न लखा देखि सब ठाढ़े
तेहि क्षण मध्य राम धनु तोरा। भरेउ भुवन धुनि घोर कठोरा
छं॰ भरि भुवन घोर कठोर रव रवि वाजि तजि मारग चले
चिक्करहिं दिग्गज डोल महि अहि कोल कूरम कलमले
सुर असुर मुनि कर कान दीन्हे सकल विकल विचारहीं
को दंड भंजेउ राम तुलसी जयति बचन उचारहीं

जानकी जी को विकल देखिकै

टी॰ रा॰ बा॰ २७५

रामजू धनुष भंग ६१ ॥

सो॰ शंकर चाप जहाज । सागर रघुबर बाहु बल
बूड़े सकल समाज । चढ़े जे प्रथमहि मोहबस
प्रभु दोउ चाप खंड महि डारे । देखि लोग सब भये सुखारे ॥
कौशिक रूप पयोनिधि पावन । प्रेम वारि अवगाह सुहावन
राम रूप राकेश निहारी ॥ । बढ़ी बीचि पुलकावलि भारी
बाजे नभ गह गहे निसाना । देव बधू नाचहिं करि गाना ॥
ब्रह्मादिक सुर सिद्ध मुनीशा । प्रभुहि प्रशंसहिं देहि अशीशा
बरषहिं सुमन रंग बहु माला । गावहिं किन्नर गीत रसाला
रही भुवन भरि जय जय वानी । धनुष भंग धुनि जात न जानी
मुदित कहहिं जहं तहं नर नारी । भंजेउ राम शंभु धनु भारी ॥
दो॰ वंदी मागध सूत गण विरद बदहिं मति धीर
करहिं निछावरि लोग सब हयगय धनि मणि चीर
झांझ मृदंग शंख सहनाई । भेरि ढोल दुन्दुभी सुहाई ॥
बाजहिं बहु बाजने सुहाये । जहं तहं युवतिन मंगल गाये ॥
सखिन सहित हर्षित अतिरानी । सूखत धान परा जनु पानी
जनक लहेउ सुख सोच विहाई । पैरत थके थाह जनु पाई ॥
श्रीहत भये भूप धनु टूटे । जैसें दिवस दीप छवि छूटे ॥
सिय हिय सुख बरणिय केहि भांती । जनु चातकि पाए जल स्वाती
रामहिं लषण बिलोकत कैसें । शशिहि चकोर किशोरक जैसें
सतानंद तब आयसु दीन्हा । सीता गमन राम पहं कीन्हा
दो॰ संग सखी सुंदरि चतुर गावहिं मंगल चार

धनुष भंग संता
बिश्वामित्र को
प्रेम सिंधु राम
चंद्र शशि देख
उमगत भयो
अरु जनक देव
आदि आनंद में

दो॰
रा॰ बा॰
२७५

फूल बर्षा किये
२६२ पुनः सता
नंद आज्ञा तें सी
ता जू सखिन यु
त गमन कियो
जयमाल पहरा
वन हेतु ३६३

गवनी बाल मराल गति सुखमा अंग अपार
सखिन मध्य सिय सोहति कैसी। छवि गण मध्य महाछवि जैसी
कर सरोज जयमाल सुहाई। विश्व विजय शोभा जनु छाई
तन सकोच मन परम उछाहू। गूढ़ प्रेम लखि परै न काहू
जाइ समीप राम छवि देखी। रहि जनु कुंवरि चित्र अवरेखी
चतुर सखी लखि कहा बुझाई। पहिरावहु जयमाल सुहाई
सुनत युगल कर माल उठाई। प्रेम बिवस पहिराइ न जाई
सोहत जनु युग जलज सनाला। ससिहि सभीत देत जयमाला
गावहिं छबि अवलोकि सहेली। सिय जयमाल राम उर मेली

सो॰ रघुबर उर जय माल। देखि देव बरषहिं सुमन
सकुचे सकल भुआल जनु बिलोकि रबि कुमुद गण

पुर अरु व्योम बाजने बाजे। खल भये मलिन साधु सब गाजे
सुर किन्नर नर नाग मुनीशा। जय जय सब कहि देहिं असीसा
नाचहिं गावहिं बिबुध बधूटी। बार बार कुसुमावलि छूटी॥
जहं तहं बिप्र बेद धुनि करहीं। बंदी बिरदावलि उच्चरहीं॥
महि पाताल नाक यश व्यापा। राम बरी सिय भंजेउ चापा
करहिं आरती पुर नर नारी। देहि निछावरि वृत्ति बिसारी
सोहत राम सीय की जोरी। छवि शृंगार मनहुं दुक ठोरी॥
सखी कहहिं प्रभु पद गहु सीता। करति न चरण परस अति भीता

दो॰ गौतम तिय गति सुरति करि नहिं परसति पद पानि
मन बिहंसे रघुबंश मणि प्रीति अलौकिक जानि

दी. बां. सं. ७

तव सिय देखि भूप अभिलाषे। कूर कपूत मूढ़ मन माषे ॥
उठि उठि पहिरिस नाह अभागे। जहं तहं गाल बजावन लागे
लेहु छुड़ाइ सीय कहं कोऊ। धरि बांधहु नृपबालक दोऊ
तोरे धनुष काज नहिं सरई। जीवत हमहिं कुंवरि को वरई
जो विदेह कछु करै सहाई। जीतहु समर सहित दोउभाई
साधु भूप बोले सुनि बानी। राज समाजहिं लाज लजानी
बल प्रताप वीरता बड़ाई। नाक पिनाकहि संग सिधाई
सोइ सूरता कि अबकहुं पाई। अस बुधि तो बिधि मुहमसि लाई

दो. देखहु रामहिं नयन भरि तजि इरिषा मद मोहु
लषण रोष पावक प्रबल जानि शलभ जनि होहु

बैन तेय बलि जिमि चह कागू। जिमि शशु चहहिं नाग अरिभागू
जिमि चह कुशल अकारण कोही। सुख संपदा चहहिं शिवद्रोही
लोभी लोलुप कीरति चहई। अकलंकिता कि कामी लहई
हरि पद विमुख परम गति चाहा। तस तुम्हार लालच नर नाहा
कोलाहल सुनि सीय सकानी। सखी लिवाइ गई जहं रानी
राम सुभाय चले गुरु पाहीं। सिय सनेह वरणत मन माहीं
रानिन सहित सोच बस सीया। अबधौं बिधि हि कहा करनीया
भूप बचन सुनि इतउत कहहीं। लषण रामडर बोलि न सकहीं

दो. अरुण नयन भृकुटी कुटिल चितवत नृपन सकोप
मनहु मत्त गज गण निरखि सिंह किशोरहि चोप

खरभर देखि बिकल महतारी। सब मिलि देहिं महीपन गारी

तेहि अवसर सुनि शिवधनुभंगा। आये भृगुकुल कमल पतंगा
देखि महीप सकल सकुचाने। बाज रूपट जनु लवा लुकाने
गौर शरीर भूति भलि भ्राजा। भाल बिशाल त्रिपुंड बिराजा
शीश जटा शशि बदन सुहावा। रिसि बस कछुक अरुण होइ आवा
भृकुटी कुटिल नयन रिसि राते। सहजहि चितवत मनहु रिसाते
वृषभ कंध उर बाहु विशाला। चारु जनेउ माल मृग छाला
कटि मुनि बसन तूण दुइ बांधे। धनु शर कर कुठार कल कांधे
दो॰ सान्त भेष करणी कठिन बरणि न जाइ सरूप
धरि मुनि तनु जनु वीर रस आये जहं सब भूप
देखत भृगुपति भेष कराला। उठे सकल भय विकल भुआला
पितु समेत कहि कहि निज नामा। लगे करण सब दंड प्रणामा
जेहि सुभाय चितवहिं हित जानी। सो जानै जनु आइ खुटानी
जनक बहोरि आय शिर नावा। सीय बुलाइ प्रणाम करावा
आशिष दीन्ह सखी हरषानी। निज समाज लै गई सयानी
विश्वामित्र मिले पुनि आई। पद सरोज मेले दोउ भाई ॥
राम लषण दशरथ के ढोटा। दीन्ह अशीश जानि भल जोटा
रामहि चितव रहे थकि लोचन। रूप अपार मार मद मोचन
दो॰ बहुरि बिलोकि बिदेह सन कहहु कहा अति भीर
पूछत जान अजान जिमि व्यापेउ कोप शरीर
समाचार कहि जनक सुनाये। जेहि कारण महीप सब आये
सुनत बचन फिरि अनत निहारे। देखे चाप खंड महि डारे

अति रिसि बोले बचन कठोरा। कहु जड़ जनक धनुषकेहि तोरा
बेगि देखाउ मूढ़ न त आजू। उलटौं महि जहं लगि तव राजू
अति डर उतर देत नृप नाहीं। कुटिल भूप हरषे मन माहीं
सुर मुनि नाग नगर नर नारी। सोचहिं सकल त्रासउर भारी
मन पछिताति सीय महतारी। बिधि संवारि सब बात बिगारी
भृगुपति कर सुभाव सुनि सीता। अहई निमेष कल्प सम बीता

दो. सभय बिलोके लोग सब जानि जानकी भीर
हृदय न हर्ष बिषाद कछु बोले श्री रघुबीर ॥

नाथ शंभु धनु भंजन हारा। होइहि कोउ एक दास तुम्हारा
आयसु कहा कहिय किन मोही। सुनि रिसाय बोले मुनि कोही
सेवक सो जो करै सेवकाई। अरि करणी करि करिय लराई।
सुनहु राम जेहि शिव धनु तोरा। सहस बाहु सम सो रिपु मोरा
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न तु मारे जैहैं सब राजा ॥
सुनि मुनि बचन लषण मुसुकाने। बोले परशुधरहिं अपमाने
बहु धनुहीं तोरेउ लरिकाईं। कबहुं न असि रिसि कीन्ह गोसाईं
एहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाय कह भृगुकुलकेतू

दो. रे नृप बालक काल बस बोलत तोहि न संभार
धनुहीं सम त्रिपुरारिधनु बिदित सकल संसार

लषण कहा हंसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना
का छति लाभ जीर्ण धनु तोरे। देखा राम नयेके भोरे ॥
छुवत टूट रघुपतिहि न दोसू। मुनि बिनु काज करिय कत रोसू

जनक बिनय करि बार बार तिरिस की जीति करषसे अरु सकुचाने नहीं श्री रघुनाथहू बोलेभए १७० नीति पूर्वक राम बचन ते परशुराम जी को क्रोध बढ़ा

भाषण से लक्ष्मण उत्तर अंग पूर्ण के नेहभरी जहां बिदा जानो तहां खसखली छत्र से धैर्य अस्तुति मा ना बिस्तर भयेते चहीं लिखो २०

बोले चितय परशु की ओरा। रे शठ सुनेसि सुभाव न मोरा
बालक बोलि बधौं नहिं तोही। केवल मुनि जड़ जानेसि मोही
बाल ब्रह्म चारी अति कोही। विश्व विदित छत्री कुल द्रोही
भुज बल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महि देवन दीन्ही
सहस बाहु भुज छेदन हारा। परशु बिलोकु महीप कुमारा
दो॰ मातु पितहि जनि शोच बस करसि महीप किशोर
गर्भन के अर्भक दलन परशु मोर अति घोर
बिहसि लषण बोले मृदु बानी। अहो मुनीश महा भट मानी
पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारा। चहत उड़ावन फूंकि पहारा
इहां कुम्हड़ बतिया कोउ नाहीं। जो तर्जनि देखत मरि जाहीं
देखि कुठार शरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना
भृगुकुल समुझि जनेउ बिलोकी। जो कछु कहहु सहौं रिसि रोकी
सुर महि सुर हरजन अरु गाई। हमरे कुल इनपर न सुराई
बधे पाप अपकीर तिहारे। मारत हूं पांपरिय तुम्हारे
कोटि कुलिश सम बचन तुम्हारा। वृथा धरहु धनु बाण कुठारा
दो॰ जो बिलोकि अनुचित कहेउं छमहु महा मुनि धीर
सुनि सरोष भृगु बंश मणि बोले गिरा गंभीर
कौशिक सुनहु मंद यह बालक। कुटिल काल बश निज कुल घालक
भानु बंश रा केश कलंकू। निपट निरंकुश अबुध अशंकू
काल कवर होइहि क्षण माहीं। कहौं पुकारि खोरि मोहि नाहीं
तुम हटकहु जो चहहु उबारा। कहि प्रताप बल रोष हमारा

भृगुपति क्रोधा
धिक्यतें श्री रघुना
थ जी ने वारणक
रि के नीति व्यंग
पूर्वक संभाषन
तें परशु राम जू
को पूर्वज्ञान भ
यो तब आपुनो

दो॰
रा॰ बा॰
२८२

धनुष रघुनाथ
देतु ते तौ ब
लि गयो प्रत्यंचा
साथही यातें लु
ति करि तप हेतु
बन को जाउ
भये २८५

लषण कहेउ मुनि सुयश तुम्हारा। तुमहि अछत को बरणै पारा
अपने मुख तुम आपनि करणी। बार अनेक भांति बहु बरणी
नहिं संतोष तो पुनि कछु कहहू। जनि रिसि रोकि दुसह दुख सहहू
वीर वृत्ति तुम धीर अछोभा। गारी देत न पावहु शोभा

दो॰ सूर समर करणी करहिं कहि न जनावहिं आपु
विद्यमान रण पाइ रिपु कायर कथहिं प्रलापु

तुम तौ काल हांकि जनु लावा। बारबार मोहि लागि बुलावा
सुनत लषण के बचन कठोरा। परशु सुधारि धरेउ कर घोरा
अब जनि देहु दोष मोहि लोगू। कटु बादी बालक बध योगू
बालि विलोकि बहुत मैं बाचा। अब यह मरण हार भा सांचा
कौशिक कहा छमिय अपराधू। बाल दोष गुण गणहिं न साधू
कर कुठार मैं अकरण कोही। आगें अपराधी गुरु द्रोही
उतर देत छाडौं बिनु मारे। केवल कौशिक शील तुम्हारे
न तु इहि काटि कुठार कठोरे। गुरुहि उरिण होतेउं श्रम थोरे

दो॰ गाधि सुअन कह हृदय हंसि मुनिहिं हरि अरे सूझ
अय मय खंडेउ ऊष जिमि अजहुं न बूझ अबूझ

कहेउ लषण मुनि शील तुम्हारा। को नहिं जान बिदित संसारा
मातुहि पितहिं उरिण भये नीके। गुरु ऋण रहा शोच बड़ जीके
सो जनु हमरे माथे काढ़ा। दिन चलि गयउ ब्याज बहु बाढ़ा
अब आनिय ब्यवहरिया बोली। तुरत देव मैं थैली खोली
सुनि कटु बचन कुठार सुधारा। हाहा कहि सब लोग पुकारा

भृगुबर परसु देखावहु मोही। बिप्र बिचारि बचौं नृपद्रोही
मिले न कबहुं सुभट रण गाढ़े। द्विज देवता घरहि के बाढ़े।
अनुचित कहि सब लोग पुकारे। रघुपति सैनहि लषण निवारे

दो॰ लषण उतर आहुति सरिस भृगुबर कोप कृसानु
बढ़त देखि जल सम बचन बोले रघुकुल भानु

नाथ करहु बालक पर छोहू। सूध दूध मुख करिय न कोहू
जौ पै प्रभु प्रभाव कछु जाना। तौ कि बराबर करत अयाना
जौ लरिका कछु अनुचित करहीं। गुरु पितु मातु मोद मन भरहीं
करिय कृपा शिशु सेवक जानी। तुम सम शील धीर मुनि ज्ञानी
राम बचन सुनि कछुक जुड़ाने। कहि कछु लषण बहुरि मुसकाने
हंसत देखि नख शिख रिस व्यापी। राम तोर भ्राता बड़ पापी
गौर शरीर श्याम मन माहीं। काल कूट मुख पै सुख नाहीं
सहज टेढ़ अनुहरै न तोही। नीच मीच सम लरवै न मोही

दो॰ लषण कहेउ हंसि सुनहु मुनि क्रोध पाप कर मूल
जेहि बस जन अनुचित करहिं चरहिं बिश्व प्रतिकूल

मैं तुम्हार अनुचर मुनि राया। परिहरि कोप करिय अब दाया
टूट चाप नहिं जुरहिं रिसाने। बैठिय होइहि पाय पिराने
जौ अति प्रिय तो करिय उपाई। जोरिय कोउ बड़ गुणी बुलाई
बोलत लषणहि जनक डेराहीं। मष्ट करहु अनुचित भल नाहीं
थर थर कांपहिं पुर नर नारी। छोट कुमार खोट अति भारी
भृगुपति सुनि सुनि निर्भय बानी। रिसि तनु जरै होइ बल हानी

बोले रामहिं देइ निहोरा । बचौ बिचारि बंधु लघु तोरा
मन मलीन तन सुंदर कैसे । बिष रस भरा कनक घट जैसे
दो॰ सुनि लछमण बिहंसे बहरि नयन तरेरे राम
गुरु समीप गवने सकुचि परिहरि बानी बाम
स्रुति बिनीत मृदु सीतल बाणी । बोले राम जोरि युग पाणी
सुनहु नाथ तुम सहज सुजाना । बालक बचन करिय नहिं काना
बरे बालक एक सुभाऊ । इनहिं न सन्त बिदूषहिं काऊ
तिन नाहीं कछु काज बिगारा । अपराधी मैं नाथ तुम्हारा
कृपा कोप बध बंध गुसाईं । मो पर करिय दास की नाईं
कहिय बेगि जेहि बिधि रिसि जाई । मुनि नायक सोइ करिय उपाई
कह मुनि राम जाइ रिसि कैसे । अजहुं बंधु तव चितवत्र नैसे
एहि के कंठ कुठार न दीन्हा । तौ मैं कहा कोप करि कीन्हा
दो॰ गर्भ अवहिं अवनिय रवनि सुनि कुठार गति घोर
परसु अछत देखौं जियत बैरी भूप किशोर ॥
बहे न हाथ दहे रिसि छाती । भा कुठार कुंठित नृप घाती
भयउ बाम बिधि फिरेउ सुभाऊ । मोरे हृदय कृपा कस काऊ
आजु दैव दुख दुसह सदावा । सुनि सौमित्र बिहंसि शिरनावा
बाड़ी कृपा मूरति अनुकूला । बोलत बचन झरत जनु फूला
जो पै कृपा जरै मुनि गाता । क्रोध भये तनु राख बिधाता
देख जनक हठ बालक येहू । कीन्ह चहत जड़ यमपुर गेहू
बेगि करहु किन आंखिन ओटा । देखत छोट खोट नृप ढोटा

यहमूर्तिपरशुराम आगमन की
वि.
ल.
रा.
परशुराम

बिहंसे लषण कहा मन माहीं। मूदिय आंखि कतहुं कोउ नाहीं
दो॰ परशुराम तब राम प्रति बोले बचन स क्रोध
शंभु सरासन तोरि शठ करसि हमार प्रबोध
बंधु कहे कटु संमत तोरे ॥ तू छल विनय करसि कर जोरे
करु परितोष मोर संग्रामा। नाहित छांडु कहावव रामा
छल तजि करहु समर शिव द्रोही। बंधु सहित नतु मारों तोही
भृगुपति तमकि कुठार उठाये। मन मुसुकाहिं राम शिर नाये
गणहु लषण कर हमपर रोषू। कतहु सुधाइहु ते बड़ दोषू
टेढ़ जानि शंका सब काहू। वक्रचंद्रमहिं ग्रसै न राहू ॥
राम कहेउ रिसि तजिय मुनीशा। कर कुठार आगें यह शीशा
जेहि रिसि जाइ करिय सोइ स्वामी। मोहि जानि आपन अनुगामी
दो॰ प्रभुहिं सेवकहि समर कस तजहु बिप्र बर बेष
भेष विलोकि कहसि कछु बालक हू नहिं दोष
देखि कुठार बाण धनु धारी। भै लरिकहि रिसि बीर बिचारी
नाम जान पै तुमहि न चीन्हा। बंश स्वभाव उतर तेहि दीन्हा
जो तुम अवतेहु मुनिकी नाईं। पद रज शिर शिशु धरत गुसाईं
छमहु चूक अनजानत केरी। चहिय बिप्रउर कृपा घनेरी
हमहिं तुमहिं सरबरि कस नाथा। कहहु न कहां चरण कहं माथा
राम मात्र लघु नाम हमारा। परशु सहित बड़ नाम तुम्हारा
देव एक गुण धनुष हमारे। नव गुण परम पुनीत तुम्हारे
सब प्रकार हम तुम सम हारे। छमहु विप्र अपराध हमारे

दो॰ रा॰ वा॰ १९६

दो॰ बार बार मुनि बिप्र बर कहा राम सन राम
बोले भृगुपति सरुष होइ तुहूं बंधु सम बाम
निपटहि द्विज करि जानेहु मोही। मैं जस बिप्र सुनावउं तोही
चाप स्रुवा सर आहुति जानू। कोप मोर अति घोर कृशानू
समिधि सेन चतुरंग सुहाई। महा महीप भये पसु आई
मैं एहि परसु काटि बलि दीन्हा। समर जज्ञ जग कोटिन कीन्हा
मोर प्रभाव बिदित नहिं तोरे। बोलसि निदरि बिप्र के भोरे
भंजेउ चाप दाप बड़ बाढ़ा। अहमिति मनहुं जीति जग काढ़ा
राम कहा मुनि कहहु बिचारी। रिसि अति बड़ि लघु चूक हमारी
छुअतहि टूट पिनाक पुराना। मैं केहि हेतु करौं अभिमाना
दो॰ जौ हम निदरहिं बिप्र बदि सत्य सुनहु भृगुनाथ
तौ अस को जग सुभट जेहि भय बस नावहिं माथ
देव दनुज भूपति भट नाना। सम बल अधिक होउ बलवाना
जो रण हमहिं प्रचारय कोऊ। लरहिं सुखेन काल किन होऊ
छत्रिय तनु धरि समर सकाना। कुल कलंक तेहि पांवर जाना
कहौं सुभाव न कुलहि प्रसंसी। कालहु डरहिं न रण रघुबंसी
बिप्र बंश कै अस प्रभुताई। अभय होइ जो तुमहि डेराई
सुनि मृदु गूढ़ बचन रघुपति के। उघरे पटल परसुधर मति के
राम रमापति कर धनु लेहू। खैंचहु चाप मिटै संदेहू
देत चाप आपुहि चढ़ि गयऊ। परसुराम मन बिसमय भयऊ
दो॰ जाना राम प्रभाव तब पुलक प्रफुल्लित गात

बिहंसे लषण कहा मन माहीं। मूदिय आंखि कतहुं कोउ नाहीं
दो॰ परशुराम तब राम प्रति बोले बचन स क्रोध
शंभु सरासन तोरि शठ करसि हमार प्रबोध
बंधु कहे कटु संमत तोरे ॥ तू छल बिनय करसि कर जोरे
करु परितोष मोर संग्रामा। नाहित छांडु कहावत रामा
कुल तजि कहु समर शिष द्रोही। बंधु सहित नतु मारौं तोही
भृगुपति तमकि कुठार उठाये। मन मुसुकाहिं राम शिर नाये
गणहु लषण कर हमपर रोषू। कतहु सुधाइहु ते बड़ दोषू
टेढ़ जानि शंका सब काहू। बक्रचंद्रमहिं ग्रसै न राहू ॥
दो॰ रा॰ वा॰ १८६ राम कहेउ रिसि तजिय मुनीशा। कर कुठार आगें यह शीशा
जेहि रिसि जाइ करिय सोइ स्वामी। मोहि जानि आपन अनुगामी
दो॰ प्रभुहिं सेवकहि समर कस तजहु बिप्र बर बेष
भेष बिलोकि कहसि कछु बालक हू नहिं दोष
देखि कुठार बाण धनु धारी। भै लरिकहि रिसि बीर बिचारी
नाम जान पै तुमहि न चीन्हा। बंश स्वभाव उतर तेहि दीन्हा
जो तुम अवतेहु मुनिकी नाईं। पद रज शिर शिशु धरत गुसाईं
छमहु चूक अनजानत केरी। चहिय बिप्र उर कृपा घनेरी
हमहिं तुमहिं सरबरि कस नाथा। कहहु न कहां चरण कहं माथा
राम मात्र लघु नाम हमारा। परशु सहित बड़ नाम तुम्हारा
देव एक गुण धनुष हमारे। नव गुण परम पुनीत तुम्हारे
सब प्रकार हम तुम सम हारे। छमहु बिप्र अपराध हमारे

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ बार बार मुनि बिप्र बर कहा राम सन राम
बोले भृगुपति सरुष हेाइ तुहूं बंधु सम बाम
निपटहि दिज करि जानेहु मोही। मैं जस बिप्र सुनाऊं तोही
चाप स्रुवा सर आहुति जानू। कोप मोर अति घोर कृशानू
समिधि सेन चतुरंग सुहाई। महा महीप भये पसु आई
मैं एहि परसु काटि बलि दीन्हा। समर यज्ञ जग कोटिन कीन्हा
मोर प्रभाव बिदित नहिं तोरे। बोलसि निदरि बिप्र के भोरे
भंजेउ चाप दाप बड़ बाढ़ा। अहमिति मन्हं जीति जग काढ़ा
राम कहा मुनि कहहु बिचारी। रिसि अति बड़ि लघु चूक हमारी
छुअतहि टूट पिनाक पुराना। मैं केहि हेतु करौं अभिमाना

दो॰ जौ हम निदरहिं बिप्र बदि सत्य सुनहु भृगुनाथ
तौ अस को जग सुभट जेहि भय बसनावहिं माथ

देव दनुज भूपति भट नाना। सम बल अधिक होउ बलवाना
जो रण हमहिं प्रचारय कोऊ। लरहिं सुखेन काल किन होऊ
छत्रिय तनु धरि समर सकाना। कुल कलंक तेहि पांवर जाना
कहौं सुभाव न कुलहि प्रशंसी। कालहु डरहि न रण रघुवंशी
बिप्र बंशकी अस प्रभुताई। अभय होइ जो तुमहि डेराई
सुनि मृदु गूढ़ बचन रघुपतिके। उघरे पटल परसुधर मतिके
राम रमापति कर धनु लेहू। खैंचहु चाप मिटै संदेहू
देत चाप आपुहि चढ़ि गयऊ। परशुराम मन बिसय भयऊ

दो॰ जाना राम प्रभाव तब पुलक प्रफुल्लित गात

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जोरि पाणि बोले बचन प्रेम न हृदय समात
जय रघुबंश बनज बन भानू। गहन दनुज कुल दहन कृशानू
जय सुर बिप्र धेनु हित कारी। जय मद मोह कोह भ्रम हारी
बिनय शील करुणा गुण सागर। जय ति बचन रचना अति नागर
सेवक सुखद सुभग सब अंगा। जय शरीर छबि कोटि अनंगा
करौं कहा मुख एक प्रशंसा। जय महेश मन मानस हंसा।
अनुचित बहुत कहेउं अज्ञाता। क्षमहु क्षमा मंदिर दोउ भ्राता
कहि जय जय जय रघुकुल केतू। भृगुपति गये बनहि तप हेतू
अपभय कुटिल महीप डेराने। जहँ तहँ कायर गवँहि पराने

दो॰ देवन दीन्ही दुन्दुभी। प्रभु पर बर्षहिं फूल
हरषे पुरनर नारि सब मिटा मोह भय शूल

अति गहगहे बाजने बाजे। सबहि मनोहर मंगल साजे
तृण तृण मिलि सुमुखि सुनयनी। करहिं गान कल कोकिल बयनी
सुख बिदेह कर बरणि न जाई। जन्म दरिद्र मनहु निधि पाई
बिगत त्रास भइ सीय सुखारी। जनु बिधु उदय चकोर कुमारी
जनक कीन्ह कौशिकहि प्रणामा। प्रभु प्रसाद धनु भंजेउ रामा
मोहि कृत कृत्य कीन्ह दुहु भाई। अब जो उचित सो कहिय गुसाईं
कह मुनि सुन नरनाह प्रबीना। रहा बिबाह चाप आधीना
टूटत ही धनु भयउ बिबाहू। सुर नर नाग बिदित सब काहू

दो॰ तदपि जाइ तुम करहु अब यथा बंश व्यवहार
बूझि बिप्र कुल बृद्ध गुरु बेद बिदित आचार॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दूत अवध पुर पठवहु जाई । आनै नृप दशरथहिं बुलाई
मुदित राउ कहि भलेहि कृपाला। पठये दूत अवध तेहि काला
बहुरि महाजन सकल बुलाये। आइ सबन सादर शिर नाये
हाट बाट मंदिर सुर बासा । नगर संवारहु चारिहु पासा
हरषि चले निज निज गृह आये। पुनि परिचारक बोलि पठाये
रचहु बिचित्र बितान बनाई । शिर धरि बचन चले सचुपाई
पठये बोलि गुणी तिन्ह नाना। जो बितान बिधि कुशल सुजाना
बिधिहि बंदि तिन्ह कीन्ह अरंभा। बिरचे कनक केदली थंभा।

दो॰ हरित मणिन के पत्र पल पद्म राग के फूल
रचना देखि बिचित्र अति मन बिरंचि के भूल

बेनु हरित मणिमय सब कीन्हे। सरल सपर्ण परहिं नहिं चीन्हे
कनक कलित अहि बेलि बनाई। लखि नहिं परै सवर्ण सुहाई
तेहि के रचि पचि बंध बनाये। बिच बिच मुकता दाम सुहाये
मानिक मरकत कुलिश पिरोजा। चीर कोर पचि रचे सरोजा
किये भृंग बहु रंग बिहंगा। गुंजहि कुंजहि पवन प्रसंगा
सुर प्रति मा खंभन गहि काढ़े। मंगल द्रव्य लिये सब ठाढ़े
चौके भांति अनेक पुराये। सिंदुर मणिमय सहज सुहाये

दो॰ सौरभ पल्लव सुभग सुठि किये नीलमणि कोर
हेम बौर मरकत घँवरि लसत पाटमय डोर॥

रचे रुचिर बर बंदन वारे । मनहुं मनोभव फंद संवारे।
मंगल कलश अनेक बनाये। ध्वज पताक पट चमर सुहाये

आज्ञा दई सुभ
सगुन सब भ
ये अरु दिव्य
थन पर दशरथ
अरु बाशिष्ठ अरु

दो॰
रा॰ बा॰
१८९

सब कुमार ते
हित सनेह ब
रात सानि चल
त भये ॥३०४॥

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दीप मनोहर मणि मय नाना। जाइ न बरणि बिचित्र बिताना
जेहि मंडप दुलहिनि बैदेही। सो बरणै असमति कवि केही
दूलह राम रूप गुण सागर। सो बितान तिहुंलोक उजागर
जनक भवन की शोभा जैसी। गृह गृह प्रति पुर देखिय तैसी
जेहिं ति रहति तेहि समय निहारी। तेहि लघु लगे भुवनदस चारी
जो संपदा नीच गृह सोहा। सो बिलोकि सुरनायक मोहा॥

दो॰ बसै नगर जेहि लक्षि करि कपट नारि बर भेष
तेहि पुर की शोभा कहत सकुचै शारद शेष॥

पहुंचे दूत राम पुर पावन। हरषे नगर बिलोकि सुहावन
भूप द्वार तिन्ह खबरि जनाई। दसरथ नृप सुनि लिये बुलाई
करि प्रणाम तिन्ह पाती दीन्ही। मुदित महीप आपुदुहि लीन्ही
बारि बिलोचन बांचत पाती। पुलकि गात आई भरि छाती
राम लषण उर कर बर चीठी। रहि गये कहत न खाटी मीठी
पुनि धरि धीर पत्रिका बांची। हरषी सभा बात सुनि सांची
खेलत रहे तहां सुधि पाई। आये भरत सहित दोउ भाई
पूछत अति सनेह सकुचाई। तात कहां तें पाती आई॥

दो॰ कुशल प्राण प्रिय बंधु दोउ अहहिं कहहु केहि देश
सुनि सनेह साने बचन बांची बहुरि नरेश॥

सुनि पाती पुलके दोउ भ्राता। अधिक सनेह समात न गाता
प्रीति पुनीत भरत की देखी। सकल सभा सुखलहेउ बिशेखी
तब नृप दूत निकट बैठारे। मधुर मनोहर बचन उचारे॥

दो॰ रा॰ बा॰ ९९०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भैया कुशल कहहु दोउ वारे। तुम नीके निज नयन निहारे॥
श्यामल गौर धरे धनु भाथा। बय किशोर कौशिक मुनि साथा
पहिचानेहु नो कहहु सुभाऊ। प्रेम बिवश पुनि पुनि कह राऊ॥
जा दिनतें मुनि गये लिवाई। तबतें आजु सांचि सुधि पाई॥
कहहु बिदेह कवन विधि जाने। सुनि प्रिय बचन दूत मुसुकाने
दो॰ सुनहु महीपति मुकुट मणि तुम सम धन्य न कोउ
राम लषण जिनके तनय विश्व बिभूषण दोउ॥
पूछन योग न तनय तुम्हारे। पुरुष सिंह तिहुं पुर उजियारे
जिन के यश प्रताप के आगे। शशि मलीन रवि शीतल लागे
तिन कहं कहिय नाथ किमि चीन्हे। देखिय रविहि कि दीपक लीन्हे
सीय स्वयंबर भूप अनेका। समिटे सुभट एकतें एका॥
शंभु सरासन काहु न टारा। हारे सकल भूप बरियारा॥
तीन लोक महं जे भट मानी। सबकी शक्ति शंभु धनु भानी
सकैं उठाइ सुरासुर मेरू। सोउ हिय हारि गयउ करि फेरू
जेहि कौतुक शिव शैल उठावा। सोउ तेहि सभा पराभव पावा
दो॰ तहां राम रघुबंश मणि सुनिय महा महिपाल
भंजेउ चाप प्रयास बिनु जिमि गज पंकज नाल॥
सुनि सरोष भृगुनायक आये। बहुत भांति तिन आंखि देखाये
देखि राम बल निज धनु दीन्हा। करि बहु बिनय गवन बन कीन्हा
राजत राम अतुल बल जैसे। तेज निधान लषण पुनि तैसे
कंपहि भूप बिलोकत जाके। जिमि गज हरि किशोर के ताके

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देव देहि तव बालक दोऊ । अवधि आरति आवन कोऊ
दूत बचन रचना प्रिय लागी । प्रेम प्रताप बीर रस पागी ॥
सभा समेत राउ अनुरागे । दूतहिं देन निछावर लागे ॥
कहि अनीति ते मूदहु काना । धर्म बिचारि सबहिं सुख माना
दो॰ तब उठि भूप बसिष्ठ कहं दीन्ह पत्रिका जाइ
कथा सुनाई गुरुहिं सब सादर दूत बोलाइ ॥
सुनि बोले मुनि अति सुख पाई । पुण्य पुरुष कहं महि सुख छाई
जिमि सरिता सागर महं जाहीं । यद्यपि ताहि कामना नाहीं
तिमि सुख संपति बिनहिं बोलाए । धर्म सील पहं जाहिं सुभाए
तुम गुरु बिप्र धेनु सुर सेवी । तस पुनीत कौशल्या देवी
सुकृती तुम समान जग माहीं । भयउ नहै कोउ होनेउ नाहीं
तुमतें अधिक पुण्य बड़ काके । राजन राम सरिस सुत जाके
बीर बिनीत धर्म ब्रत धारी । गुण सागर बालक बर चारी
तुम कहं सर्बकाल कल्याना । सजहु बरात बजाइ निसाना
दो॰ चलहु बेगि सुनि गुरु बचन भलेहि नाथ सिर नाइ
भूपति गवने भवन तब दूतहि बास देवाइ ॥
राजा सब रनिवास बोलाई । जनक पत्रिका बाँचि सुनाई
सुनि संदेश सकल हरषानी । अपर कथा सब भूप बखानी
प्रेम प्रफुल्लित राजा रानी । मनहुं सिखिनि सुनि बारिद बानी
मुदित असीस देहिं गुरु नारी । अति आनंद मगन महतारी
लेहिं परस्पर अति प्रिय पाती । हृदय लगाइ जुड़ावहिं छाती

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

राम लषण की कीरति करणी। बारहिं बार भूप बहु बरणी ॥
मुनि प्रसाद कहि द्वार सिधाये। राजिन्ह तब महिदेव बुलाये ॥
दिये दान आनंद समेता। चले बिप्रबर आशिष देता ॥ ॥

सो० बाचक लिये हंकारि दीन्ह निछावरि कोटि बिधि
चिरजीवहु सुत चारि चक्रवर्ति दशरत्थ के

कहत चले पहिरे पट नाना। हरषि हने गह गहे निसाना ॥
सगाचार सब लोगन पाये। लागे घर घर होन बधाये ॥
भुवन चारि दश भरेउ उछाहू। जनक सुता रघुबीर बिवाहू ॥
सुनि शुभ कथा लोग अनुरागे। मग गृह गली संवारन लागे
जद्यपि अवध सदैव सुहावनि। राम पुरी मंगल मय पावनि
तदपि प्रीति की रीति सुहाई। मंगल रचना रची बनाई ॥
ध्वज पताक पट चामर चारू। छावा परम बिचित्र बजारू
कनक कलश तोरण मणि जाला। हरद दूब दधि अक्षत माला

दो० मंगल मय निज निज भवन लोगन रचे बनाइ
बीथी सींची चतुर सम। चौके चारु पुराइ ॥

जहं तहं यूथ यूथ मिलि भामिनि। सजि नव सप्त सकल दुति दामिनि
बिधु बदनी मृग शावक लोचनि। निज सरूप रति मान बिमोचनि
गावहिं मंगल मंजुल बानी। सुनि कल रव कल कंठ लजानी
भूप भवन किमि जाइ बखाना। बिश्व बिमोहन रचेउ बिताना
मंगल द्रव्य मनोहर नाना। राजत बाजत बिपुल निसाना
कतहुं बिरद बंदी उच्चरहीं। कतहुं बेद धुनि भूसुर करहीं

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गावहिं सुंदरि मंगल गीता । लै लै नाम राम अरु सीता ॥
बहुत उछाह भवन अति थोरा । मानहुं उमगि चला चहुं ओरा
दो॰ शोभा दशरथ भवन की को कवि बरनै पार
जहां सकल सुर शीश मणि रामलीन्ह अवतार
भूप भरत पुनि लिये बुलाई । हय गय स्यंदन साजहु जाई
चलहु बेगि रघुवीर बराता । सुनत पुलक पूरे दोउ भ्राता ॥
भरत सकल साहनी बुलाये । आयसु दीन्ह मुदित उठिधाये
रुचि रुचि तुरंग साज तिन साजे । बर्णि बर्ण बरबाजि बिराजे
शुभग सकल सुठि चंचल करणी । अय जिमि जरत धरत पगु धरणी
नाना भांति न जाहिं बखाने । निदरि पवन जनु चहत उड़ाने
तिन सब छयल भये असवारा । भरत सरिस सब राजकुमारा
सब सुंदर सब भूषण धारी । कर शर चापतूण कटि भारी
दो॰ छरे छबीले छयल सब शूर सुजान नवीन ॥
युग पद चर असवार प्रति जेइ सिकला प्रवीन
बांधे बिरद बीर रण गाढ़े । निकसि भये पुर बाहर ठाढ़े ॥
फेरहिं चतुर तुरंगहि नाना । हरषहिं धुनि सुनि पनव निसाना
रथ सारथिन विचित्र बनाये । ध्वज पताक मणि भूषण छाये
चंवर चारु किंकिणि धुनि करहीं । भानु यान शोभा अपहरहीं
स्यामकर्ण अगणित हय होते । ते तिन्ह रथन सारथिन जोते
सुंदर सकल अलंकृत सोहै । जिनहिं विलोकत मुनि मन मोहै
जे जल चलहिं थलहिं की नाईं । टापन बूड़ बेग अधिकाई

दो॰ रा॰ बा॰ १६४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अस्त्र शस्त्र सब साज सजाई। रथी सारथिन लिये बुलाई॥

दो॰ चढ़ि चढ़ि रथ बाहिर नगर लागी जुरन बरात
होत शगुन सुंदर सुरवद जो जेहि कारज जात

सुंदर हस्तिन सोहै अंबारी। कहि न जाइ जेहि भांति सवारी
चले मत्त गज घंट बिराजे। मनहु शुभग सावन घन गाजे
बाहन अपर अनेक बिधाना। सिबिका शुभग सुखासन याना
तिन चढ़ि चले विप्र बर वृंदा। जनु तनु धरे सकल श्रुति छंदा
मागध सूत बंदि गण गायक। चले यान चढ़ि जो जेहि लायक
बेसर ऊंट वृषभ बहु जाती। चले बस्तु भरि अगणित भांती
कोटिन्ह कांवरि चले कहारा। बिबिध बस्तु को बरनै पारा
चले सकल सेवक सुखदाई। निज निज साज समाज बनाई

दो॰ सबके उर निर्भर हरष पूरित पुलक शरीर॥
कबहिं देखि हौं नयन भरि रामलषण दोउबीर

गरजहिं गज घंटा धुनि घोरा। रथ रव बाजि धूम चहुं ओरा
निदरि घनहि घूमरहि निसाना। निज पराय कछु सुनिय न काना
महा भीर भूपति के द्वारे॥ रज होइ जाइ पषान पवारे
चढ़ी अटारिन देखहिं नारी। लये आरती मंगल थारी
गावहिं गीत मनोहर नाना। अति आनंद नहिं जाइ बखाना
तब सुमंत दुइ स्यंदन साजी। जोते रबि हय निंदक बाजी
दोउ रथ रुचिर भूप पहं आने। नहिं शारद प्रति जाहिं बखाने
राज समाज एक रथ साजा। दूसर तेज पुंज अति राजा

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ तेहि रथ रुचिर वशिष्ठ कहं हरषि चढ़ाइ नरेश
आपु चढ़ेउ स्यंदन सुमिरि हर गुरु गौरि गणेश
सहित वसिष्ठ सोह नृप कैसें। सुर गुरु संग पुरंदर जैसें॥
करि कुल रीति वेद बिधि राऊ। देखि सबहि सब भांति बनाऊ
सुमिरि राम गुरु आयसु पाई। चले महीपति शंख बजाई
हरषे विबुध बिलोकि बराता। बरषहिं सुमन सुमंगल दाता
भयउ कोलाहल हय गय गाजे। व्योम बरात बाजने बाजे॥
सुर नर नारि सुमंगल गाई। सरस राग बाजहिं सहनाई
घंट घंटि धुनि बरणि न जाई। सरों करैं पायक फहराई॥
करहिं विदूषक कौतुक नाना। हास कुशल कल गान सुजाना

दो॰ रा॰ बा॰ १९६

दो॰ तुरंग नचावहिं कुंवर वर अकनि मृदंग निसान
नागर नट चितवहिं चकित डिगहिं न ताल विधान
बने न बरनत बनी बराता। होहिं सगुन सुंदर सुभ दाता
चारा चारव बाम दिशि लेई। मनहुं सकल मंगल कहि देई
दाहिन काग सुखेत सुहावा। नकुल दरश सब काहुन पावा
सानुकूल बह त्रिबिधि वयारी। सघट सबाल आव वर नारी
लोबा फिर फिरि दरश दिखावा। सुरभी सन्मुख शिशुहि पिआवा
मृग माला दाहिन दिशि आई। मंगल गण जनु दीन्ह दिखाई
छेमकरी कह छेम विशेषी। श्यामा बाम सुतरु पर देषी
सन्मुख आयउ दधि अरु मीना। कर पुस्तक दुइ बिप्र प्रवीना
दो॰ मंगल मय कल्याण मय अभिमत फल दातार

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जनु सब सांचे होन हित भये सगुन एक बार
मंगल सगुन सुगम सब ताके। सगुन ब्रह्म सुंदर सुत जाके
राम सरिस बरदुलहिनि सीता। समधी दसरथ जनक पुनीता
सुनि अस ब्याह सगुन सब नाचे। अब कीन्हे बिरंचि हम साँचे
दुहि बिधि कीन्ह बरात पयाना। हय गय गाजहिं हने निसाना
आवत जानि भानुकुल केतू। सरित न जनक बंधाये सेतू
बीच बीच बर बास सुहाये। सुरपुर सरिस संपदा छाये॥
असन सयन बर बसन सुहाये। पावहिं सब निज निज मन भाये
नित नूतन सुख लखि अनुकूला। सकल बरातिन मंदिर भूला
दो॰ आवत जानि बरात बर सुनि गहगहे निसान
सजि गज रथ पदचर तुरंग लेन चले भगवान
कनक कलश कल कोपर थारा। भाजन ललित अनेक प्रकारा
भरे सुधा सम सब पकवाना। भांति भांति नहिं जाहि बखाना
फल अनेक बर बस्तु सुहाई। हरषि भेंट हित भूप पठाई॥
भूषण बसन महा मनि नाना। खग मृग हय गय बहु बिधि याना
मंगल सगुन सुगंध सुहाये। बहुत भांति महिपाल पठाये
दधि चिदुवा उपहार अपारा। भरि भरि कांवरि चले कहारा
अगवानन जब दीख बराता। उर आनंद पुलक भर गाता
देखि बनाव सहित अगवाना। मुदित बरातिन हने निसाना
दो॰ हरषि परस्पर मिलन हित कछुक चले बग मेल
जनु आनंद समुद्र दुइ मिलन बिहाइ सुबेल

बरषि सुमन सुर सुंदरि गावहिं। मुदित देवदुन्दुभी बजावहिं ॥
बस्तु सकल राखी नृप आगे। बिनय कीन्ह तिन्ह अति अनुरागे
प्रेम समेत राउ सब लीन्हा। भै बकसीस याचकन्ह दीन्हा
करि पूजा मान्यता बड़ाई। जनवासे कहं चले लिवाई ॥
बसन बिचित्र पांवड़े परहीं। नृप दशरथ तापर पग धरहीं
देखि धनद धन मद परिहरहीं। बरषि सुमन सुर जयजय करहीं
अति सुन्दर दीन्हेउ जनवासा। जहं सब कहं सबभांति सुपासा
जानी सिय बरात पुर आई। कछु निज महिमा प्रगटि जनाई
हृदय सुमिर सब सिद्धि बुलाई। भूप पहुनई करण पठाई ॥

दो॰ सिय आयसु सिर सिद्धि धरि गई जहां जनवास
लये संपदा सकल सुख सुरपुर भोग बिलास

निज निज बास बिलोकि बराती। सुर सुख सकल सुलभ सबभांती
बिभव भेद कछु कोउ न जाना। सकल जनक कर करहिं बखाना
सिय महिमा रघुनायक जानी। हरषे हृदय हेतु पहिचानी
पितु आगमन सुनत दोउ भाई। हृदय न अति आनंद समाई
सकुचत कहि न सकत गुरु पाहीं। पितु दरसन लालच मन माहीं
बिस्वामित्र बिनय बड़ि देखी। उपजा उर संतोष बिसेषी
हरषि बंधु दोउ हृदय लगाये। पुलक अंग अंबक जल छाये
चले जहां दशरथ जनवासे। मनहुं सरोबर तके पियासे

दो॰ भूप बिलोके जबहि मुनि आवत सुतन समेत
उठेउ हरषि सुख सिंधु महं चले थाह सी लेत

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मुनिहि दंडवत कीन्ह महीशा। बार बार पद रज धरि शीशा
कौशिक राउ लिये उर लाई। कहि आशीश पूछी कुशलाई
पुनि दंडवत करत दोउ भाई। देखि नृपति उर सुख न समाई
सुत हिय लाइ दुसह दुख मेटे। मृतक शरीर प्राण जनु भेटे
पुनि वशिष्ठ पद शिर तिन नाये। प्रेम मुदित मुनिवर उर लाये
विप्र वृंद वंदे दुहु भाई। मन भावत आशीश तिन्ह पाई
भरत सहानुज कीन्ह प्रणामा। लिये उठाइ लाइ उर रामा
हरषे लषण देखि दोउ भ्राता। मिले प्रेम परिपूरण गाता ॥

दो॰ पुरजन परिजन जाति जन याचक मंत्री मीत
मिले यथा विधि सबहि प्रभु परम कृपालु विनीत

दो॰ रा॰ बा॰ १६६

रामहिं देखि बरात जुड़ानी। प्रीति की रीति न जाइ बखानी
नृप समीप सोहहिं सुत चारी। जनु धन धर्मादिक तनु धारी
सुतन्ह सहित दशरथ कहं देखी। मुदित नगर नर नारि विशेखी
सुमन वरषि सुरहनहिं निसाना। नाक नटी नाचहिं करि गाना
सनानंद गुरु विप्र सचिव गण। मागध सूत विदुष बंदी जन
सहित बरात राउ सनमाना। आयसु मांगि फिरे अगवाना
प्रथम बरात लगन ते आई। तारे पुर प्रमोद अधिकाई॥
ब्रह्मानंद लोग सब लहहीं। बढ़उ दिवस निशि बिधि सन कहहीं

दो॰ राम सीय शोभा अवधि सुकृत अवधि दोउ राज
जहं तहं पुरजन कहहिं अस मिलि नरनारि समाज
जनक सुकृत मूरति वैदेही। दशरथ सुकृत राम धरि देही

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इन सम काहु न शिव अवराधे। काहु न इन समान फल साधे
इन सम कोउ न भयेउ जग माहीं। है नहिं कतहूं होनेउ नाहीं
हम सब सकल सुकृत की रासी। भये जग जन्मि जनकपुर वासी
जिन जानकी राम छबि देखी। को सुकृती हम सरिस बिशेखी
पुनि देखब रघुबीर बिवाहू। लेब भली बिधि लोचन लाहू
कहहिं परस्पर कोकिल बयनी। यह बिवाह बड़ लाभ सुनयनी
बड़े भाग बिधि बात बनाई। नयन अतिथि होइहैं दोउ भाई
दो॰ बारहिं बार सनेह बस। जनक बोलाउब सीय
लेन आइहहिं बंधु दोउ कोटि काम कमनीय
बिबिधि भांति होइहि पहुनाई। प्रिय न काहि अस सासुर भाई
तब तब राम लषणहिं निहारी। होइहहिं सब पुर लोग सुखारी
सखि जस राम लषण कर जोरा। तैसेइ भूप संग दोउ छोरा
श्याम गौर सब अंग सुहाये। ते सब कहहिं देखि जे आये
कहा एक मैं आजु निहारे। जनु बिरंचि निज हाथ संवारे
भरत राम एकहि अनुहारी। सहसा लखि न सकहिं नर नारी
लषण शत्रुसूदन इक रूपा। नख शिख ते सब अंग अनूपा
मन भावहिं मुख बरणि न जाहीं। उपमा कहं त्रिभुवन कोउ नाहीं
छं॰ उपमान कोउ कह दास तुलसी कतहुं कवि कोविद कहैं
बल बिनय विद्या शील शोभा सिंधु इन सम ये अहैं
पुर नारि सकल पसारि अंचल बिधिहि बचन सुनावहीं
ब्याहिय उचारिउ भाइहिं पुर हम सुमंगल गावहीं

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सो॰ कहहिं परस्पर नारि वारि बिलोचन पुलक तन
सखि सब करब पुरारि पुन्य पयोनिधि भूप दोउ

इहि बिधि सकल मनोरथ करहीं। आनंद उमगि उमगि उर भरहीं
जे नृप सीय स्वयंवर आये। देखि बंधु सब तिन सुख पाये
कहत राम यश बिशद बिशाला। निज निज भवन गये महिपाला
गये बीति कछु दिन एहि भांती। प्रमुदित पुरजन सकल बराती
मंगल मूल लगन दिन आवा। हिम ऋतु अगहन मास सुहावा
ग्रह तिथि नखत योग बर बारू। लगन शोधि बिधि कीन्ह बिचारू
पठै दीन्ह नारद सन सोई। गुनी जनक के गण कल जोई
सुनी सकल लोगन यह बाता। कहहिं जोतिषी आहहिं बिधाता

दो॰ धेनु धूरि बेला बिमल सकल सुमंगल मूल
बिप्रन कहेउ बिदेह सन जानि समय अनुकूल

उपरोहितहि कहेउ नर नाहा। अब बिलंब कर कारण काहा
सतानंद तब सचिव बुलाये। मंगल कलश साजि सब ल्याये
शंख निसान पनव बहु बाजे। मंगल कलश शगुन सब साजे
सुभग सुआसिनि गावहिं गीता। करहिं बेद धुनि बिप्र पुनीता
लेन चले सादर एहि भांती। गये जहां जनवास बराती ॥
कोशल पति कर देखि समाजू। अति लघु लगे तिनहि सुरराजू
भयउ समय अवधारिय पाऊ। यह सुनि परा निसान न घाऊ
गुरुहिं पूछि करि कुल बिधि राजा। चले संग मुनि साज समाजा
दो॰ भाग्य विभव अवधेश कर देखि देव ब्रह्मादि

लगे सराहन सहस मुख जानि जन्म निज बादि
सुर सुमंगल अवसर जाना। बरषहिं सुमन बजाइ निसाना
शिव ब्रह्मादिक बिबुध बरूथा। चढ़े बिमानन्ह नाना यूथा॥
प्रेम पुलक तन हृदय उछाहू। चले बिलोकन राम बिबाहू॥
देखि जनक पुर सुर अनुरागे। निज निज लोक सबहि लघु लागे
चितवहिं चकित बिलोकि बिताना। रचना सकल अलौकिक नाना
नगर नारि नर रूप निधाना। सुघर सुधर्म सुशील सुजाना
तिनहिं देखि सब सुरपुर नारी। भये नखत जनु बिधु उजियारी
बिधिहि भयउ आश्चर्य बिशेषी। निज करनी कछु कतहुं न देखी

दो॰ शिव समुझाये देव सब जनि आश्चर्य्य भुलाइ
हृदय बिचारहु धीर धरि सिय रघुबीर बिबाहु

दो॰ रा॰ बा॰ २०३

जिन कर नाम लेत जग माहीं। सकल अमंगल मूल नसाहीं
करतल होहिं पदारथ चारी। तेइ सिय राम कहेउ कामारी
एहि बिधि शंभु सुरन समुझावा। पुनि आगे बर बसह चलावा
देखन देखे दशरथ जाता। भहा मोद मन पुलकित गाता
साधु समाज संग महिदेवा। जनु तनु धरे करहिं सुर सेवा
सोहत साथ सुभग सुत चारी। जनु अपवर्ग सकल तनुधारी
मरकत कनक बरन बर जोरी। देखि सुरन भै प्रीति न थोरी
पुनि रामहिं बिलोकि हिय हरषे। नृपहि सराहि सुमन तिन्ह बरषे

दो॰ राम रूप नख शिख सुभग बारहि बार निहारि
पुलक गात लोचन सजल उमा समेत पुरारि

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

केकि कंठ दुति श्यामल अंगा। तड़ित बिनिंदक बसन सुरंगा
ब्याह बिभूषण बिबिध बनाये। मंगल मय सब भांति सुहाये
शरद बिमल बिधु बदन सुहावन। नयन नवल राजीव लजावन
सकल अलौकिक सुंदरताई। कहि न जाय मनहीं मन भाई
बंधु मनोहर सोहहिं संगा। जात नचावत चपल तुरंगा
राज कुंवर बर बाजि नचावहिं। बंश प्रशंसक बिरद सुनावहिं
जेहि तुरंग पर राम बिराजे। गति बिलोकि खगनायक लाजे
कहि न जाइ सब भांति सुहावा। बाजि भेष जनु काम बनावा
छं· जनु बाजि भेष बनाइ मन सिज राम हित अति सोहहीं
अपन बय बल रूप गुण गति सकल भुवन बिमोहहीं
जग मगत जीन जड़ाव जोति सु मोति मानिक तेहि लगे
किंकिणि ललाम लगाम ललित बिलोकि सुर नर मुनि ठगे
दो· प्रभु मनसहिं लय लीन मन चलत बाजि छबि पाव
भूषण उडुगण तड़ित घन जनु बर बरहि नचाव
जेहि बर बाजि राम असवारा। तेहि शारदहु न बरनै पारा
शंकर राम रूप अनुरागे। नयन पंच दश अति प्रिय लागे
हरि हित सहित राम जब जोहे। रमा समेत रमा पति मोहे
निरखि राम छबि बिधि हरषाने। आठै नयन जानि पछिताने
सुरसेनप उर बहुत उछाहू। बिधि ते रे बढ़े लोचन लाहू
रामहिं चितव सुरेश सुजाना। गोतम श्राप परम हित माना
देव सकल सुरपतिहि सिहाहीं। आजु पुरंदर सम कोउ नाहीं

टी· रा· बा· २०५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मुदित देवगण रामहिं देखी नृप समाज दुहुं हरष बिसेखी
छं॰ अति हर्ष राज समाज दुहुं दिशि दुन्दुभी बाजहिं घनी
बरषहिं सुमन सुर हरषि कहि जय जयति जय रघुकुलमनी
इहि भांति जानि बरात आवत बाजने बहु बाजहीं
रानी सुआसिनि बोलि परिछन हेतु मंगल साजहीं
दो॰ सजि आरती अनेक बिधि मंगल सकल संवारि
चली मुदित परिछन करन गज गामिनि बर नारि ८

बिधु बदनी मृगशावक लोचनि। सब निज तनुछबि रतिमदमोचनि
पहिरे बरन बरन बर चीरा। सकल बिभूषण सजे शरीरा
सकल सुमंगल अंग बनाये। करहिं गान कलकंठ लजाये
कंकण किंकिणि नूपुर बाजहिं। चाल बिलोकि काम गजलाजहिं
बाजहिं बाजन बिबिध प्रकारा। नभ अरु नगर सुमंगलचारा
शची शारदा रमा भवानी। जे सुर तिय शुचि सहज सयानी
कपट नारि बर भेष बनाई। मिली सकल रनिवासहिं आई
करहिं गान कल मंगल बानी। हरष बिवस सब काहुन जानी
छं॰ को जान केहि आनंद बस सब ब्रह्म बर परिछन चली
कलगान मधुर निसान बरषहिं सुमन सुर शोभा भली
आनंदकंद बिलोकि दूलह सकल हिय हर्षित भई॥
अंभोज अंबक अंबु उमगि सु अंग पुलकावलि छई
दो॰ जो सुखभा सिय मातु मन देखि राम बर भेष
सो न सकहिं कहि कल्प शत सहस शारदा शेष

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नयन नीर हरि मंगल जानी। परिछन करहिं मुदित मन रानी
बेद बिहित अरु कुल व्यवहारू। कीन्ह भली बिधि सब परिचारू
पंच शब्द धुनि मंगल गाना। पट पावड़े परहिं बिधि नाना
करि आरती अर्घ तिन दीन्हा। राम गवन मंडप तब कीन्हा
दशरथ सहित समाज बिराजे। बिभव बिलोकि लोकपति लाजे
समय समय सुर बरषहिं फूला। शांति पढ़हिं महिसुर अनुकूला
नभ अरु नगर कोलाहल होई। आपन पर कछु सुनै न कोई
एहि बिधि राम मंडपहि आये। अर्घ देइ आसन बैठाये॥

छं॰ बैठारि आसन आरती करि निरखि वर सुख पावहीं
मणि बसन भूषण भूरि वारहि नारि मंगल गावहीं
ब्रह्मादि सुर बर बिप्र भेष बनाइ कौतुक देखहीं
अवलोकि रघुकुल कमल रबि छबि सुफल जीवन लेखहीं

दो॰ नाऊ बारी भाट नट। राम निछावरि पाइ॥
मुदित असीसहिं नाइ शिर हर्षन हृदय समाइ

मिले जनक दशरथ अति प्रीती। करि वैदिक लौकिक सब रीती
मिलत महा दोउ राज बिराजे। उपमा खोजि खोजि कवि लाजे
लही न कतहुं हारि हिय मानी। इन सम येउपमा उर आनी
समधी देखि देव अनुरागे। सुमन बरषि यश गावन लागे
जग विरंचि उपजावा जबते। देखे सुने ब्याह बहु तबते॥
सकल भांति सम साज समाजू। सम समधी देखे हम आजू
देव गिरा सुनि सुंदर सांची। प्रीति अलौकिक दुहुं दिशि मांची

टी॰ रा॰ बा॰ २०६

देत पावड़े अर्घ सुहाये । सादर जनक मंडपहिं ल्याये ॥
छं॰ मंडप बिलोकि बिचित्र रचना रुचिरता मुनि मन हरे ॥
निज पाणि जनक सुजान सब कहं आनि सिंहासन धरे
कुल इष्ट सरिस बशिष्ठ पूजे बिनय करि आशिष लही
कौशिकहि पूजत परम प्रीति की रीति तौ न परै कही
दो॰ बामदेव आदिक ऋषिय पूजे मुदित महीश ॥
दिये दिव्य आसन सबहि सब सन लही अशीश
बहुरि कीन्ह कोशलपति पूजा । जानि ईश सम भाव न दूजा
कीन्ह जोरि कर बिनय बड़ाई । कहि निज भाग्य बिभव बहुताई
पूजे भूपति सकल बराती । समधी सम सादर सब भांती ॥
आसन उचित दये सब काहू । कहौं कहा मुख एक उछाहू ॥
सकल बरात जनक सनमानी । दान मान बिनती बर बानी ॥
बिधि हरि हर दिशपति दिनराऊ । जे जानहिं रघुबीर प्रभाऊ
कपट बिप्र बर भेष बनाये । कौतुक देखहिं अति सचु पाये
पूजे जनक देव सम जाने । दये सु आसन बिन पहिचाने
छं॰ पहिचान को केहि जान सबहि अपान सुधि भोरी भई
आनंद कंद बिलोक दूलह उभय दिशि आनंद मई
सुर लखे राम सुजान पूजे मानसिक आसन दये ।
अवलोकि सरल सुभाव प्रभुको बिबुध मन प्रमुदित भये
दो॰ रामचंद्र मुख चंद्र छवि लोचन चारु चकोर
करत पान सादर सकल प्रेम प्रमोद न थोर

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

समय बिलोकि बशिष्ट बुलाये। सादर सतानंद मुनि आये
बेगि कुंवरि अब आनहु जाई। चले मुदित मुनि आयसु पाई
रानी सुनि उपरोहित बानी। प्रमुदित सखिन समेत सयानी
बिप्र बधू कुल बृद्ध बुलाई। करि कुलरीति सुमंगल गाई
नारि भेष जे सुर बर बामा। सकल सुभाय सुंदरी श्यामा॥
तिनहि देखि सुख पावहिं नारी। बिन पहिचानि प्रान तें प्यारी
बार बार सनमानहिं रानी। उमा रमा शारद सम जानी॥
सीय संवारि समाज बनाई। मुदित मंडपहिं चलीं लिवाई
छं॰ चलि ल्याइ सीतहि सखी सादर सजि सुमंगल भामिनी
नव सप्त साजे सुंदरी सब मत्त कुंजर गामिनी ॥
कल गान सुनि मुनि ध्यान त्यागहिं काम कोकिल लाजहीं
मंजीर नूपुर कलित कंकण ताल गति बर बाजहीं ॥
दो॰ सोहति बनिता बृन्द महं सहज सुहावनि सीय
छबि ललना गण मध्य जनु सुखमा तिय कमनीय
सिय सुंदरता बरनि न जाई। लघु मति बहुति मनोहर ताई
आवत देखि बरातिन सीता। रूप राशि सब भांति पुनीता॥
सबहिं मनहिं मन कीन्ह प्रणामा। देखि राम भये पूरण कामा
हरषे दशरथ सुतन समेता। कहि न जाइ उर आनंद जेता
सुर प्रणाम करि बरषहिं फूला। मुनि अशीश धुनि मंगल मूला
गान निसान कुलाहल भारी। प्रेम प्रमोद मगन नर नारी
एहि बिधि सीय मंडपहिं आई। प्रमुदित शांति पढ़हिं मुनिराई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तेहि अवसर करि विधि व्यवहारू। दुहुं कुल गुरु सब कीन्ह अचारू
छं॰ आचार करि गुरु गौरि गणपति मुदित विप्र पुजावहीं ॥
सुर प्रगट पूजा लेहिं देहिं अशीस मुनि सुख पावहीं
मधु पर्क मंगल द्रव्य जो जेहिं समय मुनि मन में चहैं॥
भरे कनक कोपर कलश सब कर लिये परिचारक रहैं
कुल रीति प्रीति समेत रवि कहि देत सब सादर किये
इहि भांति देव पुजाइ सीतहि सुभग सिंहासन दिये
सियराम अवलोकन परस्पर प्रेम काहु न लखि परै
मन बुद्धि बर बाणी अगोचर प्रगट कबि कैसे करै
दो॰ होम समय तनु धरि अनल अति हित आहुति लेहिं
बिप्र भेष धरि बेद सब कहि बिवाह बिधि देहिं ॥
सीय मातु किमि जाइ बखानी। जनक पाट महिषी जग जानी
सुयश सुकृत सुख सुंदरताई। सब समेटि बिधि रची बनाई।
समय जानि मुनिवर न बुलाई। सुनत सुआसिनि सादर ल्याई
जनक बाम दिशि सोह सुनयना। हिम गिरि संग बनी जनु मयना
कनक कलश मणि कोंपर रूरे। शुचि सुगंध मंगल जल पूरे
निज कर मुदित राउ अरु रानी। धरे राम के आगे आनी
पढ़हिं बेद मुनि मंगल बानी। मगन सुमन झरि अवसर जानी
बर बिलोकि दंपति अनुरागे। पाय पुनीत परवारन लागे
छं॰ लागे परवारन पाय पंकज प्रेम तनु पुलका वली ॥
नभ नगर गान निसान जय धुनि उमगि जनु चहुं दिशि चली

टी॰
रा॰ बा॰
२०९

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जे पद सरोज मनोज अरि उर सरस देव बिराजहीं ॥
जे सुकृत सुरति बिमल ताकत सकल कलि मल भाजहीं
जे परसि मुनि बनिता लही गति रही जो पातक मई ॥
मकरंद जिन को शंभु शिर सुचिता अवधि सुर बरनई
करि मधुप मुनि मन योगि जन जे सेइ अभिमतगति लहैं
ते पद पखारत भाग्य भाजन जनक जय जय सब कहैं
बर कुंअरि करतल जोरि साखोच्चार दोउ कुल गुरु करैं
भयो पाणि ग्रहण बिलोकि बिधि सुर मनुज मुनि आनंद भरैं
सुख मूल दूलह देखि दंपति पुलक तनु हुलसें हिये ॥
करि लोक बेद बिधान कन्या दान नृप भूषण दिये ॥

टी. रा. बा. २१०

हिमवंत जिमि गिरिजा महेशहिं हरिहिं श्री सागर दई
तिमि जनक रामहिं सिय समर्पी बिश्व कल कीरति नई
क कौर कर जोरी शुभग पुनि गौरि मूरति सांवरी ॥
करि होम बिधिवत गांठि जोरी होन लागी भांवरी
दो. जय धुनि बंदी बेद धुनि मंगल गान निसान ॥
सुनि हरषहिं बरषहिं बिबुध सुरतरु सुमन सुजान
कुंवरि कुंवर कल भांवरि देहीं। नयन लाभ सब सादर लेहीं
जाइ न बरणि मनोहर जोरी। जो उपमा कछु कहिय सो थोरी
राम सीय सुंदर परिछाहीं। जग मगाहिं मणि खंभन माहीं
मनहु मदन रति धरि बहु रूपा। देखहिं राम बिवाह अनूपा
दरस लालसा सकुचि न थोरी। प्रगटत दुरत बहोरि बहोरी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भये मगन सब देखन हारे जनक समान अपान बिसारे ॥
प्रमुदित मुनिन भांवरी फेरी। नेग सहित सब रीति निबेरी ॥
राम सीय सिर सिंदुर देहीं। शोभा कहि न जात बिधि केहीं
अरुण पराग जलज भरि नीके। शशिहि भूषि अहि लोभ अमीके
बहुरि बशिष्ठ दीन्ह अनुशासन। बरदुलहिनि बैठे एक आसन
छं: बैठे बरासन राम जानकि मुदित मन दशरथ भये ॥
तन पुलकि पुनि पुनि देखि अपने सुकृत सुर तरु फल नये
भरि भुवन रहा उछाह राम बिवाह भा सबही कहा ॥
केहि भांति बरणि सिरात रसना एक यहु मंगल महा
तब जनक पाइ बशिष्ठ आयसु ब्याह साज सँवारि के
मांडवी श्रुति कीरति उर्मिला कुंवरि लईं हंकारि के
कुशकेतु कन्या प्रथम जो गुण शील सुख शोभा मयी
सब रीति प्रीति समेत करि सो ब्याहि नृप भरतहि दयी
जानकी लघु भगिनी जो सुंदरि सिरोमणि जानि कै
सो जनक दीन्ही ब्याहि लषणहि सकल विधि सनमानि कै
जेहि नाम श्रुति कीरति सुलोचनि सुमुखि सब गुण आगरी
सो दई रिपुसूदनहिं भूपति रूप शील उजागरी ॥
अनुरूप बर दुलहिनि परस्पर लखि सकुचि हिय हरषहीं
सब मुदित सुंदरता सराहहिं सुमन सुर गण बरषहीं
सुंदरी सुंदर बरन्ह सह सब एक मंडप राजहीं
जनु जीव उर चारिउ अवस्था बिभुन सहित बिराजहीं

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मूर्ति सम विवाह मंडप की सब सहित

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ मुदित अवधपति सकल सुत बधुन समेत निहारि
जनु पाये महिपालमणि क्रयन सहित फल चारि

जस रघुबीर ब्याह बिधि बरणी। सकल कुंवर ब्याहे तेहि करणी
कहि न जाइ कछु दाइज भूरी। रहा कनक मणि मंडप पूरी
कोमल वसन विचित्र पटोरे। भांति भांति बहु मोल न थोरे
गज रथ तुरंग दास अरु दासी। धेनु अलंकृत काम दुहासी
वस्तु अनेक करिय किमि लेखा। कहि न जाइ जानहिं जिनदेखा
लोकपाल अवलोकि सिहाने। लीन्ह अवध पति सब सुख माने
दीन्ह याचकन्ह जो जेहि भावा। उबरा सो जनवासहिं आवा
तब कर जोरि जनक मृदु बानी। बोले सब बरात सनमानी

छं॰ सनमान सकल बरात आदर दान बिनय बढ़ाय कैं
प्रमुदित महा मुनि बृन्द बंदे पूजि प्रेम लड़ाइकैं
शिरनाइ देव मनाइ सब सन कहत कर संपुट कियें
सुर साधु चाहत भाव सिंधु कि तोष जल अंजलि दियें
कर जोरि जनक बहोरि बंधु समेत कोशल राय सों
बोले मनोहर बयन सानि सनेह शील सुभाय सों
संबंध राजन रावरे हम बड़े अब सब बिधि भये
यह राज साज समेत सेवक जानिबी बिनु गथ लये
ये दारिका परिचारिका करि पालबी करुणा भई
अपराध छमियो बोलि पठयो बहुत हौं ढीठो दई
सुनि भानुकुल भूषण सकल सनमान निधि समधी किये

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहिजात नहिं बिनती परस्पर प्रेम परिपूरण हिये ॥
बृन्दारका गण सुमन बरषहिं राउ जन बासहिं चले
दुन्दुभी धुनि बेद धुनि नभ नगर कौतुक हल भले ॥
तब सखिन मंगल गान करत मुनीस आयसु पाइकै
दूलह दुलहिनि सहित सुन्दरि चलीं कुँअर लवाइकै
दो॰ पुनि पुनि रामहिं चितव सिय सकुचति मन सकुचइ
हरति मनोहर मीन छबि प्रेम पियासे नयन ॥
श्याम शरीर सुभाय सुहावन। शोभा कोटि मनोज लजावन
यावक युत पद कमल सुहाये। मुनि मन मधुप रहत जहं छाये
पीत पुनीत मनोहर धोती। हरत बाल रबि दामिनि जोती
कल किंकिणि कटि सूत्र मनोहर। बाहु बिशाल बिभूषण सोहर
पीत जनेउ महा छबि देई। कर मुद्रिका चोर चित लेई ॥
सोहत ब्याह साज सब साजे। उर आयत सब भूषण राजे
पीत उपरना कांख सोती। दुह आंचरन्ह लगे मणि मोती
नयन कमल कल कुंडल काना। बदन सकल सौंदर्य्य निधाना
सुन्दरि भृकुटि मनोहर नासा। भाल तिलक रुचि रुचिर निवासा
सोहत मौर मनोहर माथे। मंगल सब मुकुता मणि गांथे
छं॰ गांथे महा मणि मौर मंजुल अंग सब चित चोरहीं ॥
पुर नारि सुंदर बर बिलोकहिं निरखि छबि तृण तोरहीं
मणि बसन भूषण वारि आरति करहिं मंगल गावहीं
सुर सुमन बरषहिं सूत मागध बंदि सुयश सुनावहीं ॥

टी॰ रा॰ बा॰ २१५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कुह बरहिं आने कुंवर कुवरि सुआसिनिन्ह सुख पाइकैं
अति प्रीति लौकिक रीति लागी करण मंगल गाइ कैं
लह कौरि गौरि सिखाव रामहिं सीय सब सादर कहैं
रनिवांस हास बिलास रस बस जनम को फल सब लहैं
निज पाणि मणि महं देखि प्रति मूरति सरूप निधानकी
चालति न भुज बल्ली बिलोकनि बिरह बस भइ जानकी
कौतुक बिनोद प्रमोद प्रेम न जाइ कहि जानहिं अली
वर कुंवरि सुंदर सकल सखिन लवाइ जन वांसहि चली
तेहि समय सुनिय असीस जहं तहं नगर नभ आनंद महा
चिरजियहु जोरी चारु चारिउ मुदित मन सबही कहा
योगींद्र सिद्ध मुनीश देव बिलोकि प्रभु दुन्दुभि हनी
चले हरषि बरषि प्रसून निज निज लोक जय जय जय भनी

दो॰ सहित बधूटिन कुंवर सब तब आये पितु पास
शोभा मंगल मोद भरि उमगेउ जनु जनवास

पुनि जेंवनार भयउ बहु भांती। पठये जनक बुलाइ बराती॥
परत पावड़े बसन अनूपा। सुतन समेत गवन किय भूपा
सादर सब के पांव पखारे। यथा योग पीढ़न बैठारे॥
धोये जनक अवध पति चरणा। शील सनेह जाहि नहि बरणा
बहुरि राम पद पंकज धोये। जे हर हृदय कमल महं गोये॥
तीनौ भाइ राम सम जानी। धोये चरण जनक निज पानी
आसन उचित सबहि नृप दीन्हे। बोलि सूप कारी सब लीन्हे

टी॰
रा॰ बा॰
२२५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सादर लगे परन पनवारे ।कनक कील गणि परण संवारे ॥
दो· सूपोदन सुरभी सुरपि सुंदर स्वाद पुनीत ॥
छण महं सबके परुसि गे चतुर सुआरि बिनीत
पंच कौर करि जेवन लागे ॥ गारि गान सुनि अति अनुरागे
भांति अनेक परे पकवाना । सुधा सरिस नहिं जाहिं बखाना
परुसन लगे सुआर सुजाना । बंजन बिबिध नाम को जाना
चारि भांति भोजन जो गाई । एकएकु बिधि बरणि न जाई
छरस रुचिर व्यंजन बहु जाती । एक एक रस अगनित भांती
जेंवत देहिं मधुर धुनि गारी । लै लै नाम पुरुष अरु नारी
समय सुहावन गारि बिराजा । हंसत राउ सुनि सहित समाजा
दुहि बिधि सबही भोजन कीन्हा । आदर सहित आचमन दीन्हा
दो· देइ पान पूजे जनक । दशरथ सहित समाज
जनवासे गवने मुदित । सकल भूप शिरताज ॥
नित नूतन मंगल पुर माहीं । निमिष सरिस दिन यामिनि जाहीं
बड़े भोर भूपति मनि जागे । याचक गुण गण गावन लागे
देखि कुवर बर बधुन समेता । किमि कहि जात मोद मन जेता
प्रात कृया करि गे गुरु पाहीं । महा प्रमोद प्रेम मन माहीं ॥
करि प्रणाम पूजा कर जोरी । बोले गिरा अमिय जनु बोरी
तुम्हरी कृपा सुनिय मुनि राजा । भयउ आजु मम पूरण काजा
अब सब विप्र बुलाइ गुसाईं । देहु धेनु सब भांति बनाई ॥
सुनि गुरु करि महिपाल बड़ाई । पुनि पठये मुनिवृन्द बुलाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ वामदेव अरु देव ऋषि बालमीक जा बालि ॥
आये मुनिबर निकर तब कौशिकादि तपसालि
दंड प्रणाम सबहिं भूप कीन्हा। पूजि सप्रेम बरासन दीन्हा॥
चारि लक्ष बर धेनु मंगाई। कामसुरभि सम शील सुहाई॥
सब विधि सकल अलंकृत कीन्ही। मुदित महीप महाधन दीन्ही
करत बिनय बहु बिधि नरनाहू। लहेउं आजु जग जीवन लाहू
पाइ असीस महीश अनंदा। लिये बोलि पुनि याचक बृन्दा
कनक बसन मणि हय गय स्यंदन। दये भूमिरुचि रबि कुलनंदन
चले पढ़त गावत गुण गाथा। जय जय जय दिनकर कुलनाथा
इहि बिधि राम बिवाह उछाहू। सकै न बरणि सहस मुख जाहू
दो॰ बार बार कौशिक चरण। शीश नाइ कह राउ ॥
अहसब सुख मुनि राज तव कृपाकटाक्ष प्रभाउ
जनक सनेह शील करतूती। नृप सब भांति सराह बिभूती
दिन उठि बिदा अवधपति मांगा। राखहिं सहित जनक अनुरागा
नित नूतन आदर अधिकाई। दिन प्रति सहस भांति पहुनाई
नित नव नगर अनंद उछाहू। दशरथ गवन सोहाइ न काहू
बहुत दिवस बीते एहि भांती। जनु सनेह रजु बंधे बराती॥
कौशिक सतानंद तब जाई। कहा बिदेह नृपहिं समुझाई॥
अब दशरथ कहं आयसु देहू। यद्यपि छांड़ि न सकहु सनेहू
भलेहि नाथ कहि सचिव बुलाये। कहि जय जीव शीश तिन नाये
दो॰ अवध नाथ चाहत चलन भीतर करहु जनाव

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भये प्रेम बस सचिव सुनि बिप्र सभा सदराव
पुरवासी सुनि चली बराता। पूछन बिकल परस्पर बाता॥
सत्यगवन सुनि सब बिलखाने। मनहुं साझ सर सिज सकुचाने
जहं जहं आवत बसे बराती। तहं तहं सीधचला बहु भांती॥
बिबिध भांति मेवा पकवाना। भोजन साज न जाइ बखाना
भरि भरि बसु रथ कनक कहारा। पठये जनक अनेक सुआरा
तुरंग लाख रथ सहस पचीसा। सकल संवारे नख अरु सीसा
मत्त सहस दस सिंधुर साजे। जिनहि देखि दिसि कुंजर लाजे
कनक बसन मनि भरि भरि याना। महिषी धेनु बस्तु बिधि नाना
दो. दाइज अमित न सकिय कहि दीन्ह बिदेह बहोरि
जो अवलोकत लोकपति लोक संपदा थोरि
सब समाज इहि भांति बनाई। जनक अवधपुर दीन्ह पठाई
चलिहि बरात सुनत सब रानी। बिकल मीन गण जनु लघुपानी
पुनि पुनि सीय गोद करि लेहीं। देइ असीस सिखावन देहीं
होइहहु संतत पियहि पियारी। चिर अहिवात असीस हमारी
सास ससुर गुरु सेवा करेहू। पति रुख लखि आयसु अनुसरेहू
अति सनेह बस सखी सयानी। नारि धर्म सिखवहिं मृदु बानी
सादर सकल कुंवरि समुझाईं। रानिन बार बार उर लाईं॥
बहुरि बहुरि भेटहिं महतारी। कहहिं बिरंचि रची कत नारी॥
दो. तेहि अवसर भाइन सहित राम भानुकुलकेतु
चले जनक मंदिर मुदित बिदा करावन हेतु

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चारिउ भाइ सुभाय सुहाये। नगर नारि नर देखन धाये।
कोउ कह चलन चहत हहिं आजू। कीन्ह बिदेह बिदा कर साजू
लेहु नयन भरि रूप निहारी। प्रिय पाहुने भूप सुत चारी॥
को जाने केहि सुकृत सयानी। नयन अतिथि कीन्हे बिधि आनी
मरण शील जिमि पाव पियूषा। सुरतरु लहै जन्म कर भूखा
पावनारकी हरि गत जैसें। दूनकर दरशन हम कहं तैसें॥
निरखि राम शोभा उर धरहू। निज मन फणि मूरति मणि करहू
दूहि विधि सबहि नयनफलदेता। गये कुंवर सब राज निकेता

दो॰ रूप सिंधु सब बंधु लखि हरषि उठी रनिवासु
करहिं निछावरि आरती महा मुदित मनसासु

देखि रामछवि अति अनुरागी। प्रेम बिवस पुनि पुनि पद लागी
रही न लाज प्रीति उर छाई। सहज सनेह बरणि किमि जाई
भाइन सहित उबटि अन्हवाये। छरस असन अति हेतु जेंवाये
बोले राम सुअवसर जानी। शील सनेह सकुच मय बानी
राउ अवधपुर चहत सिधाये। बिदा होन हम इहां पठाये
मातु मुदित मन आयसु देहू। बालक जानि करब नित नेहू
सुनत बचन बिलखेउ रनिवासू। बोलि न सकहिं प्रेम बस सासू
हृदय लगाइ कुंवरि सब लीन्ही। पतिन सौंपि बिनती अति कीन्ही

छं॰ करि बिनय सिय रामहिं समर्पी जोरिकर पुनिपुनि कहै
बलि जाउं तात सुजान तुम कहं बिदित गति सबकी अहै
परिवार पुरजन मोहि राजहि प्राण प्रिय सिय जानिबी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तुलसी सुशील सनेह लखि निज किंकरी करि मानिबी
दो॰ तुम परिपूरण काम। जान सिरोमणि भाव प्रिय
जन गुण गाहक राम। दोष दलन करुणायतन
अस कहि रही चरण गहि रानी। प्रेम पंक जनु गिरा समानी ॥
सुनि सनेह सानी बर बानी। बहु बिधि राम सासु सनमानी
राम बिदा मांगत कर जोरी। कीन्ह प्रणाम बहोरि बहोरी ॥
पाइ असीस बहुरि सिर नाई। भाइन सहित चले रघुराई ॥
मंजु मधुर मूरति उर आनी। भई सनेह शिथिल सब रानी
पुनि धीरज धरि कुंवरि हंकारी। बार बार भेटहिं महतारी ॥
फुंचावहिं फिरि मिलहिं बहोरी। बढ़ी परस्पर प्रीति न थोरी
पुनि पुनि मिलहि सखिन बिलगाई। बालबत्स जनु धेनु लवाई
दो॰ प्रेम बिवस नर नारि सब सखिन सहित रनिवास
मानहुं कीन्ह बिदेह पुर करुणा विरह निवास ॥
सुक सारिका जानकी ज्याये। कनक पिंजरन राखि पढ़ाये
व्याकुल कहहिं कहां बैदेही। सुनि धीरज परिहरै न केही ॥
भये बिकल खग मृग एहि भांती। मनुज दशा कैसें कहि जाती
बंधु समेत जनक तब आये। प्रेम उमगि लोचन जल छाये
सीय बिलोकि धीरता भागी। रहे कहावत परम बिरागी
लीन्ह राउ उर लाइ जानकी। मिटी महा मर्य्याद ज्ञान की
समुझावत सब सचिव सयाने। कीन्ह विचार न अवसर जाने
बारहि बार सुता उर लाई। सजि सुंदर पालकी मंगाई ॥

टी॰ रा॰ बा॰ २३०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो· प्रेम बिबस परिवार सब जानि सुलगन नरेश
कुंवरि चढ़ाई पालकी। सुमिरे सिद्धि गणेश ॥
बहु बिधि भूप सुता समुझाई। नारि धर्म कुल रीति सिखाई
दासी दास दिये बहु तेरे। सुचि सेवक जे प्रिय सिय केरे
सीय चलत व्याकुल पुरबासी। होहि सगुण सुभ मंगल रासी
भूसुर सचिव समेत समाजा। संग चले पहुंचावन राजा ॥
रथ गज बाजि बरातिन साजे। दुंदुभि गहगहे बाजने बाजे
दशरथ बिप्र बोलि सब लीन्हे। दान मान परिपूरण कीन्हे
चरन सरोज धूरि धरि शीशा। मुदित महीपति पाइ असीसा
सुमिरि गजानन कीन्ह पयाना। मंगल मूल शकुन भये नाना

दो· सुर प्रसून बरषहिं हरषि करहिं अपछरा गान ॥
चले अवधपति अवधपुर मुदित बजाइ निसान

दो. रा. बा. २२१

नृप करि बिनय महाजन फेरे। सादर सकल मांगने टेरे ॥
भूषण बसन बाजि गज दीन्हे। प्रेम पोषि ठाढ़े सब कीन्हे
बार बार बिरदावलि भाषी। फिरे सकल रामहिं उर राखी ॥
बहुरि बहुरि कोशलपति कहहीं। जनक प्रेम बस फिरन चहहीं
पुनि कह भूपति बचन सुहाये। फिरिय महीपदूरि बड़ि आये
राउ बहोरि उतरि भये ठाढ़े। प्रेम प्रवाह बिलोचन बाढ़े ॥
तब बिदेह बोले कर जोरी। बचन सनेह सुधा जनु बोरी
करौं कवन बिधि बिनय सुहाई। महाराज मोहि दीन्ह बड़ाई

दो· कोशलपति समधी सजन सनमाने सबभांति

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मिलन परस्पर विनय अति प्रीति न हृदय समाति
मुनि मंडली जनक शिर नावा। आशिर्वाद सबहि सन पावा
सादर पुनि भेटे जा माता। रूप शील गुण निधि सब भ्राता
जोरि पंकरुह पाणि सोहाये। बोले बचन प्रेम जनु जाये
राम करौं केहि भांति प्रशंसा। मुनि महेश मन मानस हंसा
करहिं योग योगी जेहि लागी। कोह मोह ममता मद त्यागी
व्यापक ब्रह्म अलख अविनाशी। चिदानंद निर्गुण गुण राशी
मन समेत जेहि जान न बानी। तरकि न सकहिं सकल अनुमानी
महिमा निगम नेति कहि कहहीं। जो तिहुकाल एक रस रहहीं

दो. नयन विषय मो कहं भयउ सो समस्त सुख मूल
सबहि लाभ जग जीव कहं। भये ईश अनुकूल

सबहि भांति मोहि दीन्ह बड़ाई। निजजन जानि लीन्ह अपनाई
होइ सहस दस शारद शेषा। करहिं कल्प कोटिक भरि लेखा
मोर भाग्य राउर गुण गाथा। कहि न सिराहिं सुनिय रघुनाथा
मैं कछु कहौं एक बल मोरे। तुम रीझहु सनेह सुठि थोरे
बार बार मांगौं कर जोरें। मन परिहरै चरण जनि भोरे
सुनि बर बचन प्रेम जनु पोषे। पूरण काम राम परितोषे
करि बर विनय ससुर सनमाने। पितु कौशिक वशिष्ठ सम जाने
विनती बहुत भरत सन कीन्ही। मिलि सप्रेम पुनि आशिष दीन्ही

दो. मिले लषण रिपुसूदनहिं दीन्ह अशीश महीश
भये परस्पर प्रेम बस। फिरि फिरि नावहिं शीश

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बार बार करि बिनय बड़ाई। रघुपति चले संग सब भाई
जनक गहे कौसिक पद जाई। चरणरेणु सिर नयनन लाई
सुनि मुनीस लखि दरसन तोरे। अगम न कछु प्रतीति मन मोरे
जो सुख सुयस लोकपति चहहीं। करत मनोरथ सकुचत अहहीं
सो सुख सुयस सुलभ मोहि स्वामी। सब विधि नव दरसन अनुगामी
कीन्ह बिनय पुनि पुनि सिरनाई। फिरे महीपति आसिष पाई
चली बरात निसान बजाई। मुदित छोट बड़ सब समुदाई
रामहिं निरखि ग्राम नर नारी। पाइ नयन फल होहिं सुखारी
दो॰ बीच बीच बर बास करि। मग लोगन सुख देत
अवध समीप पुनीत दिन पहुंची आय जनेत
हने निसान पणव बहु बाजे। भेरि संख धुनि हय गय गाजे
झांझ मृदंग डिम डिमी सुहाई। सरस राग बाजहि सहनाई
पुरजन आवत अकनि बराता। मुदित सकल पुलकावलि गाता
निज निज सुंदर सदन संवारे। हाट बाट चौहट पुर द्वारे
गली सकल अरगजा सिंचाई। जहं तहं चौके चारु पुराई
बना बजार न जात बखाना। तोरण केतु पताक बिताना
सुफल पुंगफल कदलि रसाला। रोपे बकुल कदंब तमाला
लगे सुभग तरु परसत धरणी। मणिमय आल बाल कल करणी
दो॰ विविधि भांति मंगल कलश गृह गृह रचे संवारि
सुर ब्रह्मादि सिहाहिं सब रघुवर पुरी निहारि
भूप भवन तेहि अवसर सोहा। रचना देखि मदन मन मोहा

टी॰ रा॰ बा॰ २३३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मंगल सगुन मनोहरताई ॥ रिधि सिधि सुख संपदा सुहाई
जनु उछाह सब सहज सुहाये । तनु धरि धरि दशरथ गृह आये
देखन हेतु राम बैदेहीं । कहहु लालसा होइ न केहीं
यूथ यूथ मिलि चलीं सुआसिनि । निजछबि निदरहिं मदन विलासिनि
सकल सुमंगल सजे आरती । गावहिं जनु बहु बेष भारती
भूपति भवन कुलाहल होई । जाइ न बरणि समय सुख सोई
कौशिल्यादि राम महतारी । प्रेम विवस तनु दशा बिसारी
दो· दिये दान बिप्रन विपुल । पूजि गणेश पुरारि
प्रमुदित परम दरिद्र जनु । पाइ पदारथ चारि
टी० रा० बा० २२४
प्रेम प्रमोद बिबस सब माता । चलहिं न चरण शिथिल भए गाता
राम दरस हित अति अनुरागी । परिछन साज सजन सब लागी
विविध विधान बाजने बाजे । मंगल मुदित सुमित्रा साजे ॥
हरद दूब दधि पल्लव फूला । पान फूल फल मंगल मूला
अक्षत अंकुर रोचन लाजा । मंजुल मंजरि तुलसि बिराजा
छुहे पुरट घट सहज सुहाये । मदन शकुनि जनु नीड़ बनाये
शकुन सुगंधन जाहिं बखानी । मंगल सकल सजहिं सब रानी
रची आरती विविध विधाना । मुदित करहिं कल मंगल गाना
दो· कनक थार भरि मंगलन्ह कमल करनि लिये मातु
चली मुदित परिछन करन पुलक पल्लवित गातु
धूप धूम नभ मेचक भयऊ । सावन घन घमंड जनु छयऊ
सुरतरु सुमन माल सुर बरषहिं । मनहुं बलाक अवलि मनकरषहिं

मंजुल मणि मय बंदन बारा। मनहुं पाक रिपु चाप सँवारा
प्रगटहिं दुरहिं अटन्ह पर भामिनि। चारु चपल जनु दमकहिं दामिनि
दुन्दुभि धुनि घन गरजहिं घोरा। याचक चातक दादुर मोरा॥
शुचि सुगंध कहुं बरषहिं बारी। सुखी सकल शशिपुर नरनारी
समय जानि गुरु आयसु दीन्हा। पुर प्रवेश रघुकुल मणि कीन्हा
सुमिरि शंभु गिरिजा गणराजा। मुदित महीपति सहित समाजा
दो॰ होहिं शकुन बरषहिं सुमन सुर दुन्दुभी बजाइ
विबुध वधू नाचहिं मुदित मंजुल मंगल गाइ
मागध सूत बंदि नट नागर। गावहिं यश तिहुं लोक उजागर
जय धुनि विमल बेद बर बानी। दश दिश सुनिय सुमंगल सानी
बिपुल बाजने बाजन लागे। नभ सुर नगर लोग अनुरागे
बने बराती वरणि न जाहीं। महा मुदित मन सुखन समाहीं
पुरवासिन्ह तब राउ जोहारे। देखत रामहिं भये सुखारे
करहिं निछावरि मणि गण चीरा। बारि बिलोचन पुलक शरीरा
आरति करहिं मुदित पुर नारी। हरषहिं निरखि कुंवर बर चारी
शिबिका सुभग ओहार उघारी। देखि दुलहिनिन्ह होहिं सुखारी
दो॰ एहि विधि सबही देत सुख आये राज दुआर
मुदित मातु परिछन करहिं बधुन समेत कुमार
करहिं आरती बारहिं बारा। प्रेम प्रमोद कहै को पारा॥
भूषण मणि पट नाना जाती। करहिं निछावरि अगणित भांती
बधुन समेत देखि सुत चारी। परमानंद मगन महतारी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पुनि पुनि सीय राम छवि देखी। मुदित सफल जग जीवन लेखी
सखी सीय मुख पुनि पुनि चाही। गान करहिं निज सुकृत सराही
बरषहिं सुमन छनहिं छन देवा। नाचहिं गावहिं लावहिं सेवा
देखि मनोहर चारिउ जोरी। शारद उपमा सकल ढंढोरी ॥
देत न बनहिं निपट लघु लागी। एकटक रही रूप अनुरागी
दो॰ निगम नीति कुल रीति करि अरघ पाँवड़े देत
बधुन सहित सुत परिछि सब चलीं लिवाइ निकेत
चारि सिंहासन सहज सुहाये। जनु मनोज निज हाथ बनाये
तिन पर कुँवरि कुँवर बैठारे। सादर पाय पुनीत पखारे ॥
धूप दीप नैवेद्य बेद विधि। पूजे वर दुलहिनि मंगल निधि
बारहिं बार आरती करहीं। व्यजन चारु चामर सिर ढरहीं
बस्तु अनेक निछावरि होहीं। भरी प्रमोद मातु सब सोहीं
पाया परम तत्व जनु योगी। अमृत लही जनु संत बियोगी
जनम रंक जनु पारस पावा। अंधहि लोचन लाभ सुहावा
मूक बदन जस शारद छाई। मानहु समर सूर जय पाई
दो॰ इहि सुख ते शत कोटि गुण पावहिं मातु अनंद
भाइन सहित बिआहि घर आये रघुकुल चंद
लोक रीति जननी करहिं बर दुलहिनि सकुचाहिं
मोद बिनोद बिलोकि बड़ राम मनहिं मुसुकाहिं
देव पितर पूजे बिधि नीकी। पूजी सकल बासना जीकी
सबहि बंदि मांगहि बरदाना। भाइन सहित राम कल्याना

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अंतर हित सुर आशिष देहीं। मुदित मातु अंचल भरि लेहीं
भूपति बोलि बरातिन्ह लीन्हे। यान बसन मनि भूषण दीन्हे
आयसु पाइ राखि उर रामहिं। मुदित गये सब निज निज धामहिं
पुर नर नारि सकल पहिराये। घर घर बाजहिं अनंद बधाये
याचक जन याचहिं जोइ जोई। प्रमुदित राउ देहिं सोइ सोई
सेवक सकल बजनिया नाना। पूरन किये दान सनमाना॥

दो॰ देहिं अशीश जुहारि सब गावहिं गुण गण गाथ
तब गुरु भूसुर सहित गृह गवन कीन्ह रघुनाथ

जो वशिष्ठ अनुशासन दीन्हा। लोक वेद विधि सादर कीन्हा
भूसुर भीर देखि सब रानी। सादर उठीं भाग्य बड़ जानी
पाय पखारि सकल अन्हवाये। पूजि भली विधि भूप जेंवाये
आदर दान प्रेम परि पोषे। देत अशीश चले मन तोषे।
बड़ विधि कीन्ह गाधिसुत पूजा। नाथ मोहि सम धन्य न दूजा
कीन्ह प्रशंसा भूपति भूरी। रानिन्ह सहित लीन्ह पग धूरी
भीतर भवन दीन्ह बर बासू। मन जोगवत रह नृप रनिवासू
पूजे गुरु पद कमल बहोरी। कीन्ह बिनय मन प्रीति न थोरी

दो॰ बधुन समेत कुमार सब रानिन सहित महीश
पुनि पुनि बंदत गुरु चरण देत अशीश मुनीश

बिनय कीन्ह उर अति अनुरागे। सुख संपदा राखि सब आगे
नेग मांगि मुनि नायक लीन्हा। आशिर बाद बहुत विधि दीन्हा
उर धरि रामहिं सीय समेता। हरषि कीन्ह गुरु गवन निकेता

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विप्र बधू कुल वृद्ध बुलाई ।चीर चारु भूषण पहिराई ॥
बहुरि बुलाइ सुआसिनि लीन्हा।रुचि बिचारि पहिरावन दीन्हा
नेगी नेग योग सब लेहीं । रुचि अनुरूप भूप मणि देहीं
प्रिय पाहुने पूज्य जे जाने।भूपति भली भांति सनमाने
देव देखि रघुबीर बिबाहू। ।बरषि प्रसून प्रशंसि उछाहू
दो· चले निशान बजाइ सुर निज निज पुर सुख पाइ
कहत परस्पर राम यश हर्ष न हृदय समाइ ॥
सब बिधि सबहि समदि नर नाहू।रहा हृदय भरि पूरि उछाहू ॥
जहं रनिवास तहां पगु धारे। सहित बधूटिन कुंवर निहारे
लिये गोद करि मोद समेता।को कहि सकै भयउ सुख जेता
बधू सप्रेम गोद बैठारी ।बार बार हिय हरषि दुलारी॥
देखि समाज मुदित रनिवासू। सब के उर आनंद किय बासू
कहेउ भूप जिमि भयेउ बिबाहू।सुनि सुनि हरष होत सब काहू
जनक राज गुण शील बड़ाई।प्रीति रीति संपदा सुहाई॥
बहु बिधि भूप भाट जिमि बरणी। रानी सब प्रमुदित सुनि करणी
दो· सुतन समेत नहाइ नृप बोलि लिये गुरु ज्ञाति
भोजन कीन्ह अनेक बिधि घरी पांच गइ राति
मंगल गान करहिं वर भामिनि।भइ सुख मूल मनोहर गामि
अचै पान सब काहुन पाये।अंग सुगंध भूषित छबि छाये
रामहिं देखि रजायसु पाई । निज निज भवन चले शिर नाई
प्रेम प्रमोद बिनोद बड़ाई । समय समाज मनोहर ताई ॥

टी· रा· बा· २२८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहि न सकहिं श्रुति शारद सेसू। बेद बिरंचि महेस गनेसू
सो मैं कहौं कवन बिधि बरणी। भूमि नाग सिर धरै कि धरणी
नृप सब भांति सबहि सनमानी। कहि मृदु बचन बुलाई रानी
बधू लरिकिनी पर घर आई। राखेउ नयन पलक की नांई
दो॰ लरिका श्रमित उनींद बस सयन करावहु जाइ
अस कहि गे बिश्राम गृह राम चरण चितलाइ
भूप बचन सुनि सहज सुहाये। जड़ित कनक मणि पलंग डसाये
सुभग सुरभि पय फेनु समाना। कोमल कलित सुपेती नाना
उप बरहन बर बरनि न जाहीं। स्त्रग सुगंध मणि मंदिर माहीं
रतन दीप सुठि चारु चंदोवा। कहत न बने जान जेहि जोवा
सेज रुचिर रचि राम उठाये। प्रेम समेत पलंग पौढ़ाये॥
आज्ञा पुनि पुनि भाइन दीनी। निज निज सेज शयन तिनकीनी
देखि श्याम मृदु मंजुल गाता। कहहिं सप्रेम बचन सब माता
मारग जात भयावन भारी। केहि बिधि तात ताड़का मारी
दो॰ घोर निशाचर बिकट भट समर गने नहिं काहु
मारे सहित सहाय किमि खल मारीच सुबाहु
मुनि प्रसाद बलि तात तुम्हारे। ईश अनेक करवरे टारे॥
मख रखवारी करि दुहुं भाई। गुरु प्रसाद सब बिद्या पाई॥
मुनि तिय तरी लगत पगधूरी। कीरति रही भुवन भरि पूरी
कमठ पीठ पबि चाहि कठोरा। नृप समाज महं शिव धनु तोरा
बिश्व बिजय यश जानकि पाई। आये भवन ब्याहि सब भाई

बी॰ ए॰ बा॰ २२८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सकल अमानुष कर्म तुम्हारे। केवल कौशिक कृपा सुधारे
अनु सुफल जग जन्म हमारे। देखि तात बिधु बदन तुम्हारे
जे दिन गये तुमहिं बिनु देखे। ते बिरंचि जनि पारहिं लेखे

दो॰ राम मनोषी सबु सब कहि बिनती बर बयन।
सुमिरि शंसु गुरु विप्र पद किये नींद बस नयन

नींदउ बदन सोह सुठि लोना। मनहुं साझ सरसीरुह सोना
घर घर करहिं जागरण नारी। देहिं परस्पर मंगल गारी
पुरी बिराजति राजत रजनी। रानी कहहिं बिलोकहु सजनी
सुंदर बधुन सासु लै सोई। फनि पति जनु शिर मणि उर गोई
प्रात पुनीत काल प्रभु जागे। अरुण चूड़ बर बोलन लागे
बंदी मागध गुण गण गाये। पुरजन द्वार जुहारन आये
बंदि बिप्र सुरगुरु पितु माता। पाइ अशीश मुदित सब भ्राता
जननिन्ह सादर बदन निहारे। भूपति संग द्वार पगु धारे॥

दो॰ कीन्ह शौच सब सहज शुचि सरित पुनीत नहाइ
प्रात किया करि तात पहं आये चारिउ भाइ

भूप बिलोकि लिये उर लाई। बैठे हरषि रजायसु पाई॥
देखि राम सब सभा जुड़ानी। लोचन लाभ अवधि अनुमानी
पुनि बशिष्ठ मुनि कौशिक आये। सुभग आसनन्ह मुनि बैठाये
सुतन समेत पूजि पद लागे। निरखि राम दोउ उर अनुरागे
कहहिं बशिष्ठ धर्म इतिहासा। सुनहिं महीप सहित रनिवासा
मुनि धन अगम गाधि सुत करणी। मुदित बशिष्ठ बिपुल बिधि बरणी

बोले बामदेव सब सांची । कीरति कलित लोक तिहुं मांची
सुनि आनंद भयउ सब काहू । राम लषण उर अधिक उछाहू
दो॰ मंगल मोद उछाह नित । जांहि दिवस इहि भांति
उमगी अवध अनंद भरि अधिक अधिक अधिकांति
सुदिन साधि कर कंकण छोरे । मंगल मोद विनोद न थोरे
नित नव सुख सुर देखि सिहाहीं । अवध जन्म याचहिं विधि पाहीं
विश्वामित्र चलन नित चहहीं । राम स प्रेम विनय बस रहहीं
दिन दिन सद गुण भूपति भाऊ । देखि सराह महा मुनि राऊ ॥
मांगत विदा राउ अनुरागे । सुतन समेत ठाढ़ भये आगे
नाथ सकल संपदा तुम्हारी । मैं सेवक समेत सुत नारी ॥
करब सदा लरिकन पर छोहू । दरसन देत रहब मुनि मोहू
अस कहि राउ सहित सुत रानी । परे चरण मुख आवन बानी
दीन्ह अशीस विप्र बहु भांती । चले न प्रीति रीति कहि जाती
राम सप्रेम सङ्ग सब भाई । आयसु पाइ फिरे पहुंचाई ॥
दो॰ राम रूप भूपति भगति । ब्याह उछाह अनन्द
जात सराहत मनहिं मन मुदित गाधि कुलचन्द
बामदेव रघुकुल गुरु ज्ञानी । बहुरि गाधि सुत कथा बखानी
सुनि सुनि सुयश मनहिं मन राऊ । बरणत आपन पुण्य प्रभाऊ
बहुरे लोग रजायसु भयऊ । सुतन समेत नृपति गृह गयऊ
जहं तहं राम ब्याह यश गावा । सुयश पुनीत लोक तिहुं छावा
आये ब्याहि राम घर जबतें । बसे अनन्द अवध सब तबतें

व्यवहार चरित्र
दि अपार हैं जो
साईं जी दीनता
पूर्वक उपकारार्थ
बरनत भए ३६१
इति बालकाण्ड प्रसं
गअंग समाप्तम्

टी॰
रा॰ बा॰
२३२

श्लोक ७ चौपाई २९७९ छंद ३९ सोरठा ३६ दोहा ३६१

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु विवाह जस भयउ उछाहू। सकहिं न बरणि गिरा अहिनाहू
कबि कुल जीवन पावन जानी। राम सीय यश मंगल खानी
तेहि ते मैं कछु कहा बखानी। करण पुनीत हेतु निज बानी
छं. निज गिरा पावन करण कारण राम यश तुलसी कह्यो
रघुबीर चरित अपार बारिधि पार कबि कवने लह्यो
उपबीत ब्याह उछाह मंगल सुनहिं सादर गावहीं
बैदेहि राम प्रसाद ते जन सर्वदा सुख पावहीं ॥
सुन गाय कहौं गिरीश कन्या धन्य अधिकारी सही
नित प्रीति नूतन सुनत हरि गुण भक्ति अनुपमतें लही
रघुबीर पद अनुराग जल लो भाग बेग बुझावई
यह जान तुलसीदास मन क्रम बचन हरिगुण गावई
दो. कठिन काल मल ग्रसित तनु साधन कछु न होइ
यह बिचारि बिश्वास करि हरि सुमिरै बुध सोइ ॥
सो. मन हरि पद अनुराग। करहु त्याग नाना कपट
महा मोह निशि जाग। सोवत बीते कालबहु
सिय रघुबीर बिबाह। जे सप्रेम सादर सुनहिं
तिन कहं सदा उछाह। मंगलायतन राम यश
इतिश्री राम चरित मानसे सकल कलि कलुष बिध्वं
सने द्वितीय बिज्ञान बैराग्य संतोष सम्पादनो नाम
तुलसी कृत बालकाण्ड प्रथमस्सोपानः समाप्तः ॥
लिखितं दरसोहन दास

टी. रा. बा. २३२

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह मूर्ति नृसिंहावतार की



अयोध्या काण्डः २

श्री गणेशायनमः श्लोक वामांकेच विभाति भूधर सुता
देवाप गामस्तके भाले बाल विदुर्गलेच गरलं यस्यो रसि
व्याल राट् सोयं भूति विभूषणः सुरवरः सर्वाधिपः सर्वदा
सर्वः सर्वगतः शिवः शशि निभः श्रीशंकरः पातुमां १ नीलां
बुजं श्यामल कोमलांगं सीता समारोपित वाम भागंपाणौ
महा शायक चारु चापं नमामि रामं रघुवंश नाथम् ॥२॥

प्रसन्नतां योन गतो भिषेकस्तथा नमम्लौबन वास दुःखितः
मुखांबुज श्री रघुनंदनस्य में सदास्तु सा मंजुल मंगल
प्रदा ॥३॥ अग्रे भाषा दोहा ॥

दो॰ श्री गुरु चरण सरोज रज निज मन मुकुर सुधार
बरणौं रघुबर बिशद यश जो दायक फल चार

जबते राम ब्याह घर आये। नित नव मंगल मोद बधाये
भुवन चारि दश भूधर भारी। सुकृत मेघ बरषहिं सुख बारी
रिधि सिधि संपति नदी सुहाई। उमगि अवधि अंबुधि कहं आई
मणि गण पुर नर नारि सुजाती। शुचि अमोल सुंदर सब भांती
कहि न जाइ कछु नगर बिभूती। जनु इतनी बिरंचि कर तूती
सब बिधि सब पुर लोग सुखारी। रामचंद्र मुख चंद्र निहारी
मुदित मातु सब सखी सहेली। फलित बिलोकि मनोरथ केली
राम रूप गुण शील सुभाऊ। प्रमुदित होहिं देखि मुनि राऊ

दो॰ सबके उर अभिलाष अति कहहिं मनाइ महेश
आप अछत युव राज पद रामहिं देहिं नरेश

एक समय सब सहित समाजा। राज सभा रघुराज बिराजा
सकल सुकृति मूरति नर नाहू। राम सुयश सुन अतिहि उछाहू
नृप सब रहहिं कृपा अभिलाषे। लोकप रहहिं प्रीति रुष राषे
त्रिभुवन तीन काल जग माहीं। भूरि भाग दशरथ सम नाहीं
मंगल मूल राम सुत जासू। जो कछु कहिय थोर सब तासू
राउ सुभाउ मुकुर कर लीन्हा। बदन बिलोकि मुकुट सम कीन्हा

CC-0. In Public Domain. Digitized by Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

श्रवण समीप भए सित केशा। मनहु जरठपन अस उपदेशा
नाम श्रवण जनु कहत बुढ़ाई। राम हिं राज्य देहु किन जाई
नृप युवराज राम कहं देहू। जीवन जन्म सुफल करि लेहू ॥
दो॰ अस बिचारि उर आनि नृप सुदिन सुअवसर पाइ
तन पुलकित मन मुदित अति गुरुहि सुनायउ जाइ
कहेउ भुआल सुनिय मुनि नायक। भए राम सब बिधि सब लायक
सेवक सचिव सकल पुरबासी। जे हमार अरि मित्र उदासी
सबहि राम प्रिय जेहि बिधि मोही। प्रभु अशीष जनु तनु धरि सोही
बिप्र सहित परिवार गुसाईं। करहिं छोह सब रौरिहि नाईं ॥
जे गुरु चरण रेणु शिर धरहीं। ते जनु सकल बिभव बस करहीं
मोहि सम यह अनुभयउ न दूजे। सब पायउ पद पावन पूजे
अब अभिलाष एक मन मोरे। पूजिहि नाथ अनुग्रह तोरे ॥
मन प्रसन्न लखि सहज सनेहू। कहेउ नरेश रजायसु देहू ॥

दो॰ राजन राउर नाम यश सब अभिमत दातार ॥
फल अनुगामी महिप मणि मन अभिलाष तुम्हार

सब बिधि गुरु प्रसन्न जिय जानी। बोलेउ राउ बिहंसि मृदु बानी
नाथ राम कीजिय युव राजू। कहिय कृपा करि करिय समाजू
मोहि अछत अस होउ उछाहू। लहहिं लोग सब लोचन लाहू
प्रभु प्रसाद शिव सबै निबाही। यह लालसा एक मन माही

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पुनि न शोच तनु रहहि कि जाऊ जेहि न होइ पाछे पछिताऊ
सुनि सुनि दशरथ बचन सुहाए। मंगल मोद मूल मन भाए
सुनि नृप जासु बिमुख पछिताहीं। जासु भवन बिनु जरनि न जाहीं
भयउ तुम्हार तनय सो स्वामी। राम पुनीत प्रेम अनुगामी
दो॰ बेग बिलंबन करिय नृप साजिय सबहि समाजु
सुदिन सुमंगल तबहिं जब राम होहिं युव राजु
मुदित महीपति मंदिर आए। सेवक सचिव सुमंत्र बुलाए
कहि जय जीव शीश तिन्ह नाए। भूप सुमंगल बचन सुनाए
जो पंचहिं मत लागै नीका। करहु हरषि हिय रामहिं टीका
मंत्री मुदित सुनत प्रिय बानी। अभिमत बिरव परेउ जनु पानी
बिनती सचिव करहिं कर जोरी। जियहु जगत पति बरष करोरी
जग मंगल भल काज बिचारा। बेगिय नाथ न लाइय बारा॥
नृपहिं मोद सुनि सचिव सुभाषा। बढ़त बौड़ जनु लही सुसाखा
दो॰ कहेउ भूप मुनि राज कर जोइ जोइ आयसु होइ
राम राज अभिषेक हित बेगि करहु सोइ सोइ

टी॰ रा॰ अ॰ ४

हरष मुनीश कहेउ मृदु बानी। आनहु सकल सुतीरथ पानी
औषध मूल फूल फल पाना। कहे नाम गनि मंगल नाना
चामर चमर बसन बहु भांती। रोम पाट पट अगनित जाती
मनि गन मंगल बस्तु अनेका। जो जग जोगु भूप अभिषेका
बेद बिहित कहि सकल बिधाना। कहेउ रचेउ पुर बिबिध बिताना

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri Gyaan Kosha

सफल रसाल पुंग फल केरा। रोपहु बीथिन पुर चहुं फेरा॥
चहुं मंजु मनि चौंके चारू। कहेउ बनाइन बेगि बजारू॥
पूजहु गणपति गुरु कुल देवा। सब बिधि करहु भूमि सुर सेवा
दो॰ ध्वज पताक तोरण कलश सजहु तुरग रथ नाग॥
सिर धरि मुनिवर बचन सब निज निज काजहिं लाग
सुनि सुमंत मन अति हरषाना। जीवन जन्म सुफल कर जाना दो॰
जहं तहं धावन कोटि पठाए। मंगल द्रव्य सकल लै आए॥
कनक कलश सज धरे दुवारे। गजरथ तुरंग अनेक संवारे
बहु बिधि बांधे बंदन वारा। ध्वज पताक मणि बसन अपारा
बनेहु नगर नहिं बरनि न जाई। सकल लोक शोभा पुर छाई
जेहि मुनीश जो आयसु दीन्हा। सो जनु काज प्रथमतेहि कीन्हा
मुनि मन इच्छा करन न पावा। सो सुमंत पहिलेहि ले आवा
बिप्र साधु सुर पूजत राजा। करत राम हित मंगल काजा
सुनत राम अभिषेक सुहावा। बाजु गहा गह अवध बधावा
राम सीय तनु शकुन जनाये। फरकहिं मंगल अंग सुहाये
पुलकि सप्रेम परस्पर कहहीं। भरत आगमन सूचक अहहीं
भए बहुत दिन अति अवसेरी। सगुन प्रतीति भेंटि प्रिय केरी
रामहि शोच वधू दिन राती। अंडन कमठ हृदय जेहि भांती
भरत सरस प्रिय को जग माहीं। यहि सगुन फल दूसर नाहीं
दो॰ तेहि अवसर मंगल परम सुनि हरषीं रनवासु।
शोभित लखि विधु बढ़त जनु बारिधि बीच बिलासु

टी॰ रा॰ अ॰ ५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रथम जाइ तिन्ह खबर सुनाये। भूषण बसन भूरि तिन्ह पाये
अंग पुलकि तनु मन अनुरागी। मंगल साज सजन सब लागी
चौके चारु सुमित्रा पूरे ॥ मणि मय बिबिध भांति अति रूरे
आनंद मगन राम महतारी। दिये दान बहु बिप्र हंकारी ॥
पूजेउ ग्राम देव सुर नागा। कहेउ बहोरि देन बलि भागा
बार बार गणपतिहि निहोरा। कीजिय सफल मनोरथ मोरा
भूप हृदय प्रभु प्रेरेहो जाई। मन दृढ़ होहि जो जिय में आई
जो कछु इच्छा करि मन माहीं। सो प्रभु होइ आन कछु नाहीं
जेहि विधि होइ राम कल्याना। देहु दया करि सो वरदाना ॥
गावहिं मंगल कोकिल बयनी। बिधु बदनी मृग सावक नयनी
दो॰ राम राज अभिषेक सुनि हिय हरषे नर नारि ॥
लगी सुमंगल सजन सब बिधि अनुकूल बिचारि
तब नरनाह बशिष्ठ बुलाये। राम धाम सिख देन पठाये
गुरु आगमन सुनत रघुनाथा। द्वार आइ नाये पद माथा
सादर अर्घ देइ घर आने। सोरह भांति पूजि सनमाने
गहे चरण सिय सहित बहोरी। बोले राम कमल कर जोरी
सेवक सदन स्वामि आगमनू। मंगल मूल अमंगल दमनू
तदपि उचित अस बोलि सप्रीती। पठइय नाथ काज अस नीती
प्रभुता तजि प्रभु कीन्ह सनेहू। भयेउ पुनीत आज मम गेहू
आयसु होइ सो करिय गुसांई। सेवक लहै स्वामि सेवकाई
दो॰ पुनि सनेह सने बचन सुनि रघुबरहि प्रशंस

टी॰ रा॰ अ॰ ६

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri Gyaan Kosha

राम कसन तुम कहहु अस हंस बंस अवतंस

बरणि राम गुण शील सुभाऊ। बोले प्रेम पुलकि मुनि राऊ

भूप सजेउ अभिषेक समाजू। चाहत देन तुमहि जुव राजू

राम करहु सब संजम आजू। जो बिधि कुशल निवाहें काजू

गुरु सिख देइ राउ पहं गयेऊ। राम हृदय अस बिस्मय भयेऊ

जनमे एक संग सब भाई। भोजन शयन केलि लरिकाई

कर्ण बेध उपवीत बिवाहा। संग संग सब भयउ उछाहा

बिमल बंश यह अनुचित एका। अनुज बिहाइ बड़ेहि अभिषेका

प्रभु सप्रेम पछितानि सुहाई। हरेउ भक्त मन की कुटिलाई

दो॰ तेहि अवसर आये लषण मगन प्रेम आनंद

सनमाने प्रिय बचन कहि रवि कुल कैरव चंद

टी॰ रा॰ अ॰ ७

बाजहिं बाजन बिबिध बिधाना। पुर प्रमोद नहिं जाइ बखाना

भरत आगमन सकल मनावहिं। आवहिं वेग नयन फल पावहिं

हाट बाट घर गली सुहाई। कहहिं परस्पर लोग लुगाई

काल लगन भल केतिक वारा। पूजिहि बिधि अभिलाष तुम्हारा

कनक सिंहासन सीय समेता। बैठहिं राम होइ चित चेता

सकल कहहिं कब होइहि काली। बिघ्न मनावहिं देव कुचाली

तिनहि सोहात न अवध बधावा। चोरहिं चांदनि रात न भावा

सारद बोलि बिनय सुर करहीं। बारहिं बार पांवलै परहीं

दो॰ विपति हमारि बिलोकि बड़ि मातु करिय सोइ आज

राम जाहिं बन राज तजि होइ सकल सुर काज

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain. Panini Kanya Maha Vidyalaya Collection. Digitized by eGangotri Gyaan Kosha

सुनि सुर बिनय ठाढ़ि पछिताती। भई सरोज बिपिन हिम राती
देखि देव पुनि कहहिं निहोरी। मातु तोहि नहिं थोरिउ खोरी
बिस्मय हर्ष रहित रघुराऊ। तुम जानहु रघुबीर सुभाऊ॥
जीव कर्म बस दुख सुख भागी। जइये अवध देव हित लागी
बार बार गहि चरण सकोची। चली बिचार बिबुध मति पोची
ऊंच निवास नीच करतूती। देखि न सकहिं पराइ बिभूती
आगिल काज बिचारि बहोरी। करिहैं चाह कुशल कवि मोरी
हरषि हृदय कोशल पुर आई। जनु ग्रह दशा दुसह दुख दाई

दो॰ नाम मंथरा मंद मति चेरी केकइ केरि॥
अयश पिटारी ताहि करि गई गिरा मति फेरि

देखि मंथरा नगर बनावा। मंगल मंजुल बाज बधावा॥
पूछेसि लोगन काह उछाहू। राम तिलक सुनि भा उर दाहू
करै बिचार कुबुद्धि कुजाती। होइ अकाज कवन बिधि राती
देखि लागु मधु कुटिल किराती। जिमि गव तकै लेउ केहि भांती
भरत मातु पहं गइ बिलखानी। का अनमनी रहसि कह रानी
उतरु न देइ सो लेइ उसांसू। नारि चरित करि ढारति आंसू
हंसि कहि रानि गाल बड़ तोरे। दीन लषन सिष अस मन मोरे
तबहु न बोलि चेरि बड़ि पापिनि। छाड़ै स्वास करि जनु सांपिनि

दो॰ सभय रानि कह कहसि किन कुशल राम महिपाल
भरत लषन रिपु दवन सुनि भा कुबरी उर साल॥

का सोवत सुहाग अभिमानी। निकट महा भय तून डरानी

टी॰ रा॰ अ॰ ९

कत सिख देइ हमहिं को माई। गाल करब केहि कर बल पाई
रामहिं छांड़ि कुशल केहि आजू। जाहि नरेश देत युवराजू ॥
भा कौशिल्यहि बिधि अति दाहिन। देखत गर्ब रहा उर नाहिन
देखहु कसन जाइ सोइ शोभा। जो अवलोकि मोर मन छोभा
पूत बिदेश न शोच तुम्हारे। जानति हो बस नांह हमारे
नींद बहुत प्रिय सेज तुराई। लखहु न भूप कपट चतुराई
सुनि प्रिय बचन कपट मन जानी। झुकि रानी अब रहु अरगानी
पुनि अस कबहु कहसि घर फोरी। तौ धरि जीह कटावौं तोरी
दो॰ काने खोरे कूबरे कुटिल कुचाली जानि ॥
तिय बिशेष पुनि चेरि कहि भरत मातु मुसकानि
प्रिय बादिनि सिख दीन्हेउ तोही। सपनेहु तोपर कोप न मोही
सुदिन सुमंगल दायक सोई। तोर कहा फुर जा दिन होई
जेठ स्वामि सेवक लघु भाई। यह दिन कर कुल रीति सुहाई
राम तिलक जो सांचेहु काली। मांगु देव मन भावति आली
कौशिल्या सम सब महतारी। रामहिं सहज सुभाव पियारी
मोपर करहिं सनेह बिशेषी। मैं करि प्रीति परीक्षा देषी
जो बिधि जन्म देइ कर छोहू। होहिं राम सिय पूत पतोहू
प्राणतें अधिक राम प्रिय मोरे। तिनके तिलक क्षोभ कस तोरे
अस प्रिय बचन सुनायो मोही। कहु मंथरा देहु का तोही
दो॰ भरत सपथ तोहि सत्य कहु परि हरि कपट दुराइ
हरष समय बिस्मय करसि कारण मोहि सुनाइ

बिदा होइ बन साज
टी॰
रा॰ अ॰
१०
सुत पिता समीप
जाइ बिदा भए ७६

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddh... Gangotri Gyaan Kosha

सुनत बचन मंथरा रिसानी। बोली बचन कपट छल सानी
एकहि बार आस सब पूजी। अब कछु कहब जीह कर दूजी
फोरे योग कपार अभागा। भलो कहत दुख रौरहु लागा
कहहु झूठ फुर बात बनाई। ते प्रिय तुमहिं करुइ मैं माई
हमहु कहब अब ठकुर सुहाती। नाहिं तो मौन रहब दिन राती
करि कुरूप बिधि परबस कीन्हा। बाचा साल हमैं बिधि दीन्हा
कोउ नृप होउ हमें का हानी। चेरि छाड़ि अब होब किरानी
जारे योग सुभाव हमारा। अनभल देखि न जाइ तुम्हारा
तातें कछुक बात अनुसारी। क्षमहु देवि बड़ चूक हमारी॥

दो॰ गूढ़ कपट प्रिय बचन सुनि तिय अधरन बुधरानि
सुर माया बस बैरिणिहि सुहृद जानि पतिआनि

सादर पुनि पुनि पूंछति ओही। सबरी गान मृगी जनु मोही
तस मति फिरी अहइ जसभावी। रहसी चेरि घात जनु फाबी
तुम पूंछउ मैं कहत डेराऊं। धरेउ मोरि घर फोरी नाऊं
जस प्रतीति बहु बिधि गढ़ि छोली। अवध साढ़ साती तब बोली
प्रिय सिय राम कहा तुम रानी। रामहिं तुम प्रिय सो फुरि बानी
रहा प्रथम अब ते दिन बीते। समउ फिरे रिपु होहिं पिरीते
भानु कमल कुल पोषन हारा। बिनु जल जारि करै सोइ छारा
जरि तुम्हारि चह सवति उपारी। रूंधहु करउपाय बर बारी॥

दो॰ तुम्हहिं न शोच सुहाग बल निज बस जानहु राउ
मन मलीन मुंह मीठ नृप राउर सरल सुभाउ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चतुर गंभीर राम महतारी। बीच पाइ निज बात संवारी
पठये भरत भूपननि औरे। राम मातु मत जानव रौरे॥
सेवहिं सकल सवति मोहि नीके। गरबित भरत मातु बल पीके
साल तुम्हार कौशिलहि माई। कपट चतुर नहिं होइ जनाई
राजहिं तुम पर प्रेम बिशेखी। सवति सुभाव सकइ नहिं देखी
रचि प्रपंच भूपहि अपनाई। राम तिलक हित लगन धराई
यह कुल उचित राम कहुं टीका। सबहिं सुहाय मोहि सुठि नीका
आगलि बात समुझ डर मोही। देउ दैउ फिर सो फल ओही
दो. रचि पचि कोटिक कुटिल पन कीन्हेसि कपट प्रबोधु
कहसि कथा सत सवति कै जेहि बिधि बाहु बिरोधु
भावी बस प्रतीति उर आई। पूछि रानि पुनि सपथ देवाई
का पूछहु तुम अवहु न जाना। निज हित अनहित पशु पहिचाना
भएउ पाख दिन सजत समाजू। तुम पाई सुधि मोहि सन आजू
खाइअ पहिरिय राज तुम्हारे। सत्य कहे नहिं दोष हमारे
जो असत्य कछु कहब बनाई। तौ बिधि देइहि हमहिं सजाई
रामहिं तिलक काल जो भएऊ। तुम कहं बिपति बीज बिधि बयऊ
रेख खचाइ कहौं बल भाखी। भामिनि भइहु वूध की माखी
जौ सुत सहित करहु सेवकाई। तौ घर रहहु न आन उपाई
दो. कद्रू बिनतहिं दीन्ह दुख तुमहि कौशिला देव
भरत बंदि गृह सेइहहिं लषन राम के नेव
कैकय सुता सुनत कटु बानी। कहि न सकइ कछु सहमि सु

टी. रा. अ. १२

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तनप सेव कदली जिमि कांपी। कुवरी दशन जीह तव चांपी
कहि कहि कोटिक कपट कहानी। धीरज धरेउ प्रबोधेसि रानी॥
कीन्हेसि कठिन पढ़ाइ कुपाठू। जिमि न नवइ फिरउ कठा काठू
फिरा करमु प्रिय लागि कुचाली। बकिहि सराहहि मनहुं मराली
सुनि मंथरा बात फुरि तोरी। दहनि आंख नित फरकहि मोरी
दिन प्रति देखउं राति कुसपनें। कहउं न तोहि मोह बस अपनें
कहा करौं सखि सूध सुभाऊ। दाहिन बाम न जानउं काऊ
दो॰ अपने चलत न आजु लगि अनभल काहुक कीन्ह
केहि अघ एकहि बार मोहि दैव दुसह दुख दीन्ह
नैहर जन्म भरव बरु आई। जियत न करव सवति सेवकाई
अरि बस दैव जिआवत जाही। मरनु नीक तेहि जीवन चाही
दीन बचन कह बहु बिधि रानी। सुनि कुवरी तिय माया ठानी
अस कस कहहु मानि मन ऊना। सुख सुहाग तुम कहं दिन दूना
जेहि राउर अति अनभल ताका। सोइ पाइहि यह फल परिपाका
जबतें कुमति सुना मैं स्वामिनि। भूषन बासर नींद न जामिनि
पूछेउ गुनिन्ह रेख तिन्ह खांची। भरत भुआल होंहि यह सांची
भामिनि करउत कहौं उपाऊ। है तुम्हरी सेवा बस राऊ॥
दो॰ परौं कूप तव बचन पर सकौं पूत पति त्यागि
कहसि मोर दुख देख बड़ि कसन करव हित लागि
कुबरी करि कबली कै केई। कपट छुरी उर पाहन टेई॥
लषइ न रानि निकट दुख कैसे। चरइ हरित तृन बलि पशु जैसे

टी॰ रा॰ अ॰ १३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनत बात मृदु अंत कठोरी। देति मनहुं मधु माहुर घोरी॥
कहइ चेरि सुधि अहइ कि नाहीं। स्वामिनि कहहु कथा मोहि पाहीं
दुइ बरदान भूप सन थाती। मांगहु आजु जुड़ावहु छाती
सुतहि राजु रामहिं बनबासू। देहु लेहु सब सवति हुलासू
भूपति राम सपथ जब करई। तब मांगेहु जेहि बचनु न टरई
होउ अकाजु आजु निसि बीते। बचन मोर प्रिय मानहु जीते
दो॰ बड़ कुघात करि पातकिनि कहेसि कोप गृह जाहु
काजु सवारेहु सजगु सब सहसा जनि पतिआहु
कुबरिहि रानि प्रान प्रिय जानी। बार बार बड़ि बुद्धि बखानी
तोहि सम हितु न मोहि संसारा। बहे जात कर भइसि अधारा
जो बिधि पुरब मनोरथु काली। करौं तोहि चख पूतरि आली
बहु बिधि चेरिहि आदरु देई। कोपभवन गवनी कैकेई॥
बिपति बीज बरषा रितु चेरी। भुइं भुंइ कुमति कैकेई केरी
पाइ कपट जल अंकुर जामा। बर दोउ दल दुख फल परिनामा
कोप समाजु साजि सबु सोई। राजु करत निज कुमति बिगोई
राउर नगर कोलाहलु होई। यह कुचालि कछु जान न कोई
दो॰ प्रमुदित पुर नर नारि सब सजहिं सुमंगल चार
इक प्रबिसहिं इक निर्गमहिं भीर भूप दरबार॥
बाल सखा सुनि हिय हरषाहीं। मिलि दस पांच राम पहं जाहीं
प्रभु आदरहिं प्रेम पहिचानी। पूछहिं कुसल खेम मृदु बानी
फिरहिं भवन प्रिय आयसु पाई। करत परस्पर राम बड़ाई

टी॰ रा॰ स॰ १४

को रघुवीर सरिस संसारा। सील सनेह निबाहन हारा॥
जेहि जेहि जोनि करम बस भ्रमहीं। तेहि तेहि ईसु देउ यह हमही
सेवक हम स्वामी सिय नाहू। होउ नाथ यह ओर निबाहू
अस अभिलाष नगर सब काहू। कैकै सुता हृदय अति दाहू
कोउ कुसंगति पाइ नसाई। रहै न नीच मते चतुराई॥
दो॰ साँझ समय सानंद नृपु गयो केकई गेह॥
गवनु निठुरता निकट किय जनु धरि देह सनेह
कोप भवन सुनि सकुचे राऊ। भय बस अगहुड़ परै न पाऊ
सुरपति बसइ बाहुबल जाके। नरपति सकल रहहिं रुख ताके
सो सुनि तिय रिस गयेउ सुखाई। देखहु काम प्रताप बड़ाई
सूल कुलिस असि अँगवनिहारे। ते रति नाथ सुमन सर मारे
सभय नरेस प्रिया पहं गयऊ। देखि दसा दुख दारुन भयऊ
भूमि सयन पटु मोट पुराना। दिये डार तन भूषन नाना
कुमतिहि कस कुबेषता फाबी। अन अहिवात सूच जनु भाबी
जाइ निकट नृप कहं मृदुबानी। प्रानप्रिया केहि हेतु रिसानी
छं॰ केहि हेतु रानि रिसानि परसत पानि पतिहि निबारही
मानहं सरोष भुअंग भामिनि बिषम भांति निहारही
दोउ बासना रसना दसन बर मरम ठाहरु देखई।
तुलसी नृपति भवितव्यता बस काम कौतुक लेखई
सो॰ बार बार कह राउ सुमुखि सुलोचनि पिक बचनि
कारन मोहि सुनाउ गज गामिनि निज कोप कर

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अनहित तोरि प्रिया केहि कीन्हा। केहि दुइ सिर केहि जमु चह लीन्हा
कहु केहि रंकहि करौं नरेशू। कहु केहि नृपहिं निकासउ देशू
सकौं तोर अरि अमरौं मारी। काहि कीट बपुरे नर नारी
जानसि मोर सुभाउब रोरू। मन तव आनन चंद चकोरू
प्रिया प्रान सुत सर्बस मोरे। परिजन प्रजा सकल बस तोरे
जों कछु कहउं कपट करि तोहीं। भामिनि सपथ राम सत मोहीं
बिहंसि मांगु मन भावति बाता। भूषन सजहिं मनोहर गाता
घरी कुघरी समुझि जिय देखू। बेगि प्रिया परिहरिहि कुबेखू

दो॰ यह सुनि मन गुनि सपथ बड़ि बिहंसि उठी मति मंद
भूषन सजति बिलोकि मृग मनहुं किरातनि फंद

टी॰ रा॰ अ॰ २६

पुनि कह राउ सुहृद जिय जानी। प्रेम पुलकि मृदु मंजुल बानी
भामिनि भएउ तोर मन भावा। घर घर नगर अनंद बधावा
रामहिं देउं काल युवराजू। सजहिं सुलोचनि मंगल साजू
दलकि उठेउ सुनि हृदय कषेरू। जनु छुइ गएउ पाकबर तोरू
ऐसेउ पीर बिहंसि तब गोई। चोर नारि जिमि प्रगट न रोई
लखी न भूप कपट चतुराई। कोटि कुटिल मनि गुरू पढ़ाई
जद्यपि नीति निपुन नर नाहू। नारि चरित जल निधि अवगाहू
कपट सनेह बढ़ाइ बहोरी। बोली बिहंसि नयन मुंह मोरी

दो॰ मांगु मांगु पै कहहु पिय कबहुं न देहु न लेहु
देव कहेउ बरदान दुइ तेइ पावत संदेहु॥

जानेउ सरम राउ हंसि कहई। तुम्हहिं को होव परम प्रिय अ

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

घातिन राखेउ मांगेउ काऊ। बिसर गयो मोहि मोर सुभाऊ
झूठेहु हमहिं दोष जनि देहू। दुइ कै चार मांग किन लेहू ॥
रघुकुल रीति सदा चलि आई। प्रान जाहु बर बचन न जाई
नहिं असत्य सम पातक पुंजा। गिरि सम होहि कि कोटिक गुंजा
सत्य मूल सब सुकृत सुहाये। बेद पुरान बिदित मुनि गाये
तेहि पर राम सपथ करि आई। सुकृत सनेह अवधि रघुराई
बात दृढ़ाइ कुमति हंसि बोली। कुमति कुबिहंग कुलह जनु खोली
दो॰ भूप मनोरथ सुभग बन सुख सु बिहंग समाज
भिल्लनि जिमि छांड़न चहति बचन भयंकर बाज
सुनहु पान पति भावत जीका। देहु एक बर भरतहिं टीका
मांगो दूसर बर कर जोरी। पुरवहु नाथ मनोरथ मोरी
तापस बेष बिशेष उदासी। चौदह बरष राम बनबासी
सुनि मृदु बचन भूप हिय सोकू। ससि कर छुअत बिकल जिमि कोकू
गएउ सहमि नहिं कछु कहि आवा। जनु सचान बन झपटेउ लावा
बिवरन भएउ निपट नरपालू। दामिनि हनेउ मनहु तरु तालू
मांथे हाथ मूदि दोउ लोचन। तनु धरि शोच लाग जनु सोचन
मोर मनोरथ सुर तरु फूला। फरत करिनि जिमि हतेउ समूला
अवध उतार कीन्ह कै केई। दीन्हेसि अचल बिपति कै नेई
दो॰ कवने अवसर का भएउ गयउ नारि बिश्वास ॥
जोग सिद्धि फल समय जिमि जतिहि अविद्या नास
एहि बिधि राउ मनहिं मन झाषा। देखि कुभांति कुमति मन माषा

टी॰
रा॰ अ॰
१७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भरथ कि राउर पूत न होहीं । आनेहु बोलि बिसाहि कि मोहीं
जो सुनि सर अब लागु तुम्हारे । कहिन बोलहु बचन संभारे
देहु उतरु अरु कहहु कि नाहीं । सत्य संध तुम रघुकुल माहीं
देन कहेउ अब जनि बर देहू । तजहु सत्य जग अपयश लेहू
सत्य सराहि कहेउ बर देना । जानेउ लेइहि मांगि चबेना
शिव दधीच बलि जो कछु भाषा । तनु धनु तजेउ बचन प्रण राषा
अति कटु बचन कहबि कैकेई । मानहु लोन जरे पर देई
दो॰ धरम धुरंधर धीर धरि नयन उघारे राय ॥ ॥
सिर धुन लीन उसास असि मारेसि मोहि कुठाय
आगे दीख जरति रिस भारी । मनहुं रोष तरवार उघारी
मूढ़ कुबुद्धि धार निठुराई । धरी कूबरी सान बनाई ॥
लखी महीप कराल कठोरा । सत्य कि जीवनु लेइहि मोरा
बोले राउ कठिन करि छाती । बानी सबिनय तासु सोहाती
प्रिया बचन कस कहसि कुभांती । भीरु प्रतीति प्रीति कर हांती
मेरे भरत राम दुइ आंखी । सत्य कहहुं करि शंकर साखी
अवसि दूत मैं पठउब प्राता । ऐहहिं वेगि सुनत दोउ भ्राता
सुदिन साधि सब साज सजाई । देउं भरत कहं राज बजाई
दो॰ लोभु न रामहि राज कर बहुत भरत पर प्रीति
मैं बड़ छोट बिचारि जिय करत रहेंउ नृपनीति
राम सपथ सत कहउं सुभाऊ । राम मातु कछु कहेउ न काऊ
मैं सब कीनु तोहि बिनु पूछें । तेहि तें परेउ मनोरथ छूछे

टी॰ रा॰ अ॰ २८

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रिस परि हर अब मंगल साजू। कछु दिन गये भरत युव राजू
एकहि बात मोर दुख लागा। बर दूसर अस मंजस मांगा
अजहुं न हृदय जरत तेहि आंचा। रिस परिहास कि सांचेउ सांचा
कह तजि रोष राम अपराधू। सब कोउ कहइ राम सुठि साधू
तुहूं सराहसि करसि सनेहू। अब सुनि मोहि भएउ संदेहू
जासु सुभाउ अरिहि अनुकूला। सो किमि करहि मातु प्रतिकूला
दो॰ प्रिया हास रिस परिहरहि मांग बिचार बिबेक
जेहि देखों अब नयन भरि भरत राज अभिषेक
जिऐ मीन बरु बारि बिहीना। मनि बिनु फनिकु जियै दुखदीना
कहउ सुभाव न कछु मन माहीं। जीवन मोर राम बिनु नाहीं
समुझि देखि जिय प्रिया प्रवीना। जीवन राम दरस आधीना
सुनि मृदु बचन कुमति अति जरई। मनहुं अनल आहुति घृत परई
कहइ करहु किन कोटि उपाया। इहां न लागहि राउरि साया
देहु कि लेहु असज करि नाहीं। मोहि न बहुत प्रपंच सोहाहीं
राम साधु तुम साधु सयाने। राम मातु भलि सब पहिचाने
जस कोसिला मोर भल ताका। तस फल उन्हहिं देहु करि साका
दो॰ होत प्रात मुनि बेष धरि जौन राम बन जाहिं
मोर मरन राउर अजस नृप समुझिय मन माहिं
अस कहि कुटिल भई उठ ठाढ़ी। मानहुं रोष तरंगिनि बाढ़ी॥
पाप पहार प्रगट भइ सोई। भरी क्रोध जल जाइ न जोई
दोउ बर कूल कठिन हठ धारा। भंवर कूबरी बचन प्रचारा॥

दो॰ रा॰ अ॰ १६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ढाहत भूप रूप तरु मूला। चली बिपति बारिधि अनुकूला
लखी नरेस बात सब साँची। तिय मिस मीचु सीस पर नाँची
गहि पद बिनय कीन्ह बैठारी। जनि दिनकर कुल होसि कुठारी
मागु माथ अबहीं देउँ तोही। राम बिरह जनि मारसि मोही
राखु राम कहुँ जेहि तेहि भाँती। जाहित जरहि जन्म भरि छाती
दो॰ देखी ब्याधि असाध नृप परेउ धरनि धुनि माथ
कहत परम आरत बचन राम राम रघुनाथ ॥
ब्याकुल राउ सिथिल सब गाता। करिनि कलप नरु मनहुँ बिपाता
कंठ सूख मुख आव न बानी। जनु पाठीन दीन बिनु पानी
पुनि कह कटु कठोर कैकेई। मनहुँ घाव महुँ माहुर देई
टी॰ रा॰ अ॰ २० जौ अंतहु अस करतब रहेऊ। माँगु माँगु तुम केहि बल कहेऊ
दुइ कि होंहि एक समय भुआला। हँसब ठठाइ फुलाउब गाला
दानि कहाउब अरु कृपनाई। होइ कि खेम कुसल रौताई
छाड़हु बचन कि धीरज धरहू। जनि अबला जिमि करुना करहू
तनु तिय तनय धाम धनु धरनी। सत्य संध कहुँ तृन सम बरनी
दो॰ मरम बचन सुनि राउ कह कहु कछु दोषु न तोर
लागेउ तोहि पिसाच जिमि काल कहावत मोर
चरत न भरत भूप पद भोरे। बिधि बस कुमति बसी उर तोरे
सो सब मोर पाप परिनामू। भयउ कुठाहर जेहि बिधि बामू
सुबस बसिहि फिर अवध सुहाई। सब गुन धाम राम प्रभुताई
करिहहिं भाइ सकल सेवकाई। होइहि तिहुँ पुर राम बड़ाई

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मोर कलंक ओर पछिताऊ। मुएहुँ न मिटहि न जाइहि काऊ
अब तोहि नीक लाग करु सोई। लोचन ओट बैठु मुंह गोई
जब लगि मिऊँ कहउँ कर जोरी। तब लगि जनि कछु कहसि बहोरी
फिर पछितैहसि अंतर नाही। मारसि गाय नहरु हि लागी
दो॰ परेउ राउ कहि कोटि बिधि काहे करसि निदान
कपट सयानिन कहति कछु जागति मनहुं मसान
राम राम रट बिकल भुआलू। जनु बिनु पंखहि बिहंग बिहालू
हृदयं मनाव भोरु जनि होई। रामहिं जाइ कहइ जनि कोई
उदय करहु जनि रबि रघुकुलगुर। अवध बिलोकि सूलहोइहि उर
भूप प्रीति कैकेइ कठिनाई। उभय अवधि बिधि रची बनाई
बिलपति नृपहि भयउ भिनुसारा। बीना बेनु संख धुनि द्वारा
पढ़हिं भाट गुन गावहिं गायक। सुनत नृपहिं जनु लागहिं सायक
मंगल सकल सोहाइ न कैसे। सहगामिनिहि बिभूषण जैसे
तेहि निसि नींद परी नहिं काहू। राम दरस लालसा उछाहू
दो॰ द्वार भीर सेवक सचिव कहहिं उदित रबि देख
जागेउ अजहुं न अवध पति कारन कवन बिसेष
पिछले पहर भूप नित जागा। आजु हमहिं बड़ अचरजु लागा
जाहु सुमंत्र जगावहु जाई। कीजिय काजु रजायसु पाई॥
गए सुमंत्र तब राउर पाहीं। देखि भयानक जात डेराहीं
धाइ खाइ जनु जाइ न हेरा। मानहुं बिपति बिषाद बसेरा
पूंछे कोउ न उत्तर देई। गए जेहि भवन भूप कैकेई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहि जय जीव बैठ सिर नाई। देखि भूप गति गएउ सुखाई
शोच बिकल बिबरन महि परेऊ। मानहु कमल मूल परिहरेऊ
सचिव सभीत सकै नहिं पूंछी। बोली असुभ भरी सुभ छूछी
दो॰ परी न राजहिं नींद निसि हेतु जानु जगदीश ॥
राम राम रट भोर किय कहदु न मरम महीश
आनहु रामहि बेग बुलाई। समाचार तब पूंछेहु आई ॥
चलेउ सुमंत राउ रुख जानी। लखी कुचालि कीन्ह कछु रानी
शोच बिकल मग परइ न पाऊ। रामहिं बोलि कहहिं का राऊ
उर धरि धीरजु गयेउ दुआरे। पूंछहिं सकल देखि मनु मारे
समाधान कर सो सबही का। गयउ जहां दिनकर कुल टीका
राम सुमंतहि आवत देखा। आदर कीन्ह पिता सम लेखा
निरखि बदन कहं भूप रजाई। रघुकुल दीपहि चले लिवाई
राम कुभांति सचिव संग जाहीं। देखि लोग जहं तहं बिलखाहीं
दो॰ जाइ दीख रघुबंश मणि नरपति निपट कुसाजु
सहमि परेउ लखि सिंहनिहिं मनहुं बृद्ध गज राजु
सूखहि अधर जरहिं सब अंगू। मनहुं दीन मनि हीन भुअंगू
सरुख समीप देखि कैकेई। मानहु मीचु घरी गनि लेई
करुना मय मृदु राम सुभाऊ। प्रथम दीख दुख सुना न काऊ
तदपि धीर धरि समउ बिचारी। पूंछी मधुर बचन महतारी
मोहि कहु मात तात दुख कारन। करिय जतन जेहि होइ निवारन
सुनहु राम सब कारन एहू। राजहि तुम पर परम सनेहू

टी॰ रा॰ रा॰ २२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देन कहेउ मोहि दुइ बरदाना। मांगेउ जो कछु मोहि सुहाना॥
सो सुनि भयउ भूप उर सोचू। छोड़ि न सकहिं तुम्हार सकोचू॥

दो॰ सुत सनेह इत बचन उत संकट परेउ नरेस॥
सकहु तो आयसु धरहु सिर मेटहु कठिन कलेस॥

निधरक बैठि कहै कटु बानी। सुनत कठिनता अति अकुलानी
जीभ कमान बचन सर नाना। मनहु महिप मृदु लक्ष समाना॥
जनु कठोर पनु धरे धरीरू। सिखइ धनुष बिद्या बर बीरू॥
सब प्रसंग रघुपतिहि सुनाई। बैठि मनहुं तनु धरि निठुराई॥
मन मुसकाय भानु कुल भानू। राम सहज आनंद निधानू॥
बोले बचन बिगत सब दूषन। मृदु मंजुल जनु बाग बिभूषन॥
सुनु जननी सोइ सुतु बड़भागी। जो पितु मातु बचन अनुरागी॥
तनय मातु पितु तोषन हारा। दुर्लभ जननि सकल संसारा॥

दो॰ मुनि गन मिलन बिशेष बन सबहि भांति हित मोर
तेहि महं पितु आयसु बहुरि संमत जननी तोर॥

भरत प्राण प्रिय पावहिं राजू। विधि सब बिधि मोहि सन्मुख
जौ न जाउं बन ऐसेहु काजा। प्रथम गनिय मोहि मूढ़ समाजा॥
सेवहिं अरंड कल्प तरु त्यागी। परिहर अमृत लेहि बिष मागी॥
तेउन पाइ अस समय चुकाहीं। देखु बिचारि मातु मन माहीं॥
अंब एक दुख मोहि बिशेषी। निपट बिकल नर नायक देखी॥
थोरिहि बात पितहि दुखभारी। होति प्रतीति न मोहि महतारी॥
राउ धीर गुण उदधि अगाधू। भा मोहि तें कछु बड़ अपराधू॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जोतें मोहि न कहत कछु राऊ। मोरि सपथ तोहि कहु सतभाऊ
दो॰ सहज सरल रघुवर बचन कुमति कुटिल करि जान
चलइ जोंक जिमि बक्र गति जद्यपि सलिल समान
रहसी रानि राम रुख पाई। बोली कपट सनेह जनाई
सपथ तुम्हारि भरत कइ आना। हेतु न मैं कछु दूसर जाना
तुम अपराध जोग नहिं ताता। जननी जनक बंधु सुखदाता
राम सत्य जो सब कछु कहहू। तुम पितु मातु बचन रति अहहू
पितहि बुझाइ कहहु बलि सोई। चौथे पन जेहिं अजस न होई
तुम सम सुवन सुकृत जेहिं दीन्हे। उचित न तासु निरादर कीन्हे
लागहिं कुमुख बचन सुभ कैसे। मगह गयादिक तीरथ जैसे
रामहिं मातु बचन सब भाए। जिमि सुर सरि गत सलिल सुहाए
टी॰ रा॰ अ॰ २५
दो॰ गइ मुरुछा रामहि सुमिरि नृप फिरि करवट लीन्ह
सचिव राम आगमनु कहि बिनय समय सम कीन्ह
अविनय अकनि राम पगुधारे। धरि धीरज तब नयन उघारे
सचिव संभारि राउ बैठारे। चरन परत नृप राम निहारे
लिये सनेह बिकल उर लाई। गद मनि मनहुं फनिक फिरि पाई
रामहिं चितइ रहेउ नर नाहू। चला बिलोचन बारि प्रवाहू
सोक बिबस कछु कहइ न पारा। हृदय लगावत बारहिं बारा
बिधिहि मनाउ राउ मन माहीं। जेहि रघुनाथ न कानन जाहीं
सुमिरि महेसहि कहइ निहोरी। बिनती सुनहु सदा सिव मोरी
आसुतोष तुम अवढर दानी। आरति हरहु दीन जनु जानी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ तुम प्रेरक सब के हृदय सो मति रामहिं देहु
बचन मोर तजि रहहिं घर परिहर सील सनेहु

अयसु होउ वर सुयश नसाऊं। नरक परौं वरु सुरपुर जाऊं
सब दुख दुसह सहावहु मोही। लोचन ओट सदा जनि होही
अस मन गुणित राउ नहिं बोला। पीपर पात सरिस मन डोला
रघुपति पितहि प्रेम बस जानी। पुनि कछु कहेउ मातु अनुमानी
देश काल अवसर अनुसारी। बोले बचन विनीत विचारी
तात कहौं कछु करौं ढिठाई। अनुचित क्षमब जानि लरकाई
अति लघु बात लागि दुख पावा। काहुन कहि मोहि अथम जनावा
देखि गुसाइहिं पूछेउ माता। सुनि प्रसंग भा सीतल गाता

दो॰ मंगल समय सनेह बस शोच परिहरिय तात
आयसु देइय हरषि हिय कहि पुलके प्रभु गात

धन्य जन्म जग सीतल तासू। पितहि प्रमोद चरित सुनजासू
चारि पदारथ करतल ताके। प्रिय पितु मातु प्राण सम जाके
आयसु पालि जन्म फल पाई। आयेहौं बेगि जो होउ रजाई
बिदा मातु सन आवौं मागी। चलिहौं बनहिं बहुरि पग लागी
अस कहि राम गवन तब कीन्हा। भूप शोक बस उतर न दीन्हा
नगर व्याप गइ बात सुतीछी। छुवत चढ़ी जनु सबतनु बीछी
सुनि भये बिकल सकल नरनारी। बेल बिटप जनु देखु दवारी
जो जहं सुनै धुनै शिर सोई। बड़ बिषाद नहिं धीरज होई

दो॰ मुख सूखहिं लोचन श्रवहिं सोक न हृदय समाय

टी॰ रा॰ अ॰ २५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मानहु करुणा रस कटक उतरा अवध बजाय

भलि बनाय बिधि बात बिगारी। जहं तहं देहिं कैकेइहि गारी
इहि पापिनिहि बूझि का परेऊ। छाय भवन पर पावक धरेऊ
निज कर नयन काट चह दीखा। डारि सुधा बिष चाहत चीखा
कुटिल कठोर कुबुद्धि अभागी। भइ रघुबंश बेणु बन आगी
पल्लव बैठि पेड़ इन काटा। सुख मैं शोक ठाट धरि ठाटा
सदा राम इहि प्राण समाना। कारण कवन कुटिल पन ठाना
सत्य कहहिं कवि नारि सुभाऊ। सब बिधि अगम अगाध दुराऊ
निज प्रति बिंब बरु कि कह जाई। जानि न जाइ नारि गति भाई

दो॰ काह न पावक जारि सक का न समुद्र समाइ
कान करै अबला प्रबल केहि जग काल न खाइ

का सुनाइ बिधि काह सुनावा। का देखाय चह काह दिखावा
एक कहहिं भल भूप न कीन्हा। बरु बिचार नहिं कुमतिहि दीन्हा
जो हठि भएउ सकल दुख भाजन। अबला बिबस ज्ञान गुन गाजन
एक धरम परमति पहिचाने। नृपहिं दोष नहिं देहिं सयाने
शिवि दधीचि हरिचंद कहानी। एक एक सन कहहिं बखानी
एक भरत कर संमत कहहीं। एक उदास भाय सुन रहहीं
कान मूंदि कर रद गहि जीहा। एक कहहिं यह बात अलीहा
सुकृत जाइ अस कहत तुम्हारे। राम भरत कहं प्रान पियारे

दो॰ चंद श्रवइ बरु अनल कन सुधा होइ बिष तूल
सपनेहु कबहु न करहिं कछु भरत राम प्रतिकूल

टी॰ रा॰ अ॰ २६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

एक बिधातहिं दूषन देहीं । सुधा दिखाइ दीन्ह बिष जेहीं
खर भर नगर सोच सब काहू । दुसह दाह उर मिटा उछाहू
बिप्र बधू कुल मान्य जेठेरी । जे प्रिय परम कैकेई केरी ॥
लगीं देन सिख सील सराही । बचन बान सम लागहिं ताही
भरत मोहि प्रिय राम समाना । सदा कहहु यह सब जग जाना
करहु राम पर सहज सनेहू । केहि अपराध आजु बन देहू
कबहुँ न कियेहु सवति आरेसू । प्रीति प्रतीति जान सब देसू
कौसिल्या अब काह बिगारा । तुम जेहि लागि बज्र पुर पारा

दो॰ सीय कि पिय संगु परिहरिहि लषन कि रहिहहिं धाम
राज कि भूंजब भरत पुर नृप कि जिअहिं बिनु राम

अस बिचारि उर छाड़हु कोहू । सोक कलंक कोटि जनु होहू
भरतहि अवसि देहु जुबराजू । कानन काह राम कर काजू ॥
नाहिन राम राज के भूखे । धरम धुरीन बिषय रस रूखे
गुरु गृह बसहुँ राम तजि गेहू । नृप सन अस बर दूसर लेहू
जौं नहिं लगिहहु कहे हमारे । नहिं लागिहि कछु हाथ तुम्हारे
जौं परिहास कीन्ह कछु होई । तौ कहि प्रगट जनावहु सोई
राम सरिस सुत कानन जोगू । काह कहहिं सुनि तुम्ह कहुँ लोगू
उठहु बेगि सोइ करहु उपाई । जेहि बिधि सोक कलंक नसाई

छं॰ जेहि भाँति सोक कलंकु जाइ उपाय करि कुल पालही
हठि फेरि रामहि जात बन जनि बात दूसरि चालही
जिमि भानु बिनु दिन भानु बिनु तनु चंद बिनु जनु जामिनी

दो॰ अ॰ २७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तिमि अवध तुलसी दास प्रभु बिनु समुझौं जिय भामिनी
सो. सखिन सिखावन दीन्ह सुनत मधुर परनाम हित
तेहि कछु कानन कीन्ह कुटिल प्रबोधी कूबरी
उतरु न देइ दुसह रिस रूखी। सृगन चितव जनु बाधिनि भूखी
ब्याधि असाधि जानि तिन्ह त्यागी। चली कहत मतिमंद अभागी
राज करत यह दैअ बिगोई। कीन्हेसि अस जस करइ न कोई
एहि बिधि बिलपहिं पुर नर नारी। देहिं कुचालिहिं कोटिक गारी
जरहिं बिषम जर लेहिं उसासा। कवनि राम बिनु जीवन आसा
बिपुल बियोग प्रजा अकुलानी। जनु जलचर गन सूखत पानी
अति बिषाद बस लोग लुगाई। गये मातु पहं राम गोसाईं
मुख प्रसन्न चित चौगुन चाऊ। एहे सोच जनि राखै राऊ
दो. नव गयंद रघुबीर मनु राज अलान समान
छूट जानि बन गवन सुनि उर अनंद अधिकान
रघुकुल तिलक जोर दोउ हाथा। मुदित मातु पद नाएउ माथा
दीन्ह असीस लाइ उर लीन्हे। भूषन बसन निछावर कीन्हे
बार बार मुख चुंबति माता। नयन नेह जल पुलकित गाता
गोद राखि पुनि हृदय लगाए। स्रवत प्रेम रस पयद सुहाये
प्रेम प्रमोद न कछु कहि जाई। रंक धनद पदवी जनु पाई।
सादर सुंदर बदन निहारी। बोली मधुर बचन महतारी॥
कहहु तात जननी बलिहारी। कबहिं लगन मुद मंगलकारी
सुकृत सील सुख सीवं सुहाई। जन्म लाभ कर अवध अघाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ जेहि चाहत नर नारि सब अति आरत एहि भांति
जिमि चातक चातकि तृषित वृष्टि सरद ऋतु स्वाति
तात जाउ बलि बेगि नहाऊ। जो मन भाव मधुर कछु खाऊ
पितु समीप तब जाएहु भैया। भै बड़ बार जाउ बलि मैया॥
मातु बचन सुनि अति अनुकूला। जनु सनेह सुर तरु के फूला
सुख मकरंद भरे श्रिय मूला। निरखि राम मनु भवरु न भूला
धरम धुरीन धरम गति जानी। कहेउ मातु सन अति मृदु बानी
पिता दीन्ह मोहि कानन राजू। जहं सब भांति मोर बड़ काजू
आयसु देहि मुदित मन माता। जेहिं मुद मंगल कानन जाता
जनि सनेह बस डरपसि मोरे। आनंद अंब अनुग्रह तोरे॥
दो॰ बर्ष चारि दस बिपिन बस करि पितु बचन प्रमान
आइ पाइ पुनि देखिहौं मन जनि करसि मलान
बचन बिनीत मधुर रघुबर के। सर सम लगे मातु उर करके
सहमि सूखि सुनि सीतल बानी। जिमि जवासु पर पावस पानी
कहि न जाइ कछु हृदय बिषादू। मनहुं मृगी सुनि केहरि नादू
नयन सजल तन थर थर कांपी। मांजहि खाइ मीन जनु मांपी
धरि धीरज सुत बदन निहारी। गद गद बचन कहति महतारी
तात पितहि तुम्ह प्रान पियारे। देखि मुदित नित चरित तुम्हारे
राज देन कहं सुभ दिन साधा। कहेउ जान बन केहि अपराधा
तात सुनावहु मोहि निदानू। को दिनकर कुल भयउ कृशानू
दो॰ निरखि राम रुख सचिव सुत कारन कहेउ बुझाइ

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनि प्रसंग रहि मूक जिमि दशा बरनि नहिं जाइ
रावन सकहि न कहि सक जाहू। दुहूं भांति उर दारुण दाहू
लिखत सुधाकर गा लिखि राहू। बिधि गति बाम सदा सब काहू
धरम सनेह उभय मति घेरी। भइ गति सांप छछूंदर केरी
राखौं सुतहि करौं अनुरोधू। धर्म जाइ अरु बंधु बिरोधू॥
कहौं जान बन तौ बड़ि हानी। संकट सोच बिबस भइ रानी
बहुरि समुझि तिय धरम सयानी। राम भरत दोउ सुत सम जानी
सरल सुभाउ राम महतारी। बोली बचन धीर धरि भारी॥
तात जाउं बलि कीन्हेउ नीका। पितु आयसु सब धरम कटीका
दो॰ राजदेन कहि दीन्ह बन मोहि न सो दुख लेश।
तुम बिनु भरतहि भूपतिहि प्रजहि प्रचंड कलेश॥
जौ केवल पितु आयसु ताता। तौ जनि जाहु जानि बड़ि माता
जौ पितु मातु कहेउ बन जाना। तौ कानन सत अवध समाना
पितु बनदेव मातु बन देवी। खग मृग चरन सरोरुह सेवी
अंतहु उचित नृपहि बन बासू। बय बिलोकि हियहोत हरासू
बड़भागी बन अवध अभागी। जो रघुबंस तिलक तुम त्यागी
जौ सुत कहौं संग मोहि लेहू। तुम्हरे हृदय होइ संदेहू॥
पूत परम प्रिय तुम सबहीके। प्रान प्रान के जीवन जीके
ते तुम कहहु मातु बन जाऊं। मैं सुनि बचन बैठि पछिताऊं
दो॰ यह बिचार नहिं करौं दृढ़ पूत सनेह बढ़ाइ॥
जानि मातु कर नात बलि सुरति बिसरि जनि जाइ

दी॰ रा॰ अ॰ २

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देव पितर सब तुमहि गोसाईं। राखहु पलक नयन की नाईं
अवधि अंबु प्रिय परिजन मीना। तुम करुना कर धरम धुरीना
अस विचारि सोइ करहु उपाई। सबहि जिअत जेहि भेटहु आई
जाहु सुषेन बनहिं बल जाऊं। करि अनाथ जन परिजन गाऊं
सब कर आजु सुकृत फल बीता। भएउ कराल काल बिपरीता
बहु बिधि बिलपि चरन लपटानी। परम अभागिनि आपुहि जानी
दारुन दुसह दाह उर व्यापा। बरनिन जाइ बिलाप कलापा
राम उठाइ मात उर लाई। कहि मृदु बचन बहुरि समुझाई

दो॰ समाचार तेहि समय सुनि सीय उठी अकुलाइ
जाइ सासु पद कमल युग बंदि बैठि शिर नाइ

दीन्ह अशीश सासु मृदु बानी। अति सुकुमारि देख अकुलानी
बैठि नमित मुख सोचति सीता। रूप राशि पति प्रेम पुनीता
चलन चहत बन जीवन नाथू। केहि सुकृत सन होइहि साथू
की तनु प्रान कि केवल प्राना। बिधि कर तब कछु जाइ न जाना
चारु चरन नख लेखति धरनी। नूपुर मुखर मधुर कवि बरनी
मनहुं प्रेम बस बिनती करहीं। हमहि सीय पद जनि परहरहीं
मंजु बिलोचन लोचति बारी। बोली देख राम महतारी॥
तात सुनहु सिय अति सुकुमारी। सास ससुर परिजनहि पियारी

दो॰ पिता जनक भूपाल मणि ससुर भानु कुल भानु
पति रवि कुल कैरव बिपिन बिधु गुन रूप निधानु

मैं पुनि पुत्र बधू प्रिय पाई। रूप राशि गुन शील सुहाई

टी॰ रा॰ अ॰ ३१

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नयन पुतरि करि प्रीति बढ़ाई। राखेउ प्रान जानकिहि लाई
कलप बेलि जिमि बहु बिधि लाली। सींच सनेह सलिल अति पाली
फूलत फलत भएउ बिधि बामा। जानि न जाइ काह परिनामा
पलंग पीठ तजि गोद हिंडोरा। सियन दीन्ह पद रज निकोरा
जिअनि मूरि जिमि जोगवत रहऊं। दीप बाति नहिं टारन कहऊं
सोइ सिय चलन कहति बन साथा। आयसु काह होइ रघुनाथा
चंद किरन रस रसिक चकोरी। रवि रुख नयन सकइ किमि जोरी

दो॰ करि केहरि निसिचर चरहिं दुष्ट जंतु बन भूरि
बिष बाटिका कि सोह सुत सुभग सजीवन मूरि

बन हित कोल किरात किसोरी। रची बिरंचि बिषय सुख भोरी
पाहन कृमि जिमि कठिन सुभाऊ। तिन्हहि कलेसु न कानन काऊ
कै तापस तिय कानन जोगू। जिन्ह तप हेतु तजा सब भोगू
सिय बन बसहिं तात केहि भांती। चित्र लिखित कपि देखि डेराती
सुर सर सुभग बनज बन चारी। डाबर जोगु कि हंस कुमारी
अस बिचारि जसु आयसु होई। मैं सिख देउं जानकिहि सोई
जो सिय भवन रहै कह अंबा। मोहि कहं होइ बहुत अवलंबा
सुनि रघुबीर मातु प्रिय बानी। सील सनेह सुधां जनु सानी

दो॰ कहि प्रिय बचन बिबेक मय कीन्ह मातु परितोष
लगे प्रबोधन जानकिहि प्रगट बिपिन गुन दोष

मातु समीप कहति सकुचाहीं। बोले समय समुझि मन माहीं
राज कुमारि सिखावनु सुनहू। आन भांति जिय जनि कछु गुनहू

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आपन मोर नीक जो चहहू। बचन हमार मान गृह रहहू
आयसु मोर सासु सेवकाई। सब बिधि भामिनि भवन भलाई
येहि ते अधिक धरम नहिं दूजा। सादर सासु ससुर पद पूजा
जब जब मातु करिहि सुध मोरी। होइहि प्रेम बिकल मति भोरी
तब तब तुम कहि कथा पुरानी। सुंदर समुझायेउ मृदु बानी
कहौं सुभाय सपथ शत मोही। सुमुखि मातु हित राखौं तोही
दो॰ गुरु श्रुति संमत धरम फल पाइय बिनहिं कलेश
हठि बस सब संकट सहे गालव नहुष नरेश ॥
मैं पुनि करि प्रमान पितु बानी। बेगि फिरब सुनु सुमुखि सयानी
दिवस जात नहिं लागहिं बारा। सुंदरि सिखवनु सुनहु हमारा
जो हठ करहु प्रेम बस बामा। तौ तुम दुख पाउब परिनामा
कानन कठिन भयंकर भारी। घोर घाम हिम बारि बयारी
कुस कंटक मग कांकर नाना। चलब पयादिहि बिनु पदत्राना
चरन कमल मृदु मंजु तुम्हारे। मारग अगम भूमि धर भारे
कंदर खोह नदी नद नारे। अगम अगाधि न जाहिं निहारे
भालु बाघ बृक केहरि नागा। करहिं नाद सुनि धीरज भागा
दो॰ भूमि सयन बल कल बसन असन कंद फल फूल
ते कि सदा सब दिन मिलहि समय समय अनुकूल
नर अहार रजनीचर करहीं। कपट बेष बिधि कोटिक फिरहीं
लागै अति पहार कर पानी। बिपिन बिपति नहिं जाइ बखानी
ब्याल कराल बिहंग बन घोरा। निशिचर निकर नारि नर चोरा

टी॰ रा॰ अ॰ ३३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दुरपहिं धीर गहन सुधि आये। मृग लोचनि तुम भीरु सुनाये
हँसगमनि तुम नहिं बन जोगू। सुनि अपयस मोहि देइहि लोगू
मानस सलिल सुधा प्रतिपाली। जिअइ कि लवनि पयोधि मराली
नव रसाल बन बिहरन शीला। सोह कि कोकिल विपिन करीला
रहसु भवन अस हृदय बिचारी। चंद बदनि दुख कानन भारी
दो॰ सहज सुहृद गुरु स्वामि सिख जो न करइ सिर मानि
सो पछिताय अघाय उर अवसि होइ हित हानि॥
सुनि मृदु बचन मनोहर पियके। लोचन ललित भरे जल सियके
सीतल सिख दाहक भइ कैसे। चकइहि सरद चांदनी जैसे
उतर न आव बिकल बैदेही। तजन चहत शुचि स्वामि सनेही
बरबस रोकि बिलोचन बारी। धरि धीरज उर अवनि कुमारी
लागि सासु पग कह कर जोरी। छमबि देबि बड़ि अबिनय मोरी
दीन्ह प्रानपति मोहि सिख सोई। जेहि बिधि मोर परम हित होई
मैं पुनि दीख समुझि मन माहीं। पिय बियोग सम दुख जग नाहीं
दो॰ प्रान नाथ करुणायतन सुंदर सुखद सुजान
तुम बिनु रघुकुल कुमुद बिधु सुरपुर नरक समान
मातु पिता भगनी प्रिय भाई। प्रिय परिवार सुहृद समुदाई
सासु ससुर गुरु सुजन सहाई। सुत सुंदर सुशील सुखदाई
जहं लगि नाथ नेह अरु नाते। पिय बिनु तियहि तरनिहु ते ताते
तनु धनु धाम धरनि पुर राजू। पति बिहीन सबु शोक समाजू
भोग रोग सम भूषन भारू। जम जातना सरिस संसारू

दो॰ रा॰ अ॰ १४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्राणनाथ तुम बिनु जग माहीं। मो कहं सुखद कतहु कोउ नाहीं
जिय बिनु देह नदी बिनु बारी। तैसहिं नाथ पुरुष बिनु नारी
नाथ सकल सुख साथ तुम्हारे। सरद बिमल बिधु बदन निहारे

दो॰ खग मृग परिजन नगर बन बलकल बिमल दुकूल
नाथ साथ सुर सदन सम पर्ण शाल सुख मूल॥

बन देवी बन देव उदारा। करिहैं सासु ससुर सन सारा॥
कुश किशलय साथरी सुहाई। प्रभु संग मंजु मनोज तुराई
कंद मूल फल अमिय अहारू। अवध सौध शत सरस पहारू
क्षण क्षण प्रभु पद कमल बिलोकी। रहिहौं मुदित दिवस जिमि कोकी
बन दुख नाथ कहे बहुतेरे। भय बिखाद परिताप घनेरे॥
प्रिय वियोग लवलेश समाना। सब मिल होहि न कृपा निधाना
अस जिय जानि सुजान सिरोमनि। लेइय संग मोहि छांड़िय जनि
बिनती बहुत करौं का स्वामी। करुणा मय उर अंतर जामी

दो॰ राखिय अवध जो अवधि लगि रहत जानिये प्राण
दीन बंधु सुंदर सुखद शील सनेह निधान॥

मोहि मग चलत न होइहि हारी। क्षण क्षण चरण सरोज निहारी
सबहि भांति प्रिय सेवा करिहौं। मारग जनित सकल श्रम हरिहौं
पांव पखारि बैठि तरु छाहीं। करिहौं पवन मुदित मन माहीं
श्रम कण सहित श्याम तनु देखे। का दुख समय प्राण पति पेखे
सम महि तृण तरु पल्लव डासी। पाय पलोटिहि सब निसि दासी
बार बार मृदु मूरति जोही। लागिहि ताप बयार न मोही॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

को प्रभु संग मोहि चितवनिहारा। सिंहबधुहि जिमि ससक सिआरा
मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू। तुमहिं उचित तप मोकहं भोगू
दो॰ ऐसे बचन कठोर सुनि जौं हृदय बिलगान ॥
तौ प्रभु बिषम बियोग दुख सहिहहिं पावरप्रान
अस कहि सीय बिकल भइ भारी। बचन बियोग न सकी सँभारी
देखि दसा रघुपति जिय जाना। हठ राखे नहिं राखिहि प्राना
कहेउ कृपाल भानुकुल नाथा। परिहर सोच चलहु बन साथा
नहिं बिषाद कर अवसर आजू। बेगि करहु बन गवन समाजू
कहि प्रिय बचन प्रिया समुझाई। लगे मातु पद आसिष पाई
बेगि प्रजा दुख मेटब आई। जननी निठुर बिसरि जनि जाई
दो॰ फिरहि दसा बिधि बहुरि कि मोरी। देखिहौं नयन मनोहर जोरी
सुदिन सुघरी तात कब होइहि। जननी जिअत बदन बिधु जोइहि
बहुरि बच्छ कहि लालु कहि रघुपति रघुबर तात
कबहिं बोलाइ लगाइ हिय हरषिब निरखिब गात
लखि सनेह कातर महतारी। बचनु न आव बिकल भइ भारी
राम प्रबोधु कीन्ह बिधि नाना। समय सनेहु न जाइ बखाना
तब जानकी सासु पद लागी। सुनिय माय मैं परम अभागी
सेवा समय दैअँ बनु दीन्हा। मोर मनोरथु सुफलु न कीन्हा
तजब छोभु जनि छाड़िय छोहू। करम कठिन कछु दोसु न मोहू
सुनि सिय बचन सासु अकुलानी। दसा कवन बिधि कहौं बखानी
बारहिं बार लाइ उर लीन्ही। धरि धीरजु सिख आसिष दीन्ही

दो॰ रा॰ अ॰ ३६

अचल होउ अहि बात तुम्हारा। जब लगि गंग जमुन जलधारा

दो॰ सीतहि सासु अशीश सिख दीन्ह अनेक प्रकार
चली नाइ पद पदुम शिर अति हित बारहि बार॥

समाचार जब लक्ष्मण पाए। व्याकुल बिलख बदन उठि धाए
कंप पुलकि तन नयन सनीरा। गहे चरण अति प्रेम अधीरा
कहि न सकत कछु चितवत ठाढ़े। मीन दीन जनु जल तें काढ़े
शोच हृदय विधि कहा बिचारा। सब सुख सुकृत सिरान हमारा
मो कहुं काहु कहब रघुनाथा। रखिहहिं भवन कि लेइहिं साथा
राम बिलोकि बंधु कर जोरें। देह गेह सब सन तृण तोरें॥
बोले बचन राम नय नागर। शील सनेह सरल सुख सागर
तात प्रेम बस जनि कदराहू। समुझि हृदय परिनाम उछाहू

दो॰ मातु पिता गुर स्वामि सिख सिर धरि करहिं सुभाय
लहेउ लाभ तिन्ह जन्म कर नतरु जन्म जग जाय

अस जिय जानि सुनहु सिख भाई। करहु मातु पितु पद सेवकाई
भवन भरत रिपुसूदन नाहीं। राउ वृद्ध मम दुख मन माहीं॥
मैं बन जाउं तुमहिं ले साथा। होइ सबहिं बिधि अवध अनाथा
गुरु पितु मातु प्रजा परिवारू। सब कहं परइ दुसह दुख भारू
रहहु करहु सब कर परितोषू। नतरु तात होइहि बड़ दोषू
जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी। सो नृप अवसि नरक अधिकारी
रहहु तात अस नीति बिचारी। सुनत लषण भये व्याकुल भारी
सियरे बचन सूखि गए कैसे। परसत तुहिन ताग रस जैसे

टी॰ रा॰ अ॰ ३७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ उनइन आवै प्रेम बस गहे चरण अकुलाइ
नाथ दास मैं स्वामि तुम नजदु तो कहा नसाइ
दीन्ह मोहि सिख नीकि गोसांई। लागि अगम अपनी कदराई
नरबर धीर धरम धुर धारी। निगम नीति कहुं ते अधिकारी
मैं सिशु प्रभु सनेह प्रतिपाला। मंदिर मेरु कि लेहिं मराला
गुरु पितु मातु न जानउ काहू। कहउं सुभाव नाथ पति आहू
जहं लगि जगत सनेह सगाई। प्रीति प्रतीति निगम निजु गाई
मोरे सबदु एक तुम स्वामी। दीनबंधु उर अंतर यामी॥
धरम नीति उपदेशिय ताही। कीरति भूति सुगति प्रिय जाही
मन क्रम बचन चरण रति होई। कृपा सिंधु परिहरिय कि सोई
दो॰ करुणा सिंधु सुबंधु के सुनि मृदु बचन बिनीत
समुझाए उर लाइ प्रभु जानि सनेह सभीत॥
मांगह बिदा मातु सन जाई। आवह बेगि चलह बन भाई
मुदित भये सुनि रघुबर बानी। भयेउ लाभ बड़ गई गलानी
हरषित हृदय मातु पहं आये। मनहं अंध फिर लोचन पाये
जाइ जननि पग नायउ माथा। मन रघुनंदन जानकि साथा
पूंछे मातु मलिन मन देखी। लखन कही सब कथा विशेषी
गई सहमि सुनि बचन कठोरा। मृगी देखि दव जनु चहुं ओरा
लखन लखेउ भा अनरथ आजू। जेहि सनेह बस करब अकाजू
मांगत बिदा सभय सकुचाहीं। जाइ संग बिधि कहहिं कि नाहीं
दो॰ समुझि सुमित्रा राम सिय रूप सुशील सुभाउ

टी॰ रा॰ रा॰ अ॰ ८

नृप सनेह लखि धुनेउ शिरु पापिनि दीन्ह कुदाउ
धीरज धरेउ कुअवसर जानी। सहज सुहृद बोली मृदु बानी
तात तुम्हार मातु वैदेही । पिता राम सब भांति सनेही ॥
अवध तहां जहं राम निवासू। तहंइ दिवस जहं भानु प्रकासू
जो पै सीय राम बन जाहीं। अवध तुम्हार काज कछु नाहीं
गुरु पितु मातु बंधु सुर साईं। सेइ अहि सकल प्रान की नाईं
राम प्रान प्रिय जीवन जीके। स्वारथ रहित सखा सबही के
पूजनीय प्रिय परम जहां ते। सब मानि यहि राम के नाते ॥
अस जिय जानि संग बन जाहू। लेहु तात जग जीवन लाहू ॥
दो॰ भूरि भाग भाजन भएउ मोहि समेत बल जाउं
जौ तुम्हरे मन छांड़ छल कीन्ह राम पद ठाउं
पुत्रवती युवती जग सोई । रघुपति भक्त जासु सुत होई
नतरु बांझ भलि बादि बिआनी। राम बिमुख सुत तें हित हानी
तुमरेहि भाग राम बन जाहीं। दूसर हेतु तात कछु नाहीं ॥
सकल सुकृत कर फल बड़ एहू। राम सीय पद सहज सनेहू
राग रोष इरषा मद मोहू । जनि सपनेहुं बस इन्ह के होहू
सकल प्रकार विकार बिहाई। मन क्रम बचन करेहु सेवकाई
सब कहं बन सब भांति सुपासू। संग पितु मातु राम सिय जासू
जेहि न राम बन लहहिं कलेशू। सुत सोइ करेहु इहै उपदेशू
छं॰ उपदेश एहु जेहि तात तुम्हरे राम सिय सुख पावहीं ॥
पितु मातु प्रिय परिवारु पुर सुख सुरन बन बिसरावहीं

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तुलसी प्रभुहि सुख देइ आयसु दीन्ह पुनि आशिष दई
रति होउ अविरल अमल सिय रघुबीर पद नित नित नई
सो॰ मातु चरण सिर नाइ चले तुरंत संकित हृदय ॥
बा गुर बिषम तोराइ मनहुं भागु भग भाग बस।
गए लषण जहं जानकि नाथू। भे मन मुदित पाइ प्रिय साथू
बंदि राम सिय चरण सोहाये। चले संग नृप मंदिर आये
कहहिं परस्पर पुर नर नारी। भलि बनाइ बिधि बात बिगारी
तन कृश मन दुख बदन मलीने। बिकल मनहुं माखी मधु छीने
कर मीजहिं सिरधुनि पछिताहीं। जनु बिनु पंख बिहंग अकुलाहीं
भइ बड़ भीर भूप दरबारा। बरनि न जाइ बिषाद अपारा
दो॰ रा॰ अ॰ ४०
सचिव उठाय राउ बैठारे। कहि प्रिय बचन राम पगु धारे
सीय सहित दोउ तनय निहारी। व्याकुल भये भूप अति भारी
सीय सहित सुत सुभग दोउ देखि देखि अकुलाइ
बारहिं बार सनेह बस राउ लेइ उर लाइ ॥ ॥
सकै न बोलि बिकल नर नारू। सोक जनित उर दारुण दारू
नाइ सीस पद अति अनुरागा। उठि रघुबीर बिदा तब मांगा
पितु असीस आयसु मोहि दीजे। हर्ष समय बिसमय कत कीजे
तात किये प्रिय प्रेम प्रमादू। जस जग जाइ होइ अपबादू
सुनि सनेह बस उठि नरनाहा। बैठारे रघुपति गहि बांहा
सुनहु तात तुम कहं मुनि कहहीं। राम चराचर नायक अहहीं
सुभ अरु अशुभ करम अनुहारी। ईश देइ फल हृदय बिचारी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

करैं जो कर्म पाव फल सोई। निगम नीति अस कह सब कोई
दो. और करइ अपराध कोउ और पाव फल भोग
अति बिचित्र भगवंत गति को जग जानइ योग
राय राम रखन हित लागी। बहुत उपाय किये छल त्यागी
लखी राम रुख रहत न जाने। धरम धुरंधर धीर सयाने
तब नृप सीय लाइ उर लीन्ही। अति हित बहुत भांति सिख दीन्ही
कहि बनके दुख दुसह सुनाए। सासु ससुर पितु सुख समुझाए
सिय मन राम चरण अनुरागा। घर न सुगम बन बिषम न लागा
औरउ सबहि सीय समुझाई। कहि कहि बिपिन बिपति अधिकाई
सचिव नारि गुरु नारि सयानी। सहित सनेह कहहिं मृदु बानी
तुम कहं तो न दीन्ह बनबासू। करहु जो कहहिं ससुर गुरु सासू
दो. सिख सीतल हित मधुर मृदु सुन सीतहि न सोहानि
सरद चंद चंदनि लगत जनु चकई अकुलानि॥
सीय सकुच बस उतरु न देई। सो सुनि तमकि उठी कैकेई
मुनि पट भूषण भाजन आनी। आगे धरि बोली मृदु बानी
नृपहिं प्रान प्रिय तुम रघुबीरा। सील सनेह न छांड़हिं भीरा
सुकृत सुयश परलोक नसाऊ। तुमहि जान बन कहिहि न काऊ
अस बिचारि सोइ करहु जो भावा। राम जननि सिख सुनि सुख पावा
भूपहिं बचन बान सम लागे। करहिं न प्राण पयान अभागे
लोग बिकल मुरछित नर नाहू। काह करिय कछु सूझ न काहू
राम तुरत मुनि बेष बनाई। चले जनक जननिहि सिर नाई

दो. रा. अ. ४२

दो॰ सजि बन साजु समाज सब बनिता बंधु समेत
बंदि बिप्र गुरचरण प्रभु चले करि सबहि अचेत
निकस बशिष्ट द्वार भये ठाढ़े। देखे लोग बिरह दव बाढ़े
कहि प्रिय बचन सकल समुझाए। बिप्र बृंद रघुबीर बोलाए
गुरु सन कहि बरषासन दीन्हे। आदर दान बिनय बस कीन्हे
याचक दान मान संतोषे। मीत पुनीत प्रेम परितोषे॥
दासीदास बोलाइ बहोरी। गुरुहिं सौंपि बोले कर जोरी
सब कै सार संभारि गोसांई। करब जनक जननी की नांई
बारहिं बार जोरि युग पानी। कहत राम सब सन मृदु बानी
सोइ सब भांति मोर हितकारी। जेहि तें रहइ भुआल सुखारी
दो॰ मातु सकल मोरे बिरह जेहि न होंहिं दुख दीन
सोइ उपाय तुम करेहु सब पुरजन परम प्रबीन
एहि बिधि राम सबहिं समुझावा। गुरु पद पद्म हरषि शिर नावा
गनपति गौरि गिरीश मनाई। चले अशीश पाइ रघुराई
राम चलत अति भएउ बिखादू। सुनि न जाइ पुर आरत नादू
कुसगुन लंक अवध पति शोकू। हरष बिखाद बिबस सुर लोकू
गइ मुरछा तब भूपति जागे। बोल सुमंत कहन अस लागे
राम चले बन प्राण न जाहीं। केहि सुख लागि रहत तन माहीं
एहि ते कवन व्यथा बलवाना। जो दुख पाइ तजहिं तन प्राना
पुनि धर धीर कहै नर नाहू। ले रथ संग सखा तुम जाहू
दो॰ सुठि सुकुमार कुमार दोउ जनक सुता सुकुमारि

टी॰ रा॰ अ॰ ४३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रथ चढ़ाइ देवरावइ बन फिरहु गये दिन चारि ॥
जौ नहिं फिरहिं धीर दोउ भाई। सत्य संध दृढ़ व्रत रघुराई
तौ तुम बिनय करेहु कर जोरी। फेरिय प्रभु मिथिलेश किसोरी
जब सिय कानन देखि डेराई। कहेउ मोरि सिख अवसर पाई
सासु ससुर अस कहेउ संदेसू। पुत्रि फिरिय बन बहुत कलेसू
पितु गृह कबहुं कबहुं ससुरारी। रहेउ जहां रुचि होइ तुम्हारी
एहि बिधि करेउ उपाय कदंबा। फिरइ त होइ प्रान अवलंबा
नाहित मोर मरन परिनामा। कछु न बसाइ भएं बिधि बामा
अस कहि सुरकि परा महि राऊ। रामु लखनु सिय आनि देखाऊ
दो. पाइ रजायसु नाइ सिर रथ अति बेग बनाइ ॥
गयउ जहां बाहिर नगर सीय सहित दोउ भाइ।
तब सुमंत नृप बचन सुनाये। करि बिनती रथ राम चढ़ाये ॥
चढ़ि रथ सीय सहित दोउ भाई। चले हृदय अवधहिं सिर नाई
चलत राम लखि अवध अनाथा। बिकल लोग सब लागे साथा
कृपासिंधु बहु बिधि समुझावहिं। फिरहिं प्रेम बस पुनि फिर आवहिं
लागति अवधि भयावन भारी। मानहुं काल रात अंधियारी
घोर जंतु सम पुर नर नारी। डरपहिं एकहिं एक निहारी
घर मसान परिजन जनु भूता। सुत हित मीत मनहुं जमदूता
बागन्ह बिटप बेलि कुम्हिलाहीं। सरित सरोवर देखन जाहीं
दो. हय गय कोटिन्ह केलि मृग पुर पशु चातक मोर
पिक रथांग शुक सारिका सारस हंस चकोर ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उपदेश तें भी लोग प्रेम बस न फिरे और प्रेम बात्सल्यन लागि लोक तहां रहे रात्रि को सुमंत तें श्री राम जू कह्यो खेज मारु रथ हांकवे को भात प्रभातना रथ हांके की भूमि पर बरोवर पहिया की लीकन पर वा युक्ति पहिया यों राकर बांध के तहां ते फेर वेरपुर गए तहां सुरसी भरंग और निषाद ते सविनय भेटभो सुमुकन आदर तेहि रात्रि तहां रीसो के वृक्ष तरे निवास और निषाद प्रति श्री लक्ष्मण उपदेश प्रातकृत क

राम वियोग विकल सब ठाढ़े। जहं तहं मनहुं चित्र लिख काढ़े
नगर सकल बन गहबर भारी। खग मृग विपुल सकल नर नारी
बिधि केकइहि किरातिनि कीन्ही। जेहि दव दुसह दसहु दिसि दीन्ही
सहि न सके रघुबर बिरहागी। चले लोग सब व्याकुल भागी॥
सबहिं बिचारु कीन्ह मन माहीं। राम लषण सिय बिनु सुख नाहीं
जहां राम तहं सबइ समाजू। बिनु रघुबीर अवधि नहिं काजू
चले साथ अस मंत्र दृढ़ाई। सुरदुर्लभ सुख सदन बिहाई॥
राम चरण पंकज प्रिय जिनहीं। बिषय भोग बस करहिं कि तिनही

दो॰ बालक बृद्ध बिहाय गृह लगे लोग सब साथ॥
तमसा तीर निवास किय प्रथम दिवस रघुनाथ

रघुपति प्रजा प्रेम बस देखी। सदय हृदय दुख भयेउ बिसेषी
करुणा मय रघुनाथ गोसांई। बेगि पाइअहि पीर पराई
कहि सप्रेम मृदु बचन सुहाये। बहु बिधि राम लोग समुझाये
किये धरम उपदेश घनेरे। लोग प्रेम बस फिरहिं न फेरे॥
सील सनेह छांड़ि नहिं जाई। असमंजस बस भे रघुराई॥
लोग सोग श्रम बस गए सोई। कछुक देव माया मति भोई॥
जबहिं जाम जुग जामिनि बीती। राम सचिव सन कहेउ सप्रीती
खोज मारि रथ हांकहु ताता। आन उपाय बनिहि नहिं बाता

दो॰ राम लषण सिय बान चढ़ि संभु चरण सिरु नाइ
सचिव चलाएउ तुरत रथ इत उत खोज दुराइ॥
जागे सकल लोग भए भोरू। गए रघुनाथ भयउ अति शोरू

रि मुनि वेष धरि सुमंत देख मोहत भयो॥ श्री रामचन्द्र महाराजजू शत्रुघ्न जू की ओर चा कही तहां श्री रघुनाथ जी धर्म कथा तें बोध करि सविनय और लषण के दु बचन कहवे को निवारन भो र सपथ और श्री जानकी जी के न फिरवे में भाव अभेद शक्ति जानी सुमंत को फेरो दो॰ ना॰ रा॰ ५५ नकी अकुलता रघुनन्दन तमसा तट गंगा पार जाइ निषादन को प्रेम बस्य और एक दिवस रहिके श्री राम राज मया ग आगमन आ हात्म्यवर्णन तहां तीरथ विधि कर अस्नान प्रातिभे ट और मिष्टा चार परस्पर संवाद करि बिदा भए फेरो र चार शिष्य सग लिये यमुना पार ने फेर लिये पा

र उतर स्नान करो आगि चलत भए तहां सब ग्रामवासी और पथिकन के प्रेम बात्सल्य वर्णन सो सुकृ मारता रूप में प्रगट्यो है और तापस वेश गुह लघु वेस के प्रभु तें प्रभुजी सर्वात्मत्व जनायो वा अग्नि देवता प्रसिद्ध र पते संग भद्वाज एवणा वध संकल्प तापस रूप ते जानी और एक निवास शोच करि श्री वाल्मीकि के आश्रम आए आदर पूर्वक मिले प्रभु रुख स्थान कहि चित्र कूट निवास कह्यो तहां श्रीराघव प्रसन्नता पूर्वक रहे और किरातन को प्रेम और मुनि आदिकन तें भट परस्पर और सर्व आनंद लाभ भए ॥२८१॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रथ कर खोज कतहुं नहिं पावहिं। राम राम कहि छहं दिशिधावहिं
मनहुं बारि निधि बूड़ जहाजू। भए बिकल जनु वणिक समाजू
एकहिं एक देहिं उपदेशू ॥ तजेहुं राम हम जानि कलेशू
निंदहिं आपु सराहहिं मीना। धृग जीवन रघुवीर बिहीना ॥
जो पे प्रिय बियोग बिधि कीन्हा। तौ कस मरण न मागे दीन्हा
इहि बिधि करत प्रलाप कलापा। आए अवध भरे परितापा
बिषम बियोग न जाइ बखाना। अवध आस सब राखहिं प्राना
दो॰ राम दरस हित नेम व्रत लगे करन नर नारि ॥
मनहुं कोक कोकी कमल दीन बिहीन तमारि
सीता सचिव सहित दोउ भाई। शृंगबेर पुर पहुंचे जाई ॥
उतरे राम देवसरि देखी। कीन्ह दंडवत हर्ष बिशेखी ॥
लषण सचिव सिय कीन्ह प्रणामा। सबहि सहित सुख पाएउ रामा
गंग सकल मुद मंगल मूला। सब सुख करणि हरणि सब शूला
कहि कहि कोटिक कथा प्रसंगा। राम बिलोकत गंग तरंगा
सचिवहि अनुजहिं प्रियहि सुनाई। बिबुध नदी महिमा अधिकाई
मज्जन कीन्ह पंथ श्रम गयेऊ। सुचि जल पियत मुदित मन भयऊ
सुमिरत जाहि मिटहिं भव भारू। तेहि श्रम यह लौकिक व्यवहारू
दो॰ शुद्ध सच्चिदानंद मय राम भानु कुल केतु ॥
चरित करत नर अनुहरत संसृति सागर सेतु
यह सुधि गुह निषाद जब पाई। मुदित लिये प्रिय बंधु बुलाई
ले फल मूल भेंट भरि भारा। मिलन चल्यो हिय हर्ष अपारा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

करि दंडवत भेंट धरि आगे। प्रभुहि बिलोकत अति अनुरागे
सहज सनेह बिबस रघुराई। पूंछी कुशल निकट बैठाई॥
नाथ कुशल पद पंकज देखे। अब भागभाजन जन लेखे
देव धरनि धनु धाम तुम्हारा। मैं जन नीच सहित परिवारा
कृपा करिय पुर धारिय पाऊ। थापिय जन सब लोग सिहाऊ
कहेउ सत्य सब सखा सुजाना। मोहि दीन्ह पितु आयसु आना
दो. बरष चारि दश बासबन मुनि व्रत बेष आहार॥
ग्राम बास नहिं उचित सुनि गुहहि भयउ दुःख भार
राम लखण सिय रूप निहारी। कहहिं सप्रेम नगर नर नारी
ते पितु मात कहहु सखि कैसे। जिन्ह पठये बन बालक ऐसे॥
एक कहहिं भल भूपति कीन्हा। लोचन लाहु हमहिं जिन्ह दीन्हा
तब निषाद पति उर अनुमाना। तरु सिंसपा मनोहर जाना॥
लै रघुनाथहिं ठाउं देखावा। कहेउ राम सब भांति सुहावा॥
पुरजन कर जोहार घर आए। रघुबर संध्या करन सिधाए
गुह सवांरि साथरी डसाई। कुस किसलय मय मृदुल सुहाई
सुचि फल मूल मधुर मृदु जानी। दोना भरि भरि राखेसि पानी
दो. सिय सुमंत भ्राता सहित कंद मूल फल खाइ
सयन कीन्ह रघुबंसमणि पाय पलोटत भाइ
उठे लखण प्रभु सोवत जानी। कहि सचिवहि सोवन मृदु बानी
कछुक दूर सजि बान सरासन। जागन लगे बैठि बीरासन॥
गुह बोलाइ पाहरू प्रतीती। ठांव ठांव राखे अति प्रीती॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आपु लषण पहं बैठेउ जाई। कटि भाथा सर चाप चढ़ाई
सोवत प्रभुहि निहारि निषादू। भएउ प्रेम बस हृदय बिषादू
तन पुलकित जल लोचन बहई। बचन सप्रेम लषण सन कहई
भूपति भवन सुभाय सुहावा। सुरपति सदन न पटतर पावा
मणि मय रचित चारु चौबारे। जनु रति पति निज हाथ सवांरे
दो॰ सुचि सुबिचित्र सुभोगमय सुमन सुगंध सुबास
पलंग मंजु मणि दीपजहं सब विधि सकल सुपास
विविध भांति उपधान सुहाई। क्षीर फेन मृदु बिसद सुहाई
तहं सिय राम सयन निसि करहीं। निज छबि रति मनोज मदहरहीं
ते सिय राम साथरी सोए। श्रमित बसन बिनु जाहिन जोए
मात पिता परिजन पुरबासी। सखा सुसील दास अरु दासी
टी॰ गं॰ सं॰ ५८
युगवहिं जिन्हहिं प्रानकी नाईं। मही सोवत तेहि राम गोसाईं
पिता जनक जग बिदित प्रभाऊ। ससुर सुरेश सखा रघुराऊ
रामचंद्र पति सो बैदेही। सोवति महि बिधि बाम न कोही
सिय रघुबीर कि कानन योगू। करम प्रधान सत्य कह लोगू
दो॰ कैकय नंदनि मंदमति कठिन कुटिल पन कीन्ह
जेहि रघुनंदन जानकिहि सुख अवसर दुख दीन्ह
भइ दिनकर कुल बिटप कुठारी। कुमति कीन्ह सब बिस्व दुखारी
भएउ बिषाद निषादहिं भारी। राम सीय महि सयन निहारी
बोले लषण तबहिं मृदु बानी। ज्ञान बिराग भगति रस सानी
काहुन कोउ सुख दुख कर दाता। निज कृत करम भोग सब भ्राता
CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

योग बियोग भोग भल मंदा। हित अनहित मध्यम भ्रम फंदा
जनम मरण जहं लगि जग जालू। संपति बिपति कर्म अरु कालू
धरणि धाम धन पुर परिवारू। स्वरग नरक जहं लगि व्यवहारू
देखिय सुनिय गुनिय मन माहीं। मोह मूल परमारथ नाहीं॥
दो॰ सपने होइहि भिखारि नृप रंक नाक पति होइ॥
जागे हानि न लाभ कछु तिमि प्रपंच जिय जोइ
अस बिचारि नहिं कीजिय रोसू। बादि काहु नहिं दीजिय दोसू
मोह निसा सब सोवनि हारा। देखहिं स्वप्न अनेक प्रकारा
एहि जग यामिनि जागहि योगी। परमारथी प्रपंच बियोगी
जानिय तबहि जीव जग जागा। जब सब बिषय बिलास बिरागा
होइ बिबेक मोह भ्रम भागा। तब रघुबीर चरण अनुरागा
सखा परम परमारथ एहू। मन क्रम बचन राम पद नेहू
राम ब्रह्म परमारथ रूपा। अबिगत अलख अनादि अनूपा
सकल बिकार रहित गत भेदा। कहि नित नेति निरूपहिं बेदा
दो॰ भगति भूमि भूसुर सुरभि सुर हित लागि कृपालु
करत चरित धरि मनुज तन सुनत मिटे जग जालु
सखा समुझि अस परिहर मोहू। सिय रघुबीर चरण रत होहू
कहत राम गुण भा भिनुसारा। जागे जग मंगल दातारा॥
सकल सौच करि राम नहाए। सुचि सुजान बट छीर मंगाए
अनुज सहित सिर जटा बनाए। देखि सुमंत नयन जल छाए
हृदय दाह अति बदन मलीना। कह कर जोरि बचन अति दीना

दो॰ रा॰ अ॰ ४८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नाथ कहेउ अस कोशल नाथा। लै रथ जाहु राम के साथा
बन दिखाइ सुरसरि अन्हवाई। आनेहु बेगि फेरि दोउ भाई
लषण राम सिय आनेहु फेरी। संशय सकल सकोच निवेरी
दो॰ नृप अस कहेउ गुसांइ जस कहिये करौं बलि सोइ
करि बिनती पायन परेउ दीन बाल जिमि रोइ ॥
तात कृपा करि कीजिय सोई। यातें अवध अनाथ न होई॥
मंत्रिहि राम उठाय प्रबोधा। तात धरम मत तुम सब सोधा
सिबि दधीच हरिचंद नरेशा। सहे धरम हित कोटि कलेशा
रन्ति देव बलि भूप सुजाना। धरम धरेउ सहि संकट नाना
धरमु न दूसर सत्य समाना। आगम निगम पुरान बखाना
मैं सोइ धरम सुफल कर पावा। तजे तिहूं पुर अपयस छावा
संभावित कहुं अपयस लाहू। मरण कोटि सम दारुण दाहू
तुम सन तात बहुत का कहऊं। दिये उतर फिर पातक लहऊं
दो॰ पितु पद गहि कहि कोटिन बिनय करब कर जोरि
चिंता कवनिहुं बात कै तात करिय जनि मोरि ॥
तुम पुनि पितु सम अति हित मोरे। बिनती करौं तात कर जोरे
सब बिधि सोइ करतब्य तुम्हारे। दुख न पाव पितु शोच हमारे
सुनि रघुनाथ सचिव संबादू। भयउ सपरिजन बिकल बिषादू
पुनि कछु लषण कही कटु बानी। प्रभु बरजेउ बड़ अनुचित जानी
सकुचि राम निज सपथ दिवाई। लषण संदेशा कहिय जिन जाई
कह सुमंत पुनि भूप संदेशू। सहि न सकहिं सिय बिपिन कलेशू

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जेहि बिधि अवध आव फिर सीया। सोइ रघुबरहि तुमहिं करणीया
नतरु निपट अवलंब विहीना। मैं न जिअब जिमि जल बिन मीना
दो॰ मइके ससुरे सकल सुख जबहिं जहां मन मान॥
तब तहं रहिहि सुखेन सिय जब लगि बिपति बिहान
बिनती भूप कीन्ह जेहि भांती। आरति प्रीति न सो कहि जाती
पितु संदेश सुनि कृपा निधाना। सियहि दीन्ह सिख कोटि बिधाना
सासु ससुर गुरु प्रिय परिवारू। फिरइ तो सब कर मिटै खभारू
सुनि पति बचन कहति बैदेही। सुनहु प्रान पति परम सनेही
प्रभु करुणा मय परम बिवेकी। तनु तजि रहति छांह किमि छेकी
प्रभा जाइ कहं भानु बिहाई। कहं चंद्रिका चंद्र तजि जाई
पतिहि प्रेम मय बिनय सुनाई। कहत सचिव सन गिरा सुहाई
तुम पितु ससुर सरिस हितकारी। उतरु देउं फिरि अनुचित भारी
दो॰ आरति बस सनमुख भयउं बिलग न मानहु तात
आरज सुत पद कमल बिनु बादि जहां लगि नात
पितु बैभव बिलास मैं डीठा। नृप मनि मुकुट मिलत पद पीठा
सुख निधान अस पितु गृह मोरे। पिय बिहीन मन भाव न भोरे
ससुर चक्कवै कोसल राऊ। भुवन चारि दस प्रगट प्रभाऊ
आगे होइ जेहि सुर पति लेई। अरध सिंहासन आसन देई
ससुर एतादृश अवध निवासू। प्रिय परिवार मातु सम सासू
बिनु रघुपति पद पदम परागा। मोहि सब सपनेहु सुखद न लागा
अगम पंथ बन भूमि पहारा। करि केहरि सर सरित अपारा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कोल किरात कुरंग बिहंगा। मोहि सब सुखद प्राण पति संगा
दो॰ सासु ससुर सन मोर हित बिनय करब परि पाय
मोर सोच जनि करिय कछु मैं बन सुखी सुभाय
प्रान नाथ प्रिय देवर साथा। धीर धुरीन धरे धनु भाथा
नहिं श्रम मग श्रम दुख मन मोरे। मोहि लगि सोच करिय जनि भोरे
सुचि सुबंत प्रिय सीतल बानी। भयउ बिकल जनु फनि मणि हानी
नयन सूल नहिं सुनइ न काना। कहि न सकै कछु अति अकुलाना
राम प्रबोध कीन्ह बहु भांती। तदपि होत नहिं सीतल छाती
यतन अनेक साथ हित कीन्हे। उचित उतर रघुनंदन दीन्हे
मिटि जाय नहिं राम रजाई। कठिन करम गति कछु न बसाई
रामलषण सिय पद सिरनाई। फिरउ बनिक जनु मूल गंवाई
दो॰ रथहांकेउ हय राय तब हेरि हेरि हिहि नाहिं ॥

टी॰ रा॰ अ॰ ५२

देखि निषाद बिषाद बस धुनहिं शीश पछुताहिं
जासु बियोग बिकल पशु ऐसे। प्रजा मातु पितु जीवहिं कैसे
बर बस राम सुमंत्र पठाये। सुरसरि तीर आप तब आये
मांगी नाव न केवट आना। कहइ तुम्हार मरम मैं जाना
चरन कमल रज कहुं सब कहई। मानुष करनि मूरि कछु अहई
छुवत सिला भइ नारि सुहाई। पाहन तें न काठ कठिनाई
तरनिउ मुनि घरनी होइ जाई। बाट परै मोरि नाव उड़ाई
एहि प्रति पालों सब परिवारू। नहिं जानों कछु और कबारू
जौ प्रभु पार अवशि गा चहहूं। मोहि पद पदुम पखारन कहहूं

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

छं. पद कमल धोइ चढ़ाइ नाव न नाथ उतराई चहौं ॥
मोहि राम राउर आन दशरथ सपथ सब साची कहौं
बर तीर मारहुं लषण पै जब लगि न पाय पखारि हौं
तब लगि न तुलसी दास नाथ कृपाल पार उतारि हौं ॥
सो. सुनि केवट के बैन प्रेम लपेटे अटपटे ॥
बिहंसे करुणा ऐन चितइ जानकी लषण तन
कृपासिंधु बोले मुसकाई । सोइ करु जेहि तव नाव न जाई
बेगि आन जल पाय पखारू । होत बिलंब उतारहि पारू
जासु नाम सुमिरत एक बारा । उतरहिं नर भव सिंधु अपारा
सोइ कृपाल केवटहि निहोरा । जेहिं जग किय तिहुं पगु गोरा
पद नख निरखि देव सरि हरषी । सुनि प्रभु बचन मोह मति करषी
केवट राम रजायसु पावा । पानि कठवता भरि लेइ आवा
अति आनंद उमगि अनुरागा । चरन सरोज पखारन लागा
बरष सुमन सुर सकल सिहाहीं । एहि सम पुण्य पुंज कोउ नाहीं
दो. पद पखारि जल पान करि आपु सहित परिवार
पितरि पार करि प्रभुहि पुनि मुदित गयेउ लै पार
उतरि ठाढ़ भये सुरसरि रेता । सीय राम गुह लषण समेता
केवट उतरि दंडवत कीन्हा । प्रभुहि सकुच एहि कछु नहिं दीन्हा
पिय हिय की सिय जाननि हारी । मणि मुंदरी मन मुदित उतारी
कहेउ कृपाल लेहु उतराई । केवट चरन गहे अकुलाई ॥
नाथ आज मैं काह न पावा । मिटे दोष दुख दारिद दावा

टी. रा. अ. ५४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बहुत काल मैं कीन्ह मजूरी। आजु दीन्ह बिधि बनि भलि भूरी
सब कछु नाथ न चाहिय मोरे। दीन दयाल अनुग्रह तोरे॥
फिरती बार मोहि जो देबा। सो प्रसाद मैं सिर धरि लेबा
दो॰ बहुत कीन्ह प्रभु लषण सिय नहिं कछु केवट लेइ
बिदा कीन्ह करुणायतन भगति बिमल बर देइ॥
तब मज्जन करि रघुकुल नाथा। पूजि पारथिव नायउ माथा
सिय सुरसरिहि कहेउ कर जोरी। मात मनोरथ पुरउब मोरी
पति देवर संग कुशल बहोरी। आइ करउं जेहि पूजा तोरी
सुनि सिय बिनय प्रेम रस सानी। भई तब बिमल बारिबर बानी
सुनि रघुबीर प्रिया बैदेही। तव प्रभाव जग बिदित न केही
लोकप होंहि बिलोकत तोरे। तोहि सेवहिं सब सिधि कर जोरे
तुम जो हमहिं बड़ि बिनय सुनाई। कृपा कीन्ह मोहि दीन्ह बड़ाई
तदपि देबि मैं देबि असीसा। सुफल होन हित निज बागीसा
दो॰ प्रान नाथ देवर सहित कुशल कोशला आइ
पूजिहि सब मन कामना सुयश रहहिं जग छाइ
गंग बचन सुनि मंगल मूला। मुदित सीय सुरसरि अनुकूला
तब प्रभु गुहहि कहेउ घर जाहू। सुनत सूख मुख भा उर दाहू
दीन बचन गुह कह कर जोरी। बिनय सुनहु रघुकुल मणि मोरी
नाथ साथ रहि पंथ देखाई। करि दिन चारि चरन सेवकाई
जेहि बन जाइ रहब रघुराई। परन कुटी मैं करब सुहाई
तब मोहि कहं जस देबि रजाई। सोई करि हौं रघुबीर दोहाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सहज सनेह राम लखि भ्रातू। संग लीन्ह गुह हृदय दुलातू
पुनि गुह ज्ञाति बोलि सब लीन्हे। करि परितोष बिदा सब कीन्हे
दो॰ तब गणपति शिव सुमिरि प्रभु नाय सुरसरिहि माथ
सखा अनुज सिय सहित बन गवन कीन्ह रघुनाथ
तेहि दिन भएउ बिटप तर बासू। लषण सखा सब कीन्ह सुपासू
प्रात प्रात कृत करि रघुराई। तीरथ राज दीख प्रभुजाई॥
सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी। माधव सरिस मीत हित कारी
चारि पदारथ भरा भंडारू। पुन्य प्रदेश देश अति चारू
क्षेत्र अगम गढ़ गाढ़ सुहावा। सपनेहु नहिं प्रति पक्षिन्ह पावा
सेन सकल तीरथ बर बीरा। कलुष अनीक दलन रन धीरा
संगम सिंहासन सुठि सोहा। छत्र अछैबट मुनि मन मोहा
चवर जमुन अरु गंग तरंगा। देखि होहिं दुख दारिद भंगा
दो॰ सबहिं सुकृती साध शुचि पावहिं सब मन काम
बंदी बेद पुरान गण कहहिं बिमल गुण ग्राम
को कहि सकै प्रयाग प्रभाऊ। कलुष पुंज कुंजर मृग राऊ
अस तीरथ पति देखि सुहावा। सुख सागर रघुबर सुख पावा
कहि सिय लषणहिं सबहिं सुनाई। श्री मुख तीरथ राज बड़ाई
करि प्रणाम देखत बन बागा। कहत महातम अति अनुरागा
एहि बिधि आइ बिलोकी बेनी। सुमिरत सकल सुमंगल देनी
मुदित नहाइ कीन्ह शिव सेवा। पूजि यथा बिधि तीरथ देवा
तब प्रभु भरद्वाज पहं आये। करत दंडवत मुनि उर लाये

टी॰ रा॰ अ॰ ५६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



यह मूर्ति भरद्वाज याज्ञवल्क्य के पास राम लक्ष्मण सीता आये

सुनि मन मोदन कहि कछु जाई। ब्रह्मानंद राशि जनु पाई
दो॰ दीन्ह असीस मुनीश्वर अति अनंद अस जानि
लोचन गोचर सुकृत फल मनहुं किये बिधि आनि
कुशल प्रश्न करि आसन दीन्हा। पूजि प्रेम परिपूरण कीन्हा
कंद मूल फल अंकुर नीके। दिये आनि मुनि मनहु अमीके
सीयलषण सन सहित सुहाये। अति रुचि राम मूल फल खाये
भए बिगत श्रम राम सुखारे। भरद्वाज मृदु बचन उचारे॥
आज सुफल तप तीरथ त्यागू। भयो सुफल जप योग बिरागू
सुफल सकल सुभ साधन साजू। राम तुम्हहिं अवलोकत आजू
लाभ अवधि सुख अवधि न दूजी। तुम्हरे दरस आस सब पूजी
दो॰ अब करि कृपा देहु बर एहू। निज पद सरसिज सहज सनेहू
दो॰ कर्म बचन मन छांड़ि छल जब लगि जनम तुम्हार
तब लगि सुख सपनेहु नहीं किये कोटि उपचार
सुनि मुनि बचन राम सकुचाने। भाव भक्ति आनंद अघाने
तब रघुबर मुनि सुयश सुहावा। कोटि भांति कहि सबहिं सुनावा
सो बड़ सो सब गुण गण गेहू। जेहि मुनीश तुम आदर देहू
मुनि रघुबीर परस्पर नवहीं। बचन अगोचर सुख अनुभवहीं
यह सुधि पाय प्रयाग निवासी। बटु तापस मुनि सिद्ध उदासी
भरद्वाज आश्रम सब आये। देखन दशरथ सुअन सुहाये
राम प्रणाम कीन्ह सब काहू। मुदित भये लहि लोचन लाहू
देहिं असीस परम सुख पाई। फिरे सराहत सुंदर ताई॥

दो॰ रा॰ अ॰ ५८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ राम कीन्ह बिश्राम निसि प्रात प्रयाग नहाइ
चले सहित सिय लषण जन मुदित मुनिहि सिरनाइ
राम सप्रेम कहेउ मुनि पाहीं। नाथ कहिय हम केहि मग जाहीं
मुनि मुनि बिहंसि राम सन कहहीं। सुगम सकल मग तुम कहं अहहीं
साथ लागि मुनि शिष्य बुलाये। मुनि मन मुदित पचासक आये
सबहिं राम पद प्रेम अपारा। सबहिं कहहिं मग दीख हमारा
मुनि बटु चारि संग तब दीन्हे। जिन बहु जन्म सुकृत बड़ कीन्हे
करि प्रणाम मुनि आयसु पाई। प्रमुदित हृदय चले रघुराई
ग्राम निकट जब निसरहिं जाई। देखहिं दरश नारि नर धाई॥
होहिं सनाथ जन्म फल पाई। फिरहिं दुखित मन संग पठाई

दो॰ रा॰ अ॰ ५८

दो॰ बिदा किये बहु बिनय करि फिरे पाइ मन काम
उतरि नहाये यमुन जल जो शरीर सम श्याम
सुनि तीरथ बासी नर नारी। धाये निज निज काज बिसारी
लषण राम सिय सुंदरताई। देखि करहिं निज भाग्य बड़ाई
अति लालसा सबहिं मन माहीं। नांव गांव पूछत सकुचाहीं।
जे तिन महं बय बृद्ध सयाने। तिन करि युक्ति राम पहिचाने॥
सकल कथा कहि तिनहिं सुनाई। बनहिं चले पितु आयसु पाई
सुनि स बिषाद सकल पछिताहीं। रानी राय कीन्ह भल नाहीं
तेहि अवसर एक तापस आवा। तेज पुंज लघु बयस सुहावा
कवि अलख गति बेष बिरागी। मन क्रम बचन राम अनुरागी
दो॰ सजल नयन तन पुलकि निज इष्ट देव पहिचान

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परेउ दंड जिमि धरणि पर दशा न जाय बखान
राम सप्रेम पुलक उर कीन्हा। परम रंक जनु पारस पावा ॥
मनहुं प्रेम परमारथ दोऊ। मिलत धरे तन कह सब कोऊ
बहुरि लषण पायन सो लागा। लीन्ह उठाय उमग अनुरागा
पुनि सिय चरण धूरि धरि शीशा। जननि जानि शिशु दीन्ह अशीशा
कीन्ह निषाद दंडवत तेही। मिलेउ मुदित लखि राम सनेही
पियत नयन पुट रूप पियूषा। मुदित सुअसन पाइ जिमि भूखा
राम लषण सिय रूप निहारी। होच सनेह बिकल नर नारी
ते पितु मातु कहो सखि कैसे। जिन पठये बन बालक ऐसे

टी. रा. अ. ६०

दो. तब रघुबीर अनेक विधि सखहि सिखावन दीन्ह
राम रजायसु शीश धरि गवन अंवन तिन्ह कीन्ह
पुनि सिय राम लषण कर जोरी। यमुनहिं कीन्ह प्रणाम बहोरी
चले सीय सहित दोउ भाई। रवि तनया कर करत बड़ाई
पथिक अनेक मिलहिं मगजाता। कहहिं सप्रेम देखि दोउ भ्राता
राज लक्षन सब अंग तुम्हारे। देख शोच हिय होत हमारे
मारग चलहु पयादेहि पाये। ज्योतिष झूठ हमारे भाये ॥
अगम पंथ गिरि कानन भारी। तेहि महं साथ नारि सुकुमारी
करि केहरि बन जाइ न जोई। हम सग चलहिं जो आयसु होई
जाव जहां लगि तहं पहुंचाई। फिरब बहोरि तुमहि शिर नाई
दो. इहि विधि पूछहिं प्रेम बस पुलक गात जल नैन
कृपासिंधु फेरहिं तिन्हहिं कहि बिनती मृदु बैन

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जे पुर ग्राम बसहिं मग माहीं। तिन्हहिं नाग सुर नगर सिहाहीं
केहि सुकृती केहि घरी बसाए। धन्य पुण्य मय परम सुहाए
जहं तहं राम चरण चलि जाहीं। तिन्ह समान अमरावति नाहीं
पुण्य पुंज मग निकट निवासी। तिन्हहिं सराहहिं सुरपुर वासी
जे भरि नयन बिलोकहिं रामहिं। सीता लषण सहित घन श्यामहिं
जे सर सरित राम अव गाहहिं। तिन्हहिं देव सरि सरित सराहहिं
जेहि तरु तर प्रभु बैठहिं जाई। करहिं कल्प तरु तासु बड़ाई
परसि राम पद पदुम पराग। मानति भूमि भूरि निज भाग
दो॰ छांह करहिं घन बिबुध गन बरषहिं सुमन सिहाहिं
देखत गिरि बन बिहंग मृग राम चले बन जाहिं
सीता लषण सहित रघुराई। गांव निकट जब निकसहिं जाई
सुनि सब बाल वृद्ध नर नारी। चलहिं तुरत गृह काज बिसारी
राम लषण सिय रूप निहारी। पाइ नयन फल होहिं सुखारी
सजल बिलोचन पुलक शरीरा। सब भए मगन देखि दोउ बीरा
बरणि न जाइ दशा तिन्ह केरी। लहि जनु रंकन्हि सुर मणि ढेरी
एकन्ह एक बोलि सिख देहीं। लोचन लाह लेह छन एहीं
एक रामहिं देखें अनुरागे। चितवत चले जाहिं संग लागे
एक नयन मग छबि उर आनी। होहिं सिथल तन मन बर बानी
दो॰ एक देखि वट छांह भलि डासि मृदुल तृन पात
कहहिं गवांइ अछिनकु श्रम गवनब अबहि कि प्रात
एक कलश भरि आनहिं पानी। अंचइ अनाय कहहिं मृदु बानी

दी॰ रा॰ अ॰ ६२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनि प्रिय बचन प्रीति अति देखी। राम कृपाल सुशील बिसेखी
जानी श्रमित सीय मन माहीं। घरिक बिलंब कीन्ह बट छाहीं
मुदित नारि नर देखहिं शोभा। रूप अनूप नयन मन लोभा
एकटक सब जोवहिं चहूं ओरा। रामचंद्र मुख चंद्र चकोरा
तरुन तमाल बरन तन सोहा। देखत कोटि मदन मन मोहा
दामिनि बरन लषण छुटि नीके। नख सिख सुभग भावते जीके
मुनि पट कटिन्ह कसें तूणीरा। सोहहिं कर कमलन्ह धनुतीरा
दो· जटा मुकुट शीशन सुभग उर भुज नयन बिशाल
सरद परब बिधु बदन बर लसत खेदकन जाल
टी· बरणि न जाइ मनोहर जोरी। शोभा बहुत मोरि मति थोरी
रा· श्र· ६२ राम लषण सिय सुंदर ताई। सब चितवहिं चित मन मति लाई
यके नारि नर प्रेम पियासे। मनहु मृगी मृग देखि दिआसे
सीय समीप ग्राम तिय जाहीं। पूंछत अति सनेह सकुचाहीं
बार बार सब लागहिं पाए। कहहिं बचन मृदु सरल सुभाए
राज कुमारि बिनय हम करहीं। तिय सुभाव कछु पूछत डरहीं
स्वामिनि अविनय छमिपि हमारी। बिलगु न मानि बिजानगवारी
राज कुंवर दोउ सहज सलोने। इन्ह ते लहिअति मरकत सोने
दो· श्यामल गौर किशोर बर सुंदर सुखमा ऐन
सरद सरबरी नाथ मुख सरद सरोरुह नैन
कोटि मनोज लजावन हारे। सुमुखि कहहु को अहहिं तुमारे
सुनि सनेह भय मंजुल बानी। सकुचि सीय मन महं मुसकानी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तिन्हहिं विलोकि विलोकति धरणी। दुहुं सकोच सकुचति बरबरणी
सकुचि सप्रेम बाल मृग नयनी। बोली बचन मधुर पिकबयनी
सहज सुभाय सुभग तन गोरे। नाम लषण लघु देवर मोरे॥
बहुरि बदन बिधु अंचल ढाँपी। पिय न चितइ भौंह करि बाँकी
खंजन मंजु तिरीछे नयननि। निज पति कहेउ तिन्हहिं सिय सयननि
भई मुदित सब ग्राम बधूटी। रंकन रतन राशि जनु लूटी।

दो॰ अति सप्रेम सिय पाय परि बहु बिधि देहिं असीस
सदा सुहागिनि होहु तुम्ह जब लगि महि गिरि सीस

पारबती सम पति प्रिय होहू। देबि न हम पर छाड़ब छोहू
पुनि पुनि बिनय करिअ कर जोरी। जौ एहि मारग फिरिय बहोरी
दरशन देब जानि निज दासी। लखी सीय सब प्रेम पिआसी
मधुर बचन कहि कहि परितोषी। जनु कुमुदिनी कौमुदी पोषी
तबहिं लषण रघुबर रुष जानी। पूछेउ मग लोगन्हि मृदु बानी
सुनत नारि नर भये दुखारी। पुलकित गात बिलोचन बारी
मिटा मोद मन भये मलीने। बिधि निधि दीन्ह लेत जनु छीने
समुझि करम गति धीरज कीन्हा। सोधि सुगम मग तिन्ह कर दीन्हा।

दो॰ लषण जानकी सहित तब गवन कीन्ह रघुनाथ
फेरे सब प्रिय बचन कहि लिये लाइ मन साथ

फिरत नारि नर अति पछिताहीं। दैअहिं दोष देहिं मन माहीं
सहित बिषाद परस्पर कहहीं। बिधि के करतब उलट निबहहीं
निपट निरंकुस निठुर निसंकू। जेहि शशि कीन्ह सरज सकलंकू

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रूख कल्पतरु सागर खारा। तेहि पठये बन राजकुमारा
जो पै इन्हहिं दीन्ह बन बासू। कीन्ह बादि बिधि भोग बिलासू
ए बिचरहिं मग बिनु पदत्राना। रचे बादि बिधि बाहन नाना
तरपहिं परहिं डासि कुस पाता। सुभग सेज कत सृजत बिधाता
तरु तर बास इन्हहिं बिधि दीन्हा। धवल धाम रचि रचि श्रमकीन्हा
दो. जो ए मुनिपट जटिलधर सुंदर सुठि सुकुमार
बिबिध भांति भूषन बसन बादि किये करतार ॥
जो ए कंदमूल फल खाहीं। बादि सुधादि असन जग माहीं
एक कहहिं ए सहज सुहाए। आपु प्रगट भए बिधि न बनाए
टी. ए. अ. ६४ जहं लगि बेद कही बिधि करणी। श्रवन नयन मन गोचर बरणी
देखहु खोजि भुवन दसचारी। कहं अस पुरुष कहां असनारी
कीन्ह बहुत श्रम एक न आये। तेहि इरषा बन आनि दुराये
इन्हहिं देखि बिधि मन अनुरागा। पटतर जोग बनावै लागा
एक कहहिं हम बहुत न जानहिं। आपहि परम धन्य करि मानहिं
ते मुनि पुण्य पुंज हम लेखे। जे देखहिं देखिहहिं जिन्ह देखे
दो. एहि बिधि कहि कहि बचन प्रिय लेहिं नयन भरि नीर
किमि चलिहहिं मारग अगम सुठि सुकुमार सरीर
नारि सनेह बिकल बस होहीं। चकई सांझ समय जनु सोही
मृदु पद कमल कठिन मगजानी। गह बरि हृदय कहहिं मृदु बानी
परसत चरण मृदुल अरुणारे। सकुचति महि जिमि हृदय हमारे
जो जगदीश इन्हहिं बन दीन्हा। कस न सुमन मय मारग कीन्हा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जो मांगे पाइय बिधि पाहीं। राखिय सखि इन आखिन माहीं
जे नर नारि न अवसर आये। ते सिय राम न देखन पाये ॥
सुनि सरूप पूछहिं अकुलाई। अब लगि गये कहां लगि भाई
समरथ धाइ बिलोकहिं जाई। प्रमुदित फिरहिं नयन फल पाई
दो॰ अबला बालक वृद्ध जन कर मीजहिं पछिताहिं
होहिं प्रेम बस लोग इमि राम जहां जहं जाहिं
गांव गांव अस होइ अनंदू। देखि भानु कुल कैरव चंदू ॥
जो कछु समाचार सुनि पावहिं। ते नृप रानिहि दोष लगावहिं
कहहिं एक अति भल नरनाहू। दीन्ह हमहिं जिन्ह लोचन लाहू
कहहिं परस्पर लोग लुगाई। बातें सरल सनेह सुहाई ॥
ते पित मात धन्य जे जाये। धन्य सो नगर जहां ते आये
धन्य सो रौल देश बन गाऊं। जहं जहं जाहिं धन्य सो ठाऊं
सुख पायो बिरंचि रचि तेही। ये जिन्ह के सब भांति सनेही ॥
राम लषण सिय कथा सुहाई। रही सकल मग कानन छाई
दो॰ इहि बिधि रघुकुल कमल रवि मग लोगन सुख देत
जाहिं चले देखत बिपिन सिय सौमित्र समेत
आगे राम लषण पुनि पाछे। तापस बेष बिराजत काछे ॥
उभय मध्य सिय शोभित कैसी। ब्रह्म जीव बिच माया जैसी
बहुरि कहौं छवि जस मन बसई। जनु मधु मदन मध्य रति लसई
उपमा बहुरि कहौं जिय जोही। जनु बुध बिधु बिच रोहणी सोही
प्रभु पद रेख बीच बिच नीता। धरहिं चरण मग चलहिं सभीता

टी॰ रा॰ अ॰ ६५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सीय राम पद अंक बराये । लषण चलहिं मग दाहिन लाये
राम लषण सिय प्रीति सुहाई। बचन अगोचर किमि कहिजाई
खग मृग मगन देखि छबि होही। लिये राम चित चोर बटोही ॥
दो· जिन्ह जिन्ह देखे पथिक प्रिय सीय सहित दोउ भाइ
भव मग अगम अनंद तेइ बिन श्रम रहे सिराइ ॥
अजहुं जासु उर सपनेहुं काऊ। बसहिं लषण सिय राम बटाऊ
राम धाम पथ पाइहि सोई। जो पथि पावक कहु मुनि कोई
तब रघुबीर श्रमित सिय जानी। देखि निकट बड़ शीतल पानी
तहं बसि कंद मूल फल खाई। प्रात नहाइ चले रघुराई ॥
देखत बन सर शैल सुहाये। बालमीक आश्रम प्रभु आये
राम दीख मुनि बास सुहावन। सुंदर गिरि कानन जल पावन
सरनि सरोज बिटप बन फूले। गुंजत मंजु मधुप रस भूले
खग मृग बिपुल कोलाहल करहीं। बिरहित बैर मुदित मनचरहीं
दो· शुचि सुंदर आश्रम निरखि हरषे राजिव नयन
मुनि रघुबर आगमन सुनि आगे आये लयन
मुनि कहं राम दंडवत कीन्हा। आशिर्बाद बिप्रबर दीन्हा
देखि राम छबि नयन जुड़ाने। करि सनमान आश्रमहिं आने
मुनिबर अतिथि प्रान प्रिय पाए। कंद मूल फल मधुर मंगाए
सिय सौमित्रि राम फल खाये। तब मुनि आश्रम दिए सुहाए
बालमीक मन आनंद भारी। मंगल मूरति नयन निहारी
तब कर कमल जोरि रघुराई। बोले बचन श्रवण सुखदाई

टी· रा· अ· ६६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तुम त्रिकाल दर्शी मुनि नाथा। बिश्व बदरि जिमि तुमरे हाथा
अस कहि प्रभु सब कथा बखानी। जेहि जेहि भांति दीन्ह बन रानी
दो॰ तात बचन पुनि मात हित भाइ भरत अस राउ
मो कहं दरश तुम्हार प्रभु सब मम पुण्य प्रभाउ
देखि पाय मुनि राय तुम्हारे। भए सुकृत सब सुफल हमारे
अब जहं राउर आयसु होई। मुनि उद बेग न पावै कोई॥
मुनि तापस जिन्ह तें दुख लहहीं। ते नरेश बिन पावक दहहीं
मंगल मूल बिप्र परितोषू। दहइ कोटि कुल भूसुर रोषू॥
अस जिय जानि कहिय सोइ ठाऊं। सिय सौमित्रि सहित जहं जाऊं
तहं रचि रुचिर परण तृण शाला। बास करहु कछु काल कृपाला
सहज सरल सुनि रघुबर बानी। साधु साधु बोले मुनि ज्ञानी
कसन कहहु अस रघुकुल केतू। तुम पालक संतत श्रुति सेतू
छं॰ श्रुति सेतु पालक राम तुम जगदीश माया जानकी
सो सृजति जग पालति हरति रुष पाइ कृपा निधानकी
जो सहस शीश अहीश महि धर लषण सचराचर धनी
सुर काज धरि नर राज तनु चले दलन खल निशिचर अनी
सो॰ राम सरूप तुम्हार बचन अगोचर बुद्धि पर॥
अविगत अकथ अपार नेति नेति नित निगम कह
जग पेखन तुम देखन हारे। बिधि हरि शंभु नचावन हारे
तेउ न जानहिं मरम तुम्हारा। और तुमहिं को जानन हारा
सोइ जानइ जेहि देहु जनाई। जानत तुमहिं तुमइ होइ जाई

टी॰ रा॰ अ॰ ६७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

टी.
ए. अं.
६८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तुमरी कृपा तुमहिं रघुनंदन। जानहिं भगत भगत उर चंदन
चिदानंद मय देह तुम्हारी। बिगत बिराग ज्ञान अधिकारी
नर तन धरेउ संत सुर काजा। कहहु करहु जस प्राकृत राजा
राम देखि सुनि चरित तुम्हारे। जड़ मोहहिं बुध होहिं सुखारे
तुम जो कहहु करहु सब साचा। जस काछिय तस चाहिय नाचा
दो॰ पूछेहु मोहि कि रहौं कहं मैं पूछत सकुचाउं ॥
जहं न होउ तहं देहु कहि तुमहिं देखावहुं ठाउं
सुनि मुनि बचन प्रेम रस साने। सकुचि राम मन महं मुसकाने
बालमीक हंसि कहहिं बहोरी। बानी मधुर अमिय रस बोरी
सुनहु राम अब कहौं निकेता। जहां बसहु सिय लषण समेता
जिन्हके श्रवण समुद्र समाना। कथा तुम्हारि सुभग सर नाना
भरहिं निरंतर होहिं न पूरे। तिनके हिय तुम कहुं गृह रूरे
लोचन चातक जिन करि राखे। रहहिं दरस जल धर अभिलाषे
निंदहिं सरित सिंधु सर भारी। रूप बिंदु जल होहिं दुखारी
तिनके हृदय सदन सुखदायक। बसहु बंधु सिय सह रघुनायक
दो॰ जस तुम्हार मानस बिमल हंसिनि जीहा जासु
मुकुता हल गुन गन चुनइ राम बसहु मन तासु
प्रभु प्रसाद सुचि सुभग सुबासा। सादर जासु लहइ नित नासा
तुमहिं निबेदित भोजन करहीं। प्रभु प्रसाद पट भूषण धरहीं
प्रथमहिं बास दिये सब केही। सुंदर सुखद यथा रुचि जेही
दो॰ बहुरि सपरिजन भरतकहुं ऋषि अस आयसु दीन्ह
बिधि बिसमय दायक बिभव मुनिबर तप बल कीन्ह
मुनि प्रभाउ जब भरत बिलोका। सब लघु लगे लोक पति लोका
सुख समाज नहिं जाइ बखानी। देखत बिरति बिसारहिं ग्यानी
आसन सयन सुबसन बिताना। बन बाटिका बिहंग मृग नाना
सुरभि फूल फल अमिय समाना। बिमल जलासय बिबिध बिधाना
असन पान सुचि अमित अमीसे। देखि लोग सकुचाहिं जमीसे
सुर सुरभी सुरतरु सबही के। लखि अभिलाष सुरेस सचीके
रितु बसंत बह त्रिबिध बयारी। सब कहं सुलभ पदारथ चारी
सरग चंदन बनिता दिक भोगा। देखि हरषि बिसमय सब लोगा
दो॰ संपति चकई भरत चक मुनि आयसु खेलवार
तेहि निसि आश्रम पिंजरां राखे भा भिनुसार
कीन्ह निमज्जन तीरथ राजा। नाइ मुनिहिं सिर सहित समाजा
रिषि आयसु असीस सिर राखी। करि दंडवत बिनय बहु भाखी
पथिगत कुसल साथ सब लीन्हे। चले चित्रकूटहिं चित दीन्हे
राम सखा कर दीन्हे लागू। चलत देह धरि जनु अनुरागू
नहिं पद त्राण सीस नहिं छाया। प्रेम नेम ब्रत धरम अमाया
लषण राम सिय पंथ कहानी। पूंछत सखहिं कहत मृदु बानी

राम बास थल बिटप बिलोके। उर अनुराग रहत नहिं रोके
देखि दसा सुर बरषहिं फूला। भइ मृदु महि मगु मंगल मूला
दो॰ किये जाहिं छाया जलद सुखद बहइ बर बात ॥
तस मग भयउ न राम कहं जस भा भरतहि जात
जड़ चेतन मग जीव घनेरे। जे चितये प्रभु जिन्ह प्रभु हेरे
ते सब भये परम पद जोगू। भरत दरस मेटा सब रोगू ॥
यह बड़ि बात भरत कै नाहीं। सुमरत जिन्हहिं राम मन माहीं
बारेक राम कहत जग जेऊ। होत तरण तारण नर तेऊ ॥
भरत राम प्रिय पुनि लघु भ्राता। कस न होइ मग मंगल दाता
सिद्ध साध मुनिबर अस कहहीं। भरतहि निरखि हरष हियं लहहीं
देखि प्रभाव सुरेसहि सोचू। जगभल भलेहि पोच कहं पोचू
गुरु सन कहेउ करिय प्रभु सोई। रामहिं भरतहिं भेंट न होई ॥
दो॰ राम सकोची प्रेम बस भरत सु प्रेम पयोधि ॥
बनी बात बिगरन चहत करिय यतन छल शोधि
बचन सुनत सुरगुरु मुसकाने। सहस नयन बिन लोचन जाने
कह गुरु बादि छोभ छल छाड़ू। इहां कपट कर होइ अभाड़ू
मायापति सेवक सन माया। करियत उलटि परइ सुरराया
तब कछु कीन्ह राम रुख जानी। अब कुचालि करि होइहि हानी
सुन सुरेस रघुनाथ सुभाऊ। निज अपराध रिसाहिं न काऊ
जो अपराध भगत करि करई। राम रोष पावक सो जरई
लोकहुं बेद बिदित इतिहासा। यह महिमा जानहिं दुरबासा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भरत सरिस को राम सनेही। जग जपु राम राम जप जेही ॥
दो॰ मन्द्रु न आनिय अमर पति रघुबर भक्त अकाज
अयश लोक परलोक दुख दिन दिन सोक समाज
सुन सुरेश उपदेश हमारा। रामहि सेवक परम पियारा ॥
मानत सुख सेवक सेवकाई। सेवक बैर बैर अधिकाई ॥
यद्यपि सम नहिं राग न रोषू। गहहि न पाप पुण्य गुण दोषू
करम प्रधान बिश्व करि राखा। जो जस करै सो तस फल चाखा
तदपि करहिं सम बिषम बिहारा। भक्त अभक्त हृदय अनुसारा
अगुण अलेख अमान एकरस। राम सगुण भए प्रेम भक्त बस
राम सदा सेवक रुचि राखी। बेद पुराण साधु सुर साखी
अस जिय जानि तजहु कुटिलाई। करहु भरत पद प्रीति सुहाई
दो॰ राम भक्त पर हित निरत पर दुख दुखी दयाल
भक्त शिरोमणि भरत तें जनि डरपहु सुरपाल
सत्यसिंधु प्रभु सुर हित कारी। भरत राम आयसु अनुहारी
स्वारथ बिबस बिकल तुम होहू। भरत दोष नहिं राउर मोहू
सुनि सुरबर सुरगुरु हित बानी। भा प्रबोध जनु मिटी गलानी
बरषि प्रसून हर्षि सुर राजा। लगे सराहन भरत समाजा
इहि बिधि भरत चले मग माहीं। दसा देखि मुनि सिद्ध सिहाहीं
जबहिं राम कहि लेहिं उसासा। उमगत प्रेम मनहुं चहु पासा
द्रवहिं बचन सुनि कुलिश पषाना। पुरजन प्रेम न जाइ बखाना
बीच बास करि जमुनहिं आए। निरखि नीर लोचन जल छाए

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ रघुबर बर्ण बिलोकि बर बारि समेत समाज
होत बिरह बारिध मगन चढ़े बिबेक जहाज
यमुन तीर तेहि दिन कर बासू। भयउ समय सब सबहिं सुपासू
रातिहि घाट घाट की तरणी। आईं अगणित जाइ न बरणी
प्रात पार भे एकहि खेवा ॥। तोषे राम सखा करि सेवा
चले अन्हाय नदिहि शिर नाई। साथ निषाद नाथ लघु भाई
आगे मुनिबर बाहन आछे। राज समाज जाय सब पाछे॥
तेहि पाछे सब बंधु पयादे। भूषण बसन बेष सुठि सादे
सेवक सुहृद सचिव सब साथा। सुमिरत लषण सीय रघुनाथा
जहं जहं राम बास बिश्रामा। तहं तहं करहिं सप्रेम प्रणामा
दो॰ मगु बासी नर नारि सुन धाम काज तजि धाय
देखि स्वरूप सनेह बस मुदित जन्म फल पाय
कहहिं सप्रेम एक इक पाहीं। राम लषण सखि होहिं कि नाहीं
बय बपु बरण रूप सोइ आली। शील सनेह सरस सम चाली
बेष न से सखि सीय न संगा। आगे अनी चली चतुरंगा
नहिं प्रसन्न मुख मानस खेदा। सखि संदेह होत इहि भेदा
तासु तर्क तिय गण मन मानी। कहहिं सकल तोहि सम न सयानी
तेहि सराहि बाणी फुर पूजी। बोली मधुर बचन तिय दूजी
कहि सप्रेम सब कथा प्रसंगू। जेहि बिधि राम राज रस भंगू
भरतहि बहुरि सराहन लागी। शील सनेह सुभाव सुभागी
दो॰ चलत पयादे खात फल पिता दीन्ह तजि राज

टी॰ रा॰ अ॰ १२४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जात मनावन रघुबरहिं भरत सरिस को आज
भायप भक्ति भरत आचरए। कहत सुनत दुख दूषण हरए
जो कछु कहिय थोरि सरिसोई। राम बंधु अस काहेन होई
हम सब सानुज भरतहिं देखे। भये धन्य जुवती जन लेखे
सुनि गुण देखि दसा पछिताहीं। कैकइ जननि जोग सुत नाहीं
कोउ कह दूषण रानिउ नाहिन। बिधि सब भांति हमहिं जो दाहिन
कहं हम लोक बेद बिधि हीना। लघु कुल तिय करतूति मलीना
बसहिं कुदेश कुगांव कुठामा। कहं यह दरस पुण्य परिणामा
अस आनंद अचरज प्रति ग्रामा। जनु मरु भूमि कल्प तरु जामा
दो॰ भरत दरस देखत खुले मग लोगन्ह कर भाग ॥
जनु सिंघल कासिन अवध बिधि बस सुरसरि प्राग
निज गुण सहित राम गुण ग्रामा। सुनत जाहिं सुमिरत रघुनाथा
तीरथ मुनि आश्रम सुरधामा। निरखत निमज्जहिं करहिं प्रणामा
मनहीं मन मांगहिं बर एहू। सीय राम पद पदुम सनेहू ॥
मिलहिं किरात कोल बनवासी। बैखानस बटु गृही उदासी
करि प्रणाम पूछहिं जेहि तेही। केहि बन लखन रामु बैदेही
ते प्रभु समाचार सब कहहीं। भरतहि देखि जनम फल लहहीं
जे जन कहहिं कुशल हम देखे। ते प्रिय राम लखन सम पेखे
इहि बिधि बूझत सबहिं सुबानी। सुनत राम बन बास कहानी
दो॰ तेहि बासर बस प्रातहीं चले सुमिरि रघुनाथ
राम दरस की लालसा भरत सरिस सब साथ

टी ए॰ अ ११५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मंगल सगुण होहिं सब काहू। फरकहिं सुखद बिलोचन बाहू
भरतहिं सहित समाज उछाहू। मिलिहहिं राम मिटहिं दुखदाहू
करत मनोरथ जस जिय जाके। जाहिं सनेह सुरा सब छाके
शिथिल अंग पग मग डग डोलहिं। बिह्वल बचन प्रेम बस बोलहिं
राम सखा तेहि समय देखावा। सैल शिरोमणि सहज सुहावा
जासु समीप सरित पय नीरा। सीय समेत बसहिं दोउ बीरा
देखि करहिं सब दंड प्रणामा। कहि जिय जानकी जीवन रामा
प्रेम मगन अस राज समाजू। जनि फिर चले अवध रघुराजू

दो॰ भरत प्रेम तेहि समय जस तस कहि सकइ न शेस
कविहि अगम जिमि ब्रह्म सुख अरु मम मलिन जनेस

टी॰ रा॰ अ॰ ११६

सकल सनेह शिथिल रघुबरके। गए कोस दुइ दिन कर ढरके
जल थल देखि बसे निशि बीते। कीन्ह गवन रघुनाथ पिरीते
उहां राम रजनी अवशेषा। जागे सीय सपन अस देषा
सहित समाज भरत जनु आये। नाथ बियोग ताप तन ताये
सकल मलिन मन दीख दुखारी। देखीं सासु आन अनहारी
सुनि सिय सपन भरे जल लोचन। भए शोच बस शोच बिमोचन
लषण सपन यह नीक न होई। कठिन कुचाह सुनाइहि कोई
अस कह बंधु समेत नहाने। पूजि पुरारि साधु सन माने
छं॰ सनमानि सुरमुनि पूजि बैठे उतर दिशि देखत भये॥
नभ धूरि खग मृग भूरि भागे बिकल प्रभु आश्रम गये
तुलसी उठे अवलोकि कारण काह चित चाकत रहे

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सब समाचार किरात कोल्हन आदु नेहि अवसर कहे
सो. सुनत सुमंगल बैन मन प्रमोद तन पुलक भर
सरद सरोरुह नैन तुलसी भरे सनेह जल ॥
बहुरि सोच बस भये सिय रमनु। कारन कवन भरत आगमनु ॥
एक आइ अस कहा बहोरी। सेन संग चतुरंग न थोरी ॥
सो सुनि रामहिं आति सोचू। इत पितु बच उत बंधु संकोचू
भरत सुभाउ समुझि मन माहीं। प्रभु चित हित थित पावत नाहीं
समाधान तब भा यह जाने। भरत कहे महुं साधु सयाने
लखन लखेउ प्रभु हृदय खभारू। कहत समय सम नीति बिचारू
बिनु पूछे कछु कहउं गोसांई। सेवक समयं न ढीठ ढिठाई
तुम सर्बज्ञ सिरोमनि स्वामी। आपुनि समुझि कहौं अनुगामी
दो. नाथ सुहृद सुठि सरल चित सील सनेह निधान
सब पर प्रीति प्रतीति जियं जानिअ आपु समान
बिषयी जीव पाइ प्रभुताई। मूढ़ मोह बस होहिं जनाई ॥
भरत नीति रत साधु सुजाना। प्रभु पद प्रेम सकल जग जाना
तेऊ आज राज पद पाई ॥ चले धरम मरजाद मिटाई ॥
कुटिल कुबंधु कुअवसर ताकी। जानि रामबन बास एकाकी ॥
करि कुमंत्र मन साजि समाजू। आए करै अकंटक राजू ॥
कोटि प्रकार कलपि कुटिलाई। आए दल बटोरि दोउ भाई ॥
जौ जिय होति न कपट कुचाली। केहि सोहाति रथ बाजि गजाली
भरतहिं दोष देय को जाए। जग बौराइ राज पद पाए

टी. रा. अ. २७

दो॰ शशि गुरु तिय गामी नहुष चढ़ेउ भूमि सुर जान
लोक वेद तें बिमुख भा अधम न वेण समान ॥

सहस बाहु सुर नाथ त्रिसंकू। केहि न राज मद दीन्ह कलंकू ॥
भरत कीन्ह यह उचित उपाऊ। रिपु रण रंचक करब काऊ
एक कीन्ह नहिं भरत भलाई। निदरे राम जान अस काई ॥
समुझि परिहि सो आजु बिसेषी। समर सरोष राम मुख पेखी
एतना कहत नीति रस भूला। रण रस बिटप पुलकि मिस फूला
प्रभु पद बंदि सीस रज राखी। बोले सत्य सहज बल भाखी
अनुचित नाथ न मानब मोरा। भरत हमहिं उपचार न थोरा
कहं लगि सहिय रहिय मन मारे। नाथ साथ धनु हाथ हमारे

दो॰ छत्रि जाति रघुकुल जनम राम अनुज जग जान
लातहुं मारे चढ़त सिर नीच को धूरि समान ॥

उठ कर जोरि रजायसु मांगा। मनहुं बीर रस सोवत जागा।
बांधि जटा सिर कस कटि भाथा। साजि सरासन सायक हाथा
आजु राम सेवक जस लेऊं। भरतहिं समर सिखावन देऊं
राम निरादर कर फल पाई। सोवइ समर सेज दोउ भाई ॥
आइ बना भल सकल समाजू। प्रगट करौं रिस पाछिल आजू
जिमि करि निकर दलइ मृग राजू। लेइ लपेटि लवा जिमि बाजू ॥
तैसहिं भरतहिं सेन समेता। सानुज निपातउं खेता
जौ सहाय कर संकर आई। तौ मारौं रण राम दोहाई ॥

दो॰ अति सरोष माखे लषन लखि सुनि सपथ प्रमान

दी॰ रा॰ अ॰ ११८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

समय लोक सब लोक पति चाहत भभरि भगान ॥
जग भय मगन गगन भइ बानी। लषण बाहु बल बिपुल बखानी
मान प्रताप प्रभाव तुम्हारा। को कहि सकइ को जानन हारा
अनुचित उचित काजु कछु होऊ। समुझि करिय भल कह सब कोऊ
सहसा करि पाछे पछिताहीं। कहहिं बेद बुध ते बुध नाहीं ॥
सुनि सुर बचन लषण सकुचाने। राम सीय सादर सन माने
कही तात तुम नीति सुहाई। सबतें कठिन राज मद भाई ॥
जो अंचवत नृप मातहि तेई। नाहिन साधु सभा जेहि सेई ॥
सुनहु लषण भल भरत सरीसा। बिधि प्रपंच महं सुना न दीसा

दो. भरतहिं होइ न राज मद बिधि हरि हर पद पाय
कबहुं कि कांजी सीकरनि छीर सिंधु बिनसाय

तिमिर तरुण तरणिहि मकु गिलई। गगन मगन मकु मेघहि मिलई
गोपद जल बूडहिं घट जोनी। सहज क्षमा बरु छाड़ै छोनी
मसक फूंक मकु मेरु उड़ाई। होइ न नृप मद भरतहिं भाई
लषण तुम्हार सपथ पितु आना। सुचि सुबंधु नहिं भरत समाना
सगुण खीरु अवगुण जलपाना। करइ परिपंच बिधाता
भरत हंस रवि बंश तड़ागा। जनमि कीन्ह गुण दोष बिभागा
गहि गुण पय तजि अवगुण बारी। निज यश जगत कीन्ह उजियारी
कहत भरत गुण शील सभाऊ। प्रेम पयोधि मगन रघुराऊ।

दो. सुनि रघुबर बाणी बिबुध देखि भरत पर हेत
सकल सराहत राम सो प्रभु को कृपा निकेत

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जो न होत जग जग जनम भरतको। सकल धरम धुरिधरणिधरतको
कवि कुल अगम भरत गुण गाथा। को जानइ तुम बिन रघुनाथा
लषण राम सिय सुनि सुर बानी। अति सुख लहेउ न जाइ बखानी
इहां भरत सब सहित सहाए। मंदाकिनी पुनीत नहाए॥
सरित समीप राख सब लोगा। मांगि मातु गुरु सचिव नियोगा
चले भरत जहं सिय रघुराई। साथ निषाद नाथ लघु भाई
समुझि मातु करतब सकुचाहीं। करत कुतर्क कोटि मन माहीं
राम लषण सिय सुनि मम नाऊं। उठि जनि अनित जाहिं तजि ठाऊं

दो॰ मातु मते यह मानि मोहि जो कछु करहिं सो थोर
अघ अवगुण छपि आदरहिं समुझ आपनी ओर

जौ परि हरहिं मलिन मन जानी। तो सनमानहिं सेवक मानी
मोरे सरन राम की पनहीं। राम सु स्वामि दोष सब जनहीं
जग जस भाजन चातक मीना। नेम प्रेम निज निपुण नबीना
अस मन गुनत चले मग जाता। सकुच सनेह शिथिल सब गाता
फेरति मनहिं मातु कृत खोरी। चलत मगत बल धीरज धोरी
जब समुझत रघुनाथ सुभाऊ। तब पथ परत उताइल पाऊ
भरत दशा तेहि अवसर कैसी। जल प्रवाह जल अलिगत जैसी
देखि भरत कर शोच सनेहू। भा निषाद तेहि समय बिदेहू

दो॰ लगे होन मंगल सगुण सुनि गुणि कहत निषाद
मिटिहि शोच होइहि हरष पुनि परिणाम बिखाद

सेवक वचन सत्य सब जाने। आश्रम निकट जाइ नियराने

टी॰ रा॰ अ॰ १२०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भरत दीख बन सैल समाजू। मुदित सुधित जनु पाइ सुराजू
देखि भीति जनु प्रजा दुखारी। त्रिबिध ताप पीड़ित गृह भारी॥
जाइ सुराज सुदेश सुखारी। होहि भरत गति तेहि अनुहारी
राम बास बन संपति भ्राजा। सुखी प्रजा जनु पाइ सुराजा
सचिव बिरागु बिबेकु नरेसू। बिपिन सुहावन पावन देसू॥
भट जिमि नियम सैल रजधानी। सांति सुमति सुचि सुंदर रानी
सकल अंग संपन्न सुराऊ। राम चरण आश्रित चित चाऊ

दो॰ नीति मोह महिपाल दल सहित बिबेक अुआल
करत अकंटक राज्य पुर सुख संपदा सुकाल

बन प्रदेस मुनि बास घनेरे। जनु पुर नगर गाउं गन खेरे
बिपुल बिचित्र बिहंग मृग नाना। प्रजा समाज न जाइ बखाना
खर हा करिहारि बाघ बराहा। देखि महिष वृष साजु सराहा
बयरु बिहाइ चरहिं इक संगा। जहं तहं मनहुं सेन चतुरंगा
झरना झरहिं मत्त गज गाजहिं। मनहुं निसान बिबिध बिध बाजहिं
चक चकोर चातक सुक पिक गन। कूजत मंजु मराल मुदित मन
अलि गण गावत नाचत मोरा। जनु सुराज मंगल चहु ओरा
बेलि बिटप तृण सकल सफूला। सब समाजु मुद मंगल मूला

दो॰ राम सैल सोभा निरखि भरत हृदय अति प्रेम
तापस तप फल पाइ जिमि सुखी सिराने नेम

तब केवट ऊंचे चढ़ि जाई। कहेउ भरत सन भुजा अुठाई
नाथ देखु यह बिटप बिसाला। पाकरि जंबु रसाल तमाला

दी॰ रा॰ अ॰ १२१

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तिन्ह तरु तरन्ह मध्य बट सोहा। मंजु बिसाल देखि मन मोहा
नील सघन पल्लव फल लाला। अबिचल छाह सुखद सब काला
मानहुं तिमिर अरुण मय रासी। बिरची बिधि सकेलि सुषमा सी
एतरु सरित समीप गोसांई। रघुबर परण कुटी जहं छाई
तुलसी तरुवर बिबिध सुहाए। कहुं कहुं सिय कहुं लषण लगाए
बट छाया वेदिका बनाई। सिय निज पाणि सरोज सुहाई
दो॰ जहां बैठि मुनि गण सहित नित सिय राम सुजान
सुनहिं कथा इतिहास सब आगम निगम पुरान
सखा बचन सुनि बिटप निहारी। उमगे भरत बिलोचन बारी॥
करत प्रणाम चले दोउ भाई। कहत प्रीति सारद सकुचाई
हरषहिं निरख राम पद अंका। मानहुं पारस पायउ रंका॥
रज शिर धरि हिय नयन लगावहिं। रघुबर मिलन सरस सुख पावहिं
देखि भरत गति अकथ अतीवा। प्रेम मगन मृग खग जड़ जीवा
सखहि सनेह बिवस मग भूला। कहि सुपंथ सुर बरषहिं फूला
निरख सिद्ध साधक अनुरागे। सहज सनेह सराहन लागे॥
होत न भूतल भाव भरत को। अचर सचर चर अचर करत को
दो॰ प्रेम अमिय मंदर बिरह भरत पयोधि गंभीर॥
मथि प्रगटेउ सुर साधु हित कृपासिंधु रघुबीर
सखा सनेह मनोहर जोटा। लखेउ न लषण सघन बन ओटा
भरत दीख प्रभु आश्रम पावन। सकल सुमंगल सदन सुहावन
करत प्रवेश मिटे दुख दावा। जनु योगी परमारथ पावा॥

टी॰ ए॰ ग्र॰ १२२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देखे भरत लषण प्रभु आगे। पूंछे बचन कहत अनुरागे॥
शीश जटा कटि मुनि पट बांधे। तूण कसे करशर धनु कांधे
बेदी पर मुनि साधु समाजू। सीय सहित राजत रघुराजू
बल कल बसन जटिल तनु श्यामा। जनु मुनि वेष कीन्ह रति कामा
कर कमलन धनु सायक फेरत। हिय की जरनिह रति हंसि हेरत
दो॰ लसत मंजु मुनि मंडली मध्य सीय रघुनंद॥
ज्ञान सभा जनु तनु धरे भगत सच्चिदा नंद॥
सानुज सखा समेत मगन मन। बिसरे हरष शोक सुखदुखगन
पाहि नाथ कहि पाहि गोसांई। भूतल परे लकुट की नांई॥
बचन सप्रेम लषण पहिचाने। करत प्रणाम भरत जिय जाने
बंधु सनेह सरस एहि ओरा। इत साहेब सेवा बर जोरा॥
मिलि न जाइ नहिं गुदरत बनई। सुकबि लषण मनकी गति भनई
रहे राखि सेवा परिवारू। चढ़ी चंग जनु खैंच खिलारू
कहत सप्रेम नाइ महि माथा। भरत प्रणाम करत रघुनाथा
उठे राम सुनि प्रेम अधीरा। कहुं पट कहुं निषंग धनु तीरा
दो॰ बरबस लिये उठाइ उर लाए कृपा निधान॥
भरत राम की मिलन लखि बिसरे सबहि अपान
मिलन प्रीति कछु जाइ बखानी। कबि कुल अगम करम मन बानी
परम प्रेम पूरण दोउ भाई। मन बुधि चित अहमिति बिसराई
कहहु सुप्रेम प्रगट को करई। केहि छाया कवि मति अनुसरई
कविहि अरथ आखर खलु सांचा। अनु हरिताल गतिहि नट नांचा

टी॰ रा॰ अ॰ १२३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अगम सनेह भरत रघुबर को। जहं न जाइ मन बिधि हरि हर को
सो मैं कुमति कहौं केहि भांती। बाज सुराग कि गाँडर ताती
मिलनि बिलोकि भरत रघुबर की। तुरगण सभय धकधकी धर की
समुझाए सुरगुरु जड़ जागे। बरषि प्रसून प्रसंसन लागे॥
दो॰ मिलि सप्रेम रिपुसूदनहिं केवट भेंटेउ राम॥
भूरि भाग भेंटेउ भरत लछिमण करत प्रणाम।
भेंटेउ लषण ललकि लघुभाई। बहुरि निषाद लीन्ह उर लाई
पुनि मुनि गण दुहुं भाइन्ह बंदे। अभिमत आशिष पाइ अनंदे
सानुज भरत उमगि अनुरागा। धरि शिर सिय पद पदुम परागा
पुनि पुनि करत प्रणाम उठाए। शिर कर कमल परसि बैठाए
सीय असीश दीन्ह मन माहीं। मगन सनेह देह सुधि नाहीं
सब बिधि सानुकूल लखि सीता। भे निशोच उर अपडर बीता
कोउ किछु कहइ न कोउ किछु पूंछा। प्रेम भरा मन निज गति छूंछा
तेहि अवसर केवट धीरज धरि। जोरि पाणि बिनवत प्रणाम करि
दो॰ नाथ साथ मुनि नाथके मातु सकल पुर लोग
सेवक सेनप सचिव सब आए बिकल बियोग
शील सिंधु सुनि गुर आगमनू। सिय समीप राखे रिपुदमनू
चले सबेग राम तेहि काला। धीर धरम धुर दीन दयाला
गुरुहिं देखि सानुज अनुरागे। दंड प्रणाम करन सब लागे
मुनिवर धाइ लिये उर लाई। प्रेम उमगि भेंटे दोउ भाई॥
प्रेम पुलकि केवट कहि नामू। कीन्ह दूरिहें दंड प्रणामू

टी॰ ए॰ अ॰ १२४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

राम सरूप भरपि सरबस भेंटा । जनु महि लुटत सनेह समेटा
रघुपति भगति सुमंगल मूला । नभ सराहि सुर बरषहिं फूला
एहि सम निपट नीच कोउ नाहीं । बड़ बसिष्ठ सम को जग माहीं
दो॰ जेहि लखि लखनहुं ते अधिक मिले मुदित मुनिराउ
सो सीलसिंधु भजन को प्रगट प्रताप प्रभाउ ॥
आरत लोग राम सब जाना । करुणाकर सुजान भगवाना
जो जेहि भाय रहा अभिलाषी । तेहि तेहि कै तसि तसि रुचि राखी
सानुज मिलि पल महुं सब काहू । कीन्ह दूरदुख दारुण दाहू ॥
यह बड़ि बात राम कै नाहीं । जिमि घट कोटि एक रवि छाहीं
मिलन केवटहि उमगि अनुरागा । पुरजन सकल सराहहिं भागा
देखी राम दुखित महतारी । जनु सुबेलि अवली हिम मारी
प्रथम राम भेंटी कैकेई । सरल सुभाय भगति मति भेई
पग परि कीन्ह प्रबोध बहोरी । काल करम बिधि सिर धरि खोरी
दो॰ भेटी रघुबर मातु सब करि प्रबोध परि तोष
अब दुख आपन जग काहुन देइय दोष
गुरु तिय पद बंदे दोउ भाई । सहित बिप्र तिय जे संग आई
गंग गौरि सम सब सनमानी । देहिं असीस मुदित मृदु बानी
गहि पद लगे सुमित्रा अंका । जनु भेंटी संपति अति रंका
पुनि जननी चरणन दोउ भ्राता । परे प्रेम व्याकुल सब गाता
अति अनुराग अंब उर लाए । नयन सनेह सलिल अन्हवाए
तेहि अवसर कर हरष बिसादू । किमि कबि कहइ मूक जिमि स्वादू

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मिल जननिहि सानुज रघुराऊ। गुरु सन कहेउ कि धारिय पाऊ
पुरजन पाइ मुनीसहि योगू। जल थल तकि तकि उतरे लोगू
दो॰ महि सुर मंत्री मातु गुर गने लोग लिए साथ।
पावन आश्रम गमन किय भरत लषण रघुनाथ
सीय आइ मुनिबर पग लागी। उचित असीस लही मन मांगी
गुरपतिनिहि मुनितियन समेता। मिली प्रेम कहि जाइ न जेता
बंदि बंदि पग सिय सबही के। आसिर बचन लहे प्रिय जीके
सासु सकल जब सीय निहारी। मूदे नयन सहमि सुकुमारी॥
परी बधिक बस मनहुं मराली। काह कीन्ह करतार कुचाली
तिन्ह सिय निरखि निपटदुखपावा। सो सब सहिय जो दैव सहावा
जनक सुता तब उर धरि धीरा। नील नलिन लोचन भरि नीरा
मिली सकल सासुन सिय जाई। तेहि अवसर करुणा महिछाई
दो॰ लागि लागि सिय सबनि पग भेटति अति अनुराग
हृदय असीसहिं प्रेम बस रहिअहु भरी सुहाग।
बिकल सनेह सीय सब रानी। बैठन कहेउ सबहिं गुर ज्ञानी
कहि जग गति मायिक मुनिनाथा। कहे कछुक परमारथ गाथा
नृप कर सुरपुर गवन सुनावा। सुनि रघुनाथ दुसह दुख पावा
मरण हेतु निज नेह बिचारी। भे अति बिकल धीर धुर धारी
कुलिश कठोर सुनत कटु बानी। बिलपत लषण सीय सब रानी
शोक बिकल अति सकल समाजू। मानहुं राज अकाजेउ आजू
मुनिवर बहुरि राम समुझाए। सहित समाज सुरसरि न्हाए

टी॰ रा॰ अ॰ १२६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

व्रत निरंबु तेहि दिन प्रभु कीन्हा। मुनिहु कहे जल काहु न लीन्हा

दो॰ भोर भए रघुनंदनहिं जो मुनि आयसु दीन्ह
श्रद्धा भगत समेत प्रभु सो सब सादर कीन्ह

कर पितु क्रिया बेद जस बरणी। भे पुनीत पातक तम तरणी
जासु नाम पावक अघ तूला। सुमिरत सकल सुमंगल मूला
सिद्ध सो भएउ साध सम्मत अस। तीरथ आवाहन सुरसुरि जस
शुद्ध भए दुइ बासर बीते ॥ ॥ बोले गुरु सन राम पिरीते ॥
नाथ लोग सब निपट दुखारी। कंद मूल फल अंबु अहारी
सानुज भरत सचिव सब माता। देखि मोहि पल जिमि युग जाता
सब समेत पुर धारिय पाऊ। आपु इहां अमरावति राऊ
बहुत कहेउं सब कियेउ ढिठाई। उचित होइ तस करिय गोसांई

दो॰ धरम सेतु करुणायतन कसन कहहु अस राम
लोग दुखित दिन दुइ दरश देखि लहहु बिश्राम

राम बचन सुनि सभय समाजू। जनु जल निधि महं बिकल जहाजू
सुनि गुरु गिरा सुमंगल मूला। भयेउ मनहुं मारुत अनुकूला
पावनि पय तिहुंकाल नहाहीं। जो बिलोकि अघ ओघ नसाहीं
मंगल मूरति लोचन भरि भरि। निरषहिं हरष दंडवत करि करि
राम शैल बन देखन जाहीं। जहं सुख सकल सकल दुख नाहीं
झरना झरहिं सुधा सम बारी। त्रिबिध ताप हर त्रिबिध बयारी
बिटप बेलि तृण अगणित जाती। फल प्रसून पल्लव बहु भांती
सुंदर शिला सुखद तरु छाहीं। जाइ बरणि बन छबि केहि पाहीं

पंक्ति २४ सो॰ ५७६ छं॰ ३ सो॰ ३ दो॰ ३१९ सो॰ ३ राम बचन सुनि अ हगुरु गुरु तियप सकल चित्रकूट पर बन झरना इत्यादि देखि पय स्विनी स्नान करि भिल्ला दिकन ते स्नेह पूर्वक कंद मूला दि भोजन कर बि हरत रहे अरु जा नकी जू निजमा या तें साधुन प्रति वेष धरि सेवाक रि बस कियो तहां कैकेई को पछ ताव भरत जू को सोक कि रघुनाथ कैसे फिरि हैं यह बिचार में प्रान भयो हूलकरि तहां वशिष्ठ मुनि जू बोलाइ भेज्यो अरु सभा करत भए तहां मुनिन धर्म नीति पूर्व के कहत भए तहां भरत ठाकि

टी॰ रा॰ अ॰ १२७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ सरनि सरोरुह जल बिहंग कूजत गुंजत भृंग
बैर बिगत बिहरत बिपिन मृग बिहंग बहु रंग

कोल किरात भिल्ल बन बासी। मधु सुचि सुंदर स्वाद सुधा सी
भरि भरि परन पुटीं रचि रूरी। कंद मूल फल अंकुर जूरी ॥
सबहिं देहिं करि बिनय प्रनामा। कहि कहि स्वाद भेद गुन नामा
देहिं लोग बहु मोल न लेहीं। फेरत राम दोहाई देहीं ॥
कहहिं सनेह मगन मृदु बानी। जानत साधु प्रेम पहिचानी
तुम सुकृती हम नीच निषादा। पावा दरसन राम प्रसादा ॥
हमहिं अगम अति दरसनु तुम्हारा। जस मरु धरनि देव धुनि धारा
राम कृपाल निषाद निवाजा। परिजन प्रजु चहिय जस राजा

दो॰ यह जिय जानि सकोच तजि करिअ छोह लखि नेह
हमहिं कृतारथ करनि लग फल तृन अंकुर लेह

तुम प्रिय पाहुन बन पगु धारे। सेवा जोगु न भाग हमारे ॥
देब काह हम तुमहिं गोसाँई। ईंधन पात किरात मिताई ॥
यह हमारि अति बड़ि सेवकाई। लेहिं न बासन बसन चुराई
हम जड़ जीव जीव गन घाती। कुटिल कुचाली कुमति कुजाती
पाप करत निसि बासर जाहीं। नहिं पट कटि नहिं पेट अघाहीं
सपनेहुं धरम बुद्धि कस काऊ। यह रघुनंदन दरस प्रभाऊ
जब तें प्रभु पद पदुम निहारे। मिटे दुसह दुख दोष हमारे
बचन सुनत पुरजन अनुरागे। तिन्ह के भाग सराहन लागे

छं॰ लागे सराहन भाग सब अनुराग बचन सुनावहीं

बोलनि मिलन सिय राम चरण सनेह लखि सुख पावहीं
नर नारि निदरहिं नेह निज सुनि कोल भिल्लन की गिरा
तुलसी कृपा रघुवंश मणि की लोह लै नौका तरी ॥

सो बिहरहिं बन चहुं ओर प्रति दिन प्रमुदित लोग सब
जल ज्यों दादुर मोर भये पीन पावस प्रथम ॥

पुर नर नारि मगन अति प्रीती। बासर जाहिं पलक सम बीती
सीय सासु प्रति बेष बनाई। सादर करइ सरिस सेवकाई
लखा न मरम राम बिन काहू। माया सब सिय माया नाहू ॥
सीय सासु सेवा बस कीन्ही। तिन्ह लह सुख सिख आसिष दीन्ही
लखि सिय सहित सरल दोउ भाई। कुटिल रानि पछितानि अघाई
अवनि जमहि जाचति कैकेई। महि न बीच बिधि मीचु न देई
लोकहुं बेद बिदित कबि कहई। राम बिमुख थलु नरक न लहई
यह संसय सब के मन माहीं। राम गवन बिधि अवध कि नाहीं

दो· निसि न नींद नहिं भूख दिन भरत बिकल सुचि सोच
नीच कीच बिच मगन जस मीनहिं सलिल संकोच

कीन्ह मातु मिस काल कुचाली। ईति भीति जस पातक साली
केहि बिधि होइ राम अभिषेकू। मोहि अवकलत उपाय न एकू
अवधि फिरहिं गुरु आयसु मानी। पुनि पुनि कहब राम रुचि जानी
भानु कहे बढ़रहिं रघुराऊ। राम जननि हठ करिय कि काऊ
मोहि अनुचर कर केतिक बाता। केहि महं कुसमय बाम बिधाता
जौं हठि करौं त निपट कुकरमू। है गिरते गुरु सेवक धरमू ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

एकहि युक्त न मन ठहरानी। सोचत भरतहिं रैन सिरानी॥
प्रात नहाइ प्रभुहि सिर नाई। बैठत पठये ऋषय बोलाई॥
दो॰ गुरु पद कमल प्रणाम करि बैठे आयसु पाइ
बिप्र महाजन सचिव सब जुरे सभा सद आइ
बोले मुनिबर समय समाना। सुनहु सभा सद भरत सुजाना
धरम धुरीण भान कुल भानू। राजा राम स्वबश भगवानू
सत्य संध पावक श्रुति सेतू। राम जनम जग मंगल हेतू
गुरु पितु मात बचन अनुसारी। खल दल दलन देव हित कारी
नीति प्रीति परमारथ स्वारथ। कोउ न राम सम जान यथारथ
बिधि हरि हर शशि रवि दिशपाला। माया जीव करम कालिकाला
अहिप महिप जहं लगि प्रभुताई। योग सिद्धि निगमागम गाई
करि बिचार जिय देखहु नीके। राम रजाय शीश सबही के॥
दो॰ राखे राम रजाय रुख हम सब कर हित होइ
समुझ सयाने करहु अब अस मिल संमत सोइ
सब कहं सुखद राम अभिषेकू। मंगल मूल मोद मग एकू॥
कहि बिधि अवध चलहिं रघुराऊ। कहहु समुझि सोइ करिय उपाऊ
सब सादर सुनि मुनिबर बानी। भइ परमारथ स्वारथ सानी
उतर न आव लोग भये भोरे। तब सिरनाइ भरत कर जोरे
भानुबंश भये भूप घनेरे। अधिक एकतें एक बडेरे॥
जनम हेतु सब कहं पित माता। करम सुभा सुभ देइ बिधाता
दलिदुख दोष सकल कल्याना। अस अशीश राउर जग जाना

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सोइ गोसाइ बिधि गति जेहि छेकी। सकइ को टारि टेक जो टेकी
दो॰ बूझिय मोहि उपाउ अब सो सब मोर अभाग
सुन सनेह मय बचन गुरु उर उमगा अनुराग
तात बात फुरि राम कृपाहीं। राम बिमुख सिधि सपनेहु नाहीं
सकुचउं तात कहत एक बाता। अरध तजहिं बुध सरबस जाता
तुम्ह कानन गवनहु दोउ भाई। फेरहिं लखन सीय रघुराई
सुनि सुबचन हरषे दोउ भ्राता। प्रेम मोद परिपूरन गाता
मन प्रसन्न तन तेज बिराजा। जनु जिये उदराम भये राजा
बहुत लाभ लोगन्ह लघु हानी। सम दुख सुख सब रोवहिं रानी
कहहिं भरत मुनि कहा सो कीन्हे। फल जग जीवन अमिअ दीन्हे
कानन करउं जनम भरि बासू। एहि ते अधिक न मोर सुपासू
दो॰ अंतरजामी राम सिय तुम्ह सर्बज्ञ सुजान
जो फुर कहहु त नाथ निज कीजिय बचन प्रमान
भरत बचन सुनि देख सनेहू। सभा सहित मुनि भये बिदेहू
भरत महा महिमा जल रासी। मुनि मति ठाढ़ि तीर अबला सी
गा चह पार जतन हिय हेरा। पावत नाव न बोहित बेरा
बोर करिहि को भरत बड़ाई। सर सीपी कि सिंधु समाई
भरत मुनिहि भर भीतर भाए। सहित समाज राम पहिं आए
प्रभु प्रनाम करि दीन्ह सुआसन। बैठे सब सुनि मुनि अनुसासन
बोले मुनिबर बचन बिचारी। देसकाल अवसर अनुहारी
सुनहु राम सर्बज्ञ सुजाना। धरम नीति गुन ग्यान निधाना

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो· सब के उर अंतर बसहु जानउ भाउ कुभाउ
पुरजन जननी भरत हित होइ सोइ कहिअ उपाउ

आरत कहहिं बिचार न काऊ। सूझ जुआरिहि आपन दाऊ
सुचि सुबंधु कहत रघुराऊ। नाथ तुम्हारेहि हाथ उपाऊ
सब कर हित रुख राउर राखे। आयसु किये मुदित फुर भाखे
प्रथम जो आयसु मो कहं होई। माथे मानि करौं सिख सोई
पुनि जेहि कहं जस कहब गोसाईं। सो सब भांति करिहि सेवकाई
कह मुनि राम सत्य तुम भाखा। भरत सनेहु बिचारु न राखा
नहिं तर कहब बहोरि बहोरी। भरत भगत बस भइ मति भोरी
मोरे जान भरत रुख राखी। जो कीजिय सो सुभ सिव साखी

दो· भरत बिनय सादर सुनिय करिय बिचारि बहोरि
करब साधु मत लोक मत नृप नय निगम निचोरि

गुर अनुराग भरत पर देखी। राम हृदय आनंद बिसेखी॥
भरतहिं धरम धुरंधर जानी। निज सेवक तन मानस बानी
बोले गुरु आयसु अनुकूला। बचन मंजु मृदु मंजुल मूला
नाथ सपथ पितु चरण दुहाई। भयउ न भरत सकल सम भाई
जो गुरु पद अंबुज अनुरागी। ते लोकहुं बेदहुं बड़ भागी
राउर जापर अस अनुरागू। को कहि सकै भरत कर भागू
लखि लघु बंधु बुद्धि सकुचाई। करत बदन पर भरत बड़ाई
भरत कहहिं सो किये भलाई। अस कहि राम रहे अरगाई
दो· तब मुनि बोले भरत सन सब सकोच तजि नीत

कृपासिंधु प्रियबंधु सन कहहु हृदय की बात ॥
सुनि मुनि बचन राम रुख पाई। गुर साहिब अनुकूल अघाई
लखि अपने सिर सबछर भारू। कहि न सकहिं कछु करहिं बिचारू
पुलक शरीर सभा भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढ़े॥
कहब मोर मुनि नाथ निबाहा। एहि तें अधिक कहौं मैं काहा
मैं जानउं निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ
मोपर कृपा सनेह बिशेखी। खेलत खुनिस न कबहुं देखी
शिशु पन तें परि हरेउं न संगू। कबहुं न कीन्ह मोर चित भंगू
मैं प्रभु कृपा रीति जिय जोही। हारेहु खेल जितावहिं मोही
दो. मनहुं सनेह सकोच बस सन्मुख कहे न बैन
दरशन तृपित न आजु लगि प्रेम पियासे नैन
बिधि न सकेउ सहि मोर दुलारा। नीच बीच जननी मिसु पारा
यहउ कहत मोहि आजन शोभा। अपनी समुझि साधु शुचि कोभा
मातु मंद मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचाली
फरइ कि कोदव बालि सुसाली। मुकता प्रसव कि संबुक ताली
सपनेहु दोष कलेश न काहू। मोर अभाग उदधि अवगाहू
बिन समझे निज अघ परिपाकू। जारिउं जाइ जननि कहं काकू
हृदय हेरि हारेउं सब ओरा। एकहिं भांति भलहिं भल मोरा
गुर गुसांइ साहिब सिय रामू। लागत मोहि नीक परिणामू
दो. साधु सभा गुर प्रभु निकट कहउं सुथल सति भाउ
प्रेम प्रपंच कि झूठ फुर जानहिं मुनि रघुराउ ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भूपति मरण पेम पनु राखी। जननी कुमति जगत सब साखी
देखि न जाहिं बिकल महतारी। जरहिं दुसह जर पुर नर नारी
महीं सकल अनरथ कर मूला। सो सुनि समुझि सहेउं सब सूला
सुनि बन गवन कीन्ह रघुनाथा। करि मुनि बेष लषण सिय साथा
बिनु पनही पयादेहिं पायें। संकर साखि रहेउं एहि घायें
बहुरि निहारि निषाद सनेहू। कुलिश कठिन उर भयउ न बेहू
अब सब आंखिन्ह देखेउं आई। जिअत जीव जड़ सबइ सहाई
जिन्हहिं निरखि मग सांपिनि बीछी। तजहिं बिषम बिष तामस तीछी
दो॰ तेइ रघुनंदन लषण सिय अनहित लागे जाहि
तासु तनय तजि दुसह दुख दैव सहावै काहि
सुनि अति बिकल भरतबर बानी। आरति प्रीति बिनय मय सानी
सोक बिकल सब सभा खभारू। मनहुं कमल बन पेउ तुषारू
कहि अनेक बिधि कथा पुरानी। भरत प्रबोधि कीन्ह मुनि ग्यानी
बोलेउ चितव बचन रघुनंदू। दिनकर कुल कैरव बन चंदू॥
तात जाय जनि करहु गलानी। ईस अधीन जीव गति जानी
तीनि काल त्रिभुवन मत मोरे। पुण्य सलोक तात तन तोरे
उर आनत तुम्ह पर कुटिलाई। जाइ लोक परलोक नसाई
दोष देहिं जननिहिं जड़ तेई। जिन्ह गुर साधु सभा नहिं सेई
दो॰ मिटिहहिं पाप प्रपञ्च सब अखिल अमंगल भार
लोक सुयश परलोक सुख सुमिरत नामु तुम्हार
कहउं सुभाउ सत्य सिव साखी। भरत भूमि रह राउरि राखी॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नात कुतर्क करइ जनि जाए। बैर प्रेम नहिं दुरै दुराए ॥
सुनि गण निकट बिहंग मृग जाहीं। बाधक बधिक बिलोकि पराहीं
हित अनहित पसु पंछिउ जाना। मानुष तनु गुण ज्ञान निधाना
नाथ तुमहि मैं जानउं नीके। करइं काह असमंजस जीके
राखेउ राउ सत्य मोहि त्यागी। तनु परिहरेउ प्रेम पण लागी
तासु बचन मेटत मन सोचू। तेहिं अधिक तुम्हार संकोचू
तापर गुरु मोहि आयसु दीन्हा। अवसि जो कहइ चहइं सोइ कीन्हा
दो॰ मन प्रसन्न करि सकुच तजि कहइ करइं सो आज
सत्यसंध रघुबर बचन सुनि भा सुरबी समाज ॥
सुरगण सहित सभय सुरराजू। सोचहिं चाहत होन अकाजू
करत उपाव बनत कछु नाहीं। राम शरण सब गे मन माहीं
बहुरि बिचारि परस्पर कहहीं। रघुपति भगति भगति उर अहहीं
सुधि कर अंबरीष दुर्वासा। भे सुर सुरपति निपट निरासा
सहे सुरन्ह बहुकाल बिषादा। नरहरि किये प्रगट प्रहलादा
लगि लगि कान कहहिं धुनि माथा। अब सुरकाज भरत के हाथा
आन उपाउ न देखिय देवा। मानत राम सुसेवक सेवा ॥
हिय सप्रेम सुमिरहु सब भरतहिं। निज गुण शील रामबस करतहिं
दो॰ सुनि सुरपति सुरगुर कहेउ भल तुम्हार बड़ भाग
सकल सुमंगल मूल जग भरत चरण अनुराग।
सीतापति सेवक सेवकाई। कामधेनु सय सरिस सुहाई
भरत भगति तुम्हरे मन आई। तजहु शोच बिधि बात बनाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देखि देव पति भरत सुभाऊ। सहज सुभाय बिबस रघुराऊ
मन थिर करहु देव डर नाहीं। भरतहिं जान राम परिछाहीं
सुनि सुरगुरु सुर सम्मत सोचू। अंतरजामी प्रभुहिं सकोचू
निज सिर भारु भरत जिय जाना। करत कोटि बिधि उर अनुमाना
करु बिचारु मन दीन्ही टीका। राम रजायसु आपन नीका
निज पन तजि राखेउ पन मोरा। छोह सनेह कीन्ह नहिं थोरा
दो॰ कीन्ह अनुग्रह अमित अति सब बिधि सीतानाथ
करि प्रनाम बोले भरत जोरि जलज जुग हाथ
कहउं कहावउं का अब स्वामी। कृपा अंबु निधि अंतरजामी
गुर प्रसन्न साहब अनुकूला। मिटी मलिन मन कलपित भूला
अपडर डरेउं न सोच समूने। रबिहि न दोष देव दिसि भूले
मोर अभाग मातु कुटिलाई। बिधि गति बिषम काल कठिनाई
पाउं रोपि सब मिलि मोहि घाला। प्रनत पाल पन आपन पाला
यह नइ रीति न राउर होई। लोकहुं बेद बिदित नहिं गोई
जग अनभल भल एक गोसाईं। कहिय होय भल कासु भलाई
देव देव तरु सरिस सुभाऊ। सनमुख बिमुख न काहुहिं काऊ
दो॰ जाय निकट पहिचान तरु छांह समनि सब शोच
मांगत अभिमत पाव जग राउर रंक भल पोच ॥
लखि सब बिधि गुर स्वामि सनेहू। मिटेउ छोभ नहिं मन संदेहू॥
अब करुणानिधि कीजिय सोई। जनहित प्रभु चित छोभ न होई
जो सेवक साहिब सेवकाई। करइ सकल सुख लोभ बिहाई
जो सेवक साहिबहि संकोची। निज हित चहै तास मति पोची

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

स्वारथ नाथ फिरे सबही का। किए रजाइ कोटि बिधि नीका
यह स्वारथ परमारथ सारू। सकल सुकृत फल सुगति सिंगारू
देव एक बिनती सुन मोरी। उचित होइ तस करब बहोरी॥
तिलक समाज साजि सब आना। करिय सुफल प्रभु जो मन माना

दो॰ सानुज पठइय मोहि बन कीजिय सबहि सनाथ
नतरु फेरिये बंधु दोउ नाथ चलौं मइ साथ॥

नतरु जाहिं बन तीनउं भाई। बहुरिय सीय सहित रघुराई
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई। करुणा सागर कीजिय सोई
देव दीन्ह सब मोहि शिर भारू। मोरे नीति न धरम बिचारू
कहउं बचन सब स्वारथ हेतू। रहत न आरत के चित चेतू
उतर देइ सुनि स्वामि रजाई। सो सेवक लखि लाज लजाई
अस मइ अवगुण उदधि अगाधू। स्वामि सनेह सराहत साधू
अब कृपाल मोहि सो मत भावा। सकुच स्वामि मन जाहि न पावा
प्रभु पद शपथ कहउं सत भाऊ। जग मंगल हित एक उपाऊ॥

दो॰ प्रभु प्रसन्न मन सकुच तज जो जेहि आयसु देव
सो शिर धरि धरि करहिं सब मिटहि अनट अवरेव

भरत बचन सुचि सुनि सुर हरषे। साधु सराहि सुमन बहु बरषे
अस मंजस बस अवध निवासी। प्रमुदित मन तापस बन बासी
चुपहिं रहे रघुनाथ संकोची। प्रभु गति देखि सभा सब शोची
जनक दूत तेहि अवसर आए। मुनि वशिष्ठ सुनि बेग बुलाए
करि प्रणाम तिन्ह राम निहारे। भेष देखि भये निपट दुखारे

टी॰ रा॰ अ॰ [illegible]

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दूतन्ह मुनिबर पूछी बाता। कहहु बिदेह भूप कुशलाता।
सुनि सकुचाइ नाइ महि माथा। बोले चर बर जोरे हाथा।
बूझब राउर सादर साँई। कुशल हेतु सो भयउ गोसाँई।
दो॰ नाहित कोशल नाथ के साथ कुशल गइ नाथ
मिथला अवध बिशेष तें जग सब भयउ अनाथ
कोशलपति गति सुनिजन कौरा। भे सब लोग शोच बस बौरा।
जेहि देखे तेहि समय बिदेहू। नाम सत्य अस लागत केहू।
रानि कुचालि सुनत नरपालहिं। सूझ न कछु जस मनि बिनु मालहिं।
भरत राज रघुबर बन बासू। भा मिथलेशहि हृदय हरासू।
टी॰ ग॰ अ॰ १३८
नृप पूछे बुध सचिव समाजू। कहहु बिचार उचित का आजू।
समुझि अवध असमंजस दोऊ। चलिय कि सहिय कि कछु कहि कोऊ।
नृपहिं धीर धरि हृदय बिचारी। पठये अवध चतुर चर चारी।
बूझि भरत सत भाव कुभाऊ। आएउ बेगि न होइ लखाऊ।
दो॰ गये अवधचर भरत गति बूझि देखि करतूति
चले चित्रकूटहि भरत चार चले तिरहूति ॥
दूतन आइ भरत की करणी। जनक समाज यथा बिधि बरणी
सुनि गुरु परिजन सचिव महीपति। भे सब शोच सनेह विकलअति
धरि धीरज करि भरत बड़ाई। लिये सुभट साहनी बोलाई
घर पुर देश राख रखवारे। हय गय रथ बहु यान सँवारे।
दुघरी साधि चले ततकाला। किये बिश्राम न मग महिपाला।
भोरहिं आजु नहाइ प्रयागा। चले यमुन उतरन सबलागा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

खबर लेन हम पठये नाथा। तिन्ह कहि अस महि नाएउ माथा
सात किरात छसातक दीन्हें। मुनिबर तुरत बिदा चर कीन्हें
दो॰ सुनत जनक आगमन सब हरषे अवध समाज
रघुनंदनहि सकोच बड़ शोच बिबस सुर राज
गरल गलानि कुटिल कैकेई। काह कहइ को दूषण देई॥
अस मन आनि मुदित नर नारी। भए बहोरि रहब दिन चारी
येहि प्रकार गति बासर सोऊ। प्रात नहान लाग सब कोऊ
करि मज्जन पूजहिं नर नारी। गणपति गौरि पुरारि तमारी
रमा रमन पद बंदि बहोरी। बिनवहिं अंजलि अंचल जोरी
राजा राम जानकी रानी। आनंद अवधि अवध रज धानी
सुबस बसहु फिर सहित समाजा। भरतहिं राम कहहु जुव राजा
एहि सुख सुधा सींच सबकाहू। देव देहु जग जीवन लाहू
दो॰ गुरु समाज भाइन्ह सहित राम राज पुर होउ
अछत राम राजा अवध मरिय मांगु सब कोउ
सुन सनेह मय पुर जन बानी। निंदहिं योग बिरति मुनि ज्ञानी
एहि बिधि नित्य करम कर पुरजन। रामहिं करहिं प्रणाम पुलकतन
ऊंच नीच मध्यम नर नारी। लहहिं दरश निज निज अनुहारी
सावधान सबहीं सनमानहिं। सकल सराहत कृपा निधानहिं
लरिकाई ते रघुबर बानी। पालत नीति प्रीति पहिचानी
शील सकोच सिंधु रघुराऊ। सुमुख सुलोचन सरल सुभाऊ
कहत राम गुण गण अनुरागे। सब निज भाग सराहन लागे

टी॰ रा॰ अ॰ ३८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

हम सम पुण्य पुंज जग थोरे। जिनहिं राम जानत कर मोरे

दो॰ प्रेम मगन तेहि समय सब सुनि आवत मिथिलेश
सहित सभा संभ्रम उठे रविकुल कमल दिनेश ॥

भाइ सचिव गुर पुरजन साथा। आगे गवन कीन्ह रघुनाथा
गिरिबर दीख जनकपति जबहीं। करि प्रणाम रथ त्यागेउ तबहीं
राम दरश लालसा उछाहू। पथ श्रम लेश कलेश न काऊ
मन तहं जहं रघुबर बैदेही। बिनु मन तन दुख सुख सुध केही
आवत जनक चले इहि भांती। सहित समाज प्रेम मति मांती
आए निकट देख अनुरागे। सादर मिलन परस्पर लागे।
लगे जनक मुनि जन पद बंदन। बटुबिन प्रणाम कीन्ह रघुनंदन
भाइन सहित राम मिल राजहिं। चले लिवाइ समेत समाजहिं

दो॰ आश्रम सागर सांत रस पूरण पावन पाथ
सेन मनहु करुणा सरित लिये जात रघुनाथ

बोरत ज्ञान बिराग करारे। बचन सशोक मिलत नद नारे
सोचउ सांस समीर तरंगा। धीरज तट तरु बर कर भंगा
बिषम बिषाद तोरावति धारा। भय भ्रम भ्रमर अवर्त अपारा
केवट बुध बिद्या बड़ि नावा। सकहि न खेइ एक नहिं आवा
बनचर कोल किरात बिचारे। थके बिलोकि पथिक हियहारे
आश्रम उदधि मिली जब जाई। मनहुं उठे अंबुधि अकुलाई
शोक बिकल दोउ राज समाजा। रहा न ज्ञान न धीरज लाजा
भूप रूप गुण शील सराही। रोवहिं शोक सिंधु अवगाही

टी॰ रा॰ अ॰ १४०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

छं॰ अवगाहि शोक समुद्र शोचहिं नारिनर व्याकुल महा
दै दोष सकल सरोष बोलहिं बाम बिधि कीन्हो कहा
सुर सिद्ध तापस योगि जन मुनि देखि दशा बिदेह की
तुलसी न समरथ कोउ जो तरि सकै सरित सनेह की
सो॰ किये अमित उपदेश जहं तहं लोगन्ह मुनिबरन्ह
धीरज धरिय नरेश कहेउ बशिष्ठ बिदेह सन
जासु ज्ञान रवि भव निशि नासा। बचन किरण मुनि कमल बिकासा
तेहि कि मोह ममता नियराई। यह सिय राम सनेह बड़ाई
बिषयी साधक सिद्ध सयाने। त्रिबिध जीव जग बेद बखाने
राम सनेह सरस मन जासू। साधु सभा बड़ आदर तासू
सोह न राम प्रेम बिनु ज्ञानू। करण धार बिनु जिमि जलजानू
पुनि बहु बिधि बिदेह समुझाए। राम घाट सब लोग नहाए
सकल शोक संकुल नरनारी। सो बासर बीतेउ बिनु बारी॥
पशु खग मृगन्हन कीन्ह अहारू। प्रिय परिजन कर कौन बिचारू

टी॰ ए॰ अ॰ २४१

दो॰ दोउ समाज निमि राज रघु राजन्हाने प्रात
बैठे सब बट बिटप तर मन मलीन कृश गात
जे महि सुर दशरथ पुर बासी। जे मिथलापति नगर निवासी
हंस बंश गुरु जनक पुरोधा। जिन्ह जग मग परमारथ शोधा
लगे कहन उपदेश अनेका। सहित धरम नय बिरति बिवेका
कौशिक कहि कहि कथा पुरानी। समझाई सब सभा सुबानी
तब रघुनाथ कौशिकहि कहेऊ। नाथ कालि जल बिनु सब रहेऊ

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मुनि कहं उचित कहत रघुराई। गएउ बीत दिन पहर अढ़ाई
ऋषि रुख लखि कह तिरहुत राजा। इहां उचित नहिं असन अनाजा
कहा भूप भल सबहिं सोहाना। पाइ रजायसु चले नहाना ॥
दो॰ तेहि अवसर फल फूल दल मूल अनेक प्रकार
लेइ आए बनचर बिपुल भरि भरि कांवरि भार
कामद भे गिरि राज प्रसादा। अवलोकत अपहरत बिषादा
सर सरिता बन भूमि बिभागा। जनु उमगत आनंद अनुरागा
बेलि बिटप सब सफल सफूला। बोलत खग मृग अलिकुल कूला
तेहि अवसर बन अधिक उछाहू। त्रिबिध समीर सुखद सबकाहू
जाइ न बरणि मनोहर ताई। जनु महि करति जनक पहुनाई
तब सब लोग नहाइ नहाई। राम जनक मुनि आयसु पाई
देखि देखि तरुबर अनुरागे। जहं तहं पुरजन उतरन लागे
दल फल मूल कंद बिधि नाना। पावन सुंदर सुधा समाना
दो॰ सादर सब कहं रामगुरु पठये भरि भरि भार
पूजि पितर सुर अतिथ गुरु लगे करन फलहार
एहि बिधि बासर बीते चारी। राम निरखि नर नारि सुखारी
दुहुं समाज अस रुचि मनमाहीं। बिनु सिय राम फिरब भल नाहीं
सीता राम संग बनबासू। कोटि अमरपुर सरिस सुपासू
परिहर राम लषण बैदेही। जेहि घर भाव बाम बिधि तेही
दाहिन दैव होइ जब सबही। राम समीप बसिय बन तबहीं
मंदाकिनि मज्जन तिहुं काला। राम दरस मुद मंगल माला

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अटनु राम गिरिबन तापसथल। असन अमिय सम कंदमूल फल
सुख समेत संबत दुइ साता। पल सम होहिं न जनिअहिं जाता
दो॰ एहि सुख जोग न लोग सब कहहिं कहां अस भाग
सहज सुभाउ समाज दुहुं राम चरण अनुराग॥
एहि बिधि सकल मनोरथ करहीं। बचन सप्रेम सुनत मन हरहीं
सीय मातु तेहि समय पठाई। दासी देख सुअवसर आई॥
सावकास सुनि सब सिय सासू। आयउ जनक राज रनिवासू
कौशिल्या सादर सनमानी। आसन दिये समय सम आनी
शील सनेह सकल दुहुं ओरा। द्रवहिं देखि सुनि कुलिश कठोरा
पुलक शिथिल तन बारि बिलोचन। महि नख लिखन लगी सब शोचन
सब सिय राम प्रीति कि मूरति। जनु करुणा बहु बेष बिसूरति
सीय मातु कह बिधि बुध बांकी। जो पय फेनु फोर पवि टांकी
दो॰ सुनिय सुधा देखिय गरल सब करतूति कराल
जहं तहं काक उलूक बक मानस सकृत मराल
सुनि सशोच कह देवि सुमित्रा। बिधि गति बड़ि बिपरीत बिचित्रा
सो सृज पालइ हरइ बहोरी। बालकेलि सम बिधि मतिभोरी
कौशिल्या कह दोष न काहू। करम बिबस दुख सुख छति लाहू
कठिन करम गति जान बिधाता। जो शुभ अशुभ सकल फलदाता
ईश रजाय शीश सबही के। उतपति थिति लय बिषहु अमी के
देबि शोच बस शोचिय बादी। बिधि प्रपंच अस अचल अनादी
भूपति जिअब मरब उर आनी। शोचिय सखि लखि निज हित हानी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सीय मातु कह सत्य सुबानी। सुकृती अवधि अवध पतिरानी

दो॰ लषण राम सिय जाहु बन भल परिणाम न पोच
गह बरि हिय कह कौशिला मोहि भरत कर शोच

ईश प्रसाद अशीश तुम्हारी। सुत सुत बधू देव सर बारी॥
राम शपथ मैं कीन्ह न काऊ। सो करि कहौं सखी सत भाऊ
भरत शील गुण बिनय बड़ाई। भायप भगति भरोस भलाई
कहत सारदहु कर मति हीचे। सागर सीपि कि जाइ उलीचे
जानउं सदा भरत कुल दीपा। बार बार मोहि कहेउ महीपा
कसे कनक मणि पारस पाये। पुरुख परख अहिं समय सुभाये
अनुचित आजु कहब अस मोरा। शोक सनेह सयानप थोरा।
सुनि सुरसरि सम पावन बानी। भई सनेह बिकल सब रानी

दो॰ कौशिल्या कह धीर धरि सुनहु देवि मिथिलेशि
को बिबेक निधि बल्लभहि तुमहिं सकै उपदेशि

रानि राय सन अवसर पाई। अपनी भांति कहेउ समुझाई
राखहिं लषण भरत गवनहिं बन। जो यह मत मानै महीपमन
तौ भल यतन करब सुबिचारी। मोरे शोच भरत कर भारी
गूढ़ सनेह भरत मन माहीं। रहे नीक मोहि लागत नाहीं
लखि सुभाव सुनि सरल सुबानी। सब भई मगन करुण रस रानी
नभ प्रसून झरि धन्य धन्य धुनि। सिथिल सनेह सिद्ध योगी मुनि
सब रनिवास बिथकि लखि रहेऊ। तब धरि धीर सुमित्रा कहेऊ
देवि दंड युग यामिनि बीती। राम मातु मुनि उठी सप्रीती

टी॰ रा॰ अ॰ १४४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ वेग पाइ धारिय थलहिं कह सनेह सत भाइ
हमरे तो अब ईश गति कै मिथिलेश सहाइ
लखि सनेह सुनि बचन सभीता। जनक प्रिया गहि पांव पुनीता
देवि उचित अस विनय तुम्हारी। दशरथ घरनि राम महतारी॥
प्रभु अपने नीचहिं आदरहीं। अग्नि धूम गिरि शिर तृण धरहीं
सेवक राउ कर्म मन बानी। सदा सहाय महेश भवानी॥
रौरे अंग योग जग कोहै। दीप सहाय कि दिन कर सोहै
राम जाइ बन करि सुर काजू। अचल अवध पुर करिहहिं राजू
अमर नाग नर राम बाहु बल। सुख बसिहहिं अपने अपने अल
यह सब याज्ञवल्क्य कह राखा। देवि न होइ सुधा मुनि भाखा
दो॰ अस कहि पग पर प्रेम अति सिय हित बिनय सुनाय
सिय समेत सिय मातु तब चली सुआयसु पाय॥
प्रिय परिजनहिं मिली बैदेही। जो जेहि योग भांत तस तेही
तापस बेष जानकिहि देखी। भे सब बिकल बिषाद बिशेखी
जनक राम गुरु आयसु पाई। चले थलहिं सिय देखी आई
लीन्ह लाइ उर जनक जानकी। पाहुनि पावनि प्रेम प्राणकी
उर उमगेउ अंबुधि अनुरागू। भयउ भूप मन मनहु प्रयागू
सिय सनेह बट बाढ़त जोहा। तापस राम प्रेम शिशु सोहा
चिरंजीवि मुनि ज्ञान बिकलजनु। बूझत लहेउ बाल अवलंबनु
मोह मगन मति नहिं विदेहकी। महिमा सिय रघुबर सनेहकी
दो॰ सिय पितु मातु सनेह बस निकल न सकी संभारि

टी॰
रा॰ अ॰
२४५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

धरनि सुता धीरज धरेउ समय सुधरम बिचारि
तापस बेष जनक सिय देखी। भए मेन परितोष बिशेखी
पुत्रि पवित्र किये कुल दोऊ। सुयश धवल जग कहइ सब कोऊ
जिमि सुरसरि कीरति सरि तोरी। कवनु कीन्ह बिधि अंड करोरी
गंग अवनि थल तीन बडेरे। येहि किय साधु समाज घनेरे
पितु कह सत्य सनेह सुहानी। सीय सकुचि महि मनहु समानी
पुनि पित मात लीन्ह उर लाई। सिय आशिष हित दीन्ह सुहाई
कहति न सीय सकुच मन माहीं। दुहं बसव रजनी भल नाहीं
लखि रुख रानि जनायेउ राऊ। हृदय सराहत शील सुभाऊ

दो· बार बार मिलि भेंटि सिय बिदा कीन्ह सनमानि
कही समय सिर भरत गति रानि सुबानि सयानि

टी. ए. अ. १४६

सुनि भूपाल भरत व्यवहारू। सोन सुगंध सुधा शशि सारू
मूदे सजल नयन पुलके तन। सुयश सराहन लगे मुदित मन
सावधान सुनु सुमुखि सुलोचनि। भरत कथा भवबंध बिमोचनि
धर्मराज नय ब्रह्म बिचारू। यहां यथा मति मोर प्रचारू
सोमति मोरि भरत महिमाही। कहइ काह छल छुअति नछाही
बिधि गणपति अहिपति शिवसारद। कवि कोविद बुध बुद्धि बिशारद
भरत चरित कीरति करतूती। धरम शील गुण बिमल बिभूती
समुझत सुनत सुखद सब काहू। सुचि सुरसरि रुचि निदरि सुधाहू

दो· निरवधि गुण निरुपम पुरुष भरत भरत सम जानि

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहिय सुमेरु कि सेर सम कविकुल मति सकुचानि
अगम सबहि बरणत बरबरणी। जिमि जलहीन मीन गण धरणी
भरत अमित महिमा सुन रानी। जानहिं राम न सकहिं बखानी
बरणि सप्रेम भरत अनुभाऊ। तिय जिय की रुचि लखि कह एऊ
बहुरहिं भरत लखण बन जाहीं। सब कर भल सब के मन माहीं
देवि परंतु भरत रघुबर की। प्रीति प्रतीति जाइ नहिं तरकी
भरत अवधि सनेह ममता की। यद्यपि राम सीव समता की
परमारथ स्वारथ सुख सारे। भरत न सपनेहुं मनहुं निहारे
साधन सिद्ध राम पग नेहू। मोहि लखि परत भरत मत एहू

दो. भोरेहुं भरत न पेलहिं मनसहुं राम रजाइ
करिय न सोच सनेह बस कहेउ भूप बिलखाइ

दी. रा. अ. १४७

राम भरत गुण गनत सप्रीती। निसि दंपतिहि पलक सम बीती
राम समाज प्रात युग जागे। न्हाइ न्हाइ सुर पूजन लागे
गे न्हाइ गुरुपहं रघुराई। बंदि चरण बोले रुख पाई
नाथ भरत पुरजन महतारी। शोक बिकल बनवास दुखारी
सहित समाज राज मिथिलेशू। बहुत दिवस भे सहित कलेशू
उचित होइ सो कीजिय नाथा। हित सबही कर रौरे हाथा
अस कहि अति सकुचे रघुराऊ। मुनि पुलके लखि शील सुभाऊ
तुम बिन राम सकल सुख साजा। नरक सरिस दुहुं राज समाजा

दो. प्राण प्राण के जीव के जिय सुख के सुख राम
तुम तजि तात सुहात गृह जिन्हहिं तिन्हहिं बिधि बाम

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सो सुख धरम करम जरि जाऊ। जहं न राम पद पंकज भाऊ
योग कुयोग ज्ञान अज्ञानू। जहं नहिं राम प्रेम परिधानू
तुम बिन दुखी सुखी तुम तेही। तुम जानहु जिय जो जेहि केही
राउर आयसु सिर सबही के। बिदित कृपालहि गति सबही के
आपु आश्रमहिं धारिय पाऊ। भएउ सनेह सिथल मुनि राऊ
करि प्रणाम तब राम सिधाये। ऋषि धरि धीर जनक पहं आये
राम बचन गुरु नृपहिं सुनाए। सील सनेह सुभाय सुहाए
महाराज अब कीजिय सोई। सब कर धरम सहित हित होई

दो॰ ज्ञान निधान सुजान सुचि धरम धीर नरपाल।
तुम बिन असमंजस समन को समरथ एहि काल

दो॰ अ॰ १४९

सुनि मुनि बचन जनक अनुरागे। लखि गति ज्ञान बिरग बिरागे
सिथल सनेह सुनत मन माहीं। आए इहां कीन्ह भल नाहीं
रामहिं राय कहेउ बन जाना। कीन्ह आय प्रिय प्रेम प्रवाना
हम अब बन तें बनहिं पठाई। प्रमुदित फिरब बिबेक बड़ाई
तापस मुनि महि सुरगति देबी। भए प्रेम बस बिकल बिसेषी
समय समुझि धरि धीरज राजा। चले भरत पहिं सहित समाजा
भरत आइ आगे भइ लीन्हे। अवसर सरस सुआसन दीन्हे
तात भरत कह तिरहुति राऊ। तुमहिं बिदित रघुबीर सुभाऊ

दो॰ राम सत्यव्रत धरमरत सब कर सील सनेह
संकट सहत सकोच बस कहिय जो आयसु देह

सुनि तन पुलक नयन भरि बारी। बोले भरत धीर धरि भारी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु प्रिय पूज्य पिता सम आपू। कुल गुर सम हित माय न बापू
कौशिकादि मुनि सचिव समाजू। ज्ञान अंबुनिधि आपुन आजू
मु सेवक आयसु अनुगामी। जानि मोहि सिख देइअ स्वामी
एहि समाज थल बूझब राउर। मौन मलीन मैं बोलब बाउर
छोटे बदन कहौं बड़ि बाता। छमब तात लखि बाम बिधाता
आगम निगम प्रसिद्ध पुराना। सेवक धरम कठिन जग जाना
स्वामि धरम स्वारथहि बिरोधू। बैरु अंध प्रेमहि न प्रबोधू ॥
दो. राखि राम रुख धरम ब्रत पराधीन मोहि जान
सबके संमत सर्ब हित करिय प्रेम पहिचान ॥
भरत बचन सुनि देख सुभाऊ। सहित समाज सराहत राऊ ॥
सुगम अगम मृदु मंजु कठोरे। अरथ अमित अति आखर थोरे
ज्यों मुख मुकर मुकर निज पानी। गहि न जाइ अस अद्भुत बानी
भूप भरत मुनि साधु समाजू। गे जहँ बिबुध कुमुद द्विज राजू
सुनत सुधि सोच बिकल सब लोगा। मनहुं मीन गन नव जल जोगा
देवँ प्रथम कुल गुर गति देखी। निरखि बिदेह सनेह बिसेखी
राम भगति मय भरत निहारे। सुर स्वारथी हहरि हिय हारे
सब कोउ राम प्रेम मय पेखा। भए अलेख सोच बस लेखा
दो. राम सनेह सकोच बस कह सशोच सुर राज
रचहु प्रपंचहि पंच मिलि नाहित भयउ अकाज
सुरन्ह सुमिरि शारदा सराही। देवि देव शरणागत पाही ॥
फेरि भरत मति करि निज माया। पालि बिबुध कुल करि छल छाया

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बिबुध बिनय सुनि देवि सयानी। बोली सुर स्वारथ जड़ जानी
मोसन कहत भरत मति फेरू। लोचन सहस न सूझ सुमेरू
बिधि हरि हर माया बड़ि भारी। सोउ न भरत मति सकइ निहारी
सो मति मोहि कहत करु भोरी। चंदन करु कि चंदु करि चोरी
भरत हृदय सिय राम निवासू। तहँ कि तिमिर जहँ तरणि प्रकासू
अस कहि सारद गइ बिधिलोका। बिबुध बिकल निसि मानहुँ कोका

दो. सुर स्वारथी मलीन मन कीन्ह कुमंत्र कुठाटु
रचि प्रपंच माया प्रबल भय भ्रम अरति उचाटु

करि कुचालि सोचत सुर राजू। भरत हाथ सब काज अकाजू
गये जनक रघुनाथ समीपा। सनमाने सब रघुकुल दीपा
समय समाज धर्म अबिरोधा। बोले तब रघुबंश पुरोधा
जनक भरत संबाद सुनाई। भरत कहावत कही सुहाई
तात राम जस आयसु देहू। सो सब करइ मोर मति एहू॥
सुनि रघुनाथ जोरि जुग पानी। बोले सत्य सरल मृदु बानी
बिद्यमान आपुन मिथिलेसू। मोर कहब सब भाँति भदेसू
राउर राय रजायसु होई। राउरि सपथ सही सिर सोई

दो. राम सपथ सुनि मुनि जनकु सकुचे सभा समेत
सकल बिलोकत भरत मुख बनइ न उतर देत

सभा सकुचि बस भरत निहारी। राम बंधु धरि धीरज भारी
कुसमय देखि सनेहु सँभारा। बढ़त बिंधि जिमि घटजनिवारा
सोक कनकलोचन मति छोनी। हरी बिमल गुणगण जगजोनी

टी. ए. अ. १५०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भरत बिबेक बराह बिसाला। अनायास उधरी तेहि काला
करि प्रणाम सब कहं कर जोरे। रामु राउ गुरु साधु निहोरे॥
छमब आजु अति अनुचित मोरा। कहउं बदन मृदु बचन कठोरा
हियं सुमिरि सारदा सुहाई। मानस तें मुख पंकज आई
बिमल बिबेक धरम नय साली। भरत भारती मंजु मराली॥
दो. निरखि बिबेक बिलोचननि सिथिल सनेह समाज
करि प्रणाम बोले भरतु सुमिरि सीय रघुराज॥
प्रभु पितु मातु सुहृद गुरु स्वामी। पूज्य परम हित अंतरजामी
सरल सुसाहिब सील निधानू। प्रनतपाल सबग्य सुजानू
समरथ सरनागत हितकारी। गुनगाहक अवगुन अघहारी
स्वामि गोसांइहि सरिस गोसांई। मोहि समान मैं साइं दोहाई
प्रभु पितु बचन मोह बस पेली। आएउं इहां समाज सकेली
जग भल पोच ऊंच अरु नीचू। अमिअ अमरपद माहुर मीचू
राम रजाइ मेटि मन माहीं। देखा सुना कतहुं कोउ नाहीं
सो मैं सब बिधि कीन्ह ढिठाई। प्रभु मानी सनेह सेवकाई
दो. कृपा भलाई आपनी नाथ कीन्ह भल मोर
दूषणभे भूषण सरिस सुयश चारु चहुं ओर
राउरि रीति सुबानि बड़ाई। जगत बिदित निगमागम गाई
कूर कुटिल खल कुमति कलंकी। नीच निसील निरीस निसंकी
तउ सुनि सरण सामुहें आयो। सुकृत प्रणाम किये अपनायो
देखि दोष कबहूं उर आने। सुनि गुन साधु समाज बखाने

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

को साहब सेवकहिं निवाजी। आपु समाज साज सब साजी
निज करतूति न समुझिय सपने। सेवक सकुच सोच उर अपने
सो गोसाइं नहिं दूसर कोपी। भुजा उठाय कहौं पन रोपी॥
जस नाचत शुक पाठ प्रवीना। गुण गति नट पाटक आधीना

दो॰ यों सुधारि सनमानिजन किये साधु शिर मोर
को कृपाल बिनु पालहैं बिरदा बलि बर जोर

शोक सनेह कि बाल सुभायें। आएउं लाइ रजायसु बायें
तबहुं कृपाल हेरि निज ओरा। सबहिं भांति भल मानेउ मोरा
देखेउं पाय सुमंगल मूला। जानेउं स्वामि सहज अनुकूला
बड़े समाज बिलोकेउं भागू। बड़ी चूक साहिब अनुरागू
कृपा अनुग्रह अंग अघाई। कीन्ह कृपानिधि सब अधिकाई
राखा मोर दुलार गोसांई। अपने शील सुभाय भलाई
नाथ निपट मैं कीन्ह ढिठाई। स्वामि समाज सकोच बिहाई
अविनय बिनय यथा रुचि बानी। छमिहि देव अति आरत जानी

दो॰ सुहृद सुजान सुसाहिबहिं बहुत कहत बड़ खोरि
आयसु देइ अदेव अब सबइ सुधारी मोरि॥

प्रभु पद पदम पराग दोहाई। सत्य सुकृत सुख सींव सुहाई
सो करि कहौं हिये अपने की। रुचि जागत सोवत सपने की
सहज सनेह स्वामि सेवकाई। स्वारथ छल फल चारि बिहाई
अग्या सम न सुसाहिब सेवा। सो प्रसाद जन पावइ देवा॥
अस कहि प्रेम बिवस भए भारी। पुलक शरीर बिलोचन बारी

अ॰ टी॰ रा॰ अ॰ २५३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु पद कमल गहे अकुलाई। समय सनेह न सो कहि जाई
कृपासिंधु सनमानि सुबानी। बैठाये समीप गहि पानी ॥
भरत बिनय सुनि देखि सुभाऊ। शिथल सनेह सभा रघुराऊ
छं॰ रघुराउ शिथल सनेह साधु समाज मुनि मिथला धनी
मनमहं सराहत भरत भायप भगत की महिमा घनी
भरतहिं प्रशंसित बिबुध वरषत सुमन मानसमलिनसे
तुलसी बिकल सब लोग सुनि सकुचे निसागम नलिन से
सो॰ देखि दुखारी दीन दुहुं समाज नर नारि सब
मघवा महा मलीन मुयेहु मार मंगल चहत
कपट कुचालि सींव सुर राजू। पर अकाज प्रिय आपन काजू
काक समान पाक रिपु रीती। छली मलीन कतहुं न प्रतीती
प्रथम कुमति करि कपट सकेला। सोइ उचाट सब के शिर मेला
सुर माया सब लोग बिमोहे। राम प्रेम अति सेन बिछोहे
भएउचाट बस मन थिर नाहीं। छण बन रुचि छण सदन सुहाहीं
दुबिध मनोगत प्रजा दुखारी। सरित सिंधु संगम जनु बारी
दुचित कतहुं परितोष न लहहीं। एकु एकु सन मरम न कहहीं
लखि हिय हंसि कह कृपा निधानू। सरिस स्वान मघवान जवानू
दो॰ भरत जनक मुनि गण सचिव साधु सचेत बिहाइ
लगी देव माया सबहिं यथा योग जन पाइ ॥
कृपा सिंधु लखि लोग दुखारे। निज सनेह सुरपति छल भारे
सभा राउ गुरु महि सुर मंत्री। भरत भगति सब के मति जंत्री

टी॰ रा॰ अ॰ २५४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रामहिं चितवत चित्र लिखे से। सकुचत बोलत बचन सिखे से
भरत प्रीति नति बिनय बड़ाई। सुनत सुखद बरणत कठिनाई
जासु बिलोकि भगति लवलेशू। प्रेम मगन मुनिगण मिथलेशू
महिमा तासु कहइ किमि तुलसी। भगति सुभाव सुमति हिय हुलसी
आपछोट महिमा बड़ जानी। कविकुल कानि मानि सकुचानी
कहि न सकहिं गुण रुचि अधिकाई। मति गति बालबचन की नाई

दो. भरत बिमल यश बिमल बिधु सुमति चकोरकुमारि
उदित बिमल जनु हृदय नभ एकटक रही निहारि

भरत सुभाउन सुगम निगमहूं। लघु मति चापलता कविछमहूं
कहत सुनत सति भाउ भरतको। सीय राम पदहोइ न रतको
सुमिरत भरतहिं प्रेम रामको। जेहि न सुलभ तेहि सरस बामको
देखि दयाल दया सबही की। राम सुजान जानजन जीकी
धरम धुरीण धीर नय नागर। सत्य सनेह शील सुख सागर
देश काल लखि समय समाजू। नीति प्रीति पालक रघुराजू
बोले बचन बानि सर बसुसे। हित परिणाम सुनत शशिरससे
तात भरत तुम धरम धुरीणा। लोक बेद बिद प्रेम प्रवीणा

दो. करम बचन मानस बिमल तुम समान तुम तात
गुरु समाज लघुबंधु गुण कुसमय किमि कहिजात

जानहु तात तरणि कुल रीती। सत्य संध पितु कीरति प्रीती
समय समाज लाज गुरुजनकी। उदासीन हित अनहित मनकी
तुमहिं बिदित सबही कर करमू। आपन मोर परम हित धरमू

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मोहि सब भांति भरोस तुम्हारा। तदपि कहों अवसर अनुसारा
तात तात बिनु बात हमारी। केवल गुरकुल कृपा संभारी
नतरु प्रजा पुरजन परिवारू। हमहि सहित सब होत खुवारू
जो बिनु अवसर अथव दिनेषू। जग केहि कहहु न होइ कलेषू
तस उतपात तात बिधि कीन्हा। सुनि सिथलेश राउ सब लीन्हा

दो॰ राज काज सब लाज पति धरम धरणि धन धाम
गुरु प्रभाव पालिहि सबहि भल होइहि परिणाम

सहित समाज तुमार हमारा। घर बन गुरप्रसाद रखवारा
मात पिता गुरु स्वामिनि देषू। सकल धरम धरणीधर सेषू
सो तुम करहु करावहु मोहू। तात तरणि कुल पालक होहू
साधक एक सकल सिधदेनी। कीरति सुगति भूति मय बेनी
सो बिचारि सह संकट भारी। करहु प्रजा परिवारु सुखारी
बांटी बिपति सबहि मोहि भाई। तुमहि अवधभरि बड़ि कठिनाई
जानि तुमहिं मृदु कहउं कठोरा। कुसमय तात न अनुचित मोरा
होहिं कुठाय सुबंधु सुहाये। ओड़ियहि हाथ असनिहु के घाये

दो॰ सेवक पद कर नयन से मुख से साहिब होइ
तुलसी प्रीति की रीति सुनि सुकविसराहहिं सोइ

सकल सभा सुनि रघुबर बानी। प्रेम पयोधि अमिय जनु सानी
सिथल समाज सनेह समाधी। देखि दशा चुप सारद साधी
भरतहिं भएउ परम संतोषू। सनमुख स्वामि बिमुख दुखदोषू
मुख प्रसन्न मन मिटा बिखादू। भा जनु गूगहिं गिरा प्रसादू

टी. रा॰ अ॰ २५६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कीन्हस प्रेम प्रणाम बहोरी। बोले पाणि पंकरुह जोरी॥
नाथ भएउ सुख साथ गएको। लहेउ लाहु जग जनम भएको
अब कृपाल जस आयसु होई। करउं शीश धरि सादर सोई
सो अवलंब देव मोहि देई। अवधि पार पावउं जेहि सेई
दो. देव देव अभिषेक हित गुरु अनुशासन पाइ
आनेउं सब तीरथ सलिल तेहि कहं कहा रजाइ
एक मनोरथ बड़ मन माहीं। सभय सकोच जात कहि नाहीं
कहउं तात प्रभु आयसु पाई। बोले बाणि सनेह सुहाई॥
चित्रकूट मुनि थल तीरथ बन। खग मृग सरिसर निर्झर गिरिगन
प्रभु पद अंकित अवनि बिशेषी। आयसु होइ तो आवउं देखी
अवशि अत्रि आयसु शिरधरहू। तात बिगत भय कानन चरहू
मुनि प्रसाद बन मंगल दाता। पावन परम सुहावन भ्राता
ऋषि नायक जहं आयसु देहीं। राखेउ तीरथ जल थल तेहीं
सुनि प्रभु बचन भरत सुख पावा। मुनि पद कमल मुदित शिरनावा
दो. राम भरत संवाद सुनि सकल सुमंगल मूल
सुर स्वारथी सराहिं कुल बरषहिं सुरतरु फूल
धन्य भरत जस राम गोसांई। कहत देव हरषत बरिआंई॥
मुनि मिथलेश सभा सब काहू। भरत बचन सुनि भयेउ उछाहू
भरत राम गुण ग्राम सनेहू। पुलकि प्रशंसित राउ बिदेहू
सेवक स्वामि सुभाव सुहावन। नेम प्रेम अति पावन पावन
मति अनुसार सराहन लागे। सचिव सभा सद सब अनुरागे

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनि सुनि राम भरत संबादू । दुहुं समाज हिय हरष बिषादू
राम मातु सुख दुख समझानी । कहि गुण दोष प्रबोधी रानी
एक कहहिं रघुबीर बड़ाई । एक सराहत भरत भलाई ।

दो॰ अत्रि कहेउ तब भरत सन शैल समीप सुकूप
राखिय तीरथ तोय तहं पावन अमित अनूप

भरत अत्रि अनुशासन पाई । जल भाजन सब दिये चलाई
सानुज आप अत्रि मुनि साधू । सहित गए जहं कूप अगाधू
पावन पाथ पुण्य थल राखा । प्रमुदित प्रेम अत्रि अस भाखा
तात अनादि सिद्ध थल एहू । लोपेउ काल बिदित नहिं केहू
तब सेवकन सरस थल देखा । कीन्ह सुजल हित कूप बिशेखा
बिधि बस भएउ बिश्व उपकारू । सुगम अगम अति धरम बिचारू
भरत कूप अब कहिहहिं लोगा । अति पावन तीरथ जलयोगा
प्रेम सनेम निमज्जत प्रानी । होइहहिं बिमल करम मन बानी

दो॰ कहत कूप महिमा सकल गए जहां रघुराउ ॥
अत्रि सुनायउ रघुबरहिं तीरथ पुण्य प्रभाउ

कहत धरम इतिहास सप्रीती । भएउ भोर निशि सो सुख बीती
नित्य निबाह भरत दोउ भाई । राम अत्रि गुरु आयसु पाई
सहित समाज साज सब सादे । चले राम बन अटन पयादे
कोमल चरण चलत बिनु पनहीं । भइ मृदु भूमि सकुचमन मनहीं
कुस कंटक काकुरी कुराई । कटुक कठोर कुबस्तु दुराई
महि मंजुल मृदु मारग कीन्हे । बहत समीर त्रिबिध सुख लीन्हे

दो॰ रा॰ अ॰ २५८

सुमन बरषि सुर घन करि छाहीं। बिटप फूल फल तृण मृदु ताही
मृग बिलोकि खग बोलि सुबानी। सेवहिं सकल राम प्रिय जानी
दो॰ सुलभ सिद्धि सब प्राकृतहु राम कहत जमुहात
राम प्रान प्रिय भरत कहुं यह न होहि बड़ि बात
एहि बिधि भरत फिरत बन माहीं। नेम प्रेम लखि मुनि सकुचाहीं
पुण्य जलाश्रय भूमि बिभागा। खग मृग तरु तृण गिरि बन बागा
चारु बिचित्र पवित्र बिसेषी। बूझत भरत दिव्य सब देखी
सुनि मन मुदित कहत ऋषिराऊ। हेतु नाम गुण पुण्य प्रभाऊ
कतहुं निमज्जन कतहुं प्रनामा। कतहुं बिलोकत मन अभिरामा
कतहुं बैठि मुनि आयसु पाई। सुमिरत सीय सहित दोउ भाई
देखि सुभाउ सनेहु सुसेवा। देहिं असीस मुदित बन देवा
फिरहिं गए दिन पहर अढ़ाई। प्रभु पद कमल बिलोकहिं जाई
दो॰ देखे थल तीरथ सकल भरत पांच दिन मांझ
कहत सुनत हरि हर सुयश गयउ दिवस भइ सांझ
भोर न्हाइ सब जुरा समाजू। भरत भूमि सुर तिरहुति राजू
भल दिन आजु जानि मन माहीं। राम कृपाल कहत सकुचाहीं
गुरु नृप भरत सभा अवलोकी। सकुचि राम फिरि अवनि बिलोकी
सील सराहि सभा सब सोची। कहुं न राम सम स्वामि सकोची
भरत सुजान राम रुख देखी। उठि सप्रेम धरि धीर बिसेषी
करि दंडवत कहत कर जोरी। राखी नाथ सकल रुचि मोरी
मोहि लगि सबहिं कीन्ह दुखु भारी। बहुत भांति दुख पावा आपू

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अब गोसाइं मोहि देउ रजाई । सेवउं अवध अवधि भर जाई
दो· जेहि उपाय पुनि पाय जनु देखइ दीन दयाल ।
सो सिख देइय अवधि लगि कोशलपालकृपाल
पुरजन परिजन प्रजा गोसाईं । सब सुचि सरस सनेह सगाईं
राउर बदि भलि भव दुख दाहू । प्रभु बिनु बादि परम पद लाहू
स्वामि सुजानु जान सबही की । रुचि लालसा रहनि जन जी की
प्रणतपाल पालहिं सब काहू । देव दुहूं दिशि ओर निबाहू ॥
अस मोहि सब बिधि भूर भरोसो । किये बिचारुन सोचु दरोसो
आरति मोरि नाथ करि छोहू । दुहुं मिलकीन्ह ढीठ अति मोहू
यह बड़ दोष दूर कर स्वामी । नतिन सकोच सिखइय अनुगामी
भरत बिनय सुनि सबहि प्रशंसी । खीर नीर बिबरण गति हंसी
दो· दीनबंधु सुन बंधु के बचन दीन छल हीन
देश काल अवसर सरस बोले राम प्रबीन
तात तुम्हारि मोरि परजन की । चिंता गुरहिं नृपहिं घर बन की
माथे पर गुर मुनि मिथलेशू । हमहि तुमहिं सपनेहुं न कलेशू
मोर तुम्हार परम पुरुषारथ । स्वारथ सुयश धरम परमारथ
पितु आयसु पालिय दुहुं भाई । लोक बेद भल भूप भलाई ॥
गुरु पितु मातु स्वामि सिख पाले । चलहुं कुमगु पग परहिं न धाले
अस बिचार सब शोच बिहाई । पालहु अवध अवधि लग जाई
देश कोश पुरजन परिवारू । गुरु पद रजहिं लाग छर भारू
तुम मुनि मातु सचिव सिख मानी । पालेहु पुहमि प्रजा रजधानी

टी. रा. अ. १६०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो· मुखिया मुख सो चाहिये खान पान कहुं एक
पालइ पोषहिं सकल अंग तुलसी सहित विवेक
राज धरम सर्बस इतनोई । जिमि मन माहिं मनोरथ गोई
बंधु प्रबोध कीन्ह बहु भांती । बिनु अधार मन तोष न साती
भरत शील गुरु सचिव समाजू । सकुच सनेह बिबस रघुराजू
प्रभु करि कृपा पावरी दीन्ही । सादर भरत शीश धरि लीन्ही
चरण पीठ करुणा निधान के । युग युग जामिक प्रजा प्रान के
संपुट भरत सनेह रतन के । आखर युग युग जीव जतन के
कुल कपाट कर कुशल करम के । बिमल नयन सेवा सुधरम के
भरत मुदित अवलंब लहे तें । अस सुख जस सिय राम रहे तें
दो· मांगेउ बिदा प्रणाम करि राम लिये उर लाइ
लोग उचाटे अमर पति कुटिल कुअवसर पाइ
सो कुचालि सब कहं भइ नीकी । अवधि आस सब जीवन जीकी
नतरु लषण सिय राम बियोगा । हहरि भरत सब लोग कुरोगा
राम कृपा अवरेब सुधारी । बिबुध धार भइ गुणद गोहारी
भेटत भुज भरि भाइ भरत सौं । राम प्रेम रस कहि न परत सौं
तन मन बचन उमग अनुरागा । धीर धुरंधर धीरज त्यागा
बारिज लोचन मोचत बारी । देखि दशा सुर सभा दुखारी
मुनि गण गुर धुर धीरजन कसे । ज्ञान अमल मन कसे कनकसे
जे बिरंचि निरलेप उपाये । पदम पत्र जिमि जग जल जाये
दो· तेउ बिलोकि रघुबर भरत प्रीति अनूप अपार

टी· रा· अ· २६२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भये मगन मन तन बचन सहित बिराग बिचार
जहां जनक गुरु गति मति भोरी। प्राकृत प्रीति कहत बड़ि खोरी
बरणत रघुबर भरत बियोगू। सुनि कठोर कबि जानहिं लोगू
सो सकोच रस अकथ कहानी। समय सनेह सुमिरि सकुचानी
भेंटि भरत रघुबर समुझाये। पुनि रिपुदवन हरषि उर लाये
सेवक सचिव भरत रुख पाई। निज निज काज लगे सब जाई
सुनि दारुण दुख दुहूं समाजा। लगे चलन के साजन साजा
प्रभु पद पदम बंदि दोउ भाई। चले सीस धरि राम रजाई
मुनि महिसुर बन देव निहोरी। चले सनमानि बहोरि बहोरी

दो. लषणहिं भेंट प्रणाम करि। सिर धरि सियपद धूरि
चले सप्रेम असीस सुनि सकल सुमंगल मूरि

सानुज राम नृपहिं सिर नाई। कीन्ह बहुत बिध बिनय बड़ाई
देव दया बस बड़ दुख पायेउ। सहित समाज काननहिं आएउ
पुर पग धारिय देइ असीसा। कीन्ह धीर धरि गवन महीसा
मुनि महिदेव साधु सनमाने। बिदा किये हरि हर सम जाने
सासु समीप गये दोउ भाई। फिरे बंदि पग आसिष पाई
कौसिक बामदेव जाबाली। पुरजन परिजन सचिव सुचाली
यथा योग करि बिनय प्रणामा। बिदा किये सब सानुज रामा
नारि गुरुष लघु मध्य बड़ेरे। सब सनमानि कृपानिधि फेरे

दो. भरत मातु पद बंदि प्रभु सुचि सनेम मिलि भेंटि
बिदा कीन्ह सजि पालकी सकुच सोच सब मेंटि

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिजन मातु पितहि मिलि सीता। फिरी प्राण प्रिय प्रेम पुनीता
करि प्रणाम भेंटी सब सासू। प्रीति कहत कवि हिय न हुलासू
सुनि सिख अभिमत आसिष पाई। रही सीय दुहुं प्रीति समाई
रघुपति पटु पालकी मंगाई। करि प्रबोध सब मातु चढ़ाई
बार बार हिल मिल दोउ भाई। सम सनेह जननी पहुंचाई
साजि बाजि गज बाहन नाना। भूप भरत दल कीन्ह पयाना
हृदय राम सिय लषण समेता। चले जाहिं सब लोग अचेता
बसह बाजि गज पसु हियहारे। चले जाहिं परबस मन मारे

दो गुर गुरु तिय पद बंदि प्रभु सीता लषण समेत
फिरे हरष बिसमय सहित आए परण निकेत

बिदा कीन्ह सनमानि निषादू। चले हृदय बड़ बिरह बिषादू
कोल किरात भिल्ल बन चारी। फेरे फिरे जोहारि जोहारी
प्रभु सिय लषण बैठि बट छाहीं। प्रिय परिजन बियोग बिलखाहीं
भरत सनेह सुभाउ सुबानी। प्रिया अनुज सन कहत बखानी
प्रीति प्रतीति बचन मन करणी। श्रीमुख राम प्रेम बस बरणी
तेहि अवसर रग मृग जल मीना। सिव कृत चर अचर मलीना
बिबुध बिलोकि दसा रघुबर की। बरषि सुमन कहि गति घर घर की
प्रभु प्रणाम करि दीन्ह भरोसो। चले मुदित मन डर नरवरोसो

दो सानुज सीय समेत प्रभु राजत परण कुटीर
भक्ति ज्ञान बैराग जनु सोहत धरे सरीर ॥

मुनि महि सुर गुर भरत भलाई। राम बिरह सब साज बेहाई

प्रभु गुण ग्राम गुणत मनभाहीं। सब चुपचाप चले मगजाहीं
यमुना उतरि पारु सबभयऊ। सो बासर बिनु भोजन गयेऊ
उतरि देवसरि दूसर वासू। राम सखा सब कीन्ह सुपासू
सई उतरि गोमती नहाये। चौथे दिवस अवधपुर आये
जनक रहे पुरबासर चारी। राज काज सब साज संवारी
सौंपि सचिव गुर भरतहि राजू। तिलक कीन्ह सब साजू
नगर नारि नर गुर सिख मानी। बसे सुखेन राम रजधानी
दो॰ राम दरस लगि लोग सब करत नेम उपवास।
तजि तजि भूषण भोग सुख जिअत अवध की आस॥

सचिव सुसेवक भरत प्रबोधे। निज निज काज पाइ सिख ओधे
पुनि सिख दीन्ह बोलि लघुभाई। सौंपी सकल मातु सेवकाई
भूसुर बोलि भरत कर जोरे। करि प्रणाम बर बिनय निहोरे
ऊंच नीच कारज भल पोचू। आयसु देब न करब संकोचू
परिजन पुरजन प्रजा बोलाये। सावधान करि सुबस बसाये
सानुज गे गुर गेह बहोरी। करि दंडवत कहत कर जोरी
आयसु होइ त रहउं सनेमा। बोले मुनि तन पुलकि सपेमा
समुझब कहब करब तुम्ह जोई। धरम सार जग होइहि सोई
दो॰ सुनि सिख पाइ असीस बड़ि गनक बोलि दिनसाधि।
सिंहासन प्रभु पाउकां बैठारे निरुपाधि॥

राम मातु गुरु पद सिर नाई। प्रभु पद पीठि रजायसु पाई
नंदि गांउ कुस परन कुटीरा। कीन्ह निवास धरम धुर धीरा

जटाजूट शिर मुनि पट धारी। महिषन कुश साथरी संवारी
असन बसन बासन ब्रत नेमा। करत कठिन ऋषि धरम सप्रेमा
भूषण बसन भोग सुख भूरी। मन तन बचन तजे तृण तूरी
अवध राज सुर राज सिहाहीं। दशरथ धन सुनि धनद लजाहीं
तेहि पुर बसत भरत अनुरागा। चंचरीक जनु चंपक बागा॥
रमा बिलास राम अनुरागी। तजत बसन जिमि जन बड़भागी

दो॰ राम प्रेम भाजन भरत बड़े न एहि करतूति
चातक हंस सराहियत टेक बिवेक बिभूति

देह दिनहिं दिन दूबर होई। घटन तेज बल मुख छबि सोई
नित नव राम प्रेम पण पीना। बढ़त धरम दल मनन मलीना
जिमि जल निघटत सरद प्रकाशे। बिलसत बेत सब निज बकाशे
सम दम संजम नेम उपासा। नखत भरत हिय बिमल अकासा
ध्रुव बिश्वास अवधि राकाशी। स्वामि सुरत सुर बीथि बिकाशी
राम प्रेम बिधु अचल अदोषा। सहित समाज सोह नित चोषा
भरत रहनि समुझनि करतूती। भक्ति बिरति गुण बिमल बिभूती
बरणत सकल सुकवि सकुचाहीं। शेष गणेश गिरा गमनाहीं

दो॰ नित पूजत प्रभु पांवरी प्रीति न हृदय समाति
मांगि मांगि आयसु करत राज काज बहु भांति:

पुलक गात हिय सिय रघुबीरू। जोह नाम जपु लोचन नीरू
लषण राम सिय कानन बसहीं। भरत भवन बसि तप तनु करहीं
दोउ दिशि समुझि कहत सब लोगू। सब बिधि भरत सराहन योगू

आश्रय शोभित
भा० ३२५ इति
मानसदीपिका

टी॰
रा॰ अ॰
१६५

टीकायां
योध्या कांड प्र
संग अंग समा
प्त

चौपाई छंद दोहा दि को टीका

श्लोक	चौपाइ	छंद	सोरठा	दोहा
३	२६१६	१३	१३	३२५

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनि ब्रतनेम साधु सकुचाहीं। देखि दशा मुनि राज लजाहीं
परम पुनीत भरत आचरण। मधुर मंजु मुद मंगल करण
हरण कलिन कलि कलुष कलेशू। महा मोह निसि दलन दिनेशू
पाप पुंज कुंजर मृग राजू। समन सकल संताप समाजू
जन रंजन भंजन भव भारू। राम सनेह सुधा कर सारू
॥ सिय राम प्रेम पियूष पूरण होत जनम न भरत को
मुनि मन अगम जम नियम शम दम विषम व्रत आचरत को
दुख दाह दारिद दंभ दूषण सुजश मिस अपहरत को
कलि काल तुलसी से सठहिं हठि राम सनमुख करत को
सो॰ भरत चरित करि नेम तुलसी जो सादर सुनहि
सीय राम पद प्रेम अवशि होइ भव रस बिरति
इति श्रीराम चरित मानसे सकल कलि कलुष विध्वंसने निर्मल वैराग्य संपादनो नाम द्वितीयः सोपानः
हस्ताक्षरहरसोहन लाल

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



अथ आरण्यकाण्डः ३

श्रीगणेशायनमः ॥ श्लोक ॥ मूलंधर्मतरोर्विवेकजलधेः पू-
र्णेन्दुमानंददम् वैराग्याम्बुजभास्करं अघहरं ध्वांतापहंता-
पहं मोहांभोधरपूगपाटनविधौ स्वःसंभवं शंकरं वन्दे ब्र-
ह्मकुलं कलंकशमनं श्रीरामभूपप्रियं १ सान्द्रानंदपयोद
सौभगतनुं पीतांबरंसुंदरं पाणौबाणशरासनं कटिलसत्
तूणीरभारंवरं राजीवायतलोचनंधृतजटाजूटेन संशोभितं ॥

सीता लक्ष्मण संयुतं पथिगतं रामाभिरामंभजे ॥

दो॰ उमा राम गुण गूढ़ पंडित मुनि पावहिं बिरति ॥
पावहिं मोह बिमूढ़ जे हरि बिमुख न धर्म रति ॥

पूरण भरत प्रीति मैं गाई ॥ । मति अनुरूप अनूप सोहाई ॥
अब प्रभु चरित सुनहु अति पावन । करत जे बन सुर नर मुनि भावन
एकबार चुनि कुसुम सुहाये ॥ निज कर भूषण राम बनाये ॥
सीतहि पहिराये प्रभु सादर । बैठे फटिक शिला पर माधर
सुरपति सुत धरि बायस बेषा । सठ चाहत रघुपति बल देखा
जिमि पिपीलिका सागर थाहा । महामंद मति पावन चाहा ॥
सीता चरण चोंच हति भागा । महा मंद मति कारण कागा ॥
चला रुधिर रघुनायक जाना । सींक धनुष शायक संधाना ॥

दो॰ अति कृपाल रघुनायक सदा दीन पर नेह ॥
तासन आइ कीन्ह छल मूरख अवगुण गेह

बिन अपराध प्रभुहते न काहू । भ्रौंसर परे गरसै शशि राहू ॥ ॥
जब प्रभु लीन्ह धनुष सिकवाना । क्रोध जानि भा अनल समाना
प्रेरित मंत्र ब्रह्म शर धावा ॥ ॥ चला भाजि बायस भय पावा
धरि निज रूप गयउ पितु पाहीं । राम बिमुख राखा तेहि नाहीं
भा निरास उपजा मन त्रासा । यथा चक्र भय ऋषि दुर्वासा ॥
ब्रह्म धाम शिवपुर सब लोका । फिरा श्रमित व्याकुल भय शोका
काहू बैठन कहा न मोही ॥ ॥ रारि को सकै राम कर द्रोही
मातु मृत्यु पितु समन समाना । सुधा होइ बिष सुनहु हरि याना

मित्र करै शत रिपु कै करणी । ताकहँ विबुध न दीवै तरणी ॥
सब जगताहि अनलते ताता । जो रघुबीर बिमुख सुनु भ्राता ।

दो॰ जिमि जिमि भाजत शक्रसुत व्याकुल अति दुखदीन
तिमि तिमि धावत राम शर पाछे परम प्रवीन ॥ ॥

बचै उरग बरु गुसै खगेशा । रघुपति सर छुटे बचव अँदेशा
नारद देखा बिकल जयंता । लागि दया कोमल चित संता ॥
पठया तुरत राम पहँ ताहीं ॥ कहेसि पुकारि प्रणत हित पाहीं
दूरिहि ते कहि प्रभु प्रभुताई । हृदय माँझ चरणनि चितलाई
आतुर सभय गहेसि पद जाई । त्राहि त्राहि दयाल रघुराई ॥
अतुलित बल अतुलित प्रभुताई । मैं मति मंद जान नहिं पाई
निज कृत कर्म जनित फल पाएउँ । अब प्रभु पाहि शरणत कि आएउँ
सुनि कृपाल अति आरत बानी । एक नयन करि तजा भवानी ॥

सो॰ कीन्ह मोह बस द्रोह यद्यपि तेहि कर बध उचित
प्रभु छाँडेउ करि छोह को कृपाल रघुबीर सम

रघुबर चित्रकूट बसि नाना । चरित किये श्रुति सुधा समाना
बहुरि राम असमन अनुमाना । होइहि भीर सबहि मोहि जाना
सकल मुनिन सन बिदा कराई । सीता सहित चले द्वौ भाई ॥
अत्रि के आश्रम जब प्रभु गएऊ । सुनत महामुनि हर्षित भएऊ
पुलकित गात अत्रि उठि धाए । देखि राम आतुर चलि आए
करत दंडवत मुनि उर लाए । प्रेम वारि द्वौ जन अन्हवाए
देखि राम छबि नैन जुड़ाने । सादर निज आश्रम तब आने ॥

अरु भरतजू को प्रेम कहि अब श्री रामजी को वनचरित्र वर्णन करतु हैं एक समय सीता को शृंगार फूल में भूषणादि कर फटिक शिला पर बिराजतु भये तहां काल कागको भाव इंद्रहू का कप्रमान काक

टी॰ रा॰ आ॰ ३

समान पाक रिपु राती वाका पुत्र जयंत वाही भेष तें सीताजू के चरण चोंच सेछत कर भाग्यो वाकी गति दुर्वासा ऋषि के समान सुदर्शन चक्र के भय तें नाना लोक घूम निरास भये यह कथा बिचार सहित ना गवत के नवम स्कंध में है पुनः नारद उपदेश तें प्रभु शरण आयो तब शरणागत पाल क प्रभु ने वाको उपद्रव काम रव्य कारण पाय कै एक नैन फोरि कै तज्यो अरु चित्रकूट में बहुत चरित्र करी बहुजन समागम तें

करि पूजा कहि बचन सुहाये ॥ । दिये मूल फल प्रभु मन भाये ॥

सो॰ प्रभु आसन आसीन भरि लोचन शोभा निरखि
मुनिवर परम प्रवीन जोरि पाणि अस्तुति करत

छं॰ नमामि भक्त वत्सलं कृपाल शील कोमलम्
भजामि ते पदांबुजं अकामिनां स्वधामदम् ॥
निकाम श्याम सुंदरं भवांबु नाथ मंदिरं ॥ ॥
प्रफुल्ल कंज लोचनं मदादि दोष मोचनं ॥ ॥
प्रलंब बाहु विक्रमं प्रभो अमेय वैभवम् ॥ ॥
निषंग चाप शायकं धरे त्रि लोक नायकम् ॥
दिनेश वंश मंडनं महेश चाप खंडनम् ॥ ॥ ॥
मुनींद्र संत रंजनं सुरारि वृंद भंजनम् ॥ ॥
मनोज वैरि वंदितं अजादि देव सेवितम् ॥ ॥
विशुद्ध बोध विग्रहं समस्त दूषणा पहम् ॥
नमामि इंदिरापतिं सुखाकरं सतांगतिम् ॥
भजेस शक्ति सानुजं शचीपतेः प्रियानुजम् ॥
त्वदंघ्रि मूल जे नराः भजंति हीन मत्सराः ॥ ॥
पतंति नो भवार्णवे वितर्क वीचि संकुले ॥
विविक्त वासना सदा भजंति मुक्तये मुदा ॥ ॥
निरस्य इंद्रियादिकं प्रयांति ते गतिं स्वकं ॥
तमेक मद्भुतं प्रभुं निरीह मीश्वरं विभुम् ॥ ॥
जगद्गुरुं च शाश्वतं तुरीय मेव केवलम् ॥ ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भजामि भाव वल्लभं कुयोगिनां सुदुर्लभम्
स्वभक्त कल्प पादपं समस्त सेव्य मन्वहम्
अनूप रूप भूपतिं नतोहं मुर्विजा पतिम् ॥
प्रसीद मे नमामिते पदाब्ज भक्ति देहि मे ॥
पठंति ये स्तवं मिदं नगादरेण ते पदम् ॥ ॥
व्रजंति नात्र संशयः त्वदीय भक्त संयुता ॥

दो॰ बिनती करि मुनि नाय शिर कह कर जोरि बहोरि
चरण शरोरुह नाथ जनि कबहुं तजै मति मोरि

देखि राम मुनि विनय प्रणामा। विबिध भांति पायउ बिश्रामा
जन्म जन्म प्रभु पद तव कंजा। बढ़ो प्रेम चकोर जिमि चंदा
अनुसुइया के पद गहि सीता। मिली बहोरि सुशील बिनीता
जे सिय सकल लोक सुखदाता। अखिल कोटि ब्रह्मांड की माता
तेऊ पाइ मुनिवर मुनिभामिनि। सुखी भईं कुमुदिनि जिमि यामिनि
ऋषि पत्नी मन सुख अधिकाई। आशीष देइ निकट बैठाई॥
दिव्य वसन भूषण पहिराये। जे नित नूतन अमल सुहाये॥
जाहि निरखि विदुख दूर पराहीं। गरुड़ जानि जिमि पन्नग जाहीं

दो॰ ऐसे वसन विचित्र सुठि दिये सीय कहं आनि ॥
मनमानी प्रिय वचन कहि प्रीति न जाइ बखानि

कह मुनि बधू सरल मृदु बानी॥ नारि धर्म कछु व्याज बखानी
मात पिता भ्राता हित कारी॥ मित प्रद सब सुनु राज कुमारी
अमित दान भर्ता बैदेही ॥ । अधम सो नारि जो सेवत तेही

धीरज धरम मित्र अरु नारी । आपद काल परिखिये चारी ॥
वृद्ध रोग बस जड़ धन हीना । अंध बधिर कोढ़ी अति दीना ॥
एसेहु पति कर किये अपमाना । नारि पाव यमपुर दुख नाना ॥
एकै धर्म एक व्रत नेमा ॥ ॥ ॥ काय बचन मन पति पद प्रेमा
जग पतिव्रता चारि विधि अहहीं । बेद पुराण संत सब कहहीं ॥

दो॰ उत्तम मध्यम नीच लघु सकल कहौं समुझाइ
आगे सुनहिं ते भव तरहिं सुनहु उमा मन लाइ

उत्तम के अस बस मन माहीं । सपनेहुँ आन पुरुष जग नाहीं
मध्यम परपति देखैं कैसे ॥ ॥ भ्राता पिता पुत्र निज जैसे ॥
धर्म बिचारि समुझि कुल रहहीं । सो निकृष्ट त्रिय श्रुति अस कहहीं
बिन अवसर भय ते रह जोई । जानेहु अधम नारि जग सोई
पति बंचक परपति रति करई । रौरव नर्क कल्प शत परई ॥
छन सुख लागि जन्म शत कोटी । दुख न समुझ तेहि सम को खोटी
बिन श्रम नारि परम गति लहई । पतिव्रत धर्म छाँडि छल गहई
पति बंचक जन्मै जहँ जाई ॥ ॥ विधवा होइ पाइ तरुणाई ॥

सो॰ सहज अपावन नारि पति सेवत शुभ गति लहै
जस गावहिं श्रुति चारि अजहुँ तुलसिका हरिहि प्रिय
सुनि सीता तव नाम सुमिरि पतिव्रत करिहि ॥
तोहि प्राण प्रिय राम कहेउँ कथा संसार हित
सुनि जानकी परम सुख पावा । सादर तासु चरण सिर नावा
तब मुनि सन कह कृपा निधाना । आयसु होइ जाउँ बन आना

टी॰ रा॰ आ॰ ई

संतन मोपर कृपा करेहू ॥ ॥ सेवक जानि तजहु जनि नेहू ॥
धर्म धुरंधर प्रभु कै बानी ॥ ॥ सुनिसप्रेम बोले मुनि ज्ञानी ॥
जासु कृपा अज शिव सनकादी । चहत सकल परमारथ वादी
ते तुम्हराम अकाम पियारे । दीनबंधु मृदु बचन उचारे ॥ ॥
अब जानी मैं श्री चतुराई । भजिय तुमहिं सब देव बिहाई
जेहि समान अतिशय नहिं कोई । ता कर शील कस न अस होई
केहि विधि कहौं जाहु अब स्वामी । कहहु नाथ तुम अंतर यामी ॥
अस कहि प्रभु विलोकि मुनिधीरा । लोचन जलबहु पुलक शरीरा
छं॰ तनपुलक निर्भर प्रेम पूरण नयन पंकज मन दिये ॥ ॥
मन ज्ञान गुण गोतीत प्रभु मैं दीख जप तप का किये
जप योग धर्म समूह ते नर भक्ति अनुपम पावहीं ।
रघुबीर चरित पुनीत निशि दिन दास तुलसी गावहीं
दो॰ कलिमल समन दमन मन राम सुयश सुख मूल
सादर सुनहिं जे तिन्ह पर राम रहहिं अनुकूल
सो॰ कठिन कालमल कोस धर्म न ज्ञान न योग जप
परि हरि सकल भरोस रामहिं भजहिं ते चतुर नर
दो॰ मुनिहु के अस्तुति कीन्ह प्रभु दीन्ह सुभग बरदान
सुमन वृष्टि नभ संकुल भय भय कृपा निधान।
मुनि पद कमल नाइ करि शीशा । चले बनहि सुर नर मुनि ईशा
आगे राम अनुज पुनि पाछे । मुनिबर बेष बने अति काछे
उभय बीच सिय सोहत कैसी । ब्रह्म जीव बिच माया जैसी ॥

सरिता बन गिरि अवघट घारा ॥ प्रभु पहिचानि देहि वर बाटा ॥
जहँ जहँ जाहिं देव रघुराया । करहिं मेघ तहँ तहँ नभ छाया ।
आश्रम बिपुल देखि मग माहीं । बिप्र सदन तेहि पटतर नाहीं ॥ ॥
दिव्य बिटप फल बहु बिधि सोहा । देखत सुनत सकल मन मोहा
पंछि अनेकन बन बहु रंगा ॥ ॥ कूजहिं कलरव करहिं बिहंगा ।
बहु तडाग सुंदर अबराई ॥ । भाँति भाँति सब मुनिन्ह लगाई ॥
दो॰ निज निज आश्रम बेदिका तेहि पर तुलसि बिराज
अनुज जानकी सहित प्रभु राजत भये रघुराज ॥
आनि सुआसन मुदित मन पूजि पहुनई कीन्हि ।
कन्दमूल फल अमिय सम आनि राम कहँ दीन्हि ।
अनुज सीय सह भोजन कीन्हा । जो जेहि भाय सुभग बर दीन्हा
होत प्रभात सबनि सिर नाई । आशीर्बाद मुनिन्ह सन पाई ॥
तेहि दिन प्रभु तहँ कीन्ह निवासा । सकल मुनिन्ह मिलि कीन्ह सुपासा
प्रातकाल उठि रघुकुल देवा । मज्जन कीन्ह पारथी सेवा ॥
बहुरि मुनिन्ह सन आयसु पाई । सीता सहित चले दोउ भाई ॥
सुमिरि उमापति गौरि गणेशा पुनि प्रभु चले मनहु उरेशा
बन अनेक सुंदर गिरि नाना ॥ नाघत चले जाहिं भगवाना
मिला असुर बिराध मग जाता । गर्जत घोर कठोर रिसाता ॥
रूप भयंकर मानहुँ काला ॥ ॥ बेगवंत धायउ जनु व्याला ॥
गहि पाणि त्रिशूल अति घोरा । कहरि मारि बेधसि चहुँ ओरा
तुरतहि सो सीतहि लै गयेऊ । राम हृदय अति विस्मय भयऊ

टी॰ रा॰ आ॰ ८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

समुरी हृदय कैकेई करणी। कहा अनन सब बहु बिधबरणी
बहुरि लषण रघुवरहिं प्रबोधा। पांच बाण छांड़े करि क्रोधा
छं॰ भयो क्रोध लषण संधानि धनुसर मारि तेहि व्याकुल कियो
पुनि उठि निशाचर राखि सीतहि लै बिमूल छांड़त भयो
जनु काल दंड कराल धावत बिकल सब सुर गण भयो
धनु तानि श्री रघुवंश मणि काटि तेहि रज सम कियो
दो॰ बहुरि एक सर मारा पर धरणि धुनि माथ
उठि बहोरि सो गर्जा चलेउ जहां रघुनाथ
ऐसेहु कहत निशाचर धावा। अब नहिं बचहु तुमहिं मैं खावा
आवा प्रबल यही बिधि भूधर। होहहि काह कहहिं व्याकुल सुर
तासु तेज अति मरुत समाना। दूटत तरु बहु डार परवाना
जीव जंतु जहं लगि रहे जेते। व्याकुल भाजि चले सब तेते
उरग समान जोरि सर साता। आवत ही रघुबीर निपाता
तुरतहि रुचिर रूप तेहि पावा। दुखी देखि निजधाम पठावा
तासु अस्ति गाड़े प्रभु धरनी। देवन्ह दुंदुभि दीन्ही घनी
सीता आइ चरण लपटानी। अनुज सहित प्रभु चले भवानी
दूरहिं सुरेस सकल सुर संगा। गयउ रहहिं जहं मुनि सरभंगा
गयेउ कहन प्रभु देन सिखावन। दक्षिण दिशा बसत जहं रावन
दो॰ सुरपति संशय तम सम रघुपति तेज दिनेश
रावण जीवन निशि सम बीते छुटहिं कलेश
सुना सीर प्रभु तेहि क्षण देखा तेज निधान सुभ आति बेखा

तुरंग चारु बल मरुत समाना। रथ रवि समनहिं जाइ बखाना
क्षिति न परस अंतर हित रहई। स्वेत छत्र चामर शिर ढरई
तुरत चारु रथ देखिय कैसे। वेगवंत ऊरग अरि जैसे॥
देवन्ह सहित बिराज सुराजा। स्वेत छत्र शिर ऊपर छाजा
उपमा सरद इंदु सम तूलहिं। नखत मनहु मुकुताहिल झूलहिं
कनक दंड गहि चमर डोलावहिं। तनु रवि किरिणि रेख सम आवहिं
यहि बिधि प्रभु सुरेश कहं देखा। भये मगन सुख पाइ बिशेखा
बहुरि सुरेश देख श्री रामा। कीन्ह प्रणाम गये निज धामा
अनुजहि प्रियहि कहा समुझाई। सुरपति महिमा गुण प्रभुताई
जेहि कारण बासव तहं आये। सो कछु बचन कहै नहिं पाये
बीचहि सुनि आयसु प्रभु केरा। कहि सारथिहि तुरत रथ फेरा
दूरिहि ते करि प्रभुहि प्रणामा। हरषि सुरेस गये निज धामा
पुनि आये जहं मुनि सर भंगा। सुंदर अनुज जानकी संगा

दो॰ देखि राम मुख पंकज मुनिवर लोचन भृंग
सादर पान करत अति धन्य धन्य सर भंग।

कह मुनि सुनि रघुबीर कृपाला। शंकर मानस राज मराला
जात रहेउं बिरंचि के धामा। सुनेउं श्रवण बन ऐहहिं रामा
चितवत पंथ रहेउं दिन राती। अब प्रभु देखि जुड़ानी छाती
नाथ सकल साधन मैं हीना। कीन्ही कृपा जानि जन दीना
सो कछु देवन मोहि निहोरा। निज प्रण राखेउ जन मन चोरा
तब लगि रहहु दीन हित लागी। जब लगि मिलौं तुमहि तनु त्यागी

टी॰ रा॰ आ॰ २०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

योग यज्ञ जप तप व्रत कीन्हा। प्रभु कहं देइ भक्ति बर दीन्हा।
एहि बिधि सर रचि सुनि सरभंगा। बैठे हृदय छांड़ि सब संगा

दो॰ सीता अनुज समेत प्रभु नील जलद तन श्याम
मम हिय बसहु निरंतर सगुण रूप श्रीराम ॥

अस कहि योग अग्नि तनु जारा। राम कृपा बैकुंठ सिधारा ॥
ताते मुनि हरि लीन न भयेऊ। प्रथमहि भेद भक्ति उर लयेऊ
ऋषिन काय मुनिबर गति देखी। सुखी भये निज हृदय बिशेखी
अस्तुति करहिं सकल मुनि वृंदा। जयति प्रणत हित करुणा कंदा
पुनि रघुनाथ चले वन आगे। मुनिवर वृंद बिपुल सब लागे
अस्थि समूह देखि रघुराया। पूंछा मुनिन्ह लागि अति दाया
जानतहूं पूंछिय कस स्वामी। सब दरशी तुम्ह अंतर यामी
निशिचर निकर सकल मुनि खाये। सुनि रघुबीर नयन जल छाये

दो॰ निशिचर हीन करौं महि भुज उठाइ प्रण कीन्ह
सकल मुनिन्ह के आश्रम जाइ जाइ सुख दीन्ह

मुनि अगस्ति करि शिष्य समाना। नाम सुतीछन रत भगवाना
मन क्रम वचन राम कर सेवक। सपनेहु आन भरोसन देवक
प्रभु आगमन श्रवण सुनि पावा। करत मनोरथ आतुर धावा
हे बिधि दीनबंधु रघुराया। मोसे शठ पर करिहहिं दाया
सहित अनुज मोहि राम गोसांई। मिलिहहिं निज सेवक की नांई
मोरे जिय भरोस दृढ़ नाहीं। भक्ति विरति न ज्ञान मन माहीं
नहिं सत संग योग जप जागा। नहिं दृढ़ चरण कमल अनुरागा

एक बानि करुणा निधान की। सो प्रिय जाके गति न आन की
छं॰ सो प्रिय स्मृति पाल की जिन्ह कबहु प्रभु सुमिरण कर्यो
तेइ आजु मैं निज नयन देखि हौं दूरि पुलकित हिय भर्यो
जे पद सरोज अनेक मुनि करि ध्यान कबहु कि पावहीं
ते राम श्री रघुवंश मणि प्रभु प्रेम ते उर आवहीं
दो॰ पन्नगारि सुनु प्रेम सम भजन न दूसर आन
यह विचारि मुनि पुनि पुनि करत राम गुण गान
होइहि सुफल आजु मम लोचन। देखि बदन पंकज भव मोचन
निर्भर प्रेम मगन मुनि ग्यानी। कहि न जाइ सो दसा भवानी
दिसि अरु विदिसि पंथ नहिं सूझा। को मैं चलेउ कहां नहिं बूझा
कबहुक फिरि पाछे मुनि जाई। कबहुक नृत्य करै गुण गाई
अविरल प्रेम भक्ति उर छाई। प्रभु देखैं तरु ओट लुकाई
अति सय प्रीति देखि रघुबीरा। प्रगटे हृदय हरण भव भीरा
मुनि मग मांझ अचल होइ बैसा। पुलक शरीर पनस फल जैसा
तब रघुनाथ निकट चलि आए। देखि दसा निज जन मन भाए
दो॰ राम सुसाहेब संत प्रिय सेवक दुख दारिद दमन
मुनि सन कह प्रभु आख आहउ द्विज मम प्राण धन
सुनिहि राम बहु भांति जगावा। जागत ध्यान जनित सुख पावा
भूप रूप तब राम दुरावा। हृदय चतुर्भुज रूप देखावा
मुनि अकुलाइ उठा तब कैसे। बिकल हीन मणि फणि वर जैसे
आगे देखि राम तन श्यामा। सीता अनुज सहित सुख धामा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परेउ लकुट इव चरणनिलागी। प्रेम मगन मुनिवर बड़ भागी
भुज बिशाल गहि लिए उठाई। परम प्रीति राखेउ उर लाई
मुनिहि मिलत अस सोह कृपाला। कनक तरुहि जनु भेटत माला
राम बदन बिलोकि मुनि ठाढ़ा। मानहुं चित्र मांझ लिख काढ़ा
दो॰ तब मुनि हृदय धीर धरि गहि पद बारहि बार ॥
निज आश्रम प्रभु आनि करि पूजा विविध प्रकार
कह मुनि सुनु प्रभु बिनती मोरी। अस्तुति करौं कवन बिधि तोरी
महिमा अमित मोरि मति थोरी। रवि सन्मुख खद्वैत अजोरी
श्याम ताम रस दाम शरीरं। जटा मुकुट परिधन मुनिचीरं
पाणि चाप सर कटि तूणीरं। नौमि निरंतर श्री रघुबीरं।
मोह विपिन घन दहन कृशानुं। संत सरोरुह कानन भानुं
निशिचर करि बरूथ मृगराजं। त्रातु सदा नो भव खगबाजं
अरुण नयन राजीव सुवेसं। सीता नयन चकोर निशेसं
हर हृद मानस बाल मरालं। नौमि राम उर बाहु बिशालं
संशय सर्प ग्रसन उर गादं। समन सुकर्क सनर्क बिखादं
भय भंजन रंजन सुर यूथं। त्रातु सदा नो कृपा वरूथं ॥
निर्गुण सगुण बिषम सम रूपं। ज्ञान गिरा गोतीत मनूपं
अमल अखिल मन बुद्धि मपारं। नौमि राम भंजन महिभारं
भक्त कल्प पादप आरामं। तर्जन क्रोध लोभ मद कामं
अति नागर भव सागर सेतुं। त्रातु सदा दिनकर कुल केतुं
अतुलित भुज प्रताप बल धामं। कलि मल विपुल बिभंजन

टी
रा॰ आ
२३

धर्म पर्म नर्मद गुण ग्रामं । संतत संत होतु मम रामं ॥
यद्यपि बिस्व व्यापक अबिनासी। सब के हृदय निरंतर बासी
तदपि अनुज सिय सहित खरारी। बसहु मनसि मम कानन चारी
जे जानहिं ते जानहु स्वामी। सगुण अगुण उर अंतरजामी
जन कोसलपति राजिव नैना। करौ सो राम हृदय मम ऐना
सो॰ माया बस सब जीव रहहि बिसर संतत भगन
तिमि लागहु मोहि पीय करुणाकर सुंदर सुखद
अस अभिमान जाइ जनि भोरे। मैं सेवक रघुपति पति मोरे
राम अछत तजि चहउ कल्याना। सो नर अधम सिआर समाना
सुनि मुनि बचन राम मन भाए। बहुरि हरषि मुनिबर उर लाए
परम प्रसन्न जान मुनि मोही। जो बर मांग देउं सो तोही
मुनि कह मैं बर कबहु न जांचा। समुझि न परै झूँठ का सांचा
तुमहिं नीक लागै रघुराई। सो मोहि देहु दास सुखदाई
अबिरल भगति बिरति बिग्याना। होहु सकल गुण ग्यान निधाना
प्रभु जो दीन्ह सो बर मैं पावा। अब सो देहु मोहि जो भावा
सो॰ अनुज जानकी सहित प्रभु चाप बाण धर राम
मम हिय गगन इंदु इव बसहु सदा निः काम
एवमस्तु कहि रमा निवासा। हरषि चले कुंभज ऋषि पासा
पुनि प्रणाम करि कह कर जोरी। सुनहु नाथ कछु बिनती मोरी
बहुत दिवस गुरु दरशन पाए। भये मोहि यहि आश्रम आए
अब प्रभु संग जाउं गुरु पाहीं। तुम्ह कहं नाथ निहोरा नाहीं

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चले जात मग तव पद कंजा। देखिहौं जो बिराध मद गंजा
देखि कृपानिधि मुनि चतुराई। लिये संग बिहंसे दोउ भाई
पंथ कहत निज भक्ति अनूपा। मुनि आश्रम पहुंचे सुरभूपा
आश्रम देखि महा शुचि सुंदर। सरित सरोवर हरषित भूधर
बनचर जलचर जीव जहींते। बयरु न करहिं प्रीति सबहींते

दो॰ तरु बहु बिबिध बिहंग मय बोलत बिबिध प्रकार
बसहिं सिद्ध मुनि तप करहिं महिमा गुण आगार

तुरत सुतीछन गुर पहं गएऊ। करि दंडवत कहत अस भएऊ
नाथ कोशलाधीश कुमारा। आए मिलन जगत आधारा
राम अनुज समेत बैदेही। निशि दिन देव जपत हहु जेही
सुनत अगस्ति तुरत उठि धाये। प्रभु बिलोकि लोचन जल छाये
मुनि पद कमल परे दोउ भाई। ऋषि अति प्रीति लिए उर लाई
आसन पर बैठारे आनी। सादर कुशल पूंछि मुनि ज्ञानी
पुनि करि बहु प्रकार प्रभु पूजा। मोहि सम भाग्यवंत नहिं दूजा
जहं लगि रहे अपर मुनि वृंदा। हरषे सब बिलोकि सुख कंदा

दो॰ मुनि समूह बैठे प्रभु सनमुख सब की ओर
सरद इंदु तन चितवत मानहुं निकर चकोर

पाइ सुथल जल हरषित मीना। पारस पाइ सुखी जिमि दीना
प्रभुहि निरखि सुख भा यहि भांती। चातिक जिमि पाई जल स्वाती
तब रघुबीर कहा मुनि पाहीं। तुम सम प्रभु दुराव कछु नाहीं
तुम्ह जानउ जेहि कारण आएउं। तातें तात न कहि समुझाएउं

अब सो मंत्र देहु प्रभु मोही । जेहि प्रकार मारौं सुर द्रोही
द्विज द्रोही न बचै मुनि राई । जिमि पंकज बन हि मऋतु आई
मुनि मुसुकानें सुनि प्रभु बानी । पूंछेउ नाथ मोहि का जानी
तुम्हरे भजन प्रभाव खरारी । जानौं महिमा कछुक तुम्हारी

दो॰ भृकुटी निरखत नाथ तव रहत सदा पद कमरतर
जिन्ह डारे निज उदर महं बिबुध बिधाता सिद्धहर

अति कराल सब परजग जाना । औरौ कहौं सुनहु भगवाना
ऊमरि तरु बिशाल तव माया । फल ब्रह्मांड अनेक निकाया
जीव चराचर जंतु समाना । भीतर बसहिं न जानत आना
ते फल भक्षक कठिन कराला । तव भय डरत सदा सोउ काला
ते तुम्ह सकल लोकपति सांई । पूछेहु मोहि मनुज की नांई
यह बर मांगौ कृपा निकेता । बसहु हृदय सिय अनुज समेता
अविरल भक्ति विरति सत संगा । चरण सरोरुह प्रीति अभंगा
यद्यपि ब्रह्म अखंड अनंता । जनु भव गम्य भजहिं जेहि संता
अस तव रूप बखानौ जानौ । फिरि फिरि सगुण ब्रह्म रति मानौ

दो॰ जाहि जीव पर माया रहत तुमहि संतत सुबस
तिनकी महिमा जान नहि सेवक तुम कहं प्राण अस

संतत दासन्ह देहु बड़ाई । ताते मोहि पूछेहु रघुराई
हे प्रभु परम मनोहर ठाऊं । पावन पंचबटी तेहि नाऊं
गोदावरी नदी तहं बहई । चारिहु युग प्रसिद्ध सो अहई
दंडक बन पुनीत प्रभु करहू । उग्र श्राप मुनिबर कर हरहू

टी॰ रा॰ आ॰ ६

वास करहु तहं रघुकुल राया। कीजै सकल मुनिन्ह परदाया
चले राम मुनि आयसु पाई। तुरतहि पंचबटी नियराई ॥
दिव्य लता तरु प्रभु मन भाये। निरखि राम तेउ भये सुहाये
लषण राम सिय चरण निहारी। कानन अघ उमगा दुखभारी

दो॰ गीधराज सों भेंट भइ बहु बिधि प्रीति बढ़ाइ
गोदावरी निकट प्रभु रहे परण गृह छाइ ॥

जब तें राम कीन्ह तहं वासा। सुखी भये मुनि बीती त्रासा
गिरि बन नदी ताल छबि छाये। दिन दिन प्रति अति होहिं सुहाये
खग मृग वृंद अनंदित रहहीं। मधुप मधुर गुंजत छवि लहहीं
सो वन बरणि न सकै अहिराजा। जहां प्रगट रघुबीर बिराजा
एकवार प्रभु सुख आसीना। लक्ष्मण बचन कहे छलहीना
सुर नर मुनि सचराचर सांई। मैं पूछौं निज प्रभु की नांई।
मोहि समुझाइ कहहु सो देवा। सब तजि करौं चरणरज सेवा
कहहु ज्ञान बिराग अरु माया। कहहु सो भक्ति करहु जेहि दाया

दो॰ ईश्वर जीव भेद प्रभु सकल कहहु समुझाइ
जाते होई चरण रति शोक मोह भ्रम जाइ

थोरे महं सब कहौं बुझाई। सुनहु तात मन मति चित लाई
मैं अरु मोर तोर तें माया। जेहि वस कीन्हे जीव निकाया
गो गोचर जहं लगि मन जाई। सो सब माया जानेहु भाई
तिहि कर भेद सुनहु तु सोऊ बिद्या अपर अविद्या दोऊ
एक दुष्ट अति सय दुख रूपा। जा बस जीव परा भवकूपा

टी॰ रा॰ आ॰ २७

एक रचै जग गुण बस जाके। प्रभु प्रेरित नहिं निजबल ताके
ज्ञान मान जहं एकौ नाहीं। देख ब्रह्म समान सब माहीं
कहिय तात सो परम बिरागी। त्रिण सम सिद्ध तीन गुण त्यागी

दो॰ माया ईस न आपु कहं जानि कहिय सो जीव
बंध मोक्ष प्रद सब पर माया प्रेरक सीव ॥

धर्म ते बिरति योग ते ज्ञाना। ज्ञान मोक्ष प्रद बेद बखाना
जाते वेगि द्रवौं मैं माई। सो मम भक्ति भक्त सुखदाई ॥
सो स्वतंत्र अवलंब न आना। तेहि आधीन ज्ञान बिज्ञाना
भक्ति तात अनुपम सुख मूला। मिलहिं जो संत होहिं अनुकूला
भक्ति कि साधन कहौं बखानी। सुगम पंथ मोहि पावहिं प्रानी
प्रथमहिं बिप्र चरण अति प्रीती। निज निज धर्म निरत श्रुति नीती
यहि कर फल पुनि बिषय बिरागा। तब मम धर्म चरण अनुरागा
श्रवणादिक नव भक्ति दृढ़ाई। मम लीला रत अति मन भाई
संत चरण पंकज अति प्रेमा। मन क्रम बचन भजन दृढ़ नेमा
गुरु पित मात बंधु प्रभु देवा। सम मोहि कहं जानै दृढ़ सेवा
मम गुण गावत पुलक शरीरा। गद गद गिरा नयन बहै नीरा
काम आदि मद दंभ न जाके। तात निरंतर बस मैं ताके

दो॰ बचन कर्म मन मोरि गति भजन करिहि निष्काम
तिन्ह के हृदय कमल महं करौं सदा बिश्राम ॥

भक्ति योग सुनि अति सुख पावा। लछिमण प्रभु चरण निशिर नावा
नाथ सुने गत मम संदेहा। गयेउ ज्ञान उपजेउ नव नेहा

कछु काल पाछे रावण की भगनी वेषान्तर ते आई मम निकट कपट नाहीं

टी॰ रा॰ आ॰ १८

रहत प्रगट होत होतही लक्ष्मण जू नाक काट रावण इत्यादिको ज्ञान कियो ४०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अनुज बचन सुनि प्रभु मन भाए। हरषि राम निज हृदय लगाए
एहि विधि गये कछुक दिन बीती। कहत बिराग ज्ञान गुण नीती
सूर्प नखा रावण कै बहिनी। दुष्ट हृदय दारुण जसि अहिनी
पंचवटी सो गइ एक बारा। देखि बिकल भइ युगल कुमारा
भ्राता पिता पुत्र उर गारी। पुरुष मनोहर निरखत नारी
होइ बिकल सक मनहि न रोकी। जिमि रवि मणि द्रवै रविहि बिलोकी

दो॰ अधम निशाचरि कुटिल मति चली करन उपहास
सुनु खगेश भावी प्रबल भा चहै निशिचर नास

रुचिर रूप धरि प्रभु पहं आई। बोली बचन मधुर मुसुकाई
तुम सम पुरुष न मोसम नारी। यह संयोग बिधि रवा संवारी
मम अनुरूप पुरुष जग माही। देखेउं खोजि लोक तिहुं नाहीं
ताते अब लगि रहिउं कुमारी। मन माना कछु तुमहिं निहारी
सीतइ चितइ कही प्रभु बाता। अहै कुमार मोर लघु भ्राता
गइ लक्षिमण रिपु भगिनी जानी। प्रभु बिलोकि बोले मृदु बानी
सुंदरि सुनु मैं उन कर दासा। पराधीन नहिं तोर सुपासा
प्रभु समरथ कौशलपुर राजा। जो कछु करहिं उनहिं सब छाजा

दो॰ केहरि सम नहिं करिवर लवा कि बाज समान
प्रभु सेवक इमि जानहु मानहु बचन प्रमान

सेवक सुख चहै मान भिखारी। बिसनी धन सुभगति बिभचारी
लोभी यश चहै प्रेम गुमानी। नभ दुहि दूध चहत जड़ प्रानी
पुनि फिरि राम निकट सो आई। प्रभु लक्षिमण पहं बहुरि पताई

टी॰ रा॰ आ॰ १९

लक्षिमण कहा तोहि सो बरई। जो तृण तोरि लाज परिहरई
तब खिसियानि राम पहं गई। रूप भयंकर प्रगटत भई ॥
बिथुरे कच दसननि बिकराला। भृकुटी कुटिल करन लगि गाला
सीतहि सभय देखि रघुराई। कहा अनुज सन सैन बुझाई
अनुज राम मनकी गति जानी। उठि रिसाइ तब सुनहु भवानी

दो॰ लक्षिमण अति लाघव सो नाक कान बिनु कीन्हि
ताके कर रावण कहं मनहुं चुनौती दीन्हि

नाक कान बिन भए बिकरारा जनु श्रवै शैल गेरु कै धारा
श्याम घटा देखत घन केरी। तहं वासव घन मनहुं उजेरी
खरदूषण पहं गई बिलखाता। धृग् धृग् तब बल पौरुष भ्राता
तेहि पूंछा सब कहेसि बुझाई। यातुधान सुनि सैन बोलाई
चौदह सहस सैन संग लीन्हे। जिन्ह सपनेहुं रण पीठि न दीन्हे
धाए निशिचर निकर बरूथा। जनु सपक्ष कज्जल गिरि यूथा
नाना बाहन नाना कारा। नानायुध धर घोर अपारा
सूर्प नखा आगे करि लीन्ही। असुभ रूप श्रुति नासाहीनी

दो॰ निज निज बल सब मिलि कहहिं एकहि एक सुनाइ
बाजन बजे जुझाउ हरष न हृदय समाइ ॥

असगुन अमित होहिं भयकारी। गनहिं न मृत्यु बिवस सब भारी
गर्जहिं तर्जहिं गगन उड़ाहीं। देखि कटक भट अति हरषाहीं
कोउ कह जियत धरहु दोउ भाई। धरि मारहु त्रिय लेहु छुड़ाई
कोउ कह सुनहु सत्य हम कहहीं। कानन फिरहिं बीर कोउ अहहीं

टी॰ रा॰ आ॰ २०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रामचंद्रसे वरदूषणका युद्ध की मूर्ति

एकै कहहिं मरट दोउ रहहू । खर के आगे अस नहिं कहहू
वह सिधि कहहिं वचन रणधीरा । आए सकल जहां रघुवीरा
धूरि पूरि नभ मंडल रही । राम बोलाइ अनुज सन कही
लै जानकिहि जाहु गिरि कंदर । आवा निशिचर कटक भयंकर
रहेहु सजग सुनि प्रभु कै बानी । चले सहित सिय सर धनुपानी
देखि राम रिपुदल चलि आवा । विहंसि कठिन कोदंड चढ़ावा
छं० कोदंड कठिन चढ़ाइ सिर जट जूट बांधत सोह क्यों
मरकत शैल पर लसत दामिनि कोटि सोंजुग भुजग ज्यों
कटि कस निषंग बिशाल भुज गहि चाप बिसिख सुधारिकै
चितवत मनहुं मृगराज प्रभु गजराज घटा निहारि कै ॥
सो० आइ गये वगमेल धरहु धरहु आवत सुभट
यथा विलोकि अकेल बाल रविहि घेरत दनुज
घेरि रहे निशिचर समुदाई । दंडक खग मृग चले पराई
प्रभु बिलोकि सर सकहिं न डारी । थकित भये रजनीचर धारी
सचिव बोले बोले खरदूषण । यह कोउ नृप बालक नर भूषण
नाग असुर सुर नर मुनि जेते । देखे जिते हते हम तेते ॥
हम भरि जन्म सुनहु सबभाई । देखी नहिं असि सुंदरताई
यद्यपि भगिनी कीन्ह कुरूपा । बधलायक नहिं पुरुष अनूपा
देहु तुरत निज नारि दुराई । जीअत भवन जाहु दोउ भाई
मोर कहा तुम ताहि सुनावहु । तासु बचन सुनि आतुर आवहु
दो० भये काल बस मूढ सब जानहिं नहिं रघुवीर

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मसक फूंक किमि मेरुहर सुनहु गरुड अति धीर
दूतन्ह कहा राम सन जाई। सुनत राम बोले मुसुकाई
आजु भये बड़ भाग हमारे। तुम्हरे प्रभुअस कीन्ह बिचारे
हम छत्री मृगया बन करहीं। तुम्हसे खल मृग खोजत फिरहीं
रिपु बलवंत देखि नहिं डरहीं। एक बार कालहु सन लरहीं।
यद्यपि मनुज दनुज कुल घालक। मुनि पालक खल सालक बालक
जो न होइ बल गृह फिरि जाहू। समर बिमुख मैं हतौं न काहू
रण चढ़ि करिय कपट चतुराई। रिपु पर कृपा परम कदराई
दूतन्ह जाइ तुरत सब कहेऊ। सुनि बरूथ उर अति दहेऊ
छं॰ उर दहेउ कहेउ कि धरह धावह बिकट भट जनि नीचए
सर चाप तोमर शक्ति शूल कृपाण परिघ परशु धए
प्रभु कीन्ह धनुष टकोर प्रथम कठोर घोर भयावहा
भये बधिर व्याकुल जातुधान न ज्ञान तेहि अवसरहा
दो॰ सावधान होइ धाए जानि सबल आराति
लागे बरषण राम पर अस्त्र शस्त्र बहु भांति
तिन्ह के आयुध तिल सम करि काटे रघुबीर
तानि सरासन श्रवण लगि पुनि छाड़े निज तीर
छं॰ तीर। तब चले बाण कराल फुंकरत जनु बहु व्याल
कोपेउ समर श्रीराम चले बिसिख निसित निकाम
अवलोकि खरतर तीर मुरि चले निशिचर बीर
एक एक कोउ न संभारि करि गहि भ्रात पुकार

कोउ कहै पर कह कीन्ह जो युद्ध इन सन लीन्ह
जाके बाण अनिहि कराल। ग्रसे अनिहि मानो काल
भए क्रुद्ध तीनिउ भाइ। जो भागि रण ते जाइ
तेहि बध इन्ह निज पानि। फिरे मरण मन महं ठानि
दो॰ उमा एक निज प्रभु बस पुनि उन्ह के बड़े भाग
नरन चहहिं निज सरलगे बिना योग जप याग
छं॰ नोमर आयुध अनेक प्रकार। सन्मुख ते करहिं प्रहार
रिपु परम कोपे जानि। प्रभु धनुष सर संधानि
छाड़े बिपुल नाराच। लगे कटन बिकट पिशाच
उर शीश भुज कर चरन। जहं तहं लगे महि परन
टी॰ चिकरत लागत बान। धर परत कुधर समान।
रा॰ भा॰ भट कटत तन सत खंड। पुनि उठत करि पाखंड
२५ नभ उड़त बहु भुज मुंड। बिन मौलि धावत रुंड
लग कंक काक सृगाल। कट कटहिं कठिन कराल
छं॰ कट कटहिं जंबुक भूत प्रेत पिशाच खप्पर संचही
बेताल बीर कपाल ताल बजाइ योगिनि नंचही
रघुबीर बाण प्रचंड खंडहिं भटन के भुज उर शिरा
जहं तहं परहिं उठि उठि लरहिं धरु धरु करहिं भयकरा
अंतावली गहि उड़त गीध पिशाच कर गहि धावहीं
संग्राम पुर बासी मनहुं बहु बाल गुड़ी उड़ावहीं
मारे पछारे उर विदारे बिपुल भट कहरत परे।

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ची.
रा. ग्रं.
२५

अवलोकि निजदल बिकल भट त्रिसरादि खरदूषण फिरे
सर शक्ति तोमर परशु शूल कृपाण एकहि बारहीं ॥
करि कोप श्री रघुबीर पर अगणित निशाचर डारहीं
प्रभु निमिष महं रिपु सर निवारि प्रचार डारे सायका।
दश दश बिसिख उर मांझ मारे सकल निशिचर नायका
महि परत उठ भट भिरत मरत न करत माया अति घनी
सुर डरत चौदह सहस प्रेत विलोकि एक अवध धनी
सुर मुनि सभय प्रभु देख माया नाथ अस कौतुक कियो
देखहिं परस्पर रामकरि संग्राम रिपुदल लरि मर्यो।

दो॰ राम राम कहि तनु तजहिं पावहिं पद निर्बान
करि उपाय रिपु मारे क्षण महं कृपानिधान
हरषित बरषहिं सुमन सुरबाजहिं गगन निसान
अस्तुति करि करि सब चले शोभित बिबिध बिमान

जब रघुनाथ समर रिपु जीते। सुर नर मुनि सबके भय बीते
तब लक्षिमण सीतहि लै आए। प्रभु पद परत हरषि उर लाए
सीता चितव श्याम मृदु गाता। परम प्रेम लोचन न अघाता
पंचबटी बस श्रीरघुनायक। करत चरित सुरमुनि सुखदायक
मरण देखि खरदूषण केरा। जाइ सूर्पनखा रावण प्रेरा
बोली बचन क्रोध करि भारी। देश कोश कै सुरत बिसारी
करसि पान सोवसि दिन राती। सुधि नहिं तव सिरपर आराती
राजनीति बिनु धन बिन धर्मा। हरिहि समर्पे बिनु सत कर्मा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

बिद्या बिन बिबेक उपजाये। श्रम फल पढ़े किए अरु गाये
संग ते जती कुमंत्र ते राजा। मन ते ज्ञान ज्ञान ते लाजा
प्रीति प्रनय बिनु मदते गुनी। नासहि बेगि नीति अस सुनी

सो॰ रिपु रुज पावक पाप प्रभु अहि गनियन छोटकरि
अस कहि बिबिध बिलाप करि लागी रोदन करन

दो॰ सभा माझ परि ब्याकुल बहु प्रकार कहि रोइ
तोहि जिअत दशकंधर मोरि कि अस गति होइ

सुनत सभा सब उठे अकुलाई। समरुाई गहि बाहं उठाई
कह लंकेश कहसि किन बाता केहि तव नासा कान निपाता
अवध नृपति दशरथके जाए। पुरुष सिंह बन खेलन आए
समुझि परी मोहि उन के करणी। रहित निशाचर करिहहिं धरणी
जिन्ह कर भुजबल पाइ दशानन। अभय भये बिचरत मुनि कानन
देखत बालक काल समाना। परम धीर धन्वी गुण नाना
अतुलित बल प्रताप दोउ भ्राता। खल बधरत सुर मुनि सुखदाता
शोभाधाम राम अस नामा। तिन्ह के संग नारि एक श्यामा

सो॰ अति सुकुमारि पियारि पट तर योगन अहि कोउ
मैं मन दीख बिचारि जहां रहै तेहि समन कोउ

अजहुं जाइ देखव जब तुमहीं। होइहहु बिकल तासु बस तबहीं
जीवन मुक्त लोक बस ताके। दश मुख सुन सुंदरी अस जाके
रूप राशि बिधि नारि सवारी। रति शत कोटि तासु बलिहारी
तासु अनुज काटे श्रुति नासा। सुनि तव भगनी करि परिहासा

बिन अपराध असि दए हमारी। अपराधी किमि बचें सुरारी
खरदूषण सुनि लगे पुकारा। क्षण महं सकल कटक उन्ह मारा
खरदूषण त्रिसिरा कर घाता। सुनि दशशीश जरे सब गाता
भयउ शोच मन नहिं बिश्रामा। बीतहिं पल कल्प सत यामा
दो. सूर्पनखहि समुझाइ कर बल बोलेसि बहु भांति
गयउ भवन अति शोच बस नींद परी नहिं राति
सुर नर असुर नाग खग माहीं। मोरे अनुचर कहं कोउ नाहीं
खरदूषण मोहि सम बलवंता। तिनहिं को मारै बिन भगवंता
सुर रंजन भंजन महि भारा। जौं भगवंत लीन्ह अवतारा
तौ मैं जाइ बयर हठि करिहौं। प्रभु सर लगे प्राण भव तरिहौं
होइ भजन नहिं तामस देहा। मन क्रम बचन मंत्र दृढ़ येहा
जौ नर रूप भूप सुत कोऊ। हरिहौं नारि जीति रण दोऊ
चला अकेल जान चढ़ि तहवां। बस मारीच सिंधु तट जहवां
रय अनूप जोरि सि खर चारी। बेगवंत द्रुमि जिमि उरगारी
छं. उरगारि सम अति बेग बरणत जाइ नहिं उपमा कही
शिर छत्र चामर सोह अति घन श्याम तन बिराजही
यहि भांति नांघत सरित शैल अनेक बापी सोहहीं
बन बाग उपवन वाटिका सुचि नगर मुनि मन मोहहीं
दो. बहु तड़ाग शुचि बिहंग मृग बोलन बिबिध प्रकार
एहि बिधि आएउ सिंधु तट शत योजन बिस्तार।
सुंदर जीव बिबिध बहु जाती। करहिं कलाहल दिन अरु राती

कूदहिं ते गरजहिं घहनाई। कनक बाल सुंदर सुखदाई
बैठहिं सकल जंतु तहं जाई। महाबली ते बरणि न जाई
तेहि पर दिव्य लता द्रुम लागे। जेहि देखत मुनि मन अनुरागे
गुहा बिबिधि बिधि रहे बनाई। बरणत सारद मन सकुचाई
चाहिय जहां [illegible] न कर बासा। तहां निशाचर करहिं निवासा
दशमुख देखि सकल सकुचाने। जे जड़ जीव सजीव पराने
इहां राम जसि जुगुति बनाई। सुनहु उमा सो कथा सुहाई

दो॰ लक्षिमण गये बनहि जब लेन मूल फल कंद
जनक सुता सन बोले बिहंसि कृपा सुखकंद

सुनहु प्रिया व्रत रुचिर सुशीला। मैं कछु करब ललित नरलीला
तुम्ह पावक महं करहु निवासा। जौ लगि करौं निशाचर नासा
जबहिं राम सब कहा बखानी। प्रभुपद हिय धरि अनल समानी
निज प्रति बिंब राखि तहं सीता। तैसिय शील रूप सुपुनीता
लक्षिमण हूं यह मरम न जाना। जो कछु चरित रचे भगवाना
दशगुख गयउ जहां मारीचा। नाइ माथ स्वारथ रत नीचा
नवनि नीच कै अति दुखदाई। जिमि अंकुस धनु उरग बिलाई
भय दायक खल कै प्रियबानी। जिमि अकाल के सुमन भवानी

दो॰ करि पूजा मारीच तब सादर पूंछी बात ॥
कवन हेत मन बिलग अति एक सर आएहु तात

दशमुख सकल कथा तेहि आगे। कही सहित अभिमान अभागे
होहु कपट मृग तुम छलकारी। जेहि बिधि हरि आनौ नृपनारी

लषण ते कहे
वाको बिस्तार
बालमीक आ
रण्यकांड में
इहां अकेली जा
नि सीय को हरी ले
चल्यो तहां उय
यू सग्राम सीता
हेतु जूझत भयो
हलक्षमण को

टी॰
रा॰ आ॰
२८

देखि प्रभु व्य
ग हो आश्रम सी
ता हीन देखि पा
कृत मर इव बि
कल है चलत
भये जटायु को
मूर्छित देखि नि
ज धाम देइ वाको
कर्म निज करते क
रि बिस्तार बिनो

तेहि पुनि कहा सुनहु दशशीशा। ते नर रूप चराचर ईशा ॥
तासों तात बयर नहिं कीजै। मारे मरिय जियाए जीजै
मुनि मख राखन गये कुमारा। बिन फर सर रघुपति मोहि मारा
शत योजन आएउं छणमाहीं। तिन्ह सन बयर किये भलनाहीं
भृकुटि कीट भृंग की नाई। जहं तहं मैं देखौं दोउ भाई
जौ नर तात तदपि अति शूरा। तिनहि बिरोध न आइहि पूरा
दो. जेहि ताडका सुबाहु हति खंडेउ हरको दंड।
खरदूषण त्रिसिरा बधेउ मनुज कि अस बर बंड
राम सर नाम सुनत दशकंधर। रहत प्राण नहिं मन अन्तर
जाहु भवन कुल कुशल बिचारी। सुनत जरा दीन्हेसि बहु गारी
गुरुजिमि मूढ करसि मम बोधा। कहु जग मोसमान कोयोधा
तव मारीच हृदय अनुमाना। नवहिं बिरोधे नहिं कल्याना
सस्त्री मर्मी प्रभु शठ धनी। बैद बंदि कवि मानस गुनी
उभय भांति देखा निज मरणा। तव ताकिसि रघुनायक शरणा
उतर देत मोहि बधब अभागे। कसन मरों रघुपति सर लागे
अस जिय जानि दशानन संगा। चला राम पद प्रेम अभंगा
मन अति हरष जनाव न तेही। आजु देखिहौं परम सनेही
छं. निज परम प्रीतम देखि लोचन सकल कीर सुख पाइहौं।
श्रीसहित अनुज समेत कृपा निकेत पद मन लाइहौं।
निर्वाण दायक क्रोध जाकर भक्ति अवसहिबस करी।
निज पानि सर संधानि सो मोहि बधिहि सुखसागर हरी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ मम पाछे धर धावत धरे शरासन बान ॥

फिरि फिरि प्रभुहि बिलोकिहौं धन्य न मो सम आन

सीता लषण सहित रघुराई। जे बन बसहिं मुनिन्ह सुखदाई

तेहि बन निकट दशानन गएऊ। तब मारीच कपट मृग भयऊ

अति बिचित्र कछु बरणि न जाई। कनक देह मणि रचित बनाई

सीता परम रुचिर मृग देखा। अंग अंग सो मनोहर बेखा

सुनहु देव रघुबीर कृपाला। यहि मृग कर अति सुंदर छाला

सत्य संध प्रभु बधि करि येही। आनहु चर्म कहत बैदेही

तब रघुपति जानत सब कारन। उठे हरषि सुर काज सवारन

मृग बिलोकि कटि परि कर बांधा। करतल चाप रुचिर सर सांधा

प्रभु लक्षि मणहि कहा समुझाई। फिरत बिपिन निशिचर बहु भाई

सीता केरि करेहु रखवारी। बुधि बिबेक बल समय बिचारी

दो॰ अस कहि चल तहां प्रभु जहां कपट मृग नीच

देव हरष बिसमय बिबस जिमि चातक बर्षा बीच

प्रभुहि बिलोकि चला मृग भाजी। धाए राम सरासन साजी

निगम नेति शिव पार न पावा। माया मृग पाछे सो धावा

कबहु निकट पुनि दूरि पराई। कबहु क प्रगटै कबहु दुराई ॥

प्रगटत दुरत करत छल भूरी। यहि बिधि प्रभुहि गयउ लै दूरी

तब तकि राम कठिन शर मारा। धरनि परेउ करि घोर पुकारा

लक्षि मण को प्रथमहि लै नामा। पाछे सुमिरेसि मन महं रामा

प्राण तजत प्रगटेसि निज देही। सुमिरिसि राम सहित बैदेही

अंतर प्रेम तासु पहिचाना । मुनि दुर्लभ गति दीन्ह सुजाना

दो॰ बिपुल सुमन सुर बरषहिं गावहिं प्रभु गुण गाथ
निज पद दीन्ह असुर कहं दीन बंधु रघुनाथ ॥

खल बध तुरत फिरे रघुबीरा । सोह चाप कर कटि तूणीरा
आरत गिरा सुनी जब सीता । कह लक्षिमण सन परम सभीता
जाहु बेगि संकट अति भ्राता । लक्षिमण बिहसि कहा सुनु माता
भृकुटि बिलास सृष्टि लय होई । सपनेहुं संकट परै कि सोई
सौंपि गये मोहि रघुवर थाती । जों तजि जाउ तोष नहिं छाती
यह जिय जानि सुनहु मम भ्राता । पुछव कहव कवनि मैं बाता
मरम बचन तब सीता बोली । हार प्रेरित लक्षिमण मन डोली
चहुं दिशि रेख खचाइ अहीशा । बार बार नाएउ पद शीशा
बन दिशि देव सौंपि सब काहू । चले जहां रावण शशि राहू
चितवहिं लषण सीयहि फिरि कैसें । तजत बच्छ निज मातहिं जैसें

दो॰ यक डर डरपत राम के दूसरि सीय अकेलि
लषण तेज तन हत भये जिमि डड़िदवा सुवेलि

सून बीच दशकंधर देखा । आवा निकट येती के भेखा
जाके डर सुर असुर डेराहीं । निशि न नींद दिन अन्न न खाहीं
सो दशशीश स्वान की नाई । इत उत चितइ चला भड़िहाई
इमि कुपंथ पग देत खगेशा । रह न तेज तन बुध लवलेशा
करि अनेक बिधि छल चतुराई । मागेउ भीख दशानन जाई
अतिथ जानि सिय कंद मूल फल । देन लागि तेहि कीन्ह बहुरि छल

टी॰ रा॰ आ॰ ३२

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



यह मूर्ति जटायू रावण से युद्ध की है

कह दशमुख सुनु सुंदरि बानी। बांधी भीख न लेउं सयानी
बिधि गति वाम काल कठिनाई। रेख नांघि सिय बाहेर आई
दो· विश्व भरनि अघ दल निकर करनि सकल सुर काज
जाना नहिं तेहि समय महं दश शिर कपट के साज
नाना विधि कहि कथा सुहाई। राजनीति भय प्रीति देखाई
कह सीता सुनु यती गोसांई। बोलेउ बचन दुष्ट की नांई ॥
तव रावण निज रूप देखावा। भई सभय जब नाम सुनावा
कह सीता धरि धीरज गाढ़ा। आइ गएउ प्रभु खल रहु ठाढ़ा
जिमि हरि बुधहि छुद्र सम चाहा। भयेसि काल बस निशिचर नाहा
सुनत वचन दशशीष लजाना। मन महं चरण वंदि सुख माना
वायस करि चह खगपति समिता। सिंधु समान होइ किमि सरिता
खर कि होइ सुर धेनु समाना। जाहि भवन निज सुनु अग्याना
दो· क्रोधवंत तव रावण लीन्हेसि रथ बैठाइ ॥
चला गगन पथ आतुर भय रथ हांकि न जाइ
हा जग देव बीर रघुराया। केहि अपराध बिसारेहु दाया
आरत हरण शरण सुखदायक। हा रघुकुल सरोज दिन नायक
हा लक्षिमण तुम्हार नहिं दोसा। सो फल पाएउं कीन्हेउं रोसा
विविधि बिलाप करत बैदेही। भूरि कृपा प्रभु दूरि सनेही ॥
विपति मोरि को प्रभुहि सुनावा। पुरो डास चह रास भ खावा
सीता कै बिलाप सुनि भारी। भये चराचर जीव दुखारी ॥
कैकेई मन जो कछु रहेऊ। सो बिधि आजु मोहिं दुख दयेऊ

टी· रा· आ· ३४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पंचवटी के खग मृग जाती। दुखित भये जलचर बहु भांती
दो॰ बहु बिधि करत बिलाप नभ लिए जात दशशीश
दुरतन खल बल पाइ वर जो दीन्हे अज दूश
गीधराज सुनि आरत बानी। रघुकुल तिलक नारि पहिचानी
अधम निशाचर लीन्हे जाई। जनु मलेच्छ बस कपिला गाई
अहइ प्रथम तन मम बलनाहीं। तदपि जाइ करिहौं बल ताही
सीता पुनि करसि जनि त्राशा। करिहौं यातुधान कर नाशा
धावा क्रोधवंत खग कैसे। छूटै पवि पर्वत कहं जैसे॥
रे रे दुष्ट ठाढ़ किन होही। निर्भय चलेसि न जानेसि मोही
आवत देखि कृतांत समाना। फिरि दशकंधर करै अनुमाना
की मैनाक कि खगपति होई। मम बल जानि सहित पति सोई
जाना जेउर जटाइउ येहा। मम कर तीर पछाड़िहि देहा
दो॰ मम भुज बल नहिं जानत आवत तपन्ह सहाइ
समर चढ़े नो यहि हतौं जियत न निज थल जाइ
सुनत गीध क्रोधातुर धावा। कह सुनु रावण मोर सिखावा
तजि जानकिहि कुशल गृह जाहू। नाहित अस होइहि बहु बाहू
राम रोष पावक अति घोरा। होइहि सलभ सकल कुल तोरा
उतरु न देत दशानन योधा। तबहि गीध धावा करि क्रोधा
धरि कच बिरथ कीन्ह महि गिरा। सीतहि राखि गीध पुनि फिरा
दशमुख उठि रथ सर संधाना। गीध आइ काटे धनु बाना
चोचन्ह मारि बिदारेसि देही। दंड एक भइ मुर्छा तेही॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ जिहि रावण निज बस किये नर मुनि सिद्ध सुरेस
तेहि रावण सन समर अति धीर बीर गिद्धेस ॥

सुरत भयो सो पुनि उठि धावा। मारै गीध न सनमुख आवा
कीन्हेसि जब बहु युद्ध खगेशा। थकित भयो तब जठर गिधेशा
तब सक्रोध निशिचर खिसियाना। काढ़ेसि परम कराल कृपाना
काटेसि पंख परा खग धरणी। सुमिरि राम कै अद्भुत करणी
सीतहि जान चढ़ाइ बहोरी। चला उताहिल त्रास न थोरी
करत बिलाप जात नभ सीता। व्याध बिवस जस मृगी सभीता
गिरि पर बैठे कपिन्ह निहारी। कहि हरि नाम दीन्ह पटडारी
एहि बिधि सीतहि लै सो गएऊ। बन अशोक महं राखत भएऊ

दो॰ हारि परा खल बहु बिधि भय अरु प्रीति देखाइ
तब अशोक पादप तर राखेसि यतन कराइ ॥

उहां बिधाता मन अनुमाना। सुरपति बोलि मंत्र अस ठाना
तात जनक तनया पहं जाहू। सुधि न पाव जिमि निशिचर नाहू
अस कहि बिधि सुंदर हबिआनी। सौंपि बहुरि बोले मृदु बानी
इहि भक्षन कृत क्षुधा न प्यासा। बरष सहस यह शंसय नासा
सो प्रसाद लै आएसु पाई। चलेउ हृदय सुमिरत रघुराई
कछु वासव माया निज मोई। रक्षक रहे गये तहं सोई ॥
तदपि डरत सीता पहं आएउ। करि प्रणाम निज नाम सुनाएउ
निश्चै जान सुरेस सुजाना। पिता जनक दशरथ सम जाना
करि परितोष दूरि करि शोका। हव्य खवाइ गयेउ निज लोका

टी॰ ए॰ आ॰ ३६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ जेहि विधि कपट कुरंग संग धाइ चले श्रीराम
सो छवि सीता राखि उर रटत रहत हरि नाम

रघुपति अनुजहि आवत देखी। मन महं चिंता कीन्ह विशेखी
जनक सुता परि हरेउ अकेली। आएउ तातबचन मम पेली
निशिचर निकर फिरहिं बनमाहीं। मम मन सीता आश्रम नाहीं
अहह तात कीन्हेउ भल नाहीं। सीय बिना मम जीवन नाहीं
यहि ते कवनि विपति बड़ि भाई। खोएउ सीय काननहि आई
गहि पद कमल अनुज कर जोरी। कहेउ नाथ कछु मोहि न खोरी
अनुज समेत गये प्रभु तहवां। गोदावरि तट आश्रम जहवां
आश्रम देखि जानकी हीना। भये बिकल जस प्राकृत दीना

दो॰ कानन रहेउ नड़ाग दुइ चक चकई सिय राम
रावन निशि बिछुरत भयउ दुख दिते चारिजाम

पर दुख हरण शोक दुख नाही। आ बिखाद तिनहू मन माही
हा गुण खानि जानकी सीता। रूप शील व्रत नेम पुनीता॥
लक्षिमण समुझाये बहु भांती। पूछत चले लता तरु पाती॥
हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी। तुम देखी सीता मृग नैनी॥
खंजन सुक कपोत मृग मीना। मधुप निकर कोकिला प्रवीना
कुंदकली दाड़िम दामिनी। कमल शरद शशि अहिभामिनी
वरुण पास मनोज जनुहंसा। गजकेहरि निज सुनत प्रशंसा
श्रीफल कनक कदलि हरषाहीं। नेकु न शंक सकुच मन माहीं
सुनु जानकी तोहि बिनु आजू। हरषे सकल पाइ जनु राजू

रा॰ दी॰ मा॰ ५७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

किमि सहि जात अनख तोहि पाहीं। प्रिया बेग प्रगटसि कस नाहीं
दो॰ फणि मणि हीन मीन जनु त्यागे शीतल वारि
तिमि व्याकुल भये लषण तहं रघुवर दशा निहारि ६५
धरि उर धीर बुझावहि रामहि। तजहिं न शोच अधिक सुख धामहि
इहि विधि खोजत बिलपत स्वामी। मनहु महा विरही अति कामी
पूरण काम राम सुख रासी। मनुज चरित कर अज अविनाशी
सरवर अमित नदी गिरि खोहा। बहु विधि लषण राम तहं जोहा
शोच हृदय कछु कहि नहिं आवा। टूट धनुष सर आगे पावा
कहुं कहुं शोणित देखिय कैसे। सावन रज भादों जल जैसे
कहत राम लक्षिमणहि बुझाई। काहू कीन्ह युद्ध यहि ठाई
आगे परा गीधपति देखा। सुमिरत राम चरण की रेखा
दो॰ कर सरोज शिर परसेउ कृपासिंधु रघुबीर
निरखि राम छबि धाम मुख बिगत भई सब पीर
तब कह गीध बचन धरि धीरा। सुनहु राम भंजन भव भीरा
नाथ दशानन यह गति कीन्ही। तेहि खल जनक सुता हरि लीन्ही
लै दक्षिण दिशि गयउ गोसांई। बिलपति अति कुररी की नांई
दरश लागि प्रभु राखेउं प्राना। चलन चहत अब कृपा निधाना
राम कहा तनु राखउ ताता। मुख मुसकाइ कही तेहि बाता
जा कर नाम मरत मुख आवा। अधमो मुकुति होइ श्रुति गावा
सो मम लोचन गोचर आगे। राखौं देह नाथ केहि खागे
जल भरि नयन कहहि रघुराई। तात कर्म निज ते गति पाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परहित बस जिन्ह के मन माहीं। तिन्ह कहं जग दुर्लभ कछु नाहीं
तनु तजि तात जाहु मम धामा। देउं काह तुम पूरन कामा
दो॰ सीता हरण तात जनि कहेहु पिता सन जाइ
जौं मैं राम त कुल सहित कहिहि दसानन आइ
गीध देह तजि धरि हरि रूपा। भूषन बहु पट पीत अनूपा
स्यामगात बिसाल भुज चारी। अस्तुति करत नयन भरि बारी
छं॰ जय राम रूप अनूप निर्गुण सगुण गुन प्रेरक सही
दससीस बाहु प्रचंड खंडन चंड सर मंडन मही ॥
पाथोदगात सरोज मुख राजीव आयत लोचनं ॥
नित नौमि राम कृपाल बाहु बिसाल भव भय मोचनं
बल मप्रमेय मनादि माया मयुक्त मेक मतर्क्य गोचरं ॥
गोबिंद गोचर द्वंद हरि बिज्ञान घन धरणी धरं ॥
जे राम मंत्र जपंत संत अनंत जन मन रंजनं ॥
नित नौमि राम अकाम प्रिय कामादि खल दल गंजनं
जेहि श्रुति निरंतर ब्रह्म व्यापक बिरज अजकहि गावहीं
करि ज्ञान ध्यान बिराग जोग अनेक मुनि जेहि पावहीं
सो प्रगट करुणाकंद सोभा बृंद अग जग मोहई
मम हृदय पंकज भृंग अंग अनंग बहु छबि सोहई
जो अगम सुगम सुभाव निर्मल असम सम सीतल सदा
पस्यंति योगी जतन करि करत मन गो बस सदा
सो राम रमा निवास संतत दास बस त्रिभुवन धनी

टी॰ ए॰ आ॰ ४०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मम उर बसउ सो मन संसृति जासु कीरति पावनी

दो॰ अविरल भक्ति मागि बर गीध गएउ हरि धाम
तेहि की क्रिया यथोचित निज कर कीन्ही राम

कोमल चित अति दीन दयाला। कारण बिन रघुनाथ कृपाला
गीध अधम खग आमिष भोगी। गति दीन्ही जो जाचत योगी
मनहु उमा ते लोग अभागी। हरि तजि होहिं बिषय अनुरागी
पुनि सीतहि खोजत द्वौ भाई। चले बिलोकत बन बहु ताई
संकुल लता बिटप घन कानन। बहु खग मृग तहं गज पंचानन
आवत पंथ कबंध निपाता। तेहि सब कही आयकै बाता
दुर्बासा मोहि दीन्ही श्रापा। प्रभु पद देखि मिटा सो पापा
सुन गंधर्व कहौं मैं तोही। मोहि न सोहाइ ब्रह्म कुल द्रोही

दो॰ मनक्रम बचन कपट तजि जो कर भूसुर सेव
मोहि समेत बिरंचि शिव बस ताके सब देव

स्रापत ताड़त पुरुष कहंता। विप्र पूज्य अस गावहिं संता
पूजिय विप्र शील गुण हीना। शूद्र न गुण गण ज्ञान प्रवीना
दुष्टौ धेनु दुहिय सुन भाई। साधू रस्नी दुहिय न साई॥
बयन ज्ञान रत शूद्र कपाली। गहहि न तासु बचन मन साली
जो जुठा रह बिष्वान की कागा। तेहि पर बुधन करहि अनुरागा
कहि निज धर्म ताहि समुझावा। निज पद प्रीति देखि मन भावा
रघुपति चरण कमल शिर नाई। गएउ गगन आपनि गति पाई
[illegible]हि देइ गति राम उदारा। सेवरी के आश्रम पग धारा॥

टी॰
रा॰ आ॰
४१

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शबरी देखि राम गृह आये । मुनि के बचन समुझि जिय भाये
सरसिज लोचन बाहु बिशाला । जटा मुकुट शिर उर बन माला
श्याम गौर सुंदर दोउ भाई । शबरी परी चरण लपटाई ॥
प्रेम मगन मुख बचन न आवा । पुनि पुनि पद सरोज शिर नावा
सादर जल लै चरण पखारे । पुनि सुंदर आसन बैठारे ॥
दो॰ कंदमूल फल सरस अति दिये राम कहं आनि
प्रेम सहित प्रभु खाये बारहिबार बखानि ॥
पाणि जोरि आगे भइ ठाढ़ी । प्रभुहि बिलोकि प्रीति अति बाढ़ी
केहि बिधि अस्तुति करौं तुम्हारी । अधम जाति मैं जड़मति भारी
अधम ते अधम अधम अति नारी । तिनमहं मैं अति मंद गंवारी
कह रघुपति सुनु भामिनि बाता । मानौ एक भक्ति कर नाता
जाति पांति कुल धर्म बड़ाई । धनबल परिजन गुण चतुराई
भक्ति हीन नर सोहत कैसा । बिन जल बारिद देखिय जैसा
नवधा भक्ति कहौं तोहि पाहीं । सावधान सुनु धरु मन माहीं
प्रथम भक्ति संतन कर संगा । दूसरि रत मम कथा प्रसंगा
दो॰ गुरुपद पंकज सेवा तीसरि भक्ति अमान ॥
चौथि भक्ति मम गुण गण करइ कपट तजि गान
मंत्र जाप मम दृढ़ बिस्वासा । पंचम भजन सो बेद प्रकासा
छठ दम सील बिरति बहु कर्मा । निरत निरंतर सज्जन धर्मा
सातव सम मोहि मय जग देखा । मोते संत अधिक कर लेखा
आठव यथालाभ संतोषा । सपनेहु नहिं देखै पर दोषा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नवम सरल सब सन छल हीना। मम भरोस हिय हरषन दीना
नवमहं एकउ जिन्ह के होई। नारि पुरुष सचराचर कोई॥
सोइ अतिशय भामिनि प्रिय मोरे। सकल प्रकार भक्ति दृढ़ तोरे
योगि बृंद दुर्लभ गति जोई। तो कहं आजु सुलभ सब सोई
मम दरशन फल परम अनूपा। जीव पाव निज सहज सरूपा

दो॰ सब प्रकार तव भाग बड़ मम चरणन अनुराग
तव महिमा जेहि उर बसै तासु परम बड़ भाग।

बचन सुनत शबरी हरषानी। अति अनुराग गहे पद पानी॥
सुनि प्रभु बचन हरष कहं पाई। पुनि बोले प्रभु गिरा सुहाई॥
जनक सुता कै सुधि भामिनी। जानहि कहं करिबर गामिनी
पंपासरहि जाहु रघुराई। मुनिवर बिपुल रहे तहं छाई
ऋषि मतंग महिमा गुणभारी। जीवचराचर रहत सुखारी
बैरन कर काहू सन कोई। जासन बैर प्रीति करै सोई
सिखर सुहावन कानन फूले। खग मृग जीवजंतु अनुकूले
कहु सुफल श्रम सबकर जाई। तहं होइहि सुग्रीव मिताई।
सो सब कहिहि देव रघुबीरा। जानत हू पूछहु मति धीरा॥
बार बार प्रभु पद शिर नाई। प्रेम सहित सब कथा सुनाई

छं॰ कहि कथा सकल बिलोकि हरि मुखहृदय पद पंकज धरे
तजि योग पावक देह हरि पद लीन भे जहं नहिं फिरे
नर बिबिध कर्म अधर्म बहु मत शोक प्रद सबत्यागहू
बिश्वास करि कह दास तुलसी राम पद अनुरागहू।

आरण्य चौपाई दोहा छंद सोरठा की टीका

श्लोक	चौपाई	छंद	सोरठा	दोहा
२	६६१	९५	६	२६

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ जाति हीन अघ जन्म महि मुक्त कीन्हि असि नारि
महामंद मन सुख चहसि ऐसे प्रभुहि बिसारि ॥
चले राम त्यागा बन सोऊ। अतुलित बल नर केहरि दोऊ
बिरही इव प्रभु करत बिषादा। कहत कथा अनेक संबादा ॥
लछिमण देखु बिपिन कै शोभा। देखत केहि कर मन नहिं क्षोभा
नारि सहित सब खग मृग बृंदा। मानहु मोरि करत हहिं निंदा
हमहिं देख मृग निकर पराहीं। मृगी कहहिं तुम कहं भयनाहीं
तुम आनंद करहु मृग जाए। कंचन मृग खोजन ए आए
संग लाइ करनी करि लेहीं। मानहुं मोहिं सिखावनु देहीं
शास्त्र सुचिंतत पुनि पुनि देखिय। भूप सुसेवित बस नहि लेखिय
राखिय नारि जदपि उर माहीं। युवती शास्त्र नृपति बस नाहीं
देखहु तात बसंत सुहावा। प्रिया हीन मोहिं भय उपजावा
दो॰ बिरह बिकल बलहीन मोहिं जानेसि निपट अकेल
सहित बिपिन मधुकर खगन मदन कीन्ह बग मेल
देखि गएउ भ्राता सहित तासु दूत सुनि बात ॥
डेरा कीन्हे मनहुं तब कटकु हटकि नहिं जात
बिटप बिशाल लता उरझानी। बिबिध बितान दिये जनु तानी
कदलि ताल बर धजा पताका। देखि न मोहि धीर मन जाका
बिबिध भांति फूले तरु नाना। जनु बानैत बने बहु बाना
कहुं कहुं सुंदर बिटप सुहाये। जनु भट बिलग बिलग होइ छाये
कूजत पिक मानहुं गज माते। ढेक महोख ऊंट बिसराते

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मोर चकोर कीर बर बाजी। पारावत मराल सब ताजी
तीतर लावक पद चर यूथा। बरणि न जाइ मनोज बरूथा
रथ गिरि शिला दुंदुभी झरना। चातक बंदी गुण गन बरना
मधुकर मुखर भेरि सहनाई। त्रिविध बयारि बसीठी आई
चतुरंगिनी सेन संग लीन्हे। बिचरति सबहि चुनौती दीन्हे
लछिमण देखत काम अनीकहि। रहहिं धीर तिन्ह कै जग लीका
एहि के एक परम बल नारी। तेहि तें उबर सुभट सोइ भारी
दो॰ तात तीन अति प्रबल खल काम क्रोध अरु लोभ
मुनि बिग्यान धाम मन करहिं निमिष महं छोभ
लोभ के इच्छा दंभ बल काम के केवल नारि
क्रोध के परुष बचन बल मुनिबर करहिं बिचारि।
गुनातीत सचराचर स्वामी। राम उमा सब अंतर जामी।
कामिन कै दीनता दिखाई। धीरन्ह के मन बिरति दृढ़ाई।
क्रोध मनोज लोभ मद माया। छूटहिं सकल राम की दाया
सो नर इंद्रजाल नहिं भूला। जापर होइ सो नट अनुकूला
उमा कहौं मैं अनुभव अपना। सत हरि भजनु जगत सब सपना
पुनि प्रभु गए सरोवर तीरा। पंपा नाम सुभग गंभीरा
संत हृदय जस निर्मल बारी। बांधे घाट मनोहर चारी॥
जहं तहं पियहिं बिबिध मृग नीरा। जनु उदार गृह जाचक भीरा
दो॰ पुरइनि सघन ओट जल बेगि न पाइय मर्म
माया छन्न न देखिये जैसे निर्गुण ब्रह्म

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ सुखी मीन सब एक रस अति अगाध जल माहिं
यथा धर्म शीलन्ह के दिन सुख संयुत जाहिं

बिकसे सरसिज नाना रंगा। मधुर मुखर गुंजत बहु भृंगा
बोलत जल कुक्कुट कल हंसा। प्रभु बिलोकि जनु करत प्रसंसा
चक्र बाक बक खग समुदाई। देखत बनइ बरणि नहिं जाई
सुंदर खग गण गिरा सुहाई। जात पथिक जनु लेत बुलाई
ताल समीप मुनिन्ह गृह छाये। चहुं दिशि कानन बिटप सुहाये
चंपक बकुल कदंब तमाला। पाटल पनस परास रसाला
नव पल्लव कुसुमित तरु नाना। चंचरीक पटली कर गाना
शीतल मंद सुगंध सुभाऊ। संतत बहै मनोहर बाऊ॥

दो॰ ए॰ श्रा॰ ४६

कुहू कुहू कोकिल धुनि करहीं। सुनि रव सरस ध्यान मुनि टरहीं

दो॰ फल भर नम्र बिटप सब रहे भूमि निय राइ
परउपकारी पुरुष जिमि नवहिं सुसंपति पाइ

देखि राम अति रुचिर तलावा। मज्जन कीन्ह परम सुख पावा
देखि सुंदर तरु बर छाया। बैठे अनुज सहित रघुराया
तहं पुनि सकल देव मुनि आए। अस्तुति करि निज धाम सिधाए
बैठे परम प्रसन्न कृपाला। कहत अनुज सन कथा रसाला
बिरह बंत भगवंतहि देखी। नारद मन भा शोच बिशेखी
मोर शाप करि अंगी कारा। सहत राम नाना दुख भारा
ऐसे प्रभुहिं बिलोकों जाई। पुनि न बनिहि अस अवसर आई
यह बिचार नारद कर बीना। गये जहां प्रभु सुख आसीना

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गावत राम चरित मृदु बानी। प्रेम सहित बहु भांति बखानी
करत दंडवत लिये उठाई । राखे बहुत बार उर लाई ॥
स्वागत पूंछि निकट बैठारे। लक्ष्मण सादर चरण पखारे

दो॰ नाना बिधि बिनती करि प्रभु प्रसन्न जियजानि
नारद बोले बचन तब जोरि सरोरुह पानि ॥

सुनहु उदार परम रघुनायक। सुंदर अगम सुगम बरदायक
देहु एक बर मांगो स्वामी। यद्यपि जानत अंतर जामी
जानहु मुनि तुम्ह मोर सुभाऊ। जन सन कबहुं कि करौं दुराऊ
कवन बस्तु अस प्रिय मोहिं लागी। जो मुनिबर न सकहु तुम मांगी
जनकहु कछु अदेय नहिं मोरे। अस विश्वास तजहु जनि भोरे
तब नारद बोले हरषाई । असबर मांगौं करौं ढिठाई ।
यद्यपि प्रभु के नाम अनेका। श्रुति कहं अधिक एक ते एका
राम सकल नामन ते अधिका। होउ नाथ अघ खग गण बधिका

दो॰ राका रजनी भक्ति तब राम नाम सोइ सोम
अपर नाम उडु गण बिमल बसहु भक्ति उर व्योम
एवमस्तु मुनि सन कह्यौ कृपासिंधु रघुनाथ
तब नारद मन हरषि अति प्रभु पद नाएउ माथ

अति प्रसन्न रघुनाथहि जानी। पुनि नारद बोले मृदु बानी
राम जबहि प्रेरेहु निज माया। मोहेहु मोहिं सुनहु रघुराया
तब विवाह मैं चाहउं कीन्हा। प्रभु केहि कारण करै न दीन्हा
सुनि मुनि तोहिं कहौं सहरोसा। भजहिं जे मोहिं तजि सकल भ

टी॰
रा॰ आ॰
४७

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

करौं सदा तिन्ह कै रखवारी। जिमि बालकहि राख महतारी
गहि शिशु बच्छ अनल अहिधाई। तहं राखै जननी अरुगाई
प्रौढ़ भए तेहि सुत पर माता। प्रीति करै नहिं पाछिल बाता
मोरे प्रौढ़ तनय सम ज्ञानी। बालक सुत सम दास अमानी
जनहिं मोर बल निजबल ताही। दुहुं कह काम क्रोध रिपु आही
यह बिचार पंडित मोहिं भजहीं। पायेहु ज्ञान भक्ति नहिं तजहीं

दो॰ काम क्रोध लोभादि मद प्रबल मोह कै धारि
तिन्ह महं अति दारुण दुखद माया रूपी नारि

सुनु मुनि कह पुराण श्रुति संता। मोह बिपिन कहं नारि बसंता
जप तप नेम जलाश्रय झारी। होइ ग्रीष्म सोखै सब नारी
काम क्रोध मद मत्सर भेका। इन्हहि हरष प्रद बरषा एका
दुर्बासना कुमुद समुदाई। तिन्ह कह सरद सदा सुखदाई
धर्म सकल सरसीरुह बृंदा। होइ हिम तिन्हैं दहै सुख मंदा
पुनि ममता जवास बहुताई। पलुहइ नारि शिशिर रितु पाई
पाप उलूक निकर सुखकारी। नारि निबिड रजनी अंधियारी
बुधि बल शील सत्य सब मीना। बनसी सम त्रिय कहहिं प्रबीना

दो॰ अवगुण मूल शूल प्रद प्रमदा सब दुख खानि
तातें कीन्ह निवारण मुनि मैं यह जिय जानि

सुनि रघुपति के बचन सुहाए। सुनि तन पुलक नयन भरि आए
कहहु कवन प्रभु कै अस रीती। सेवक पर ममता अरु प्रीती
जे न भजहिं अस प्रभु भ्रम त्यागी। ज्ञान रंक नर मंद अभागी

टी॰ रा॰ आ॰ ४८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पुनि सादर बोले मुनि नारद। सुनहु राम विज्ञान विशारद
संतन के लक्षण रघुबीरा। कहहु नाथ भव भंजन भीरा
सुनि मुनि संतन के गुण गाऊं। जिन्ह तें मैं उनके बस रहऊं
षट बिकार जित अनघ अकामा। अचल अकिंचन सुचि सुखधामा
अमित बोध अनीह मित भोगी। सत्य सार कवि कोविद योगी
सावधान मानद मद हीना। धीर धर्म गति परम प्रवीना
दो॰ गुणागार संसार दुख रहित बिगत संदेह
तजि मम चरण सरोज प्रिय तिन्ह कहुं देह न गेह
निज गुण श्रवण सुनत सकुचाहीं। परगुण सुनत अधिक हरषाहीं
सम शीतल नहिं त्यागहिं नीती। सरल सुभाउ सबहि सन प्रीती
जप तप व्रत दम संयम नेमा। गुरु गोविंद बिप्र पद प्रेमा॥
श्रद्धा क्षमा मयत्री दाया। मुदिता मम पद प्रीति अमाया
बिरति विवेक बिनै बिज्ञाना। बोध यथारथ बेद पुराना
दंभ मान मद करहिं न काऊ। भूलि न देहिं कुमारग पाऊ
गावहिं सुनहिं सदा मम लीला। हेतु रहित परहित रत शीला
सुनि सुभ साधन के गुण जेते। कहि न सकैं सादर श्रुति तेते
छं॰ कहि सक न शारद शेष नारद सुनत पद पंकज गहे
अस दीनबंधु कृपाल अपने भक्त गुण निज मुख कहे
शिर नाइ बारहिं बार चरणन्हि ब्रह्म पुर नारद गए
ते धन्य तुलसीदास आस बिहाइ जे हरि रंग रए
दो॰ रावणारि यश पावन गावहिं सुनहिं जो लोग

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

राम भक्ति दृढ़ पावहिं बिनु बिराग जप योग ।
दीप शिखा सम युवति तन मनजनि होसि पतंग
भजहिं राम तजि काम मद करहिं सदा सत संग
इति श्री राम चरित मानसे सकल कलि कलुष विध्वं-
सने विमल वैराग्य संपादनो नाम तृतीयः सोपानः
हस्ताक्षर हर मोहन दास

टी.
ए. आ.
५०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह मूर्त्ति वाराह अवतार की

अथ किष्किन्धाकाण्ड ४

श्रीगणेशाय नमः श्लोकः कुन्देन्दी बर सुंदरावतिवलौ वि
ज्ञान धामावुभौ शोभाढ्यौ बर धन्विनौ श्रुति नुतौ गोवि
प्र वृंदप्रियौ माया मानुष रूपिणौ रघुवरौ सद्धर्मवन्तौ हितौ सी
तान्वेषण तत्परौ पथि गतौ भक्तिप्रदौ तौहिनः २ ब्रह्माभोषिस
मुद्भवं कलि मलप्रध्वसन चाव्ययं श्रीभच्छम्भुमुखेन्दु सुंदरवरेस
शोभितं सर्वदा संसारामय भेषजं सुमधुरं श्रीजानकी जीवनम्

धन्यास्ते कृतिनः पिबंति सततं श्रीराम नामामृतं ॥२॥

सो. सुनि जन्म महि जानि ज्ञान खानि अघहानिकर
जहं बस संभु भवानि सो कासी सेइय कस न
जरत सकल सुरवृंद बिषम गरल जेहिं पान किय
तेहि न भजसि मन मंद को कृपाल संकर सरिस

आगे चले बहुरि रघुराया । ऋष्यमूक पर्वत नियराया ॥
तहं रह सचिव सहित सुग्रीवा । आवत देखि अतुलबल सींवा
अति सभीत कह सुन हनुमाना । पुरुष युगल बन रूप निधाना
धरि बटु रूप देखु तैं जाई । कहेसु जानाय जिय सैन बुझाई
पठये बालि होहि मन मैला । भागौं तुरत तजौं यह सैला
बिप्र रूप धरि कपि तहं गएऊ । माथ नाइ पूछत अस भएऊ
को तुम स्यामल गौर सरीरा । छत्री रूप फिरहु बन बीरा ॥
कठिन भूमि कोमल पद गामी । कवन हेतु बिचरहु बन स्वामी
मृदुल मनोहर सुंदर गाता । सहत दुसह बन आतप बाता
की तुम तीन देव महं कोऊ । नर नारायण की तुम दोऊ

दो. जग कारण तारण भव भंजन धरणी भार ॥
की तुम अखिल भुवन पति लीन्ह मनुज अवतार

कोसलेस दसरथ के जाए । हम पितु बचन मानि बन आए
नाम राम लछमण दोउ भाई । संग नारि सुकुमारि सुहाई
इहां हरी निसिचर बैदेही । बिप्र फिरहिं हम खोजत तेही
आपन चरित कहा हम गाई । कहहु बिप्र निज कथा बुझाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु पहिचान परेउ गहि चरणा। सो सुख उमा जाइ नहिं बरणा
पुलकित तनु मुख आव न बचना। देखत रुचिर बेष कै रचना
पुनि धीरजधरि अस्तुति कीन्हा। हरष हृदय निज नाथहि चीन्हा
मोर न्याय मैं पूछा साईं। तुम पूछहु कस नर की नाईं।
तव माया बस फिरौं भुलाना। ताते मैं नहिं प्रभु पहिचाना
दो. एक मंद मैं मोह बस कुटिल हृदय अज्ञान
पुनि प्रभु मोहि बिसारेउ दीनबंधु भगवान
यद्यपि नाथ बहु औगुण मोरे। सेवक प्रभुहि परै नहिं भोरे
नाथ जीव तव माया मोहा। सो निस्तरै तुम्हारेहि छोहा।
तापर मैं रघुबीर दोहाई। जानौं नहिं कछु भजन उपाई
सेवक सुत पितु मातु भरोसे। रहै अशोच बनै प्रभु पोसे॥
अस कहि परेउ चरण अकुलाई। निज तन प्रगट प्रीति उरछाई
तब रघुपति उठाय उर लावा। निज लोचन जल सींच जुड़ावा
सुनु कपि जिय मानसि जनि ऊना। तैं मम प्रिय लछिमण ते दूना
समदरशी मोहि कह सब कोऊ। सेवक प्रिय अनन्य गति सोऊ
दो. सो अनन्य जाके असि मति न टरै हनुमंत
मैं सेवक सचराचर रूप राशि भगवंत॥
देखि पवन सुत पति अनुकूला। हृदय हर्ष बीती सब शूला
नाथ शैल पर कपिपति रहई। सो सुग्रीव दास तव अहई
तेहि सन नाथ मयत्री कीजै। दीन जानि तेहि अभय करीजै
सो सीता कर खोज कराइहि। जहं तहं मरकट कोटि पठाइहि

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

एहि बिधि सकल कथा समुझाई। लिये दुऔ जन पीठ चढ़ाई
जब सुग्रीव राम कहं देखा। अति सय जन्म सुफल करि लेखा
सादर मिलेउ नाइ पद माथा। भेंटेउ अनुज सहित रघुनाथा
कपि कर मन बिचार यह नीती। करिहहिं बिधि मोरन ये प्रीती

दो॰ तब हनुमंत उभय दिसि की सब कथा समुझाइ
पावक साखी देइ करि जोरी प्रीति दृढ़ाइ॥

कीन्ह प्रीति कछु बीच न राखा। लछमन राम चरित सब भाखा
कह सुग्रीव नयन भरि बारी। मिलिहि नाथ मिथिलेसकुमारी
मंत्रिन्ह सहित इहां इक बारा। बैठ रहेउं मैं करत बिचारा
गगन पंथ देखी मैं जाता। परबस परी बहुत बिलखाता
राम राम हा राम पुकारी। हमहिं देखि दीन्हेउ पट डारी
मांग राम तुरत तेहि दीन्हा। पट उर लाइ सोच अति कीन्हा
कह सुग्रीव सुनहु रघुबीरा। तजहु सोच मन आनहु धीरा
सब प्रकार करिहौं सेवकाई। जेहि बिधि मिलहिं जानकी आई

दो॰ सखा बचन सुन हरषे कृपासिंधु बल सीव
कारन कवन बसहु बन मोहि कहहु सुग्रीव

नाथ बालि अरु मैं दोउ भाई। प्रीति रही कछु बरनि न जाई
मय सुत मायावी तेहि नाऊं। आवा सो प्रभु हमरे गाऊं॥
अर्द्ध रात पुर द्वार पुकारा। बाली रिपु बल सहै न पारा
धावा बालि देखि सो भागा। मैं पुनि गयउं बंधु संग लागा
गिरिबर गुहा पैठ सो जाई। तब बाली मोहि कहा बुझाई

परवेसु मोहिं एक परवारा। नहिं आवउं तव जानेहु मारा
मास दिवस तहं रहेउं खरारी। निसरी रुधिर धार तहं भारी
बालि हतेसि मोहिं मारि हिआई। सिला देइ तहं चलेउं पराई
मंत्रिन्ह पुर देखा बिन साईं। दीन्हेउ राजु मोहिं बरिआईं
बाली ताहि मारि गृह आवा। दीन्हि मोहिं सिय भेद बढ़ावा
रिपु सम मोहिं मारेसि अति भारी। हरी लीन्हेसि सर्बसु अरु नारी
ताके भय रघुबीर कृपाला। सकल भुवन मैं फिरेउं बिहाला
इहां आएं बस आवत नाहीं। तदपि सभीत रहौं मन माहीं
सुन सेवक दुख दीन दयाला। फरकि उठी दोउ भुजा बिसाला

दो॰ सुन सुग्रीव अब मारिहौं बालिहि एकहि बाण
ब्रह्म रुद्र सरणागतहु गये न उबरहिं प्राण

जेन मित्र दुख होहिं दुखारी। तिनहिं बिलोकत पातक भारी
निज दुख गिरि सम रज करि जाना। मित्र के दुख रज मेरु समाना
जिन्ह के असमति सहज न आई। ते सठ हठ कत करत मिताई
कुपथ निवारि सुपंथ चलावा। गुण प्रगटै अवगुण हि दुरावा
देत लेत मन शंक न धरई। बल अनुमान सदा हित करई
बिपति काल कर शत गुण नेहा। श्रुति कह संत मित्र गुण एहा
आगे कह मृदु बचन बनाई। पाछे अनहित मन कुटिलाई
जाकर चित अहिगत सम भाई। अस कुमित्र परिहरेहि भलाई
सेवक शठ नृप कृपण कुनारी। कपटी मित्र शूल सम चारी
सखा शोच त्यागहु बल मोरे। सब विधि घटब काज मैं तोरे

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कह सुग्रीव सुनहु रघुबीरा। बालि महाबल अति रणधीरा
दुंदुभि अस्थि ताल देखराए। बिनु प्रयास रघुनाथ ढहाए
देखि अमित बल बाढ़ी प्रीती। बालि बधन कर भै परतीती
बार बार नावइ पद शीशा। प्रभुहि जान मन हर्ष कपीशा
उपजा ज्ञान बचन तब बोला। नाथ कृपा मन भएउ अडोला
सुख संपति परिवार बड़ाई। सब परिहर करिहौं सेवकाई
ए सब राम भक्ति के बाधक। कहहिं संत तव पद आराधक
शत्रु मित्र दुख सुख जग माहीं। मायाकृत परमारथ नाहीं
बालि परम हित जासु प्रसादा। मिलेउ राम तुम समन बिषादा
सपने जेहि सिर होइ लराई। जागे समुझत मन सकुचाई
अब प्रभु कृपा करहु एहि भांती। सब तजि भजन करौं दिन राती
सुनि बिराग संयुत कपि बाणी। बोले बिहंसि राम धनु पाणी
जो कछु कहेउ सत्य सब सोई। सखा बचन मम मृषा न होई
नट मर्कट इव सबहिं नचावत। राम खगेश बेद अस गावत
लै सुग्रीव संग रघुनाथा। चले चाप शायक गहि हाथा
तब रघुपति सुग्रीव पठावा। गर्जेसि जाइ निकट बल पावा
सुनत बालि क्रोधातुर धावा। गहि कर चरण नारि समुझावा
सुनपति जिन्हहिं मिलेउ सुग्रीवा। ते दोउ बंधु तेज बल सींवा
कोशलेश सुत लक्ष्मण रामा। कालहु जीति सकै संग्रामा

दो॰ कहा बालि सुनु भीरु प्रिय समदरशी रघुनाथ
जो कदापि मोहिं मारहैं तो पुनि होउ सनाथ

दो॰ का॰ कि॰ ६

अस कहि चला महा अभिमानी। तृण समान सुग्रीवहि जानी
भिरेउभौ बाली अति तर्जा। मुष्टिक मारि महा धुनि गर्जा
तब सुग्रीव बिकल ह्वै भागा। मुष्टि प्रहार बज्र सम लागा
मैं जो कहा रघुबीर कृपाला। बंधु न होइ मोर यह काला
एक रूप तुम भ्राता दोऊ। तेहि भ्रम ते नहिं मारेउं सोऊ
कर परसा सुग्रीव सरीरा। तनभा कुलिस गई सब पीरा
मेली कंठ सुमन कै माला। पठवा पुनि बल देइ बिसाला
पुनि नाना बिधि भई लराई। बिटप ओट देखहिं रघुराई॥

दो॰ बहु छल बल सुग्रीव कर हिय हारा भय मानि
मारा बाली राम तब हृदय माझ सर तानि॥

दी॰ ए॰ कि॰ ७

परा बिकल महि सर के लागे। पुनि उठि बैठ देखि प्रभु आगे
श्याम गात सिर जटा बनाए। अरुण नयन सर चाप चढ़ाए
पुनि पुनि चितै चरण चित दीन्हा। सुफल जन्म जानाप्रभु चीन्हा
हृदय प्रीति मुख बचन कठोरा। बोला चितै राम की ओरा॥
धर्म हेतु अवतरेउ गोसांई। मारेहु मोहि ब्याध की नांई
मैं बैरी सुग्रीव पियारा। अवगुण कवन नाथ मोहि मारा
अनुज बधू भगिनी सुत नारी। सुन सठ एकन्या सम चारी
इन्हहिं कुदृष्टि बिलोकै जोई। ताहि बधे कछु पाप न होई
मूढ़ तोहि अतिशय अभिमाना। नारि सिखावन करसि न काना
मम भुज बल आश्रित तेहि जानी। मारा चहसि अधम अभिमानी
दो॰ सुनहु राम स्वामी सुगम चलन चातुरी मोरि

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु अजहूं मैं पातकी अंतकाल गति मोरि
सुनत राम अति कोमल बानी। बालि सीस परसा निज पानी
अचल करौं तनु राखहु प्राना। बालि कहा सुनु कृपा निधाना
जन्म जन्म मुनि जतन करहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं
जासु नाम बल संकर काशी। देत सबहिं सम गति अविनाशी
मम लोचन गोचर सोइ आवा। बहुरि कि प्रभु अस बनहिं बनावा
छं॰ सो नयन गोचर जासु गुण नित नेति कहि श्रुति गावहीं
जिमि पवन मन गो निरसि करि मुनि ध्यान कबहुक पावहीं
मोहि जानि अति अभिमान बस प्रभु कहेउ राखु शरीरहीं
अस कवन सठ हठि काटि सुरतरु बारि करिहि करीरहीं
अब नाथ करि करुणा बिलोकहु देहु जो बर मांगऊं।
जेहि योनि जन्मौं कर्म बस तहं राम पद अनुरागऊं
यह तनय मम सम बिनय बल कल्याण प्रद प्रभु दीजिए
गहि बांह सुर नर नाह आपन दास अंगद कीजिए
दो॰ राम चरण दृढ़ प्रीति करि बालि कीन्ह तनु त्याग
सुमन माल जिमि कंठते गिरत न जानै नाग
राम बालि निज धाम पठावा। नगर लोग सब व्याकुल धावा
नाना बिधि बिलाप कर नारा। छूटे केश न देह संभारा ॥
तारा बिकल देखि रघुराया। दीन्ह ज्ञान हरि लीन्ही माया
छिति जल पावक गगन समीरा। पंच रचित अति अधम शरीरा
प्रगट सो तनु तव आगे सोवा। जीव नित्य केहि लगि तुम रोवा

उपजा ज्ञान चरण तब लागी। लीन्हेसि परम भक्ति बर मांगी
उमा दारु योषित की नांई। सबहिं नचावत राम गोसांई
तब सुग्रीवहिं आयसु दीन्हा। मृतक कर्म बिधिवत सब कीन्हा
राम कहा अनुजहिं समुझाई। राज देहु सुग्रीवहिं जाई ॥
रघुपति चरण नाइ कर माथा। चले सकल प्रेरित रघुनाथा
दो॰ लक्ष्मण तुरत बुलाए पुरजन बिप्र समाज
राज दीन्ह सुग्रीव कहं अंगद कहं युवराज ॥
उमा राम सम हित जग माहीं। गुरु पितु मातु बंधु कोउ नाहीं
सुर नर मुनि सब की यह रीती। स्वारथ लागि करहिं सब प्रीती
बालि त्रास व्याकुल दिन राती। तन बहु व्रण चिंता जरजाती
सोइ सुग्रीव कीन्ह कपि राऊ। अति कृपाल रघुबीर सुभाऊ
जानत हूं अस प्रभु परिहरही। काहे न बिपत जाल नर परही
पुनि सुग्रीवहिं लीन्ह बुलाई। बहु प्रकार नृपनीति सिखाई
कह प्रभु सुन सुग्रीव हरीसा। पुर न जाउं दस चारि बरीसा
गत ग्रीषम बरषा ऋतु आई। रहिहौं निकट सैल पर छाई
अंगद सहित करहु तुम राजू। संतत हृदय धरेहु मम काजू
जब सुग्रीव भवन फिरि आए। राम प्रवर्षण गिरि पर छाए
दो॰ प्रथमहिं देवन गिरि गुहा रुचिर बनाइ
राम कृपानिधि कछु दिन बास करहिंगे आइ
सुंदर बन कुसुमित अति शोभा। गुंजत मधुप निकर मधु लोभा
कंद मूल फल पत्र सोहाए। भए बहुत जबतें प्रभु आए



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देखि मनोहर सैल अनूपा। रहे तहं अनुज सहित सुरभूपा
मधुकर खग मृग तनु धरि देवा। करहिं सिद्ध मुनि प्रभु कै सेवा
मंगल रूप भएउ बन तबतें। कीन्ह निवास रमापति जबतें
फटिक शिला अति सुभ्र सुहाई। सुख आसीन तहां दोउ भाई
कहत अनुज सन कथा अनेका। भक्ति बिरति नृपनीति बिबेका
बरषा काल मेघ नभ छाए। गर्जत लागत परम सोहाए
दो॰ लक्षमण देखहु मोर गण नाचत बारिद पेखि
गृही बिरत रति हरष जस बिष्णु भक्त कहं देखि
घन घमंड नभ गरजत घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा
दामिनि दमक रहत घन माहीं। खल कै प्रीति यथा थिर नाहीं
बरषहिं जलद भूमि नियराये। यथा नवहिं बुध बिद्या पाये
बुंद अघात सहहिं गिरि कैसे। खल के बचन संत सह जैसे
छुद्र नदी भरि चलि उतराई। जस थोरे धन खल बौराई
भूमि परत भा ढाबर पानी। जनु जीवहिं माया लपटानी
सिमिटि सिमिटि जल भरहिं तलावा। जिमि सदगुण सज्जन पहिं आवा
सरिता जल जल निधि महं जाई। होइ अचल जिमि जिव हरिपाई
दो॰ हरित भूमि तृण संकुल समुझ परहि नहिं पंथ
जिमि पाखंड बिवाद तें गुप्त होहिं सद ग्रंथ
दादुर धुनि चहुं दिशा सोहाई। बेद पढ़हिं जनु बटु समुदाई
नव पल्लव भए बिटप अनेका। साधक मन जस मिले बिबेका
अर्क जवास पात बिनु भयऊ। जस सुराज्य खल उद्यम गयऊ

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

खोजत कतहुं मिलै नहिं धूरी। करै कोष जिमि धर्महिं दूरी
शशि संपन्न सोह महि कैसी। उपकारी कै संपति जैसी
निशि तम घन खद्योत बिराजा। जनु दंभिन्ह कर मिला समाजा
महा वृष्टि चलि फूट कियारी। जिमि स्वतंत्र भए बिगरहिं नारी
कृषी निरावहिं चतुर किसाना। जिमि बुध तजहिं मोह मद माना
देखिय चक्रवाक खग नाहीं। कलिहि पाइ जिमि धर्म पाहीं
ऊसर बरषहि तृण नहिं जामा। जिमि हरजन हिय उपजन कामा
बिबिध जंतु संकुल महि भ्राजा। प्रजा बाढ़ जिमि पाइ सुराजा
जहं तहं रहे पथिक थकि नाना। जिमि इंद्रिय गण उपजे ज्ञाना

दो॰ कबहुं प्रबल बह मारुत जहं तहं मेघ बिलाहिं
जिमि कपूत के ऊपजे सम्पति धर्म नसाहिं ॥

टी॰ कि॰ १३

बरषा बिगत सरद ऋतु आई। लक्षमण देखहु परम सोहाई
फूले कास सकल महि छाई। जनु बरषा कृत प्रगट बुढ़ाई
उदित अगस्त पंथ जल सोखा। जिमि लोभहि सोखै संतोषा
सरिता सर निर्मल जल सोहा। संत हृदय जस गत मद मोहा
रस रस सूखि सरित सरपानी। ममता त्यागि करहिं जिमि ज्ञानी
जानि सरदऋतु खंजन आए। पाइ समय जिमि सुकृत सुहाए
पंकज रेणु सोह अस धरणी। नीति निपुण नृप कै जसि करणी
जल संकोच बिकल भइ मीना। अबुध कुटुंबी जिमि धनहीना
बिनु घन निर्मल सोह अकाशा। हरिजन इव परिहरि सबआशा
कहुं कहुं वृष्टि सारदी थोरी। कोउ एक पाव भगति जिमि मोरी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ चले हरषि तजि नगर नृप तापस बनिक भिखारि
जिमि हरि भक्ति पाइ जन तजहिं आश्रमी चारि ॥

सुखी मीन जहं नीर अगाधा । जिमि हरि शरण न एकौ बाधा
फूले कमल सोह सर कैसे । निर्गुण ब्रह्म सगुण भए जैसे
गुंजत मधुकर निकर अनूपा । सुंदर खग रव नाना रूपा ॥
चक्र वाक मन दुख निशि पेखी । जिमि दुर्जन पर संपति देखी
चातक रटत तृषा अति ओही । जिमि सुख लहै न शंकर द्रोही
शरद तप निशि शशि अपहरहीं । संत दरश जिमि पातक टरहीं
देखि इंदु चकोर समुदाई । चितवहिं जिमि हरि जन हरि पाई
मसक दंश बीते हिम त्रासा । जिमि द्विज द्रोह किये कुल नासा

दो॰ भूमि जीव संकुल रहे गए शरद ऋतु पाइ
सद्गुरु मिलें जाहिं जिमि संशय भ्रम समुदाइ

बरषा गत निर्मल ऋतु आई । सुधि न तात सीता के पाई ॥
एकबार कैसेहु सुधि पावौं । कपटहु जीति बिलंब न लावौं
कतहुं रहौ जौ जीवत होई । तात यतन करि आनौं सोई
सुग्रीवहु सुधि मोरि बिसारी । पावा राज कोश पुर नारी ॥
जेहि शायक मारा मैं बाली । तेहि शर हतउं मूढ़ कहं काली
जासु कृपा छूटहिं मद मोहा । ता कहं उमा कि सपनेहु कोहा
जानहिं यह चरित्र मुनि ज्ञानी । जिन रघुबीर चरण रति मानी
लक्षिमण क्रोधवंत प्रभु जाना । धनुष चढ़ाइ गहे कर बाना ॥

दो॰ तब अनुजहि समुझावा रघुपति करुणा सींव

भय देखाइ लै आवहु तात सखा सुग्रीव
इहां पवन सुत हृदय बिचारा। राम काज सुग्रीव बिसारा
निकट जाइ चरणन्ह शिर नावा। चारिउ बिधि तेहि कहि समुझावा
सुनि सुग्रीव परम भय माना। बिषय मोर हरलीन्हेउ ज्ञाना
अब मारुत सुत दूत समूहा। पठवहु जहं तहं बानर यूहा ॥
कहहु पाख महं आवन जोई। मोर कर ता कर बध होई ॥
तब हनुमंत बोलाए दूता । सब कर करि सनमान बहूता
भय अरु प्रीति नीति देखराई। चले सकल चरणन्ह शिर नाई
तेहि अवसर लक्ष्मण पुर आए। क्रोध देखि जहं तहं कपि धाए
दो· धनुष चढ़ाइ कहा तब जारि करौं पुर छार
आकुल नगर देखि तब आवा बालि कुमार
चरण नाइ शिर बिनती कीन्हा। लक्ष्मण अभय बांह तेहि दीन्हा
क्रोध वंत लक्ष्मण सुन काना। कह कपीश अति भय अकुलाना
सुन हनुमंत संग लै तारा । करि बिनती समुझाउ कुमारा
तारा सहित जाइ हनुमाना । चरण बंदि प्रभु सुयश बखाना
करि बिनती मंदिर लै आए। चरण पखारि पलंग बैठाए
तब कपीश चरणन्ह शिर नावा । गहि भुज लक्ष्मण कंठ लगावा
नाथ बिषय सम मद कछु नाहीं। मुनि मन मोह करै छण माहीं
सुनत बिनीत बचन सुख पावा। लक्ष्मण तेहि बहु बिधि समुझावा
पवन तनय सब कथा सुनाई। जेहि बिधि गए दूत समुदाई
दो· हरषि चले सुग्रीव तब अंगदादि कपि साथ

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रामानुज आगे करि आए जहं रघुनाथ
नाइ चरण सिर कह कर जोरी। नाथ मोरि कछु नाहिन खोरी
अतिसय प्रबल देव तव माया। छूटै राम करहु तुम दाया
बिषय बिबस सुर नरमुनि स्वामी। मैं पावर पसु कपि अतिकामी
नारि नयन सर जाहि न लागा। घोर क्रोध तम निसि सो जागा
लोभ पास जेहि गर न बंधाया। सो नर तुम समान रघुराया
यह गुण साधन तें नहिं होई। तुम्हरी कृपा पाव कोइ कोई
तब रघुपति बोले मुसकाई। तुम्ह प्रिय मोहि भरत जिमि भाई
अब सोइ यतन करहु मन लाई। जेहि बिधि सीता कै सुधि पाई
टी. रा. कि. १६
दो. एहि बिधि होतबत कही आए बानर यूथ
नाना बरण सकल दिसि देखिय कीस बरूथ
बानर कटक उमा मैं देखा। सो मूरख जो करन चह लेखा
आइ राम पद नावहिं माथा। निरखि बदन सब होहिं सनाथा
अस कपि एक न सेना माहीं। राम कुसल जेहि पूछी नाहीं
यह कछु नहिं प्रभु कै अधिकाई। बिस्वरूप व्यापक रघुराई॥
ठाढ़े जहं तहं आयसु पाई। कह सुग्रीव सबहिं समुझाई
राम काज अरु मोर निहोरा। बानर यूथ जाहु चहुं ओरा
जनक सुता कहं खोजहु जाई। मास दिवस महं आयहु भाई
अवधि मेटि जो बिनु सुधि पाए। आवइ बनइ सो मोहि मराए
दो. बचन सुनत सब बानर जहं तहं चले तुरंत
तब सुग्रीव बोलाये अंगदादि हनुमंत॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनहु नील अंगद हनुमाना। जामवंत मति धीर सुजाना
सकल सुभट मिलि दक्षिण जाहू। सीता सुधि पूछेहु सब काहू
मन क्रम बचन सो जतन बिचारेहु। रामचंद्र कै काज सँवारेहु
भानु पीठ सेइय उर आगी। स्वामिहि सेइय समर त्यागी
नाजि आस सेइय परलोका। मिटहिं सकल भव संभव सोका
देह धरे कर यह फल भाई। भजिय राम सब काम बिहाई
सोइ गुनज्ञ सोई बड़ भागी। जो रघुबीर चरण अनुरागी
आयसु मागि चरण सिर नाई। चले हरष सुमिरत रघुराई॥
पाछे पवन तनय सिर नावा। जानि काज प्रभु निकट बुलावा
परसा सीस सरोरुह पानी। कर मुद्रिका दीन्ह जन जानी
बहु प्रकार सीतहि समुझाएहु। कहि बलबीर बेगि तुम्ह आएहु
हनुमत जन्म सुफल करि माना। चलेउ हृदय धरि कृपा निधाना
यद्यपि प्रभु जानत सब बाता। राजनीति राखत सुर त्राता॥

दो॰ चले सकल बन खोजत सरिता सर गिरि खोह
राम काज लवलीन मन बिसरा तन कर छोह

कतहुं होइ निसिचर सन भेटा। प्रान लेहिं इक एक चपेटा
बहु प्रकार गिरि कानन हेरहिं। कोउ मुनि मिलहिं ताहि सब घेरहिं
लागि तृषा अतिशय अकुलाने। मिलै न जल घन गहन भुलाने
मन हनुमान कीन्ह अनुमाना। मरण चहत सब बिनु जल पाना
चढ़ि गिरि सिखर चहूं दिशि देखा। भूमि बिवर एक कौतुक पेखा
चक्रबाक बक हंस उड़ाहीं। बहुतक खग प्रविशहिं तेहि माहीं

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गिरि तें उतरि पवन सुत आवा। सब कहं लै सोइ बिबर देखावा
आगे करि हनुमंतहि लीन्हा। पैठे बिबर बिलंब न कीन्हा।

दो॰ दीख जाइ उपवन सर बिगसित बहु बिधि कंज
मंदिर एक रुचिर तहं बैठि नारि तप पुंज ॥

दूरते ताहि सबन शिर नावा। पूछेसि निज वृत्तांत सुनावा
तेहि तब कहा करहु जल पाना। खाहु सरस सुंदर फल नाना
मज्जन कीन्ह मधुर फल खाए। तासु निकट पुनि सब चलि आए
तेहि सब आपनि कथा सुनाई। मैं अब जाब जहां रघुराई
मूंदहु नयन बिबर तजि जाहू। पैहहु सीतहिं जनि पछिताहू
नयन मूंदि पुनि देखहिं बीरा। ठाढ़े सकल सिंधु के तीरा॥
सो सुनि गई जहां रघुनाथा। जाइ कमल पद नायसि माथा
नाना भांति बिनय तेहि कीन्ही। अनपायनी भक्ति प्रभु दीन्ही

दो॰ बदरी बन कहुं सो गई प्रभु आज्ञा धरि शीश
उर धरि राम चरण युग जे बंदत अज ईश ॥

इहां बिचारहिं कपि मन माहीं। बीती अवध काज कछु नाहीं
सब मिल करहिं परस्पर बाता। बिन सुधि लिये करब का भ्राता
कह अंगद लोचन भरि बारी। दुहुं प्रकार भइ मृत्यु हमारी
इहां न सुधि सीता कै पाई। उहां गए मारिहि कपिराई
पिता बधे परमारन मोही। राखा राम निहोरन ओही
पुनि पुनि अंगद कह सब पाहीं। मरण भएउ कछु संशय नाहीं
अंगद बचन सुनत कपि बीरा। बोलि न सकहिं नयन बह नीरा

टी॰ रा॰ कि॰ १८

चौपाई छंद दोहादि को टीका

श्लोक	चौपाई	छंद	सोरठा	दोहा
२	१	३	३१	

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

क्षण एक शोच मगन होइ गए। पुनि अस बचन कहत सब भए
हम सीता कै सुधि लिए बीना। नहिं जैहैं युवराज प्रबीना
अस कहि लवन सिंधु तट जाई। बैठे सब कपि दरभ डसाई
जामवंत अंगद दुख देखी। कही कथा उपदेश बिसेखी
तात राम कहं नर जनि जानहु। निर्गुण ब्रह्म अजित अजानहु
हम सब सेवक अति बड़ भागी। संतत सगुण ब्रह्म अनुरागी
दो. निज इच्छा प्रभु अवतरइ सुर द्विज गो हित लागि
सगुण उपासक संग तहं रहहिं मोक्ष सब त्यागि
एहि बिधि कथा कहहिं बहु भांती। गिरि कंदरा सुना संपाती
बाहिर होइ देख सब कीसा। मोहि अहार दीन्ह जगदीसा
आजु सबन कहं भक्षण करऊं। दिन बहु चलेउ अहार बिनु मरऊं
कबहुं न मिल भरि उदर अहारा। आजु दीन्ह बिधि एकहिं बारा
डरपे गीध बचन सुनि काना। अब भा मरण सत्य हम जाना
कपि सब उठे गीध कहं देखी। जामवंत मन शोच बिसेखी
कहं अंगद बिचार मन माहीं। धन्य जटायु सरिस कोउ नाहीं
राम काज कारण तन त्यागी। हरि पुर गएउ परम बड़ भागी
सुनि खग हरष शोक युत बानी। आवा निकट कपिन भय मानी
तिन्हहिं अभय करि पूछेसि जाई। कथा सकल तिन्ह ताहि सुनाई
सुनि संपाति बंधु कै करणी। रघुपति महिमा बहु बिधि बरणी
दो. मोहि ले जाहु सिंधु तट देउं तिलांजलि ताहि
बचन सहाइ करबि मैं पैहउ खोजहु जाहि॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अनुज क्रिया करि सागर तीरा। कहि निज कथा सुनहु कपि बीरा
हम दोउ बंधु प्रथम तरुणाई। गगन गए रबि निकट उड़ाई
तेज न सहि सक सो फिर आवा। मैं अभिमानी रबि नियरावा
जरे पंख रबि तेज अपारा ॥ परेउ भूमि कर घोर चिकारा
मुनि एक नाम चंद्रमा ओही। लागी दया देखि कर मोही
बहु प्रकार तेहि ज्ञान सुनावा। देह जनित अभिमान छुड़ावा
त्रेता ब्रह्म मनुज तनु धरहीं। तासु नारि निसिचर पति हरहीं
तासु खोज पठइहि प्रभु दूता। तिन्हहिं मिले तें होब पुनीता
जमिहहिं पंख करसि जनि चिंता। तिन्हहिं देखाइ देहु तैं सीता
मुनि कह गिरा सत्य भइ आजू। सुनि मम बचन करहु प्रभु काजू
गिरि त्रिकूट ऊपर बस लंका। तहं रह रावन सहज असंका
तहां अशोक बाटिका अहई। सीता बैठि सोच रत अहई

टी० रा० कि० २०

दो० मैं देखहुं तुम नाहिन गीधहिं दृष्टि अपार
बूढ़ भएउं न तरतेउं कछुक सहाय तुम्हार

जो नांघइ शत योजन सागर। करै सो राम काज मति आगर
मोहि बिलोकि धरहु मन धीरा। राम कृपा कस भएउ शरीरा
पापिउ जाकर नाम सुमिरहीं। अति अपार भव सागर तरहीं
तासु दूत तुम तजि कदराई। राम हृदय धरि करहु उपाई
अस कहि गरुड़ गीध जब गएऊ। तिन्हके मन अति बिस्मय भएऊ
निज निज बल सब काहू भाखा। पार जाहु के संशय राखा
जरत भएउं अब कहेउ रिछेशा। नहिं तनु रहा प्रथम बललेशा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जबहिं त्रिबिक्रम भएउ खरारी। तब मैं तरुण रहेउं बल भारी
दो॰ बलि बांधत प्रभु बाढ़ेउ सो तनु बरणि न जाइ
उभय घरी महं दीन्ह मैं सात प्रदक्षिण धाइ
अंगद कहा जाउं मैं पारा। जिय संशय कछु फिरती बारा
जामवंत कह तुम सब लायक। पठइय किमि सबही कर नायक
कहइ रीछपति सुन हनुमाना। का चुप साधि रहेउ बलवाना
पवन तनय बल पवन समाना। बुध बिबेक विज्ञान निधाना
कवन सो काज कठिन जग माहीं। जो नहिं होइ तात तुम पाहीं
राम काज लगि तव अवतारा। सुनतहि भयउ पर्वताकारा॥
कनक बरण तन तेज बिराजा। मानहु अपर गिरिन्ह कर राजा
सिंहनाद करि बारहिं बारा। लीलहिं नाघउं जलनिधि खारा
सहित सहाय रावणहिं मारी। आनउं इहां त्रिकूट उपारी॥
जामवंत मैं पूछउं मोही। उचित सिखावन दीजे मोही॥
इतना करेहु तात तुम जाई। सीतहि देखि कहो सुधि आई
तब निज भुजबल राजिवनैना। कौतुक लागि संग कपि सेना
छं॰ कपिसेन संग संघार निशिचर राम सीतहिं आनिहैं
त्रैलोक पावन सुयश सुर मुनि नारदादि बखानिहैं
जो सुनत गावत कहत समुझत परम पद नर पावहीं
रघुबीर पद पाथोज मधुकर दास तुलसी गावहीं
दो॰ भव भेषज रघुनाथ यश सुनहिं जे नर अरु नारि
तिन्ह कर सकल मनोरथ सिद्ध करहिं त्रिपुरारि

दी॰ रा॰ कि॰ २१

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सोरठा

नीलोत्पल तन श्याम काम कोटि शोभा अधिक
सुनिय तासु गुण ग्राम जासु नाम अघ खग बधिक

इति श्रीराम चरित मानसे सकल कलि कलुष बिध्वंसने
बिशुद्ध संतोष संपादनो नाम चतुर्थः सोपानः समाप्त

लिपिकृत हर सोहन दास

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

रघुसुन्दर काण्ड : ५

श्री गणेशाय नमः श्लोक शांतंशाश्वतमप्रमेय मनघं निर्वा
ण शांति प्रदं ब्रह्मा शंभु फणींद्र सेव्य मनिशं वेदांत वेद्यं
विभुं रामाख्यं जगदीश्वरं सुरगुरुं माया मनुष्यंहरिं वंदेहं
करुणा करं रघुवरं भूपालचूड़ामणिं १ नान्यास्पृहा रघुपते
हृदयेस्म दीये सत्यं वदामिच भवान खिलांतरात्मा भक्तिंप्रय
छ रघुपुंगव निर्भरांमे कामादि दोष रहितं कुरुमानसंच २

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अतुलित बल धामं स्वर्ण शैला भदेहं दनुज वन कृशानुं ज्ञा
नि नाम ग्रगण्यं सकल गुण निधानं वानरणाम धीशं ।
रघुपति वरदूतं वात जातन्नमामि ॥ ३ ॥ श्रीरामचंद्र ॥

जामवंत के बचन सुहाए । सुनि हनुमंत हृदय अति भाए
तब लगि मोहि परेखहु भाई । सहि दुख कंद मूल फल खाई
जब लगि आवहुं सीतहि देखी । होइ काज मोहि हर्ष विशेखी
अस कहि नाइ सबन कहुं माथा । चलेउ हरषि हिय धरि रघुनाथा
सिंधुतीर एक सुंदर भूधर । कौतुक कूदि चढ़े ता ऊपर ॥
बार बार रघुबीर संभारी । तरके पवन तनय बल भारी
जेहि गिरि चरण देइ हनुमंता । चलेउ सो गा पाताल तुरंता
जिमि अमोघ रघुपति कर बाना । तेही भांति चला हनुमाना
जलनिधि रघुपति दूत बिचारी । तै मैनाक होहु श्रम हारी

दो० हनूमान तेहि परस कर पुनि पुनि कीन्ह पणाम
राम काज कीन्हे बिना मोहि कहां बिश्राम ।

जात पवन सुत देवन देखा । जाने कहं बल बुद्धि विशेखा
सुरसा नाम अहिन की माता । पठदान्हि पाइ कही तेहि बाता
आजु सुरन्ह मोहि दीन्ह अहारा । सुनत बचन कह पवनकुमारा
राम काज करि फिरि मैं आवौं । सीता कै सुधि प्रभुहि सुनावौं
तब तव बदन पैठि हौं आई । सत्य कहौं मोहि जानदे माई
कवनेहु यतन देइ नहिं जाना । ग्रसि न मोहि कहा हनुमाना
योजन भरि तेहि बदन पसारा । कपि तन कीन्ह दुगुण बिस्तारा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सोरह योजन मुख तेहि बएऊ। तुरत पवन सुत बत्तिस भएऊ
जस जस सुरसा बदन बढ़ावा। तासु दून कपि रूप दिखावा
सत योजन तेहि आनन कीन्हा। अति लघुरूप पवनसुत लीन्हा
बदन पैठि पुनि बाहेर आवा। मांगी बिदा ताहि सिर नावा
मोहि सुरन्ह जेहि लागि पठावा। बुधि बल मरम तोरमैं पावा
दो॰ राम काज सब करिहहु तुम बल बुद्धि निधान
आसिष दै सुरसा चली हरषि चले हनुमान
निशिचर एक सिंधु महं रहई। करि माया नभ के खग गहई
जीव जंतु जे गगन उड़ाहीं। एहि बिधि सदा गगन चर खाही
सोइ छल हनूमान कहं कीन्हा। तासु कपट कपि तुरतहिं चीन्हा
गहि छांह सक सो न उड़ाई। जल विलोकि तिन के परिछाई
ताहि मारि मारुत सुत बीरा। वारिधि पार गएउ मति धीरा
तहां जाइ देखी बन शोभा। गुंजत चंचरीक मधु लोभा
नाना तरु फल फूल सुहाए। खग मृग वृंद देखि मन भाए
सैल बिशाल देखि एक आगे। ता पर धाइ चढ़ेउ भय त्यागे
उमा न कछु कपि कै अधिकाई। प्रभु प्रताप जो कालहि खाई
गिरि पर चढ़ लंका तेहि देखी। कहि न जाय अति दुर्ग बिशेषी
अति उतंग जलनिधि चहुं पासा। कनक कोट कर परम प्रकासा
छं॰ कनक कोट बिचित्र मणि कृत सुंदरायत अति घना
चह हट्ट हट्ट सुबट्ट बीथी चारु पुर बहु बिधि बना
गज बाजि खच्चर निकर पदचर रथ बरूथन्हको गिनै

बहु रूप निशिचर यूथ अति बल सेन बरणत नहिं बने
बन बाग उपवन वाटिका सर कूप वापी सोहहीं ॥
नर नाग सुर गंधर्व कन्या रूप मुनि मन मोहहीं ॥
कहं मल्ल देह विशाल शैल समान अतिबल गर्जहीं
नाना अखारन्ह भिरहिं बहु विधि एक एकन तर्जहीं
कहिं महिष मानुष धेनु खर अज खल निशाचर भक्षहीं
एहि लागि तुलसी दास इन्ह की कथा संक्षेपहि कही
रघुबीर शरतीरथ शरीरन्ह त्यागि गति पैहहि सही
दो॰ पुर रखवारे देख बहु कपि मन कीन्ह बिचार
अति लघुरूप धरौं निशि नगर करौं पइसार
मसक समान रूप कपि धरी। लंका चलेउ सुमिरि नर हरी
नाम लंकिनी एक निशिचरी। सो कह चलेसि मोहि निंदरी
जानेहि नहीं मरम सठ मोरा। मोर अहार जहां लगि चोरा
मुष्टिक एक महा कपि हनी। रुधिर बमत धरणी ढन मनी
पुनि सु संभारि उठी सो लंका। जोरि पानि करि विनय ससंका
जब रावण ब्रह्मा बर दीन्हा। चलत बिरंचि कहा मोहि चीन्हा
बिकल होसि तब कपि के मारे। तब जानेसि निशिचर संहारे
तात मोर अति पुण्य बहूता। देखेउं नयन राम कर दूता
दो॰ तात स्वर्ग अपवर्ग सुख धरिय तुला एक अंग
तुलहि न ताहि सकल मिलिजो सुख लव सतसंग
प्रबिस नगर कीजे सब काजा। हृदय राखि कोशल पुर राजा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

गरल सुधा रिपु करै मिताई। गोपद सिंधु अनल सितलाई
गरुड़ सुमेरु रेणु सम ताही। राम कृपा करि चितवा जाही
अति लघु रूप धरेउ हनुमाना। पैठा नगर सुमिरि भगवाना
मंदिर मंदिर प्रति कर शोधा। देखे जहं तहं अगणित योधा
गयउ दशानन मंदिर माहीं। अति बिचित्र कहि जात सोनाहीं
सयन किये देखा कपि तेही। मंदिर महं न दीख बैदेही॥
भवन एक पुनि दीख सोहावा। हरि मंदिर तहं भिन्न बनावा

दो॰ राम नाम अंकित गृह शोभा बरणि न जाइ
नव तुलसी का वृंद तहं देखि हरषि कपिराइ

लंका निशिचर निकर निवासा। इहां कहां सज्जन कर वासा
मन महं तरक करै कपि लागा। तेही समय बिभीषण जागा
राम राम तेहि सुमिरण कीन्हा। हृदय हरषि कपि सज्जन चीन्हा
एहि सन हठि करिहौं पहिचानी। साधु ते होइ न कारज हानी
बिप्र रूप धरि वचन सुनाए। सुनत बिभीषण उठि तहं आए
करि प्रणाम पूछी कुशलाई। बिप्र कहहु निज कथा बुझाई
की तुम हरिदासन महं कोई। मेरे हृदय प्रीति अति होई
की तुम राम दीन अनुरागी। आयहु मोहि करन बड़भागी

दो॰ तब हनुमंत कही सब राम कथा निज नाम
सुनत युगल तन पुलकि मन मगन सुमिरि गुणग्राम

सुनहु पवन सुत रहनि हमारी। जिमि दशनन्ह महं जीभ बिचारी
तात कबहु मोहि जानि अनाथा। करिहहिं कृपा भानुकुलनाथा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नामस तन कछु साधन नाहीं। प्रीति न पद सरोज मन माहीं
अब मोहि भा भरोस हनुमंता। बिनु हरि कृपा मिलहिं नहिं संता
जो रघुबीर अनुग्रह कीन्हा। तौ तुम मोहिं दरश हठि दीन्हा
सुनहु बिभीषण प्रभु कइ रीती। करहिं सदा सेवक पर प्रीती
कहहु कवन मैं परम कुलीना। कपि चंचल सबही बिध हीना
प्रात लेइ जो नाम हमारा। तेहि दिन ताहि न मिलै अहारा

दो॰ अस मैं अधम सखा सुनु मोहू पर रघुबीर
कीन्ही कृपा सुमिरि गुण भरे बिलोचन नीर

जानत हूं अस स्वामि बिसारी। फिरहिं ते काहे न होहिं दुखारी
एहि बिध कहत राम गुणग्रामा। पावन अवण सुखद बिश्रामा
पुनि सब कथा बिभीषण कही। जिहि बिधि जनक सुता तहं रही
तब हनुमंत कहा सुन भ्राता। देखा चहौं जानकी माता
जुक्ति बिभीषण सकल सुनाई। चलेउ पवन सुत बिदा कराई
करि सोइ रूप गयउ पुनि तहवां। बन अशोक सीता रह जहवां
देखि मनहिं मन कीन्ह प्रणामा। बैठिहि बीत गई निशि यामा
कृश तनु शीश जटा एक बेनी। जपति हृदय रघुपति गुण श्रेनी

दो॰ निज पद नयन दिये मन राम चरण महं लीन
परम दुखी भा पवन सुत देखि जानकी दीन

तरु पल्लव महं रहा लुकाई। करै बिचार करौं का भाई
तेहि अवसर रावण तहं आवा। संग नारि बहु किये बनावा
बहु बिधि खल सीतहिं समुझावा। साम दाम अरु भेद देखावा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कह रावण सुनु सुमुखि सयानी। मंदोदरी आदि सब रानी ॥
तव अनुचरी करौं पण मोरा। एक बार बिलोक मम ओरा।
तृण धरि ओट कहति बैदेही। सुमिरि अवधपति परम सनेही
सुनु दशमुख खद्योत प्रकासा। कबहुं कि नलनी करै बिकासा
अस मन समुझु कहति जानकी। खल सुधि नहिं रघुबीर बाणकी
सठ सूने हर आनेसि मोही। अधम निलज्ज लाज नहिं तोही

दो॰ आपुहि सुनि खद्योत सम रामहिं भानु समान
परुष बचन सुनि काढ असि बोला अति खिसियान

सीता तैं मम कृत अपमाना। कटिहौं तव सिर कठिन कृपाना
नाहित सपदि मान मम बानी। सुमुखि होत नहिं जीवन हानी
स्याम सरोज दाम सम सुंदर। प्रभु भुज करि कर सम दशकंधर
सो भुज कंठ कि तव असि घोरा। सुनु सठ अस प्रवान पण मोरा
चंद्रहास हर मम परितापा। रघुपति बिरह अनल संतापा
सीतल निसि तव असि बर धारा। कह सीता हरु मम दुख भारा
सुनत बचन पुनि मारण धावा। मय तनया कहि नीति बुझावा
कहेसि सकल निसिचरिहि बुझाई। सीतहि बहु बिधि त्रासहु जाई
मास दिवस महं कहा न माना। तौ मैं मारब कठिन कृपाना

दो॰ भवन गयउ दशकंधर इहां पिसाचि बृंद ॥
सीतहिं त्रास दिखावहिं धरहिं रूप बहु मंद

त्रिजटा नाम राक्षसी एका। राम चरण रति निपुण बिबेका
सबन बुलाइ सुनाएसि सपना। सीतहि सेइ करहु हित अपना

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सपने वानर लंका जारी । यातुधान सेना सब मारी ॥
खर आरूढ़ नगन दससीसा । मुंडित सिर खंडित भुज बीसा ।
ए बिधि सो दक्षिण दिसि जाई । लंका मनहुं बिभीषण पाई ।
नगर फिरी रघुबीर दोहाई । जब प्रभु सीता बोलि पठाई ।
यह सपना मैं कहौं पुकारी । होइहि सत्य गए दिन चारी ।
तासु बचन सुनि ते सब डरीं । जनकसुता के चरनन्हि परीं ।
दो० जहं तहं गईं सकल तब सीता कर मन सोच ॥
मास दिवस बीते मोहि मारिहि निसिचर पोच ।
त्रिजटा सन बोली कर जोरी । मातु बिपति संगिनि तैं मोरी ।
तजौं देह करु बेगि उपाई । दुसह बिरह अब सहा न जाई ।
आनि काठ रचि चिता बनाई । मातु अनल पुनि देहु लगाई ।
सत्य करहि मम प्रीति सयानी । सुनै को श्रवण सूल सम बानी ।
सुनत बचन पद गहि समुझावा । प्रभु प्रताप बल सुजस सुनावा ।
निसि न अनल मिल सुनु सुकुमारी । अस कहि सो निज भवन सिधारी ।
कह सीता बिधि भा प्रतिकूला । मिलहि न पावक मिटै न सूला ।
देखियत प्रगट गगन अंगारा । अवनि न आवत एकौ तारा ।
पावकमय ससि स्रवत न आगी । मानहुं मोहि जानि हतभागी ।
सुनहि बिनय मम बिटप असोका । सत्य नाम करु हरु मम सोका ।
नूतन किसलय अनल समाना । देहि अगिनि जनि करहि निदाना ।
देखि परम बिरहाकुल सीता । सो छन कपिहि कलप सम बीता ।
सो० कपि कर हृदय बिचार दीन्हि मुद्रिका डारि तब

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जनु अशोक अंगार लीन्ह हरषि उठिकर गहेउ
तब देखी मुद्रिका मनोहर । राम नाम अंकित अति सुंदर
चकित चित्त मुद्रिका पहिचानी। हरष विषाद हृदय अकुलानी
जीति को सके अजय रघुराई। माया तें असि रची न जाई
सीता मन विचार कर नाना। मधुर वचन बोले हनुमाना
रामचंद्र गुण बरणन लागे। सुनतहिं सीता के दुख भागे
लागी सुनै श्रवण मन लाई। आदिहि तें सब कथा सुनाई
श्रवणामृत जेहि कथा सुनाई। कहि सो प्रगट होत किन भाई
तब हनुमंत निकट चलि गएऊ। फिरि बैठी मन बिसय भएऊ
राम दूत मैं मातु जानकी। सत्य शपथ करुणा निधान की
यह मुद्रिका मातु मैं आनी। दीन्ह राम तुम कहं सहि दानी
नर बानरहि संग कहु कैसे। कही कथा संगति भइ जैसे

दो॰ कपि कर वचन सप्रेम सुनि उपजा मन बिस्वास
जाना मन क्रम वचन यह कृपा सिंधु कर दास।

हरिजन जानि प्रीति अतिबाढ़ी। सजल नयन पुलकावलि ठाढ़ी
बूड़त विरह जलधि हनुमाना। भयेहु तात मोकहं जलयाना
अब कहु कुशल जाउं बलिहारी। अनुज सहित सुख भवन खरारी
कोमल चित कृपाल रघुराई। कपि केहि हेतु धरी निठुराई
सहज बान सेवक सुख दायक। कबहुंक सुरति करत रघुनायक
कबहुं नयन मम शीतल ताता। होइहि निरखि श्याम मृदु गाता
बचन न आव नयन भरि बारी। अहो नाथ मोहि निपट बिसारी

देखि बिरह व्याकुल अति सीता। बोलेउ कपि मृदु बचन बिनीता
मातु कुशल प्रभु अनुज समेता। तव दुख दुखी सो कृपानिकेता
जननी जनि मानहु मन ऊना। तुम तें प्रेम राम कहं दूना ॥

दो॰ रघुपति के संदेश अब सुन जननी धरि धीर
अस कहि कपि गदगद भये भरे बिलोचन नीर

राम बियोग कहा सुन सीता। मो कहं सकल भयेउ बिपरीता
नूतन किशलय मनहुं कृशानू। काल निशा सम निशि शशिभानू
कुवलय बिपिन कुंत बन सरिसा। बारिद तप्त तेल जनु बरिसा
जेहि तरु रहौं करत सो पीरा। उरग श्वास सम त्रिविध समीरा
कहेतें नहिं दुख घटि कछु होई। काहि कहौं यह जानन कोई
तत्व प्रेम कर मम अरु तोरा। जानति प्रिया एक मन मोरा
सो मन रहत सदा तोहि पाहीं। जानु प्रीति रस इतनेहिं मांहीं
प्रभु संदेश सुनत बैदेही। मगन प्रेम तन सुधि नहिं तेही
कह कपि हृदय धीर धरु माता। सुमिरि राम सेवक सुखदाता
उर आनहु रघुपति प्रभुताई। सुनि मम बचन तजहु बिकलाई

दो॰ निशिचर निकर पतंग सम रघुपति बाण कृशानु
जननि हृदय निज धीर धरु जरे निशाचर जानु

जो रघुबीर होत सुधि पाई। करते नहिं बिलंब रघुराई ॥
राम बाण रवि उदय जानकी। तम बरूथ कहं यातुधानकी
अबहिं मातु मैं जाउं लिवाई। प्रभु आयसु नहिं राम दुहाई
कछुक दिवस जननी धरु धीरा। कपिन्ह सहित ऐहैं रघुबीरा

टी॰ रा॰ सुं॰ ११

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

निशिचर मारि तुम्हहिं लै जैहैं। तिहं पुर नारदादि यश गैहैं
हैं सुत कपि सब तुम्हहिं समाना। यातुधान अति भट बलवाना
मोरे हृदय परम संदेहा। सुनि कपि प्रगट कीन्ह निज देहा
कनक भूधराकार शरीरा। समर भयंकर अतिबल बीरा
सीता मन भरोस तब भयेऊ। पुनि लघु रूप पवन सुत लयेऊ
दो॰ सुनमाता साखा मृगहिं नहिं बल बुद्धि बिशाल
प्रभु प्रताप तें गरुडहीं खाइ परम लघु व्याल ॥
मन संतोष सुनत कपि बानी। भगति प्रताप तेज बल सानी
आशिष दीन्ह राम प्रिय जानी। अजर अमर गुणनिधि सुत होऊ। करहुं सदा रघुनायक छोहू
करहिं कृपा प्रभु अस सुनिकाना। निर्भर प्रेम मगन हनुमाना
बारबार नावहिं पद शीसा। बोले बचन जोरि कर कीसा
अब कृतकृत्य भयउं मैं माता। आशिष तव अमोघ विख्याता
सुनिय मातु मोहि अतिशय भूखा। लागि देखि सुंदर फल रूखा
सुन सुत करहिं बिपिन रखवारी। परम सुभट रजनीचर भारी
तिन्ह कर भय माता मोहिं नाहीं। जो तुम सुख मानहु मन माहीं
दो॰ देखि बुद्धि बल निपुण कपि कहा जानकी जाहु
रघुपति चरण हृदय धरि तात मधुर फल खाहु
चलानाइ शिर पैठेउ बागा। फल खाये तरु तोरन लागा
रहे तहां बहु भट रखवारे। कछु मारे कछु जाइ पुकारे
नाथ एक आवा कपि भारी। तेहि अशोक वाटिका उजारी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

खाएसि फल अरु बिटप उपारे। जहं तहं पटकि पटकि कट मारे
सुनि रावण पठये भट नाना। तिन्हहि देखि गरजा हनुमाना
सब रजनीचर कपि संघारे। गये पुकारत कछु अधमारे
पुनि पठवा तेहि अक्षय कुमारा। चला संगलै सुभट अपारा
आवत देखि बिटप गहि तर्जा। ताहि निपाति महाधुनि गर्जा
दो॰ कछु मारेसि कछु मर्देसि कछु मिलयेसि धूरि
कछु पुनि जाइ पुकारे प्रभु मर्कट बल भूरि ॥
सुनि सुत बध लंकेस रिसाना। पठवा मेघनाद बलवाना
मारेसि जनि सुत बांधेसि ताही। देखौं कीस कहा कर आही
चला इंद्रजित अतुलित जोधा। बंधु बधन सुनि उपजा क्रोधा
कपि देखा दारुण भट आवा। कट कटाइ गर्जा अरु धावा
अति बिसाल तरु एक उपारा। बिरथ कीन्ह लंकेस कुमारा
रहे महा भट ताके संगा। गहि गहि कपि मर्दै निज अंगा
तिन्ह निपाति ताहि सन बाजा। भिरे जुगल मानहुं गजराजा
मुठिका मारि चढ़ा तरु जाई। ताहि एक छन मूर्छा आई
उठि बहोरि कीन्हेसि बहु माया। जीति न जाइ प्रभंजन जाया
दो॰ ब्रह्म अस्त्र तेहि साधा कपि मन कीन्ह बिचार
जौं न ब्रह्म सर मानऊं महिमा मिटै अपार
ब्रह्मबाण तेहि कपि कहं मारा। परतिहुं बार कटक संहारा
तेहि देखा कपि मूर्छित भयऊ। नागपास बांधेसि लै गयऊ
जासु नाम जपि सुनहु भवानी। भव बंधन काटहिं नर ग्यानी

दो॰ सं॰ २

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

तासु दूत बंधन तर आवा। प्रभु कारज लगि आपु बंधावा।
कपि बंधन सुनि निशिचर धाये। कौतुक लागि सभा सब आये।
दशमुख सभा दीख कपि जाई। कहि न जाइ कछु अति प्रभुताई।
कर जोरे सुर दिशप बिनीता। भृकुटि बिलोकत सकल सभीता।
देखि प्रताप न कपि मन शंका। जिमि अहिगण महँ गरुड़ असंका।

दो॰ कपिहि बिलोकि दशानन बिहंसि कहेसि दुर्बाद
सुत बध सुरति कीन्ह पुनि उपजा हृदय बिषाद

कह लंकेश कवन तैं कीसा। केहि के बल घालेसि बन खीसा।
की धौं श्रवण सुनेसि नहिं मोही। देखौं अति असंक सठ तोही।
मारे सि निशिचर केहि अपराधा। कह शठ तोहि न प्राण कै साधा।
सुन रावण ब्रह्मांड निकाया। पाइ जासु बल बिरचित माया।
जाके बल बिरंचि हरि ईशा। पालत हरत सृजत दश शीशा।
जा बल शीश धरे सहसानन। अंडकोश समेत गिरि कानन।
धरे जो बिबिध देह सुर त्राता। तुम से शठन सिखावन दाता।
हर कोदंड कठिन जेहि भंजा। तोहि समेत नृप दल मद गंजा।
खर दूषण बिराध बध जाली। बधे सकल अतुलित बल शाली।

दो॰ जाके बल लवलेश तें जितेउ चराचर झारि
तासु दूत हौं जाहि कि हरि आनेहु प्रिय नारि

जानौं मैं तुम्हारि प्रभुताई। सहसबाहु सन परी लराई।
समर बालि सन करि यश पावा। सुनि कपि बचन बिहंसि बहलावा।
खायेउं फल प्रभु लागी भूखा। कपि सुभाव तें तोरेउं रूखा।

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सबके देह परम प्रिय स्वामी । मारहिं मोहि कुमारग गामी
जिन्ह मोहि मारा तेहि मैं मारा । तेहि पर बांधेउ तनय तुम्हारा
मोहि न कछु बांधे कर लाजा । कीन्ह चहौं निज प्रभु कर काजा
बिनती करौं जोरि कर रावन । सुनहु मान तजि मोर सिखावन
देखहु तुम निज हृदय बिचारी । भ्रम तजि भजहु भक्त भय हारी ।
जाके डर अति काल डराई ॥ जो सुर असुर चराचर खाई ।
तासों बैर कबहुं नहिं कीजे । मोरे कहे जानकी दीजे ॥

दो॰ प्रनतपाल रघुवंशमणि करुणासिंधु खरारि
गये शरण प्रभु राखिहैं तव अपराध बिसारि ॥

राम चरणपंकज उर धरहू । लंका अचल राज तुम करहू ।
ऋषि पुलस्तियश बिमल मयंका । तेहि कहं जनि होसि कलंका
राम नाम बिनु गिरा न सोहा । देखु बिचारि त्यागि मद मोहा
बसन हीन नहिं सोह सुरारी । सब भूषण भूषित बर नारी ।
राम बिमुख संपति प्रभुताई । जाइ रही पाई बिनु पाई ।
सजल मूल जिन्हि सरिता नाहीं । बरषि गये पुनि तबहिं सुखाहीं
सुनु दशकंठ कहौं पन रोपी । राम बिमुख बाता नहिं कोपी
शंकर सहस बिष्णु अज तोही । सकहिं न राखि राम कर द्रोही

दो॰ मोह मूल बहु शूलप्रद त्यागहु तात अभिमान
भजहु राम रघुनायकहि कृपासिंधु भगवान ॥

यद्यपि कही कपिअति हित बानी । भक्ति बिबेक बिरति नय सानी
बोला बिहंसि महा अभिमानी । मिला हमहिं कपि गुरु बड़ ज्ञानी

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मृत्यु निकट आई खल तोही। लागेसि अधम सिखावन मोही
उलटा होइ कहा हनुमाना। मति भ्रम तोरि प्रगट मैं जाना
सुनि कपि बचन बहुत खिसियाना। बेगि न हरहु मूढ़ कर प्राना
सुनत निशाचर मारन धाये। सचिवन्ह सहित विभीषण आये
नाइ शीश करि बिनय बहूता। नीति बिरोध न मारिय दूता
आनदंड कछु करिय गुसाईं। सबही कहा मंत्र भल भाई।
सुनत विहंसि बोला दशकंधर। अंग भंग करि पठवह बंदर।

दो॰ कपि कर ममता पूंछपर सबहिं कहा समुझाइ
तेल बोरि पट बांधि पुनि पावक देहु लगाइ

पूंछ हीन बंदर जब जाइहि। तब शठ निज नायहिं लेआइहि
जिन्हकी कीन्हेसि अमितबड़ाई। देखौं धौं तिन्हकी प्रभुताई।
बचन सुनत कपि मन मुसुकाना। भइ सहाय शारद मैं जाना
यातु धान सुनि रावण बचना। लागे रचन मूढ़ सोइ रचना
रहा न नगर बसन घृत तेला। बाढ़ी पूंछ कीन्ह कपि खेला
कौतुक कहं आये पुर बासी। मारहिं चरण करहिं बहु हांसी
बाजहिं ढोल देहिं सब तारी। नगर फेरि पुनि पूंछ प्रजारी
पावक जरत देख हनुमन्ता। भयउ परम लघुरूप तुरन्ता
निबुकि चढ़ेउ पुनि कनक अटारी। भई सभीत निशाचर नारी

दो॰ हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत उनचास
अट्टहास करि गर्जा कपि बढ़ि लाग अकास

देह बिशाल परम हरुआई। मंदिर तें मंदिर चढ़ि जाई

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जरे नगर भे लोग बिहाला । झपट लपट बहु कोट कराला
तात मातु सब करहिं पुकारा । इहि अवसर को हमहिं उबारा
हम जो कहा यह कपि नहिं होई । बानर रूप धरे सुर कोई ।
साधु अवज्ञा कर फल ऐसा । जरे नगर अनाथ कर जैसा
जारा जगर निमिषइक माहीं । एक बिभीषण कौ गृह नाहीं
जाकर भक्त अनल जेइ सिरजा । जरा न सो तेहि कारण गिरजा
उलटि पलटि लंका कपि जारी । कूदि परा तब सिंधु मंझारी ।

दो॰ पूंछ बुझाई खोइ श्रम धरि लघु रूप बहोरि
जनक सुता के आगे ठाढ़ भयउ कर जोरि ।

मातु मोहि दीजै कछु चीन्हा । जैसे रघुनायक मोहि दीन्हा
चूड़ामणि उतारि तब दयऊ । हर्ष समेत पवन सुत लयऊ
कहेहु तात अस मोर प्रणामा । सब प्रकार प्रभु पूरण कामा
दीन दयाल बिरद संभारी । हरहु नाथ मम संकट भारी
तात शक्र सुत कथा सुनायेहु । बाण प्रताप प्रभुहि समुझायेहु
मास दिवस महं नाथ न आये । तौ पुनि मोहि जियत नहिं पावे
कहु कपि केहि बिधि राखौं प्राना । तुमहूं तात कहत हहु जाना
तुमहि देखि शीतल भइ छाती । पुनि मोकहं सोइ दिन सोइ राती

दो॰ जनक सुतहिं समुझाय करि बहु बिधि धीरज दीन्ह
चरण कमल शिर नाइ करि गमन राम पहं कीन्ह

चलत महाधुनि गरजेउ भारी । गर्भ स्रवेउ सुनि निशिचर नारी
लांघि सिंधु इहि पारहिं आवा । शब्द किल किला कपिन्ह सुनावा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

हरषे सब बिलोकि हनुमाना। नूतन जन्म कपिन तब जाना
मुख प्रसन्न तन तेज बिराजा। कीन्हेसि रामचंद्र कर काजा
मिले सकल अति भये सुखारी। तलफत मीन पाव जिमि बारी
चले हरषि रघुनायक पासा। पूछत कहत नवल इतिहासा
तब मधुबन भीतर सब आये। अंगद सहित मधुर फल खाये
रखवारे जब बरजन लागे। मुष्टि प्रहार हरत सब भागे

दो॰ जाइ पुकारे सकल तब बन उजार जुवराज
सुनि सुग्रीव हरषि कपि करि आये प्रभु काज

जो न होति सीता सुधि पाई। मधुबन के फल को सकि खाई
एहि बिधि मन बिचार करराजा। आइ गये कपि सहित समाजा
आइ सबन्हि नावा पद सीसा। मिलेउ सबन्हि अति प्रीति कपीसा
पूछेउ कुसल कुसल पद देखी। राम कृपा भा काज बिसेषी
नाथ काज कीन्हेउ हनुमाना। राखे सकल कपिन्ह के प्राना
सुनि सुग्रीव बहुरि तेहि मिलेऊ। कपिन्ह सहित रघुपति पहिं चलेऊ
राम कपिन्ह जब आवत देखा। किये काज मन हर्ष बिसेषा
फटिक सिला बैठे दोउ भाई। परे सकल कपि चरनन्हि जाई

दो॰ प्रीति सहित सब भेंटे रघुपति करुना पुंज
पूछी कुसल नाथ अब कुसल देखि पद कंज

जामवंत कह सुनु रघुराया। जा पर नाथ करहु तुम दाया॥
ताहि सदा सुभ कुसल निरंतर। सुर नर मुनि प्रसन्न ता ऊपर
सोइ बिजयी बिनयी गुन सागर। तासु सुजस त्रैलोक उजागर

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभुकी कृपा भएउ सब काजू। जन्म हमार सुफल भा आजू
नाथ पवन सुत कीन्ह जो करणी। सहसमुखन सो जाइ न बरणी
पवन तनय के चरित सुहाये। जामवंत रघुपतिहि सुनाये॥
सुनत कृपानिधि मन अति भाये। पुनि हनुमान हरषि उर लाये
कहहु तात केहि भांति जानकी। रहति करति रक्षा सुप्राणकी

दो. नाम पाहरू दिवस निशि ध्यान तुम्हार कपाट
लोचन निज पद यंत्रिका जाहिं प्राण केहि वाट

चलत मोहि चूड़ा मणि दीन्ही। रघुपति हृदय लाइ सोइ लीन्ही
नाथ युगल लोचन भरि वारी। बचन कहे कछु जनक दुलारी
अनुज समेत गहेहु प्रभु चरणा। दीनबंधु प्रणतारति हरणा
मन क्रम बचन चरण अनुरागी। केहि अपराध नाथ मोहि त्यागी
अवगुण एक मोर मैं माना। बिछुरत प्राण न कीन्ह पयाना
नाथ सो नयनन्हि कर अपराधा। निसरत प्राण करहिं हठबाधा
बिरह अगिनि तनतूल समीरा। स्वास जरै छण माहिं शरीरा
नैन अवहिं जल निज हित लागी। जरै न पाँव देह बिरहागी॥
सीता के अति बिपति बिशाला। बिनहिं कहे भल दीनदयाला

दो. निमिष निमिष करुणायतन जाहि कलप सम बीत
बेगि चलिय प्रभु आनिये भुजबल खलदल जीत

सुनि सीता दुख प्रभु सुख अयना। भरि आये जल राजिव नयना॥
बचन कायमन मम गति जाही। सपने बादिय बिपति कि ताही
कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमरण भजन न होई

ही. ए. सं. २०

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

केतिकबात प्रभु यातु धानकी। रिपुहि जीति आनिये जानकी
सुन कपि तोहि समान उपकारी। नहिं कोउ सुरनर मुनितनुधारी
प्रति उपकार करौं का तोरा। सन्मुख होइ न सकत मन मोरा
सुन सुत तोहि उरिण मैं नाहीं। देखेउं करि बिचार मन माहीं
पुनि पुनि कपिहि चितव सुरत्राता। लोचन नीर पुलक अति गाता

दो॰ सुन प्रभु बचन बिलोकि मुख गात हरषि हनुमंत
चरण परेउ प्रेमाकुल त्राहि त्राहि भगवंत

बार बार प्रभु चहै उठावा। प्रेम मगन तेहि उठब न भावा
प्रभु कर पंकज कपि के शीशा। सुमिरि सो दशा मगन गौरीशा
सावधान मन पुनि कर शंकर। लागे कहन कथा अति सुंदर
कपि उठाइ प्रभु हृदय लगावा। कर गहि परम निकट बैठावा
कह कपि रावण पालित लंका। केहि बिधि दहेउ दुर्ग अति बंका
प्रभु प्रसन्न जाना हनुमाना। बोला बचन बिगत अभिमाना
साखा मृग कै बड़ि मनुसाई। साखा ते साखा पर जाई ॥
नाघि सिंधु हाटक पुर जारा। निशिचर गण बधि बिपिन उजारा
सो सब तव प्रताप रघुराई। नाथ न कछू मोरि प्रभुताई।

दो॰ ता कहं प्रभु कछु अगम नहिं जा पर तुम अनुकूल
तव प्रताप बड़वा नलहि जारि सकै खल तूल

नाथ भक्ति अति सुख दायनी। देहु कृपा करि अनपायनी
सुनि प्रभु परम सरल कपि बानी। एवमस्तु तब कहेउ भवानी
उमा राम सुभाव जेहि जाना। ताहि भजन तजि भाव न आना

टी॰ रा॰ सुं॰ २१

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

यह संवाद जासु उर आवा। रघुपति चरण भक्ति सो पावा
सुनि प्रभु बचन कहहिं कपिबृंदा। जय जय जय कृपाल सुखकंदा
तब रघुपति कपिपतिहि बुलावा। कहा चलै कर करहु बनावा
अब बिलंब केहि कारण कीजै। तुरत कपिन्ह कहँ आयसु दीजै
कौतुक देखि सुमन बहु बरषी। नभ ते भवन चले सुर हरषी

दो॰ कपिपति बेगि बोलाए आए जूथप जूथ
नाना बरण अतुल बल बानर भालु बरूथ

प्रभु पद पंकज नावहिं सीसा। गर्जहिं भालु महाबल कीसा
देखी राम सकल कपि सेना। चितइ कृपा करि राजिव नैना
राम कृपा बल पाइ कपिंदा। भए पच्छयुत मनहुँ गिरिंदा
हरषि राम तब कीन्ह पयाना। सगुन भए सुंदर सुभ नाना
जासु सकल मंगलमय कीती। तासु पयान सगुन यह नीती
प्रभु पयान जाना बैदेही। फरकि बाम अंग जनु कहि देही
जोइ जोइ सगुन जानकिहि होई। असगुन भयउ रावणहिं सोई
चला कटक को बरणै पारा। गर्जहिं बानर भालु अपारा॥
नख आयुध गिरि पादपधारी। चले गगन महि इच्छाचारी
केहरिनाद भालु कपि करहीं। डगमगाहिं दिग्गज चिक्करहीं

छं॰ चिक्करहिं दिग्गज डोल महि गिरि लोल सागर खर भरे
मन हरष सभ गंधर्ब सुर मुनि नाग किन्नर दुख टरे॥
कटकटहिं मर्कट बिकट भट बहु कोटि कोटिन्ह धावहीं॥
जय राम प्रबल प्रताप कोसलनाथ गुण गन गावहीं॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहि सकल भार उदार अहिपति बार बारहिं मोहई
गहि दसन पुनि पुनि कमठ पीठ कठोर सो किमि सोहई
रघुबीर रुचिर प्रयान प्रस्थिति जानि परम सुहावनी
जनु कमठ खर्पर सर्पराजसो लिखत अबिचल पावनी
दो॰ एहि बिधि जाइ कृपानिधि उतरे सागर तीर॥
जहं तहं लागे खान फल भालु बिपुल कपि बीर
उहां निसाचर रहहिं ससंका। जब ते जारि गयउ कपि लंका
निज निज गृह सब करहिं बिचारा। नहिं निसिचर कुल केर उबारा
जासु दूत बल बरणि न जाई। तेहि आएं पुर कवन भलाई।
दूतन्ह सन सुनि पुरजन बानी। मंदोदरी अधिक अकुलानी॥
बिबिधायुध धरि निसिचर धाये । गढ़ते पर्वत शिखर ढहाये ।

छं० ढाहे महीधर शिखर कोटिन्ह बिबिधि बिधि गोला चले
घहरात जिमि पबि पात गर्जत जनु प्रलय के बादले
मर्कट बिकट भट जुटत कटत न लटत तन जर्जर भये
गहि शैल तेहि गढ़ पर चलावहिं जहं सो तहं निसिचर हये

दो० मेघनाद सुन श्रवण अस गढ़ पुनि छेका आइ
उतर दुर्ग तें बीर बर सन्मुख चलेउ बजाइ ॥

कहं कोशला धीश दोउ भ्राता । धन्वी सकल लोक बिख्याता ।
कहं नल नील दुविद सुग्रीवा । अंगद हनूमंत बल सीवा ॥
कहां बिभीषण भ्राता द्रोही । आजु सबहि हठ मारौं ओही

अस कहि कठिन बाण संधाने। अतिशय क्रोध श्रवण लगि ताने
सरसमूह सो छाड़ै लागा । जनु सपक्ष धावहिं बहु नागा
जहं तहं परत देखि अति बानर। सन्मुख होइ न सकै तेहि अवसर
जहं तहं भागि चले कपि रिच्छा। बिसरी सबहिं युद्ध की इच्छा
सो कपि भालु न रण मैं देखा। कीन्हेसि जेहि न प्राण अवशेखा

दो॰ दश दश शर सब मारेसि परे भूमि कपि बीर
सिंह नाद करि गर्जेउ मेघ नाद बल धीर ॥

देखि पवनसुत कटक बिहाला। क्रोधवंत जनु धायउ काला
महा शैल एक तुरत उपारा। अति रिस मेघ नाद परडारा
आवत देखि गयउ नभ सोई। रथ सारथी तुरंग सब खोई
बार २ प्रचार हनुमाना । निकट न आव भरस सो जाना
रघुपति निकट गयउ घननादा। नाना भांति कहै दुर्बादा ॥
अस्त्र शस्त्र आयुध सब डारे। कौतुक ही प्रभु काट निवारे
देखि प्रताप मूढ़ खिसियाना। करै लाग माया विधि नाना
जिमि कोउ करै गरुड़ से खेला। डर पावै गहि स्वल्प सपेला

दो॰ जासु प्रबल माया विवस शिव बिरंचि बड़ छोट
ताहि दिखावै निशिचर निज माया मति खोट

नभ चढ़ि बरष विपुल अंगारा। महि तें प्रगट होहिं जलधारा
नाना भांति पिशाच पिशाची। मारु काटु धुनि बोलहिं नाची
विष्टा पूप रुधिर कच हाड़ा। बरषै कबहु उपल बहु छाड़ा
बरषि धूरि कीन्हेसि अंधियारा। सूझ न आपन हाथ पसारा

पुनः कहि ना
रद बचन स्म
रण हेतु ना
रद जू गये रहे
कि छः मास के
अंतर जेहि
दिन जगि हौ
ताही दिन मृत्यु

टी॰
रा॰ लं॰
३३

होयगी अरु रा
म रूप गुण स्म
र्छ करि मगन भ
यो तब रावण म
टा मिष कोहिन्ह
घट खवाइ ताकी
मति बौराय दई
॥ ६ ॥

कपि अकुलाने माया देखे ॥ सबकर मरण बना यहि लेखे
कौतुक देखि राम मुसकाने ॥ ॥ भये सभीत सकल कपि जाने ।
एक बाण काटी सब माया ॥ ॥ जिमि दिनकर हर तिमिर निकाया
कृपादृष्टि कपि भालु विलोके ॥ भये प्रबल रण रहहिं न रोके ॥ ॥

दो॰ आयसु मागी राम पहँ अंगदादि कपि साथ
लछिमण चले कुद्ध रघुनाथ सरासन हाथ ॥

जलज नयन उर बाहु विशाला । हिमगिरि निभ तनु कछु इक लाला
इहाँ दशानन सुभट पठाये ॥ ॥ अस्त्र शस्त्र नाना गहि धाये ॥
भूधर नख विटपायुध धारी ॥ । धाये कपि जय राम पुकारी ॥ ॥
भिरे सकल जोरिहि सन जोरी । इतउत जय इच्छा नहिं थोरी
मुठिकन्ह लातन दाँतन मारहिं । कपि जय शील मारि पुनि डारहिं
मारु मारु धरु धरु धरु मारू । शीश तोरि गहि भुजा उपारू
अति रव पूरि रही नभ रूडा । धावहिं जहँ तहँ रुंड प्रचंडा ॥
देखहिं कौतुक नभ सुर वृन्दा । कबहुँक विस्मय कबहुँ अनन्दा

दो॰ रुधिर गाड़ भरि भरि जम्यो ऊपर धूरि उड़ाय
जनु अंगार राशि तन्ह पर मृतक धूम रह्यो छाय

घाइल वीर विराजत कैसे ॥ ॥ कुसुमित किंसुक केतु जैसे
लछिमण मेघनाद दोउ योधा । भिरहिं परस्पर करि अति क्रोधा
एकहि एक सकै नहिं जीती । निशिचर छल बल कीन्ह अनीती
क्रोधवंत तब भयउ अनंता ॥ भंजेउ रथ सारथी तुरंता ॥ ॥
नाना विधि प्रहार कर शेषा ॥ राक्षस भयो प्राण अवशेषा ॥

रावण सुत निज मन अनुमाना ॥ शंकर भयउ हरिहि मम प्राना ॥
बीर घातिनी छाँडसि साँगी ॥ ॥ तेज पुंज लक्ष्मण उर लागी ॥ ॥ ॥
मूरछा भई शक्ति के लागे ॥ ॥ तब चलि गयो निकट भय त्यागे ॥
दो॰ मेघनाद सम कोटि शत योधा रहे उठाइ ॥ ॥ ॥
जगदाधार अनंत किमि उहैं चलें खिसि आइ
सुनु गिरिजा क्रोधानल जासू । जारै भुवन चारि दश आसू ॥ ॥
सक संग्राम जीति को ताही । सेवहिं सुर नर अग जग जाही ॥
यह कौतूहल जानै सोई ॥ ॥ ॥ जा पर कृपा राम कै होई ॥ ॥ ॥
सन्ध्या भई फिरी दोउ अनी ॥ लगे सँभारन निज निज धनी
व्यापक ब्रह्म अजित भुवनेश्वर । लक्ष्मण कहाँ बूझ करुणाकर
तब लगि लै आयेउ हनुमाना । अनुज देखि प्रभु अति दुख माना
जामवंत कह बैद सुखेना ॥ ॥ लंकहि को पठइय लेना ॥ ॥
धरि लघु रूप गयो हनुमंता ॥ ॥ आनेउ भवन समेत तुरंता ॥ ॥ ॥
दो॰ राम पदारबिंद शिर नायो आइ सुखेन ॥ ॥ ॥
कहा नाम गिरि औषधी जाहु पवन सुत लेन
राम चरण सरसिज उर राखी । चला प्रभंजन सुत बल भाषी
उहाँ दूत एक मरम जनावा ॥ रावण कालनेमि गृह आवा ॥
दशमुख कहा मरमतेहि सुना । पुनि २ कालनेमि सिर धुना ॥
देखत तुहि नगर जेहि जारा । तासु पंथ को रोकन हारा ॥ ॥
भजि रघुपतिहिं करहि हित अपना । छाडहु नाथ वृथा कल्पना
नील कंज तनु सुन्दर श्यामा । हृदय राखि लोचन अभिरामा

लक्ष्मण जीका युद्ध मेघनादसे

मैं तैं मोर मूढ़ता त्यागू ॥ । महामोह निशि सोवत जागू
काल व्याल कर भक्षक जोई । सपनेहु समर कि जीतिय सोई
दो॰ सुनि दशकंध रिसान अति तेहि मन कीन्ह विचार
राम दूत कर मरौं बरु यह खल रत मल भार ॥
अस कहि चला रचिसि मग माया । सर मंदिर बर बाग बनाया
मारुत सुत देखा शुभ आश्रम । मुनिहि बूझ जल पिअउ जाइ श्रम
राक्षस कपट बेष तहं सोहा । माया पति दूतहि चह मोहा
जाइ पवन सुत नायउ माथा । लाग सो कहै राम गुण गाथा
होत महा रण रावण रामहिं । जितिहहिं राम न संशय यामहिं
इहां भए मैं देखौं भाई । ज्ञान दृष्टि बल मोहि अधिकाई
मागा जल तेहि दीन्ह कमंडल । कह कपि नहिं अघाउं थोरे जल
सर मज्जन करि आतुर आवहु । दीक्षा देउं ज्ञान जेहि पावहु
दो॰ सर पैठत कपि पद गहा मकरी तब अकुलान
मारी सो धर दिव्य तन चली गगन चढ़ यान
कपि तब दरश भयउ निष्पापा । मिटा तात मुनिवर कर सापा
मुनि न होइ यह निशिचर घोरा । मानहु सत्य वचन कपि मोरा
अस कहि गई अपसरा जबहीं । निशिचर निकट गयउ कपि तबहीं
कह कपि मुनि गुर दक्षिना लेहू । पाछे हमहिं मंत्र तुम्ह देहू ॥
शिर लगूर लपेटि पछारा । निज तन प्रगटेसि मरती बारा
राम राम कहि छाडेसि प्राना । सुनि मन हरषि चले हनुमाना
देखा शैल न औषधि चीन्हा । सहसा गिरि उपारि कपि लीन्हा

टी॰ रा॰ लं॰ ३७

गहि गिरि निशि नभ धावत भयऊ। अवधपुरी ऊपर कपि गयऊ

दो॰ देखा भरत बिशाल अति निशिचर मन अनुमानि

बिनु फर शायक मारेउ चाप श्रवण लगि तानि

परेउ मुरछि महि लागत शायक। सुमिरत राम राम रघुनायक

सुनि प्रिय बचन भरत तब धाये। कपि समीप अति आतुर आये

बिकल बिलोकि कीश उर लावा। जागत नहिं बहु भाँति जगावा

मुख मलीन मन भयउ दुखारी। कहत बचन भरि लोचन बारी

जेहि बिधि राम बिमुख मोहि कीन्हा। तेहि पुनि यह दारुण दुख दीन्हा

जो मोरे मन बच अरु काया॥ प्रीति राम पद कमल अमाया

तौ कपि होउ बिगत श्रम शूला। जो मोपर रघुपति अनुकूला

सुनत बचन उठि बैठ कपीशा। कहि जय जयति कौशलाधीशा

सो॰ लीन्ह कपिहि उर लाय पुलकित तन लोचन सजल

प्रीति न हृदय समाय सुमिर राम रघुकुल तिलक

तात कुशल कह सुखनिधान की। सहित अनुज अरु मात जानकी

कपि सब चरित समास बखाने। भये दुखी मन महुँ पछिताने

अहह दैव मैं कत जग जायउँ। प्रभु के एकौ काज न आयउँ

जानि कुअवसर मन धरि धीरा। पुनि कपि सन बोले बरबीरा

तात गहर होइहि तोहि जाता। काज न साइहि होत प्रभाता

चढ़ु मम शायक शैल समेता। पठवहुँ तोहि जहँ कृपा निकेता

सुनि कपि मन उपजा अभिमाना। मोरे भार चलिहि किमि बाना

राम प्रभाव बिचारि बहोरी॥ बंदि चरण कपि कहकर जोरी

टी॰ रा॰ लं॰ ३८

दो॰ तब प्रताप उर राखि प्रभु जैहौं नाथ तुरंत ॥ ॥
अस कहि आयसु पाइ पद बंदि चले हनुमंत
भरत बाहु बल शील गुण प्रभु पद प्रीति अपार
मनमहुँ जात सराहत पुनि पुनि पवन कुमार ॥
उहाँ राम लक्ष्मणहिं निहारी। बोल बचन मनुज अनुहारी॥
अर्द्ध राति गइ कपि नहिं आयो। राम उठाय अनुज उर लायो।
सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ। बंधु सदा तव मृदुल सुभाऊ
मम हित लागि तजेउ पितु माता। सहेउ विपिन हिम आतप बाता
सो अनुराग कहाँ अब भाई॥। उठहु न सुनि मम बच बिकलाई
जौ जनितेउँ बन बंधु बिछोहू। पिता बचन मन तेउँ नहिं तोहू
सुत बित नारि भवन परिवारा। होंहि जाहिं जग बारहिं बारा
अस बिचार जिय जागहु ताता। मिलै न जगत सहोदर भ्राता।
यथा पंख बिनु खग अति दीना। मणि बिनु फणि करि वर कर हीना
अस मम जिवन बंधु बिनु तोहीं। जो जड़ दैव जिआवै मोहीं॥॥
जैहौं अवध कवन मुँह लाई॥। नारि हेतु प्रिय बंधु नाँवाई॥
वरु अपयश सहतेउँ जग माहीं। नारि हानि बिशेष क्षति नाहीं
अब अवलोक शोक सुत तोरा। सहहिं निठुर कठोर उर मोरा
निज जननी के एक कुमारा॥ तात तासु तुम प्राण अधारा
सौंपेहु मोहि तुमहि गहि पानी। सब विधि सुखद परम हित जानी
उतरु काह देहौं तोहि जाई॥। उठि किन मोहिं सिखावहु भाई
बहु विधि शोचत शोच विमोचन। स्रवत सलिल राजिव दल लोचन

टी॰
रा॰ लं॰
३९

सुखेनवैद्य
लक्ष्मणजीको मूरछाभई
शक्तिके लगनेसे


भरत जीने हनूमान को बाण पर उठाया

टी. रा. सं. ५२

उमा एक अखंड रघुराई । नरगति भक्ति कृपाल देखाई

सो. प्रभु प्रलाप सुनि कान बिकल भये बानर निकर
आइ गये हनुमान जिमि करुणा महं वीर रस

हरषि राम भेंटे हनुमाना । अति कृतज्ञ प्रभु परम सुजाना
तुरत वैद्य तब कीन्ह उपाई । उठि बैठे लक्षमण हरषाई
हृदय लाइ भेट्यो प्रभु भ्राता । हरषे सकल भालु कपि व्राता
कपि पुनि वैद्य तहां पहुंचावा । जेहि विधि तबहिं ताहि ले आवा
यह वृत्तांत दशानन सुनेऊ । अति विषाद पुनि शशि रघुनेऊ
व्याकुल कुंभकरण पहं आवा । विविध यतन करि ताहि जगावा
जागा निशिचर देखिय कैसा । मानहु काल देह धरि बैसा
कुंभकरण बूझा कह भाई । काहे तव मुख रहेउ सुखाई
कथा कही सब तेहि अभिमानी । जेहि प्रकार सीता हरि आनी
तात कपिन्ह सब निशिचर मारे । महा महा योधा संघारे ॥
दुर्मुख सुररिपु मनुज अहारी । भट अतिकाय अकंपन भारी
अपर महोदर आदिक वीरा । परे समर महि सबरण धीरा

दो. सुनि दशकंधर बचन तब कुंभकरण बिलखान
जगदंबा हरि आनि अब शठ चाहत कल्यान

भल न कीन्ह तैं निशिचर नाहा । अब मोहि आइ जगाएहि काहा
अजहूं तात त्यागि अभिमाना । भजहु राम होइहि कल्याना
है दश शीश मनुज रघुनायक । जाके हनूमान से पायक
अहह बंधु तैं कीन्ह खोटाई । प्रथम हि मोहि न जगायहु आई

टी. रा. लं. ४२

कीन्हेउ प्रभु विरोध तेहि देवक। शिव विरंचि सुरजाके सेवक
नारद मुनि मोहि ज्ञान जो कहा। कहतेउं तोहि समय निरवहा
अब भरि अंक भेटु मोहि भाई। लोचन सुफल करौं मैं जाई
श्यामगात सरसीरुह लोचन। देखौं जाय ताप त्रय मोचन
दो. राम रूप गुण सुमिरत मगन भयउ क्षण एक
रावण मागेउ कोटि घट मद अरु महिष अनेक
महिष खाइ अरु मदिरा पाना। गर्जा वज्राघात समाना।
कुंभकरण दुर्मद रण रंगा। चला दुर्ग तजि सेन न संगा
देखि विभीषण आगे आयउ। परेउ चरण निज नाम सुनायउ
अनुज उठाइ हृदय तेहि लायो। रघुपति भक्ति जान मन भायो
तात लात रावण मोहि मारा। कहत परम हित मंत्र विचारा
तेहि गलानि रघुपति पहं आयउं। देखि दीन प्रभु के मन भायउं
सुनुत भयउ कालबस रक्षा। सो कि मान अब परम सिखावन
धन्य धन्य तैं धन्य विभीषण। भयउ तात निशिचर कुल भूषण
बंधु बंश तैं कीन्ह उजागर। भजेउ राम शोभा सुख सागर
दो. बचन कर्म मन कपट तजि भजेहु राम रण धीर
जाहु न निज पुर सरुमोहि भयउ कालबस बीर
बंधु बचन सुनि चला विभीषण। आयउ जहं त्रैलोक विभूषण
नाथ भूधराकार शरीरा। कुंभकरण आवत रणधीरा
एतना कपिन सुना जब काना। किल किलाइ धाये बलवाना
लिये उठाइ बिटप अरु भूधर। कट कटाइ डारहिं ता ऊपर

कोटिकोटि गिरि शिखर प्रहारा। करहिं भालु कपि एक२ वारा
मुरयो न मनतनु टरयो न टारयो। जिमि गजअर्क फलन को मार्यो
तब मारुतसुत मुठिका हन्यो। पर्यो धरणि व्याकुल सिर धुन्यो
पुनि तेहि उरि मारेउ हनुमंता। घूर्मित भूतल परेउ तुरंता॥
पुनि नलनीलहि अवनि पछारेसि। जहंजहं पटकि२ भट मारेसि
चली बली मुरत मन पराई। अतिभय त्रसित न कोउ समुहाई
दो॰ अंगदादि कपि मूर्छित करि समेत सुग्रीव॥
कांखि दाबि कपिराज कहं चला अमित बलसींव
उमाकरत रघुपति नरलीला। खेलगरुड़ जिमि अहिगण मीना
मृकरि भंग कालहि जो खाई। ताहि कि सोहै ऐसि लराई
जगपावन कीरति बिस्तरहहिं। गाइगाइ भवनिधि नर तरहहिं
मूर्छा गइ मारुत सुत जागा। सुग्रीवहिं तब खोजन लागा
सुग्रीवहु के मूर्छा बीती। निबुकगयउ तेहि मृतक प्रतीती
काटेसि दसन नासिका काना। गर्जि अकास चलेउ तेहि जाना
गहेउ चरण गहि भूमि पछारा। अति लाघवं उठि पुनि तेहि मारा
पुनि आयउ प्रभु पहं बलवाना। जयति जयति जय कृपानिधाना
नाक कान काटे जिय जानी। फिरा क्रोध करि भै मन ग्लानी
सहज भीम पुनि बिनु मुनि नासा। देखत कपि दल उपजी त्रासा
दो॰ जय जय जय रघुबंश मणि धाये कपि करि हूह
एकहि बार ताहि पर डारेन्हि गिरि तरु जूह
कुंभकरण रण रंग बिरुद्धा। सन्मुख चला काल जनु क्रुद्धा

दी॰ ए॰ ले॰ ४६

कोटि कोटि कपि धरि २ खाई। जनु टीड़ी गिरि गुहा समाई ॥
कोटिन्ह गहि शरीर मन मर्दा। कोटिन्ह मीजि मिलावहि गर्दा
मुख नासा श्रवणन की वाटा। निसर पराहिं भालु कपि ठाटा
रण मद मत्त निशाचर दर्पा। विश्व ग्रसिहि जनु यहि विधि अर्पा
मुरे सुभट सब फिरहिं न फेरे। सूरु न नयन सुनहिं नहिं टेरे
कुंभ करण कपि फौज बिडारी। सुन धाई रजनीचर झारी ॥
देखी राम कटक बिकलाई। रिपु अनीक नाना विधि आई
दो॰ सुनु सुग्रीव विभीषण अनुज मम्हारेउ सैन
मैं देखों खल बल दलहि बोले राजिव नैन
करि सारंग साजि कटि भाथा। अरि दल दलन चले रघुनाथा
प्रथम कीन्ह प्रभु धनुष टंकोरा। रिपु दल बधिर भयउ सुनि सोरा
सत्य संध छाड़े सर लक्षा। काल सर्प जनु चले सपक्षा ॥
जहं तहं चले विपुल नाराचा। लगे कटन भट विकट पिशाचा
कटहिं चरण उर शिर भुज दंडा। बहुतक बीर होहिं गत खंडा
घुर्मि घुर्मि घायल महि परहीं। उठैं संभारि सुभट फिरि लरहीं
लागत बाण जलद जिमि गाजहिं। बहुतक देखि कठिन सर भाजहिं
रुंड प्रचंड मुंड बिनु धावहिं। धरु धरु मारु मारु पुनि गावहिं
दो॰ क्षण में प्रभु के सायकहि काटे विकट पिशाच
पुनि रघुबीर निखंग महिं प्रविसे सब नाराच
कुंभ करण मन दीख विचारी। हति क्षण गांह निशाचर धारी
भा अति क्रुद्ध महा बल बीरा। कियो मृगनायक नाद गंभीरा

टी॰ रा॰ लं॰ ५५

कोपि महीधर लेइ उपारी। डारै जहं मर्कट भट भारी ॥
आवत देखि शैल प्रभु भारे। सरन्हि काट रज सम कर डारे
पुनि धनु तानि कोपि रघुनायक। छाड़े अति कराल बहु सायक
तन महं प्रविस निसर सर जाहीं। जिमि दामिनि घन मांझ समाहीं
सोणित श्रवत सोह तन कारे। जनु कज्जल गिरि गेरु पनारे
बिकल बिलोकि भालु कपि धाये। बिहसा जबहिं निकट कपि आये
दो॰ महानाद करि गर्जा कोटि कोटि गहि कीश
महि पटके गज राज इव शपथ करै दशशीश
भागे भालु बली मुख यूथा। वृक्ष बिलोकि जिमि मेष बरूथा
चले भाग कपि भालु भवानी। बिकल पुकारत आरत बानी
यह निशिचर दुकाल सम अहई। कपि कुल देस परन अब चहई
कृपा बारिधर राम खरारी। पाहि पाहि प्रणतारति हारी
सकरुण बचन सुनत भगवाना। चले सुधारि सरासन बाना
राम सेन निज पाछे घाली। चले सकोप महा बल साली
खैंच धनुष सर शत संधाने। छूटे तीर शरीर समाने ॥
लागत सर धावा रिस भरा। कुधर डगमगत डोलत धरा
लीन्ह एक तेहि शैल उपाटी। रघुकुल तिलक भुजा सोइ काटी
धावा बाम बाहु गिरि धारी। प्रभु सोउ भुजा काटि महि पारी
काटे भुजा सोइ खल कैसा। पक्षहीन मंदर गिरि जैसा
उग्र बिलोकन प्रभुहि बिलोका। ग्रसन चहत मानहु त्रयलोका
दो॰ करि चिक्कार घोर अति धावा बदन पसारि

टी॰ रा॰ ल॰ ४६

गगन सिद्ध सुर त्रासित तहं हा हा कार पुकारि

सभय देव करुणा निधि जान्यौ। श्रवण प्रजंत सरासन तान्यौ

बिशिष निकर निशिचर मुख भेऊ। तदपि महाबल भूमि न पेऊ

सरन्हि भरा मुख सन्मुख धावा। काल त्रोण सजीव जनु आवा

तब प्रभु कोपि तीव्र सर लीन्हा। धरते भिन्न तासु शिर कीन्हा

सो शिर परेउ दशानन आगे। बिकल भयउ जिमि फणि मणि त्यागे

धरणि धसै धर धाव प्रचंडा। तब प्रभु काटि कीन्ह युग खंडा

परे भूमि जिमि नभते भूधर। हिटि दाव कपि भालु निशाचर

तासु तेज प्रभु बदन समाना। सुर मुनि सबहि अचंभौ माना

सुर दुंदुभी बजावहिं हरषहिं। अस्तुति करहिं सुमन बहु बरषहिं

करि बिनती सुर सकल सिधाए। रुचिर वीर रस प्रभु मन भाए

गगनो परि हरि गुण गण गाये। तेही समय देव ऋषि आये

वेगि हनहु खल कहि मुनि गये। राम समर महिं शोभित भये

छं॰ संग्राम भूमि बिराज रघुपति अतुल बल कौशल धनी

श्रम बिंदु मुख राजीव लोचन अरुण तन सोणित कनी

भुज युगल फेरत सर सरासन भालु कपि चहुं दिशि बने

कह दास तुलसी कहन सक छबि शेष जेहि आनन घने

दो॰ निशिचर अधम मलाय तन ताहि दीन्ह निज धाम

गिरिजा ते नर मंद मति जे न भजहिं श्रीराम

दिन के अंत फिरी दोउ अनी। समर भई सुभटन्ह श्रम धनी

राम कृपा कपि दल बल बाढ़ा। जिमि तृण पाइ लाग अति डाढ़ा

टी॰ रा॰ लं॰ ४७

छीजहिं निशिचर दिन अरु रैनी। जिमि मुख कहे मुकृत जेहि भानी
बहु बिलाप दशकंधर करई। बंधु शीश पुनि२ शिर धरई
रोवहिं नारि हृदय हति पानी। तासु तेज बल बिपुल बखानी
मेघनाद तेहि अवसर आयो। कहि बहु कथा पिता समुझायो
देखहु कालि मोरि मनु साई। अबहि बहुत का करौं बड़ाई
इष्टदेव सों बल रथ पायेउं। सो बल तात न तोहि देखायेउं
बहि बिधि जल्पत भयउ बिहाना। चहुंदुवार लागे कपि नाना
इत कपि भालु काल समबीरा। उत रजनीचर अति रणधीरा
लरहीं भट निज निज जय हेतू। बरणि न जाइ समर खगकेतू
दो॰ मेघनाद माया मय रथ चढ़ि गयउ अकास
गर्जेउ अट्टहास करि भइ कपि कटक हिं त्रास

शक्ति शूल तरवार कृपाना। अस्त्र शस्त्र कुलिशायुध नाना
डारैं परघ परिघ पाषाणा। लागेउ वृष्टि करै बहु बाणा
दश दिशि रहे बाण नभ छाई। मानहु मघा मेघ झरि लाई
धरु धरु मारु सुनिय धुनि काना। जो मारतेहि कोउ न जाना
गहि गिरि तरु अकास कपि धावहिं। देखहिं तेन्हि चितइ फिर आवहिं
अवघट घाट बाट गिरि कंदर। माया बल कीन्हेसि सर पंजर
जांहि कहां व्याकुल भये बंदर। सुरपति बंदि परेउ जनु मंदर
मारुत सुत अंगद नल नीला। कीन्हेसि बिकल सकल कलशीला
पुनि सुग्रीव बिभीषण लक्ष्मन। सरन्ह मारि कीन्हेसि जर्जर तन
पुनि रघुपति सैं जूझै लागा। सर छाड़ै होइ लाग हिं नागा

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कुंभकरण का युद्ध रामलक्ष्मण से
अंगद

व्याल पास बस भयउ खरारी। स्वबस अनंत एक अबिकारी
नट इव कपट चरित कर नाना। सदा स्वतंत्र एक भगवाना॥
रण शोभा लगि प्रभुहि बंधायो। नाग पास देवन दुख पायो

दो॰ गिरिजा जासु नाम जपि मुनि काटहिं भव पास
सो कि बंधतर आवे व्यापक विश्व निवास॥

चरित राम के सगुण भवानी। तरक न जांइ बुद्धि बल बानी
अस बिचारि जे तग्य बिरागी। रामहिं भजहिं तर्क सब त्यागी
व्याकुल कटक कीन्ह घननादा। पुनि भा प्रगट कहे दुर्वादा
जामवंत कह खल रहु ठाढ़ा। सुनकर ताहि क्रोध अति बाढ़ा
बूढ़ जानि सठ छांड़उं तोही। लागेसि अधम पचारे मोही
अस कहि तरल त्रिशूल चलायो। जामवंत कर गहि सोइ धायो
मारेसि मेघ नाद के छाती। परा भूमि घुर्मित सुर घाती
पुनि रिसान गहि चरण फिरायो। महि पछारि निज बल देखरायो

दो॰ ख॰ लं॰ ५०

वर प्रसाद सो मरै न मारा। तब गहि पद लंका पर डारा
इहां देव ऋषि गरुड़ पठायो। राम समीप सपदि सो आयो

दो॰ खगपति सब धर खाये माया नाग बरूथ
माया बिगत भये सब हरषे बानर यूथ॥
गहि गिरि पादप उपल नख धाये कीस रिसाय
चले तमीचर बिकल तर गढ़ पर चढ़े पराय

मेघनाद के सुरछा जागी। पितहि बिलोकि लाज अति लागी
तुरत गयउ गिरिवर कंदरा। करौं अजय मख अस मन धरा

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इहां बिभीषण मंत्र बिचारा। सुनहु नाथ बल अतुल उदारा
मेघनाद मख करै अपावन। रचल मायावी देव सतावन
जो प्रभु सिद्ध होइ सो पाइहि। नाथ बेगि पुनि जीति न जाइहि
सुनि रघुपति अति सयसुख माना। बोले अंगदादि कपि नाना
लक्ष्मण संग जाहु सब भाई। करहु बिध्वंस जज्ञ कर जाई
तुम्ह लक्ष्मण रण मोरहु ओही। देखि सभय सुर दुख अति मोही
मारेहु तेहि बल बुद्धि उपाई। जेहि छीजै निसिचर सुनु भाई
जामवंत सुग्रीव बिभीषण। सेन समेत रहहु तीनो जन
जब रघुबीर दीन्ह अनुसासन। कटि निषंग कसि साज सरासन
प्रभु प्रताप उर धरि रण धीरा। बोले घनइव गिरा गंभीरा
जौ तेहि आज बधे बिनु आवौं। तो रघुपति सेवक न कहावौं
जौ सत शकर करहिं सहाई। तदपि हतौं रघुबीर दोहाई

ए. सं. दी. ५२

दो. रघुपति चरण नाइ शिर चलेउ तुरंत अनंत
अंगद नील मयंद नल संग सुसट हनुमंत।

जाइ कपिन्ह सो देखा कैसा। आहुति देत रुधिर अरु भैसा
कीन्ह कपिन्ह सब जज्ञ बिध्वंसा। जब न उठै तब करहिं प्रशंसा
तदपि न उठै धरहिं कच जाई। लातन हति २ चलें पराई
लै त्रिशूल धावा कपि भागे। आये जहं रामानुज आगे ॥
आवा परम क्रोध कर मारा। गर्जे घोर रव बारहिं बारा ॥
कोपि मरुत सुत अंगद धाये। हति त्रिशूल उर धरणि गिराये
प्रभु कहं छांड़ि त्रिशूल प्रचंडा। सर कृति कृत अनंत युग खंडा

उठि बहोरि मारुत युवराजा। हतहिं कोपि तेहि घावन बाजा
फिरे बीर रिपु मरै न मारा। तब धावा करि घोर चिकारा
लक्षमण मत अस मंत्र दृढ़ावा। यहि पापिहि मैं बहुत खेलावा
आवत देखि क्रुद्ध जनु काला। लक्षमण छाड़े बिसिख कराला
देखेसि आवत पवि समधाना। तुरत भयउ खल अंतर ध्याना
बिबिध बेष धरि करै लराई। कबहुंक प्रगट कबहुं दुरि जाई
देखि अजय रिपु डरपे कीशा। परम क्रुद्ध तब भये अहीशा
सुमिरि कौशलाधीश प्रतापा। सर संधान कीन्ह करि दापा
छाड़ा बाण मांझ उर लागा। मरती बार कपट सब त्यागा

टी. रा. लं. ५२

दो. रामानुज कहि राम कहि अस कह छाड़ेसि प्रान
धन्य शक्र जित मात तव कहि अंगद हनुमान

बिनु प्रयास हनुमान उठायो। लंका द्वार राखि पुनि आयो
तासु मरण सुन सुर गंधर्वा। चढ़ि बिमान आये सुर सर्वा
बरषि सुमन दुंदुभी बजावहिं। श्री रघुनाथ बिमल यश गावहिं
जय अनंत जय जगदाधारा। तुम प्रभु सब देवन्ह निस्तारा

क्षेपक

अस्तुति करि सुर सिद्ध सिधाये। लछिमण कृपा सिंधु पहं आये
प्रभुहि बिलोकि शीश पद नावा। अनुज उठाय हरष उर लावा
कृपा दृष्टि करि अनुजहिं हेरा। बिगत भयो श्रम जब कर फेरा
बाण बेधि तन देखियत कैसे। कनक तृण सर पूरित जैसे॥
मुख प्रसन्न ता देखि छके सब। रिपु बध कहेउ बिभीषण ही तब
धरेउ शीश आनि प्रभु आगे। बानर भालु बिलोकन लागे
प्रभु कौतुकी निरखि सो शीशा। राखन कहेउ कोशलाधीशा

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ प्रभु आयसु सुनि कीस पति राखेउ यतन कराइ
कटक सहित रघुबंश मणि शोभित अति दोउ भाइ
कृपा दृष्टि सब कटक निहारे। भए श्रम रहित राम बैठारे ॥
सुनहुं उमा इहि बिधि रिपु मारे। सुर गंधर्व मुनि भए सुखारे
अब सो सुनहु भुजा तेहि केरी। खग जिमि गई लंक शर प्रेरी
मेघनाद आंगन मैं परी। बाण बेधि श्रोणित सन भरी
देखति तहां सुलोचनि कैसी। रतितें रुचिर रूप गुण जैसी
नाग सुता दशकंध पतोहू। बासव रिपु तिय छबि मय जोहू
हेम सिंहासन सोहत बाला। सेवत विद्याधर त्रय माला
पूजत विविध बिनय करताही। सुख प्रमोद को सकत सराही
तहं पति भुजा परी इहि भांती। मनहुं सकल सुख तरु की कांती
दो॰ तब निज दासिन्ह देखि तहं श्रोणि श्रवत भुजदंड
भयउ समर आश्चर्य मय मनहुं अखंडन खंड
सुनकर सकल सखी मुख बैना। तजि सिंहासन उठी सुनैना
प्रेम सुभाव धुकधुकी धरकी। सूचक अशुभ दहनि भुज फरकी
होत महारण रावण रामहिं। बीर धुरीण मोर पिय तामहिं
सकल सुरासुर सकहिं न जूझी बिधि बामता परत नहिं बूझी
इतना कहत गई चलि आपू। पति भुज लखि करि कोटि कलापू
कंचन मणिगण भूषण सोई। महा बिटप सम आनन होई
देखत मनहि न आवत तेही। जासु प्रभाव सुनहुं किन लेही
नींद नारि भोजन परिहरही। बारह बरष तासु कर मरही

टी॰ रा॰ लं॰ ५३

दो॰ करि बिचार मन टेकदै मैं पति देवत नारि ॥
भुज लिख मेटहु दुचितई सुन कर दीन पसारि
लखि रुष तासु सखी उठि धाई। सो तिहि खोज खरी लै आई
दीन्ह हाथ मणि मय अंगनाई। लिखन लषण कीरति रुचिराई
नींद नारि भोजन शत कोटी। तजत तासु महिमा अति छोटी
अक्षय अखंड अलख अविनाशी। अतुल अमित घट के वासी
प्रगटहिं पालहिं पुन संहरई। त्रिगुण रूप त्रय मूरति धरई
जो कालहु कर काल भयंकर। बरणत शेष शारदा शंकर ॥
लीला तनु सुर सेवक हेतू। जासु नाम भव सागर सेतू ॥
मुनि मन पुंडरीक जाके घर। बचन बिबेक बिचार बुद्धि बर

दो॰ कोटि कल्प बरणत निगम अगम जासु गुण गाथ
तम शरीर जड़ जीव बिनु किमि बरणत लिखि हाथ
मम शिर गयो दरश रघुराई। तव प्रतीति लगि भुजा पठाई
इहि विधि लिखेउ सकल भुज बाता। परी भूमि तब अति बिकलाता
बांच सकल भुज लिखत यथारथ। लक्ष्मण राम नाम पर मारथ
त्रिया सुभाव तदपि बहु भांती। बिलपत सकल सखिन कर पांती
गुण गण साहस शील नाहको। कहि रोवत बल बिपुल बांहको
जेहि भुज बल सुरनाथ बिगोवा। सो प्रभु आजु समर महि सोवा
मणि गण भूषण बसन बिसारत। महि लोटत कर तल शिर मारत
मगन बिपत निज तन सुध नाहीं। दारुण बिपति कहिन केहि पाहीं
छिनक प्रबोध सखी कोउ करही। बहुर शोक दावानल जरही

छिन छिन उठत परत धरणी तल। पुनि पुनि सब सराह पति कोवन

दो॰ तिनमें सखी सयान इक कहि समुझावत बैन ॥

शोक छाड़ पति देवता सुमति करौ मति ऐन ॥

सुनकर सहसानन तन जाता। सत्य कहत तुम सखी सुमाता

विधि निर्मित दुख मो कहं लाहू। सुख परिपूर भवन सब काहू

विजय राम लक्ष्मण कहं आवा। सुयश सकल मर्कट कुल पावा

कुल कलंक बड़ लहेउ विभीषन। कुल कुठार अस सुनेउ न दीखन

छूट बंदि अस सुरगण केरी। निज निज पुर न दोहाई फेरी

मुनि पुलस्त्य कर भा कुलनाशा। अब रवि शशि सुख करहिं प्रकाशा

तेजवंत पावक परि हरि दुख। बहब समीर आजु अपने सुख

सलिल गंग निर्मल जल आजू। स्ववस बसहिं सुर नायक राजू

दो॰ यम कुबेर दिगपाल सब प्रमुदित सुर नर नाग

खाय अघाय बिहाय दुख पाइ सुयज्ञ विभाग

इतना कह मंदिर महं आई। देखत मणिगण धन बहुताई

सुरपति भवन सुपटतर नाहीं। जहं रिध सिध तन धरे क माहीं

देखत विनयन मन अनुरागा। पति पद प्रेम निपुण मन लागा

देत दान मणि भूषण चीरा। धेनु बसन मन हाटक हीरा।

मणिमय शिविका रुचिर सुहाई। भुज चढ़ाइ पहिराइ बनाई

आपन चढ़त भई पुनि आई। सुर दुर्लभ सुख सदन बिहाई

बीत राग जिमि तजत विषयगन। तेहि तस भांति दियो पति पद मन

सुक सारिका सुलोचन जाये। कनक पिंजरन राखि पढ़ाये

टी॰ रा॰ लं॰ ५५

व्याकुल कहं कहं जात सुनैना। सुन धीरज परिहरत सबैना
भए बिकल खग मृग इहि भांती। अपर दशा कैसे कहि जाती
प्रजा लोग गृह तजि संग लागे। प्रेम उमगि लोचन जल पागे
दो॰ बाजन लगे निसान बहु ढोल दुंदुभी भेरि ॥
पुरजन परिजन संग सब चले पालकी घेरि
देखि भीर दश कंधर द्वारे। सजक भये सब बीर प्रचारे
जानेउ कटक रिपुन कर आवा। अस्त्र शस्त्र कर गहि कर धावा
धनु चढ़ाय कटि तरकस बांधे। कोउ असि चर्म सरासन साधे
तोमर परशु प्रचंड गदा गहि। रोषन चोपे शूल शक्ति गहि
मारु मारु धरु धरु कहि धाये। प्रगट दशानन बिजय सुनाये
गर्जत तर्जत गिरा गंभीरा। समर भयंकर निशिचर बीरा
निकटहि निकट पालकी आई। चीन्ह सकल भट रहे लजाई
देखि जुहार नागपति कन्या। सती शिरोमणि त्रिभुवन धन्या
दो॰ द्वारपाल दशकंध बहु खबर जनाई जाय ॥
भयउ रजायसु बेगि तब बचन कहत बिलखाय
तुमहि अछत अस दशा हमारी। सुख तजि भई शोक अधिकारी
नभ पथ ह्वै भुज मम गृह परी। बाण बेधि श्रोणित तन भरी
देखि भुजा मन मैं अस डरी। संशय जानि दीन्ह कर खरी
लिखी राम लछिमण मुहि मारिन। क्रम क्रम सो सब कथा कही तिन
ठगि सी रही बांच गुण गाथा। जरिहों संग जो पाऊं माथा
रणक बंध भुज मम गृह आई। शिरतहं गयउ जहां रघुराई

टी॰ रा॰ लं॰ ५६

करहु सो यतन मिलहि मोहि शीशा। तुम सामर्थ निशाचर ईशा
सुनत कुलिश सम गिरा बधू की। जीवन आस दशानन मूकी
तदपि धीर धरि कर सिप्रबोधा। कहि कोइ मोहि समान जग योधा
दो॰ राम लषण सुग्रीव नल नील द्विविद हनुमंत
माथ बिभीषण रिषभ कर आनव मारि तुरंत
अब लगि रहेउ भरोसा भारी। कुंभकरण घन नाद सुरारी
सुनहु आज लगि कीन्ह न जूझा। इन सब कर पुरुषारथ बूझा
मरेउ सो नर बानर के मारे। बात सुनत अति लाज हमारे
गिनती कवन बीर मैं तिनकी। अति दुरदशा कीन्ह कपि जिनकी
तजहु शोक फुल बधू पतोहू। उन समान जिन जानसि मोहू
पुत्रि बिलंब करौ घटि चारी। देखहु मोर भयंकर भारी ॥
आनव शीश तव शत्रुन केरा। बिन प्रयास नहिं लावौं बेरा
भोगत जंतु पुराकृत भोगा। नतु किन निश्चर बनचर योगा
दो॰ मेरु उखारणहार जे धरा धरत कर बीच ॥
ते भट खाये मशक शिशु काल कुटिल तानीच
क्रोधावेष प्रगल्भहि बोली। हृदय शोक तन अचल न डोली
समाधान नहि मानत सोई। सुनि प्रलाप परितोष न होई
नर बानर पुरुषारथ देखत। बड़ो प्रभाव छोटकर लेखत
कूदि सिंधु लंका जेहि जारी। लघु कर मानत ताहि सुरारी
कुंभ करण अतिकाय महोदर। मम पति गिरेउ समेत सहोदर
ते रिपु चहत दशानन जीती। देखहु महा मोह कर रीती

टी॰ रा॰ लं॰ ५७

उतरु देहुं तौ पातक होई। कह बिवाद करि सर्बस खोई
फिरहि राज कछु मोहि न काजू। बिन पिय सकल नरक कर साजू
दो॰ तुरतहि उठी सुलोचना गइ मय तनयापास
पद गहि रोवत सकल कह प्रगट शोक इतिहास
आदिहि ते सब कथा बखानी। सुन सुन रोवत रावण रानी
कह निजपति भुज लिखत बहोरी। रामलषण महिमा नहिं थोरी
कह्यौ बहुरि दशकंधर क्रोधा। मुए बिडंबन कीन्ह सिबोधा
सुन निज पुत्र बधू की बानी। बोली दुखित मंदोदरि रानी
कहत सो मानहु सत्य सयानी। सुनी जो नारद मुनि की बानी
पाछिलि बात भई सब सांची। अनुभव कीन्ह न एकहु बांची
देवि न होइ मृषा रिष भाषत। अपने महा मोह मन राखत
अगली कथा समास समेता। सुन पुत्री ऋष बरणेउ जेता
बैरि भाव दशकंधर जूझव। प्राणहु गये नीत नहि बूझव
सिया शोक संकट तें छूटहिं। बानर भालु राज घर लूटहिं
सुरमुनि भूषण बसन बिमाना। भोग करहिं बनचर कुल नाना
दो॰ राज बिभीषण पाइहैं अमर कल्प निरबाह
भावी बस दुख सुख जगत उपदेशिय कहु काह
मुनिबर बचन मोहि परतीती। अनुभव दोउ हार अरु जीती
अब पुत्री पर हरि सब शोका। पति संग बेगि साध परलोका
जाहु राम पहं पति शिर लागी। तज संकोच आन किन मांगी
आज न होइ लाज कर भूषण। समैं हीन गुण गणिय न दूषण

टी॰ रा॰ लं॰ ५८

है पुनि ससुर बिभीषण तोरा। बालि तनय बालक सम मोरा
एक नारि ब्रत रघुबर केरा। लषण सुयश तुम सुनेउ घनेरा
जामवंत मंत्री सुग्रीवा ॥ । द्विबिद मयंद महा बल सीवा
जानहु ब्रह्मचर्य हनुमंता ॥ । शिव स्वरूप भवहर भगवंता
सदा नीति रत राम नरेशा। तहां जात कहु कवन कलेशा

दो॰ बिदित तोर पति भुज लिखत लक्ष्मण राम प्रभाव
हमहूं ऋषि भाषित कहेउ अब बिलंब जिन लाव

सुनत सासु मुख कर हित बानी। जाहुं राम पहं अस जिय जानी
बार बार चरणन शिर नाई। चली जहां लक्ष्मण रघुराई ॥
देखत कटक भालु कपि केरा। सिंधु सुबेल महीधर घेरा ॥
उमगेउ मनो महोदधि दूसर। हरित पीत कपि धूमर धूसर
व्योम लाल भाषत अनुहेरी। मनहु लेत बड़वानल घेरी।
गिरितरु धर भुज सहस भयंकर। जहं तहं प्रगट होइ जनु जलधर
लक्ष्मण शेष सु अंक शीश धर। कटक जलधि सोवत राघव बर
अखवट जहं तहं बैठि बिभीषण। अस सुकृती कहुं सुनेन दीषन

दो॰ देखत डरत सुलोचना धीरज धरत बहोरि
महाराज रघुबीर कहुं बिनय सुनावो मोरि

बानर सकल उठे अस बोली। अरि पुरतें आवत इक डोली
जानि परत रावण अब बूझा। भइ मति मेघनाद तब जूझा
हठ तजि सीतहि दीन पठाई। तजहु शोच अब मिटी लराई
जिह लगि प्रगट कीन्ह पुर आगी। बांधेउ सेतु हेतु जिहिं लागी

टी॰
रा॰ लं॰
५९

सोइ सीता अब बिन श्रम पाई। जानहु बिधि अनुकूल सहाई
बिजय राम सुग्रीवहि आवा। सुयश बीर बानर कुल पावा
बिरह राम लक्ष्मण कर छूटा। बिन कलेश लंका गढ़ लूटा
युग युग की रति चलब हमारी। कहं राक्षस कहं लघु बनचारी
दो॰ इहि बिधि चारु बिचारु करि निश्चै धरि मन माह
भयउ काज रघुराज कर बात दूसरी नाह ॥ ॥
पैठत कटक अतिहि सकुचाई। मान बिचारि जनु पर घर आई
आगेहि जाइ देखि रघुबीरा। छबि मय श्यामल गौर शरीरा
मरकत कनक छबिहि जनु निंदा। धन्य सो जन महिमा ते बिंदत
मत्त गयंद शुंड भुज दंडा। धनुष बाण असिधर पर चंडा
उर बिशाल अति उन्नत कंधर। कंबु कंठ रेखा त्रय सुंदर ॥
दसन पांति की कांत कहे को। लावत मन पट तरहि लहे को
देखत अधरन की अरुणाई। बिंबा फल बंधूक लजाई
शुक तुंडल नासिका लजाई। थाकेउ कवि पटतर नहि पाई
दो॰ छबि मय गुण मय तेज मय राम उदधि अवगाह
जहां न पावत पाव सुर किमि बरनौ कवि थाह
भृकुटी ललित कपोल सुहाये। शीश जटा कर मुकुट बनाये
भाल बिशाल तिलक युत सोहै। ध्यान समय मुनि मान समोहै
कल बल बसन तूण कटि बांधे। कर सर सुभग सरासन कांधे
बीरासन आसीन कृपाला। नव पल्लव प्रसून कर माला
चरण सरोज बरणि नहिं जाई। जहं मुनि मधुकर रहे लुभाई

टी॰ रा॰ लं॰ ६०

प्रगट भई जेहि थलते गंगा। श्रुति पुराण कह कथा प्रसंगा
नवत महेश बिरंचि जाहि को। लोचन गोचर होत काहि को
जल भारत भंजन जो कोई। भव सागर तारत के सोई ॥

दो॰ प्रणतपाल बिरदावली जिन चरणान की बान
शोक हरण संशय दलन करन सु मंगल खान

कर जोरे अंगद हनुमाना। द्विविद मयंद कुमुद बल बाना
जामवंत कपिपति बल शीला। ऋषभ सुषेन सहित नल नीला
महाबीर बानर सब राजत। लषण बिभीषण दोउ दिशि भ्राजत
मित भारत प्रभु चरण सुसेका। चितवत रुष रघुनंदन देवक
सभा मध्य सोहत अघ मोचन। कीन्हेउ सुफल निरखि निज लोचन
करत दंडवत शिर धर धरणी। तिहि कल चरित बिभीषण बरणी
पुत्र बधू दशकंधर केरी ॥ बड़ि पतिव्रता जानि प्रभु हेरी
मेघनाद की नारि सुशीला। असगति तव बिराध करलीला

दो॰ मुये जान पति भुजहि तव लिख समुझाई सोहि
महाराज रघुबंश मणि जाचत आई तोहि ॥

करत प्रणाम प्रेम नहिं थोरे। करुणा वचन कहत कर जोरे

छं॰ परसे चरण कर प्रेम पूरण प्रणत पाल रघरारि के
जिहि नमत शंकर शेष सुरमुनि धरणि भंजन भारके
प्रभु जानि सो विनती सुलोचनि करति कहि बिनती घनी
जय शोक हरण कृपाल जय जय जयत जय रघुकुलमनी
प्रभु ब्रह्म रूप सुभाव शीतल अतुल बल त्रिभुवनधनी

टी॰ ल॰ ६१

जय हरण धरणी भार बाहु बिशाल खंडन खल अची
तब दीन बंधु दयाल अपरम पार सब गुण आकरे ॥
करुणा निधान सुजान शील सनेह रूप उजागरे ॥
षट अष्ट लोक जो रचत पालत प्रलय सो मायासुरी
केहि भांति बरणौ नाथ गुण गण नारि जड़ मति बावरी
जेइ चरण ईश महेश सारद श्रुति निरंतर ध्यावहीं
हौं भूरि भाग सरोज पद सोइ हर्ष शिरु सु लगावहीं
छं॰ गह कर बाणी सारंग पाणी सब गुण खानी रामबली
सुर सुरभी रक्षक राक्षस भक्षक भक्त हि रक्षक मानव ली
मैं रिपु सुत नारी जान अघारी अधिकारी नहिं दुख भारी
हर बिरह दवारी अति भय कारी सह बहु बारी दुख कारी
तव सरणन आई जन सुख दाई रघुराई करुणा सागर
पति मस्तक पाऊं जर संग जाऊं शिर पाऊं शोभा आगर
पति मम तन त्यागी अति बड़ भागी अनुरागी जो मुक्त लई
ममता किम तासू बरणू आसू जासु अचल जग पांति रही
यह बिधि पद पंकज सेव्य रमा अज शिर नायउ दोउ कर जोर रही
सुन पंकज लोचन बचन सुलोचन लोचन मैं जल धार बही
दो॰ अस प्रभु दीन बंधु हरि कारण रहित दयाल
तुलसिदास शठ ताहि भज छाड़ कपट जंजाल
तुम अंतरजामी भगवाना । नहि तोहि आदि मध्य अवसाना
करुणा बचन सुनत रघुबीरा । पुलक रोम भयो शिथिल शरीरा

टी॰ रा॰ ल॰ ६२

देहुं जिवाय तोर पति आजू। करहु लंक कलप शत राजू॥
छाड़ शोच अब मन हरषाहू। तुरत भवन अपने फिर जाहू
सुन अस सत्य सिंधु कर बानी। मनमैं बनचर अति भयमानी
कहि न सकत कछु प्रभु रुषदेषी। कहा करब करतार बिशेषी॥
सब देवन कर शोच न जाई। जो कर कृपा राम इह जाई
दो॰ राज बिभीषण लंक कर केहि बिधि करिहहिं जाइ
समुझ बैर घननाद जब गहत सरासन धाइ॥
मुख रुख देखि कपिन भयमाना। प्रणत पाल भगवंत सुजाना
देखि बहुत रघुबर कर छोहू। बिनय करत दशकंध पतोहू॥
तुम उदार सब देवे लायक। करुणामय देखे रघुनायक
हमहु बिचारि दीख मन माहीं। जीवन ते अस मरण सराहीं
भुज बल जीत लोक बस कीन्हे। चौदह भुवन भोग कर लीन्हे
रण तीरथ जाचक बड़ चीन्हा। प्राण सुधन लक्ष्मण कर दीन्हा
अब न उचित पति दै उपहारा। तेहि पर अधिक सोदरश तुम्हारा
हमहू जाइ मरब सत साधी। मिलब तुमहिं जस मिलत समाधी
दो॰ निर्मल गति अवसर भयउ सुनहुं सत्य रघुबीर
तुमहिं मिलत नहिं होय भव यथा सिंधु गत नीर
मनकी जानन हार सुदेवा। भव सागर तारहु यह खेवा॥
लीनेउ राम कपीश बुलाई। मेघनाद शिर दीन्ह मंगाई॥
पाय कृतारथ मानेउ आपू। मिटा बिरह संभव परितापू॥
अंचल पोंछत मुख की धूरी। कहि मम प्राण सजीवन मूरी

टी॰
रा॰ लं॰
६३

देख संदेह कहत सुग्रीवा ॥ भुज गहि लिखत जीह बिनग्रीवा
हंसिहहि बदन तौ तियहै सांची। नातरु निशिचर माया जांची
कित अस ज्ञान मृतक भुज गावैं। जो मुनिवर साधन नहिं पावैं
प्रभु अस कहेउ हंसव यह शीशा। करत कुतर्क न उचित कपीशा

दो. सिरसों कहत सुलोचना हसहु बेगि मम नाथ
नातरु सत्य न मानिहैं लिखा जो तुमरे हाथ

छिनक बिलंब कीन्ह नहिं बोला। मृतक बदन मूंदत नहिं खोला
पुनि पुनि कहत सो नागकुमारी। श्रमित भयउ रणमें करि भारी
लगे लषण सर क्षोभ बढ़ावा। प्रभु समीप करि मोह लजावा
जो मन बचन करम यह देही। पति देवता न आन सनेही ॥
तौ प्रभु सभा बीच शिर बोलै। रहहि छाय यश सुयश अमोलै
जो जानत तव यह गति सांई। बोल पठावति पितहि सहाई
सुन तिय बचन हंसेउ तब शीशा। चौंके चकित भालु भट कीशा
हंसेउ ठठाय बदन सब देखा। बिस्मय भयउ सकल जिहि पेखा
कुलिश समान सुना नहिं जाई। रहेउ सो बदन बहुर अरगाई
सकुच कपीशहि तोषेउ नारी। बड़ आश्चर्य भयो बन चारी
पूछत कपि पति पद शिर नांई। कारण कवन हंसा शिर सांई
प्रभु कहं सुन सुग्रीव हरीशा। शीश हंसे कहं सुनहु अदीशा
मन क्रम बचन पतिहि शिव काई। तिय हित इहि सम आन उपाई
अस जिय जानि करहिं पति सेवा। तेहि पर सानुकूल मुनि देवा
यह मतवति अहि राजकुमारी। तेहि मत ते हंसो शीश सुरारी

टी. ग. सं. ६४

सुनि प्रभु यचन कपिन सुख माना। पुनि पुनि चरण गहे हनुमाना।
सुनु गिरिजा अस प्रभु प्रभुताई। केवल भक्तहि देत बड़ाई ॥
जासु दृष्टि जग उपजत नासा। अस कौतुक करके तिक आसा।
दो॰ शाश पाइ प्रभु चरण गहि बहु बिधि बिनय सुनाय
आज को दिन रण परि हरहु मम हित कौशल राय
बहुरि बिभीषण पगन परी सो। रघुपति चरण दियो मन पुनि सो
तुम पितु सम दशकंधर भाई। इहि कुल की तोहि लाज बड़ाई
मुनि पुलस्त्य परिवार कदीपा। पायउ फल रघुबीर समीपा
महा मोह बस अनभल माना। ज्ञान भयो तव गुण पहिचाना
युग युग करहु अकंटक राजू। सहित सुकीरति सुकृत समाजू
सुमिरत तुमहि सुजन गत पावा। रघुपति चरित संग कर गावा
सुनत बिभीषण मन करुणाकर। प्रगट न कहत सभय बिरहाकर
काल कर्म गति कह समझाई। चली तुरत गुरु आयसु पाई
दो॰ बाहर करि कपि कटक तें फिरेउ बिभीषण आप
बिसरेउ दशमुख बैरही हृदय अधिक संताप
शिर चढ़ाय पालकी चढ़ी सो। रघुपति कृपा प्रभाव बढ़ी सो
हृदय राखि मूरति घनश्यामा। रसना रटत निरंतर नामा
सरित सिंधु संगम जहं पावन। अस सुधि पाय गयो तहं रावन
संग मंदोदरि सब रनिवासू। मनो शोक रवि कीन्ह प्रकासू
पाय रजायसु सेवक धाये। चंदन अगर भार बहु लाये
रचि दृढ़ दारुण चिता बनाई। जिनु सुरलोक नसेनी लाई ॥

टी॰ रा॰ लं॰ ६५

करिप्रणाम सबजन परितोषी। धीरज धरसि तासु मतिपोषी
शिर भुज धरि बैठी करि आसन। भइ जनु योग सिद्ध कर भाजन
दो॰ देत अनल ज्वाला बढ़ी लपट गगन लगि आय
लखीन काहू जात तेहि सुरपुर पहुंची जाय

इति सुलोचना कथा

टी॰ रा॰ लं॰ ६६

सुत बध सुनाद आनन जबहीं। मूर्छित भयउ परेउ महि तबहीं
मंदोदरी रुदन करि भारी। उर ताड़न बहु भांति पुकारी
नगर लोग सब व्याकुल शोचा। सकल कहहिं दशकंधर पोचा

दो॰ तब दशकंधर विविध विध समुझाई सब नारि
नस्वर रूप जगत सब देखहु हृदय बिचारि ॥

तिन्हहिं ज्ञान उपदेश रावन। आपुन मंद कथा शुभ पावन
पर उपदेश कुशल बहु तेरे। जे आचरहिं ते नरन घनेरे ॥
निसा सिरानि भयउ भिनुसारा। लगे भालु कपि चारिहु द्वारा
सुभट बोलाइ दशानन बोला। रण सन्मुख जाकर मन डोला
सो अबहीं घर जाउ पराई। संयुग बिमुख भये न भलाई
निज भुज बल मैं बैर बढ़ावा। देहौं उतरु जो रिपु चढ़ि आवा
अस कहि मरुत बेगि रथ साजा। बाजे सकल जुझाऊ बाजा
चले बीर सब अतुलित बली। जनु कज्जल कै आंधी चली
असगुण अमित होहिं तेहि काला। गनै न भुज बल गर्व बिशाला

छं॰ अति गर्व गिनै न सगुण असगुण अवहिं आयुध हाथ ते
भट भिरत रथ तें बाजि गज चिक्करत भाजत साथ तें
गो मायु गीध कराल खर रव स्वान बोलहिं अति घने
जनु काल दूत उलूक बोलहिं बचन परम भयावने

दोहा

ताहि कि संपति सगुण शुभ सपनेहुं मन बिश्राम
भूत द्रोह बस मोह रत राम बिमुख रत काम।

टी॰ रा॰ लं॰ ६०

चलेउनिशाचर कटक अपारा। चतुरंगिनी अनी बहु धारा
विविध भांति बाहन रथ याना। बिपुल बरण पताक ध्वज नाना
चले गजन गन जूथ बनेरे ॥ । प्रावृट जलद मरुत जनु प्रेरे
बरण बरण बिरदैत निकाया। समर सूर जानहि बहु माया
अति बिचित्र बाहिनी बिराजी। बीर बसंत सेन जनु साजी ॥
चलत कटकदिग सिंदुर दगहीं। छुभित पयोधि कुधर डगमगहीं
उठीं रेणु रबि गयउ छिपाई। भरुत थकित बसुधा अकुलाई
पणव निसान घोर रव बाजहिं। प्रलय समय के घन जनु गाजहिं
भेरि नफीरि बाज सहनाई। मारू राग सुभट सुखदाई ॥
केहरि नाद बीर सब करहीं। निज निज बल पौरुष उच्चरहीं
कहै दशानन सुनहु सुभटा। मर्दहु भालु कपिन के ठटा ॥
हौं मारिहौं भूप दोउ भाई। अस कहि सन्मुख फौज बलाई
यह सुनि सकल कपिन जय पाई। धाये करि रघुबीर दोहाई ॥

छं॰ धाये बिशाल कराल मर्कट भालु काल समान ते
मानहु सपक्ष उडाहिं भूधर बृंद नाना बाण ते
नख दसन शैल महाद्रु आयुध सबल संकन मानहीं
जय राम रावण मत्तगज मृगराज सुयश बखानहीं

दो॰ दुहुं दिशि जय जय कार करि निज निज जोरी जान
भिरे बीर बल राम हित उन रावणहिं बखान।

रावण रथी बिरथ रघुबीरा। देख बिभीषण भयउ अधीरा
अधिक प्रीति मन भा संदेहा। बंदि चरण कह सहित सनेहा

नाथ नरेस नहिं तवपद त्राना। केहि बिधि जितब बीरबलवाना
सुनहु सखा कह कृपानिधाना। जेहि जय होय सो स्यंदन आना
सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य शील दृढ़ ध्वजा पताका
बल बिबेक दम परहित घोरे। छमा कृपा समता रजु जोरे
ईस भजन सारथी सुजाना। बिरति चर्म संतोष कृपाना॥
दान परसु बुधि शक्ति प्रचंडा। बर बिज्ञान कठिन को दंडा॥
अमल अचल मन त्रोण समाना। सम जम नियम सिली मुख नाना
कवच अभेद बिप्र गुरु पूजा। एहि सम बिजय उपाय न दूजा
सखा धर्ममय अस रथ जाके। जीतन कहन कतहुं रिपु ताके
दो॰ महा अजय संसार रिपु जीत सकै सो बीर
जाके अस रथ होइ दृढ़ सुनहुं सखा मतिधीर
सुनि प्रभु बचन बिभीषण हरषि गहे पद कंज।
एहि बिधि मोहि उपदेसेउ रामकृपा सुखपुंज
उत पचार दसकंधर सुत अंगद हनुमान॥
लरत निसाचर भालु कपि करि निज निज प्रभु आन
सुर ब्रह्मादि सिद्ध मुनि नाना। देखत रण नभ चढ़े बिमाना
हमहुं उमा रहे तेहि संगा। देखत राम चरित रण रंगा
सुभट समर रस दुहुं दिसमाते। कपि जय शील राम बल ताते
एक एक सन भिरहिं पचारहिं। एकन एक मर्दि महि पारहिं
मारहिं काटहिं धरहिं पछारहिं। सीस तोरि सीस सन मारहिं
उर बिदारहिं भुजा उपारहिं। गहि पद अवनि पटकि भट मारहिं

निशिचर भट महि गाड़हिं भालू। ऊपर डारिदेहिं बड़ बालू
बीर बली सुरवर जुद्ध बिरुद्धे। देखियत बिपुल काल जनु क्रुद्धे
छं॰ क्रुद्ध कृतांत समान कपि तन श्रवित सोणित राजहीं
मर्दहिं निशाचर कट भट बलवंत घन जिमि गाजहीं
मारहिं चपेटन्हि डाटि दांतन काटि लातन मीजहीं
चिक्करहिं मर्कट भालु छल बल करहिं जेहि खल छीजहीं
धरि गालु फारहिं उर बिदारहिं गल अंतावरि मेलहीं
प्रहलाद पति जनु बिबिध तनु धरि समर अंगन खेलहीं
धरु मारु काटु पछारु घोर गिरा गगन महं भर रही॥
जय राम जो तृण ते कुलिश कर कुलिश ते कर तृण सही
टी॰ ए॰ लं॰ ७१
दो॰ निज दल बिचलत देखेसि बीस भुजा दस चाप
रथ चढ़ चलेउ दशानन फिरहु फिरहु कर दाप॥
धायउ परम क्रुद्ध दश कंधर। सन्मुख चले हूह कर बंदर
गहि कर पादप उपल पहारा। डारन्हि ता पर एकहि बारा
लागहिं शैल बज्र तन तासू। खंड खंड होइ फूट हि आसू
चला न अचल रहा रथ रोपी। रण दुर्मद रावण अति कोपी
इत उत झपटि दपटि कपि जोधा। मरदै लागि भयउ अति क्रोधा
चले पराइ भालु कपि नाना। त्राहि त्राहि अंगद हनुमाना
पाहि पाहि रघुबीर गोसांई। यह खल खाय काल की नांई
तेहि देखे कपि सकल पराने। दसहु चाप सायक संधाने
छं॰ संधान धनु सर निकर छाड़े सि उरग जिमि उड़ि लागहीं

रहे पूर सर धरणी गगन दिशि विदिशि कहं कपि भागहीं
भयो अति कोलाहल विकल कपिदल भालु बोलहिं आतुर
रघुबीर करुणा सिंधु आरत बंधु जन रक्षक हरे ॥
दो. निज दल बिकल देखि कपि कसि निषंग धनु हाथ
लक्ष्मण चले सक्रुद्ध होइ नाइ राम पद माथ ॥
रे खल कामारसि कपि भालू। मोहि बिलोकु तोरमैं कालू
खोजत रहेउं तोहि सुतघाती। आजु निपाति जुड़ावौं छाती
अस कहि छाड़ेसि बाण प्रचंडा। लक्ष्मण किये सकल सत खंडा
कोटिन्ह आयुध रावण डारे। तिल प्रमाण करि काटि निवारे
पुनि निज बाणन कीन्ह प्रहारा। स्यंदन भंजि सारथी मारा
सत सत सर मारे दस भाला। गिरि शृंगन्ह जनु प्रविशहिं व्याला
पुनि सत सर मारे उर माहीं। परेउ धरणितल सुधि कछु नाहीं
उठा प्रबल पुनि मूर्छा जागी। छाड़ेसि ब्रह्म दीन्ह जो सांगी
छं. जो ब्रह्मदत्त प्रचंड शक्ति अनंत उर लागी सही ॥
परयो बीर बिकल उठायदशमुख अतुलबल महिमा रही
ब्रह्मांड भुवन बिराज जाके एक शिर जिमि रज कनी
तेहि चह उठावन मूढ़ रावण जान नहिं त्रिभुवन धनी
दो. देखि पवनसुत धायउ बोलत बचन कठोर
आवत कपिहि हनेउ तेहि मुष्टि प्रहार प्रघोर
जानु टेकि कपि भूमि न परा। उठा संभारि बहुत रिसभरा
मुठिका एक ताहि कपि मारा। परेउ शैल जनु बज्र प्रहारा ॥

दी. ग. लं. ७१

मुरछा गई बहोरि सो जागा। कपिबल बिपुल सराहन लागा।
धिक् धिक् तन पौरुष धिग मोही। जौ तैं जियत रहेसि सुर द्रोही
अस कहि लक्ष्मण कहं कपि लायो। देख दशानन बिस्मय पायो।
कह रघुबीर समुझ जिय भ्राता। तुम कृतांत भक्षक सुर त्राता।
सुनत बचन उठि बैठे कृपाला। गई गगन सो शक्ति कराला।
पुनि को दंड बाण गहि धाये। रिपु सन्मुख अति आतुर आये
छं· आतुर बहोरि बिभंजि स्यंदन सूत हति व्याकुल कियो
गिर्यौ धरनि दशकंधर बिकल तन बाण सत बेध्यो हियो
सारथी दूसर घालि रथ तेहि तुरत लंका लै गयो ॥ ॥
रघुबीर बंधु प्रताप पुंज बहोरि प्रभु चरणन नयो ॥
दो· उहां दशानन जागि कर करै लाग कछु यज्ञ
राम बिरोधी जय चहै शठ हठ बस अति अज्ञ
इहां बिभीषण सब सुधि पाई। सपदि जाय रघुपतिहिं सुनाई
नाथ करै रावण एक यागा। सिद्धि लय नहिं मरहि अभागा।
पठवहु नाथ वेगि भट बंदर। करहिं बिधंस आव दशकंधर
प्रात होत प्रभु सुभट पठाये। हनुमदादि अंगद सब धाये
कौतुक कूरि चढ़े सब लंका। पैठे रावण भवन अशंका।
यज्ञ करत जब ही सो देषा। सकल कपिन भा क्रोध बिशेषा
गाते निल जभ[illegible] गृह आवा। इहां आइ बक ध्यान लगावा
अस कहि अंगद मारी लाता। चितव न शठ स्वारथ मन राता
छं· नहिं चितव जब करि कोप कपि गहि दशन लातन मारहीं

टी. रा. लं. ७२

धरि केश नारि निकारि बाहेर तेति दीन पुकारहीं ॥
तब उठे क्रुद्ध कृतांत सम गहि चरण बानर डारहीं ॥
एहि बीच कपिन विधंस कृत मख देख मनमहं हारहीं

दो॰ यज्ञ विध्वंसि कुशल कपि आये रघुपति पास
चलेउ निशाचर क्रुद्ध ह्वै त्यागि जिवन कै आस

चलत होहिं अति अशुभ भयंकर। बैठहिं गीध उडाहिं शिरन्ह पर
भयउ काल वश काहु न माना। कहेसि बजावहु युद्ध निशाना
चली तमीचर अनी अपारा। बहु गजरथ पदाति असवारा
प्रभु सन्मुख धाये खल कैसे। सलभ समूह अनल कहं जैसे
इहां देवतन्ह अस्तुति कीन्ही। दारुण विपति हमहिं एहि दीन्ही
देव बचन सुनि प्रभु मुसकाना। उठि रघुबीर सुधारे बाना ॥
अब जनि राम खेलावहु एही। अतिसय दुखित होत बैदेही
जटा जूट दृढ़ बांधे माथे। सोहहिं सुमन बीच बिच गांथे
अरुण नयन वारिद तन श्यामा। अखिल लोक लोचन अभिरामा
कटि तट परि कर कस्यो निषंगा। कर को दंड कठिन सारंगा

छं॰ सारंग कर सुंदर निषंग। शिली मुखाकर करि कस्यो
भुज दंड पीन मनोहरायत उर धरा सुरपद लस्यो।
कह दास तुलसी जबहिं प्रभु सर चाप कर फेरन लगे
ब्रह्मांड दिग्गज कमठ अहि महि सिंधु भूधर डगमगे

दो॰ शोभा देखि हरखि सुर बरषहिं सुमन अपार
जय जय जय करुणा निधि छबि बल गुण आगार

७२ पृष्ठ को
२३ पंक्ति से यः
हटीका प्रारंभ
हुई १३४ चौ॰
२४ छं॰ १४
दो॰ इहां विभी
षण सब अरु
मूर्छा बिगत
भालु कपिलौं
बिभीषण शी
घ्रही जाइ प्रभु
तें रावण को

दो॰
रा॰ लं॰
७३

यज्ञ करबो कहे
तब प्रात रघु
नाथ कपिन
को आज्ञा द
ई यज्ञ विध्वं
सि देखि प्रभु
अस गुण भय
द्वारि सेन संवा
रि चल्यौ तब दे
व विव्य मुनि श्री
रघुनाथ धनुषबा
ण ते सजग है
तहां संग्राम व
श्री रूप कवर्ण
न श्री रामचंद्र
जू को प्यादे दे
खि इंद्र आप
नो रथ भेजत
भये हेतु भय
अब नहीं रह्यौ
बानरादिकन
को मोहित दे
खि तब प्रभु
इंद्र युद्ध करी
शीश भुजा
छेदन तें ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri

एही बीच निसाचर अनी। कस मसात आई अनि घनी
देखि चले सन्मुख कपि भट्टा। प्रलय काल के जनु घन घट्टा
बहु कृपान तलवार चमक्कहिं। जनु दहु दिसि दामिनी दमक्कहिं
गज रथ तुरग चिकार कठोरा। गर्जहिं मनहुं बलाहक घोरा
कपि लंगूल विपुल नभ छाये। मनहुं इंद्र धनु उगे सुहाये॥
उठे धूरि मानहुं जल धारा। बाण बुंद भइ वृष्टि अपारा।
दुहूं दिसि पर्वत करहिं प्रहारा। वज्र पात जनु बारहिं बारा
रघुपति कोपि बाण झरि लाई। घायल भै निसिचर सनुदाई
लागत बाण वीर चिक्करहीं। घुर्मि घुर्मि जहं तहं महि परहीं
स्रवहिं शैल जनु निर्झर भारी। शोणित सरि कादर भय कारी
छं॰ कादर भयंकर रुधिर सरिता चली परम अपावनी॥
कोउ कूल दल रथ रेन चक्र अवर्ति बहति भयावनी।
जल अंतु गज पद चतुर गरवर विविध वाहन को गनै।
शर शक्ति तोमर सर्प चाप तरंग चरम कमठ घने॥
दो॰ वीर परहिं जनु तीर तरु मज्जा बहु बह फेन॥
कादर देखि डरहिं तहं सुभटन के मन चैन॥
मज्जहिं भूत पिशाच बैताला। प्रथम महा झोटिंक करालां
काक कंक लै भुजा उड़ाहीं। एक ते छीन एक लै खाहीं
एक कहहिं ऐसिउ सौंधाई। मठहु तुम्हार दरिद्र न जाई।
कहरत भट घायल तट गिरे। जहं तहं मनहुं अर्द्ध जल परे
खैंचहिं गीध आंत तट भये। जनु बंसी खेलहिं चित दये।

नमामि इंदु भंय
पुनर्हनुमानादि
लक्ष्मण मुतयत
मोहितहेरिवतव
प्रभुयुद्धे स्मरतेमा-
पनिवारिपुनःवि
भीषण औसब
तीरनमें स्थपको
स्थपकुंडकारि

व्याकुलकिये तं
हां जामवंत के
पायेते मूर्छित
छहु गति जानि
वाको भूतरथप
लंहजात भयो
हहिं निशाचर
मनमें भवित
६७॥
रहो

बहु भट बहहिं चढ़े खग जाहीं। जनु नावरि खेलहिं मरिमाहीं
योगिनि भरि भरि खप्पर गाजहिं। भूत पिशाच बधू नभ नाचहिं
भट कपाल करताल बजावहिं। चामुंडा नाना विधि गावहिं
जंबुक निकर कटक्कट कट्टहिं। खाहिं हु आहिं अघाइ दपट्टहिं
शीश परे महि जय जय बोलहिं। कोटिन रुण्ड मुण्ड बिनु डोलहिं

छं० बोलहिं जो जय जय रुंड मुंड प्रचंड शिर बिनु धावहीं।
खप्परन्ह खग्ग अलूझि जूझहिं सुभट भटन्ह ढहावहीं।
वानर निशाचर निकर मर्दहिं राम बल दर्वित भये।
संग्राम अंगन सुभट सोहहिं राम सर निकरन्हि हये॥

दो० रावण हृदय विचारा भा निशिचर संहार॥
मैं अकेल कपि भालु बहु माया करौं अपार॥

देवन प्रभुहिं पयादे देषा॥। उपजा उर अति क्षोभ विशेषा
सुरपति निज रथ तुरत पठावा। हरष सहित मातलि लै आवा
तेज पुंज रथ दिव्य अनूपा। हरषि चढ़े कोशल पुर भूपा
चंचल तुरंग मनोहर चारी। अजर अमर मन सम गतिकारी
रथारूढ़ रघुनाथहिं देषी। धाये कपि बल पाइ विशेषी
सही न जाइ कपिन कै मारी। तब रावण माया विस्तारी
सो माया रघुवीरहिं बांची। लक्ष्मण कपिन्ह सो मानी सांची
देखी कपिन्ह निशाचर अनी। अनुज सहित बहु कोशल धनी

छं० बहु राम लक्ष्मण देखि मर्कट भालु मन अति अपडरे॥
जनु चित्र निखिल समेत लक्ष्मण जहं सो तहं चित वहिं खरे

टी॰ रा॰ लं॰ ७५

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri

निजसेन चकित विलोकि हंसि शिरचापसन्धिकोशलधनी
माया हरी हरि निमिष महं हरषी सकल मर्कट अनी
दो॰ बहुरि राम सब तन चितै बोले बचन गंभीर
द्वंद्वयुद्ध देखहु सबै अमितभये अति बीर
अस कहि रथ रघुनाथ चलावा। विप्रचरण पंकज शिर नावा॥
तब लंकेश क्रोध उर छावा। गर्जत तर्जत सन्मुख धावा॥
जीतेहु जे भट संयुग माहीं। सुनु तापस मैं तिन्ह सम नाहीं
रावण नाम जगत यश जाना। लोकप जाके बंदी खाना॥
खरदूषण विराध तुम मारा। वधेउ व्याध इव बालि बिचारा
निशिचर निकर सुभट संहारेहु। कुंभकरण घननादहिं मारेहु
आज बयर सब लेउं निवाही। जो रण भूमि भाजि नहिं जाही
आज करौं खल काल हवाले। परेहु कठिन रावण के पाले
सुनि दुर्वचन काल वस जाना। विहंसि वचन कह कृपानिधाना
सत्य सत्य सब तव प्रभुताई। जल्पसि जनि देखाउ मनुसाई
छं॰ जनि जल्पना करि सुयश नासहि नीति सुनहिं करहिं क्षमा
संसार महं पुरुष त्रिविधि पाटल रसाल पनस समा
एक सुमन प्रद एक सुमन फल एक फलैकेवल लागहीं
एक कहहिं कहहिं करहिं अपर एक करहिं कहत न बागहीं
दो॰ राम वचन सुनि विहंसा मोहिं सिखावत ज्ञान
बयर करत नहिं तब डर अब लागे प्रिय प्रान
कहि दुर्वचन क्रुद्ध दश कंधर। कुलिश समान लाग छांड़ेशर

नाना कार सिली मुख धाये । दिसि अरु विदिसि गगन महि छाये
पावक सर छाड़े रघुबीरा । छन महं जरे निसाचर तीरा ॥
छाड़ेसि तीव्र सक्ति खिसि आई । बान संग प्रभु फेरि चलाई ॥
कोटिन्ह चक्र त्रिसूल पवारहिं । बिनु मयास प्रभु काटि निवारहिं
निफल होहिं रावण सर कैसे । खल के सकल मनोरथ जैसे ॥
तब सत बान सारथी मारेसि । परेउ भूमि जय राम पुकारेसि ।
राम कृपा करि सूत उठावा । तब प्रभु परम क्रोध कहं पावा
छं० भये क्रुद्ध जुद्ध बिरुद्ध रघुपति बान सायक कसमसे
कोदंड धुनि अति चंड सुनि मनुजाद सब मारुत ग्रसे
मंदोदरी उर कंप कंपति कमठ भू भूधर त्रसे ॥ ६ ॥
चिक्करहिं दिग्गज दसन गहि महि देखि कौतुक सुरहंसे
दो० तानेउ चाप श्रवण लगि छाड़े बिसिख कराल
राम बान नभ मग चले लहलहात जनु ब्याल
चले बान सपच्छ जनु उरगा । प्रथमहिं हत्यो सारथी तुरगा
रथ बिभंजि हति केतु पताका । गर्जो अति अंतर बल थाका ॥
तुरत आन रथ चढ़ि खिसियाना । अस्त्र सस्त्र छाड़ेसि बिधि नाना
निफल होहिं सब उद्यम ताके । जिमि परद्रोह निरत मन साके ॥
जब रावण दस सूल चलावा । बाजि चार महि मारि गिरावा ॥
तुरग उठाइ कोपि रघुनायक । खैंच सरासन छाड़े सायक ॥
रावण सिर सरोज बन चारी । चली रघुबीर सिली मुख धारी
दस दस बान भाल दस मारे । निसरि गये चले रुधिर पनारे

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eG

श्रवत रुधिर धाये बलवाना। प्रभु पुनि कृत धनु सर सं धाना।
तीस तीर रघुबीर पवारे।। भुजन्हि समेत शीश महि पारे
राम बहोरि भुजा शिर छीने। काटत ही पुनि भये नवीने।
प्रभु बहु बार बाहु शिर हये।। कटत झटित पुनि नूतन भये
पुनि पुनि प्रभु काटत भुज शीशा। अति कौतुकी कोशलाधीशा
रहे छाइ नभ शिर अरु बाहू। मानहुं अमित केतु अरु राहू।
छं० जनु राहु केतु अनेक नभ पथ श्रवत श्रोणित धावहीं।।
रघुबीर तीर प्रचंड लागहिं भूमि गिरन न पावहीं।।
एक एक सर शिर निकर छेदे नभ उड़त इमि सोहहीं।
जनु कोपि दिनकर निकर जहं तहं विधंतुद कहं मोहहीं
दो० जिमि जिमि प्रभु हत तासु शिर तिमि तिमि होहिं अपार
सेवत विषय विवर्द्ध जिमि नित नित नूतन मार।।
दश मुख देखि शिरन्ह के बाढ़ी। बिसरा मरण भई रिस गाढ़ी
गर्जेउ मूढ़ महा अभिमानी। धायउ दशौ सरासन तानी।
समर भूमि दश कंधर कोप्यो। बरषि बाण रघुपति रथ तोप्यो
दंड एक रथ देखन परेऊ। जनु निहारमहुं दिनकर दुरेऊ
हाहा कार सुरन्ह जब कीन्हा। तब प्रभु कोपि सरासन लीन्हा
सर निवारि रिपु के शिर काटे। ते दिश विदिश गगन महि पाटे
काटे शिर नभ मारग धावहिं। जय जय धुनि करि भय उपजावहिं
कहं लक्ष्मण सुग्रीव कपीशा। कहं रघुबीर कौशलाधीशा।।
छं० कहं राम कहि सिर निकर धावहिं देखि मर्कट भजि चले

टी. रा. लं. ७८

संधानि धनु रघुबंश मणि हंसि सरन्ह शिर बेधे भले ॥
शिर मालिका कर कालिका गहि वृंद वृंदहि बहु मिलीं
करि रुधिर सर मज्जन मनहुं संग्राम बट पूजन चलीं ॥

दो० पुनि दशकंठ क्रुद्ध ह्वै छाँड़ी शक्ति प्रचंड ॥
चली विभीषण सन्मुख मनहुं काल कर दंड ॥

आवत देखि शक्ति सो घोरा। प्रण तारत भंजन पण मोरा
तुरत विभीषण पाछे मेला। सन्मुख राम सहेउ सो शेला
लागि शक्ति मुरछा सो भई। प्रभु कृत खेल सुरन्ह बिकलई
देखि विभीषण प्रभु श्रम पायो। गहि कर गदा क्रुद्ध ह्वै धायो।
रे कुभाग्य शठ मंद कुबुद्धे। तैं सुर नर मुनि नाग विरुद्धे।
सादर शिव कहँ शीश चढ़ाये। एक एक के कोटिन्ह पाये॥
तेहि कारण खल अब लग बाच्यो। अब तव काल शीश पर नाच्यो
राम विमुख शठ चह संपदा॥ अस कहि हनेसि मांझ उरगदा

छं० उर मांझ गदा प्रहार घोर कठोर लागत महि पर्यो॥
दश वदन श्रोणित श्रवत पुनि संभारि धायो रिस भर्यो
दोउ भिरे अति बल मल्ल युद्ध विरुद्ध एकहि एक हने
रघुवीर बल दर्पित विभीषण घालनहिं ताकह गने

दो० उमा विभीषण रावणहिं सन्मुख चितव कि काउ
सो अब भिरत काल ज्यों श्री रघुवीर प्रभाउ ॥

देखा श्रमित विभीषण भारी। धायउ हनूमान गिरि धारी।
रथ तुरंग सारथी निपाता॥ हृदय मांझ तेहि मारि सिलाता

टी. रा. लं. ७९

ठाढ़ रहा अति कंपित गाता। गयो बिभीषण जहं जनत्राता
पुनि रावण कपि हतेउ प्रचारी। चलेउ गगन कपि पूंछ पसारी
गहेसि पूंछ कपि सहित उड़ाना। पुनि फिरि भिरेउ प्रबल हनुमाना
लरत अकाश युगल सम योधा। एकहि एक हनत करि क्रोधा
सोहहिं नभ छल बल बहु करहीं। कज्जल गिरि सुमेरु जनु लरहीं
बुधि बल निशिचर परै न पार्यो। तब मारुत सुत प्रभु संभार्यो
छं॰ संभारि श्रीरघुबीर धीर प्रचारि कपि रावण हन्यो
महि परत पुनि उठि लरत देवन्ह युगल कहं जय भय्यो
हनुमंत संकट देखि मर्कट भालु क्रोधातुर चले॥
रणमत्त रावण सकल सुभट प्रचंड भुज बल दल मले
दो॰ तब रघुबीर पुकारे धाये कीस प्रचंड॥ ९॥

सी॰ स॰ सं॰ ८०

कपि बल प्रबल देखि तेहि कीन्ह प्रगट पाखंड
अंतर्धान भयउ छण एका। पुनि प्रगटे बलरूप अनेका
रघुपति कटक भालु कपि जेते। जहं तहं प्रगट दशानन तेते।
देखे कपिन्ह अमित दश शीशा। जहं तहं भजे भालु अरु कीशा
भागे वानर धरहिं न धीरा। त्राहि त्राहि लक्ष्मण रघुबीरा
दश दिशि धावहिं कोपि न्ह रावण। गर्जहिं घोर कठोर भयावन
डरे सकल सुर चले पराई। जय कै आस तजहु अब भाई
सब सुर जिते एक दश कंधर। अब बहु भये तकहु गिरि कंदर
रहे बिरंचि शंभु मुनि ज्ञानी। जिन्ह जिन्ह प्रभु महिमा कछु जानी
छं॰ जाना प्रताप ते रहे निर्भय कपिन्ह रिपु माने फुरे

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

चले बिकल मर्कट भालु सकल कृपालपाहि भयातुरे
हनुमंत अंगद नील नल अति बल लरत रण बांकुरे
मर्दहिं दशानन कोटि कोटिन्ह कपट भूधर डंकुरे।

दो॰ सुर बानर देखे बिकल हंस्यो कोशलाधीश
सजि सारंग एक शरहते सकल दशशीश

प्रभु क्षणमहं माया सब काटी। जिमि रविउये जाहिं तम फाटी
रावण एक देख सुर हरषे। फिरे सुमन बहु प्रभु पर बरषे
भुज उठाइ रघुपति कपि फेरे। फिरे एक एकन्ह तब टेरे॥
प्रभु बल पाइ भालु कपि धाये। तरल तमकि संजुग महं पाये
अस्तुति करत देवतेहि देखे। भयउ एक मैं इन के लेखे॥
बहु सदा तुम्हार सरण ललं। अस कहि कोप गगन पथ धायल
हाहा कार करत सुर भागे। खलहु जाहु कहं मोरे आगे
देखि बिकल सुर अंगद धायो। कूदि चरण गहि भूमि गिरायो
छं॰ गहि भूमि पार्यो लात मार्यो बालिसुत प्रभु पहिं गयो
संभारि उठ दशकंठ घोर कठोर रव गर्जत भयो॥
करिदाप चाप चढ़ाय दश संधान सर बहु बर्षई
किये सकल भट घायल भयाकुल देखि निजबल हर्षई

दो॰ तब रघुपति रावण के शीश भुजा शर चाप
काटे बहुत बढ़े पुनि जिमि तीरथ कर पाप

शिर भुज बाढ़िदेखि कपि केरी। भालु कपिन्ह रिस भई घनेरी
मरत न मूढ़ कटेउ भुज शीशा। धाये भालु कपि भट कीशा

CC-0. In Public Domain. Digitized by

बालितनय मारुत नल नीला। बानर राज दिबिद बल सीला
बिटप महीधर करहिं प्रहारा। सोइ गिरि तरु गहि कपिन्ह सो मारा
एक नखन रिपु बपुष बिदारी। भागि चलहिं एक लातन्ह मारी
तब नल नील शिरन्ह चढ़ गयऊ। नख न्ह लिलार बिदारत भयऊ
रुधिर देखि बिषाद अति भारी। तिन्हहिं धरन कहं भुजा पसारी
गहे न जाहिं कर न्ह पर फिरहीं। जनु युग मधुप कमल बन चरहीं
कोपि कूदि द्वौ धरे सि बहोरी। महि पटकत भजे भुजा मरोरी
पुनि सकोप दस धनु कर लीन्हे। सर न्ह मार घायल कपि कीन्हे
हनुमदादि मूर्छित कर बंदर। पाइ प्रदोष हरष दस कंधर
मुर्छित देख सकल कपि बीरा। जामवंत धायउ रण धीरा।
संग भालु भूधर तरु धारी। मारण लगे पचारि पचारी
भयउ क्रुद्ध रावण बलवाना। गहि पद महि पटकै भट नाना
देखि भालु पति निजदल घाता। कोपि मारु उर मोरसि लाता
छं॰ उरलात घात प्रचंड लागत बिकल रथ तें महि परा ॥
गहि भालु बीसहु कर मनहु कमलनि बसे निसि मधुकरा
मूर्छित बिलोकि बहोरि पदहति भालु पति प्रभु पहं गयो
निसि जानि स्यंदन घालि तेहि तब सूत यतन करत भयो
दो॰ मुरछा बिगत भालु कपि सब आये प्रभु पास
निसिचर सकल रावणहिं घेरि रहे अति त्रास
तेहि निसि सीता पहं तब जाई। त्रिजटा कहि सब कथा सुनाई
सिर भुज बाढ़ि सुनत रिपु केरी। सीता उर भइ त्रास घनेरी

टी॰ रा॰ लं॰ ८

मुख मलीन उपजी मन चिंता। त्रिजटा सन बोली तब सीता
होइहि कहा कहसि किन माता। केहि बिधि मरिहि बिश्व दुखदाता
रघुपति सर शिर कटेहुं न मरई। बिधि बिपरीत चरित सब करई
मोर अभाग्य जिआवत ओही। जेहि हों हरि पद कमल बिछोही
जेहि कृत कनक कपट मृग झूठा। अजहुं सो देव मोहि पर रूठा
जेहि बिधि मोहि दुख दुसह सहाये। लक्ष्मण कहुं कटु बचन कहाये
रघुबर बिरह सबिष सर मारी। तकि तकि मार बार बहु भारी
ऐसेहु दुख जो राख मम प्राना। सोइ बिधि ताहि जिआवन आना
बहु बिधि करत बिलाप जानकी। करि करि सुरत कृपा निधानकी
कह त्रिजटा सुनु राजकुमारी। उर सर लागत मरै सुरारी ॥
प्रभु तातें उर हते न तेही। एहि के हृदय बसति बैदेही

छं॰ एहि के हृदय बस जानकी उर जानकी मम बास है
मम उदर भुवन अनेक लागत बाण सब कर नास है
सुनि बचन हरष बिखाद मन अति देख पुन त्रिजटा कहा
अब मरिहि रिपु एहि बिधि सुनहिं सुंदरि तजहिं संशय महा

दो॰ काटत शिर होइहि बिकल छूट जाय तब ध्यान
तब रावणहिं हृदय महं मरिहहिं राम सुजान

अस कहि बहुत भांति समुझाई। पुनि त्रिजटा निज भवन सिधाई
राम सुभाव सुमिरि बैदेही। उपजी बिरह व्यथा अति तेही
निशिहि शशिहि निंदति बहु भांती। युग सम भई न राति सिराती
करति बिलाप मनहिं मन भारी। राम बिरह जानकी दुखारी

तहां पूरण शो भादेखि देवादि स्तुति अरु मं दोदरी बिलाप शोच यथा मति संतोष कह्यो अ रु बिभीषण को परिलो ष शुद्ध करि पुनः

टी॰ रा॰ लं॰ ८३

निज प्रणतें लक्ष्मण तें लक्ष्मण सुग्री वादि को राज देने की आज्ञा दई त हां जाय यथा वि धि राज देइ प्रभु समीप आइ सब शोभित अरु अ स्तुति योग हेतु भयो १०५॥

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddh...

जब उरभयउ बिरह उर दाहू । फरकेउ बाम नयन अरु बाहू
सगुण बिचारि धरी मन धीरा । अब मिलिहहिं कृपाल रघुबीरा
इहां अर्द्ध निशि रावण जागा । निज सारथी सों खीजन लागा
सठ रण भूमि छड़ाइसि मोही । धिग धिग अधम मंदमति तोही
तेहि पद गहि बहु बिधि समुझावा । भोर भयें रथ चढ़ि पुनि आवा
सुनि आगमन दशानन केरा । कपिदल खरभर भयउ घनेरा ॥
जहं तहं भूधर बिटप उपारी । धाये कटकटाइ भट भारी
छं० धाये जो मर्कट बिकट भालु कराल कर भूधर धरा ।
अति कोप करहिं प्रहार मारत भजि चले रजनीचरा
बिचलाइ दल बलवंत कीसन्ह घेरि पुनि रावणु लियो
चहुं दिशि चपेटन्ह मारि नख दन्ह बिदारि तनु व्याकुल कियो

टी० रा० लं० ८५

दो० देखि महा मर्कट प्रबल रावण कीन्ह बिचार
अंतर हित होइ निमिष महं कृत माया बिस्तार

तोमरछंद

जब कीन्ह तेहि पाखंड । भये प्रगट जंतु प्रचंड ॥
बेताल भूत पिशाच । कर धरे धनु नाराच ॥
योगिनि गहे कर बाल । एक हाथ मनुज कपाल
करि सद्य शोणित पान । नाचहिं करहिं बहु गान
धरु मारु बोलहिं घोर । रही पूरि धुनि चहुं ओर
मुख बाय धावहिं खान । तब लगे कीस परान ।
जहं जाहिं मर्कट भागि । तहं बरत देखहिं आगि
भये बिकल बानर भालु । पुनि लागि बरषे बालु

जहं तहं थकित करकीश। गर्जउ बज्रि दशशीश
लक्ष्मण कपीश समेत। अये सकल बीर अचेत।
हा राम हा रघुनाथ। कहि सुभट मीजहिं हाथ
यहि बिधि सकल बल तोरि। तेहि कीन्ह कपट बहोरि
प्रगटेसि बिपुल हनुमान। धाये गहे पाषान ॥
तिन्ह राम घेरे जाइ। चहुं दिशि बरूथ बनाइ
मारहु धरहु जनि जाइ। कट करहिं पूंछ उठाइ
दहुं दिशि लंगूर बिराज। तेहि मध्य कोशल राज
छं॰ तेहि मध्य कोशलराज सुंदर श्याम तनशोभालही
जनु इंद्र धनुष अनेक की बरबारि तुंग तमालही
प्रभुदेख हरष बिषाद उर सुर बदतजयजयजयकरी
रघुबीर एकहि तीर कोपि निमेष महुं माया हरी।
माया बिगत कपि भालु हरषे बिटप गिरि गहि सब फिरे
सर निकर छांड़े राम रावण बाहु शिर पुनि महि गिरे
श्री राम रावण समर चरित अनेक कल्प जो गावहीं
सत शेष सारद निगम कहि तेउ तदपि पारन पावहीं
दो॰ तांके गुण गण कछु कहे जड़ मति तुलसीदास
निज निज बल अनुरूप तें मांछी उड़े अकास ॥
कोटे शिर भुज बार बहु मरत न भट लंकेश ॥
प्रभु क्रीड़त सुर सिद्ध मुनि व्याकुल देख कलेश
कोटे शिर पुनि होहिं अपारा। भागकरत जिमि बाढ़हि मारा

CC-0. In Public Domain Digitized by

मरद्न रिपुश्रमभयउ बिशेषा। राम बिभीषण तन तबदेखा
उमाकाल मरु जाकी दृच्छा। सो प्रभु जनकर प्रीति परिच्छा
पुनि सर्बज्ञ चराचर नायक। प्रणत पाल सुर सुनि सुखदायक
नाभिकुंड पियूष बस याके। नाथ जिअत रावण बल ताके
सुनत बिभीषण बचन कृपाला। हरषि गहे कर बाण कराला
असुभ होन लागे तब नाना। रोवहिं खर शृगाल बृकस्वाना
बोलहिं खग जग आरति हेतू। प्रगट भये नभ जहं तहं केतू
दस दिशि दाह होन अति लागा। भयउ परब बिनु रबि उपरागा
मंदोदरि उर कंपति भारी। प्रतिमा स्रवहिं नयन मग वारी
छं॰ प्रतिमा रुदहिं पबि पातन भ्रमहिं बात बह डोलति मही
बरषहिं बलाह रुधिर कच रज असुभ अति सक कोकही
उतपात अमित बिलोकि नभ सुर बिकल बोलहिं जय जये
सुर सभय जानि कृपाल रघुपति चाप सर जोरत भये।
दो॰ खैंच सरासन श्रवण लगि छाड़े शर इकतीस
रघुनायक शायक चले मानहुं काल फणीश
सायक एक नाभि सर सोषा। अपर लगे भुज शिर करि तोषा
लै शिर बाहु चले नाराचा। शिर भुज हीन रुंड महि नाचा
धरणि धसै धर धाव प्रचंडा। तब सर हति प्रभु कृत शत खंडा
गर्जेउ मरत घोर रव भारी। कहां राम रण हतौं प्रचारी॥
डोली भूमि गिरत दश कंधर। छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर
धरणि परेउ दोउ खंड बढ़ाई। चापि भालु मर्कट समुदाई

टी॰ ए॰ लं॰ ६६

मंदोदरि आगे भुज सीसा। धरि सर चले जहां जगदीसा
प्रबिसे सब निषंग महं जाई। देखि सुरन्ह दुंदुभी बजाई ॥
तासु तेज समान प्रभु आनन। हरषे देख संभु चतुरानन
जय जय धुनि पूरी ब्रह्मंडा। जय रघुबीर प्रबल भुजदंडा ॥
बरषहिं सुमन देव मुनि बृंदा। जय कृपाल जय जयति मुकुंदा
छं॰ जय कृपाकंद मुकुंद द्वंद हरण सरण सुखदप्रभो ॥
खल दल बिदारण परम कारण कारुणीक सदा बिभो
सुर सुमन बरषहिं हरष संकुल बाज दुंदुभि गह गहीं
संग्राम अंगन राम अंग अनंग बहु शोभा लहीं ॥
शिर जटा मुकुट प्रसून बिच बिच अति मनोहर राजहीं
जनु नील गिरि पर तड़ित पटल समेत उडुगन भ्राजहीं
भुजदंड सर कोदंड फेरत रुधिर तन कन अति बने
जनु रायमुनी तमाल पर बैठी बिपुल सुख आपने
दो॰ कृपा दृष्टि करि वृष्टि प्रभु अभय किये सुर बृंद
भालु कीस सब हरषे जय सुख धाम मुकुंद
पति शिर देखि जबहिं मंदोदरी। मुरछित बिकल धरणि खसपरी
युवति बृंद रोवति उठि धाईं। तेहि उठाय रावण पहिं आईं
पति गति देखि सो करहिं पुकारा। छूटे कच नहिं बपुष संभारा
उर ताड़ना करहिं बिधि नाना। रोवत करहिं प्रताप बखाना
तव बल नाथ डोल नित धरणी। तेज हीन पावक शशि तरणी
शेष सहस सहि सकै न भारा। सो तनु भूमि परेउ जनु छारा

CC-0. In Public Domain Digitized by

श्रीरामचन्द्रके हाथसे रावण
का मारा जाना

वरुण कुबेर सुरेस समीरा। रण सन्मुख धर काहु न धीरा।
भुजबल जितेहु काल जम आई। आजु परेउ अनाथ की नांई
जगत विदित तुम्हरी प्रभुताई। सुत परिजन बल बरणि न जाई
राम बिमुख असहाल तुम्हारा। रहा न कुल कोउ रोवन हारा
तव बस बिधि प्रपंच सब नाथा। सभय दिसिप नित नावहिं माथा
अब तव सिर भुज जंबुक खाहीं। राम बिमुख यह अनुचित नाहीं
काल बिबस पति कहा न माना। अग जग नाथ मनुज करि जाना
छं॰ जानेउ मनुज करि दनुज कानन दहन पावक हरि स्वयं
जेहि नवत शिव ब्रह्मादि सुरपिय भजेहु नहिं करुणामयं
आजन्म तें परद्रोह रत पापौघ मय तव तनु अयम्
तुमहूं दियो निज धाम राम नमामि ब्रह्म निरामयम्
दो॰ अहह नाथ रघुनाथ सम कृपा सिंधु नहिं आन
योगि वृंद दुर्लभ सुगति तोहि दीन्ह भगवान

मंदोदरी बचन सुनि काना। सुर मुनि सिद्ध सबन्ह सुखमाना
अज महेश नारद सनकादी। जे मुनिवर परमारथ वादी
भरि लोचन रघुपति हि निहारी। प्रेम मगन सब भयउ सुखारी
रुदन करत देखीं सब नारी। गयउ बिभीषण मन दुख भारी
बंधु दशा बिलोकि दुख कीन्हा। तब प्रभु अनुजहिं आयसु दीन्हा
लक्षिमण तेहि बहु बिधि समुझायो। बहुरि बिभीषण प्रभु पहं आयो
कृपादृष्टि प्रभु ताहि बिलोका। करह क्रिया परिहर सब शोका
कीन्ह क्रिया प्रभु आयसु मानी। बिधिवत देश काल जिय जानी

CC-0. In Public Domain. Digitized by

दो॰ मंदोदरी आदि सब देइं तिलांजलि ताहि ॥
भवन गईं रघुपति गुण गण वरणत मन मांहि
आइ बिभीषण पुनि शिर नायो। कृपासिंधु तब अनुज बुलायो
तुम कपीश अंगद नल नीला। जामवंत मारुत नय शीला ॥
सब मिल जाहु बिभीषण साथा। सारेउ तिलक कहेउ रघुनाथा
पिता बचन मैं नगर न आवौं। आपु सरिस कपि अनुज पठावौं
तुरत चले कपि सुनि प्रभु बचना। कीन्ही जाइ तिलक की रचना
सादर सिंहासन बैठारी ॥ । तिलक सारि अस्तुति अनुसारी
जोरि पाणि सबही शिर नाये। सहित बिभीषण प्रभु पहं आये
तब रघुबीर बोलि कपि लीन्हे। कहि प्रिय बचन सुखी सब कीन्हे
छं॰ किए सुखी कहि बाणी सुधा सम बल तुम्हारे रिपु हत्यो
पायो बिभीषण राज तिहुं पुर यश तुम्हारो नित नयो ॥
मोहि सहित शुभ कीरति तुम्हारी परम प्रीति जो गाइ हैं
संसार सिंधु अपार पार प्रयास बिनु नर जाइ हैं ॥
दो॰ प्रभु के बचन श्रवण सुनि नहिं अघाहिं कपि पुंज
बार बार शिर नावहिं गहहिं सकल पद कंज
सुनि प्रभु बोलि लियो हनुमाना। लंका जाहु कहेउ भगवाना
समाचार जानकिहि सुनावहु। तासु कुशल लै तुम चलि आवहु
तब हनुमंत नगर महं आये। सुनि निशिचरी निशाचर धाये
बहु प्रकार तिन्ह पूजा कीन्ही। जनक सुता दिखाइ पुनि दीन्ही
दूरहिं ते प्रणाम कपि कीन्हा। रघुपति दूत जानकी चीन्हा

पंक्ति १७
चौ॰ १२६
छं॰ ६ दो॰ २६
पुनि प्रभु बोलि लिये हनुमाना
अरु यह कलि काल मलाय तन १२० लौ॰
श्री रघुनाथ

टी॰ रा॰ लं॰ ९०

जू हनुमान को जानकी जू के कुशल हेतु भे ज्यो तहां निशिचर निशाचरी पूर्व बल स्मर्ण करि पूजत भये ॥

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कहहु तात प्रभु कृपा निकेता। कुशल अनुज कपि सेन समेता
सब बिधि कुशल कोशलाधीशा। मातु समर जीतेउ दश शीशा
अविचल राज बिभीषण पायो। सुनि कपि बचन हरष उर छायो

छं॰ अति हरष मन तन पुलक लोचन सकल कह पुन पुन रमा
का देउं तोहि त्रैलोक महुं कपि कि भपि नहिं बाणी समा
सुनु मात मैं पायों अखिल जग राज आजु न संशयम्
रण जीति रिपु दल बंधु युत पश्यामि राम नमामयम्

दो॰ सुनु सुत सद गुण सकल तव हृदय बसहु हनुमंत
सानुकूल कोशलपति रहहु समेत अनंत ॥

अब सोइ यतन करहु तुम ताता। देखौं नयन श्याम मृदु गाता
तब हनुमान राम पहं जाई। जनक सुता के कुशल सुनाई
सुनि संदेस भानुकुल भूषण। बोल लिये युवराज बिभीषण
मारुत सुत के संग सिधावहु। सादर जनक सुतहि लै आवहु
तुरतहिं सकल गये तहं सीता। सेवति सब निशिचरी बिनीता
बेगि बिभीषण तिन्हहिं सिखायो। तिन्ह बहु बिधि मज्जन करवायो
बहु प्रकार भूषण पहिराये। शिविका रुचिर साजि पुन ल्याये
ता पर हरषि चढ़ी बैदेही। सुमिरि राम सुख धाम सनेही
बेत पाणि रक्षक चहुं पासा। चले सकल मन परम हुलासा
देखन की सभालु सब आये। रक्षक कोपि निवारण धाये
कह रघुबीर कहा मम मानहु। सीतहि सखा पयादे आनहु
देखहिं कपि जननी की नाईं। बिहंसि कहा रघुनाथ गोसाईं

अरु प्रभु पहं
आइ समाचार
कहे तब बिभी
षण सुग्रीवा
दि जाइ के बि
भीषण सिखा
वनतें अस्नान

टी॰
रा॰ लं॰
६२

भूषणादि प
हिराय शिवि
का चढ़ाइ ने
चले वानर
अवलोकना
र्थ प्रभु आज्ञा
तें पयादे

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta



CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनि प्रभु बचन भालु कपि हरषे । नभ ते सुर सुमनवृष्टि बरषे
सीता प्रथम अनल महुं राखी । प्रगट कीन्ह चह अंतर साखी
दो॰ तिहि कारण करुणा निधि कहेउ कछुक दुर्बाद
सुनत यातुधानी सब लागी करै बिषाद ॥ ॥
प्रभु के बचन सीस धरि सीता । बोली मन क्रम बचन पुनीता
लछमण होहु धरम के नेगी । पावक प्रगट करहु तुम बेगी
सुनि लछमण सीता के बानी । बिरह बिबेक धरम नय सानी
लोचन सजल जोरि कर दोऊ । प्रभु सन कछु कहि सकत न ओऊ
देखि राम रुख लछमण धाये । पावक प्रगटि काठ बहु लाये
पावक प्रबल देखि बैदेही । हृदय हरष नहिं भय कछु तेही
जो मन बच क्रम मम उर माहीं । तजि रघुबीर आन गति नाहीं
तौ कृशानु सब के गति जाना । मोकहुं होहु श्रीखंड समाना
छं॰ श्रीखंड सम पावक प्रवेश कियो सुमिरि प्रभु मैथिली
जय कोशलेश महेश बंदित चरण रति अति निर्मली
प्रतिबिंब अरु लौकिक प्रचंड कलंक पावक महुं जरे
प्रभु चरित काहु न लखे नभ सुर सिद्ध मुनि देखहिं खरे
धरि रूप पावक पाणि गहि श्रीसत्य श्रुति जग बिदित जो
जिमि क्षीरसागर इंदिरा रामहिं समर्पी आनि सो
सो राम बाम बिभाग राजित रुचिर अति शोभा भली
नव नील नीरज निकट मानहु कनक पंकज की कली
दो॰ बरषहिं सुमन हरष सुर बाजहिं गगन निसान

बर्षिबान सो
नभसुं बिद
होतु भई सब
पुथकासीनहि
बिभीषण सो
श्रीहनुमान
अंगदादि वीर
नयनसीताजू
कीरता भूमि

दो॰ रा॰ लं॰ ८७

दिखाइ अरु उ
निजते भेंटत भी
रघुराज आये
नहीं भरद्वाजपहिं
जाइ हनुमानको
अरज निकट पठ
बनु नहीं औ
नमस्कारु रामा
औ पठई

CC-0. In Public Domain. Digitized by eGangotri

गावहिं किन्नर सुरबधू नांचहिं चढ़ी बिमान ॥ ।
जनक सुता समेत प्रभु शोभा अमित अपार ॥
देखि भालु कपि हरषेउ जय रघुपति सुखसार

तव रघुपति अनुशासन पाई। मातलि चलेउ चरण शिर नाई
आये देव सदा स्वारथी ॥ । बचन कहहिं जनु परमारथी
दीनबंधु दयाल रघुराया । देव कीन्ह देवन्ह पर दाया ॥
बिश्व द्रोह रत यह खलकामी। निज अघ गयो कुमारग गामी
तुम सब रूप ब्रह्म अविनाशी। सदा एक रस सहज उदासी
अकल अगुण अज अनघ अनामय। अजित अमोघ शक्ति करुणामय
मीन कमठ सूकर नर हरी। बामन परशुराम बपु धरी
जब जब नाथ सुरन्ह दुख पायो। नाना तनु धरि तुम हि नसायो
यह खल मलिन सदा सुरद्रोही। काम लोभ मद रत अति कोही
अधम शिरोमणि तव पद पावा। यह हमरे मन बिस्मय आवा
हम देवता परम अधिकारी। स्वारथ रत प्रभु भक्ति बिसारी
भव प्रवाह संतत हम परे। अब प्रभु पाहि शरण अनुसरे
दो॰ करि बिनती सुर सिद्ध सब रंह जहं तहं कर जोरि
अति सप्रेम तन पुलकि बिधि अस्तुति करत बहोरि

छंद

जय राम सदा सुखधाम हरे। रघुनायक सायक चाप धरे
भव बारण दारण सिंह प्रभो। गुण सागर नागर नाथ बिभो
तन काम अनेक अनूप छबी। गुण गावत सिद्ध मुनींद्र कबी
जस पावन रावण नाग महा। खग नाथ यथा करि कोप महा

निषाद को संग लेइ श्री अवध आये १२० इति लंकाकांड प्रथम अंग: ६

टी॰ रा॰ लं॰ ६५

चौपाई छंद दोहादि कोटीका

श्लोक	चौपाई	छंद	सोरठा	दोहा
३	२१२०	३७	९	१५०

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जन रंजन भंजन शोक भयं। गत क्रोध सदा प्रभु बोध मयं
अवतार उदार अपार गुनं। महि भार बिभंजन ज्ञान घनं
अज व्यापक एक मनादि सदा। करुणा कर रामन मामि मुदा
रघुबंश बिभूषण दूषण हा। कृत भूप बिभीषण दीन रहा
गुण ज्ञान निधान अमान अजं। नित राम नमामि बिभुं बिरजं
भुज दंड प्रचंड प्रताप बलं। खल बृंद निकंद महा कुशलं
बिनु कारण दीन दयाल हितं। छबि धाम नमामि रमा सहितं
भव तारण कारण काज परं। मन संभव दारुण दोष हरं
सर चाप मनोहर त्रोण धरं। जल जारुण लोचन भूप बरं
सुख मंदिर सुंदर श्रीरमनं। मद मार मुधा ममता शमनं
अनवद्य अखंडन गोचर गो। सब रूप सदा सब होइ न गो
इति बेद बदंति न दंतकथा। रवि आतप भिन्न न भिन्न यथा
कृत कृत्य प्रभो सब बानरये। निरवंति त बानन सादरये
धिग जीवन देव शरीर धरे। तव भक्ति बिना भव भूलि परे
अब दीन दयाल दया करिये। दुख सो सुख मानि सुखी चरिये
जेहि ते बिपरीत कृपा करिये। मति मोर बिभेद कर हरिये
खल खंडन मंडन रम्य क्षमा। पद पंकज सेवित शंभु उमा
नृप नायक दे बरदान मिदं। चरणांबुज प्रेम सदा सुभदं

दो॰ बिनय कीन्ह चतुरानन प्रेम पुलक अति गात
शोभा सिंधु बिलोकत लोचन नहीं अघात

तेहि अवसर दशरथ तहँ आये। तनय बिलोकि नयन जल छाये

CC-0. In Public Domain. P...

अनुज सहित प्रभु बंदन कीन्हा। आसिर्बाद पिता तब दीन्हा।
तात सकल तव पुण्य प्रभाऊ। जीत्यौ अजय निसाचर राऊ।
सुनि सुत बचन प्रीति अति बाढ़ी। नयन सलिल रोमावलि ठाढ़ी।
रघुपति प्रथम प्रेम अनुमाना। चितै पितहि दीन्हेउ दृढ़ ज्ञाना।
ताते उमा मोक्ष नहिं पायो। दशरथ भेद भक्ति मन लायो।
सगुण उपासक मोक्ष न लेहीं। तिन कहुं राम भक्ति निज देहीं।
बार बार करि प्रभुहिं प्रणामा। दशरथ हरष गये सुरधामा।

दो॰ अनुज जानकी सहित प्रभु कुशल कोशलाधीश
शोभा देखि हरष मन अस्तुति कर सुर ईश ॥

तोमरछं॰

जय राम शोभा धाम। दायक प्रणत बिश्राम
धृत तोण वर सर चाप। भुज दंड प्रबल प्रताप
जय दूषणारि खरारि। मर्दन निशाचर धारि
यह दुष्ट मार्यो नाथ। भय देव सकल सनाथ
जय हरण धरणी भार। महि राउदार अपार
जय रावणारि कृपाल। किये यातु धान बिहाल
लंकेश अति बल गर्व। किये बस्य सुर गंधर्व।
मुनि सिद्ध नर खग नाग। हठि पंथ सबके लाग।
परद्रोह रत अति दुष्ट। पायो सो फल पापिष्ट
अब सुनहु दीन दयाल। राजीव नयन बिशाल
मोहि रहा अति अभिमान। नहिं कोउ मोहिं समान
अब देखि प्रभु पद कंज। गत मान प्रभु पद पुंज

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कोउ ब्रह्म निर्गुण ध्याव। अव्यक्त जेहि श्रुति गाव
मोहि भाव कोशल रूप। श्रीराम सगुण स्वरूप
वैदेहि अनुज समेत। मम हृदय करहु निकेत
मोहि जानिये निज दास। दे भक्ति रमा निवास
छं॰ दे भक्ति रमा निवास त्रास हरण शरण सुखदायकं
सुखधाम राम नमामि काम अनेक छवि रघुनायकं
सुर वृंद रंजन द्वंद भंजन मनुज तनु अतुलित बलं
ब्रह्मादि शंकर सेव्य राम नमामि करुणा कोमलम्
दो॰ अब करि कृपा विलोकि मोहि आयसु देहु कृपाल
कहा करौं सुन प्रिय वचन बोले दीन दयाल॥
सुन सुरपति कपि भालु हमारे। परे भूमि निशिचरन्ह के मारे
मम हित लागि तजे इन प्राना। सकल जियाउ सुरेस सुजाना
सुन खगेश प्रभु की यह बानी। अति अगाध जानहि मुनि ज्ञानी
प्रभु चह त्रिभुवन मार जिवाई। केवल शक्रहि दीन्ह बड़ाई
सुधा बरषि कपि भालु जिवाये। हरषि उठे सब प्रभु पहं आये
सुधा वृष्टि भइ दुहुं दल ऊपर। जिये भालु कपि नहिं रजनीचर
रामाकार भये तिन्ह के मन। मुक्त भये छूटे भव बंधन
सुर अंसिक सब कपि अरु रिच्छा। जिये सकल रघुपति की इच्छा
राम सरिस न दीन हित कारी। कीन्हे मुक्त निशाचर झारी
खल मल धाम काम रत रावन। गति पाई जो मुनिवर पावन
दो॰ सुमन बरषि सब सुर चले चढ़ि चढ़ि रुचिर विमान

टी॰ रा॰ लं॰ ९७

देखि सुअवसर प्रभु पहिं आये संभु सुजान ॥
परम प्रीति कर जोरि युग नलिन नयन भरि बारि
पुलकित तन गद्गद गिरा बिनय करत त्रिपुरारि
मानसि रक्षय रघुकुल नायक ॥
धृत सर चाप रुचिर कर सायक ॥
मोह महा घन पटल प्रभंजन ॥ ॥
संसय बिपिन अनल जन रंजन ॥
गुण सगुण गुण मंदिर सुंदर
भ्रम तम प्रबल प्रताप दिवाकर
काम कोध मद गज पंचानन ॥
बसहु निरंतर जन मन कानन ॥
बिषय मनोरथ पुंज कंज बन ॥
प्रबल तुषार उदार पार मन ॥ ॥
भव बारिधि मंदिर पर मंदर ॥
बारय तारय संसृति दुस्तर ॥ ॥
स्याम गात राजीव बिलोचन ॥
दीनबंधु प्रणतारत मोचन ॥
अनुज जानकी सहित निरंतर ॥
बसहु राम नृप मम उर अंतर ॥
मुनि रंजन महि मंडल मंडन ॥
तुलसिदास प्रभु त्रास बिखंडन

दी. ए. ल. ६८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ नाथ जबहिं कोसलपुरी होइहि तिलक तुम्हार
कृपासिंधु मैं आउब देखन चरित उदार ॥

करि बिनती जब संभु सिधाये। तब प्रभु निकट बिभीषण आये
नाइ चरण सिर कह मृदु बानी। बिनय सुनहु प्रभु सारंगपानी
सकल सदल प्रभु रावण मार्‌यो। पावन यश त्रिभुवन बिस्तार्‌यो
दीन मलीन हीन मति जाती। मोपर कृपा कीन्ह बहु भांती
अब जन गृह पुनीत प्रभु कीजे। मज्जन करिय समर श्रम छीजे
देखि कोस मंदिर संपदा। देहु कृपाल कपिन्ह कहं मुदा
सब बिधि नाथ मोहि अपनाइय। पुनि मोहि सहित अवध पुर जाइय
सुनत बचन प्रभु दीनदयाला। सजल भये दोउ नयन बिशाला

दो॰ तोर कोस गृह मोर सब सत्य बचन सुन तात
भरत दशा सुमिरत मोहि निमिष कल्प सम जात
तापस भेष शरीर कृश जपत निरंतर मोहि ॥
देखौं बेगि सो जतन करि सखा निहारौं तोहि
जो जैहौं बीते अवध जिअत न पावौं बीर ॥
सुमिरत प्रीति अनुज प्रभु पुनि पुनि पुलक शरीर
कहेहु कल्प भरि राजु तुम मोहि सुमिरहु मन माहिं
पुनि मम धाम सिधावहु जहां संत सब जाहिं

सुनत बिभीषण बचन राम के। हरषि गहे पद कृपा धाम के
बानर भालु सकल हरषाने। गहि प्रभु पदगण बिमल बखाने
बहुरि बिभीषण भवन सिधाये। मणिगण बसन बिमान भराये

लै पुष्पक प्रभु आगे राखा। हंसि कर कृपा सिंधु तव भाखा
चढ़ि बिमान सुन सखा बिभीषण। गगन जाइ बरषहु पट भूषण
नभ पर जाइ बिभीषण तबहीं। बरष दिये मणि अंबर तबहीं
जोइ जोइ मन भावै सो लेहीं। मणि मुख मेलि डारि कपि देहीं
हसे राम श्री अनुज समेता। परम कौतुकी कृपा निकेता
दो॰ मुनिजे ध्यान न पावहिं नेति नेति कह बेद ॥ ॥
कृपासिंधु सोइ कपिन्ह सन करत अनेक बिनोद
उमा योग जप दान तप नाना व्रत मख नेम ॥
राम कृपा नहिं करहिं तस जस निष्केवल प्रेम
भालु कपिन्ह पट भूषण पाये। पहिर पहिर रघुपति पहं आये
नाना जिनस देख सब कीशा। पुनि २ हंसत कोशलाधीशा
चितै सबन्ह पर कीन्ही दाया। बोले मृदुल बचन रघुराया
तुम्हरे बल मैं रावण मार्यौ। तिलक बिभीषण कहं पुनि सार्यौ
निज निज गृह अब तुम सब जाहू। सुमिरेहु मोहि डरपहु जनि काहू
सुनत बचन प्रेमाकुल बानर। जोरि पाणि बोले सब सादर
प्रभु जोइ कहहु तुमइ सब सोहा। हमरे होत बचन सुनि मोहा
दीन जानि कपि किये सनाथा। तुम त्रैलोक ईश रघुनाथा
सुनि प्रभु बचन लाज हम मरहीं। मसक कहूं खगपति हित करहीं
देखि राम रुष बानर रीछा। प्रेम मगन नहिं गृह कै ईछा
दो॰ प्रभु प्रेरित कपि भालु सब रामरूप उर राखि ॥
हरष बिषाद सहित चले बिनय बिबिध बिधभाखि

टी॰ रा॰ ल॰ १००

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

कपिपति नील रीछ पति अंगद नल हनुमान ॥
सहित बिभीषण अपरजे यूथप कपि बलवान
कहि न सकहिं कछु प्रेम बस भरि भरि लोचन बारि
सन्मुख चितवहिं राम तन नयन निमेष निवारि
अति सय प्रीति देख रघुराई । लीन्हे सकल बिमान चढ़ाई
मन महं बिप्र चरण शिर नायो । उत्तर दिशिहि बिमान चलायो
चलत बिमान कुलाहल होई । जय रघुबीर कहैं सब कोई
सिंहासन अति उच्च मनोहर । श्री समेत प्रभु बैठे ता पर
राजत राम सहित भामिनी । मेरु शृंग जनु घन दामिनी ।
रुचिर बिमान चलेउ अति आतुर । कीन्ही सुमन बृष्टि हरषे सुर ।
परम सुखद चलि त्रिबिध बयारी । सागर सुरसरि निर्मल बारी ।
सगुण होहिं सुंदर चहुं पासा । मन प्रसन्न निर्मल नभ आसा
कह रघुबीर देख रण सीता । लक्षमण इहां हत्यौ इंद्रजीता
हनूमान अंगद के मारे । रण महि परे निशाचर भारे
कुंभकरण रावण दोउ भाई । इहां हते सुर मुनि दुख दाई ।
दो. देखो सुंदर सेतु यह थाप्यौ शिव सुख धाम ।
सीता सहित कृपा निधि शंभुहि कीन्ह प्रणाम
जहं जहं कृपासिंधु बन कीन्ह बास बिश्राम
सकल दिखाये जानकिहि कहे सबन के नाम
तुरत बिमान तहां चलि आवा । दंडकबन जहं परम सुहावा
कुंभजादि मुनि नायक नाना । गये राम सब के अस्थाना

टी. रा. लं. १०१

सकल ऋषीनसनपाइ ऋषीगा। चित्रकूट आये जगदीशा।
तहं की मुनिन्ह के रसंतोषा । चला बिमान तहां ते चोषा।
बहुरि राम जानकिहि दिषाई। जमुना कलिमल हरणा सुहाई
पुनि देखी सुरसरी पुनीता । एम कहा प्रणाम कर सीता।
तीरथपति पुनि देख प्रयागा। निरवत जन्म कोटि अघभागा
देखु परम पावन अति बेनी । हरणि शोक हरि लोक निसेनी
देखी अवधपुरी अति पावनि। त्रिविध ताप भवरोग नसावनि
दो- सीता सहित अवधपुरी कीन्ह कृपानि प्रणाम।
सजल नयन तन पुलकित पुनि पुनि हरषित राम
बहुरि बिबेणी आय प्रभु हरषित मज्जन कीन्ह
कपिन्ह सहित निपनकहं दान विविध जिमि दीन्ह
प्रभु हनुमंतहि कहा बुझाई । धरि बटु रूप अवध पुर जाई।
भरतहि कुशल हमारि सुनायउ। समाचार लैतुम चलि आयउ
तुरत पवनसुत गवनत भयऊ। तब प्रभु भरद्वाज पहं गयऊ
माना विधि मुनि पूजा कीन्ही। अस्तुति करि पुनि आशिष दीन्ही
मुनि पद वंदि युगल कर जोरी। चढ़ि विमान प्रभु चले बहोरी
इहां निषाद सुना प्रभु आये। नाव नाव कहि लोग बुलाये
सुरसरि बांधि जानतब आयो। उतरेउ तट प्रभु आय सुपायो
तब सीता पूजी सुरसरी । बहु प्रकार मुनि करणीन्ह परी।
दीन्ह असीस हरष मन गंगा। सुंदरि तव अहि बात अभंगा
सुनत गुहा धायो प्रेमाकुल। आये निकट परम सुख संकुल

दो. रा. लं. १०२

प्रभुहि सहित विलोकि वैदेही । परेउ अवनितन सुधि नहिं तेही
प्रीति परम विलोकि रघुराई । हरषि उठाय लिये उरलाई ।

छं॰ लियो हृदय लाइ कृपानिधान सुजान राम रमापती
बैठारि परम समीप बूझी कुशल सो कर बीनती ।
अब कुशल पद पंकज विलोकि विरंचि शंकर सेव्यजे
सुख धाम पूरण काम राम नमामि राम नमामि ते
सब भांति अधम निषाद सो हरि भरत ज्यौं उरलाइयो
मति मंद तुलसीदास सो प्रभु मोह बस बिसराइयो
यह रावणारि चरित्र पावन राम पद रति प्रद सदा ।
कामादि हरि विज्ञान कर सर सिद्धि मुनि गावहिं मुदा

दो॰ समर विजय रघुवीर के चरित जे सुनहिं सुजान ॥
विजय विभूति विवेक नित तिन्हहिं देहिं भगवान
वह कलि काल मलायतन मन कर देखु विचार
श्री रघुनायक नाम तजि नाहिन आन अधार

इति श्रीराम चरित मानसे सकल कलि कलुष विध्वंसिने
विमल विज्ञान संपादनो नाम षष्ठः सोपानः समाप्तः



टी॰
रा॰ लं॰
१०३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha





CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अथ उत्तरकाण्डः ७

श्रीगणेशायनमः श्लोक केकी कंठाभनीलं सुरवर विलसद्विप्र पादाब्जचिन्हं शोभाढ्यं पीत वस्त्रं सरसिज नयनं सर्वदा सुप्रसन्नं ॥ पाणौ नाराचचापं कपिनिकर युतं बन्धुना सेव्यमानं नौमीड्यं जानकीशं रघुवर मनिशं पुष्पकारूढ रामं १ कौशलेंद्र पदकंज मंजुलो कोमलाब्जमहेशवंदितौ । जानकीकर सरोज लालितौचित्तकस्यहृदयालिसंगिनौ २

कुंद इंदु दर गौर सुंदरं अम्बिका पति मभीष्ट सिद्धिदं ॥ कारुणीक कर कंज लोचनं नौमि शंकर मनंग मोचनं ॥ ३ ॥

दो० रहा एक दिन अवधि कर अति आरत पुर लोग
जहं तहं शोचहिं नारि नर कृस तन राम वियोग
सगुन होहिं सुंदर सकल मन प्रसन्न सब केर
प्रभु आगमन जनाव जनु नगर रम्य चहुं फेर
कौशिल्यादिक मात सब मन अनंद अस होइ
आये प्रभु सिय अनुज युत कहन चहत अब कोइ
भरत नयन भुज दक्षिण फरकत बारहि बार ॥
जानु सगुन मन हर्ष अति लागे करण विचार

रहा एक दिन अवधि अधारा । समुझत मन दुख भयउ अपारा
कारण कवन नाथ नहिं आये । जानि कुटिल प्रभु मोहिं बिसराये
अहह धन्य लक्ष्मण बड़ भागी । राम पदारविन्द अनुरागी ॥
कपटी कुटिल मोहिं प्रभु चीन्हा । तातें नाथ संग नहिं लीन्हा ॥
जौं करणी समुझै प्रभु मोरी । नहिं निस्तार कल्प शत कोरी
जन अवगुण प्रभु मान न काऊ । दीन बन्धु प्रभु मृदुल सुभाऊ
मोरे जिय भरोस दृढ़ सोई ॥ मिलिहहिं राम सगुण शुभ होई
बीते अवध रहहिं जो प्राना ॥ अधम कौन जग मोहिं समाना

दो० राम विरह सागर महं भरत मगन मन होत ॥
विप्र रूप धरि पवन सुत आइ गये जनु पोत ॥
बैठे देखि कुशासन जटा मुकुट कृश गात ॥

राम नाम रघुपति जपत श्रवत नयन जल जात ॥

देखत हनूमान अति हरषे । पुलकि गात लोचन जल बरषे
मन महं बहुत भांति सुख मानी । बोलेउ श्रवण सुधा सम बानी
जासु बिरह शोचहु दिन राती । रहहु निरंतर गुण गण पाती
रघुकुल तिलक सुजन सुख दाता । आये देव कुशल मुनि त्राता ।
रिपु रण जीति सुयश सुर गावत । सीता सहित अनुज प्रभु आवत
सुनत वचन बिसरे सब दूषा । त्रिषावंत जिमि पाइ पियूषा
को तुम तात कहां ते आये । मोहि परम प्रिय वचन सुनाये
मारुत सुत मैं कपि हनुमाना । नाम मोर सुनु कृपा निधाना ।
दीन बंधु रघुपति कर किंकर ॥ सुनत भरत भेटेउ अति सादर
मिलत प्रेम नहिं हृदय समाता । नयन श्रवत जल पुलकित गाता
कपि तव दरश सकल दुख बीते । मिले आजु मोहिं राम पिरीते ।
बार बार बूझी कुशलाता ॥ तो कहं देउं कहा सुन भ्राता ॥
यह संदेश सरिस जग माहीं । करि विचार देखेउं कछु नाहीं
नाहिन तात उरिण मैं तोही । अब प्रभु चरित सुना बहु मोही
तब हनुमंत नाइ पद माथा । कहे सकल रघुपति गुण गाथा
कहु कपि कबहुं कृपाल गोसाईं । सुमिरत मोहिं दास की नाईं ।

छं० निज दास ज्यौं रघुबंश भूषण कबहुं मम सुमिरण कर्यो
सुनि भरत वचन विनीत अति कपि पुलकि तन चरणन पर्यो
रघुवीर निज मुख जासु गुण गण कहत अग जग नाथ जो
काहे न होहु विनीत परम पुनीत सद गुण सिंधु सो ॥

अयोध्या आदि श्री
वशिष्ठ जू ते कहि
रनिवास में जना
यो अरु आगम
न सुन पुरवासी
सब मंगल द्रव्य
लेइ धावत भये
अरु भरत जू गु
रु मंत्री विप्र संग
लेइ चले तहां श्री
रघुनाथ बाल ली
ला हेतु वैकुंठ तें
अयोध्या महात्म
अधिक निज मु
ख वरणत नगर
निकट पहुंच पुष्प
क विमान कोवि
दा कियो तब व
शिष्ठ पद बंदि भर
त तें शृंगार अरु
प्रेम रूप तें भेटत
भये या सुख
वचन मन ते परें
जाको मिले सोई
जानें शत्रुहन आ
दि अरु जावत पुर
वासिन ते प्रभु
ता पूर्वक अनेक
रूप तें मिलन
भये अरु प्रवेश
समय प्रेम पूर्व
क मातन तें श
रु छो भनिवा
णार्थ कै कर्द्ध
तें पुनः पुनः

टी
रा. उ.

दो० राम प्राण प्रिय नाथ तुम सत्य वचन ममतात
पुनि पुनि मिल तहि भरत मन प्रेम न हृदय समात

सो० भरत चरण शिर नाइ तुरत गयो कपि राम पहं
कही कुशल सब जाइ हरषि चले प्रभु यान चढ़ि

हरष भरत कोशल पुर आये। समाचार सब गुरुहि सुनाये॥
पुनि मंदिर मंह बात जनाई। आवत कुशल नगर रघुराई।
सुनत सकल जननी उठि धांई। कहि प्रभु सकल भरत समुझाई॥
समाचार पुर वासिन पाये।। नर अरु नारि हरष सब धाये
दधि रोचन दूर्वा फल फूला। नव तुलसी दल मंगल मूला
भरि भरि हेम थाल भामिनी। गावत चलीं सिंधर गामिनी
जे जैसेहि तैसेहि उठि धावहिं। बाल वृद्ध कहं संग न लावहिं
एक एक सन बूझहिं धाई। तुम देखे दयाल रघुराई॥
अवध पुरी प्रभु आवत जानी। भई सकल शोभा कै खानी।
बहै सुहावनि त्रिविध समीरा। भइ सरयू अति निर्मल नीरा।

दो० हरषित गुरु परिजन अनुज भूसुर वृंद समेत॥
चले भरत मन प्रेम अति सन्मुख कृपा निकेत
बहुतक चढ़ी अटारिन्ह निरखहिं गगन विमान
देखि मधुर सुर हरषित करहिं सुमंगल गान॥
राका शशि रघुपति पुरी सिंधु देखि हरषान॥
बढ़ेउ कोलाहल करत जनु नारि तरंग समान

इहां भानु कुल कमल दिवाकर। कपिन्ह दिखावत नगर मनोहर

अरु श्री सीता जू सब सासन तें प्रेम पूर्वक भेंटि व रानिन जावत

टी० रा० उ० ४

व्यवहार नंगल रीति कर बात्स ल्य पूर्वक आनंदित होत भई ३

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुनु कपीश अंगद लंकेशा। पावन पुरी रुचिर मम देशा।
यद्यपि सब बैकुंठ बखाना। बेद पुराण विदित जग जाना
अवध पुरी मम प्रिय नहिं सोऊ। यह प्रसंग जानै कोउ कोऊ
जन्म भूमि मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि वह सरयू पावनि
जा मज्जन तें बिनहिं प्रयासा। मम समीप पावहिं नर बासा।
अति प्रिय मोहिं इहाँ के बासी। मम धामदा पुरी सुख रासी॥
हरषे सब कपि सुनि प्रभु बानी। धन्य अवध जो राम बखानी।
दो० आवत देखे लोग सब कृपा सिंधु भगवान ॥
नगर निकट प्रभु प्रेरेउ उतरे भूमि बिमान ॥
उतरि कहेउ प्रभु पुष्प कहिं तुम कुबेर पहं जाहु
प्रेरित राम चलेउ सो हरषि बिरह अति ताहु ॥
आये भरत संग सब लोगा।। कृशतन श्री रघुबीर बियोगा
वाम देव बशिष्ठ मुनि नायक। देखे प्रभु महि धरि धनु सायक
धाइ धरे गुरु चरण सरोरुह।। अनुज सहित अति पुलकित नोरुह
भेटि कुशल पूछी मुनि राया। हमरे कुशल तुम्हारिहि दाया।
सकल द्विजन मिल नायउ माथा। धरम धुरंधर रघुकुल नाथा॥
गहे भरत पुनि प्रभु पद पंकज। नमत जिन्हहिं सुर मुनि शंकर अज
परे भूमि नहिं उठत उठाये। बल करि कृपा सिंधु उर लाये
श्यामल गात रोम भए ठाढ़े। नव राजीव नयन जल बाढ़े।
छं० राजीव लोचन स्रवत जल तन ललित पुलकावलि बनी
अति प्रेम हृदय लगाय अनुजहि मिले प्रभु त्रिभुवन धनी

टी. रा. उ. ५

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddh...

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रभु मिलत अनुजहिं सोह मोपहिं जात नहिं उपमा कही
जनु प्रेम अरु सिंगार तनु धरि मिले वर परमा लही॥
बूझत कृपानिधि कुसल भरतहिं वचन बेगि न आवही
सुनि सिवा सो सुख वचन मन तें भिन्न जान जो पावही
अब कुसल कौसल नाथ आरत जानि जन दरसन दियो
बूडत बिरह बारिधि कृपानिधि काढ़ि मोहिं कर गहि लियो
दो० पुनि प्रभु हरषित सत्रुहन भेंटे हृदय लगाय॥
लछमन भरत मिले तब परम प्रेम दोउ भाय
भरतानुज लछमन पुनि भेंटे। दुसह बिरह संभव दुख मेटे।
सीता चरन भरत सिर नावा। अनुज समेत परम सुख पावा
प्रभु बिलोकि हरषे पुर बासी। जनित बियोग बिपति सब नासी
प्रेमातुर सब लोग निहारी॥ कौतुक कीन्ह कृपाल खरारी
अमित रूप प्रगटे तेहि काला। जथा जोग मिले सबहि कृपाला
कृपा दृष्टि रघुबीर बिलोकी। किये सकल नर नारि बिसोकी
छन महं सबहिं मिले भगवाना। उमा मरम यह काहु न जाना
एहि बिधि सबहि सुखी करिरामा। आगे चले सील गुन धामा
कौसल्यादि मातु सब धाईं। निरखि बच्छ जनु धेनु लवाईं
छं० जनु धेनु बालक बच्छ तजि गृह चरन बन परबस गईं।
दिन अंत पुर रुख श्रवत थन हुंकार करि धावत भईं॥
अति प्रेम प्रभु सब मातु भेटी बचन मृदु बहु बिधि कहे
गइ बिषम बिपति बियोग भवतिन्ह हरष सुख अगनित लहे

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

दो० भेटेउ तनय सुमित्रा राम चरन रति जानि ॥
राम हि मिलत केकई हृदय बहुत सकुचानि ।
लखन सीय सब मातन्ह मिले हरषि आसिष पाइ
कैकई कहु पुनि मिले मन कर छोभ न जाइ ॥

सासु सबन मिली बैदेही ॥ चरणन्ह लागि हरषि अति तेही
देहिं असीस बूझि कुसलाता । होउ कुसल तुम्हरि कहि बाता
सब रघुपति मुख कमल बिलोकहिं । मंगल जानि नयन जल रोकहिं
कनक थार आरती उतारहिं । बार बार प्रभु गात निहारहिं ॥
नाना भांति निछावरि करहीं । परमानंद हरष उर भरहीं ॥
हृदय बिचारति बारहिं बारा । कवन भांति लंका पति मारा
कौसिल्या पुनि पुनि रघुबीरहि । चितवत कृपासिंधु रनधीरहि
अति सुकुमार युगल मम बारे । निसिचर सुभट महाबल भारे

दो० लखन सीय अरु सीता सहित प्रभुहि बिलोकति मात
परमानंद मगन मन पुनि पुनि पुलकित गात ॥

लंकापति कपीस नल नीला । जामवंत अंगद सुभ सीला ॥
हनुमदादि सब बानर बीरा । धरे मनोहर मनुज सरीरा ॥
भरत सनेह सील ब्रत नेमा । सादर सब बरनहिं अति प्रेमा
देखि नगर बासिन्ह कै रीती । सकल सरा हहिं प्रभु पद प्रीती
पुनि रघुपति सब सखा बुलाये । मुनि पद लागहु सकल सिखाये
गुरु बसिष्ठ कुल पूज्य हमारे । इन्ह की कृपा दनुज रन मारे ।
ए सब सखा सुनहु मुनि मेरे ॥ भये समर सागर कहं बेरे ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मम हित लागि जन्म इन्ह हारे। भरतहुँ तेंमोहिं अधिक पियारे॥
सुनि प्रभु बचन मगन सब भये। निमिष निमिषि उपजत सुख नये॥

दो॰ कौसिल्या के चरनन्ह पुनि तिन्ह नाय उमाय॥
आसिष दीन्हे उहरषि उर प्रिय जिमि मम रघुनाथ
सुमन बृष्टि नभ संकुल भवन चले सुख कंद॥
चढ़ी अटारिन्ह देखहिं नगर नारि नर बृंद॥

कंचन कलस बिचित्र संवारे॥ सबन्हि धरे सजि निज निज द्वारे
बंदन बार पताका केतू॥ सबन्हि बनाये मंगल हेतू॥
बीथी सकल सुगंध सिंचाई। गज मनि रचि बहु चौक पुराई
नाना भांति सुमंगल साजे॥ हरषि नगर निसान बहु बाजे
जहं तहं नारि निछावरि करहीं। देहिं असीस हरष उर भरहीं
कंचन थार आरती नाना॥ जुवती सजे करहिं सुभ गाना
करहिं आरती आरति हर के। रघुकुल कमल बिपिन दिनकर के
पुर सोभा संपति कल्याना॥ निगम सेष सारदा बखाना॥
तेउ यह चरित देखि ठगि रहहीं। उमा तासु गुन नर किमि कहहीं

दो॰ नारि कुमुदिनी अवध सर रघुपति बिरह दिनेस
अस्त भये बिकसित भईं निरखि राम राकेस॥
होहिं सगुन सुभ बिबिध बिधि बाजहिं गगन निसान
पुर नर नारि सनाथ करि भवन चले भगवान॥

प्रभु जानी कैकेई लजानी॥ प्रथम तासु गृह गये भवानी॥
ताहि प्रबोधि बहुत सुख दीन्हा॥ पुनि निज भवन गवन हरि कीन्हा॥

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

कृपासिंधु तब मंदिर गये ।। पुरनर नारि सुखी सब भये।
गुरु वसिष्ठ द्विज लिये बुलाई। आजु सुघरी सुदिन सुभदाई
सब द्विज देहु हरषि अनुसासन। राम बंदु बैठहिं सिंघासन।
मुनि वसिष्ठ के बचन सुहाये। सुनत सकल बिप्रन्ह अति भाये
कहहिं बचन मृदु बिप्र अनेका। जग अभिराम राम अभिषेका
अब मुनिबर बिलंब नहिं कीजै। महाराज कहं तिलक करीजै

दो० तब मुनि कहेउ सुमंत्र सन सुनत चलेउ हरषाइ
रथ अनेक बहु बाजि गज तुरत सँवारे उ जाइ।
जहं तहं धावन पठे पुनि मंगल द्रव्य मंगाय।
हरष समेत बसिष्ठ पद मुनि सिर नायउ आय

टी० रा० उ० १०

अवध पुरी अति रुचिर बनाई। देवन सुमन बृष्टि झरि लाई
राम कृपा सेवकन्ह बुलाई। प्रथम सखन्ह न्हवाव बहुजाई
सुनत बचन जहं तहं जन धाये। सुग्रीवादि तुरत न्हवाये
पुनि करुनानिधि भरत हंकारे। निज कर राम जटा निरवारे
न्हवाये प्रभु तीनउ भाई। भक्त बछल कृपाल रघुराई।
भरत भाग्य प्रभु कोमलताई। सेष कोटि सत सकहि न गाई
पुनि निज जटा राम बिय रचे। गुरु अनुसासन मांगि नहाये
करि मज्जन प्रभु भूषण साजे। अंग अनंग कोटि छबि लाजे

दो० सादर सासु सकल जानकिहि मज्जन सुरत कराइ
दिव्य बसन बर भूषण अंग अंग सजे बनाइ
राम बाम दिसि सोभित रमा रूप गुण खानि

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

देखि मातु सब हरषीं जन्म सुफल निज जानि ॥
सुनखगेश तेहि अवसर ब्रह्मा शिव मुनि वृंद ॥
चढ़ि विमान आये सब सुर देखन सुख कंद ॥
प्रभु बिलोकि मुनि मन अनुरागा। तुरतहिं दिव्य सिंहासन मांगा॥
रवि सम तेज सो बरणि न जाई॥ बैठे राम द्विजन्ह शिर नाई॥
जनक सुता समेत रघुराई॥ देखि प्रहर्षे मुनि समुदाई॥
वेद मंत्र जब द्विजन उचारे॥ नभ सुर मुनि जय जयति पुकारे
प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा। पुनि सब विप्रन आयसु दीन्हा।
सुत बिलोकि हरषीं महतारी॥ बार बार आरती उतारी॥
विप्रन दान विविध विध दीन्हे॥ याचक सकल अयाचक कीन्हे।
सिंहासन पर त्रिभुवन सांई॥ देखि सुरन्ह दुन्दुभी बजाई।
छं० नभ दुंदुभी बाजहिं विपुल गंधर्व किन्नर गावहीं॥
नाचहिं अपसरा वृंद परमानंद सुर मुनि पावहीं॥
भरतादि अनुज विभीषणांगद हनुमतादि समेत जे
गहि छत्र चामर व्यजन धनु असि चर्म शक्ति विराजते
श्री सहित दिनकर वंश भूषण काम बहु छवि सोहई
नव अंबुधर वर गात अंबर पीत मुनि मन मोहई॥
मुकुटांगदादि विचित्र भूषण अंग अंग न प्रति सजे
अंभोज नयन विशाल उर भुज धन्य नर निरखंति जे
दो० वह शोभा समाज सुख कहत न बनै खगेश॥
बरणै शारद शेष श्रुति सो रस जान महेश॥

टी. रा. कु. ११

भिन्न भिन्न अस्तुति करि गये सुर निज निज धाम
बंदी बेष बेद तहं आये जहं श्री राम ॥ ॥
प्रभु सर्बज्ञ कीन्ह अति आदर कृपा निधान ॥
लगे करन सब राम गुन गान
छं० जय सगुण निर्गुण रूप राम अनूप भूप सिरोमनी ॥
दसकंधरादि प्रचंड निसिचर प्रबल खल भुज बल हने
अवतार नर संसार भार बिभंजि दारुण दुख दहे ॥
जय प्रनत पाल दयालु प्रभु संजुक्त सक्ति नमामिहे
तव बिषम माया बस सुरासुर नाग नर अग जग हरे
भव पंथ भ्रमत अमित दिवस निसि काल कर्म गुणन भरे
जो नाथ करि करुणा बिलोकहु बिबिध दुख ते निर्बहे ॥
भव खेद छेदन दक्ष हम कहं रक्ष राम नमामिहे ॥
जे ग्यान मान बिमत्त तव भव हरनि भक्ति न आदरी
ते पाद सुर दुर्लभ पदा दपि परत हम देखत हरी ॥
बिस्वास करि सब आस परिहरि दास तव जे होइ रहे
जपि नाम तव बिनु श्रम तरहिं भव नाथ सो समरामहे
जे चरण सिव अज पूज्य रज सुभ परसि मुनि पत्नी तरी
नख निर्गता मुनि बंदिता त्रैलोक पावन सुर सरी ॥
ध्वज कुलिस अंकुस कंज जुत बन फिरत कंटक किन लहे
पद कंज द्वंद मुकुंद राम रमेस नित्य भजामहे ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यक्त मूल मनादि तरु त्वच चारि निगमागम भने
षट कंध शाखा पंच बिंश अनेक पर्ण सुमन घने ॥
फल युगल बिधि कटु मधुर बेलि अकेलि जेहि आश्रित रहे
पल्लवित फूलत नवल नित संसार बिटप नमामहे ॥
ते ब्रह्म अजमद्वैत मनुभव गम्य मन पर ध्यावहीं ॥
ते कहहु जानहु नाथ हम तव सगुण यश निति गावहीं
करुणायतन प्रभु सदगुणाकर देव यह बर मांगहीं ॥
मन कर्म बचन बिकार तजि तव चरण हम अनुरागहीं

दो० सब के देखत बेदन्ह बिनती कीन्ह उदार ॥
अंतर ध्यान भये पुनि गये ब्रह्म आगार ॥
बैन तेय सुन शंभु तब आये जहं रघुबीर ॥
बिनय करत गदगद गिरा पूरित पुलक शरीर ॥

छं० जय राम रमा रमणं शमनं। भय ताप भया कुल पाहि जनं
अवधेश रमेश सुरेश बिभो। शरणागत मांगत पाहि प्रभो
दशशीश बिनाशन बीस भुजा। कृत दूर महा महि भूरि रुजा
रजनीचर वृंद पतंग रहे ॥ शर पावक तेज प्रचंड दहे।
महि मंडल मंडन चारु तरं। धृत शायक चाप निषंग वरं।
मद मोह महा ममता रजनी। तम पुंज दिवाकर तेज अनी
मनुजाद किरात निपात किये। मृग लोग कुभोग सरे न हिये
हित नाथ अनाथन्ह पाहि हरे। बिषया बन पांवर भूलि परे
बहु रोग बियोगन्ह लोग हये। भव दंघ्रि निरादर के फलये

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

भवसिंधु अगाध परे नरते। पद पंकज प्रेम न जे करते॥
अति दीन मलीन दुखी नितहीं। जिन्ह के पद पंकज प्रीति नहीं
अवलंब भवंत कथा जिनके। प्रिय संत अनंत सदा तिनके
नहिं राग न लोभ न मान मुदा तिन के सम वैभव वादि पदा
एहि ते तव सेवक होत मुदा। मुनि त्याग न योग भरोस सदा
करि प्रेम निरंतर ने गम लिये। पद पंकज सेवत शुद्ध हिये॥
सम मान निरादर आदर ही। सब संत सुखी विचरंत मही
मुनि मानस पंकज भृङ्ग भजै। रघुवीर महा रण धीर अजै।
तव नाम जपामि नमामि हरी। भव रोग महा मद मान अरी।
गुण शील कृपा परमाय तनं। प्रणमामि निरंतर श्री रमनं।
रघुनंद निकंदन वृंद घनं। महि पाल विलोकिय दीन जनं

टी॰ रा॰ उ॰ ७५

दो॰ बार बार वर मांगौं हरषि देहु श्री रंग॥।
पद सरोज अनपायनी भक्ति सदा सत संग॥
बरणि उमा पति राम गुण हरषि गये कैलास।
तब प्रभु कपिन्ह दिवाये सब विधि सुख प्रद वास

सुन खग पति यह कथा पावनी। त्रिविध ताप भव भय दावनी।
राम राज कर शुभ अभि षेका। सुनत लहहिं नर विरति विवेका
जे सकाम नर सुनहिं जे गावहिं। सुख संपति नाना विधि पावहिं
सुर दुर्लभ सुख करि जग माहीं। अंत काल रघुपति पुर जाहीं।
सुनहिं विमुक्त विरत अरु विषई। लहहिं भक्ति गति संपति नई
विरति विवेक भगति दृढ करणी। मोह नदी कहं सुन्दर तरणी॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नित नव मंगल कोसल पुरी । हरषित रहहिं लोग सब कुरी ।
नित नइ प्रीति राम पद पंकज । सबहि जिन्हहि नमत सिव मुनि अज ।
मंगल बहु प्रकार पहिराये । द्विजन दान नाना बिधि पाये ॥
दो० ब्रह्मानंद मगन कपि सब के प्रभु पद प्रीति ॥
जानत जहाँ दिवस तिन्ह गये मास षट बीति
बिसरे गृह सपनेहु सुधि नाहीं । जिमि परद्रोह संत मन माहीं ॥
तब रघुपति सब सखा बुलाये । आदर सहित निकट बैठाये ।
परम प्रीति समीप बैठारे ॥ भक्त सुखद मृदु बचन उचारे
तुम्ह अति कीन्ह मोरि सेवकाई । मुख पर केहि बिधि करौं बड़ाई
ताते मोहि तुम अति प्रिय लागे । मम हित लागि भवन सुख त्यागे
अनुज राज संपति बैदेही ॥ । देह गेह परिवार सनेही ॥
कोउ मोहि प्रिय न हिंतुमहिं समाना । मृषा न कहौं मोर यह बाना ॥
सब के प्रिय सेवक यह नीती ॥ । मोरे अधिक दास पर प्रीती ॥
दो० सब गृह जाहु सखा सब भजेहु मोहिं दृढ़ नेम
सदा सर्वगत सर्वहित जानि करेहु अति प्रेम ॥
सुनि प्रभु बचन मगन सब भये । को हम कहां बिसर तन गये ॥
एक टक रहे जोरि कर आगे । सकहिं न कछु कहि अति अनुरागे
परम प्रेम तिन्ह कर प्रभु देखा । कहा बिबिध बिध ज्ञान बिसेषा
प्रभु सन्तुस कछु कहन न पारहिं । पुनि पुनि चरण सरोज निहारहिं
तब प्रभु भूषण बसन मंगाये । नाना रंग अनूप सुहाये ॥ ॥
सुग्रीवादि प्रथम पहिराये । बसन भरत निज हाथ बनाये ॥

CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

प्रभु प्रेरित लछमन पहिराये। लंकापति रघुपति मन भाये ॥
अंगद बैठ रहा नहिं डोला। प्रीति देखि प्रभु नाहिं न बोला
दो० जामवंत नीलादि सब पहिराये रघुनाथ ॥
हिय धरि राम रूप सब चले नाइ पद माथ ॥
तब अंगद उठि नाइ सिर सजल नयन कर जोरि
अति बिनीत बोलेउ बचन मनहुं प्रेम रस बोरि
सुनु सर्बज्ञ कृपा सुख सिंधो। दीन दया कर आरत बंधो ॥
मरती बार नाथ मोहि बाली। गयो तुम्हारेहि कोछे घाली ॥
अस्तुति करि न जाइ भय मारी। मोहि जनि तजहु भक्त हितकारी
मोरे तुम प्रभु गुरु पितु माता ॥ जाउं कहां तजि पद जल जाता ॥
तुम्हहिं बिचारि कहहु नरनाहा। प्रभु तजि भवन काज मम काहा।
बालक ज्ञान बुद्धि बल हीना। राखहु सरन जानि जन दीना ॥
नीच टहल गृह के सब करिहूं। पद पंकज बिलोकि भव तरिहूं ॥
अस कहि चरन परेउ प्रभु पाही। अब जनि नाथ कहहु गृह जाही
दो० अंगद बचन बिनीत सुनि रघुपति करुणा सींव
प्रभु उठाय उर लायउ सजल नयन राजीव ॥
निज उर माल बसन मनि बालि तनय पहिराय
बिदा कीन्ह भगवान तब बहु प्रकार समुझाय ॥
भरत अनुज सौमित्र समेता। पठवन चले भक्त कृत चेता ॥
अंगद हृदय प्रेम नहिं थोरा। फिरि फिरि चितव राम की ओरा ॥
बार बार करि दंड प्रणामा ॥ मन अस रहन कहहिं मोहि रामा

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC-0. In Public Domain Digitized By Siddhanta

राम विलोकनि बोलनि चलनी। सुमिरि सुमिरि शोचत हंस मिलनी
प्रभु रुष देखि बिनय बहु भाखी। चलेउ हृदय पद पंकज राखी
अति आदर सब कपि पहुंचाये। भाइन्ह सहित भरत पुनि आये
तब सुग्रीव चरण गहि नाना। भांति बिनय कीन्ही हनुमाना
दिन दश करि रघुपति पद सेवा। पुनि तव चरण देखिहौं देवा
पुण्य पुंज तुम पवन कुमारा। सेवहु जाइ कृपा आगारा।
अस कहि कपि सब चले तुरंता। अंगद कहैं सुनहु हनुमंता

दो० कहेउ दंडवत प्रभु सैं तुमहिं कहौं कर जोरि
बार बार रघुनाथ कहिं सुरत करायहु मोरि॥
अस कहि चलेउ बालि सुत फिर आयउ हनुमंत
तासु प्रीति प्रभु सन कही मगन भये भगवंत।
कुलिसहु चाहि कठोर अति कोमल कुसुमहु चाहि
चित खगेश अस राम कर समुझि परै कहु काहि।

पुनि कृपाल लियो बोलि निषादा। दीन्हे भूषण बसन प्रसादा
जाहु भवन मम सुमिरण करेहु मन क्रम वचन धर्म अनुसरेहु
तुम मम सखा भरत सम भ्राता। सदा रहेउ पुर आवत जाता
वचन सुनत उपजा दुख भारी। परेउ चरण भरि लोचन बारी
चरण नलिन उर धरि गृह आवा। प्रभु सुभाव परिजनन सुनावा
रघुपति चरित देखि पुरवासी। पुनि पुनि कहहिं धन्य सुखरासी
राम राज बैठे त्रय लोका। हरषित भये गये सुर लोका
बैरु न कर काहू सन कोई। राम प्रताप बिषमता खोई॥

निज धाम गये या आनंद में काहू को कछु मान न भयो अरु छः महीना बीत गये तब श्री रघुनाथ विभीषण सुग्रीव आदि कपिन को सन मानि अंगद को अधिक जानि भरत भाइन तें आदर कर बाद विदा कियो तहां हनूमान रहे पुनः निषाद

टी० रा० उ० १८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो॰ बरुण श्रमनिजनिज धरमनिरत बेदपथलोग
चलहिं सदापावहिं सुरव नहिं भयशोकनरोग
दैहिकदैविक भौतिक तापा । रामराज नहिं काहुहिं व्यापा ॥
सब नरकरहिं परस्पर प्रीती । चलहिं स्वधर्मनिरत श्रुतिनीती
चारिउ चरण धर्म जग माहीं । पूरि रहा सपने हु श्रघ नाहीं
राम भक्त रत सब नर नारी । सकल परमगति के श्रधिकारी
श्रल्प मृत्यु नहिं कवनिउपीरा । सब सुन्दर सब निरुज शरीरा
नहिं दरिद्र कोउ दुखीन दीना । नहिं कोउ श्रबुधनलक्षणहीना
सब निर्दंभ धरम रत पुनी । नर श्ररु नारि चतुर सब गुनी
सब गुणज्ञ सब पंडित ज्ञानी । सब कृतज्ञनहिं कपटसयानी
दो॰ रामराज नभगेश सुन सचराचर जग माहिं ॥
काल कर्म सुभाव गुण कृत दुख काहुहि नाहिं ॥
भूमि सप्त सागर मेखला । एक भूप रघुपति कोसला ॥
भुवन श्रनेक रोम प्रति जासू । यह प्रभुता कछु बहुत न तासू
सो महिमा समुझत प्रभु केरी । यह बरणत हीनता घनेरी ॥
सो महिमा खगेश जिन जानी । फिर एहि चरित तिन्हुं रतिमानी
सोउ जाने कर फल यह लीला । कहहिं महा मुनि बरद सुशीला
राम राज कर सुख संपदा । बरणि सकै फणीश शारदा
सब उदार सब पर उपकारी । बिप्र चरण सेवक नर नारी ।
एक नारि व्रत रत सब झारी । तेमन बचक्रम पति हित कारी
दो॰ दंडजतिन्ह कर भेदजहं नर्तक नृत्य समाज ॥

जीतहु मनहि सुनिय अस रामचंद्र के राज ॥

फूलहिं फलहिं सदा तरु कानन। रहहिं एक संग गज पंचानन
खग मृग सहज बैर बिसरादे। सबन्हि परस्पर प्रीति बढ़ादे
कुंजहिं खग मृग नाना बृंदा। अभय चरहिं बन करहिं अनंदा
सीतल सुरभि पवन बह मंदा। गुंजत अलि लै चलि मकरंदा
लता बिटप मागे मधु चुवहीं। मन भावतो धेनु पय स्रवहीं
ससि संपन्न सदा रह धरनी। त्रेता भइ कृत जुग कै करनी
प्रगटी गिरिन्ह बिबिधि मनि खानी। जगदात्मा भूप जग जानी
सरिता सकल बहहिं बर बारी। सीतल अमल स्वाद सुखकारी
सागर निज मरयादा रहहीं। डारहिं रत्न तटन्हि नर लहहीं
सरसिज संकुल सकल तड़ागा। अति प्रसन्न दस दिसा बिभागा

दो० बिधु महि पूर मयूखन्हि रबि तप जेतनेहि काज ॥
माँगे बारिद देहिं जल रामचंद्र के राज ॥ ॥

कोटिन्ह बाजिमेध प्रभु कीन्हे। दान अनेक द्विजन्ह कहँ दीन्हे
श्रुति पथ पालक धरम धुरंधर। गुनातीत अरु भोग पुरंदर ॥
पति अनुकूल सदा रह सीता। सोभा खानि सुसील बिनीता
जानति कृपा सिंधु प्रभुताई। सेवति चरन कमल मन लाई ॥
यद्यपि गृह सेवक सेवकनी। बिपुल सकल सेवा बिधि गुनी
निज कर गृह परिचरजा करई। रामचंद्र आयसु अनुसरई
जेहि बिधि कृपासिंधु सुख मानहिं। सोइ कर श्री सेवा बिधि जानहिं
कौसिल्यादि सासु गृह माहीं। सेवइ सबन्हि मान मद नाहीं

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

उमा रमा ब्रह्माणि वंदिता ।। जगदंबा संतत म निंदिता ॥
दो० जासु कृपा कटाक्ष सुर चाहत चितवन सोइ
राम पदारबिंद रत करत सुभावहि खोइ ॥
सेवहिं सानुकूल सब भाई । राम चरण रति अति अधिकाई
प्रभु मुख कमल बिलोकत रहहीं । कबहुं कृपाल हमहिं कुछ कहहीं
राम करहिं भ्रातन्ह पर प्रीती । नाना भांति सिखावहिं नीती
हरषित रहहिं नगर के लोगा । करहिं सकल सुर दुर्लभ भोगा
अहनिसि बिधिहि मनावत रहहीं । श्री रघुबीर चरण रति चहहीं
दुइ सुत सुंदर सीता जाये । लव कुश वेद पुराणन्ह गाये ॥
दोउ बिजयी बिनयी गुणसागर । हरि प्रतिबिंब मनहुं अति सुंदर
दुइ दुइ सुत सब भ्रातन्ह केरे । भये रूप गुण शील घनेरे ॥
दो० ज्ञान गिरा गोतीत अज माया मन गुण पार
सोइ सच्चिदानंद घन कर नर चरित उदार ॥
प्रातकाल सरयू करि मज्जन । बैठहिं सभा संग द्विज सज्जन
बेद पुराण बशिष्ठ बखानहिं । सुनहिं राम यद्यपि सब जानहिं
अनुजन संयुत भोजन करहीं । देखि सकल जननी सुख भरहीं
भरत शत्रुहन दोनों भाई । सहित पवन सुत उपवन जाई
बूझहिं बैठि राम गुण गाहा । कह हनुमान सुमति अवगाहा
सुनत विमल गुण अति सुख पावहिं । बहुरि बहुरि करि विनय सुनावहिं
सबके गृह गृह होहिं पुराना । राम चरित पावन विधि नाना ।
नर अरु नारि राम गुण गावहिं । करहिं दिवस निशि जात न जानहिं

CC-0. In Public Domain. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

दो० अवध पुरी बासिन्ह कर सुख संपदा समाज ॥
सहस शेष नहिं कहि सकहिं जहँ नृप राम बिराज

नारदादि सन कादि मुनीशा। दरशन लागि कोशलाधीशा
दिन प्रति सकल अयोध्या आवहिं। देखि नगर बिराग बिसरावहिं
जात रूप मणि रचित अटारी। नाना रंग रुचिर गच ढारी ॥
पुर चहुं पास कोट अति सुंदर। रचे कंगूरा रंग रंग बर ॥
नव ग्रह निकर अनीक बनाई। जनु घेरी अमरावति आई।
महि बहु रंग रचित गच कांचा। जो बिलोकि मुनि वर मन नाचा।
धवल धाम ऊपर नभ चुंबत ॥ सकल मनहुं रवि शशि दुति निंदत
बहु मणि रचित झरोखा भ्राजहिं। गृह गृह प्रति मणि दीप बिराजहिं

छं. मणि दीप राजहिं भवन भ्राजहिं देहरी विद्रुम रची ॥
मणि खंभ भीति बिरंचि बिरची कनक मणि मरकत खची
सुंदर मनोहर मंदिरायत अजिर रुचिर फटिक रचे ॥ ॥
प्रति द्वार द्वार कपाट पुरट बनाइ बहु बज्रन खचे ॥

दो. चारु चित्र शाला गृह गृह प्रति लिखे बनाइ ॥
राम चरित जे निरखि मुनि ते मन लेहिं चुराइ

सुमन बाटिका सबहिं लगाई। विविध भांति करि यतन बनाई।
लता ललित बहु जाति सुहाई। फूलहिं सदा बसंत कि नाई ॥
गुंजत मधुकर मुखर मनोहर। मारुत त्रिविध सदा बह सुन्दर
नाना खग बालकन्हि जिआये। बोलत मधुर उड़ात सुहाये ॥
मोर हंस सारस पारावत ॥ भवनन्हि पर सोभा अति पावत

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

जहं तहं देखहिं निज परछाहीं। बहु विधि कूजहिं नृत्य कराहीं
शुक सारिका पढ़ावहिं बालक। कहहु राम रघुपति जन पालक
राज दुआर सकल बिधि चारू। वीथी चौहट रुचिर बजारू॥

छं० बाज़ार रुचिरन बनै बरणत बस्तु बिथ गथु पाइये
जहं भूप रमा निवास तहं की संपदा किमि गाइये॥
बैठे बजाज सराफ बणिक अनेक मनहुं कुबेर से॥
सब सुखी सब सच्चरित सुंदर नारि नर शिशु जरठ से

दो० उत्तर दिशि सरयू बहै निर्मल जल गंभीर॥
बांधे घाट मनोहर स्वल्प पंक नहिं तीर

दूरि फराक रुचिर सो घाटा। जहं जल पिअहिं बाजि गज बाटा
पनघट परम मनोहर नाना। तहां न पुरुष करहिं अस्नाना
राज घाट सब बिधि सुंदर बर। मज्जहिं तहां बरण चारों नर
तीर तीर देवन के मंदिर।। चहुं दिशि तिन्ह के उपबन सुंदर
कहुं कहुं सरिता तीर उदासी। बसहिं ज्ञान रत मुनि संन्यासी
तीर तीर तुलसिका सुहाईं। वृन्द वृन्द बहु मुनिन्ह लगाईं।
पुर शोभा कछु बरणि न जाई। बाहिर नगर परम रुचि राई॥
देखत पुरी अखिल अघ भागा। बन उपबन बापिका तड़ागा

छं० बापी तड़ाग अनूप कूप मनोहरायत सोहहीं॥
सोपान सुंदर नीर निर्मल देखि सुर मन मोहहीं॥
बहु रंग कंज अनेक खग कूजहिं मधुप गुंजारहीं
आराम रम्य पिकादि खगरव जनु पथिक हंकारहीं

टी० रा० पु० ३३

दो० रमानाथ जहं राज कर सो पुर बरणि न जाइ ॥
अणिमादिक सुख संपदा रहीं अवध सब छाइ

जहं तहं नर रघुपति गुण गावहिं। बैठि परस्पर इहै सिखावहिं।
भजहु प्रणत प्रतिपालक रामहिं। शोभा शील राम गुण धामहिं
जलज बिलोचन श्यामल गातहिं। पलक नयन इव सेष कत्रातहिं
धृत सर रुचिर चाप तूणी रहिं। संत कंज बन रबि रण धीरहिं
काल कराल व्याल खगराजहिं। नमत राम अकाम मम ताजहिं
लोभ मोह मृग यूथ किरातहिं। मन सिज करि हरि जन सुखदातहिं
संशय शोक निविड तम भानुहिं। दनुज गहन घन दहन कृशानुहिं
जनक सुता समेत रघबीर हिं। कसन भजहु भंजन भवभीर हिं
बहु बासना मसक हिम रासिहिं। सदा एक रस अज अबिनासिहिं
मुनि रंजन भंजन महि भारहिं। तुलसि दास के प्रभुहि उदारहिं

दो० एहि विधि नगर नारि नर करहिं राम गुण गान ॥
सानुकूल सब पर रहहिं संतत कृपा निधान ॥

जब तें राम प्रताप खगेशा ।। उदित भयो अति प्रबल दिनेशा
पूरि प्रकाश रहेउ तिहुं लोका। बहु तेउ सुख बहु तेन्ह मन शोका
जिन्हहिं शोक ते कहौं बखानी। प्रथम अविद्या निसा नसानी
अघ उलूक जहं तहां लुकाने। काम क्रोध कैरव सकुचाने ॥
बिबिध कर्म गुण काल सुभाऊ। एच कोर सुख लहहिं न काऊ
मत्सर मान मोह मद चोरा। इन्ह कर सुख नहिं कवनिहु ओरा
धरम तड़ाग ज्ञान बिज्ञाना। ये पंकज बिकसे बिधि नाना।

दी. रा. उ. २४

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सुख संतोष बिराग बिबेका। बिगत शोक एकोक अनेका।

दो० यह प्रताप रबि जाहिके उर जब करै प्रकाश।
पिछिले बाढ़हिं प्रथमजे कहेते पावहिं नाश

भ्रातन्ह सहित राम एक बारा। संग परम प्रिय पवन कुमारा॥
सुंदर उपबन देखन गये। सब तरु कुसुमित पल्लव नये
जानि समय सनकादिक आये। तेज पुंज गुण शील सुहाये।
ब्रह्मानंद सदा लय लीना। देखत बालक बहुकाल बीना
रूप धरे जनु चारिउ बेदा॥ समदर्शी मुनि बिगत बिभेदा
आशा बसन व्यसन यहतिन्हहीं। रघुपति चरित होय तहं सुनहीं
तहां रहे सनकादि भवानी। जहं घट संभव मुनिवर ज्ञानी
राम कथा मुनिवर बहु बरणी। ज्ञान योनि पावक जिमि अरणी

दो० देखि राम मुनि आवत हरषि दंडवत कीन्ह॥
स्वागत पूंछि पीत पट प्रभु बैठन कहं दीन्ह

कीन्ह दंडवत तीनिउं भाई। सहित पवन सुत सुख अधिकाई
मुनि रघुपति छबि अतुल विलोकी। भये मगन मन सकेन रोकी।
श्यामल गात सरो रुह लोचन। सुंदरता मंदर भव मोचन॥
एकटक रहे निमेष न लावहिं। प्रभु कर जोरे शीश नवावहिं॥
तिन्हके दशा देखि रघुबीरा। अवत नयन जल पुलक शरीरा
कर गहि प्रभु मुनिवर बैठारे। परम मनोहर वचन उचारे॥
आजु धन्य मैं सुनहुं मुनीशा। तुम्हरे दरश जाहिं अघ खीशा
बड़े भाग्य पाइय सत संगा। बिनहिं प्रयास होहिं भव भंगा

दो० संत संग अपवर्ग कर कामी भव कर पंथ ॥
कहहिं संत कवि कोविद श्रुति पुराण सद ग्रंथ

सुनि प्रभु वचन हरषि मुनि चारी। पुलकित तनु अस्तुति अनुसारी
जय भगवंत अनंत अनामय। अनघ अनेक एक करुणामय
जय निर्गुण जय जय गुण सागर। सुख मंदर सुंदर अति नागर।
जय इंदिरा रमण जय भूधर। अनुपम अज अनादि शोभाकर
ज्ञान निधान अमान मानप्रद। पावन सुयश पुराण वेद वद।
तज्ञ कृतज्ञ अज्ञता भंजन। नाम अनेक अनाम निरंजन
सर्व सर्व गत सर्व उरालय। बससि सदा हम कहुं परिपालय
द्वंद बिपति भव फंद बिभंजय। हृदि बस राम काम मद गंजय।

दो० परमानंद कृपाय तन मन परिपूरण काम ॥
प्रेम भक्ति अनुपायनी देहु हमहिं श्रीराम

देहु भक्ति रघुपति अति पावनि त्रिविध ताप भव दाप न सावनि
प्रणत काम सुर धेनु कल्प तरु। होइ प्रसन्न दीजे प्रभु यह वरु
भव वारिधि कुंभज रघुनायक। सेवत सुलभ सकल सुख दायक
भव संभव दारुण दुख दारय। दीन बंधु समता विस्तारय॥
आस त्रास इरषादि निवारक। विनय विवेक विनय विस्तारक
भूप मौलि मणि मंडन धरणी। देहि भक्ति संसृति सरतरणी।
मुनि मन मानस हंस निरंतर। चरण कमल बंदित अज शंकर
रघुकुल केतु सेतु श्रुति रक्षक। काल कर्म सुभाव गुण भक्षक
तारण तरण हरण सब दूषण। तुलसि दास प्रभु त्रिभुवन भूषण

लोक गए तब भरत जू को सं कोच देखि हनूमान प्रभु प्रति कह्यौ तातें भरत प्रति संता संत लक्षण प्रभु जू या भांति कहे सं त परोपकारी

टी० रा० उ० २६

पर सुख सुखी पर दुख तें दुखी असंत अपकारी इंद्रिय आदि पोष कपर सुख देखि दुखी अरु दुख देखि कै सुखी इत्यादि कही पुनः संत विवेकी करनी रखनी दूनी शुभ कर्म के फल को त्याग अरु सद चित आनंदाए तीनों ब्रह्म रूप हैं तिन्ह में सब हैं मुख्य ज्ञान साधन है अरु आनंद फल है

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

दो० बारबार अस्तुति करि प्रेम सहित सिरनाइ
ब्रह्मभवन सनकादि गे अति अभीष्ट बर पाइ

सनकादिक बिधि लोक सिधाये। भ्रातन्ह राम चरण सिर नाये
पूंछत प्रभु हिय कलस कुचाहीं। चितवहिं सब मारुत सुत पाहीं
सुना चहहिं प्रभु सुरसके बानी। जो सुनि होइ सकल भ्रम हानी
अंतरजामी प्रभु सब जाना। बूझत कहहु काह हनुमाना
जोरि पाणि कह तब हनुमंता। सुनहु दीन दयाल भगवंता।
नाथ भरत कछु पूंछन चहहीं। प्रश्न करत मन सकुचत अहहीं
तुम जानहु कपि मोर सुभाऊ। भरतहिं मोर न अंतर काऊ॥
सुनि प्रभु बचन भरत गहे चरणा। सुनहुं नाथ प्रणतारति हरणा

दो० नाथ मोहि संदेह कछु सपनेहु शोक न मोह
केवल कृपा तुम्हारि हि कृपा नंद संदोह ॥

करौं कृपा निधि एक ढिठाई। मैं सेवक तुम जन सुखदाई
संतन के महिमा रघुराई। बहु विधि वेद पुराणन गाई।
श्री मुख तुम्ह पुनि कीन्ह बड़ाई। तिन्ह पर प्रभुहिं प्रीति अधिकाई
सुना चहौं प्रभु तिन्ह करनी। कृपासिंधु गुण ज्ञान विचक्षण
संत असंत भेद बिलगाई। प्रणतपाल मोहिं कहहु बुझाई
संतन के लक्षण सुन भ्राता। अगणित श्रुति पुराण विख्याता
संत असंतन के असि करणी। जिमि कुठार चंदन आचरणी।
काटे परशु मलय सुनु भाई। निज गुण देइ सुगंध बसाई॥

सो० तातें सुर शीशन्ह चढ़त जग बल्लभ श्री खंड ॥

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri

अनिल दाह पीड़त घनहिं परशु बदन यह दंड

विषय अलंपट शील गुणाकर। परदुख दुख सुख सुख देखेउर

समअभूत रिपु विमद बिरागी। लोभामर्ष हर्ष भयत्यागी ॥

कोमल चित दीनन परदाया। मन क्रम बच मम भक्ति अमाया

सबहि मान प्रद आपु अमानी भरत प्राण सम ममते प्रानी ॥

विगत काम मम नाम परायन। सांति बिरति बिनती मुदितायन

शीतलता सरलता मयित्री। द्विज पद प्रीति धरम जनयित्री ॥

ए सब लक्षण बसहिं जासु उर। जानेहु तात संत संतत फुर ॥

सम दम नियम नीति नहिं डोलहिं। परुष बचन कबहूं नहिं बोलहिं

दो० निंदा अस्तुति उभय सम ममता मम पद कुंज ॥

ते सज्जन मम प्राण प्रिय गुण मंदिर सुख पुंज

सुनहुं असंतन केर सुभाऊ। भूलेहु संगति करिय न काऊ ॥

तिन कर संग सदा दुख दाई। जिमि कपिलहिं चालै हर हाई

खलन हृदय अति ताप विशेषी। जरहिं सदा पर संपति देखी ॥

जहं कहुं निंदा सुनहिं पराई। हरषहिं मनहुं परी निधि पाई।

काम क्रोध मद लोभ परायन। निर्दय कपटी कुटिल मलायन।

बयरु अकारण सब काहू सौं। जो कर हित अनहित ताहू सौं।

झूठहि लेना झूठहि देना ।। झूठइ भोजन झूठ चबेना ॥

बोलहिं मधुर बचन जिमि मोरा। खाहिं महा अहि हृदय कठोरा।

दो० पर द्रोही पर दार रत पर धन पर अपबाद

ते नर पावर पाप मय देह धरे मनु जाद ॥

दूनों में दूनों रहित हैं ऐसो जानि विवेकी दोनों पर दृष्टि नाहीं राखत हैं ऐसो बचन श्री मुखतें सुन आनंद ह्वै मंदिर को गये और या प्रकारतें नितन वीन चरित्र कर तरहैं तहां नारद सब चरित्र देखि ब्रह्मलोक में वरणत हैं तहां ब्रह्मीयुत सनकादि समाधित्या गश्रवण करतु हैं

टी० रा० उ० २८

CC-0. In Public Domain.Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लोभद्वेषनिलोभदडासनि। शिश्नोदरपरयमपुरत्रासनि
काहू कीजो सुनहिं बडाई। सांस लेहिं जनु जूडी आई॥
जब काहू की देखहिं बिपती। सुखी भये मानहुं जग नृपती
स्वारथ रत परिवार बिरोधी। लंपट काम लोभ अति क्रोधी
